इस संस्था की उमर तो ज़ियादा नहीं पर थोड़ी सी उमर में ही इसने बहुत काम कर डाला है और कई अच्छे अच्छे ग्रन्थ निकाल दिये. यह दूसरी बात है कि किसी किसी किताब के बारे में यह पीठ ज्ञान पीठ न रह कर कोरी दर्शन पीठ रह जाती है. पर इस से क्या ? चांद पर भी तो धब्बा होता है. अब की बार दो किताबें हमारे पास समालोचना के लिये आई हैं. दोनों ही खूब अच्छी हैं. गेट अप के लिहाज़ से तो कहने की कोई बात ही नहीं. वह तो इस संस्था की किताबों का काफ़ी अच्छा रहता ही है. सफ़ाई छपाई भी खासी अच्छी है. दाम भी ठीक हैं. कुछ कम हो सकते तो और अच्छा था.

एक किताब है :—

संस्मरण—यह श्री बनारसीदास चतुर्वेदी के संस्मरन हैं. इनकी लेखनी कितनी पैनी और असरदार होती है यह क़रीब क़रीब सब पढ़ने वालों को मालूम है. इसमें कुछ जीवन चरित्र हैं. भाशा खूब मंजी हुई है. शैली एक दम नई है. इस में दो एक चरित्र ऐसे ज़रूर हैं जो चतुर्वेदी जी की हथनी स्मृति की सूंड़ ने न जाने कैसे उठा लिये क्योंकि रेत में बिखरे चीनी के कन चींटी तो उठा सकती है, हथनी नहीं. पर यही खूबी तो चतुर्वेदी जी में है कि वह ऐसे ऐसे कन भी जनता के सामने ला रखते हैं और इस खूबी से रख देते हैं कि वह चमकते हुए तारे से मालूम होने लगते हैं.

जीवन चरित्र के पढ़ने में जो उपन्यास और कविता का रस लेना चाहें वह इस पुस्तक को ज़रूर खरीदें. एक साथ तीन तीन मज़े बहुत कम किताबों में मिलते हैं.

ढाई सौ पेज की किताब के दाम हैं तीन रुपए.

दूसरी किताब है :—

धरती के फूल आकाश के तारे—इसके लेखक हैं श्री कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'. लेखक के नाम जितना लम्बा ही किताब का नाम है. अगर लेखक का नाम

بھارتیہ گیان پیٹھ' کاشی

اس سنستھا کی عمر تو زیادہ نہیں پر تھوڑی سی عمر میں ہی اس نے بہت کام کر ڈالا ہے اور کئی اچھے اچھے گرنتھ نکال دئے. یہ دوسری بات ہے کہ کسی کسی کتاب کے بارے میں یہ پیٹھ گیان پیٹھ نہ رہ کر کوری درشن پیٹھ رہ جاتی ہے. پر اس سے کیا؟ چاند پر بھی تو دھبہ ہوتا ہے. اب کی بار دو کتابیں ہمارے پاس سمالوچنا کے لئے آئی ہیں. دونوں ہی خوب اچھی ہیں. گیٹ اپ کے لحاظ سے تو کہنے کی کوئی بات ہی نہیں. وہ تو اس سنستھا کی کتابوں کا کافی اچھا رہتا ہی ہے. صفائی چھپائی بھی خاصی اچھی ہے. دام بھی ٹھیک ہیں. کچھ کم ہوسکتے تو اور اچھا تھا.

ایک کتاب ہے :—

سنسمرن—یہ شری بنارسی داس چترویدی کے سنسمرن ہیں. ان کی لیکھنی کتنی پینی اور اثردار ہوتی ہے یہ قریب قریب سب پڑھنے والوں کو معلوم ہے. اس میں کچھ جیون چرتر ہیں. بھاشا خوب منجھی ہوئی ہے. شیلی ایک دم نئی ہے. اس میں دو ایک چرتر ایسے ضرور ہیں جو چترویدی جی کی ہتھنی اسمرتی کی سونڈ نے نہ جانے کیسے اٹھا لئے. کیونکہ ریت میں بکھرے چینی کے کن چیونٹی تو اٹھا سکتی ہے' ہتھنی نہیں. پر یہی خوبی تو چترویدی جی میں ہے کہ وہ ایسے ایسے کن بھی جنتا کے سامنے لا رکھتے ہیں اور اس خوبی سے رکھ دیتے ہیں کہ وہ چمکتے ہوئے تارے سے معلوم ہونے لگتے ہیں.

جیون چرتر کے پڑھنے میں جو اپنیاس اور کویتا کا رس لینا چاہیں وہ اس پستک کو ضرور خریدیں. ایک ساتھ تین تین مزے بہت کم کتابوں میں ملتے ہیں.

ڈھائی سو پیج کی کتاب کے دام ہیں تین روپیہ.

دوسری کتاب ہے :—

دھرتی کے پھول آکاش کے تارے—اس کے لیکھک ہیں شری کنہیا لال مشر پربھاکر' لیکھک کا نام جتنا لمبا ہی کتاب کا نام ہے. اگر لیکھک کا نام

मेरी टांगे, मेरा मान
मेरे नीचे दो भगवान."

दोनों दामाद यह सुन कर हंस पड़े और बोले, बेशक
तुम हार गए, आप पहले जा सकते हैं.

अन्दर पहुँच कर खाने के मामले में फिर झगड़ा हो
गया. अफसर दामाद बोला—पहले मुझे खाना परोसना
चाहिये. किसान दामाद बोला—पहले मुझ को मिलना
चाहिये क्योंकि मैं पहले आया हूँ. दोनों को झगड़ते देख
फौजी दामाद बोला—फिर से छन्द बना कर क्यों नहीं
झगड़ा मिटा लेते? तीनों राजी हो गये. सब से बड़ा
बोलाः

"मैं अफसर मैं हूं बलवान
सब लोगों में मेरी शान
पैसे का है मुझ में घोर
लक्ष्मी खिंचती मेरी ओर."

फौजी दामाद बोलाः

"इधर तीर तो उधर कमान
बड़ी फौज का मैं भगवान
टेढ़ी आंखों देखूं काश
पड़ी मिले फिर उसकी लाश."

किसान दामाद थोड़े में बोलाः

"ले हल बैल न जोतूं खेत
भूख मरो सब, फांको रेत."

दोनों दामाद ठहाका मार कर हंस पड़े और बोले इस
बार भी तुम जीत गये.

तीनों को बारी-बारी से खाना परोसा गया. तीनों ने
अभी खाना शुरू भी नहीं किया था कि मकान में आग
लग गई और उनके ससुर साहिब पानी की बाल्टी लेकर
आग बुझाने दौड़े.

अफसर दामाद थाली पर बैठा-बैठा चिल्लायाः

"दौड़ो नौकर आग बुझाओ."

फौजी दामाद बोलाः

"चलो सिपाही पानी लाओ."

किसान दामाद बोलाः

"बे मतलब मत शोर मचाओ
ससुर लग रहे कुछ शरमाओ
उठा बाल्टी आग बुझाओ
मेरी नकल करो लो आओ."

दोनों में से कोई न उठा, किसान दामाद और ससुर ने
मिल कर आग बुझाई और सुनते हैं कि वह आदमी मरते
वक्त अपनी सारी दौलत छोटी बेटी के नाम कर गया जो
किसान को ब्याही थी.

مری ٹانگیں' میرا مان
میرے نیچے دو بھگوان ."

دونوں داماد یہ سنکر ھنس پڑے اور بولے' بیشک ہم
ہار گئے' آپ پہلے جا سکتے ھیں .

اندر پہنچکر کھانے کے معاملے میں پھر جھگڑا ہو پڑا.
افسر داماد بولا—پہلے مجھے کھانا پروسنا چاھئے . کسان
داماد بولا—پہلے مجھکو ملنا چاھئے کیونکہ میں پہلے
آیا ھوں . دونوں کو جھگڑتے دیکھ فوجی داماد بولا—پھر
سے چھند بنا کر کیوں نہیں جھگڑا مٹا لیتے ؟ تینوں
راضی ہوگئے . سب سے بڑا بولا :

" میں افسر میں ھوں بلوان
سب لوگوں میں میری شان
پیسے کا ہے مجھ میں زور
لکشمی کھنچتی میری اور ."

فوجی داماد بولا :

" اِدھر تیر تو اُدھر کمان
بڑی فوج کا میں بھگوان
ٹیڑھی آنکھوں دیکھوں کاش
پڑی ملے پھر اسکی لاش ."

کسان داماد تھوڑے میں بولا :

" لےھل بیل نہ جوتوں کھیت
بھوک مرو سب' پھانکو ریت ."

دونوں داماد ٹھاکا مار کر ھنس پڑے اور بولے اِس بار
بھی تم جیت گئے .

تینوں کو باری باری سے کھانا پروسا گیا . تینوں نے
ابھی کھانا شروع بھی نہیں کیا تھا کہ مکان میں آگ لگ
گئی اور اِن کے سسر صاحب پانی کی بالٹی لیکر آگ بجھانے
دوڑے .

افسر داماد تھالی پر بیٹھا بیٹھا چلایا :

" دوڑو نوکر آگ بجھاؤ ."

فوجی داماد بولا :

" چلو سپاھی پانی لاؤ !"

کسان داماد بولا :

" بے مطلب مت شور مچاؤ
سسر لگ رہے کچھ شرماؤ
اُٹھا بالٹی آگ بجھاؤ
میری نقل کرو لو آؤ ."

دونوں میں سے کوئی نہ اُٹھا . کسان داماد اور سسر نے
ملکر آگ بجھائی اور سنتے ھیں کہ وہ آدمی مرتے وقت
اپنی ساری دولت چھوٹی بیٹی کے نام کر گیا جو کسان
کو بیاھی تھی .

बच्चों की दुनिया

तीन दामाद

(एक चीनी कहानी)

बहुत दिनों की बात है एक आदमी था. उसकी तीन लड़कियां थीं. एक लड़की जो सबसे बड़ी थी उसकी शादी एक सरकारी अफ़सर के साथ हो गई. दूसरी का ब्याह एक फ़ौजी कर्नल के साथ हो गया. तीसरी ने एक किसान से शादी कर ली. तीनों अपने अपने घर में खूब सुखी थीं.

एक त्योहार के मौक़े पर तीनों दामाद ससुर के यहां पहुंचे. किसान दामाद पैदल चल कर पहुंचा और दूसरों से ज़रा जल्दी पहुंच गया. वह दरवाज़े में दाख़िल होने को ही था कि सबसे बड़ा अफ़सर दामाद पालकी में बैठा आ पहुंचा और किसान दामाद से बोला—ठहरो, ठहरो! मैं अफ़सर हूं, मैं तुम से बड़ा हूं. मकान के अन्दर दाख़िल होने का सबसे पहला मेरा हक़ है.

.इन दोनों में बहस चल ही रही थी कि फ़ौजी दामाद भी घोड़े पर सवार आ पहुंचा. और दोनों को लड़ते देख कर बोला—आपस में झगड़ते क्यों हो? अपने अपने अधिकार के बारे में अपनी दलीलों के साथ एक एक छन्द बना कर दिखाओ, जिसकी दलील बलवान होगी उसको सबसे पहले अन्दर जाने को मिलेगा. बनाए हुए छन्द में तीन बातों का ध्यान रखना पड़ेगा:—

(i) तुम्हारे सिर के ऊपर क्या है?
(ii) जो पद तुम्हें हासिल है उसे तुमने कैसे कमाया?
(iii) तुम किस पर सवार होकर आए?

तीनों दामाद इस बात पर राज़ी हो गए.

सबसे बड़ा दामाद जो अफ़सर था बोला:

"मिरी पालकी की छत गोल
मिरी पढ़ाई मेरा मोल
मुझे उठाते चार जवान
बीच में मैं, मैं हूं भगवान."

दूसरा बोला:

"लोह की टोपी मेरी गोल
बीच लड़ाई मेरा मोल
घुड़सवार, ये मेरा मान
इस पर बैठा मैं भगवान."

किसान दामाद बोला:

"मेरी घास की टोपी गोल
डटकर काम, मेरा है मोल

بچوں کی دنیا

تین داماد

(ایک چینی کہانی)

بہت دنوں کی بات ہے ایک آدمی تھا . اُسکی تین لڑکیاں تھیں. ایک لڑکی جو سب سے بڑی تھی اُسکی شادی ایک سرکاری افسر کے ساتھ ہوگئی . دوسری کا بیاہ ایک فوجی کرنیل کے ساتھ ہوگیا . تیسری نے ایک کسان سے شادی کر لی . تینوں اپنے اپنے گھر میں خوب سکھی تھیں.

ایک تیوہار کے موقعے پر تینوں داماد سسر کے یہاں پہنچے . کسان داماد پیدل چل کر پہنچا اور دوسروں سے ذرا جلدی پہنچ گیا . وہ دروازہ میں داخل ہونے کو ہی تھا کہ سب سے بڑا افسر داماد پالکی میں بیٹھا آ پہنچا اور کسان داماد سے بولا—ٹھہرو' ٹھہرو ! میں افسر ہوں' میں تم سے بڑا ہوں . مکان کے اندر داخل ہونے کا سب سے پہلا میرا حق ہے .

اِن دونوں میں بحث چل ہی رہی تھی کہ فوجی داماد بھی گھوڑے پر سوار آ پہنچا. اور دونوں کو لڑتے دیکھ کر بولا—آپس میں جھگڑتے کیوں ہو اپنے اپنے ادھیکار کے بارے میں اپنی دلیلوں کے ساتھ ایک ایک چھند بنا کر دکھاؤ' جسکی دلیل بلوان ہوگی اس کو سب سے پہلے اندر جانے کو ملے گا . بنائے ہوئے چھند میں تین باتوں کا دھیان رکھنا پڑے گا :—

(i) تمہارے سر کے اوپر کیا ہے ؟
(ii) جو پد تمہیں حاصل ہے اسے تم نے کیسے کمایا؟
(iii) تم کس پر سوار ہو کر آئے ؟

تینوں داماد اس بات پر راضی ہوگئے .

سب سے بڑا داماد جو افسر تھا بولا :

" میری پالکی کی چھت گول
میری پڑھائی میرا مول
مجھے اُٹھاتے چار جوان
بیچ میں میں' میں ہوں بھگوان ."

دوسرا بولا :

" لوہ کی ٹوپی میری گول
بیچ لڑائی میرا مول
گھڑ سوار' یہ میرا مان
اس پر بیٹھا میں بھگوان ."

کسان داماد بولا :

" میری گھاس کی ٹوپی گول
ڈٹ کر کام' میرا ہے مول

अमरीकी विशेषज्ञ दूसरी तरह के हैं. उनके आने जाने का सारा खर्च हम देते हैं, फ़रनीचर, एयरकन्डीशन बंगला, बंगले के सारे लवाज़मात का खर्च हमारी जेब से जाता है. सुना जाता है कि इन में से किसी किसी को 350 डालर रोज़ाना यानी तीस तीस और चालीस चालीस हज़ार रुपये महीने तनख़्वा मिलती है. फिर भी वह हमारे अधीन नहीं हैं, उन पर हमारा कोई कन्ट्रोल नहीं है. उन पर किसी भारती अदालत में मुक़दमा नहीं चल सकता, उन पर हमारा कोई क़ानून लागू नहीं हो सकता.

"रूस और अमरीका के विशेशज्ञों में फ़र्क़ यह है कि रूसी मज़दूर हैं और अमरीकी रईसज़ादे. हमारा भला मज़दूर और किसान की दोस्ती में है, अमरीका के पूंजी-पतियों की दोस्ती में नहीं. आज हमें यह समझ लेना चाहिये कि जापान और कोरिया की आज़ादी का सवाल सारी एशिया की आज़ादी का सवाल है. ख़ुद हमारी आज़ादी का सवाल है. चीन पर आघात एशिया के मान पर आघात है. हमें अपने को ज़िन्दा रखना है तो नए चीन का ज़िन्दा रहना ज़रूरी है. इसीलिये चीन की आवाज़ हम बुलन्द करते हैं और चीन की दोस्ती का दम भरते है."

इस समारोह में मशहूर जनवादी गायक अमर शेख़ भी मौजूद थे. उनके गाने ने एक समा बांध दिया. चीन की दोस्ती पर उनका गीत बहुत ही सुन्दर था और उन्होंने जो भाव उस में भर दिये थे उसने गीत की सुन्दरता और बढ़ा दी थी. गीत का मतलब था—ऐ चीन, हम कई बार मिल चुके हैं. वह मुलाक़ातें हमें याद हैं. तूने हमें काग़ज़ और बारूद दिया था. काग़ज़ पर हमने अपना महान इतिहास लिखा था और बारूद ने सुलग कर हमें अंगरेज़ों का गुलाम बनाया था. ऐ चीन, अब की हम फिर मिले हैं. तूने फिर हमें काग़ज़ और बारूद दिया है. काग़ज़ पर तेरा नया पैग़ाम लिखा है, जन राज का नक़्शा खिंचा है. तेरी बारूद एक नए क़िस्म की बारूद है. यह बारूद एकता की बारूद है. हम इस बारूद से साम्राज को भगा देंगे और एशिया को फिर आज़ाद करेंगे—गाना ख़त्म होने के बाद तक ऐसा असर रहा मालूम होता था जैसे सारा वातावरन कह रहा हो—साम्राज को भगा देंगे, एशिया को आज़ाद करेंगे.

—प्रवासी

امریکی وشیشگ دوسری طرح کے ھیں . اُن کے آنے جانے کا سارا خرچ ھم دیتےھیں' فرنیچر' ایر کنڈیشن بنگلہ' بنگلے کے سارے لوازمات کا خرچ ھماری جیب سے جاتا ھے . سنا جاتا ھے کہ اِن میں سے کسی کسی کو 350 ڈالر روزانہ یعنی تیس تیس اور چالیس چالیس ھزار روپیہ مہینے تنخواہ ملتی ھے . پھر بھی وہ ھمارے ادھین نہیں ھیں' اُن پر ھمارا کوئی کنٹرول نہیں ھے . اُن پر کسی بھارتی عدالت میں مقدمہ نہیں چل سکتا' اُن پر ھمارا کوئی قانون لاگو نہیں ھوسکتا .

"روس اور امریکہ کے وشیشگوں میں فرق یہ ھے کہ روسی مزدور ھیں اور امریکی رئیس زادے . ھمارا بھلا مزدور اور کسان کی دوستی میں ھے امریکہ کے پونجی پتیوں کی دوستی میں نہیں . آج ھمیں یہ سمجھ لینا چاھئے کہ جاپان اور کوریا کی آزادی کا سوال ساری ایشیا کی آزادی کا سوال ھے' خود ھماری آزادی کا سوال ھے . چین پر آگھات ایشیا کے مان پر آگھات ھے . ھمیں اپنے کو زندہ رکھنا ھے تو نئے چین کا زندہ رھنا ضروری ھے . اسی لئے چین کی آواز ھم بلند کرتے ھیں اور چین کی دوستی کا دم بھرتے ھیں ."

اس سماروہ میں مشہور جن وادی گایک امر شیخ بھی موجود تھے . اُن کے گانے نے ایک سماں باندھ دیا. چین کی دوستی پر اُن کا گیت بہت ھی سندر تھا اور انہوں نے جو بھاؤ اُسمیں بھر دیئے تھے اُس نے گیت کی سندرتا اور بڑھا دی تھی. گیت کا مطلب تھا—اے چین' ھم کئی بار مل چکے ھیں . وہ ملاقاتیں ھمیں یاد ھیں . تونے ھمیں کاغذ اور بارود دیا تھا . کاغذ پر ھم نے اپنا مہان اتہاس لکھا تھا اور بارود نے سلگ کر ھمیں انگریزوں کا غلام بنایا تھا . اے چین' اب کی ھم پھر ملے ھیں . تونے پھر ھمیں کاغذ اور بارود دیا ھے . کاغذ پر تیرا نیا پیغام لکھا ھے' جن راج کا نقشہ کھینچا ھے . تیری بارود ایک نئے قسم کی بارود ھے . یہ بارود ایکتا کی بارود ھے . ھم اِس بارود سے سامراج کو بھگا دیں گے اور ایشیا کو پھر آزاد کریں گے—گانا ختم ھونے کے بعد تک ایسا اثر رھا معلوم ھوتا تھا جیسے سارا واتاورن کہہ رھا ھو—سامراج کو بھگا دیں گے' ایشیا کو آزاد کریں گے .

—پرواسی

सूबों की रिपोर्ट केन्द्री सरकार के पास पहुँचती है. सरकार में हर दल के लोग अपनी मेम्बरी के मुताबिक़ मौजूद हैं. यहां तक कि कोमन तांग पार्टी के प्रतिनिधि भी उसमें शामिल हैं! सरकारी मेम्बर इस बहस के नतीजों पर ग़ौर करते हैं और इस का निचोड़ निकालने की कोशिश करते हैं. यहां कोई बड़ा काम बहुमत से नहीं होता. जितनी बात पर सब एक राय हो जाते हैं वही बात आख़री मान ली जाती है. दुनिया की कोई सरकार ऐसा नहीं करती. कोई किसान यूनियन अगर यह ठहराव पास कर दे कि उसके इलाक़े का फ़लां सरकारी अफ़सर ख़राब है तो वह अफ़सर बिना किसी मेल मुहब्बत के फ़ौरन वहां से हटा दिया जाता है. हमारे यहां किस जगह और किस महकमे में जनता की आवाज़ की इतनी सुनवाई हो सकती है? पंडित गोविन्द बल्लभ पंत मेरे दोस्त हैं, मुझ से एक साल छोटे भी हैं. उनसे इलाहाबाद के एक मशहूर वकील ने पूछा कि चीन ने जो दो साल में कर दिखाया है वह हिन्दुस्तान में क्यों नहीं हुआ. उन्होंने जवाब दिया कि अगर वही तानाशाही की ताक़तें हम को मिल जाएँ तो हम भी वही सब कर सकते हैं. मैं आप से अपील करूंगा कि आप भारत का विधान और चीन का विधान ज़रूर पढ़ें. आप को पता चल जाएगा कि भारत के राजपति को जो ताक़तें मिली हुई हैं उनसे बहुत कम ताक़तें चीन के राजपति को दी गई हैं. चीन में जनवाद न होने की बात वह देश करते हैं जहां शान्ति कान्फ्रेंस तक नहीं हो सकती, जहां शान्ति का झंडा ऊंचा करने पर जेल में ठूंस दिया जाता है, जहां आज भी निग्रो सफ़ेद चमड़ी के लोगों के होटल में नहीं जा सकते, जहां आज भी निग्रो को ज़िन्दा जला दिया जाता है, पत्थर बरसा कर मार डाला जाता है. हमें दुनिया की हालत को समझना चाहिये और उस झूटे प्रचार से अपने को बचाये रखना चाहिये.

"तीसरा एतराज़ यह है कि चीन रूस के चंगुल में फंसा हुआ है. मैंने तो चीन जा कर यह ख़बर पाई कि चीन की सरकार पर हमारे राजदूत पानिक्कर का रूसी राजदूत के मुक़ाबले में कहीं ज़ियादा असर था. रूस और चीन गहरे दोस्त हैं इसमें कोई शक नहीं है. वह दोस्ती एक दूसरे की लाज रखने, एक दूसरे की सहायता करने के लिये है, गहरे पानी में डिबोने के लिये नहीं है. रूस के सैकड़ों विशेशज्ञ या एक्सपर्ट चीन में हैं. लेकिन वह चीन वालों की तरह रहते हैं, उनकी मातहती में काम करते हैं, उनके बराबर ही तनख़ा लेते हैं. सरदार पानिक्कर ने हमें बताया कि एक दफ़ा वह वह एक हवाई जहाज़ के अड्डे पर एक रूसी विशेशज्ञ के साथ ठहर गये. उनका पाख़ाना उस विशेशज्ञ की बीवी ने ख़ुद अपने हाथ से साफ़ किया. रूसी लोग झोंपड़ियों में रहते हैं, ख़ुद अपना पाख़ाना साफ़ करते हैं. ऐसे विशेशज्ञ हमें भी मिलें तो हम उन्हें सर पर बिठायें. लेकिन हमारे

صوبوں کی رپورٹ کیندری سرکار کے پاس پہونچتی ہے ۔ سرکار میں ہر دل کے لوگ اپنی ممبری کے مطابق موجود ہیں ۔ یہاں تک کہ کومن تانگ پارٹی کے پرتی ندھی بھی اس میں شامل ہیں! سرکاری ممبر اس بحث کے نتیجوں پر غور کرتے ہیں اور اس کا نچوڑ نکالنے کی کوشش کرتے ہیں ۔ یہاں کوئی بڑا کام بہومت سے نہیں ہوتا ۔ جتنی بات پر سب ایک رائے ہوجاتے ہیں وہی بات آخری مان لی جاتی ہے ۔ دنیا کی کوئی سرکار ایسا نہیں کرتی ۔ کوئی کسان یونین اگر یہ ٹھہراؤ پاس کر دے کہ اس کے علاقے کا فلاں سرکاری افسر خراب ہے تو وہ افسر بنا کسی میل محبت کے فوراً وہاں سے ہٹا دیا جاتا ہے ۔ ہمارے یہاں کس جگہ اور کس محکمے میں جنتا کی آواز کی اتنی سنوائی ہو سکتی ہے؟ پنڈت گوبند بلبھ پنت میرے دوست ہیں، مجھ سے ایک سال چھوٹے بھی ہیں ۔ ان سے الہ آباد کے ایک مشہور وکیل نے پوچھا کہ چین نے جو دو سال میں کر دکھایا ہے وہ ہندستان میں کیوں نہیں ہوا ۔ انہوں نے جواب دیا کہ اگر وہی تانا شاہی کی طاقتیں ہم کو مل جائیں تو ہم بھی وہی سب کر سکتے ہیں ۔ میں آپ سے اپیل کروں گا کہ آپ بھارت کا ودھان اور چین کا ودھان ضرور پڑھیں ۔ آپ کو پتہ چل جائے گا کہ بھارت کے راج پتی کو جو جو طاقتیں ملی ہوئی ہیں ان سے بہت کم طاقتیں چین کے راج پتی کو دی گئی ہیں ۔ چین میں جن واد نہ ہونے کی بات وہ دیش کرتے ہیں جہاں شانتی کانفرنس تک نہیں ہوسکتی، جہاں شانتی کا جھنڈا اونچا کرنے پر جیل میں ٹھونس دیا جاتا ہے، جہاں آج بھی نیگرو سفید چمڑی کے لوگوں کے ہوٹل میں نہیں جا سکتے، جہاں آج بھی نگرو کو زندہ جلا دیا جاتا ہے، پتھر برسا کر مار ڈالا جاتا ہے ۔ ہمیں دنیا کی حالت کو سمجھنا چاہئے اور اس جھوٹے پرچار سے اپنے کو بچائے رکھنا چاہئے ۔

"تیسرا اعتراض یہ ہے کہ چین روس کے چنگل میں پھنسا ہوا ہے ۔ میں نے تو چین جاکر یہ خبر پائی ۔ چین کی سرکار پر ہمارے راج دوت پانیکر کا روسی راج دوت کے مقابلے میں کہیں زیادہ اثر تھا ۔ روس اور چین گہرے دوست ہیں اس میں کوئی شک نہیں ہے ۔ وہ دوستی ایک دوسرے کی لاج رکھنے، ایک دوسرے کی سہائتا کرنے کے لئے ہے، گہرے پانی میں ڈبونے کے لئے نہیں ہے ۔ روس کے سیکڑوں وشیشگ یا ایکسپرٹ چین میں ہیں ۔ لیکن وہ چین والوں کی طرح رہتے ہیں، انکی ماتحتی میں کام کرتے ہیں، ان کے برابر ہی تنخواہ لیتے ہیں ۔ سردار پانیکر نے ہمیں بتایا کہ ایک دفعہ وہ ایک ہوائی جہاز کے اڈے پر ایک روسی وشیشگ کے ساتھ ٹھہر گئے ۔ ان کا پاخانہ اس وشیشگ کی بیوی نے خود اپنے ہاتھ سے صاف کیا ۔ روسی لوگ جھونپڑیوں میں رہتے ہیں، خود اپنا پاخانہ صاف کرتے ہیں ۔ ایسے وشیشگ ہمیں بھی ملیں تو ہم انہیں سر پر بٹھائیں ۔ لیکن ہمارے

{कार अहिंसा में विश्वास नहीं करती. अपनी ही सरकार | ले लीजिये. क्या हम कशमीर में फूल बरसाने गये थे, ा हम ने हैदराबाद में बताशे बांटे थे ? अहिंसा की दुहाई र हिंसा करना और भी बुरा है. माओ की फ़ौज ने ग काई शेक की जिस फ़ौज से हथियार रखाये उसकी दाद लगभग सत्तर लाख थीं. इन सत्तर लाख फ़ौजी ानों को बिल्कुल माफ़ कर दिया गया. उनको पूरे अधिकार दिये गये और वह अपने अपने गांव में जा कर नई {कार के दिल से प्रशंसक हो कर खेतों की पैदावार बढ़ाने ो. कुछ से हथियार ज़रूर रखा लिये गये थे और उनसे ा गया था कि अगर दो साल तक वह ठीक से रहेंगे तो के हथियार वापिस कर दिये जायेंगे. आज सब के हथियार पिस हो चुके हैं. सत्तर लाख में सिर्फ़ चार हज़ार लोगों पर ़दमे चले थे. यह लोग वह थे जो अकेले ख़ुद ही नहीं बल्कि जिन्होंने जत्थे बनाये और साज़िशें की थीं. इन भी कहा गया कि यह माफ़ी मांग लें. एक हज़ार ने माफ़ी ग ली लेकिन बाक़ी तीन हज़ार किसी सूरत से इस बात राज़ी न हुए. उन्हें मौत की सज़ा दी गई. इतनी बड़ी ाई में, इतने बड़े इन्क़िलाब में तीन हज़ार आदमियों को त की सज़ा काई बड़ी बात नहीं है. ज़रा हमें अपनी फ़ भी देखना चाहिये. हमने आज़ादी लेने में पांच लाख ादमियों की हत्या की है, कम से कम एक करोड़ को बे घर का कर दिया मुझे ताज्जुब होता है कि अमरीका ऐसा हमें आज गांधीवाद और अहिंसा का पाठ पढ़ाने की म्मत करता है. अमरीका वह देश है जिसने कोरिया को ़स नहस कर रखा है, जिसने जापान पर एटम बम फेंके अभी अभी होनोलूलू में अमरीका की देख रेख अमरीका, इन्गलैंड, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, कनाडा, जापान र न्यूज़ीलैंड की एक बैठक हुई थी. इसमें तय हुआ है कि र में बैरंग की खाड़ी से लेकर दक्खिन में न्यूज़ीलैंड तक ज की एक दीवार खड़ी की जाए. इस फ़ौज की सब से गे की छावनियां कोरिया में होंगी. आज अमरीका ने पान में 603 फ़ौजी अड्डे बना रखे हैं.

"दूसरा एतराज़ यह है कि चीन जन वादी नहीं है. मैं पूरी म्मेदारी के साथ कहता हूँ कि अगर कहीं भी जनता की । सब से ज़ियादा ली जाती है तो वह चीन में. वहां कोई म क़ानून बिना जनता की राय लिये पास नहीं होता. ले क़ानून की कापियां हर हर यूनियन को भेज दी जाती बारह बरस से ऊपर का हर चीनी किसी न किसी नियन का मेम्बर ज़रूर होता है. यूनियन की सभाओं में क़ानून पर ख़ूब बहस होती है और उसके बाद पूरी स का नतीजा ज़िले की सरकार को भेज दिया जाता ज़िले भर के यूनियन की बहसों के नतीजों को इकट्ठा के सूबाई सरकार के पास भेजा जाता है. फिर तमाम

سرکار اهنسا میں وشواس نہیں کرتی ۔ اپنی هی سرکار کو لے لیجئے ۔ کیا هم کشمیر میں پھول برسانے گئے تھے' کیا هم نے حیدرآباد میں بتاشے بانٹے تھے؟ اهنسا کی دهائی دے کر هنسا کرنا اور بھی برا هے ۔ ماؤ کی فوج نے چانگ کائی شیک کی جس فوج سے هتھیار رکھائے اسکی تعداد لگ بھگ ستر لاکھ تھی ۔ اِن ستر لاکھ فوجی جوانوں کو بالکل معاف کر دیا گیا ۔ اُن کو پورے ادھیکار دے دیئے گئے اور وہ اپنے گاؤں میں جا کر نئی سرکار کے دل سے پرشنسک هو کر کھیتوں کی پیداوار بڑھانے لگے ۔ کچھ سے هتھیار ضرور رکھا لئے گئے تھے اور اُن سے کہا گیا تھا کہ اگر دو سال تک وہ ٹھیک سے رهیں گے تو اُن کے هتھیار واپس کر دیئے جائیں گے ۔ آج سب کے هتھیار واپس هو چکے هیں ۔ ستر لاکھ میں سے صرف چار هزار لوگوں پر مقدمے چلے تھے ۔ یہ لوگ وہ تھے جو اکیلے خود هی نہیں لڑے بلکہ جنھوں نے جتھے بنائے تھے اور سازشیں کی تھیں ۔ اِن سے بھی کہا گیا کہ یہ معافی مانگ لیں ۔ ایک هزار نے معافی مانگ لی لیکن باقی تین هزار کسی صورت سے اِس بات پر راضی نہ هوئے ۔ اُنھیں موت کی سزا دی گئی ۔ اتنی بڑی لڑائی میں' اتنے بڑے انقلاب میں تین هزار آدمیوں کو موت کی سزا کوئی بڑی بات نہیں هے ۔ ذرا همیں اپنی طرف بھی دیکھنا چاهئے ۔ هم نے آزادی لینے میں پانچ لاکھ آدمیوں کی هتیا کی هے' کم سے کم ایک کروڑ کو بے گھر بار کا کر دیا ۔ مجھے تعجب هوتا هے کہ امریکہ ایسا دیش همیں آج گاندھی واد اور اهنسا کا پاٹھ پڑھانے کی همت کرتا هے ۔ امریکہ وہ دیش هے جس نے کوریا کو تہس نہس کر رکھا هے' جس نے جاپان پر ایٹم بم پھینکے هیں ۔ ابھی ابھی هو نولولو میں امریکہ کی دیکھ ریکھ میں امریکہ' انگلینڈ' آسٹریلیا' فرانس' کناڈا' جاپان اور نیوزیلینڈ کی ایک بیٹھک هوئی تھی ۔ اِس میں طے هوا هے کہ اُتر میں بیرنگ کی کھاڑی سے لے کر دکھن میں نیوزی لینڈ تک فوج کی ایک دیوار کھڑی کی جائے ۔ اِس فوج کی سب سے آگے کی چھاؤنیاں کوریا میں هونگی ۔ آج امریکہ نے جاپان میں 603 فوجی اڈے بنا رکھے هیں ۔

دوسرا اعتراض یہ هے کہ چین جن وادی نہیں هے ۔ میں پوری ذمے داری کے ساتھ کہتا هوں کہ اگر کہیں بھی جنتا کی رائے سب سے زیادہ لی جاتی هے تو وہ چین میں ۔ وهاں کوئی اهم قانون بنا جنتا کی رائے لئے پاس نہیں هوتا ۔ پہلے قانون کی کاپیاں هر هر یونین کو بھیج دی جاتی هیں ۔ بارہ برس سے اوپر کا هر چینی کسی نہ کسی یونین کا ممبر ضرور هوتا هے ۔ یونین کی سبھاؤں میں اِسی قانون پر خوب بحث هوتی هے اور اُس کے بعد پوری بحث کا نتیجہ ضلع کی سرکار کو بھیج دیا جاتا هے ۔ ضلع بھر کی یونین کے بحثوں کے نتیجوں کو اکٹھا کر کے صوبائی سرکار کے پاس بھیجا جاتا هے ۔ پھر تمام

मज़दूर को इस पर गर्व है. वह जोश से कहता है—जो काम मैं दो दिन में करता था उसे मैंने चार घंटे में ख़त्म किया है. मुझे, मेरे बच्चों को, मेरे घर को, मेरे देश को शान्ति की ज़रूरत है. मैंने शान्ति की राह पर यह कोशिश की है. मेरी आने वाली नसल इस बात पर फ़ख़्र करेगी कि मैंने शान्ति क़ायम करने में, दुनिया को तबाही से बचाने में हिस्सा लिया था—आप ही इन्साफ़ कीजिये क्या गोले बन्दूक़ पर टिके राज में यह सब कुछ हो सकता है ?"

हम सब कुछ बना सकते हैं—दशहरा और मुहर्रम अब की साथ साथ हुए. कहीं कहीं से गड़ बड़ की ख़बरें भी आई हैं. लेकिन ज़ियादातर हिन्दू और मुसलमान एक साथ रहे. मुसलमानों ने काफ़ी तादाद में दशहरे में हिस्सा लिया. इलाहाबाद की ख़ास ख़ास चौकियां मुसलमानों की तरफ़ से थीं. दशहरा अब सिर्फ़ धार्मिक त्योहार नहीं रह गया. समाजी, राज काजी, माली सभी विषयों पर चौकियां निकली थीं. यह बहुत काम की बात है. दसहरे पर लोग अपने अपने मुहल्ले की कला, अपने बनाने की शक्ति का प्रदर्शन करते हैं. यह चौकियां सचमुच जनता की कला के नमूने होती हैं. इस दफ़ा रेल के इन्जन की एक चौकी निकली थी. यह पूरा इन्जन था. यह चौकी यह आशा बंधाती थी कि हम सब कुछ बना सकते हैं. ऐसे कारीगरों को और ऐसे कामों के लिये हमें पूरी तरह प्रोत्साहन देना चाहिये.

5 अक्तूबर—मुहर्रम की वजह से पहली अक्तूबर को नए चीन की तीसरी सालगिरह पर आम सभा नहीं हुई. पांच अक्तूबर को स्वरूप रानी पार्क में आम सभा हुई. काफ़ी लोग आये. कुछ के दिमाग़ों में शक थे, कुछ भ्रम में थे, कुछ रास्ता जान गए थे लेकिन चलने का ढंग सीखना चाहते थे. पंडित सुन्दरलाल ने अपने भाषण में कहा—"आज चीन को समझने की सब से ज़ियादा ज़रूरत है. अमरीका वाले प्रोपेगन्डे पर लाखों रुपया ख़र्च कर रहे हैं. मुझे ख़ुशी है कि जो बातें हमने चीन से लौट कर कही थीं आज वह घर घर पहुंच गई हैं. हमारी बातों पर तीन ही एतराज़ हुए हैं. एक यह कि और सब सच है लेकिन चीन में ख़ून-ख़राबा बहुत हुआ है. दूसरे यह कि वहां जनता की राय की कोई क़दर नहीं है. तीसरे यह कि चीन रूस के चंगुल में फंसा हुआ है. इन तीनों भ्रमों को मैं दूर करना चाहता हूँ.

"यह सच है कि चीन सरकार अहिंसा को हम गांधी-वादियों की तरह नहीं मानती. फिर भी मैं कह सकता हूँ कि दूसरी सरकारों के मुक़ाबले में वह काफ़ी हद तक अहिंसा को अपनाने की कोशिश करती है. दुनिया की कोई भी

مزدور کو اِس پر گرو ہے . وہ جوش سے کہتا ہے— جو کام میں دو دن میں کرتا تھا اُسے میں نے چار گھنٹے میں ختم کیا ہے . مجھے، میرے بچوں کو، میرے گھر کو، میرے دیش کو شانتی کی ضرورت ہے . میں نے شانتی کی راہ پر یہ کوشش کی ہے . میری آنے والی نسل اِس بات پر فخر کرے گی کہ میں نے شانتی قائم کرنے میں، دنیا کو تباہی سے بچانے میں حصہ لیا تھا—آپ ہی انصاف کیجئے کیا گولے بندوق پر ٹکے راج میں یہ سب کچھ ہوسکتا ہے."

ہم سب کچھ بنا سکتے ہیں—دسہرہ اور محرم اب کی ساتھ ساتھ ہوا . کہیں کہیں سے گڑبڑ کی خبریں بھی آئی ہیں . لیکن زیادہ‌تر ہندو اور مسلمان ایک ساتھ رہے . مسلمانوں نے کافی تعداد میں دسہرہ میں حصہ لیا . الہ‌آباد کی خاص خاص چوکیاں مسلمانوں کی طرف سے تھیں . دسہرہ اب صرف دھارمک تہوار نہیں رہ گیا . سماجی، راج کاجی، مالی سبھی وشیوں پر چوکیاں نکلی تھیں . یہ بہت کام کی بات ہے . دسہرے پر لوگ اپنے اپنے محلے کی کلا اپنے بنانے کی شکتی کا پردرشن کرتے ہیں . یہ چوکیاں سچ مچ جنتا کی کلا کے نمونے ہوتی ہیں . اِس دفعہ ریل کے انجن کی ایک چوکی نکلی تھی . یہ پورا انجن تھا . یہ چوکی یہ آشا بندھاتی تھی کہ ہم سب کچھ بنا سکتے ہیں . ایسے کاریگروں کو اور ایسے کاموں کے لئے ہمیں پوری طرح پروتساہن دینا چاہئے .

5 اکتوبر—محرم کی وجہ سے پہلی اکتوبر کو نئے چین کی تیسری سالگرہ پر عام سبھا نہیں ہوئی . 5 اکتوبر کو سروپ رانی پارک میں عام سبھا ہوئی . کافی لوگ آئے . کچھ کے دماغوں میں شک تھے، کچھ بھرم میں تھے، کچھ راستہ جان گئے تھے لیکن چلنے کا ڈھنگ سیکھنا چاہتے تھے . پنڈت سندر لال نے اپنے بھاشن میں کہا—" آج چین کو سمجھنے کی سب سے زیادہ ضرورت ہے . امریکہ والے پروپیگنڈے پر لاکھوں روپیہ خرچ کر رہے ہیں . مجھے خوشی ہے کہ جو باتیں ہم نے چین سے لوٹ کر کہی تھیں آج وہ گھر گھر پہونچ گئی ہیں . ہماری باتوں پر تین ہی اعتراض ہوئے ہیں . ایک یہ کہ اور سب سچ ہے لیکن چین میں خون خرابہ بہت ہوا ہے . دوسرے یہ کہ وہاں جنتا کی رائے کی کوئی قدر نہیں ہے . تیسرے یہ کہ چین روس کے چنگل میں پھنسا ہوا ہے . اِن تینوں بھرم کو میں دور کرنا چاہتا ہوں .

" یہ سچ ہے کہ چین سرکار اہنسا کو ہم گاندھی وادیوں کی طرح نہیں مانتی . پھر بھی میں کہہ سکتا ہوں کہ دوسری سرکاروں کے مقابلے میں وہ کافی حد تک اہنسا کو اپنانے کی کوشش کرتی ہے . دنیا کی کوئی بھی

. शान्ति के कुछ प्रेमी अमरीकी फ़ौजी अड्डों को लांगते हुए
ॆकिंग पहुँच ही गये. हिन्दुस्तान से साठ आदमियों का
क प्रतिनिधि मंडल गया है, उसके नेता डाक्टर किचलू हैं.

पहली अक्तूबर—पहली अक्तूबर
न 1949 को चीन में एक नया इतिहास लिखा गया
ा. उस तारीख को एशिया की तक़दीर का सितारा
मका था. पहली अक्तूबर हर एशियाई के दिल में
पर उठने और तरक़्क़ी करने की भावना पैदा करती है.
र एक को यक़ीन हो चला है कि जो काम चीन दो साल
कर चुका है वह हम भी कर सकते हैं. साम्राजशाही के
गुल से पूरी तरह निकलने पर एशिया फिर से महान
ो सकता है, एशिया फिर योरप को बहुत कुछ सिखा सकता
. पहली अक्तूबर ने यह उम्मीद दी है और इस उम्मीद
ी किरन ने एशियाई दिमाग़ में एक तूफ़ान पैदा कर दिया
. इस तूफ़ान को साम्राजी देख रहे हैं. तूफ़ान को रोकने
े लिये डालर की दीवारें खड़ी कर रहे हैं, फूट डालने के
लेये बेचैन हैं. हिन्दुस्तान में भी शहर शहर में पहली
अक्तूबर का दिन मनाया गया. हर विचार, हर पेशे के लोग
क जगह इकट्ठे हुए. उन्होंने चीनी इन्क़िलाब का
स्वागत किया. इलाहाबाद में भी स्वदेशी लीग के दफ़्तर में
क बैठक हुई. कांग्रेसी, किसान मज़दूर प्रजा पार्टी वाले,
्युनिस्ट और दूसरे दलों और स्वतंत्र विचारों के लोग
क साथ बैठे. सब ने चीन को बधाई दी और यह पक्का
ादा ज़ाहिर किया कि वह साम्राज के दामन से गांठ छुड़ा
र चीन की तरह आज़ाद होंगे और एशिया का दूसरा
बाज़ू बन कर एशिया की लाज की रक्षा करेंगे.

पंडित सुन्दरलाल ने इस सभा में बोलते हुए कहा—
"लोग कहते हैं कि चीन में डंडे के ज़ोर से हकूमत होती है.
. शायद ग़लत कहता हूँ. लेकिन श्रीमती विजय लक्ष्मी
ंडित तो ख़ामख़ां चीन का पक्ष न लेंगी. उनसे पूछ लीजिये.
मैं चीनियों के मुंह पर अपने देश और अपनी सरकार के
लेये प्रेम की छाप देख आया हूँ. मैं पूरी ज़िम्मेदारी के
ाथ कहता हूँ कि सन 1921 में हिन्दुस्तानी जनता के
देल में गांधीजी को जो इज़्ज़त थी आज चीनियों के दिल
में माओ की इज़्ज़त उससे दस गुना है. मैं तो उनके कारनामे
पढ़ कर दंग रह जाता हूँ. अभी अभी पीकिंग में शान्ति
कान्फ़रेन्स के लिये एक "शान्ति होटल" बनाया गया है.
समें दो सौ रहने के कमरे हैं, हाल है और बहुत से दूसरे
कमरे हैं. इस पूरे होटल की तैयारी में सिर्फ़ सत्रह हफ़्ते लगे
. अन्दाज़ा है कि दो साल से कम में यह इमारत नहीं
बन सकती थी. यह "शान्ति होटल" किसी क़र्ज़ से
नहीं बना, बाहर के एक्सपर्ट ने इसे नहीं बनाया.
चीनियों ने इसे ख़ुद बनाया है. हर बढ़ई, हर राज और हर

پر شانتی کے کچھ پریمی امریکی فوجی اڈوں کو لانگھتے
ہوئے پیکنگ پہونچ ہی گئے. ہندستان سے ساٹھ
آدمیوں کا ایک پرتی ندھی منڈل گیا ہے' اس کے نیتا
ڈاکٹر کچلو ہیں.

پہلی اکتوبر—پہلی اکتوبر سن 49' کو چین
میں ایک نیا اتہاس لکھا گیا تھا. اس تاریخ کو ایشیا کی
تقدیر کا ستارہ چمکا تھا. پہلی اکتوبر ہر ایشیائی کے دل
میں اوپر اٹھنے اور ترقی کرنے کی بھاونا پیدا کرتی ہے. ہر
ایک کو یقین ہو چلا ہے کہ جو کام چین دو سال میں کر
چکا ہے وہ ہم بھی کرسکتے ہیں. سامراج شاہی کے
چنگل سے پوری طرح نکلنے پر ایشیا پھر سے مہان
ہوسکتا ہے' ایشیا پھر یورپ کو بہت کچھ سکھا
سکتا ہے. پہلی اکتوبر نے یہ امید دی ہے اور اس امید کی
کرن نے ایشیائی دماغ میں ایک طوفان پیدا کر دیا ہے.
اس طوفان کو سامراجی دیکھ رہے ہیں. طوفان کو روکنے
کے لئے ڈالر کی دیواریں کھڑی کر رہے ہیں' پھوٹ ڈالنے کے
لئے بےچین ہیں. ہندستان میں بھی شہر شہر میں
پہلی اکتوبر کا دن منایا گیا. ہر وچار' ہر پیشے کے لوگ
ایک جگہ اکٹھا ہوئے. انہوں نے چینی انقلاب کا
سواگت کیا. الہ آباد میں بھی سودیشی لیگ کے دفتر
میں ایک بیٹھک ہوئی. کانگریسی' کسان مزدور پرجا پارٹی
والے' کمیونسٹ اور دوسرے دلوں اور سوتنتر وچاروں کے
لوگ ایک ساتھ بیٹھے. سب نے چین کو بدھائی دی اور یہ
پکا ارادہ ظاہر کیا کہ وہ سامراج کے دامن سے گانٹھ چھڑا کر
چین کی طرح آزاد ہوں گے اور ایشیا کا دوسرا بازو بن کر
ایشیا کی لاج کی رکشا کریں گے.

پنڈت سندرلال نے اس سبھا میں بولتے ہوئے کہا—
"لوگ کہتے ہیں کہ چین میں ڈنڈے کے زور سے حکومت
ہوتی ہے. میں شاید غلط کہتا ہوں لیکن شریمتی وجے
لکشمی پنڈت تو خواہ مخواہ چین کا پکش نہ لیں گی. ان
سے پوچھ لیجئے. میں چینیوں کے منہ پر اپنے دیش اور اپنی
سرکار کے لئے پریم کی چھاپ دیکھ آیا ہوں. میں پوری
ذمہ داری کے ساتھ کہتا ہوں کہ سن 1921 میں ہندستانی
جنتا کے دل میں گاندھی جی کی جو عزت تھی آج
چینیوں کے دل میں ماؤ کی عزت اس سے دس گنا ہے.
میں تو ان کے کارنامے پڑھ کر دنگ رہ جاتا ہوں. ابھی ابھی
پیکنگ میں شانتی کانفرنس کے لئے ایک "شانتی ہوٹل"
بنایا گیا ہے. اس میں دو سو رہنے کے کمرے ہیں' ہال
ہے اور بہت سے دوسرے کمرے ہیں. اس پورے ہوٹل کی تیاری
میں صرف سترہ ہفتے لگے ہیں. اندازہ ہے کہ دو سال سے
کم میں یہ عمارت نہیں بن سکتی تھی. یہ "شانتی ہوٹل"
کسی قرض سے نہیں بنا' باہر کے اکسپرٹ نے اسے نہیں بنایا.
چینیوں نے اسے خود بنایا ہے. ہر بڑھئی' ہر راج اور ہر

सफल, उनका करतब खतम. सर पी. सी. बनर्जी होस्टल के इसी तरह के एक क्लब में पंडित सुन्दरलाल बोल रहे थे. हाल, मेज कुर्सियां, जगाती के बैरे, पुरानी चाय और हालडा की मिठाई—रस्म रस्म है—सब मौजूद थे. चाय का धुंआ उठ रहा था—घूमता हुआ, बल खाता हुआ. लोगों के दिमाग़ भी पंडित जी की बातें सुनकर हिल गये थे, बल खा रहे थे, बिना लक्ष्य के हो रहे थे. पंडित जी ने कहा—"जनवादी भावना लोकशाही (डिमोक्रेसी) पर बहस करने से नहीं आती, उसे पहले दिमाग़ में और अमल में पैदा करना होता है. अगर आप लोग अपने मेहतर, अपने बैरे और अपने नौकरों के साथ बैठ कर खाना नहीं खा सकते तो आप लोकशाही के सच्चे पुजारी नहीं हो सकते." वहां लोग यह कड़ुवे सच सुनने नहीं आये थे, वह लोकशाही पर दूसरों के कथन पर बहस करने आए थे. उन पर एक सन्नाटा छा गया. पंडित जी ने आगे कहा—"आज हमें आंख उठा कर देखना चाहिये कि दुनिया हमारे बारे में क्या सोचती है. आप लोगों को खुद भी सोचना चाहिये कि आप क्या करना चाहते हैं. आपके तो आदर्श सिर्फ़ यह हैं—बड़ी नौकरी, ज़ियादा जहेज़ लाने वाली बीवी और बस—दो रास्तों में से एक रास्ता आपको चुनना है. अगर देश सेवा करना चाहते हैं तो चढ़ान का रास्ता इख़तियार कीजिये. ऐश को लात मारिये, दिमाग़ी वहमों को छुट्टी दीजिये. एक इन्सान दोस्त मनुश्य की तरह से गिरी जनता को ऊपर उठाने में लग जाइये. अगर देश से कोई सरोकार नहीं है, अपना पेट भरना ही सब कुछ है तब आपके लिये ढलान का रास्ता खुला है. देश जिस ख़तरे से गुज़र रहा है उसको देख कर मैं आपसे यही अपील कर सकता हूँ कि आप ढलान के रास्ते को छोड़कर चढ़ान के रास्ते पर क़दम उठाइये. बिना इसके आप देश की लाज नहीं बचा सकते, देश को अमरीकी ग़ुलामी के रास्ते पर जाने से नहीं रोक सकते. आप जहेज़ लेने से इन्कार कर दीजिये, ऐसी शादियां करने से इनकार दीजिये. बग़ावत कर दीजिये, हर इस तरह की अड़चन से बग़ावत कर दीजिये."

शान्ति कांगरेस— पंजाब के एक शहर जालन्धर में आल इन्डिया शान्ति कांगरेस 12–14 सितम्बर को हुई. हर हर सूबे, हर हर ज़िले के लोग इकट्ठे हुए. हर पेशे के लोगों ने उसमें भाग लिया. सबकी आवाज़ एक थी—शान्ति. शान्ति क़ायम करने का दुनिया ने यह बड़ा प्रयास किया है. शान्ति की आवाज़ जितनी दबाई जाती है उतनी ही ऊंची हो रही है.

चीन के शहर पीकिंग में एक शान्ति कान्फ़रेन्स 25 सितम्बर से शुरू हुई. एशिया के हर हर मुल्क से प्रतिनिधि आये. जापान के प्रतिनिधियों पर पाबन्दी लगा दी गई थी.

سپھل، ان کا کرتب ختم. سر پی. سی. بنرجی ہوسٹل کے اسی طرح کے ایک کلب میں پنڈت سندر لال بول رہے تھے. ہال، میز کرسیاں، جگاتی کے بیرے، پرانی چائے اور ڈالڈا کی مٹھائی — رسم رسم ہے — سب موجود تھے. چائے کا دھواں اٹھ رہا تھا — گھومتا ہوا، بل کھاتا ہوا. لوگوں کے دماغ بھی پنڈت جی کی باتیں سن کر ہل گئے تھے، بل کھا رہے تھے، بنا لکش کے ہو رہے تھے. پنڈت جی نے کہا — "جن وادی بھاونا لوک شاہی (ڈیموکریسی) پر بحث کرنے سے نہیں آتی، اسے پہلے دماغ میں اور عمل میں پیدا کرنا ہوتا ہے. اگر آپ لوگ اپنے مہتر، اپنے بیرے اور اپنے نوکروں کے ساتھ بیٹھ کر کھانا نہیں کھا سکتے تو آپ لوک شاہی کے سچے پجاری نہیں ہو سکتے." وہاں لوگ یہ کڑوے سچ سننے نہیں آئے تھے، وہ لوک شاہی پر دوسروں کے کتھن پر بحث کرنے آئے تھے. ان پر ایک سناٹا چھا گیا. پنڈت جی نے آگے کہا — "آج ہمیں آنکھ اٹھا کر دیکھنا چاہئے کہ دنیا ہمارے بارے میں کیا سوچتی ہے، آپ لوگوں کو خود بھی سوچنا چاہئے کہ آپ کیا کرنا چاہتے ہیں. آپ کے تو آدرش صرف یہ ہیں — بڑی نوکری، زیادہ جہیز لانے والی بیوی اور بس — دو راستوں میں سے ایک راستہ آپ کو چننا ہے. اگر دیش سیوا کرنا چاہتے ہیں تو چڑھان کا راستہ اختیار کیجئے. عیش کو لات ماریئے، دماغی وہموں کو چھٹی دیجئے. ایک انسان دوست منش کی طرح سے گری جنتا کو اوپر اٹھانے میں لگ جائیے. اگر دیش سے کوئی سروکار نہیں ہے، اپنا پیٹ بھرنا ہی سب کچھ ہے تب آپ کے لئے ڈھلان کا راستہ کھلا ہے. دیش جس خطرے سے گزر رہا ہے اس کو دیکھ کر میں آپ سے یہی اپیل کر سکتا ہوں کہ آپ ڈھلان کے راستے کو چھوڑ کر چڑھان کے راستے پر قدم اٹھائیے. بنا اس کے آپ دیش کی لاج نہیں بچا سکتے، دیش کو امریکی غلامی کے راستے پر جانے سے نہیں روک سکتے. آپ جہیز لینے سے انکار کر دیجئے، ایسی شادیاں کرنے سے انکار کر دیجئے. بغاوت کر دیجئے. ہر اس طرح کی اڑچن سے بغاوت کر دیجئے."

شانتی کانگریس— پنجاب کے ایک شہر جالندھر میں آل انڈیا شانتی کانگریس 12-14 ستمبر کو ہوئی. ہر ہر صوبے، ہر ہر ضلع کے لوگ اکٹھا ہوئے. ہر پیشے کے لوگوں نے اس میں بھاگ لیا. سب کی آواز ایک تھی. شانتی. شانتی قائم کرنے کا دنیا نے یہ بڑا پریاس کیا ہے. شانتی کی آواز جتنی دبائی جاتی ہے اتنی ہی اونچی ہو رہی ہے.

چین کے شہر پیکنگ میں ایک شانتی کانفرنس 25 ستمبر سے شروع ہوئی. ایشیا کے ہر ہر ملک سے پرتی ندھی آئے. جاپان کے پرتی ندھیوں پر پابندی لگا دی گئی تھی.

भी कोई भूक से नहीं मरा. फिर इसके ख़िलाफ़ कहने वाला सच्चा कैसे ठहराया जा सकता है. तरह तरह के दांव पेंच चले जा रहे हैं—सिर्फ़ एक सच को छिपाने के लिये. एक असलियत पर परदा डालने के लिये. ताक़त हाथ में है, अखबार उनके सहयोगियों के हैं. रेडियो उनका है, भाषन देना उनका पेशा है. जो भी भ्रम वह फैलाना चाहें फैला सकते हैं. लेकिन कब तक, कहां तक—अंधेरा पाक ज़ियादा दिनों नहीं रहता.

साम्प्रदायिक भावना—देश की हालत कुछ तेज़ी से बदल रही है. ऐसा लगता है साम्प्रदायिक भावना ख़त्म होती जा रही है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पहले हिन्दू राष्ट्र क़ायम करना चाहता था. उस से हट कर वह लोग एक ऐसे राज पर डटे कि जिस में मुसलमानों को छोड़ कर सब रह सकते थे. जब एक दफ़ा पैर फिसल जाता है तो बहुत मुश्किल से रुकता है. पहले उनके सामने साफ़ आदर्श थे, साफ़ रास्ता था. अब सिर्फ़ भ्रम है और कुछ कुछ ज़िद. काफ़ी लोग संघ छोड़ रहे हैं. महात्मा भगवानदीन बनारस यूनिवर्सिटी के लड़कों के सामने बोल रहे थे. कुछ लड़कों ने सवाल किये. इस सवाल जवाब के बीच में यह पता चला कि वहां संघियों की काफ़ी तादाद रह चुकी है. पर वह सब अब संघ के मेम्बर नहीं थे, संघ का मज़ाक़ उड़ा रहे थे, उसकी धज्जियां उड़ा रहे थे, अपने साथियों को जो अभी तक मेम्बर थे उपदेश दे रहे थे. हौसले से भरे, दिल के सच्चे, भ्रम में डूबे, इन नौजवानों को मदद की ज़रूरत है. आज इस बात की आवश्यकता है कि इनको अपनाया जाये, इनका भ्रम दूर किया जाए और जिस ख़न्दक़ से निकलने की यह कोशिश कर रहे हैं उससे उन्हें निकाला जाए. महात्मा जी ने ठीक ही कहा था—"सब धर्म एक हैं. धर्म एक हो कर ही ज़िन्दा रह सकते हैं. सारे धर्मों के भेद भाव मिटा कर कम से कम एक बात पर ही एक हो जाना चाहिये. वह बात है विश्व शान्ति. शान्ति आज युग की पुकार है, आज इन्सानियत की मांग है. जो धर्म इस मांग में अपनी आवाज़ नहीं मिलाता वह अपने फ़र्ज़ का पालन नहीं करता, अपनी क़ब्र खोदता है, विनाश को दावत देता है."

यूनिवर्सिटी के क्लब—यूनिवर्सिटी में समाजी ज़िन्दगी का मतलब कुछ और ही है. जो जितना यारबाशी करता है, सिनेमा पर टीका टिप्पनी कर सकता है, कुछ चुटकुले सुना सकता है, हर विषय पर कुछ न कुछ राय दे सकता है, वह उतना ही सोशल है, उतना ही सभ्य है. इसी समाजी भावना और चेतना को उभारने के लिये हर होस्टल में क्लब खोले जाते हैं. इन क्लबों में जगाती की चाय की प्याली होती है और कुछ मुंह ज़ोर लोगों की टीका. बस विद्यार्थियों का जीवन

بھی کوئی بھوک سے نہیں مرا. پھر اِس کے خلاف کہنے والا سچا کیسے ٹھہرایا جاسکتا ہے. طرح طرح کے داؤں پیچ چلے جا رہے ھیں—صرف ایک سچ کو چھپانے کے لئے' ایک اصلیت پر پردہ ڈالنے کےلئے. طاقت ہاتھ میں ہے' اخبار اُن کے سہیوگیوں کے ھیں. ریڈیو اُن کا ہے' بھاشن دینا اُن کا پیشہ ہے. جو بھی بھرم وہ پھیلانا چاہیں پھیلا سکتے ھیں. لیکن کب تک' کہاں تک—اندھیراپاک زیادہ دنوں نہیں رھتا.

سامپردائک بھاؤنا—دیش کی حالت کچھ تیزی سے بدل رھی ہے. ایسا لگتا ہے سامپردائک بھاؤنا ختم ہوتی جا رھی ہے. راشٹری سویم سیوک سنگھ پہلے ھندو راشٹر قائم کرنا چاھتا تھا. اُس سے ھٹ کر وہ لوگ ایک ایسے راج پر ڈٹے کہ جس میں مسلمانوں کو چھوڑ کر سب رہ سکتے تھے. جب ایک دفعہ پیر پھسل جاتا ہے تو بہت مشکل سے رکتا ہے. پہلے اُن کے سامنے صاف آدرش تھے' صاف راستہ تھا. اب صرف بھرم ہے اور کچھ کچھ ضد. کافی لوگ سنگھ چھوڑ رہے ھیں. مہاتما بھگوان دین بنارس یونیورسٹی کے لڑکوں کے سامنے بول رہے تھے. کچھ لڑکوں نے سوال کئے. اِس سوال جواب کے بیچ میں پتہ چلا کہ وھاں سنگھیوں کی کافی تعداد رہ چکی ہے. پر وہ سب اب سنگھ کے ممبر نہیں تھے' سنگھ کا مذاق اُڑا رہے تھے' اُس کی دھجیاں اُڑا رہے تھے' اپنے ساتھیوں کو جو ابھی تک ممبر تھے اُپدیش دے رہے تھے. حوصلے سے بھرے' دل کے سچے' بھرم میں ڈوبے اِن نوجوانوں کو مدد کی ضرورت ہے. آج اِس بات کی آوشیکتا ہے کہ اِن کو اپنایا جائے' اِن کا بھرم دور کیا جائے اور جس خندق سے نکلنے کی یہ کوشش کر رہے ھیں اُس سے اُنہیں نکالا جائے. مہاتما جی نے ٹھیک ھی کہا تھا —"سب دھرم ایک ھیں. دھرم ایک ھوکر ھی زندہ رہ سکتے ھیں. سارے دھرموں کے بھید بھاؤ مٹاکر کم سے کم ایک بات پر ھی ایک ھوجانا چاھئے. وہ بات ہے وشوشانتی. شانتی آج یگ کی پکار ہے' آج انسانیت کی مانگ ہے. جو دھرم اِس مانگ میں اپنی آواز نہیں ملاتا' وہ اپنے فرض کا پالن نہیں کرتا' اپنی قبر کھودتا ہے' وناش کو دعوت دیتا ہے."

یونیورسٹی کے کلب—یونیورسٹی میں سماجی زندگی کا مطلب کچھ اور ھی ہے. جو جتنا یارباشی کرتا ہے' سنیما پر ٹیکا ٹپنی کرسکتا ہے' کچھ چٹکلے سنا سکتا ہے' ھر وشے پر کچھ نہ کچھ رائے دے سکتا ہے' وہ اُتنا ھی سوشل ہے' اُتنا ھی سبھیہ ہے. اسی سماجی بھاؤنا اور چیتنا کو اُبھارنے کے لئے ھر ھوسٹل میں کلب کھولے جاتے ھیں. اِن کلبوں میں جگاتی کی چائے کی پیالی ھوتی ہے اور کچھ منہ زور لوگوں کی ٹیکا. بس ودیارتھیوں کا جیون

प्रवासी की डायरी

तसवीर हाथ में लेते ही भूत का विचार दिमाग़ में गूंज उठा. मैंने कभी भूत नहीं देखा, भूत से मैं डरता भी नहीं हूं. फिर भी मैं सब तरफ़ से बे-ख़बर हो कर भूत की दुनिया में खो गया. इस भूत के न उल्टे पैर थे और न बड़े बड़े बाल थे. नाख़ून भी नहीं थे. यह अनोखा भूत था—पर भूत के आम विचार से बहुत ही भयानक, बहुत ही डरावना. मुझ जैसे आदमी को शायद भूत सामने आ कर भी नहीं डरा सकता—लेकिन—यह भूत, इसका भयानक रूप मेरे दिमाग़ में बस गया था. मैं इसे निकालना भी चाहूँ तो नहीं निकाल सकता. दिन हो या रात मैंने आंख बन्द की नहीं कि यह सामने आ खड़ा हुआ. इसने मेरे दिल को दहला दिया है, आत्मा में कम्पन पैदा कर दी है—यह भूत नहीं, विचार नहीं—यह असलियत है, बीसवीं सदी की असलियत. यह इन्सान है, भूका और नंगा इन्सान—एक चारपाई पर एक इन्सान का ढांचा पड़ा है. एक हाथ पेट पर रखा है और दूसरा फैला हुआ है—जैसे कुछ मांग रहा है. पर कौन दे सकता है, कौन इसे खाना खिला सकता है. वहां कोई नहीं है. केवल वह ढांचा है, चारपाई है, उसकी पत्नी है और सुअरबाड़े ऐसे मकान का भयानक सन्नाटा है. फैले हुए हाथ में जीवन साथिन कुछ नहीं दे सकती. लज्जा, बेचारगी, बेबसी से उसने हाथ से दूसरी तरफ़ आखें नीची कर ली हैं—इस आदमी के ढांचे के सर पर बाल नहीं है, बाल बनाये नहीं गए, झड़ गए हैं. हड्डियां उभरी हुई हैं, एक एक गिनी जा सकती हैं. जोड़ों पर गोश्त का नाम नहीं, नसें तन कर ऊपर झलक उठी हैं. ऐसा लगता है कि हड्डियों का एक ढांचा बना कर उस पर पतली खाल ओढ़ा दी गई है. यह ढांचा मुर्दा नहीं है. यह ज़िन्दा है, सांस लेता है, कराहता है और कभी कभी "रोटी, रोटी" के शब्द मुंह से कहता है. यह गोरखपुर का जीता-जागता इन्सान है, भुकमरी का सबूत है—पर राज हट को किसी सबूत की ज़रूरत नहीं होती. बंगाल में पैंतीस लाख आदमी मर गए लेकिन अंगरेज़ों ने यह नहीं माना कि वहां लोग भूकों मर रहे हैं. उन अंगरेज़ों के जानशीन उस परम्परा को कैसे न निभायें. सरकारी अफ़सर जो कुछ कह दें वह ब्रह्म वाक्य है और बाक़ी सब झूट, प्रचार और पार्टी बन्दी. डाक्टर कुमारप्पा और पंडित सुन्दरलाल झूटे हैं क्योंकि यू. पी. सरकार के अधिकारियों ने कह दिया है कि कहीं

پرواسی کی ڈائری

تصویر ہاتھ میں لیتے ہی بھوت کا وچار دماغ میں گونج اُٹھا. میں نے کبھی بھوت نہیں دیکھا' بھوت سے میں ڈرتا بھی نہیں ہوں. پھر بھی میں سب طرف سے بےخبر ہوکر بھوت کی دنیا میں کھو گیا. اِس بھوت کے نہ اُلٹے پیر تھے اور نہ بڑے بڑے بال تھے. ناخون بھی نہیں تھے. یہ انوکھا بھوت تھا—پر بھوت کے عام وچار سے بہت ہی بھیانک' بہت ہی ڈراونا. مجھ جیسے آدمی کو شاید بھوت سامنے آکر بھی نہیں ڈرا سکتا—لیکن—یہ بھوت' اِس کا بھیانک، روپ میرے دماغ میں بس گیا تھا. میں اِسے نکالنا بھی چاہوں تو نہیں نکال سکتا. دن ہو یا رات میں نے آنکھ بند کی نہیں کہ یہ سامنے آ کھڑا ہوا. اِس نے میرے دل کو دہلا دیا ہے' آتما میں کمپن پیدا کر دی ہے—یہ بھوت نہیں' وچار نہیں—یہ اصلیت ہے' بیسویں صدی کی اصلیت. یہ انسان ہے' بھوکا اور ننگا انسان—ایک چارپائی پر ایک انسان کا ڈھانچہ پڑا ہے. ایک ہاتھ پیٹ پر رکھا ہے اور دوسرا پھیلا ہوا ہے—جیسے کچھ مانگ رہا ہے. پر کون دے سکتا ہے' کون اِسے کھانا کھلا سکتا ہے. وہاں کوئی نہیں ہے. کیول وہ ڈھانچہ ہے' چارپائی ہے' اُس کی پتنی ہے اور سور باڑے ایسے مکان کا بھیانک سناٹا ہے. پھیلے ہوئے ہاتھ میں جیون ساتھن کچھ نہیں دے سکتی. لجا' بیچارگی' بے بسی سے اُس نے ہاتھ سے دوسری طرف آنکھیں نیچی کرلی ہیں—اِس آدمی کے ڈھانچے کے سر پر بال نہیں ہیں' بال بنائے نہیں گئے' جھڑ گئے ہیں. ہڈیاں اُبھری ہوئی ہیں' ایک ایک گنی جاسکتی ہیں. جوڑوں پر گوشت کا نام نہیں' نسیں تن کر اُوپر جھلک اُٹھی ہیں. ایسا لگتا ہے کہ ہڈیوں کا ایک ڈھانچہ بناکر اُس پر پتلی کھال اُڑھا دی گئی ہے. یہ ڈھانچہ مردہ نہیں ہے. یہ زندہ ہے' سانس لیتا ہے' کراہتا ہے اور کبھی کبھی "روٹی' روٹی" کے شبد منہ سے کہتا ہے. یہ گورکھپور کا جیتا جاگتا انسان ہے' بھکمری کا ثبوت ہے—پر راج ہٹ کو کسی ثبوت کی ضرورت نہیں ہوتی. بنگال میں پینتیس لاکھ آدمی مر گئے لیکن انگریزوں نے یہ نہیں مانا کہ وہاں لوگ بھوکوں مر رہے ہیں. اُن انگریزوں کے جانشین اُس پرمپرا کو کیسے نہ نبھائیں. سرکاری افسر جو کچھ کہدیں وہ برہم واکیہ ہے اور باقی سب جھوٹ' پرچار اور پارٹی بندی. ڈاکٹر کماریپا اور پنڈت سندرلال جھوٹے ہیں کیونکہ یو. پی. سرکار کے ادھیکاریوں نے کہ دیا ہے کہ کہیں

..derground Army	पाताली फ़ौज
..nderhand policy	भेद पालिसी
..topia	राम सराब
..mpire	ख़ून चूसन, ख़ून चूसिया
..llage Council	गांव कौन्सिल
..ter	वोट दाता
..ting population	वोटवार आबादी
..ant of confidence	अदम भरोसा

इसी उसूल के मुताबिक़ हम न सिर्फ़ रिवाज पाई हुई ..स्तलाहों का तरजुमा कर सकते हैं बल्कि नई नई इस्तलाहें ..र लफ़्ज़ी तरकीबें सुझा सकते हैं जैसे—

छुट वहम और छुटपन की तरह छुटदिला या छुट ..ापन.

..ज़बान	के क़यास पर	बद वहम या बद ज़ोर
..न्दुस्तान	,,	फ़िल्मिस्तान, रेतिस्तान
..मराग़ा	,,	समाज मराग़ा
..र फिरा	,,	दिल फिरा
..ल फेंक	,,	ख़ुद फेंक

हर लफ़्ज़ की टीका करना हमें अपने मतलब से दूर .. देगा. इसलिये हम सिर्फ़ नमूने के तौर पर दो तीन ..फ़्ज़ों की शरह करते हैं.

समाज मराग़ा वह शख़्स है जो अपनी ख़ान्दानी और ..माती ज़हनियत में ऐसा फ़ना हो चुका हो और उसके ..पहलों से इस क़दर असर ले चुका हो कि वह ख़ुद सांचा ..न कर दूसरों को समाज मराग़ा बना रहा हो.

हम सिर फिरा उस शख़्स को कहते हैं जिसे समझ .. बात न तो सूझती और न पसन्द आती हो. दिल ..िरा वह शख़्स है जिसे प्रेम और इश्क़ में ढंग की बात न ..ती हो.

वह शख़्स जो मुख़्तलिफ़ तहरीक़ों में एक के बाद एक ..शी ख़ुशी शरीक होता और इन्हिमाक से काम करता और ..र्बानियां करता हो मगर चन्द दिनों के बाद किसी और ..रीक या मशग़ले में उसी सरगर्मी से हिस्सा लेता हो या ..क मरतबा दो दो, तीन तीन तहरीक़ों या मशग़लों से ..नके बरअक्स मक़सदों के बावजूद यकसां दिलचस्पी रखता .. उसे हम ख़ुद फेंक कह सकते हैं. यह लफ़्ज़ अच्छे मानों ..भी इस्तेमाल हो सकता है—यानी वह शख़्स जो तन ..और धन की क़ुर्बानियां कर चुका हो और अब अपनी ..सरतों, अरमानों और ख़ुशियों को भेंट चढ़ा रहा हो.

Underground Army	پاتالی فوج
Uuderhand policy	بھیدپالیسی
Utopia	رام سراب
Vampire	خون چوسن، خون چوسیا
Village Council	گاؤں کونسل
Voter	ووٹ داتا
Voting population	ووٹ وار آبادی
Want of Confidence	عدم بھروسا

اسی اسول کے مطابق ہم نہ صرف رواج پائی ہوئی اصطلاحوں کا ترجما کر سکتے ہیں بلکہ نئی نئی اصطلاحیں اور لفظی ترکیبیں سجھا سکتے ہیں جیسے—

چھوٹ وہم اور چھوٹ پن کی طرح چھوٹ دلا یا چھوٹ دلاپن

بد زبان	کے قیاس پر	بدوہم یا بد زور
ہندستان	,,	فلمستان، ریگستان
کم مغزا	,,	سماج مغزا
سرپھرا	,,	دل پھرا
دل پھینک	,,	خد پھینک

ہر لفظ کی ٹیکا کرنا ہمیں اپنے مطلب سے دور کر دےگا. اس لئے ہم صرف نمونے کے طور پر دو تین لفظوں کی شرح کرتے ہیں۔

سماج مغزا وہ شخص ہے جو اپنی خاندانی اور جماعتی ذہنیت میں ایسا فنا ہو چکا ہو اور اس کے کھوروں سے اس قدر اسر لے چکا ہو کہ وہ خد سانچہ بن کر دوسروں کو سماج مغزا بنا رہا ہو۔

ہم سرپھرا اس شخص کو کہتے ہیں جسے سمجھ کی بات نہ تو سو جھتی ہو اور نہ پسند آتی ہو۔ دل پھرا وہ شخص ہے جسے پریم اور عشق میں ڈھنگ کی بات نہ آتی ہو۔

وہ شخص جو مختلف تحریکوں میں ایک کے بعد ایک خوشی خوشی شریک ہوتا اور انہماک سے کام کرتا اور قربانیاں کرتا ہو مگر چند دنوں کے بعد کسی اور تحریک یا مشغلے میں اسی سرگرمی سے حصہ لیتا ہو یا بار مرتبا دو دو، تین تین تحریکوں یا مشغلوں سے ان کے برعکس مقصدوں کے باوجود یکساں دلچسپی رکھتا ہو اسے ہم خد پھینک کہہ سکتے ہیں۔ یہ لفظ اچھے مانوں میں بھی استعمال ہو سکتا ہے—یانی وہ شخص جو تن اور دھن کی قربانیاں کر چکا ہو اور اب اپنی حسرتوں، ارمانوں اور خشیوں کو بھینٹ چڑھا رہا ہو۔

Entomology	कीड़ विद्या	**Entomology**	کیڑ ودیا
Flying Bomb	उड़न बम	**Flying Bomb**	اڑن بم
Freezing Point	जमाव नुक़ता	**Freezing Point**	جماؤ نقطہ
Glacier	बरफ़ नदी	**Glacier**	برف ندی
Half hearted	अध दिला	**Half hearted**	ادھدلا
Half heartedness	अधदिलापन	**Half heartedness**	ادھ دلاپن
Inferiority Complex	छुट वहम	**Inferiority Complex**	چھٹ وہم
Initiative	पहलकारी	**Initiative**	پہل کاری
Irredeemable	अन चुकाउ	**Irredeemable**	ان چکاؤ
Isthmus	ज़मीन जोड़	**Isthmus**	زمین جوڑ
Kakistocrocy	गुन्डे राज, गुन्डा राज	**Kakistocracy**	غنڈے راج' غنڈا راج
Love play	मुहब्बती खेल	**Love play**	محبتی کھیل
Machine Age	मशीन जुग	**Machine Age**	مشین جگ
Melting Point	पिघलाव नुक़ता	**Melting point**	پگھلاؤ نقطہ
Merry Widow	सुहागन बेवा	**Merry widow**	سہاگن بیوہ
Mortgage Tax	रहन टैक्स, गिरवी टैक्स	**Mortgage Tax**	رہن ٹیکس' گروی ٹیکس
Necrology	मौत विद्या	**Necrology**	موت ودیا
Negligee	खिलवती पहनाव	**Negligee**	خلوتی پہناؤ
Old Age pension	बुढ़ापा पेन्शन	**Old Age pension**	بڑھاپا پینشن
Painting	चित्रकारी	**Painting**	چترکاری
Pan-movements	कुलछाव तहरीकें	**Pan-movements**	کل چھاؤ تحریکیں
People's Party	जनता पार्टी	**People's Party**	جنتا پارٹی
Poison Gas	बिस गैस	**Poison Gas**	بس گیس
Politics	राजकाज	**Politics**	راج کاج
Search Warrant	खोज वारन्ट, तलाश वारन्ट	**Search warrant**	کھوج وارنٹ' تلاش وارنٹ
Season Ticket	म्यादी टिकट	**Season Ticket**	میعادی ٹکٹ
Seasonal Occupations	मौसमी धन्दे	**Seasonal occupations**	موسمی دھندے
Sex appeal	जिन्सी अपील	**Sex Appeal**	جنسی اپیل
Sex hunger	जिन्सी भूक	**Sex Hunger**	جنسی بھوک
Social work	समाजकाज	**Social work**	سماج کاج
Social worker	समाजकाजी	**Social worker**	سماج کاجی
Superiority complex	बड़ वहम	**Superiority Complex**	بڑوہم
Therapeutics	सिह्हत विद्या	**Therapeutics**	صحت ودیا
Time signal	वक़्त सिगनल	**Time Signal**	وقت سگنل
Token cut	नमूनी काट	**Token Cut**	نمونی کاٹ
Token pole	टुटमी खम्बा	**Token pole**	ٹوٹمی کھمبا

गुरु बख्श, खुशहाल चन्द, कबीर दास, इक़बाल चन्द, हरलाल, भीकन साहब, आफ़ताब राये, सरदार पटेल, यिषलाल, ख्वाजापरशाद, ऊषा इस्माईल, खूब चन्द, त सिंह.

इसी आधार पर चन्द नये नाम सुझाये जा सकते हैं, राम बख्श, किशन बख्श, सुख बख्श, प्रेम बख्श, दार खां, सुन्दर अली बेग, हिम्मत सिंह, देव बख्श, ो सावन्त, जमधर अली, दिल आसिया, दिल । हुसेन.

जिस तरह हमारे बुज़ुर्गों ने और पिछली पीढ़ियों ने ों, हज़ारों जुड़वां शब्द और मिलवां इस्तलाहें बनाईं उसी तरह हम भी नए नए जुड़वां और मिलवां शब्द । कर अपनी ज़बान को मालामाल कर सकते हैं जैसे—

lenology	रादूद विद्या
erolites	आसमानी पत्थर
ntidote	ज़हर तोड़
ntirational	अक़ल तोड़
scending Order	चढ़ती तरतीब
enevolent Despotism	दयालु ख़ुदराज, कृपालु ख़ुदराज
oiling Point	उबलाव नुक़ता
omber	बमबार
ardiology	दिल विद्या
asting vote	जिताउ वोट
omet	जोत तारा
ontemporary	हम समय, हम वक़्त
ontraception	हमल रोक
onvertible	बदलाउ
ost Price	लागती क़ीमत
ounter Attraction	तोड़ कशिश
ounter Charge	तोड़ इलज़ाम
Counter Propaganda	तोड़ प्रोपेगेन्डा
Counter Revolution	तोड़ इन्क़लाब
Co-worker	काम संघी
Credit Price	उधार क़ीमत
Current Price	चालू क़ीमत
Demand Price	मांग क़ीमत
Descending Order	उतरती तरतीब
Desperate	यास निडर

جیسے گرو بخش، خوشحال چند، کبیرداس، اقبال چند، جواهرلال، بهیکن صاحب، آفتاب رائے، سردار پٹیل، متھائیب لال، خاجہ پرشاد، اوشااسمائیل، خوب چند، عزت سنگھ ۔

اسی آدھار پر چند نئے نام سجھائے جاسکتے ھیں، جیسے رام بخش، کشن بخش، سکھبخش، پریم بخش، سکھ دارخاں، سندر علی بیگ، همت سنگھ، دیو بخش، علی ساونت، جمدھر علی، دل آسیا، دلراج حسین ۔

جس ترہ همارے بزرگوں نے اور پچھلی پیڑھیوں نے سیکڑوں، هزاروں جڑواں شبد اور ملواں اسطلاحیں بنائی ھیں، اسی ترہ هم بھی نئے نئے جڑواں اور ملواں شبد بناکر اپنی زبان کو مالا مال کرسکتے ھیں جیسے—

Adenology	غدود ودیا
Aerolites	آسمانی پتھر
Antidote	زهر توڑ
Antirational	عقل توڑ
Ascending Order	چڑھتی ترتیب
Benevolent Despotism	دیالو خدراج، کرپالو خدراج
Boiling Point	ابلاؤ نقطہ
Bomber	بمبار
Cardiology	دل ودیا
Casting vote	جتاؤ ووٹ
Comet	جوت تارا
Contemporary	هم سمے هم وقت
Contraception	حمل روک
Convertible	بدلاؤ
Cost Price	لگتی قیمت
Counter-Attraction	توڑ کشش
Counter Charge	توڑ الزام
Counter Propaganda	توڑ پروپگنڈا
Counter Revolution	توڑ انقلاب
Co-worker	کام سنگھی
Credit Price	ادھار قیمت
Current Price	چالو قیمت
Demand Price	مانگ قیمت
Descending Order	اترتی ترتیب
Desperate	یاس نڈر

करे उसको पुलिस नहीं पकड़ सकती, हिन्दुस्तानी अदालत उसे अपने सामने नहीं बुला सकती और इस तरह विश्वास के मामले में वह दो एक क़दम आप से आगे ही बढ़े हैं. यह बात तो बड़ी अच्छी है पर इसकी जड़ में मोह जो बैठा है जो बे मतलब दोनों की जान ख़तरे में डालेगा. इसीलिये तो हम यह सलाह दे रहे हैं कि अमरीकी हम को हमारी हालत पर छोड़ दें. हम इतने कमज़ोर हरगिज़ नहीं हैं कि बग़ैर अंगुली पकड़े चल ही न सकें.

बापू, आप हमारी बात समझ गए होंगे. तभी तो आप चुप हैं. अच्छा आज आप न मुस्काइये, न बोलिये, फिर कभी सही.

—भगवानदीन

ے اس کو پولیس نہیں پکڑ سکتی . ہندستانی
الت اسے اپنے سامنے نہیں بلا سکتی اور اس طرح وشواس
ے معاملہ میں وہ دو ایک قدم آپ سے آگے ہی بڑھے ہیں .
؛ بات تو بڑی اچھی ہے پر اس کی جڑ میں موہ جو
بیٹھا ہے جو بے مطلب دونوں کی جان خطرے میں ڈالے
. اسی لئے ہم یہ صلاح دے رہے ہیں کہ امریکی ہم کو
ہماری حالت پر چھوڑ دیں . ہم اتنے کمزور ہرگز نہیں
ں کہ بغیر انگلی پکڑے چل ہی نہ سکیں .

باپو، آپ ہماری بات سمجھ گئے ہونگے . تبھی تو آپ
چپ ہیں . اچھا آج آپ نہ مسکائیے، نہ بولئے، پھر کبھی
سہی .

—بھگوان دین

हिन्दुस्तानी शब्दियात का दूसरा उसूल मिलवां लफ़्ज़

(डाक्टर जाफ़र हसन)

लफ़्ज़ और जुज़ लफ़्ज़ के जोड़ से नये शब्द बनाने के अलावा हिन्दी और उर्दू की मुश्तरिक पूंजी बढ़ाने और हिन्दुस्तानी को तरक़्क़ी देने का दूसरा उसूल यह है कि मिलवां लफ़्ज़ बनाए जायें जिनमें से एक संस्कृती या हिन्दी हो और दूसरा फ़ारसी, अरबी या उर्दू, या नहीं तो एक हिन्दी हो तो दूसरा अंगरेजी. ग़रज़ हिन्दुस्तानी के जो तीन अहम सर चश्मे हैं, याने—

(i) संस्कृत और हिन्दी

(ii) फ़ारसी और अरबी

(iii) अंगरेजी

इन ही के किसी दो मुख़्तलिफ़ सर चश्मों से सम्बन्ध रखने वाली ज़बानों के दो लफ़्ज़ लेकर हिन्दुस्तानी का एक मिलवां शब्द या इस्तलाह बनाई जाये जिस तरह आरसी मसहफ़, शादी ब्याह, आग बोट, निकाही ब्याही, हुसेन सागर, जगत उस्ताद, रेल गाड़ी, तार आफ़िस, तार घर, टुकर गदा, गुलाब जामुन, घर दामाद, उमर पट्टा, मोती मस्जिद, मोती महल, पैसा अख़बार.

इसी सुनहरे उसूल के अनुसार हमारे देस के बहुत से समझदार लोगों ने अपने चहेतों के मिलवां नाम रखे हैं,

ہندستانی شبدیات کا دوسرا اسول: ملواں لفز

(ڈاکٹر جافر حسن)

لفز اور جزلفز کے جوڑ سے نئے شبد بنانے کے الاوا ہندی
ور اردو کی مشترک پونجی بڑھانے اور ہندستانی کو
رقی دینے کا دوسرا اسول یہ ہے کہ ملواں لفز بنائے جائیں
جن میں سے ایک سنسکرتی یا ہندی ہو اور دوسرا فارسی،
ربی یا اردو، یا نہیں تو ایک ہندی ہو تو دوسرا انگریزی.
رز ہندستانی کے جو تین اہم سرچشمے ہیں، یانے—

(i) سنسکرت اور ہندی

(ii) فارسی اور اربی

(iii) انگریزی

ان ہی کے کسی دو مختلف سرچشموں سے سمبندھ
رکھنے والی زبانوں کے دو لفز لے کر ہندستانی کا ایک ملواں
شبد یا اسطلاح بنائی جائے جس طرح آرسی مصحف،
شادی بیاہ، آگ بوٹ، نکاحی بیاہی، حسین ساگر، جگت
کشمیر کی سرکار اور وہاں کے نیتا اپنا الگ ودھان بنانا چاہتے ہیں' وہ اپنا دوسرا ہی جھنڈا رکھنا چاہتے ہیں' راج پرمکھ کو ہٹاکر چنا ہوا پریسیڈنٹ یا راج پال رکھنا چاہتے ہیں' بنا معاوضے کے زمینداری کا خاتمہ کرتے ہیں' ہر شہری کے بنیادی ادھیکاروں میں بھی ادل بدل کرنا چاہتے ہیں' لوگوں پر مالی یا آرتھک روک تھام لگاتے ہیں وغیرہ . ایک معمولی آدمی کو یہ سب باتیں ایسی معلوم ہوتی ہیں جیسے ایک نئے پاکستان کی مانگ ہو رہی ہو . یہ ڈر اِس لئے بھی اور پکا ہونے لگتا ہے کیونکہ کشمیر میں مسلمانوں کی گنتی ادھک ہے اور وہاں کے نیتا بھی ادھک تر مسلمان ہیں . سچ یہ ہے کہ ہمارے اندر کی چھپی دبی سامپردائک اور کچی راشٹری بھاونا اِس طرح سے ظاہر ہوتی ہے .

اِس لئے پہلی ضرورت یہ ہے کہ کشمیر سرکار' وہاں کے راشٹری آندولن اور کشمیری نیتاؤں کے بارے میں ہماری سمجھ صاف ہو جائے .

یہ سچ ہے کہ کشمیر کے نیتاؤں نے سب سے پہلے ڈوگرا شاہی کے خلاف وہاں کے مسلمانوں کا سنگھٹن کیا تھا . یہ سوابھاوک تھا . کیونکہ کشمیر دیش کے سو پیچھے لگ بھگ نوے نواسی مسلمان ہیں اور وہ بے حد غریب ہیں . دیش کا راجہ ہندو تھا' اس کے افسر' نوکر چاکر' پولیس اور فوج سب ہندو تھے . زمیندار اور ساہوکار اور زیادہ تر بیوپاری بھی ہندو تھے . مسلمان مزدور تھے یا کھیتی باڑی کرتے تھے . ان میں پڑھے لکھے نہیں کے برابر تھے . اور اگر کبھی مسلمان افسروں کی ضرورت بھی پڑی تو راجہ پنجابی مسلمانوں کو بلاکر نوکر رکھ لیتا تھا . ایسی حالت میں ہندوؤں کا راجہ کے ساتھ رہنا اور مسلمانوں کا اِس اتیاچار کے خلاف آواز اُٹھانا قدرتی اور ٹھیک ہی تھا .

मरतबा ही नहाते हैं. कुछ औरतें इतनी बेशरम हो गई हैं कि दूसरे तीसरे महीने नहाए बिना रह नहीं सकतीं ! सुनता हूँ कि यू. पी. के आदर्श देश में बहुत से घरानों में अब भी अगर बहू सास से परदा न करे तो बेशरम कहलाए. वहां अब भी शरम के अजीब अजीब ज़ेवर पाये जाते हैं. लेकिन साथ ही यह भी सुनता हूँ कि यू. पी. में यह ज़ेवर घिस घिस कर कुछ तो टूट गए हैं और कुछ हलके पड़ते जाते हैं. मालूम होता है कि वहां भी औरतों ने बेशरमी पर कमर बांध रखी है.

हाल ही में हमने हालसिंकी ओलम्पिक में कुछ नौजवान अपना अपना खेल, हुनर दिखाने के लिये भेजे. उनमें कम से कम दो हिन्दुस्तानी लड़कियां भी थीं जिनकी तस्वीरें स्वीमिंग ड्रेस (तैरने की पोशाक) में कुछ अख़बारों में छपी थीं. यह स्वीमिंग ड्रेस क्या. एक बुना हुआ मिला जुला छोटा सा जांगिया और मुख़तसर बनियाइन होता है. टांगें और बाहें तो नंगी रहती ही हैं, छाती भी आधी नंगी और जो बदन का हिस्सा ढका भी रहता है उसका भी सब उतराव चढ़ाव दिखाई देता है. इन लड़कियों को तैरने में कमाल था इसलिये उसका ही मैच करने गई थीं. ज़ाहिर में इनका बदन कसरती होने की वजह से कुछ कम ख़ूबसूरत नहीं. हिन्दुस्तान भर में कहीं भी किसी ने उन्हें बेशर्म नहीं कहा.

जो कुछ मैं लिख आया हूँ उससे एक बात तो साबित होती है कि बेशर्मी का जो आदर्श पचास साल पहले हिन्दुस्तान में आम था वह आज नहीं. कौन कह सकता है कि जो आज आम लोगों का आदर्श है पचास साल के बाद वह क़ायम रहेगा. इसलिये किसी को बेशर्म कहना सिर्फ़ इस वजह से कि उसका आदर्श मेरे आदर्श से मुख़्तलिफ़ है कुछ बहुत अक़लमन्दी नहीं मालूम होती. मुमकिन है कि दूसरा ही दुरुस्त साबित हो. हमारी दुनिया इस तेज़ी से बदल रही है कि किसी को बुरा कहना शायद दुरुस्त हो पर किसी को बेशर्म कहना ठीक नहीं लगता.

مرتبہ ہی نہاتے ہیں ۔ کچھ عورتیں اتنی بے شرم ہوگئی ہیں کہ دوسرے تیسرے مہینے نہائے بنا رہ نہیں سکتیں ! سنتا ہوں کہ یو ۔ پی ۔ کے آدرش دیش میں بہت سے گھرانوں میں اب بھی اگر بہو ساس سے پردہ نہ کرے تو بے شرم کہلائے ۔ وہاں اب بھی شرم کے عجیب عجیب زیور پائے جاتے ہیں ۔ لیکن ساتھ ہی یہ بھی سنتا ہوں کہ یو ۔ پی ۔ میں یہ زیور گھس گھس کر کچھ تو ٹوٹ گئے ہیں اور کچھ ہلکے پڑتے جاتے ہیں ۔ معلوم ہوتا ہے کہ وہاں بھی عورتوں نے بے شرمی پر کمر باندھ رکھی ہے ۔

حال ہی میں ہم نے ہالسنکی اولمپک میں کچھ نوجوان اپنا اپنا کھیل، ہنر دکھانے کے لئے بھیجے ۔ ان میں کم سے کم دو ہندستانی لڑکیاں بھی تھیں جن کی تصویریں سومنگ ڈرس (تیرنے کی پوشاک) میں کچھ اخباروں میں چھپی تھیں ۔ یہ سومنگ ڈرس کیا ۔ ایک بنا ہوا ملا جلا چھوٹا سا جانگیا اور مختصر بنیائن ہوتا ہے ۔ ٹانگیں اور باہیں تو ننگی رہتی ہی ہیں، چھاتی بھی آدھی ننگی اور جو بدن کا حصہ ڈھکا بھی رہتا ہے اس کا بھی سب اتراؤ چڑھاؤ دکھائی دیتا ہے ۔ ان لڑکیوں کو تیرنے میں کمال تھا اس لئے اس کا ہی میچ کرنے گئی تھیں ۔ ظاہر میں ان کا بدن کسرتی ہونے کی وجہ سے کچھ کم خوبصورت نہیں ۔ ہندستان بھر میں کہیں بھی کسی نے انہیں بے شرم نہیں کہا ۔

جو کچھ میں لکھ آیا ہوں اس سے ایک بات تو ثابت ہوتی ہے کہ بےشرمی کا جو آدرش پچاس سال پہلے ہندستان میں عام تھا وہ آج نہیں ۔ کون کہہ سکتا ہے کہ جو آج عام لوگوں کا آدرش ہے پچاس سال کے بعد وہ قائم رہے گا ۔ اس لئے کسی کو بے شرم کہنا صرف اس وجہ سے کہ اس کا آدرش میرے آدرش سے مختلف ہے کچھ بہت عقلمندی نہیں معلوم ہوتی ۔ ممکن ہے کہ دوسرا ہی درست ثابت ہو ۔ ہماری دنیا اس تیزی سے بدل رہی ہے کہ کسی کو برا کہنا شاید درست ہو پر کسی کو بے شرم کہنا ٹھیک نہیں لگتا ۔

मी एक हरती फिरती छांव है जिसकी असलियत कोई . चूंकि मेरे जीवन का तजुरबा यही सबक़ सिखाता है . लिये जरूरी है कि मैं अपने जीवन के कुछ हालात पर ानी डालूं. मैं लाहौर शहर का रहने वाला हूँ. लाहौर कभी न का मरकज़ समझा जाता था. इस सदी के शुरू में 1900 में (लेखक की उम्र इस समय अस्सी से एक कम है—एडीटर) मेरा एक पुराना जमाती कुछ मेरी ाह लेने आया. उसके मुहल्ले में मेरे एक दोस्त का घर जो उन दिनों तालीम की ग़रज़ से वलायत गया हुआ था. बातों बातों में अपने दोस्त के घर का हाल पूछा. कहने —"कुछ न पूछो. वहां तो कनजर खाना है कनजर ना." दिल पर चोट तो जरूर लगी लेकिन हौसला कर पूछ ही लिया "कुछ बात भी बताओ." कहने लगा स घर की औरतें रोज़ धोबी का धुला हुआ कपड़ा नती हैं. ससुर से परदा नहीं करतीं और बातें भी करती और रोज़ चाय पोती हैं चाय. हद हो गई बेशरमी की." सुन कर मेरी तो हिम्मत न पड़ी कि मैं उससे कह दूँ यह तीनों खराबियां मेरी बीबी भी मेरे कहने से करती चुप रहना ही मुनासिब समझा. लेकिन मेरा ही दिल नता है कि इन बेशरमी की बातों की वजह से हमें क्या . नहीं सुनना पड़ा. वह वह फबतियां सुनीं और गालियां कि रहे नाम साईं का. हमारे बूढ़े बाप का नाम भी चड़ में लुथेड़ा गया. अब आज पचास बरस के बाद मेरे घराने का हाल सुन लो. परदा तो रहा चूल्हे में बहुएं नंगे खुले बाल मेरे सामने इस तरह फिरती हैं मानो बूढ़ा में है ही नहीं. और पोत बहुएं तो लड़कियों और बच्चियों तरह पांव पड़ने के बजाय बूढ़े के गले मिलती हैं. मुमकिन के उस पवित्र देश में जहां गंगा जमुना मिलती हैं इसे बुरा समझा जाए. लेकिन अपना दिल साफ़ है इसलिये परवाह नहीं. एक तरह से देखा जाए जिनके अपने में पाप होता है या जिन्हें अपने मन के बिगड़ने का रहता है वही अपनी कमज़ोरी दूसरों पर थोप कर उन्हें म कहते हैं.

एक और मेरी आंखों देखी बात सुन लो हमारे देश स पचास मील लम्बे हिस्से में जहां चन्द्रा और भागा कर अपना सफ़र करती हैं 1925 तक किसी त के लिये मुंह धोना भी बड़ी बेशरमी की बात समझी ी थी. नतीजा यह कि उस पचास मील में हर औरत नी मालूम होती थी. काले काले चपटे चेहरों पर सुर्खी दी की झुर्रियां. 1925 में सरकार ने वहां स्कूल खोल दिया. 31 में मैं वहां से निकला तो कुछ लड़कियों को स्कूल ढ़ते देखा और हर बच्ची का चेहरा गोरा चिट्टा जैसा कों का. 1939 में वहां गया तो हर औरत मर्दों जैसी ी चिट्टी. सुना था कि वहां मर्द तो साल में एक दो

شرم بھی ایک ھرتی پھرتی چھاؤں ہے جس کی اصلیت کوئی نہیں۔ چونکہ میرے جیون کا تجربہ یہی سبق سکھاتا ہے اس لئے ضروری ہے کہ میں اپنے جیون کے کچھ حالات پر روشنی ڈالوں . میں لاہور شہر کا رہنے والا ہوں . لاہور کبھی فیشن کا مرکز سمجھا جاتا تھا . اِس صدی کے شروع میں سن 1900 میں (لیکھک کی عمر اِس سے اسی سے ایک دو کم ہے—ایڈیٹر) میرا ایک پرانا جماعتی کچھ میری صلاح لینے آیا . اس کے محلے میں میرے ایک دوست کا گھر تھا جو اُن دنوں تعلیم کی غرض سے ولایت گیا ہوا تھا . میں نے باتوں باتوں میں اپنے دوست کے گھر کا حال پوچھا. کہنے لگا—"کچھ نہ پوچھو . وھاں تو کنجر خانہ ہے کنجرخانہ." دل پر چوٹ تو ضرور لگی لیکن حوصلہ کرکے پوچھ ہی لیا " کچھ بات بھی بتاؤ . " کہنے لگا " اس گھر کی عورتیں روز دھوبی کا دھلا ہوا کپڑا پہنتی ہیں . سسر سے پردہ نہیں کرتیں اور باتیں بھی کرتی ہیں اور روز چائے پیتی ہیں چائے . حد ہوگئی بے شرمی کی ." یہ سن کر میری تو ہمت نہ پڑی کہ میں اس سے کہہ دوں کہ یہ تینوں خرابیاں میری بیوی بھی میرے کہنے سے کرتی ہے . چپ رہنا ہی مناسب سمجھا . لیکن میرا ہی دل جانتا ہے کہ اِن بے شرمی کی باتوں کی وجہ سے ہمیں کیا کیا نہیں سننا پڑا . وہ وہ پھبتیاں سنیں اور گالیاں کھائیں کہ رہے نام سائیں کا۔ ہمارے بوڑھے باپ کا نام بھی کیچڑ میں لتھیڑا گیا . اب آج پچاس برس کے بعد میرے ہی گھرانے کا حال سن لو . پردہ تو رہا چولھے میں بہوئیں ننگے سر کھلے بال میرے سامنے اِس طرح پھرتی ہیں مانو بوڑھا گھر میں ہے ہی نہیں۔ اور پوت بہوئیں تو لڑکیوں اور بچیوں کی طرح پاؤں پڑنے کی بجائے بوڑھے کے گلے ملتی ہیں . ممکن ہے کہ اُس پوتر دیش میں جہاں گنگا جمنا ملتی ہیں اِسے بھی برا سمجھا جائے . لیکن اپنا دل صاف ہے اس لئے کچھ پرواہ نہیں۔ ایک طرح سے دیکھا جائے جن کے اپنے دل میں پاپ ہوتا ہے یا جنہیں اپنے من کے بگڑنے کا ڈر رہتا ہے وہی اپنی کمزوری دوسروں پر تھوپ کر انہیں بےشرم کہتے ہیں۔

ایک اور میری آنکھوں دیکھی بات سن لو . ہمارے دیش کے اُس پچاس میل لمبے حصے میں جہاں چندرا اور بھاگا مل کر اپنا سفر شروع کرتی ہیں 1925 تک کسی عورت کے لئے منہ دھونا بھی بڑی بے شرمی کی بات سمجھی جاتی تھی . نتیجہ یہ کہ اُس پچاس میل ہر عورت بھتنی معلوم ہوتی تھی . کالے کالے چپٹے چہروں پر سرخی سفیدی کی جھریاں . 1925 میں سرکار نے وہاں اسکول کھول دیا . 1931 میں میں وہاں سے نکلا تو کچھ لڑکیوں کو اسکول میں پڑھتے دیکھا اور ہر بچی کا چہرا گورا چٹا جیسا لڑکوں کا۔ 1939 میں وہاں گیا تو ہر عورت مردوں جیسی گوری چٹی۔ سنا تھا کہ وہاں مرد تو سال میں ایک دو

यह तो साफ़ है कि क़ुदरत ने या ईश्वर ने दुनिया में सुन्दरता के साथ सुन्दरता का अहसास या उसकी समझ भी पैदा की. विकास के जानकारों का तो यह ख़्याल है कि दुनिया में सुन्दरता न होती अगर उसका अहसास न होता और सुन्दरता फैलाने और बढ़ाने के लिये सुन्दर के दिल में अपनी सुन्दरता दिखाने की उमंग पैदा न की गई होती. चुनांचे उनकी राय में यह नुमाइश या प्रदर्शन का माद्दा ईश्वर की एक देन है और ऐसी जो उसने अपनी सारी रचना के लिये लाज़मी ठहरा दी. केवल आदमी के लिये नहीं जानवरों और फूल पत्तों तक के लिये. कुछ ज्ञानी तो ऐसे भी हो सकते हैं जो इस ईश्वरी देन को रोकना या दबाना पाप समझते हों. लेकिन कुछ विद्वान यह समझते हैं कि हमें अपनी सभ्यता या समाजिक ज़िन्दगी को बनाए रखने के लिये इस देन को रोकना चाहिये. इसलिये इसके रोकने को उन्होंने एक समाजी ख़ूबी या गुन बना लिया है. कुछ लिखने वाले तो यहां तक लिख गए हैं कि शर्म का जन्म उस ज़माने में हुआ जब मर्द जिस्मानी शक्ति की वजह से नहीं बल्कि अपनी बुज़ुर्गी या धन दौलत की वजह से औरों पर राज करने लगा और अपनी शक्ति से ज़ियादा औरतें रखने लगा.

ऐसी हालत में मजबूर हो कर उसे अपनी जवान बीवियों को क़ाबू में रखने के लिये यह ज़ेवर कहो, ज़ंजीर कहो या पिंजड़ा कहो बनाना पड़ा और उसका नाम रखा 'शर्म' और झूट मूट उसे ईश्वरी आज्ञा का दरजा दिया ताकि नरक के डर से उसकी बीवियां और रखेल उसकी क़ैद से निकलने का इरादा न करें.

असल सवाल यह है कि सुन्दरता ऐब है या गुन क्योंकि किसी आदमी को अपना गुन या जौहर दिखाने में शर्म नहीं आती. शर्म आती है ऐब के खुलने से. भड़ के काटने से अगर चेहरा सूज जाए तो मर्द भी बाहर निकलने से हिचकिचाता है और अगर किसी ज़रूरी काम से निकलना ही पड़े तो रूमाल से उसे छिपाने की कोशिश करता है. इसे भी शर्म कहते हैं लेकिन इसे ज़ेवर कोई नहीं कहता. गाने वाला गा कर, चित्रकार तसवीर बना कर, शायर कविता कह कर, लिखने वाला लेख लिख कर अपनी अपनी लियाक़त (सुन्दरता) दिखाता है. किसी को शर्म नहीं आती. जो लोग झूट बोलते हैं, चोरी करते हैं और उसमें अपनी लियाक़त समझते हैं चोरी करने, झूट बोलने में उन्हें शर्म नहीं आती. पकड़े जाने में आती है. रात के वक़्त बिला लम्प बाइसिकिल की सवारी क़ानूनन मना है. इस क़ानून को तोड़ने में किसी को शर्म नहीं आती. हां, पकड़े जाने में ज़रूर झेंप है. इस क़िस्म की शर्म भी कभी ज़ेवर न कहलाई.

मालूम होता है कि शर्म एक समाजिक बन्धन है और चूंकि समाज की हालत और उसके नियम बदलते रहते हैं,

یہ تو صاف ہے کہ قدرت نے یا ایشور نے دنیا میں سندرتا کے ساتھ سندرتا کا احساس یا اس کی سمجھ بھی پیدا کی۔ وکاس کے جانکاروں کا تو یہ خیال ہے کہ دنیا میں سندرتا نہ ہوتی اگر اس کا احساس نہ ہوتا اور سندرتا پھیلانے اور بڑھانے کے لئے سندر کے دل میں اپنی سندرتا دکھانے کی امنگ پیدا نہ کی گئی ہوتی۔ چنانچہ ان کی رائے میں یہ نمائش یا پردرشن کا مادہ ایشور کی ایک دین ہے اور ایسی جو اس نے اپنی ساری رچنا کے لئے لازمی ٹھہرا دی۔ کیول آدمی کے لئے نہیں جانوروں اور پھول پتوں تک کے لئے۔ کچھ گیانی تو ایسے بھی ہوسکتے ہیں جو اس ایشوری دین کو روکنا یا دبانا پاپ سمجھتے ہوں۔ لیکن کچھ ودوان یہ سمجھتے ہیں کہ ہمیں اپنی سبھیتا یا سماجک زندگی کو بنائے رکھنے کے لئے اس دین کو روکنا چاہئے۔ اس لئے اس کے روکنے کو انہوں نے ایک سماجی خوبی یا گن بنا لیا ہے۔ کچھ لکھنے والے تو یہاں تک لکھ گئے ہیں کہ شرم کا جنم اس زمانہ میں ہوا جب مرد جسمانی شکتی کی وجہ سے نہیں بلکہ اپنی بزرگی یا دھن دولت کی وجہ سے اوروں پر راج کرنے لگا اور اپنی شکتی سے زیادہ عورتیں رکھنے لگا۔

ایسی حالت میں مجبور ہوکر اسے اپنی جوان بیویوں کو قابو میں رکھنے کے لئے یہ زیور کہو' زنجیر کہو یا پنجرا— کہو بنانا پڑا اور اس کا نام رکھا 'شرم' اور جھوٹ موٹ اسے ایشوری آگیا کا درجہ دیا تاکہ نرک کے ڈر سے اس کی بیویاں اور رکھیل اس کی قید سے نکلنے کا ارادہ نہ کریں۔

اصل سوال یہ ہے کہ سندرتا عیب ہے یا گن کیونکہ کسی آدمی کو اپنا گن یا جوہر دکھانے میں شرم نہیں آتی۔ شرم آتی ہے عیب کے کھلنے سے۔ بھڑ کے کاٹنے سے اگر چہرا سوج جائے تو مرد بھی باہر نکلنے سے ہچکچاتا ہے اور اگر کسی ضروری کام سے نکلنا ہی پڑے تو رومال سے اسے چھپانے کی کوشش کرتا ہے۔ اسے بھی شرم کہتے ہیں لیکن اسے زیور کوئی نہیں کہتا۔ گانے والا گا کر چترکار تصویر بنا کر' شاعر کویتا کہہ کر' لکھنے والا لیکھ لکھ کر اپنی اپنی لیاقت (سندرتا) دکھاتا ہے۔ کسی کو شرم نہیں آتی۔ جو لوگ جھوٹ بولتے ہیں' چوری کرتے ہیں اور اس میں اپنی لیاقت سمجھتے ہیں چوری کرنے' جھوٹ بولنے میں انہیں شرم نہیں آتی۔ پکڑے جانے میں آتی ہے۔ رات کے وقت بلا لیمپ بائیسکل کی سواری قانوناً منع ہے۔ اس قانون کو توڑنے میں کسی کو شرم نہیں آتی۔ ہاں' پکڑے جانے میں ضرور جھینپ ہے۔ اس قسم کی شرم بھی کبھی زیور نہ کہلائی۔

معلوم ہوتا ہے کہ شرم ایک سماجک بندھن ہے اور چونکہ سماج کی حالت اور اس کے نیم بدلتے رہتے ہیں'

गुलशने राज़ में लिखा है—"हर वक़्त लिबास बदलते रहने से लिबास बदलने वाला नहीं बदलता. यह लिबास ही हस्ती-ए-कुल यानी विश्वात्मा से हमें थोड़ी देर के लिये जुदाई के धोखे में डाल देता है. यह लिबास यानी यह जिस्म ही 'हक़' (ईश्वर) और 'बन्दे' (जीव) का फ़रक़ पैदा करता है."

گلشن راز میں لکھا ھے—" ہر وقت لباس بدلتے رھنے سے لباس بدلنے والا نہیں بدلتا . یہ لباس ہی اس ھستئی کل یعنی وشوآتما سے ھمیں تھوڑی دیر کے لئے جدائی کے دھوکے میں ڈال دیتا ھے . یہ لباس یعنی یہ جسم ہی 'حق' (ایشور) اور ' بندے ' (جیو) کا فرق پیدا کرتا ھے."

शर्म औरत का ज़ेवर है या ज़ंजीर

(मदन गोपाल)

जून के 'नया हिन्द' में एडीटर साहब ने इस सवाल को फब्ती कस कर उड़ा दिया मानो इस में शक की गुन्जाइश नहीं. आइये इस सवाल पर ज़रा गौर करें. विकास (इवोल्यूशन) अब निरा ख्याल नहीं रहा. अब यह एक तेहासी घटना या साइन्सी असूल माना जाता है. किसी चीज़ को परखने के लिये उसकी जड़ कुरेदी जाती है. आज कल इस बात से कोई पढ़ा लिखा इन्कार नहीं कर सकता कि आदमी पशु की औलाद है. आज तक नहीं सुना कि कोई जानवर शर्माता है. मोर पर फैला कर नाचता है, अपने परों का रंग बिरंगी हुस्न दिखा कर औरों को रिझाता है. उसे शर्म नहीं आती. हिन्दू दुनिया के शुरू में शिव जी महाराज नाच कर अपना रंग रूप दिखाते थे, किसी ने उन्हें बेशर्म नहीं कहा. जमुना के किनारे किशन जी महाराज बनसी बजा कर नित नया नृत्य करके गोपियों का दिल लुभाते थे, कहीं नहीं पढ़ा कि वह बेशर्म थे. अगर यह मान भी लिया जाय कि यह क़िस्से कहानियां हैं तो इनके बनाने वाले बुज़ुर्गों को कभी यह नहीं सूझा कि वह बेशर्मी की बात लिख रहे हैं. आज कल भी कोई मर्द मूछों पर ताव दे कर या दाढ़ी मूछ मुंडा बछड़ों में जा मिले और सीना उभार कर औरतों में फिरे तो उसे चाहे कोई बुरा कह ले बेशर्म नहीं कहता. यह भी कभी नहीं सुना कि शर्म किसी मर्द का ज़ेवर है या था. बतौर ज़ेवर तो यह औरतों की ही क़िस्मत में लिखा मालूम होता है.

जहां तक हम जानते हैं शर्म सिवाय इन्सान के और किसी जानवर को नहीं आती. पछतावा, अफ़सोस वग़ैरा शायद और जानवरों को भी आते हों, शर्म नहीं. इसलिये सच्चाई या असलियत जानने के लिये यह मालूम करना ज़रूरी है कि इन्सान में यह गुन या ख़राबी कब और कैसे पैदा हुई.

شرم عورت کا زیور ھے یا زنجیر

(مدن گوپال)

جون کے 'نیا ھند' میں ایڈیٹر صاحب نے اس سوال کو ایک پھبتی کس کر اُڑا دیا مانو اِس میں شک کی گنجائش ہی نہیں . آئیے اس سوال پر ذرا غور کریں . وکاس (ایولیوشن) اب نرا خیال نہیں رہا . اب یہ ایک اتہاسی گھٹنا یا سائنسی اصول مانا جاتا ھے . کسی چیز کو پرکھنے کے لئے اس کی جڑ کریدی جاتی ھے . آج کل اس بات سے تو کوئی پڑھا لکھا انکار نہیں کرسکتا کہ آدمی پشو کی اولاد ھے . آج تک نہیں سنا کہ کوئی جانور شرماتا ھے . مور پر پھیلا کر ناچتا ھے' اپنے پروں کا رنگ برنگی حسن دکھا کر اوروں کو رجھاتا ھے . اُسے شرم نہیں آتی . ھندو دنیا کے شروع میں شوجی مہاراج ناچ کر اپنا رنگ روپ دکھاتے تھے' کسی نے انہیں بےشرم نہیں کہا . جمنا کے کنارے کشن جی مہاراج بنسی بجاکر نت نیا نرت کرکے گوپیوں کا دل لبھاتے تھے' کہیں نہیں پڑھا کہ وہ بےشرم تھے . اگر یہ مان بھی لیا جائے کہ یہ قصے کہانیاں ھیں تو ان کے بنانے والے بزرگوں کو کبھی یہ نہیں سوجھا کہ وہ بےشرمی کی بات لکھ رھے ھیں. آج کل بھی کوئی مرد مونچھوں پر تاؤ دیکر یا ڈاڑھی مونچھ منڈا بچھڑوں میں جا ملے اور سینہ اُبھارکر عورتوں میں پھرے تو اُسے چاھے کوئی برا کہ لے بےشرم نہیں کہتا . یہ بھی کبھی نہیں سنا کہ شرم کسی مرد کا زیور ھے یا تھا. بطور زیور تو یہ عورتوں کی ہی قسمت میں لکھا معلوم ھوتا ھے .

جہاں تک ہم جانتے ھیں شرم سوائے انسان کے اور کسی جانور کو نہیں آتی . پچھتاوا' افسوس وغیرہ شائد اور جانوروں کو بھی آتے ھیں' شرم نہیں . اس لئے سچائی یا اصلیت جاننے کےلئے یہ معلوم کرنا ضروری ھے کہ انسان میں یہ گن یا خرابی کب اور کیسے پیدا ہوئی .

न्यायधीश से डरने की ज़रूरत नहीं है. आत्मा ही असली यमराज है."

महाभारत ही में एक दूसरी जगह लिखा है—"बड़े बड़े पुन्य और बड़े बड़े पापों का फल आदमी को यहीं इसी दुनिया में मिल जाता है. कोई फल से बच नहीं सकता, क्योंकि फल देने वाला अन्तरयामी यम सब के दिलों के अन्दर बैठा हुआ है."

अच्छे या बुरे कामों के फल से न बचने का असली कारन यही है कि आदमी किसी भी दूसरे से तो बच सकता है पर अपने दिल अपनी आत्मा से कैसे बच सकता है. इस तरह की बहसें जैसे जीव स्वतन्त्र है या परतन्त्र, क़द्र ठीक है या जब्र, ऐसे ही ईश्वर दयालु है या न्यायी, रहीम है या मुनसिफ़ इस तरह की सब बहसें केवल इसलिये होती हैं कि हम इस बात को भूल जाते हैं कि फ़ैसला करने वाला जज कहीं बाहर नहीं बैठा, वह हमारे ही अन्दर है. जो कोई यह समझता है कि वह पाप करने पर मजबूर है तो वह नतीजा भुगतने पर भी मजबूर होगा. मासूम बच्चा भी अगर ग़लती से ज़हर पी लेगा तो बीमार पड़ेगा या मरेगा. यह सज़ा ही हमें पाक करती है. एक बड़े दरजे तक यह भी सच है कि भगवान जिसे सब से अधिक प्यार करते हैं उसे ही सब से अधिक आज़माते हैं, परखते हैं, कष्ट दे देकर पाक करते हैं.

कुछ लोगों में यह एक आम बीमारी है कि अपना दोश दूसरों पर डालना चाहते हैं. कोई क़िस्मत या भाग्य को बुरा कहता है, कोई कहता है झगड़े की पहल दूसरे ने की थी, जंग की शुरूआत दूसरे देश की तरफ़ से हुई वग़ैरा वग़ैरा. पर जब आदमी समझने लगता है तो भलाई बुराई सब की जड़ अपने ही अन्दर देखता है. सब जीवन एक है, एक ही सूत्रात्मा सब को एक डोरे में पिरोए हुए है, सब जानदार एक दूसरे का दुख सुख अनुभव करते हैं, सब एक दूसरे के विचारों पर असर डालते हैं. क़ुदरत के किसी हिस्से में कोई हरकत हो सारी सृष्टि पर उसका असर पड़ता है.

पच्छिम के बड़े से बड़े साइन्सदां जीवन की इस एकता, इस अखंडता को मानते जा रहे हैं. सर जेम्स जीन्स ने इंगलैन्ड की 'ब्रिटिश एसोसिएशन फ़ार दी एडवान्समैन्ट आफ़ साइन्स' के सामने लेकचर देते हुए सन 1935 में कहा था—"जब हम अपने को देश और काल यानी मकान और ज़मान के अन्दर देखते हैं तो हम साफ़ अलग अलग प्रानी मालूम होते हैं, पर जब हम देश और काल को पार कर जाते हैं तो हम सब ज़िंदगी की एक लगातार बहती हुई धार में मिलकर एक हो जाते हैं." साइन्स के विद्वान यह भी मानते हैं कि जान और बेजान, जड़ और चेतन कोई अलग अलग वजूद नहीं हैं. सब एक लगातार बहता हुआ धारा है, यही वेदान्त है, यही तसव्वुफ़ है.

نیایہ‌دھیش سے ڈرنے کی ضرورت نہیں ہے . آتما ہی اصلی یم راج ہے ."

مہا بھارت ہی میں ایک دوسری جگہ لکھا ہے— " بڑے بڑے پنیہ اور بڑے بڑے پاپوں کا پھل آدمی کو یہیں اسی دنیا میں مل جاتا ہے . کوئی پھل سے بچ نہیں سکتا' کیونکہ پھل دینے والا انتر یامی یم سب کے دلوں کے اندر بیٹھا ہوا ہے ."

اچھے اور برے کاموں کے پھل سے نہ بچنے کا اصلی کارن یہی ہے کہ آدمی کسی بھی دوسرے سے تو بچ سکتا ہے پر اپنے دل اپنی آتما سے کیسے بچ سکتا ہے . اس طرح کی بحثیں جیسے جیو سوتنتر ہے یا پرتنتر' قدر ٹھیک ہے یا جبر' ایسے ہی ایشور دیالو ہے یا نیائی' رحیم ہے یا منصف اس طرح کی سب بحثیں کیول اس لئے ہوتی ہیں کہ ہم اس بات کو بھول جاتے ہیں کہ فیصلہ کرنے والا جج کہیں باہر نہیں بیٹھا' وہ ہمارے ہی اندر ہے. جو کوئی یہ سمجھتا ہے کہ وہ پاپ کرنے پر مجبور ہے تو وہ نتیجہ بھگتنے پر بھی مجبور ہوگا . معصوم بچہ بھی اگر غلطی سے زہر پی لے گا تو بیمار پڑے گا یا مرے گا . یہ سزا ہی ہمیں پاک کرتی ہے . ایک بڑے درجے تک یہ بھی سچ ہے کہ بھگوان جسے سب سے ادھک پیار کرتے ہیں اسے ہی سب سے ادھک آزماتے ہیں' پرکھتے ہیں' کشٹ دے دے کر پاک کرتے ہیں .

کچھ لوگوں میں یہ ایک عام بیماری ہے کہ اپنا دوش دوسروں پر ڈالنا چاہتے ہیں . کوئی قسمت یا بھاگ کو برا کہتا ہے' کوئی کہتا ہے جھگڑے کی پہل دوسرے نے کی تھی' جنگ کی شروعات دوسرے دیش کی طرف سے ہوئی وغیرہ وغیرہ . پر جب آدمی سمجھنے لگتا ہے تو بھلائی برائی سب کی جڑ اپنے ہی اندر دیکھتا ہے . سب جیون ایک ہے' ایک ہی سوتر آتما سب کو ایک ڈورے میں پروئے ہوئے ہے' سب جاندار ایک دوسرے کا دکھ سکھ انوبھو کرتے ہیں' سب ایک دوسرے کے وچاروں پر اثر ڈالتے ہیں. قدرت کے کسی حصے میں کوئی حرکت ہو ساری سرشٹی پر اس کا اثر پڑتا ہے .

پچھم کے بڑے سے بڑے سائنس داں جیون کی اس ایکتا' اس اکھنڈتا کو مانتے جا رہے ہیں . سر جیمس جینس نے انگلینڈ کی ' برٹش ایسوسی ایشن فار دی ایڈوانسمینٹ آف سائنس' کے سامنے لیکچر دیتے ہوئے سن 1935 میں کہا تھا—" جب ہم اپنے کو دیش اور کال یعنی مکان اور زمان کے اندر دیکھتے ہیں تو ہم صاف الگ الگ پرانی معلوم ہوتے ہیں' پر جب ہم دیش اور کال کو پار کر جاتے ہیں تو ہم سب زندگی کی ایک لگاتار بہتی ہوئی دھار میں مل کر ایک ہو جاتے ہیں." سائنس کے ودوان یہ بھی مانتے ہیں کہ جان اور بے جان' جڑ اور چیتن کوئی الگ الگ وجود نہیں ہیں. سب ایک لگاتار بہتا ہوا دھارا ہے' یہی ویدانت ہے' یہی تصوف ہے.

पारसी धर्म की किताबों में भी यही विचार बारबार ता है.

गाथा में लिखा है—"ऐ लोगो, अहुरमज़्द के बनाए र सुख और दुख के इन क़ानूनों को समझो. क़ानून यह कि जो बुराई करेगा वह तकलीफ़ उठायगा और जो नेकी ेगा वह सुख भोगेगा."

चीन के कन्फ़ूशियन मत की किताब में लिखा है—सुख और दुख लोगों पर यूं ही नहीं आ जाते. जैसा जो ता है वैसा उसे फल मिलता है. दूसरों की मिसाल का असर होता है. एक कुनबे के लोग दूसरे कुनबे से प्यार ते हों तो सारे देश में प्यार फैल सकता है. एक की नेकी सब में नेकी आती है. और एक की बुराई से सब में ाई और अबतरी फैल सकती है. इस तरह एक का दूसरों असर पड़ता है."

एक दूसरी चीनी धर्म पुस्तक कोआंगत्ज़े में लिखा —"जो लोग दिन दहाड़े बुराई करते हैं उन्हें लोग सज़ा हैं और जो छिप कर बुराई करते हैं उन्हें भगवान सज़ा हैं. जो दोनों तरह की बुराई से बचते हैं वही ठीक ल चलते हैं."

एक और चीनी किताब शूकिंग में लिखा है—"भगवान ों को आशीर्वाद देते हैं और बुरों को सज़ा देते हैं. की सज़ा देने की ग़रज़ भी यही होती है कि नेकी बढ़े सज़ा देना बन्द हो."

एक और चीनी किताब में लिखा है—"भलाई और का नतीजा ऐसे ही आदमी के पीछे पीछे आता है जैसे का साया."

बौद्ध ग्रन्थ महावग्ग में लिखा है—"जो कोई बुरी बात गा या बुराई करेगा उसके पीछे पीछे दुख इसी तरह गा जिस तरह बैलों के पीछे गाड़ी का पहिया."

इन्जील में लिखा है—"जो कोई ऊपर की तरफ़ पत्थर ता है वह उसी के सिर पर आ कर लगता है. जो कोई ा खोदेगा वह उसी में गिरेगा. जो दूसरे के लिये जाल यगा वह उसी में फंसेगा. जो दूसरे को नुक़सान चगा वह खुद नुक़सान उठायागा.

इसी तरह की बातें सब धर्म ग्रंथों में भरी पड़ी हैं.

महा भारत में एक जगह बहुत अच्छा लिखा है—"कुछ एक दूसरे के डर से पाप नहीं करते. कुछ लोग राजा ण्ड के डर से पाप नहीं करते. कुछ इस डर से पाप नहीं कि मरने के बाद यम राज उन्हें दण्ड देंगे. पर आदमी असली दण्ड देने या न देने वाला उसके अपने अन्दर आत्मा है. जिसकी अपनी आत्मा सन्तुष्ट है उसका कोई का कुछ नहीं बिगाड़ सकता. उसे किसी दूसरे जज या

پارسی دھرم کی کتابوں میں بھی یہی وچار بار بار آتا ہے۔

گاتھا میں لکھا ہے—" اے لوگو، اہرمزد کے بنائے ہوئے سکھ اور دکھ کے اِن قانونوں کو سمجھو۔ قانون یہ ہے کہ جو برائی کریگا وہ تکلیف اُٹھائے گا اور جو نیکی کرے گا وہ سکھ بھوگے گا۔"

چین کے کنفیوشین مت کی کتاب میں لکھا ہے— " سکھ اور دکھ لوگوں پر یوں ہی نہیں آ جاتے۔ جیسا جو کرتا ہے ویسا اُسے پھل ملتا ہے۔ دوسروں کی مثال کا بھی اثر ہوتا ہے۔ ایک کنبے کے لوگ دوسرے کنبے سے پیار کرتے ہوں تو سارے دیش میں پیار پھیل سکتا ہے۔ ایک کی نیکی سے سب میں نیکی آتی ہے۔ اور ایک کی برائی سے سب میں برائی اور ابتری پھیل سکتی ہے۔ اِس طرح ایک کا دوسروں پر اثر پڑتا ہے۔"

ایک دوسری چینی دھرم پستک کوآنگتزے میں لکھا ہے—" جو لوگ دن دھاڑے برائی کرتے ہیں انہیں لوگ سزا دیتے ہیں اور جو چھپ کر برائی کرتے ہیں انہیں بھگوان سزا دیتے ہیں۔ جو دونوں طرح کی برائی سے بچتے ہیں وہی ٹھیک چال چلتے ہیں۔"

ایک اور چینی کتاب شوکنگ میں لکھا ہے— "بھگوان نیکوں کو آشیرواد دیتے ہیں اور بروں کو سزا دیتے ہیں۔ اُن کی سزا دینے کی غرض بھی یہی ہوتی ہے کہ نیکی بڑھے اور سزا دینا بند ہو۔"

ایک اور چینی کتاب میں لکھا ہے—" بھلائی اور برائی کا نتیجہ ایسے ہی آدمی کے پیچھے پیچھے آتا ہے جیسے اس کا سایہ۔"

بودھ گرنتھ مہاوگ میں لکھا ہے—" جو کوئی بری بات کہے گا یا برائی کرے گا اس کے پیچھے پیچھے دکھ اسی طرح آئے گا جس طرح بیلوں کے پیچھے گاڑی کا پہیا۔"

اِنجیل میں لکھا ہے—" جو کوئی اوپر کی طرف پتھر پھینکتا ہے وہ اُسی کے سر پر آ کر لگتا ہے۔ جو کوئی گڑھا کھودے گا وہ اُسی میں گرے گا۔ جو دوسرے کے لئے جال بچھائے گا وہ اِسی میں پھنسے گا۔ جو دوسرے کو نقصان پہونچائے گا وہ خود نقصان اُٹھائے گا۔"

اِسی طرح کی باتیں سب دھرم گرنتھوں میں بھری پڑی ہیں۔

مہا بھارت میں ایک جگہ بہت اچھا لکھا ہے— "کچھ لوگ ایک دوسرے کے ڈر سے پاپ نہیں کرتے۔ کچھ لوگ راجا کے ڈنڈ کے ڈر سے پاپ نہیں کرتے۔ کچھ اس ڈر سے پاپ نہیں کرتے کہ مرنے کے بعد یم راج اُنہیں ڈنڈ دیں گے۔ پر آدمی کا اصلی ڈنڈ دینے یا نہ دینے والا اس کے اپنے اندر کی آتما ہے۔ جس کی اپنی آتما سنتشٹ ہے اس کا کوئی یم راج کچھ نہیں بگاڑ سکتا۔ اُسے کسی دوسرے جج یا

चूं उज़वे बदर्द आवरद रोज़गार
दिगर उज़वहारा न मानद क़रार

यानी आदमी की औलाद जितने हैं सब एक दूसरे के हाथ पांव हैं क्योंकि सब एक ही जौहर यानी असल से निकले हैं. अगर बदन के किसी एक हिस्से में दर्द हो तो दूसरे हिस्से भी आराम से नहीं रह सकते.

वेद में लिखा है:—

सहस्र शीर्षः पुरुषः, सहस्राक्षः सहस्रपात.

यानी उस भगवान के हज़ारों सिर हैं, हज़ारों आंखें हैं, हज़ारों पैर हैं. इसका भी वही मतलब है जो शेख़ सादी का यानी यह कि सब अनगिनत सिरों, आंखों और पैरों में उसी एक अल्लाह का नूर काम कर रहा है, सब रूप उसी के रूप हैं और सब मिला कर एक जिस्म हैं.

इंजील में लिखा है—"जिस्म के एक अंग को तकलीफ़ होती है तो सब अंगों को तकलीफ़ होती है, एक को सुख पहुंचता है तो सब को सुख पहुंचता है."

गरुड़ पुरान में लिखा है—"सुख और दुख हमें कोई बाहर से नहीं पहुंचाता, जो लोग समझते हैं कि कोई दूसरा उन्हें सुख दुख पहुंचाता है वह ग़लत समझते हैं. हम ख़ुद अपने कर्मों का फल भोगते हैं इसलिये जो बुराई हमने की है उसके लिये हमें ख़ुद अपने को ठीक करना चाहिये."

इंजील में लिखा है—"अफ़सोस है उन लोगों पर जो बुराई को भलाई और भलाई को बुराई कहते हैं......हमें धोके में नहीं रहना चाहिये. भगवान को कोई धोका नहीं दे सकता. जैसा कोई बोता है वैसा ही उसे काटना पड़ता है. जो बुराई बोएंगे वह बुराई काटेंगे जो नेकी बोएंगे वह नेकी काटेंगे. कांटे की झाड़ियों से कोई अंगूर की फ़सल नहीं ले सकता और न कांस से अन्जीर लिये जा सकते हैं. भगवान सब को उनके कर्मों का फल देते हैं. जिस नाप से तुम दूसरे को नाप कर दोगे उसी नाप से तुम्हें नप कर मिलेगा. जैसा कोई करेगा वैसा पाएगा. अल्लाह रहम करने वाला है. वह हर एक को उसके कामों का फल देता है."

क़ुरान में लिखा है—"जो कोई मुसीबत किसी पर आती है वह उसी के किये का नतीजा होती है. जो कोई एक रत्ती भर भी नेकी करेगा वह उसका उतना ही फल पायेगा और जो एक रत्ती भर भी बुराई करेगा वह उसका उतना ही नतीजा भुगतेगा. किसी के साथ ज़रा सी भी बेइन्साफ़ी नहीं होती. जो जैसा करता है वैसा ही पाता है."

दुनिया की सब मज़हबी किताबों में यही विचार बार बार और तरह तरह से दोहराया गया है.

महाभारत में लिखा है—"जिसका दिल का हिसाब साफ़ है उसे कुरुक्षेत्र या गंगा जाने की कोई ज़रूरत नहीं."

چوں از وے بدرد آورد روزگار
دیگر عضوہارا نہ ماند قرار

یعنی آدمی کی اولاد جتنے ہیں سب ایک دوسرے کے ہاتھ پاؤں ہیں کیونکہ سب ایک ہی جوہر یعنی اصل سے نکلے ہیں ۔ اگر بدن کے کسی ایک حصے میں درد ہو تو دوسرے حصے بھی آرام سے نہیں رہ سکتے ۔

وید میں لکھا ہے :—

سہسٹر شیرشا پرشہ' سہسٹراکشہ سہسٹرپات ۔

یعنی اُس بھگوان کے ہزاروں سر ہیں' ہزاروں آنکھیں ہیں' ہزاروں پیر ہیں ۔ اِس کا بھی وہی مطلب ہے جو شیخ سعدی کا یعنی یہ کہ سب اَن‌گنت سروں' آنکھوں اور پیروں میں اُسی ایک اللہ کا نور کام کر رہا ہے' سب روپ اُسی کے روپ ہیں اور سب مل کر ایک جسم ہیں ۔

انجیل میں لکھا ہے—" جسم کے ایک انگ کو تکلیف ہوتی ہے تو سب انگوں کو تکلیف ہوتی ہے' ایک کو سکھ پہونچتا ہے تو سب کو سکھ پہونچتا ہے ۔"

گرڑ پران میں لکھا ہے—" سکھ اور دکھ ہمیں کوئی باہر سے نہیں پہونچاتا' جو لوگ سمجھتے ہیں کہ کوئی دوسرا اُنہیں سکھ دکھ پہونچاتا ہے وہ غلط سمجھتے ہیں. ہم خود اپنے کرموں کا پھل بھوگتے ہیں اس لئے جو برائی ہم نے کی ہے اس کے لئے ہمیں خود اپنے کو ٹھیک کرنا چاہئے ۔"

انجیل میں لکھا ہے—"افسوس ہے اُن لوگوں پر جو برائی کو بھلائی اور بھلائی کو برائی کہتے ہیں...... ہمیں دھوکے میں نہیں رہنا چاہئے ۔ بھگوان کو کوئی دھوکا نہیں دے سکتا ۔ جیسا کوئی بوتا ہے ویسا ہی اُسے کاٹنا پڑتا ہے ۔ جو برائی بوئیں گے وہ برائی کاٹیں گے جو نیکی بوئیں گے وہ نیکی کاٹیں گے ۔ کانٹے کی جھاڑیوں سے کوئی انگور کی فصل نہیں لے سکتا اور نہ کانس سے انجیر لئے جاسکتے ہیں ۔ بھگوان سب کو ان کے کرموں کا پھل دیتے ہیں ۔ جس ناپ سے تم دوسرے کو ناپ کر دو گے اُسی ناپ سے تمہیں نپ کر ملیگا ۔ جیسا کوئی کرے گا ویسا پائے گا ۔ اللہ رحم کرنے والا ہے ۔ وہ ہر ایک کو اُس کے کاموں کا پھل دیتا ہے ۔"

قرآن میں لکھا ہے—" جو کوئی مصیبت کسی پر آتی ہے وہ اُسی کے کئے کا نتیجہ ہوتی ہے ۔ جو کوئی ایک رتی بھر بھی نیکی کرے گا وہ اس کا اتنا ہی پھل پائے گا اور جو ایک رتی بھر بھی برائی کرے گا وہ اُس کا اتنا ہی نتیجہ بھگتے گا ۔ کسی کے ساتھ ذرا سی بھی بے انصافی نہیں ہوتی. جو جیسا کرتا ہے ویسا ہی پاتا ہے ۔"

دنیا کی سب مذہبی کتابوں میں یہی وچار بار بار اور طرح طرح سے دہرایا گیا ہے ۔

مہا بھارت میں لکھا ہے—" جس کا دل کا حساب صاف ہے اُسے کوروکشیتر یا گنگا جانے کی کوئی ضرورت نہیں۔"

इनमें बहुत से फ़िरक़े यह मानते हैं कि बुरे आदमी फिर से जानवरों के रूप में पैदा होते हैं. कुछ ऐसे हैं जो रूह का बार बार आदमी के जिस्म में पैदा होना तो मानते हैं पर जानवर के जिस्म में पैदा होना नहीं मानते. कुछ यह मानते हैं कि जो लोग उनके फ़िरक़े में रह कर गुनाह करते हैं वह फिर दूसरे मज़हबों में जन्म लेते हैं. कुछ मानते हैं कि जो लोग दीन से बिलकुल इनकार करते हैं वह ऊंट, खच्चर, गधों, कुत्तों या बन्दरों के रूप में जन्म लेते हैं वग़ैरा वग़ैरा.. इसी तरह के फ़र्क़ और मज़हबों के लोगों के विचारों में भी हैं. बहुत से लोग तनासुख से इनकार भी करते हैं. ख़ास कर इसलाम और ईसाई मज़हबों में आजकल अधिकतर तनासुख से इनकार करते हैं. इस सम्बन्ध की क़ुरान की कुछ आयतों और कुछ मुसलमान आलिमों के क़ौलों के कुछ लोग एक तरह से मानी करते हैं और दूसरे दूसरी तरह से. पर किसी न किसी दर्जे तक किसी न किसी शकल में तनासुख या पुनर्जन्म के मानने वाले हर मज़हब, और हर मुल्क के अन्दर रहे हैं और हैं.

(2)

अब हम कर्मों के फल के असूल की तरफ़ आते हैं.

यह बात भी सब मज़हबों में पाई जाती है कि हर आदमी को अपने अच्छे कामों के लिये अच्छा फल मिलता और बुरे कामों के लिये वैसा ही बुरा नतीजा भोगना पड़ता है. यह फल या नतीजा इस जन्म में मिले या किसी अगले जन्म में, इस दुनिया में, या किसी और दुनिया में, जल्दी मिले या देर में, इतनी बात सब मानते हैं कि जैसा हम बोते हैं वैसा हमें काटना पड़ता है. इसी को हिन्दुओं में 'कर्म का असूल' कहा जाता है. इसी असूल को साइन्स दूसरी तरह बयान करती है. हर सबब का कोई न कोई नतीजा ज़रूर होता है और हर अमल (क्रिया) का रद्दे अमल (प्रतिक्रिया) ज़रूरी है. रूह की दुनिया में यह असूल अन्दर ही अन्दर काम करता रहता है. सब के अन्दर एक आत्मा काम कर रही है. इसलिये जो दूसरे को दुख देगा वह कभी न कभी ख़ुद दुख भोगेगा और जो किसी दूसरे को सुख पहुंचायगा वह कभी न कभी ख़ुद सुख भोगेगा. यह बात इसलिये भी क़तई ज़रूरी है कि एक ही रूहे आलम, रूहे आज़म या रूहुलरूह यानी एक ही विश्व आत्मा, सूत्रआत्मा या जगत आत्मा सबके अन्दर मौजूद है, और सबको एक डोर में बांधे हुए है. हाथ अगर पांव को तकलीफ़ पहुंचायगा तो हाथ को भी तकलीफ़ होगी.

शेख़ सादी ने बहुत ठीक कहा है:—

बनी आदम आज़ाए यक दीगर अन्द
कि दर आफ़रीनश ज़ि यक जौहर अन्द

ان میں بہت سے فرقے یہ مانتے ہیں کہ برے آدمی پھر سے جانوروں کے روپ میں پیدا ہوتے ہیں . کچھ ایسے ہیں جو روح کا بار بار آدمی کے جسم میں پیدا ہونا تو مانتے ہیں پر جانور کے جسم میں پیدا ہونا نہیں مانتے . کچھ یہ مانتے ہیں کہ جو لوگ اُن کے فرقے میں رہ کر گناہ کرتے ہیں وہ پھر دوسرے مذہبوں میں جنم لیتے ہیں . کچھ مانتے ہیں کہ جو لوگ دین سے بالکل انکار کرتے ہیں وہ اونٹ' کھچر' گدھوں' کتوں یا بندروں کے روپ میں جنم لیتے ہیں وغیرہ وغیرہ . اِسی طرح کے فرق اور مذہبوں کے لوگوں کے وچاروں میں بھی ہیں . بہت سے لوگ تناسخ سے انکار بھی کرتے ہیں . خاص کر اسلام اور عیسائی مذہبوں میں آج کل ادھک تر تناسخ سے انکار کرتے ہیں . اس سمبندھ کی قرآن کی کچھ آیتوں اور کچھ مسلمان عالموں کے قولوں کے کچھ لوگ ایک طرح سے معنی کرتے ہیں اور دوسرے دوسری طرح سے . پر کسی نہ کسی درجے تک کسی نہ کسی شکل میں تناسخ یا پنر جنم کے ماننے والے ہر مذہب اور ہر ملک کے اندر رہے ہیں اور ہیں .

(2)

اب ہم کرموں کے پھل کے اصول کی طرف آتے ہیں .

یہ بات بھی سب مذہبوں میں پائی جاتی ہے کہ ہر آدمی کو اپنے اچھے کاموں کے لئے اچھا پھل ملتا ہے اور برے کاموں کے لئے ویسا ہی برا نتیجہ بھوگنا پڑتا ہے . یہ پھل یا نتیجہ اس جنم میں ملے یا کسی اگلے جنم میں' اس دنیا میں یا کسی اور دنیا میں' جلدی ملے یا دیر میں' اتنی بات سب مانتے ہیں کہ جیسا ہم بوتے ہیں ویسا ہمیں کاٹنا پڑتا ہے . اسی کو ہندوؤں میں 'کرم کا اصول' کہا جاتا ہے . اسی اصول کو سائنس دوسری طرح بیان کرتی ہے . ہر سبب کا کوئی نہ کوئی نتیجہ ضرور ہوتا ہے اور ہر عمل (کریا) کا ردعمل (پرتی کریا) ضروری ہے . روح کی دنیا میں یہ اصول اندر ہی اندر کام کرتا رہتا ہے . سب کے اندر ایک ہی آتما کام کر رہی ہے . اس لئے جو دوسرے کو دکھ دے گا وہ کبھی نہ کبھی خود دکھ بھوگے گا اور جو کسی دوسرے کو سکھ پہونچائے گا وہ کبھی نہ کبھی خود سکھ بھوگے گا . یہ بات اِس بھی قطعی ضروری ہے کہ ایک ہی روح عالم' روح اعظم یا روح الروح یعنی ایک ہی وشو آتما' سوتر آتما یا جگت آتما سب کے اندر موجود ہے' اور سب کو ایک ڈور میں باندھے ہوئے ہے. ہاتھ اگر پاؤں کو تکلیف پہونچائے گا تو ہاتھ کو بھی تکلیف ہوگی .

شیخ سعدی نے بہت ٹھیک کہا ہے :—

بنی آدم اعضائے یک دیگر اند
کہ در آفرینش یک جوہر اند

क़बीले का ख़ुदा समझते हैं. लेकिन समझदार आदमी जानते हैं कि 'इतोंगगो' ही सबके अन्दर की जान है, सब प्राणियों और सब चीज़ों में है, और उसी के नाते से धरती के सब आदमी भाई भाई हैं.' मनकन येफी के यह विचार सब ज़मानों और सब देशों के लोगों के बुनियादी विचारों से मिलते हुए हैं. अफ़रीका में पुरानी क़ौमों के अन्दर इस तरह के काफ़ी सियाने मिलते हैं. मैं बहुत सी अफ़रीक़ी क़ौमों के इस तरह के सियानों से मिला. मैंने उनमें से कुछ में सैकड़ों मील दूर की चीज़ें देख लेने और अपने विचार केवल अपनी दिमाग़ी ताक़त से सैकड़ों मील दूर दूसरों तक पहुँचा देने की शक्ति भी देखी. इनमें से एक सियाने ने मुझे अच्छी तरह समझाया कि किस तरह रूह धीरे धीरे पत्थर मिट्टी से निकल कर सबज़ी में जाती है, फिर सबज़ी से निकर कर जानवरों में जाती है, जानवरों से आदमी में और इसी तरह ऊपर चढ़ते चढ़ते वह इतोंगगो यानी रूहे कुल में जा कर मिल जाती है. उसने मुझे पुनर्जन्म का असूल भी समझाया और आदमी के तरह तरह के जिस्मों का फ़रक़ भी बताया."

पैट्रिक बोविन ने और आगे चल कर लिखा है कि—"अफ़रीक़ा के पुराने लोगों में एक बिरादरी है जो 'बोना—काकूलू अबासे खेमू' कहलाती है. इस फ़िक़रे के मानी हैं—'मिस्र के ऊंचे लोगों की बिरादरी.' मिस्र यानी इजिप्ट का एक पुराना नाम 'खेम' भी है. इसी खेम से अंगरेज़ी लफ़्ज़ 'कैमिस्टरी' बना है, चूंकि कैमिस्टरी या कीमिया की साइन्स सब से पहले मिस्र ही से शुरू हुई थी. इस बिरादरी के लोग मानते हैं कि आदमी जब पूरा ज्ञानी हो जाता है तो फिर उसे जन्म लेने की ज़रूरत नहीं पड़ती. लेकिन फिर भी अगर वह चाहे तो अपनी मरज़ी से जन्म ले सकता है और धरती पर रह सकता है."

यह सब कहानी हमने केवल यह दिखाने को लिखी है कि दुनिया की लगभग सब क़ौमों में इस बारे में शुरू से एक से विचार रहे हैं.

अंगरेज़ी की मशहूर किताब 'The Encyclopedia of Reigions and Ethics' में पुनर्जन्म पर एक लम्बा लेख है जो एक मामूली किताब के अस्सी सफ़ों के बराबर है. उसमें दिखाया गया है कि सब अधिक पुरानी क़ौमों के अलावा हिन्दुस्तानियों, ईरानियों, ज़रथुस्त्रियों, मिस्रियों, यहूदियों, यूनानियों, रोमियों, कैलटिक और ट्यूटोनिक क़ौमों सबने पुनर्जन्म को माना है.

दूसरी मशहूर किताब 'The Encyclopedia of Islam' में तनासुख़ पर एक बड़ा लेख है जिस में बताया गया है कि इसलाम के बहुत से फ़िरक़े तनासुख़ को मानते हैं. ख़ास कर शियों में इस तरह के कई फ़िरक़े हैं.

قبیلے کا خدا سمجھتے ھیں لیکن سمجھدار آدمی جانتے ھیں کہ 'اِتوں‌گگو' ھی سب کے اندر کی جان ھے' سب پرانیوں اور سب چیزوں میں ھے' اور اُسی کے ناتے سے دھرتی کے سب آدمی بھائی بھائی ھیں ۔ من‌کن‌ایفی کے یہ وچار سب زمانوں اور سب دیشوں کے لوگوں کے بنیادی وچاروں سے ملتے ھوئے ھیں ۔ افریقہ میں پرانی قوموں کے اندر اس طرح کے کافی سیانے ملتے ھیں ۔ میں بہت سی افریقی قوموں کے اس طرح کے سیانوں سے ملا ۔ میں نے ان میں سے کچھ میں سیکڑوں میل دور کی چیزیں دیکھ لینے اور اپنے وچار کیول اپنی دماغی طاقت سے سیکڑوں میل دور دوسروں تک پہنچا دینے کی شکتی بھی دیکھی. اِن میں سے ایک سیانے نے مجھے اچھی طرح سمجھایا کہ کس طرح روح دھیرے دھیرے پتھر مٹی سے نکل کر سبزی میں جاتی ھے' پھر سبزی سے نکل کر جانوروں میں جاتی ھے' جانوروں سے آدمی میں اور اِسی طرح اوپر چڑھتے چڑھتے وہ اِتوں‌گگو یعنی روح کل میں جاکر مل جاتی ھے ۔ اس نے مجھے پنرجنم کا اُصول بھی سمجھایا اور آدمی کے طرح طرح کے جسموں کا فرق بھی بتایا."

پیٹرک‌بووِن نے اور آگے چل‌کر لکھا ھے کہ—" افریقہ کے پرانے لوگوں میں ایک برادری ھے جو 'بونا باکولواباسے کھیمو' کہلاتی ھے ۔ اس فقرے کے معنی ھیں—'مصر کے اونچے لوگوں کی برادری.' مصر یعنی ایجپٹ کا ایک پرانا نام' 'کھیم' بھی‌ھے. اسی کھیم سے انگریزی لفظ 'کیمسٹری' بنا ھے' چونکہ کیمسٹری یا کیمیاکی سائنس سب سے پہلے مصر ھی سے شروع ھوئی تھی ۔ اس برادری کے لوگ مانتے ھیں کہ آدمی جب پورا گیانی‌ھو جاتاھے تو پھر اسے جنم لینے کی ضرورت نہیں‌پڑتی. لیکن‌پھربھی‌اگر وہ چاھے تو اپنی مرضی سے جنم لے سکتا ھے اور دھرتی‌پر رہ سکتاھے."

یہ سب کہانی ھم نے کیول یہ دکھانے کو لکھی ھے کہ دنیا کی لگ بھگ سب قوموں میں اس بارے میں شروع سے ایک سے وچار رھے ھیں ۔

انگریزی کی مشہور کتاب 'The Encyclopedia of Religions And Ethics' میں پنرجنم پر ایک لمبا لیکھ ھے جو ایک معمولی کتاب کے اسی صفحوں کے برابر ھے. اس میں دکھایا گیا ھے کہ سب آدھک پرانی قوموں کے علاوہ ھندستانیوں' ایرانیوں' جرتھسترییوں' مصریوں' یہودیوں' یونانیوں' رومیوں' کیلٹک اور ٹیوٹونک قوموں سب نے پنرجنم کو مانا ھے ۔

دوسری مشہور کتاب 'The Encyclopedia of Islam' میں تناسخ پر ایک بڑا لیکھ ھے جس میں بتایا گیا ھے کہ اسلام کے بہت سے فرقے تناسخ کو مانتے ھیں ۔ خاص کر شیعوں میں اس طرح کے کئی فرقے ھیں.

सज़ा भुगतती हैं. थोड़े दिनों बाद वह फिर नया जन्म लेने के लिये भेजी जाती हैं. अच्छी रूहें अच्छे जिस्मों में और बुरी रूहें बुरे जिस्मों में. पर जो लोग अपनी आत्मा का ख़ून करते हैं उनकी रूहें पाताल की अन्धेरी दुनिया में भेजी जाती हैं."

जोज़ेफ़स का आख़िरी फ़िक़रा ईशोपनिशद के इस फ़िक़रे से लफ़्ज़ ब लफ़्ज़ मिलता है—"अन्धं तमः प्रविशन्ति ये के चात्म हनो जनाः"—यानी जो लोग आत्म हत्या करते हैं वह घोर अन्धकार में जाते हैं.

इतिहास लेखक गिबन ने अपनी मशहूर किताब 'Decline and Fall of the Roman Empire' में लिखा है कि हज़रत ईसा के चेले पुनर्जन्म को मानते थे. मशहूर ईसाई आचारियों में आरीगन, क्लीमैन्स एलेग्ज़ैन्ड्रिनस, सिनेसियस, चैलसीडियस जैसे बहुत से विद्वान पुनर्जन्म के असूल को मानते थे.

बाद के योरप के मशहूर विद्वानों और फ़िलासफ़रों में गिआरडानों ब्रूनो, वान हैलमान्ट, स्वीडिनबर्ग, गेटे, लैसिंग, चार्ल्स बौनेट, हरडर, ह्यूम, शौपनहायर जैसे बड़े बड़े विचारक पुनर्जन्म के मानने वाले थे.

अब हम ज़रा अफ़रीक़ा की पुरानी क़ौमों की तरफ़ निगाह डालें. पैट्रिक बौविन 'The Ancient Wisdom in Africa' में लिखता है—"जब मेरी उम्र दस बारह बरस की थी तो मैं उत्तर ट्रान्सवाल के जंगली इलाक़ों में अपने बाप की गाड़ी के पीछे पीछे जाया करता था. इस तरह ज़ूलू क़ौम के बहुत से सियाने लोगों से मेरी जान पहचान हो गई. उनमें से एक का नाम मनकन येग्री था. मनकन येग्री ने एक दिन मुझे समझाया कि इस जिस्म के अन्दर एक रूह है और रूह के अन्दर 'इलोंगगो' यानी विश्वात्मा या रूहे कुल का एक अंश या उसकी एक चिंगारी रहती है. मरने के बाद रूह कुछ देर जिस्म के आस पास मंडलाती रहती है. फिर किसी दूसरी दुनिया में चली जाती है. वहां उसकी शकल आधी जानवर की सी और आधी आदमी की सी हो जाती है. यही आदमी का असली रूप है क्योंकि आदमी के अन्दर जानवर का स्वाभाव भी मौजूद है और विश्व आत्मा की छोटी सी चिंगारी भी मौजूद है. फिर कुछ दिनों के बाद रूह के ऊपर एक तरह की नींद छा जाती है. इसके बाद उसे यह सपना सा होने लगता है कि उसे धरती पर फिर जन्म लेकर अभी कुछ करना है और सीखना है. फिर वह रूह धरती पर आती है और बच्चे के रूप में जन्म लेती है. इस तरह हर रूह बार बार जन्म लेती रहती है यहां तक कि आख़ीर में आदमी 'सच्चा आदमी' बन जाता है और उसी 'इलोंगगो' यानी विश्व आत्मा में जा कर मिल जाता है जिससे वह निकला था. मामूली लोग 'इलोंगगो' को अपने अपने

سزا بھگتتی ہیں ۔ تھوڑے دنوں بعد وہ پھر نیا جنم لینے کے لئے بھیجی جاتی ہیں ۔ اچھی روحیں اچھے جسموں میں اور بری روحیں برے جسموں میں ۔ پر جو لوگ اپنی آتما کا خون کرتے ہیں ان کی روحیں پاتال کی اندھیری دنیا میں بھیجی جاتی ہیں ۔"

جوزیفس کا آخری فقرہ ایشو اپنشد کے اس فقرے سے لفظ با لفظ ملتا ہے—"اندھم تمہ پروشنتی یے کے چاتم ھنو جنا"—یعنی جو لوگ آتم ہتیا کرتے ہیں وہ گھور اندھکار میں جاتے ہیں ۔

اتہاس لیکھک گبن نے اپنی مشہور کتاب 'Decline and Fall of the Roman Empire' میں لکھا ہے کہ حضرت عیسیٰ کے چیلے پنرجنم کو مانتے تھے ۔ مشہور عیسائی آچاریوں میں آری گن' کلی منس ایلگزینڈرنس' سی نے سی ایس' چیل سیڈی ایس جیسے بہت سے ودوان پنرجنم کے اصول کو مانتے تھے ۔

بعد کے یورپ کے مشہور ودوانوں اور فلاسفروں میں گی آرڈانو برونو' وان ہیلمانٹ' سویڈن برگ' گیٹے' لیسنگ' چارلس بونیٹ' ہرڈر' ھیوم' شوپن ہایر جیسے بڑے بڑے وچارک پنرجنم کے ماننے والے تھے ۔

اب ہم ذرا افریقہ کی پرانی قوموں کی طرف نگاہ ڈالیں ۔ پیٹرک بووِن 'The Ancient wsidom in Africa' میں لکھتا ہے—"جب میری عمر دس بارہ برس کی تھی تو میں اُتر ٹرانسوال کے جنگلی علاقوں میں اپنے باپ کی گاڑی کے پیچھے پیچھے جایا کرتا تھا ۔ اس طرح زولو قوم کے بہت سے سیانے لوگوں سے میری جان پہچان ہوگئی ۔ ان میں سے ایک کا نام من کن ایزی تھا من کن ایزی نے ایک دن مجھے سمجھایا کہ اس جسم کے اندر ایک روح ہے اور روح کے اندر 'الون گگو' یعنی وشوآتما یا روح کل کا ایک انش یا اس کی ایک چنگاری رہتی ہے ۔ مرنے کے بعد روح کچھ دیر جسم کے آس پاس منڈلاتی رہتی ہے ۔ پھر کسی دوسری دنیا میں چلی جاتی ہے ۔ وہاں اس کی شکل آدھی جانور کی سی اور آدھی آدمی کی سی ہو جاتی ہے ۔ یہی آدمی کا اصلی روپ ہے کیوں کہ آدمی کے اندر جانور کا سو بھاؤ بھی موجود ہے اور وشوآتما کی چھوٹی سی چنگاری بھی موجود ہے ۔ پھر کچھ دنوں کے بعد روح کے اوپر ایک طرح کی نیند چھا جاتی ہے ۔ اس کے بعد اسے یہ سپنا سا ہونے لگتا ہے کہ اسے پھر دھرتی پر پھر جنم لے کر ابھی کچھ کرنا ہے اور سیکھنا ہے ۔ پھر وہ روح دھرتی پر آتی ہے اور بچے کے روپ میں جنم لیتی ہے ۔ اس طرح ہر روح بار بار جنم لیتی رہتی ہے یہاں تک کہ آخیر میں آدمی 'سچا آدمی' بن جاتا ہے اور اسی 'الون گگو' یعنی وشوآتما میں جا کر مل جاتا ہے جس سے وہ نکلا تھا ۔ معمولی لوگ 'الون گگو' کو اپنے اپنے

पुनर्जन्म (तनासुख़) और कर्म फल

(डाक्टर भगवानदास)

(1)

पिछले लेखों में हम आत्मा (रूह) और पुनर्जन्म की बाबत कुछ विचार प्रगट कर चुके हैं, इस लेख में भी पहले हम पुनर्जन्म ही के बारे में कुछ और कहना चाहते हैं.

योरप के कुछ विद्वानों का ख़याल है कि पुनर्जन्म का विश्वास पुराने मिस्रियों से शुरू हुआ. कुछ लोग इस विश्वास को यूनान के मशहूर फ़िलासफ़र पाईथा गोरस और हिन्दुस्तान के महात्मा बुद्ध से भी जोड़ते हैं. पर सच यह है कि यह विश्वास इन सब से बहुत पुराना है, और दुनिया के लगभग हर मुल्क में कुछ न कुछ लोगों ने हमेशा से इसे माना है. यूनान में पाईथा गोरस से बहुत पहले लोग पुनर्जन्म के मानने वाले थे. पाईथा गोरस ने भी इस असूल को माना और इसे इतनी सुन्दरता के साथ दुनिया के सामने रखा कि यह असूल उसी के नाम के साथ जुड़ गया. अफ़लातून (Plato) भी पुनर्जन्म के असूल को मानता था. उसने भी अपनी किताबों में इसे ख़ूब समझा कर बयान किया है. यूनानी विद्वानों और कैलडिया की पुरानी फ़िलासफ़ी के असर से यहूदियों ने भी पुनर्जन्म के असूल को माना. यहूदी किताबें पुनर्जन्म के विश्वास से भरी पड़ी हैं. यहूदी भाशा में पुनर्जन्म या तनासुख़ को 'गिल गूलिम' कहते थे. यहूदी परम्परा 'क़ब्बालह' में भी इस असूल को माना गया है. उनकी किताब 'ज़ोहर' में साफ़ लिखा है कि "सब रूहों को बार बार जन्म लेना पड़ता है." इस बारे में क़ब्बालह के विचार वेदान्त के विचारों और मुसलमान सूफ़ियों के विचारों से बिलकुल मिलते हुए हैं.

ईसाई मज़हब की शुरू की सदियों में ग्नास्टिक सम्प्रदाय के लोग जिन्हें सब इतिहासकार एक राय से विद्वान, समझदार और नेक बताते हैं पुनर्जन्म को पूरी तरह मानते थे. 'ग्नास्टिक' शब्द का निकास उसी जड़ से है जिससे संस्कृत शब्द 'ज्ञान' का. ईसा की चौथी और पांचवीं सदियों में मनीशियन फ़िरक़े के लोग भी पुनर्जन्म को मानते थे. ईसा की दूसरी सदी में ईसाई धर्म का मशहूर विद्वान ऐरीगन साफ़ लिखता है कि—"बार बार जन्म लेने पर फ़रिश्ते आदमी बन सकते हैं और आदमी फ़रिश्ते. और बुरे से बुरे लोग भी तरक़्क़ी करते करते अच्छे आदमी या फ़रिश्ते बन जाते हैं." ईसाई विद्वान जोज़ेफ़स लिखता है—"रूहें सब शुद्ध होती हैं, नेक आदमियों की रूहें फिर फिर अच्छे जिस्मों में जाती हैं. बुरे आदमियों की रूहें

پنرجنم (تناسخ) اور کرم پھل

(ڈاکٹر بھگوان داس)

پچھلے لیکھوں میں ہم آتما (روح) اور پنرجنم کی بابت کچھ وچار پرگٹ کرچکے ہیں' اس لیکھ میں بھی پہلے ہم پنرجنم ہی کے بارے میں کچھ اور کہنا چاہتے ہیں .

یورپ کے کچھ ودوانوں کا خیال ہے کہ پنرجنم کاوشواس پرانے مصریوں سے شروع ہوا . کچھ لوگ اس وشواس کو یونان کے مشہور فلاسفر پایتھا گورس اور ہندستان کے مہاتما بدھ سے بھی جوڑتے ہیں . پر سچ یہ ہے کہ یہ وشواس ان سب سے بہت پرانا ہے' اور دنیا کے لگ بھگ ہر ملک میں کچھ نہ کچھ لوگوں نے ہمیشہ سے اسے مانا ہے. یونان میں پایتھا گورس سے بہت پہلے لوگ پنرجنم کے ماننے والے تھے . پایتھا گورس نے بھی اس اصول کو مانا اور اسے اتنی سندرتا کے ساتھ دنیا کے سامنے رکھا کہ یہ اصول اسی کے نام کے ساتھ جڑ گیا. افلاطون (Plato) بھی پنرجنم کے اصول کو مانتا تھا . اس نے بھی اپنی کتابوں میں اِسے خوب سمجھاکر بیان کیاہے. یونانی ودوانوں اور کیلڈیا کی پرانی فلسفی کے اثر سے یہودیوں نے بھی پنرجنم کے اصول کو مانا . یہودی کتابیں پنرجنم کے وشواس سے بھری پڑی ہیں . یہودی بھاشا میں پنرجنم یا تناسخ کو 'گلگولم' کہتے تھے. یہودی پرمپرا 'قبالہ' میں بھی اس اصول کو مانا گیا ہے . ان کی کتاب 'زوہر' میں صاف لکھا ہے کہ "سب روحوں کو بار بار جنم لینا پڑتا ہے." اس بارے میں "قبالہ" کے وچار ویدانت کے وچاروں اور مسلمان صوفیوں کے وچاروں سے بالکل ملتے ہوئے ہیں .

عیسائی مذہب کی شروع کی صدیوں میں گناسٹک سمپردائے کے لوگ جنہیں سب اتہاس کار ایک رائے سے ودوان' سمجھدار اور نیک بتاتے ہیں پنرجنم کو پوری طرح مانتے تھے. 'گناسٹک' شبد کا نکاس اسی جڑ سے ہے جس سے سنسکرت شبد 'گیان' کا. عیسیٰ کی چوتھی اور پانچویں صدیوں میں منی شی ان فرقے کے لوگ بھی پنرجنم کو مانتے تھے . عیسیٰ کی دوسری صدی میں عیسائی دھرم کا مشہور ودوان اریگن صاف لکھتا ہے کہ—"بار بار جنم لینے پر فرشتے آدمی بن سکتے ہیں اور آدمی فرشتے . اور برے سے برے لوگ بھی ترقی کرتے کرتے اچھے آدمی یا فرشتے بن جاتے ہیں." عیسائی ودوان جوزیفس لکھتا ہے—"روحیں سب شدھ ہوتی ہیں' نیک آدمیوں کی روحیں پھر پھر اچھے جسموں میں جاتی ہیں. برے آدمیوں کی روحیں

नया हिन्द — نیا ہند

जिल्द 13 | अक्तूबर, सन '52 | नम्बर 4

جلد 13 | اکتوبر' سن '52 | نمبر 4

जात आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

جات آدمی' پریم دھرم ہے' ہندستانی بولی'
'نیا ہند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی۔

क़ैदी का सपना

(पिरिंसिपल 'मनोरंजन')

एक दिन मैंने देखा था, सुन्दर सोने सा-सपना
कि यह ज़मीन अपनी है, और आसमान है अपना

आज़ाद प्रकृति करती है, सानंद नृत्य मस्ताना,
चल-अचल सभी गाते हैं, बस आज़ादी का गाना

मस्ती से शीश उठा कर, हंसता है वृद्ध हिमालय,
सागर स्वतंत्र हो गाता, हो भारत माता की जय!

नदियां इठला-इठला कर, गाती हैं दे कर ताली,
चलते हैं शीश उठा कर, भारत के सब नर-नारी!

सब में अजीब मस्ती है, सब हैं स्वतंत्र, हैं निर्भय
मैं बोल उठा पागल-सा, 'जय भारत माता की जय'!

खुल गईं अचानक आंखें, कुछ होश हमें हो आया
तब ज़ंजीरों से जकड़ा, मैंने अपने को पाया

थी पड़ी पांव में बेड़ी, हाथों में थीं हथकड़ियां
हा! कहां गईं सपने की वह सोने की सी घड़ियां

मिट गए दृश्य वह सारे, हा! रहा न कुछ भी अपना
हे ईश, कभी सच होगा, क्या मेरा वह सुख सपना

قیدی کا سپنا

(پرنسپل 'منورنجن')

ایک دن میں نے دیکھا تھا' سندر سونے سا سپنا
کہ یہ زمین اپنی ہے' اور آسمان ہے اپنا

آزاد پرکرتی کرتی ہے' سانند نرتیہ مستانا'
چل اچل سبھی گاتے ہیں' بس آزادی کا گانا

مستی سے شیش اٹھا کر' ہنستا ہے وردھ ہمالیہ'
ساگر سوتنتر ہو گاتا' ہو بھارت ماتا کی جے!

ندیاں اٹھلا اٹھلا کر' گاتی ہیں دے کر تالی'
چلتے ہیں شیش اٹھا کر' بھارت کے سب نر ناری!

سب میں عجیب مستی ہے' سب ہیں سوتنتر' ہیں نربھے
میں بول اٹھا پاگل سا' 'جے بھارت ماتا کی جے'!

کھل پڑیں اچانک آنکھیں' کچھ ہوش ہمیں ہو آیا
تب زنجیروں سے جکڑا' میں نے اپنے کو پایا

تھی پڑی پاؤں میں بیڑی' ہاتھوں میں تھیں ہتھکڑیاں
ہا! کہاں گئیں سپنے کی وہ سونے کی سی گھڑیاں

مٹ گئے درشیہ وہ سارے' ہا! رہا نہ کچھ بھی اپنا
ہے ایش' کبھی سچ ہوگا' کیا میرا وہ سکھ سپنا

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

अक्तूबर 1952

" نیا ہند "

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

اکتوبر 1952

जापान और अमरीका—सुन्दरलाल; बापू जी के दिल को टुकड़े टुकड़े कर देने के लिये काफ़ी! मीरा बहन; जीव रक्षा—भगवानदीन; एक अमरीकी एजेन्ट और हिन्दुस्तान—सुरेश रामभाई; सरकर का दिवालियापन—सुरेश रामभाई.

جاپان اور امریکہ—سندرلال؛ باپو جی کے دل کو ٹکڑے ٹکڑے کردینے کے لئے کافی!—میرا بہن؛ جیو رکشا—بھگوان دین؛ ایک امریکی ایجنٹ اور ہندستان—سریش رام بھائی؛ سرکار کا دیوالیہ پن—سریش رام بھائی ۔

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने .

قیمت—ہندستان میں چھ روپیہ سال' باہر دس روپیہ سال' ایک پرچہ دس آنے ۔

मैनेजर
'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

مینیجر
'نیا ہند'
'145 مٹھی گنج' الہ آباد

याहिन्द   جھلاہ

सम्पादक — ताराचंद, भगवानदीन, मुज़फ़्फ़र हुसेन, विश्वम्भर नाथ, सुन्दरलाल
ایڈیٹر — تارا چند، بھگوان دین، مظفر حسین، ... ناتھ، سندر لال
सहायक सम्पादक — सुरेश रामभाई, ...

* * * * *

र के ख़ास लेख   س نمبر کے خاص لیکھ

नी कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद   ...انی کلچرسوسائٹی الٰہ آباد

अक्तूबर 1952 اکتوبر

क़ीमत ... आना   قیمت ... آنہ

Registered No. A—210

नई किताब

चाइना टू डे

लेखक—सुन्दरलाल

पहली अक्तूबर 1951 को नये चीन के लोकराज की दूसरी साल गिरह के मौक़े पर हिन्दुस्तान से एक गुडविल मिशन चीन गया था जिस के नेता पंडित सुन्दरलाल थे.

इस किताब से आपको मालूम होगा कि इस मिशन ने चालीस रोज़ नये चीन में रह कर क्या क्या देखा और, आज का चीन कैसा है, किस तरह वहां से वेश्यापन, भिकमंगी और बेरोज़गारी को ख़त्म किया गया, किस तरह वहां के बेज़मीन वाले करोड़ों किसानों को ज़मीन दी गई और नये खेती सुधार क़ानून से चीन कैसे भिकमंगे से अन्नदाता बन गया. किस तरह अमरीका की नाके बन्दी के बावजूद उसने अपने उद्योग धन्दे और कल कारख़ाने संभाल कर अपने को स्वावलम्बी बना लिया, किस तरह अपने तालीम के नये ढंग से पुराने पढ़े लिखों के दिमाग़ फेर कर उन्हें दुरुस्त किया और देश में नई जान फूंक दी, किस तरह शादी के नये क़ानून ने चीनी औरत को समाज के अन्दर मर्द के बराबर इज़्ज़त की जगह दी, किस तरह वहां के नेताओं ने ईमानदारी, सादगी और जनता की सेवा के तीन उसूलों पर चल कर देश के अन्दर से रिश्वत ख़ोरी, काम चोरी और सीना ज़ोरी ख़त्म की. देश के आर्थिक संगठन को ठीक किया. वग़ैरा वग़ैरा.

अगर आप विस्तार के साथ इन सवालों का जवाब पाना चाहते हैं और यह जानना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान नये चीन से क्या सबक़ ले सकता है तो इस किताब से आपको काफ़ी मदद मिलेगी. साथ ही साथ यह किताब एक सफ़र नामा है जिस में चालीस रोज़ की डायरी बेहतरीन और दिलचस्प ढंग से दी गई है.

700 से ज़ियादा सफ़े, बढ़िया काग़ज़, कपड़े की जिल्द, एक तिरंगी और तीस एकरंगी तसवीरें, दो रंगीन नक़शों के साथ—दाम सिर्फ़ साढ़े सात रुपये या 15 शिलिंग.

अपने यहां के बुकसेलरों से मंगाइये या हमें लिखिये.

मिलने का पता—

मैनेजर, नया हिन्द, 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

نئی کتاب

چائنا تو ڈے

لیکھک—سندر لال

پہلی اکتوبر 1951 کو نئے چین کے لوک راج کی دوسری سالگرہ کے موقعے پر ہندستان سے ایک گڈول مشن چین گیا تھا جس کے نیتا پنڈت سندر لال تھے .

اس کتاب سے آپکو معلوم ہوگا کہ اِس مشن نے چالیس روز نئے چین میں رہکر کیا کیا دیکھا اور' آج کا چین کیسا ہے' کس طرح وہاں سے ویشیاپن' بھکمنگی اور بےروزگاری کو ختم کیا گیا' کس طرح وہاں کے بےزمین والے کروڑوں کسانوں کو زمین دی گئی اور نئے کھیتی سدھار قانون سے چین کیسے بھکمنگے سے ان‌داتا بن گیا' کسطرح امریکہ کی ناکےبندی کے باوجود اُس نے اپنے اُدیوگ دھندے اور کل کارخانے سنبھال کر اپنے کو سواولمبی بنا لیا' کس طرح اپنے تعلیم کے نئے ڈھنگ سے پرانے پڑھے لکھوں کے دماغ پھیر کر اُنہیں درست کیا اور دیش میں نئی جان پھونک دی' کس‌طرح شادی کے نئے قانون نے چینی عورت کو سماج کے اندر مرد کے برابر عزت کی جگہ دی' کس‌طرح وہاں‌کے نیتاؤں نے ایمانداری' سادگی اور جنتا کی‌سیوا کے تین اُصولوں پر چل کر دیش کے اندر سے رشوت خوری' کام چوری اور سینازوری ختم کی' دیش کے آرتھک سنگھٹن کو ٹھیک کیا' وغیرہ وغیرہ .

اگر آپ وستار کے ساتھ اِن سوالوں کا جواب پانا چاہتے ہوں اور یہ جاننا چاہتے ہوں کہ ہندستان نئے چین سے کیا سبق لے سکتا ہے تو اس کتاب سے آپ کو کافی مدد ملیگی . ساتھ ہی ساتھ یہ کتاب ایک سفرنامہ ہے جس میں چالیس روز کی ڈائری بہترین اور دلچسپ ڈھنگ سے دی گئی ہے

700 سے زیادہ صفحے' بڑھیا کاغذ' کپڑے کی جلد' ایک ترنگی اور تیس ایک رنگی تصویریں' دو رنگین نقشوں کے ساتھ—دام صرف ساڑھے سات روپئے یا 15 شلنگ .

اپنے یہاں کے بکسیلروں سے منگائیے یا ہمیں لکھئے .

ملنے کا پتہ—

مینیجر' نیا ہند' 145' مٹھی گنج الہ‌آباد .

Printed and Published by Suresh Ramabhai, at the Naya Hind Press, 145, Muthiganj, Allahabad.

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

.क़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना ग्रौर प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों.

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अख़बारों, रिसालों ग़ैरा का छापना.

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना

—:०:—

"مجھے یہ دیکھ کر بھی بڑا درد ہوتا تھا کہ عام جنتا اس حالت کو سدھارنے کے لئے لگ بھگ کچھ بھی کوشش نہیں کر رہی ہے ۔ سب یہ سوچتے ہیں کہ ذمہ داری سرکار کی ہے۔ پر مشکل سے ہی کوئی ایسا ملے گا جس میں اتنا جوش ہو کہ ریلیف کا کوئی کام خود شروع کرے ۔ مجھے یہ دیکھ کر بڑی تکلیف ہوئی کہ پہلے کے رچناتمک کام کرنے والے اداسین تھے اور اس کام میں بہت کم دلچسپی لیتے تھے۔ لوگوں میں راج کاجی جاگرتی سماجک ہمدردی سے کہیں زیادہ ہے ۔ آزادی ملنے کے بعد اس کی امید نہیں تھی۔ مجھے ایسا لگتا ہے کہ ہمارے رچناتمک کاموں نے ہم میں یہ قابلیت پیدا نہیں کی کہ اس طرح کے سنکٹ کے سمے ہم کام کرسکیں ۔ مجھے آشا ہے کہ کم سے کم اب اس ذمہ داری سنبھالنے کے لئے پرائیویٹ کمیٹیاں بنیں گی ۔ یہ ایک ایسا موقع ہے جب کہ نئی پیڑھی کو آگے چل کر نیتا بننے کے لئے ٹریننگ دی جاسکتی ہے اگر انہیں کالجوں سے نکال کر اکال پیڑتوں کی مدد کے پروگرام میں حصہ لینے دیا جائے ۔ مجھے ڈر ہے کہ اس موقعہ کا اپیوگ آنے والے سمے کے نیتاؤں کو تیار کرنے کے لئے نہیں کیا جا رہا ہے ۔"

علاج

اب ہمیں اس مصیبت کے علاج پر کچھ وچار کرنا چاہئے ۔ گورکھ پور کے لوگوں کی غریبی کی سمسیا کوئی نئی سمسیا نہیں ہے۔ اترپردیش کے کئی اور پوربی ضلعوں میں بھی یہ سمسیا بہت پرانی ہے ۔ گورکھپور کے ضلعے میں باری باری سوکھا اور باڑھ کی وجہ سے برابر اکال پڑا کرتے ہیں۔ گاؤں میں زیادہ تر لوگوں کو بیس سال سے ٹھیک طرح کا کھانا نہیں ملا ہے ۔ گورکھپور کے لوگ برابر کانپور،

गए इस तरह की मौतों की सैकड़ों कहानियां मरे हुओं के रिश्तेदारों ने इस तरह सुनाई कि उन पर विश्वास न करने की कोई वजह नहीं थी. हम इन मौतों की तफ़सील या अलग अलग मौतों पर कुछ नहीं कहेंगे. फिर भी हमें इसमें ज़रा भी शक नहीं है कि अकेले फरेन्दा और महाराज गंज की तहसीलों में पिछले क़रीब दो महीनों के भीतर कम से कम कई सौ आदमी खाने की इस कमी की वजह से मर चुके हैं. अगर हम यह ख़्याल रखें कि लगातार तीन तीन फ़सलें नहीं हुईं और लोगों की ख़रीदारी की ताक़त हमेशा बहुत ही कम रही है, तो इसमें क्या ताज्जुब की बात है. ऐसी हालत में और हो ही क्या सकता था. कोई भी सरकार इन मौतों की ज़िम्मेदारी से अपने को बरी नहीं समझ सकती.

सरकारी काग़ज़ों में अदल बदल

कई जगहों पर सरकारी अफ़सर ख़ास तौर पर पुलिस अफ़सर उन लोगों के पास गए जिन्होंने अपने आदमियों की मौतों को भूक की वजह से हुई लिखाया था, और उनसे धमकी दे कर उनकी रिपोर्टों को बदलने के लिये कहा. हमने कई ऐसे मामले देखे जिनमें इस बात का साफ़ सबूत है कि सरकारी काग़ज़ों में मुजरिमाना अदल बदल की गई है. हमने ऐसे रजिस्टर देखे हैं, जिनमें "भूक से मर गया" को बदल कर "बुख़ार से मर गया" कर दिया गया है. या मौत का कारन "भूकमरी" को बदल कर "बुख़ार" कर दिया गया है. हमारी यह राय है कि ऐसे मामलों की तुरन्त पूरी और ईमानदारी से जांच होनी चाहिये और ऐसी हरकत को सख़्ती से बन्द करना चाहिये. ऐसे मामलों में सरकार या सरकारी अफ़सरों को ऐसे आदमियों को बचाने की कोशिश नहीं करनी चाहिये.

सरवे

पंडित सुन्दरलाल को इलाहाबाद लौट आना था. डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा फरेन्दा और महराजगंज तहसील के और गांवों में अकेले गए. कुमारप्पा जी ने क़रीब साढ़े तीन सौ मील का सफ़र किया. वह क़रीब 75 हज़ार आदमियों से गांवों में जा कर मिले. ज़ियादातर गांव जिनमें वह गए, बड़ी सड़कों से क़रीब चार पांच मील के भीतर ही थे. इससे यह ज़ाहिर है कि जो कुछ उन्होंने देखा वह अकाल के ख़ित्ते का सब से ख़राब हिस्सा नहीं था. हम यह समझते हैं कि और अन्दर के गांवों की हालत कहीं ज़ियादा ख़राब होगी. अपनी आंखों देखी को बयान करते हुए डाक्टर कुमारप्पा लिखते हैं:

"इन जगहों में लोगों के पास ग़रीबी बचाव से का खेती से मेल खाते हुए रोज़गार या दस्तकारी जैसा कोई और ऐसा ज़रिया नहीं है जिसका मुसीबत के वक़्त किसान

گئے اِس طرح کی موتوں کی سیکڑوں کہانیاں مرے ہوؤں کے رشتے داروں نے اِسطرح سنائیں کہ اُن پر وشواس نہ کرنے کی کوئی وجہ نہیں تھی ۔ ہم اِن موتوں کی تفصیل یا الگ الگ موتوں پر کچھ نہیں کہیں گے ۔ پھر بھی ہمیں اِس میں ذرا بھی شک نہیں ہے کہ اکیلے پھرندا اور مہراج گنج کی تحصیلوں میں پچھلے قریب دو مہینوں کے بھیتر کم سے کم کئی آدمی کھانے کی اس کمی کی وجہ سے مر چکے ہیں ۔ اگر ہم یہ خیال رکھیں کہ لگاتار تین تین فصلیں نہیں ہوئیں اور لوگوں کی خریداری کی طاقت ہمیشہ بہت ہی کم رہی ہے' تو اِس میں کیا تعجب کی بات ہے ۔ ایسی حالت میں اور ہو ہی کیا سکتا تھا ۔ کوئی بھی سرکار اِن موتوں کی ذمہ داری سے اپنے کو بری نہیں سمجھ سکتی ۔

سرکاری کاغذوں میں ادل بدل

کئی جگہوں پر سرکاری افسر خاص طور پر پولیس افسر اُن لوگوں کے پاس گئے جنہوں نے اپنے آدمیوں کی موتوں کو بھوک کی وجہ سے ہوئی لکھایا تھا' اور اُن سے دھمکی دے کر اُن کی رپورٹوں کو بدلنے کے لئے کہا ۔ ہم نے کئی ایسے معاملے دیکھے جن میں اِس بات کا صاف ثبوت ہے کہ سرکاری کاغذوں میں مجرمانہ ادل بدل کی گئی ہے ۔ ہم نے ایسے رجسٹر دیکھے ہیں' جن میں "بھوک سے مر گیا" کو بدل کر "بخار سے مر گیا" کر دیا گیا ہے ۔ یا موت کا کارن "بھکمری" کو بدل کر "بخار" کر دیا گیا ہے ۔ ہماری یہ رائے ہے کہ ایسے معاملوں کی ترنت پوری اور ایمانداری سے جانچ ہونی چاہئے اور ایسی حرکت کو سختی سے بند کرنا چاہئے ۔ ایسے معاملوں میں سرکار یا سرکاری افسروں کو ایسے آدمیوں کو بچانے کی کوشش نہیں کرنی چاہئے ۔

سروے

پنڈت سندر لال کو الہ آباد لوٹ آنا تھا ۔ ڈاکٹر جے ۔ سی ۔ کماریپا پھرندا اور مہراج گنج تحصیل کے اور گاؤں میں اکیلے گئے ۔ کماریپا جی نے قریب ساڑھے تین سو میل کا سفر کیا ۔ وہ قریب 75 ہزار آدمیوں سے گاؤں میں جاکر ملے ۔ زیادہ تر گاؤں جن میں وہ گئے' بڑی سڑکوں سے قریب چار پانچ میل کے بھیتر ہی تھے ۔ اس سے یہ ظاہر ہے کہ جو کچھ انہوں نے دیکھا وہ اکال کے خطے کا سب سے خراب حصہ نہیں تھا ۔ ہم یہ سمجھتے ہیں کہ اور اندر کے گاؤں کی حالت کہیں زیادہ خراب ہوگی ۔ اپنی آنکھوں دیکھی کو بیان کرتے ہوئے ڈاکٹر کماریپا لکھتے ہیں :

"ان جگہوں میں لوگوں کے پاس غریبی سے بچاؤ کا کھیتی سے میل کھاتے ہوئے روزگار یا دستکاری جیسا کوئی اور ایسا ذریعہ نہیں ہے جس کا مصیبت کے وقت کسان

हुए एक कारकर्ता गिर पड़े और उनके पैरों में चोट आ गई.

जनता की हालत

हम तहसील फरेन्दा के कई गांवों में गए. शिवपुर गांव में कई सौ गांव वाले हमें अपनी कहानी सुनाने के लिये इकट्ठा हो गये. उनके मुंह से उनकी कहानी सुनने की कोई ज़रूरत तक नहीं थी. दरजनों बच्चों के सूखे बदन जिन की पसलियां दूर से गिनी जा सकती थीं, उनके निकले हुए पेट और पीले और भूके चेहरों को देख कर दुख होता था. बालिग मर्दों और औरतों की हालत भी किसी मानी में उनसे बेहतर न थी. यह सब देख कर अवध के गांवों के सन 1908 के अकाल के दिनों की याद हमें आ गई. एक के बाद एक लगातार तीन फ़सलें मारी गईं. ज़ियादातर लोगों में अनाज खरीदने की ताक़त बिल्कुल नहीं के बराबर है. इसकी वजह से बहुत से लोग बहुत दिनों से घास के बीजों और खाने और न खाने लायक़ दोनों तरह की घास फूस पर जी रहे थे. इनकी इन खाने की चीज़ों के हमने कई नमूने देखे. हम उनकी झोंपड़ियों में गए और देखा कि उन्होंने सवेरे क्या पकाया था और शाम को वह क्या खाने वाले थे. ऐसी दर्दनाक हालत में कोई अचरज नहीं. गांव की ज़ियादातर आबादी भिकारी हो गई है. हमने उनसे बातें की और उनके गालों पर गिरते हुए आंसुओं के साथ उनकी दर्दनाक कहानी सुना.

भूक से मौतें

अब हम गोरखपुर की भुकमरी के सवाल पर कुछ रोशनी डालेंगे. इस पर बहुत बहस हो चुकी है. यह कहना बहुत मुश्किल है कि भुकमरी के क्या मानी होते हैं. हमें यह नहीं मालूम कि अकाल के क़ानून में भुकमरी की क्या परिभाषा की गई है, और परिभाषा की भी गई है या नहीं. हमारा और ज़ियादातर लोगों का यह तजुरबा है कि बुरे से बुरे अकाल में भी बहुत कम लोग सिर्फ़ भूक से मरते हैं. एक मामूली आदमी बिना खाने के, बिना पानी के नहीं, छै से ले कर दस हफ़्ते तक या उससे भी ज़ियादा ज़िन्दा रह सकता है. पिछले बंगाल के अकाल में मरने वाले तीस लाख आदमियों में से बहुत बड़ी तादाद सिर्फ़ भूक ही से नहीं बल्कि दस्त, पेचिश और बुख़ार जैसी बीमारियों से मरी. यह बीमारियां ऐसी चीज़ों के खाने से हुई थीं जो किसी तरह उन्हें मिल गई थीं, जो खराब और बे नाप तौल थीं और जो उन्होंने कई दिनों या एक हफ़्ते के लगातार भूके रहने के बाद खाई थीं. ऐसी मौतों को "भूक की मौतें", "अकाल की मौतें" या कोई भी और नाम दिया जा सकता है. पर ईमानदारी की बात यह है कि असल में यह मौतें जड़ में भूक ही की मौतें हैं. गोरखपुर ज़िले के जिन गांवों में हम

پر بیٹھے ہوئے ایک کارکرتا گر پڑے اور اُن کے پیروں میں چوٹ آ گئی ۔

جنتا کی حالت

ہم تحصیل پھرندا کے کئی گاؤں میں گئے۔ شیو پور گاؤں میں کئی سو گاؤں والے ہمیں اپنی کہانی سنانے کے لئے اکٹھا ہو گئے ۔ اُن کے منھ سے اُن کی کہانی سن نے کی کوئی ضرورت تک نہیں تھی ۔ درجنوں بچوں کے سوکھے بدن جن کی پسلیاں دور سے گنی جا سکتی تھیں، اُن کے نکلے ہوئے پیٹ اور پیلے اور بھوکے چہروں کو دیکھ کر دکھ ہوتا تھا ۔ بالغ مردوں اور عورتوں کی حالت بھی کسی معنی میں ان سے بہتر نہ تھی ۔ یہ سب دیکھکر اودھ کے گاؤں کے سن 1908 کے اکال کے دنوں کی یاد ہمیں آ گئی ۔ ایک کے بعد ایک لگاتار تین فصلیں ماری گئیں ۔ زیادہ تر لوگوں میں اناج خریدنے کی طاقت بالکل نہیں کے برابر ہے ۔ اسکی وجہ سے بہت سے لوگ بہت دنوں سے گھاس کے بیجوں اور کھانے اور نہ کھانے لائق دونوں طرح کی گھاس پھوس پر جی رہے تھے ۔ اِنکی ان کھانے کی چیزوں کے ہم نے کئی نمونے دیکھے۔ ہم اُنکی جھونپڑیوں میں گئے اور دیکھا کہ اُنھوں نے سویرے کیا پکایا تھا اور شام کو وہ کیا کھانے والے تھے ۔ ایسی درد ناک حالت میں کوئی اچرج نہیں ۔ گاؤں کی زیادہ تر آبادی بھکاری ہوگئی ہے ۔ ہم نے اُن سے باتیں کیں اور اُن کے گالوں پر گرتے ہوئے آنسوں کے ساتھ اُنکی درد ناک کہانی سنا ۔

بھوک سے موتیں ۔

اب ہم گورکھ پور کی بھکمری کے سوال پر کچھ روشنی ڈالیں گے ۔ اس پر بہت بحث ہو چکی ہے ۔ یہ کہنا بہت مشکل ہے کہ بھکمری کے کیا معنی ہوتے ہیں ۔ ہمیں یہ نہیں معلوم کہ اکال کے قانون میں بھکمری کی کیا پریبھاشا کی گئی ہے، اور پریبھاشا کی بھی گئی ہے یا نہیں۔ ہمارا اور زیادہ تر لوگوں کا یہ تجربہ ہے کہ برے سے برے اکال میں بھی بہت کم لوگ صرف بھوک سے مرتے ہیں ۔ ایک معمولی آدمی بنا کھانے کے، بنا پانی کے نہیں، چھ سے لے کر دس ہفتے تک یا اُس سے بھی زیادہ زندہ رہ سکتا ہے ۔ پچھلے بنگال کے اکال میں مرنے والے تیس لاکھ آدمیوں میں سے بہت بڑی تعداد صرف بھوک ہی سے نہیں بلکہ دست، پیچش اور بخار جیسی بیماریوں سے مری ۔ یہ بیماریاں ایسی چیزوں کے کھانے سے ہوئی تھیں جو کسی طرح اُنھیں مل گئی تھیں، جو خراب اور بے ناپ تول تھیں اور جو اُنھوں نے کئی دنوں یا ایک ہفتے کے لگاتار بھوکے رہنے کے بعد کھائی تھیں ۔ ایسی موتوں کو "بھوک کی موتیں" "اکال کی موتیں" یا کوئی بھی اور نام دیا جاسکتا ہے ۔ پر ایمانداری کی بات یہ ہے کہ اصل میں یہ موتیں جڑ میں بھوک ہی کی موتیں ہیں ۔ گورکھ پور ضلع کے جن گاؤں میں ہم

तहसील फरेन्दा गए. हमसे कई ऐसे केन्द्रों पर गए जो सरकार ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिये अभी हाल में खोले हैं. हमने वहां पर काम करने वाले कितने ही मज़दूरों और उन केन्द्रों के इन्चार्ज सरकारी नौकरों से बात चीत की. हमें यह मालूम हुआ कि सरकार ने अकाल पीड़ितों की मदद के लिये अब तक तहसील फरेन्दा और महराज गंज में, जहां की हालत सबसे खराब थी, दोनों तहसीलों को मिला कर कुल ऐसे लगभग पचास केन्द्र खोल रखे थे. हमें यह भी मालूम हुआ कि इन केन्द्रों पर काम में लगे हुए मज़दूरों की कुल गिनती क़रीब बीस हज़ार थी और क़रीब एक लाख ने वहां काम करने के लिये अर्ज़ियां दी थीं. इन में से ज़ियादातर को इन रिलीफ़ केन्द्रों में दाख़ले के लिये "कार्ड" नहीं दिये गए थे. कुछ मज़दूर रोज़ अपने घर से 6 से 8 मील तक पैदल चल कर इन रिलीफ़ केन्द्रों में काम करने आते थे. अर्ज़ियां देने वालों में से कुछ से कहा गया कि अपने घरों से चौदह मील दूर के केन्द्रों में जा कर काम करें. अधिकतर सड़कें बेहद ख़राब थीं जिसकी वजह से ज़ियादा-तर अर्ज़ियां देने वाले इस सलाह से फ़ायदा नहीं उठा पाते थे. नामुमकिन था कि लोग, ख़ास तौर पर भूक से मरते हुए लोग, रोज़ काम करने के लिये चौदह मील पैदल जायं और फिर चौदह मील चल कर अपने गावों को लौटें. इन कैम्पों में थोड़ी देर रह कर हम तीन नतीजों पर पहुंचे. पहला यह कि सरकार ने रिलीफ़ का काम शुरू कर के पब्लिक की तकलीफ़ को मान लिया है. यह तो ठीक ही है. इसे "रिलीफ़ का काम" (Relief Work) न कह कर "आज़माइश का काम" (Test Work) कहने से सिर्फ़ मालूम होता है कि सरकारी दिमाग़ कितने एहतियात से चलते हैं. दूसरा यह कि रिलीफ़ के यह काम पब्लिक की तकलीफ़ों को दूर करने के लिये अभी भी बहुत कम हैं. तीसरा यह कि इन केन्द्रों के इन्चार्जों में और ज़ियादा इनसानी हमदर्दी की ज़रूरत है.

इन रिलीफ़ केन्द्रों पर पूरे दिन काम करने की मज़दूरी हर बालिग़ मर्द को आठ आना, हर बालिग़ औरत को आठ आना और हर लड़के या लड़की को चार आना, मिलती थी. कहीं कहीं उसी वक़्त बालिग़ मर्द की मज़दूरी आठ आने से बढ़ा कर दस आने कर दी गई थी. अनाज वग़ैरा के चालू भाव देखते हुए और यह देखते हुए कि एक घर के सिर्फ़ एक ही आदमी को एक कैम्प में काम करने दिया जायगा, हमारा कहना है कि मज़दूरी बहुत कम है.

दोपहर के बाद हमने पास के कुछ गांवों में जाना तय किया. मोटर के लिये ख़ास तौर पर हाल की बारिश के बाद सड़कें बहुत ख़राब थीं. आने जाने के लिये सिर्फ़ हाथी ही की सवारी मिल सकती थी. सड़कों पर इतनी कीचड़ थी कि हमारे दो हाथियों में से एक फिसल गया, उस पर चढ़े

سے تحصیل پھرندا گئے ۔ ہم کئی ایسے کیندروں پر گئے جو سرکار نے اکال پیڑتوں کی مدد کے لئے ابھی حال میں کھولے ہیں ۔ ہم نے وہاں پر کام کرنے والے کتنے ہی مزدوروں اور اُن کیندروں کے انچارج سرکاری نوکروں سے بات چیت کی ۔ ہمیں یہ معلوم ہوا کہ سرکار نے اکال پیڑتوں کی مدد کے لئے اب تک تحصیل پھرندا اور مہراج گنج میں، جہاں کی حالت سب سے خراب تھی، دونوں تحصیلوں کو ملا کر کل ایسے لگ بھگ پچاس کیندر کھول رکھے تھے ۔ ہمیں یہ بھی معلوم ہوا کہ اِن کیندروں پر کام میں لگے ہوئے مزدوروں کی کل گنتی قریب بیس ہزار تھی اور قریب ایک لاکھ نے وہاں کام کرنے کے لئے عرضیاں دی تھیں ۔ اِن میں سے زیادہ ترکو اِن ریلیف کیندروں میں داخلے کے لئے "کارڈ" نہیں دیئے گئے تھے ۔ کچھ مزدور روز اپنے گھر سے 6 سے 8 میل تک پیدل چل کر ان ریلیف کیندروں میں کرنے کام آتے تھے ۔ عرضیاں دینے والوں میں سے کچھ سے کہا گیا کہ اپنے گھروں سے چودہ میل دور کے کیندروں میں جا کر کام کریں ۔ ادھک تر سڑکیں بے حد خراب تھیں جس کی وجہ سے زیادہ تر عرضیاں دینے والے اِس صلاح سے فائدہ نہیں اُٹھا پاتے تھے ۔ ناممکن تھا کہ لوگ، خاص طور پر بھوک سے مرتے ہوئے لوگ، روز کام کرنے کے لئے چودہ میل پیدل جائیں اور پھر چودہ میل چلکر اپنے گاؤں کو لوٹیں ۔ اِن کیمپوں میں تھوڑی دیر رہ کر ہم تین نتیجوں پر پہونچے ۔ پہلا یہ کہ سرکار نے ریلیف کا کام شروع کر کے پبلک کی تکلیف کو مان لیا ہے ۔ یہ تو ٹھیک ہی ہے ۔ اِسے 'ریلیف کا کام' (Relief Work) نہ کہکر "آزمائش کا کام" (Test Work) کہنے سے صرف معلوم ہوتا ہے کہ سرکاری دماغ کتنے احتیاط سے چلتے ہیں ۔ دوسرا یہ کہ ریلیف کے یہ کام پبلک کی تکلیفوں کو دور کرنے کے لئے ابھی بھی بہت کم ہیں ۔ تیسرا یہ کہ اِن کیندروں کے انچارجوں میں اور زیادہ اِنسانی ہمدردی کی ضرورت ہے ۔

اِن ریلیف کیندروں پر پورے دن کام کرنے کی مزدوری ہر بالغ مرد کو آٹھ آنا، ہر بالغ عورت کو آٹھ آنا اور ہر لڑکے یا لڑکی کو چار آنا، ملتی تھی ۔ کہیں کہیں اُسی وقت بالغ مرد کی مزدوری آٹھ آنے سے بڑھا کر دس آنے کر دی گئی تھی ۔ اناج وغیرہ کے چالو بھاؤ کو دیکھتے ہوئے اور یہ دیکھتے ہوئے کہ ایک گھر کے صرف ایک ہی آدمی کو ایک کیمپ میں کام کرنے دیا جائے گا، ہمارا کہنا ہے کہ مزدوری بہت کم ہے ۔

دوپہر کے بعد ہم نے پاس کے کچھ گاؤں میں جانا طے کیا ۔ موٹر کے لئے خاص طور پر حال کی بارش کے بعد سڑکیں بہت خراب تھیں ۔ آنے جانے کے لئے صرف ہاتھی ہی کی سواری مل سکتی تھی ۔ سڑکوں پر اتنی کیچڑ تھی کہ ہمارے دو ہاتھیوں میں سے ایک پھسل گیا، اُس پر چڑھے

हमारी राय

ہماری رائے

गोरखपुर के अकाल पर पंडित सुन्दरलाल
और
डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा का बयान

गोरखपुर के अकाल की हालत की जांच करने के लिये वहां से बुलावा आने पर मैं 26 अगस्त को सवेरे इलाहाबाद पहुँचा. मैंने पंडित सुन्दरलाल से साथ चलने को कहा. वह राज़ी हो गए.

पहले मैं अकेला गोरखपुर पहुंचा. मैंने 27 अगस्त को वहां की हालत पर उस वक़्त तक के सरकारी और ग़ैर सरकारी हर तरह के बयानों को पढ़ा. मैं श्री शिब्बनलाल सक्सेना के पास गया, श्री जगन प्रसाद रावत, डिप्टी मिनिस्टर, गोरखपुर रिलीफ़ के इनचार्ज, से मिला और मैंने वहां के ख़ास ख़ास आदमियों से वहां की गिरानी के बारे में सही बातें जानने की कोशिश की.

श्री शिब्बनलाल सक्सेना का उपवास

28 अगस्त को पंडित सुन्दरलाल भी वहां पहुँच गए. हमने सबसे पहले श्री शिब्बन लाल सक्सेना को इस बात के लिये राज़ी किया कि वह उपवास तोड़ कर श्री जगन प्रसाद रावत और दूसरे सरकारी अफ़सरों का पब्लिक की तकलीफ़ दूर करने में साथ दें. हम श्री जगन प्रसाद रावत से मिले. उन्होंने हमें इतमिनान दिलाया कि वह पब्लिक की तकलीफ़ दूर करने में श्री शिब्बन लाल सक्सेना और उनके दोस्तों के साथ मिल कर काम करेंगे और उनकी सलाह से पूरा फ़ायदा उठायेंगे. जब दोनों तरफ़ से इसका इतमिनान हो गया तो उसी दिन शाम को छै बजे श्री शिब्बन लाल सक्सेना ने उपवास तोड़ दिया. उस समय वहां पर श्री जगन प्रसाद रावत, गोरखपुर के कई कारकर्ता और शहर के ख़ास ख़ास लोग मौजूद थे.

तकलीफ़ और उसे दूर करना

29 अगस्त को सवेरे हम लोग श्री शिब्बन लाल सक्सेना और कई कारकर्ताओं को साथ ले कर गोरखपुर

گورکھ پور کے اکال پر پنڈت سندرلال
اور
ڈاکٹر جے. سی. کمارپپا کا بیان

گورکھ پور کے اکال کی حالت کی جانچ کرنے کے لئے وہاں سے بلاوا آنے پر میں 26 اگست کو سویرے الہ آباد پہونچا. میں نے پنڈت سندر لال سے ساتھ چلنے کو کہا. وہ راضی ہوگئے.

پہلے میں اکیلا گورکھ پور پہونچا. میں نے 27 اگست کو وہاں کی حالت پر اس وقت تک کے سرکاری اور غیر سرکاری ہر طرح کے بیانوں کو پڑھا. میں شری شبن لال سکسینا کے پاس گیا، شری جگن پرساد راوت، ڈپٹی منسٹر، گورکھ پور ریلیف کے انچارج، سے ملا اور میں نے وہاں کے خاص خاص آدمیوں سے وہاں کی گرانی کے بارے میں صحیح باتیں جاننے کی کوشش کی.

شری شبن لال سکسینا کا اپواس.

28 اگست کو پنڈت سندر لال بھی وہاں پہونچ گئے. ہم نے سب سے پہلے شری شبن لال سکسینا کو اس بات کے لئے راضی کیا کہ وہ اپواس توڑ کر شری جگن پرساد راوت اور دوسرے سرکاری افسروں کا پبلک کی تکلیف دور کرنے میں ساتھ دیں. ہم شری جگن پرساد راوت سے ملے. انہوں نے ہمیں اطمینان دلایا کہ وہ پبلک کی تکلیف دور کرنے میں شری شبن لال سکسینا اور ان کے دوستوں کے ساتھ ملکر کام کریں گے اور ان کی صلح سے پورا فائدہ اٹھائیں گے. جب دونوں طرف سے اس کا اطمینان ہوگیا تو اسی دن شام کو چھ بجے شری شبن لال سکسینا نے اپواس توڑ دیا. اس سمے وہاں پر شری جگن پرساد راوت، گورکھپور کے کئی کارکرتا اور شہر کے خاص خاص لوگ موجود تھے.

تکلیف اور اسے دور کرنا.

29 اگست کو سویرے ہم لوگ شری شبن لال سکسینا اور کئی کارکرتاؤں کو ساتھ لے کر گورکھپور

गिर सकता है इसका अनुवाद नहीं किया जा सकता. भूक इस सवाल का असरदार जवाब है.

किसी भी अनुवाद की तारीफ़ यह है कि अनुवाद अनुवाद मालूम न हो. मख़मूर जालंधरी ने ऐसा अनुवाद किया है कि मालूम होता है 'भूक' ख़ुद उनकी ही लिखी किताब है.

मकतबा शाहराह ने भूक छाप कर उर्दू जगत को बहुत बड़ी भेंट दी है और हम उसको इस पर बधाई देते हैं.

—मुजीब रिज़वी

रजत रश्मि

लिखने वाले—डाक्टर राम कुमार वर्मा; निकालने-वाले—भारतीय ज्ञानपीठ, काशी; लिखावट—हिन्दी; सफ़ा—174; दाम—ढ़ाई रुपया.

भारत की दूसरी भाषाओं के मुक़ाबले में हिन्दी नाटक बहुत पीछे है. हिन्दी उरदू दोनों में ही यह कमी बुरी तरह खटकती है. इने गिने लोगों के दम से ही हिन्दी नाटक का दीप जल रहा है और डाक्टर राम कुमार वर्मा इन में से एक हैं. राम कुमार ने हिन्दी एकांकी नाटक को एक नई शैली दी है. 'रजत रश्मि' में हिन्दी के इस मशहूर नाटककार के पांच एकांकी नाटक हैं—प्रतिशोध, तैमूर की हार, दुर्गावती, औरंगज़ेब की आख़िरी रात, कलंक रेखा. लग भग यह सारे नाटक इलाहाबाद रेडियो पर खेले जा चुके हैं. इन सब का आधार इतिहास है. इतिहास सभी पढ़ते हैं लेकिन साहित्यकार केवल चलती फिरती घटनाओं को ही नहीं पढ़ता बल्कि उन घटनाओं के स्रोत को भी जानने की कोशिश करता है, इतिहास की आत्मा को समझने की पूरी चेश्टा करता है. इन नाटकों में इतिहास है पर इन में इतिहास की आत्मा नहीं है. अंगरेज़ों का लिखा झूटा इतिहास हमें अन्धेरे की तरफ़ ले जाता है, हमें अब असली इतिहास की खोज होनी चाहिये और ग़लत घटनाओं पर ग़लत भाव पैदा कर के उन्हें साहित्य का जामा न पहनाना चाहिये—हम आशा करते हैं कि राम कुमार जी पुराने इतिहास को अपनी जगह पर छोड़ कर अब हमें उस इतिहास के नाटक देंगे जो इतिहास बन रहा है, जनता जिसे बना रही है, और जो सच्चा इतिहास है

—मुजीब रिज़वी

کر سکتا ہے اِس کا انوواد نہیں کیا جا سکتا ۔ ' بھوک ' اِس سوال کا اثردار جواب ہے ۔

کسی بھی انوواد کی تعریف یہ ہے کہ انوواد انوواد معلوم نہ ہو ۔ مخمور جالندھری نے ایسا انوواد کیا ہے کہ معلوم ہوتا ہے ' بھوک ' خود اُن کی ھي لکھی کتاب ہے ۔

مکتبہ شاہراہ نے ' بھوک ' چھاپ کر اُردو جگت کو بہت بڑی بھینٹ دي ہے اور ہم اُس کو اِس پر بدھائی دیتے ہیں ۔

—مجیب رضوی

رجت رشمی

لکھنے والے—ڈاکٹر رام کمار ورما؛ نکالنے والے—بھارتیہ گیان پیٹھ' کاشی؛ لکھاوٹ—ہندی؛ صفحہ—174؛ دام—ڈھائی روپیہ ۔

بھارت کی دوسری بھاشاؤں کے مقابلے میں ہندي ناٹک بہت پیچھے ہے ۔ ہندی اُردو دونوں میں ہی یہ کمی بری طرح کھٹکتی ہے ۔ اِنے گنے لوگوں کے دم سے ہی ہندی ناٹک کا دیپ جل رہا ہے اور ڈاکٹر رام کمار ورما اِن میں سے ایک ہیں ۔ رام کمار نے ہندی ایکانکی ناٹک کو ایک نئی شیلی دی ہے ۔ 'رجت رشمی' میں ہندی کے اِس مشہور ناٹک کار کے پانچ ایکانکی ناٹک ہیں—پرتی شودھ' تیمور کي ہار' درگا وتی' اورنگ زیب کي آخری رات' کلنک ریکھا ۔ لگ بھگ یہ سارے ناٹک الہ آباد ریڈیو پر کھیلے جا چکے ہیں ۔ اِن سب کا آدھار اتہاس ہے ۔ اتہاس سبھی پڑھتے ہیں لیکن ساہتیہ کار کیول چلتی پھرتی گھٹناؤں کو ہی نہیں پڑھتا بلکہ اُن گھٹناؤں کے سروت کو بھی جاننے کی کوشش کرتا ہے' اتہاس کی آتما کو سمجھنے کي پوری چیشٹا کرتا ہے ۔ اِن ناٹکوں میں اتہاس ہے پر اِن میں اتہاس کی آتما نہیں ہے ۔ انگریزوں کا لکھا جھوٹا اتہاس ہمیں اندھیرے کی طرف لے جاتا ہے' ہمیں اب اصلی اتہاس کی کھوج ہونی چاہئے اور غلط گھٹناؤں پر غلط بھاؤ پیدا کرکے اُنہیں ساہتیہ کا جاما نہ پہنانا چاہئے—ہم آشا کرتے ہیں کہ رام کمار جی پرانے اتہاس کو اپنی جگہ پر چھوڑ کر اب ہمیں اُس اتہاس کے ناٹک دیں گے جو اتہاس بن رہا ہے' جنتا جسے بنا رہی ہے' اور جو سچا اتہاس ہے ۔

—مجیب رضوی

राजनीति समस्या

लिखने वाले—स्वामी सत्य भक्त; मिलने का पता—सत्याश्रम, वर्धा; लिखावट—हिन्दी; सफ़ा—92; दाम—चौदह आना.

इस किताब के लिखने वाले सत्य भक्त जी लिखने की राह में लीक लीक चलने वाले नहीं हैं. वह हमेशा नई राह बना कर चलते हैं. इस किताब में भी पढ़ने वालों को उनकी लेखनी की नई सूझ देखने को मिलेगी. रिश्वत खोरी, चुनाव, हर बात में दूसरे मुल्कों की नक़ल और एक दम पुराने ढंग की दोहाई पीटना, इन सब पर खूब प्रकाश डाला गया है. बुराइयों का रोना नहीं रोया गया. यह भी सुझाया गया है कि किस तरह क्या करना चाहिये. भाशा भी सीधी सादी है. मामूली पढ़े लिखे पढ़ सकते और समझ सकते हैं. राजनीति पर इस तरह की किताबें कम लिखी गई हैं. हमारी राय में इस छोटी सी किताब को उन्हें मंगाकर ज़रूर पढ़ना चाहिये जिन्हें राजनीति में कुछ रस आता है.

म. द.

راج نیت سمسیا

لکھنے والے—سوامی ستیہ بھگت؛ ملنے کا پتہ—ستیہ آشرم، وردھا؛ لکھاوٹ—ہندی؛ صفحہ—92؛ دام چودہ آنا .

اِس کتاب کے لکھنے والے ستیہ بھگت جی لکھنے کی راہ میں لیکھ لیکھ چلنے والے نہیں ہیں . وہ ہمیشہ نئی راہ بنا کر چلتے ہیں . اس کتاب میں بھی پڑھنے والوں کو اُن کی لیکھنی کی نئی سوجھ دیکھنے کو ملے گی . رشوت خوری، چناؤ، ہر بات میں دوسرے ملکوں کی نقل اور ایک دم پرانے ڈھنگ کی دوہائی پیٹنا، اِن سب پر خوب پرکاش ڈالا گیا ہے . برائیوں کا رونا نہیں رویا گیا . یہ بھی سجھایا گیا ہے کہ کس طرح کیا کرنا چاہئے . بھاشا بھی سیدھی سادی ہے . معمولی پڑھے لکھے پڑھ سکتے اور سمجھ سکتے ہیں . راج نیت پر اِس طرح کی کتابیں کم لکھی گئی ہیں . ہماری رائے میں اِس چھوٹی سی کتاب کو اُنہیں منگا کر ضرور پڑھنا چاہئے جنہیں راج نیت میں کچھ رس آتا ہے .

—م . د .

भूक

लिखने वाले—नेट हेमसन; अनुवाद करने वाले—मख़मूर जालंधरी; निकालने वाले—मकतबा शाह राह, देहली; लिखावट—उरदू; सफ़ा—229; क़ीमत—तीन रुपया.

नेट हेमसन नार्वे के मशहूर लेखक थे. सन 1920 में इन के नावेल 'Hunger' को नोबिल प्राइज़ मिला था. नार्वे में इस नावेल ने हलचल मचा दी थी, लोगों के सामने साहित्य का एक नया मैदान खोल दिया था. 'भूक' उसी नावेल का उर्दू अनुवाद है. यह किताब एक भूके लेखक की जीवन कथा है. 'भूक' में लेखक क्या सोच सकता है, क्या कर सकता है, क्या क्या करने पर वह मजबूर हो सकता है, कहां कहां वह ठोकरें खा सकता है, इस सब की तसवीर 'भूक' में मिलती है. इस किताब में उसे शायद मज़ा न आए जिसने न कभी भूक की जलन महसूस की हो और न ही भूकों के मनोविज्ञान को जानता हो. बहुत से लोग कहते हैं कि रोटी ही सब कुछ नहीं है. यह ठीक है कि रोटी ही सब कुछ नहीं है लेकिन रोटी के बिना किन किन गढ़ों में आदमी

بھوک

لکھنے والے—نٹ ہیمسن؛ انوواد کرنے والے—مخمور جالندھری؛ نکالنے والے—مکتبہ شاہراہ، دہلی؛ لکھاوٹ—اُردو؛ صفحہ—229؛ قیمت تین روپیہ .

نٹ ہیمسن ناروے کے مشہور لیکھک تھے . سن 1920 میں ان کے ناول 'Hunger' کو نوبل پرائز ملا تھا . ناروے میں اس ناول نے ہلچل مچادی تھی، لوگوں کے سامنے ساہتیہ کا ایک نیا میدان کھول دیا تھا . 'بھوک' اسی ناول کا اُردو انوواد ہے . یہ کتاب ایک بھوکے لیکھک کی جیون کتھا ہے . 'بھوک' میں ایک لیکھک کیا سوچ سکتا ہے، کیا کر سکتا ہے، کیا کیا کرنے پر وہ مجبور ہو سکتا ہے، کہاں کہاں وہ ٹھوکریں کھا سکتا ہے، اِس سب کی تصویر 'بھوک' میں ملتی ہے . اس کتاب میں اسے شاید مزا نہ آئے جس نے نہ کبھی بھوک کی جلن محسوس کی ہو اور نہ ہی بھوکوں کے منووگیان کو جانتا ہو . بہت سے لوگ کہتے ہیں کہ روٹی ہی سب کچھ نہیں ہے . یہ ٹھیک ہے کہ روٹی ہی سب کچھ نہیں ہے لیکن روٹی کے بنا کن کن گڑھوں میں آدمی

आदमी और सिक्के

लिखने वाले—महेन्द्र नाथ; निकालने वाले—मकतबा शाहराह, देहली; लिखावट—उर्दू, सफ़ा—192; क़ीमत—दो रुपया बारह आना.

कहानीकार की हैसियत से महेन्द्र नाथ उर्दू जगत में बहुत मशहूर हो चुके हैं लेकिन नावेल के मैदान में 'आदमी और सिक्के' इन का पहला तजुरबा है. इस नावेल में कोई प्लाट नहीं है और न इस का कोई हीरो है. सिक्का घटनाओं को जन्म देता है, कैरेक्टरों को जन्म देता है, उनकी परवरिश करता है. आदमी सिक्के के बहाव में बहते जाते हैं, कुछ बहते बहते उभर पड़ते हैं और साथियों की आत्मा को झकझोर कर कहते हैं—इस गन्द से निकल आओ, इस मुसीबत से बच निकलो. इसके बाहर ही जीवन है, मोक्ष है, सब कुछ है. लोग सुनते हैं, कभी कभी उनके कान खड़े भी होते हैं, वह तैयार भी होते हैं लेकिन सिक्का फिर उन्हें बहा ले जाता है. अन्त में या वह खुदकुशी कर लेते हैं, या निराश हो कर बैठ रहते हैं, अन्तर आत्मा का गला घोंट देते हैं. इस नावेल में घटनाएं नहीं बोलतीं बल्कि महेन्द्र नाथ अपनी लोचदार रंगीन भाशा से पढ़ने वाले का ध्यान क़ाबू में रखते हैं और कहीं कहीं वह बात भी उसके दिमाग़ में उतार देते हैं जो कि वह इस नावेल के ज़रिये कहना चाहते हैं. नावेल में जिन्सी लज़्ज़त के चटख़ारे बहुत हैं और उन्होंने असली मक़सद को लगभग गुम सा कर दिया है. जीवन आज जैसा भी है उसे केवल उसी तरह काग़ज़ के सफ़्हों पर रंग देना आज के साहित्य की मांग नहीं है. आज के साहित्य कार का फ़र्ज़ है कि वह इस पर भी रोशनी डाले कि जीवन क्या होना चाहिये. हमेशा की तरह महेन्द्रनाथ समाज की गन्दगी की तसवीर खींचने में काफ़ी हद तक सफल हो गए हैं लेकिन किसी बेहतर समाज की असरदार तसवीर वह पढ़ने वाले के सामने नहीं रख सके.

किताब की छपाई और गेटअप बहुत ही अच्छा है, और बिना किसी दो राय के इसका सेहरा मकतबा शाहराह के सर है.

—मुजीब रिज़वी

آدمی اور سکے

لکھنے والے—مہیندر ناتھ؛ نکالنے والے—مکتبہ شاہراہ، دہلی؛ لکھاوٹ—اردو، صفحہ—192؛ قیمت—دو روپیہ بارہ آنہ .

کہانی‌کار کی حیثیت سے مہیندر ناتھ اردو جگت میں بہت مشہور ہوچکے ہیں لیکن ناول کے میدان میں 'آدمی اور سکے' ان کا پہلا تجربہ ہے . اس ناول میں کوئی پلاٹ نہیں ہے اور نہ اس کا کوئی ہیرو ہے. سکہ گھٹناؤں کو جنم دیتا ہے، کیریکٹروں کو جنم دیتا ہے، ان کی پرورش کرتا ہے . آدمی سکے کے بہاؤ میں بہتے جاتے ہیں، کچھ بہتے بہتے ابھر پڑتے ہیں اور ساتھیوں کی آتما کو جھنجھوڑ کر کہتے ہیں—اس گند سے نکل آؤ، اس مصیبت سے بچ نکلو. اس کے باہر ہی جیون ہے، موکش ہے، سب کچھ ہے . لوگ سنتے ہیں، کبھی کبھی ان کے کان کھڑے بھی ہوتے ہیں، وہ تیار بھی ہوتے ہیں لیکن سکہ پھر انہیں بہا لے جاتا ہے . انت میں یا وہ خودکشی کر لیتے ہیں، یا نراش ہوکر بیٹھ رہتے ہیں، انتر آتما کا گلا گھونٹ دیتے ہیں . اس ناول میں گھٹنائیں نہیں بولتیں بلکہ مہیندر ناتھ اپنی لوچدار رنگین بھاشا سے پڑھنے والے کا دھیان قابو میں رکھتے ہیں اور کہیں کہیں وہ بات بھی اس کے دماغ میں اتار دیتے ہیں جو کہ وہ اس ناول کے ذریعہ کہنا چاہتے ہیں. ناول میں جنسی لذت کے چٹخارے بہت ہیں اور انہوں نے اصلی مقصد کو لگ بھگ گم سا کر دیا ہے . جیون آج جیسا بھی ہے اسے کیول اسی طرح کاغذ کے صفحوں پر رنگ دینا آج کے ساہتیہ کی مانگ نہیں ہے . آج کے ساہتیہ کار کا فرض ہے کہ وہ اس پر بھی روشنی ڈالے کہ جیون کیا ہونا چاہئے . ہمیشہ کی طرح مہیندر ناتھ سماج کی گندگی کی تصویر کھینچنے میں کافی حد تک سپھل ہوگئے ہیں لیکن کسی بہتر سماج کی اثردار تصویر وہ پڑھنے والے کے سامنے نہیں رکھ سکے .

کتاب کی چھپائی اور گیٹ‌اپ بہت ہی اچھا ہے، اور بنا کسی دو رائے کے اس کا سہرا مکتبہ شاہراہ کے سر ہے.

—مجیب رضوی

किताबें  کتابیں

विपत रूस में सदाचार

लिखने वाले—मुजीब रिज़वी; निकालने वाले—पीपुल्स लशिंग हाऊस लिमिटेड, बम्बई 4; लिखावट—हिन्दी; —26; क़ीमत—छे आने.

लेखक ने इस छोटी सी किताब में इस सवाल का ब कि रूस में सदाचार जैसी कोई चीज़ नहीं है इस से दिया है कि पढ़ने वाले को ज़रूर तसल्ली हो जायगी रूस पर यह इलज़ाम ग़लत लगाया जाता है. इतना ही , उसकी समझ में यह बात भी आजायगी कि रूस ने तरीक़े से धीरे धीरे असदाचार को हटा कर सदाचार जगह दी है उस तरीक़े से अगर कहीं भी अमल किया तो असदाचार दूर हो सकता है. इस किताब को पढ़ तो ऐसा मालूम होता है कि सदाचार अगर कहीं है तो रूस में ही है. आम आदमियों के पढ़ने की यह चीज़ ही। पर अगर इसे वह भी पढ़ जायं जिन के हाथ में की बागडोर है तो और भी अच्छा.

—म. द.

سوویت روس میں سداچار

لکھنے والے—مجیب رضوی؛ نکلنے والے—پیپلس پبلشنگ ہاؤس لیمیٹڈ، بمبی 4؛ لکھاوٹ—ھندی؛ صفحے—26؛ قیمت—چھ آنے۔

لیکھک نے اس چھوٹی سی کتاب میں اس سوال کا جواب کہ روس میں سداچار جیسی کوئی چیز نہیں ہے اس خوبی سے دیا ہے کہ پڑھنے والے کو ضرور تسلی ہو جائے گی کہ روس پر یہ الزام غلط لگایا جاتا ہے۔ اتنا ہی نہیں، اس کی سمجھ میں یہ بات بھی آجائے گی کہ روس نے جس طریقے سے دھیرے دھیرے اسداچار کو ہٹا کر سداچار کو جگہ دی ہے اس طریقے سے اگر کہیں بھی عمل کیا جائے تو اسداچار دور ہو سکتا ہے۔ اس کتاب کو پڑھکر تو ایسا معلوم ہوتا ہے کہ سداچار اگر کہیں ہے تو وہ روس میں ہی ہے۔ عام آدمیوں کے پڑھنے کی یہ چیز تو ہے ہی پر اگر اسے وہ بھی پڑھ جائیں جن کے ہاتھ میں راج کی باگ ڈور ہے تو اور بھی اچھا۔

—م. د.

मान

लिखने वाले—महाकवि अनूप; निकालने वाले—ज्ञान काशी; लिखावट—हिन्दी.

वर्धमान पुस्तक अपने ढंग की अनोखी पुस्तक है. न यानी जैनों के आख़िरी तीर्थंकर महावीर स्वामी कर यह काव्य लिखा गया है. यह न इतिहास है न , जीवनी भी नहीं, कोरा काव्य है. और इस ढंग का है कि वर्धमान की जगह अगर किसी दूसरे का नाम दिया जाय तो उस पर भी ठीक बैठ सकता है. इसमें न कहीं ढूंढे नहीं मिलते. पुस्तक भर में काव्य के अनूप ही चमक रहे हैं. ज्ञान पीठ ने क्या समझ कर किसके लिये यह पुस्तक अपने यहां से निकाली है समझ में नहीं आता.

—म. द.

وردھمان

لکھنے والے—مہاکوی انوپ؛ نکالنے والے—گیان پیٹھ کاشی؛ لکھاوٹ—ھندی۔

وردھ مان پستک اپنے ڈھنگ کی انوکھی پستک ہے۔ وردھمان یعنی جینوں کے آخری تیرتھنکر مہاویر سوامی کو لے کر یہ کاویہ لکھا گیا ہے۔ یہ نہ اتہاس ہے نہ پران، جیونی بھی نہیں، کورا کاویہ ہے۔ اور اس ڈھنگ کا کاویہ ہے کہ وردھ مان کی جگہ اگر کسی دوسرے کا نام لکھ دیا جائے تو اس پر بھی ٹھیک بیٹھ سکتا ہے۔ اس میں وردھ مان کہیں ڈھونڈھے نہیں ملتے پستک بھر میں کاویہ کے روپ میں انوپ ہی چمک رہے ہیں۔ گیان پیٹھ نے کیا سمجھکر اور کس کے لئے یہ پستک اپنے یہاں سے نکالی ہے یہ سمجھ میں نہیں آتا۔

—م. د.

सरदार बोला—मैं दसियों साधुओं से मिला. दो-चार पहुंचे हुए कहे जाने वाले संतों के पांव छुए पर कोई मेरा दिल न धो सका. उल्टे चोरी की आदत में बढ़ती हुई. साधु संत निडर नहीं होते, न सच बोलते हैं, सच में रमे हुए नहीं होते. यह बच्चे सिर से पैर तक सच की मूरत हैं. चोर को वह ऐसा ही आदमी समझते हैं जैसा साधु और संत को. इनके एक एक शब्द से मेरा मन धुलता है, चमकता है और आंखों के रास्ते बरस पड़ता है. हां, अब आप आगे सुनाइये.

मौसी—हां, मैं कुछ न समझ पाई और आप से मिलने को जी मचल पड़ा. बच्चों ने आपस में आप को देखने की बात की, मेरा बच्चा भी आप को देखने के लिये ललचा गया. फिर भी मैं न समझ पाई. हां, यह मैं जानती हूँ मेरी बहन के दोनों बच्चे कभी झूट नहीं बोलते. पर यह न समझ पाई कि रात को इन दोनों ने चोर कहां से देख लिया! न रात को मोहल्ले में कुछ हुआ न किसी ने कुछ कहा. बस चलते चलते मैंने इन बच्चों से कह दिया, जब आप आएं तब मुझे बुला लिया जाय. यह सब मुझे बुला लाए और मैंने आपके दर्शन कर लिये.

दर्शन की बात सुनकर सरदार से न रहा गया. बोला—हम.........कुछ रुका—हमारे और दर्शन!

मौसी—जब आपने आंसू बहा कर दिल धो लिया तब फिर दर्शन क्यों नहीं? मौसी कुछ कहे कि हंसमुखी सरदार का हाथ पकड़ कर बोली, मामा चोरी कैसी होती है? इस सवाल को सुन कर हंसमुखी और सचबहादुर दोनों सरदार की तरफ झुक कर जवाब सुनने के लिये बिलकुल चुप होकर खड़े हो गए.

सरदार ने हंसमुखी को गोदी में उठा कर और उसे पुचकार कर जैसे ही कहा 'चोरी ऐसी होती है' कि तीनों बच्चे खिलखिला कर हंस पड़े.

हंसमुखी—फिर रात क्यों नहीं की थी?

सरदार—बिटिया, रात को भूल गया इसीलिये दिन में चोरी करने आना पड़ा.

हंसमुख हंसमुखी दोनों अम्मा से पूछ बैठे, अम्मा तुम हमें रोज पुचकारती हो, बताया क्यों नहीं पुचकारने को चोरी कहते हैं?

सचबहादुर बोल पड़ा, मामा की चोरी बड़ी अच्छी है. मोहल्ले वाले चोरी को कुछ का कुछ बताते हैं, चोरों से डराते हैं. चोर, मामा बड़े अच्छे होते हैं. है न, हंसमुख भैया!

हंसमुख—हां अच्छे तो होते ही हैं.

तीनों बच्चे अपने मामाओं से लिपट लिपट कर खेलने कूदने लगे.

—भगवानदीन

سردار بولا—میں دسیوں سادھوؤں سے ملا. دو چار پہونچے ہوئے کہے جانے والے سنتوں کے پاؤں چھوئے پر کوئی میرا دل نہ دھو سکا. الٹے چوری کی عادت میں بڑھتی ہوئی. سادھو سنت نڈر نہیں ہوتے، نہ سچ بولتے ہیں، سچ میں رمے ہوئے نہیں ہوتے. یہ بچے سر سے پیر تک سچ کی مورت ہیں. چور کو وہ ایسا ہی آدمی سمجھتے ہیں جیسا سادھو اور سنت کو. ان کے ایک ایک شبد سے میرا من دھلتا ہے، چمکتا ہے اور آنکھوں کے راستے برس پڑتا ہے. ہاں، اب آپ آگے سنائیے.

موسی—ہاں، میں کچھ نہ سمجھ پائی اور آپ سے ملنے کو جی مچل پڑا. بچوں نے آپس میں آپ کو دیکھنے کی بات کی، میرا بچہ بھی آپ کو دیکھنے کے لئے للچا گیا. پھر بھی میں نہ سمجھ پائی. ہاں، یہ میں جانتی ہوں میری بہن کے دونوں بچے کبھی جھوٹ نہیں بولتے. پر یہ نہ سمجھ پائی کہ رات کو ان دونوں نے چور کہاں سے دیکھ لیا! نہ رات کو محلے میں کچھ ہوا نہ کسی نے کچھ کہا. بس چلتے چلتے میں نے ان بچوں سے کہ دیا، جب آپ آئیں تب مجھے بلا لیا جائے. یہ سب مجھے بلا لائے اور میں نے آپ کے درشن کرلئے.

درشن کی بات سن کر سردار سے نہ رہا گیا. بولا—ہم.........کچھ رکا—ہمارے اور درشن!

موسی—جب آپ نے آنسو بہاکر دل دھو لیا تب پھر درشن کیوں نہیں؟ موسی کچھ کہے کہ ہنس مکھی سردار کا ہاتھ پکڑ کر بولی، ماما چوری کیسی ہوتی ہے؟ اس سوال کو سن کر ہنس مکھی اور سچ بہادر دونوں سردار کی طرف جھک کر جواب سننے کے لئے بالکل چپ ہوکر کھڑے ہوگئے.

سردار نے ہنس مکھی کو گودی میں اٹھاکر اور اسے پچکار کر جیسے ہی کہا 'چوری ایسی ہوتی ہے' کہ تینوں بچے کھلکھلا کر ہنس پڑے.

ہنس مکھی—پھر رات کیوں نہیں کی تھی؟

سردار—بٹیا، رات کو بھول گیا اسی لئے دن میں چوری کرنے آنا پڑا.

ہنس مکھ ہنس مکھی دونوں اماں سے پوچھ بیٹھے، اماں تم ہمیں روز پچکارتی ہو، بتایا کیوں نہیں پچکارنے کو چوری کہتے ہیں؟

سچ بہادر بول پڑا، ماما کی چوری بڑی اچھی ہے. محلے والے چوری کو کچھ کا کچھ بتاتے ہیں، چوروں سے ڈراتے ہیں. چور، ماما بڑے اچھے ہوتے ہیں. ہے نہ، ہنس مکھ بھیا!

ہنس مکھ—ہاں اچھے تو ہوتے ہی ہیں.

تینوں بچے اپنے ماماؤں سے لپٹ لپٹ کر کھیلنے کودنے لگے.

—بھگوان دین

गिरता रहा और वह कुछ बोल न पाये. इतने में मुख बोला—

'ठहरिये, हम अपनी मौसी को ले आयें. वह आपसे ना चाहती हैं.' यह कह तीनों बच्चे मौसी को लेने गये.

अब आये हुए तीनों मेहमानों को बच्चों के मां-बाप बात करने का मौक़ा मिला.

सरदार—कहिये बच्चे क्या कहते थे ?

हंसमुखी की अम्मा—यह सब तो आप अभी जान . पहले कुछ खा-पी लीजिये.

सरदार ने जवाब में कुछ नहीं कहा. ज़रा गर्दन झुका और दूध का गिलास ले लिया. उसके दोनों साथियों भी ऐसा ही किया.

दूध पी चुकने पर सरदार ने फिर वही बात पूछी. तब मुख की अम्मा ने कहा—

बच्चों से उठते ही मैंने पूछा कि रात कोई आया था ? बोला—हां, तीन आदमी आए थे. मैंने पूछा, क्या ते थे, बोला ताली मांगते थे. लड़की बोल उठी ताली पास थीं, मैंने जेब से निकाल कर उनको दे दीं. मैंने , फिर वह क्या बोले ? लड़का बोला, बोले कुछ नहीं, ली खाट पर बैठ गए और हम दोनों सो गए. मैंने उनसे , कि थोड़ी देर में वह तुमसे मिलने आयेंगे. लड़का ला, अच्छी बात है. उसने कहा, वह कहते थे, हम चोर चोरी करेंगे. उसने आप से यह भी पूछा था कि चोरी ी, लड़की ने भी पूछा था. मैंने उनसे कह दिया, अभी आते होंगे, उन्हीं से पूछना, चोरी कैसी होती है. इसके कुछ खा कर वह अपनी मौसी के यहां चले गए और को साथ ले आए. वहां मौसी से इन्होंने क्या बात पता नहीं. कोई बात हुई ज़रूर है तभी तो बहन ने प से मिलने को कहला भेजा है. बच्चे उन्हीं को लेने हैं.

जैसे बातें ख़त्म हुईं कि बच्चे मौसी के साथ आ पहुंचे.

हंसमुख की मां ने अपनी बहन की जान पहचान उन नों से करा दी और उन तीनों को अपने मेहमान बता कर की पहचान बहन से करा दी.

आपस में नमस्ते होने के बाद सरदार ने बच्चों की ी से पूछा, 'यह बताइये आपको हम से मिलने की सूझी ?'

बच्चों की मौसी ने हंसमुख हंसमुखी से जो बात हुई और उन्होंने जो बताया था सब सुना दिया.

अभी बात पूरी न हो पाई थी कि सरदार की आंखें फिर स पड़ीं. बच्चों की मौसी पूछ बैठीं—

'आप अपना दिल इतना भारी क्यों करते हैं ?'

پانی گرتا رہا اور وہ کچھ بول نہ پائے . اتنے میں هنس مکھ بولا—

' ٹھہریئے ' ہم اپنی موسی کو لے آئیں . وہ آپ سے ملنا چاہتی ہیں .' یہ کہ تینوں بچے موسی کو لینے دوڑ گئے .

اب آئے ہوئے تینوں مہمانوں کو بچوں کے ماں باپ سے بات کرنے کا موقع ملا .

سردار—کہئے بچے کیا کہتے تھے ؟

هنس مکھی کی اماں—یہ سب تو آپ ابھی جان لیں گے . پہلے کچھ کھاپی لیجئے .

سردار نے جواب میں کچھ نہیں کہا . ذرا گردن جھکا لی اور دودھ کا گلاس لے لیا . اُس کے دونوں ساتھیوں نے بھی ایسا ہی کیا .

دودھ پی چکنے پر سردار نے پھر وہی بات پوچھی . تب هنس مکھ کی اماں نے کہا—

بچوں سے اُٹھتے ہی میں نے پوچھا کہ رات کوئی آیا تھا ؟ ایک بولا—ہاں' تین آدمی آئے تھے. میں نے پوچھا' کیا کہتے تھے' بولا تالی مانگتے تھے . لڑکی بول اُٹھی تالی میرے پاس تھیں' میں نے جیب سے نکال کر اُن کو دے دیں. میں نے پوچھا' پھر وہ کیا بولے ؟ لڑکا بولا' بولے کچھ نہیں' خالی کھاٹ پر بیٹھ گئے اور ہم دونوں سو گئے . میں نے اُن سے کہا' کہ تھوڑی دیر میں وہ تم سے ملنے آئینگے . لڑکا بولا' اچھی بات ہے . اُس نے کہا' وہ کہتے تھے' ہم چور ہیں' چوری کریں گے . اُس نے آپ سے یہ بھی پوچھا تھا کہ چوری کیسی' لڑکی نے بھی پوچھا تھا . میں نے ان سے کہ دیا' ابھی وہ آتے ہونگے' اُنہیں سے پوچھنا' چوری کیسی ہوتی ہے . اس کے بعد کچھ کھا کر وہ اپنی موسی کے یہاں چلے گئے اور بھائی کو ساتھ لے آئے . وہاں موسی سے اِنہوں نے کیا بات کی' پتہ نہیں . کوئی بات ہوئی ضرور ہے تبھی تو بہن نے آپ سے ملنے کو کہلا بھیجا ہے . بچے اُنہیں کو لینے گئے ہیں .

جیسے باتیں ختم ہوئیں کہ بچے موسی کے ساتھ آ پہونچے .

هنس مکھ کی ماں نے اپنی بہن کی جان پہچان اُن تینوں سے کرادی اور اُن تینوں کو اپنے مہمان بتاکر اُن کی پہچان بہن سے کرا دی .

آپس میں نمستے ہونے کے بعد سردار نے بچوں کی موسی سے پوچھا' 'یہ بتائیے آپ کو ہم سے ملنے کی کیسے سوجھی؟'

بچوں کی موسی نے هنس مکھ هنس مکھی سے جو بات ہوئی تھی اور اُنہوں نے جو بتایا تھا سب سنا دیا .

ابھی بات پوری نہ ہو پائی تھی کہ سردار کی آنکھیں پھر برس پڑیں . بچوں کی موسی پوچھ بیٹھیں—

'آپ اپنا دل اتنا بھاری کیوں کرتے ہیں ؟'

अम्मा—थोड़ी देर में वह तुम से मिलने आएंगे.

हंसमुख—अच्छी बात है. अम्मा, वह कहते थे, हम चोर हैं, चोरी करेंगे. मैंने पूछा, चोरी कैसी ?

हंसमुखी—हां अम्मा, चोरी कैसी ?

अम्मा—वह आते होंगे, वही बतायेंगे.

× × ×

हंसमुख हंसमुखी नहा-धो और कुछ खा पी सच बहादुर के यहां चल दिये. उसके घर पहुँच कर सचबहादुर की अम्मा से बोले, हमारे घर कोई आयेंगे. सचबहादुर को हमारे साथ कर दीजिये.

सचबहादुर की मां—तुम्हारे घर कौन आयेंगे ?

हंसमुख हंसमुखी दोनों एक साथ बोल उठे—मौसी, चोर आयेंगे !

सचबहादुर की मां एक दम हंस पड़ीं और पूछ बैठीं—चोर कैसे ?

हंसमुख हंसमुखी—मौसी, चोर आदमी होते हैं. बड़े अच्छे होते हैं. रात को आते हैं, आज दिन में आयेंगे.

यह सुनकर सचबहादुर बोला—भैया हंसमुख, हम तुम्हारे साथ चोर देखने चलेंगे. तुमने उनको देखा है ?

हंसमुख—हां, देखा है.

हंसमुखी—मैंने भी देखा है.

सचबहादुर—कब देखा ?

हंसमुख—कल रात.

हंसमुखी—हां, कल रात.

सचबहादुर की मां बच्चों की बात कुछ समझ न पाईं. यह वह अच्छी तरह जानती थीं, हंसमुख हंसमुखी कभी झूट नहीं बोलते, पर यह न समझ पाईं कि कल रात इन बच्चों ने चोर कहां से देख लिये ! मोहल्ले में न शोर हुआ न किसी ने कुछ कहा. उनका भी जी हुआ कि वह हंसमुख के घर जा कर देखें कि बात क्या है. उन्होंने सचबहादुर को उनके साथ भेज दिया और हंसमुख से बोलीं, जब तुम्हारे घर वह आयें तब मुझे बुला लेना.

हंसमुख मौसी को 'हां' कह कर सचबहादुर के साथ घर पहुंचा. अपनी अम्मा से बोला, सचबहादुर भी उनसे मिलेगा जो हमारे घर आयेंगे और मौसी भी उनसे मिलना चाहती हैं.

कुछ देर बाद वह तीनों आदमी आ पहुंचे. हंसमुख हंसमुखी उनसे ऐसे लिपट गये मानों बहुत दिनों की जान पहचान हो. सचबहादुर भी उनकी देखा देखी उन तीनों से जल्दी हिलमिल गया. थोड़ी देर तक उन तीनों की आंखों से

اماں—تھوڑی دیر میں وہ تم سے ملنے آئیں گے ۔

ھنس مکھ—اچھی بات ھے ۔ اماں، وہ کہتے تھے، ہم چور ھیں، چوری کریں گے ۔ میں نے پوچھا، چوری کیسی؟

ھنس مکھی—ھاں اماں، چوری کیسی؟

اماں—وہ آتے ھونگے، وھی بتائینگے ۔

× × × ×

ھنس مکھ ھنس مکھی نہادھو اور کچھ کھاپی سچ بہادر کے یہاں چل دیئے ۔ اُس کے گھر پہونچ کر سچ بہادر کی اماں سے بولے، ہمارے گھر کوئی آئیں گے ۔ سچ بہادر کو ہمارے ساتھ کر دیجئے ۔

سچ بہادر کی ماں—تمہارے گھر کون آئینگے ؟

ھنس مکھ ھنس مکھی دونوں ایک ساتھ بول اٹھے —موسی، چور آئینگے !

سچ بہادر کی ماں ایک دم ھنس پڑیں اور پوچھ بیٹھیں—چور کیسے ؟

ھنس مکھ ھنس مکھی—موسی، چور آدمی ھوتے ھیں ۔ بڑے اچھے ھوتے ھیں ۔ رات کو آتے ھیں، آج دن میں آئینگے ۔

یہ سنکر سچ بہادر بولا—بھیا ھنس مکھ، ہم تمہارے ساتھ چور دیکھنے چلیں گے ۔ تم نے اُن کو دیکھا ھے؟

ھنس مکھ—ھاں، دیکھا ھے ۔

ھنس مکھی—میں نے بھی دیکھا ھے ۔

سچ بہادر—کب دیکھا ؟

ھنس مکھ—کل رات ۔

ھنس مکھی—ھاں، کل رات ۔

سچ بہادر کی ماں بچوں کی بات کچھ سمجھ نہ پائیں ۔ یہ وہ اچھی طرح جانتی تھیں، ھنس مکھ ھنس مکھی کبھی جھوٹ نہیں بولتے، پر یہ نہ سمجھ پائیں کہ کل رات اِن بچوں نے چور کہاں سے دیکھ لئے ! محلے میں نہ شور ھوا نہ کسی نے کچھ کہا ۔ اُن کا بھی جی ھوا کہ وہ ھنس مکھ کے گھر جا کر دیکھیں کہ بات کیا ھے ۔ انھوں نے سچ بہادر کو اُن کے ساتھ بھیج دیا اور ھنس مکھ سے بولیں، جب تمہارے گھر آئیں تب مجھے بلا لینا ۔

ھنس مکھ موسی کو 'ھاں' کہکر سچ بہادر کے ساتھ گھر پہونچا ۔ اپنی اماں سے بولا، سچ بہادر بھی اُن سے ملے گا جو ہمارے گھر آئیں گے اور موسی بھی اُن سے ملنا چاہتی ھیں ۔

کچھ دیر بعد وہ تینوں آدمی آ پہونچے ۔ ھنس مکھ ھنس مکھی اُن سے ایسے لپٹ گئے مانو بہت دنوں کی جان پہچان ھو ۔ سچ بہادر بھی اُن کی دیکھا دیکھی اُن تینوں سے جلدی ھل مل گیا ۔ تھوڑی دیر تک اُن تینوں کی آنکھوں سے

चिमट रहा पर दूर पकड़ से
लिपट रहा पर दूर रगड़ से

देन मिली ऐसी कुछ रब की
आंख लगी है इस पर सब की

जीने देगा जीते रहते
हां, यह झन्डा हम यह कहते

जब तक दम है इसके दम में
यह हो शामिल सब के ग़म में

कहे कोई कुछ यह क्यों भड़के
जगह न ली कुछ इसने लड़के

सच सच कहे वे खटके
हां, दो टूक कहे वे अटके

इसकी इसी अदा पर मरते
हम हिन्दी हम ज़रा न डरते

यह देता है दाना अभय का
यह झन्डा है सर्वोदय का

सबक़ दे रहा है यह कब का
सबके लिये जियो, सुख सबका

प्रीत और भी है कुछ इससे
मिला हमें यह है भी किस से

—भगवानदीन

●●●●

सच के बीज

(4)

हंसमुख हंसमुखी दोनों सुबह उठे. उठते ही उनकी अम्माने पूछा, रात कोई आया था ?

हंसमुख बोला, हां अम्मा तीन आदमी आये थे.

उनकी अम्मा ने पूछा, क्या कहते थे ?

हंसमुख बोला, ताली मांगते थे.

तुरंत हंसमुखी बोल उठी, अम्मा ताली मेरे पास थीं, मैंने जेब से निकाल कर उनको दे दीं.

अम्मा—फिर वह क्या बोले ?

हंसमुख—बोले कुछ नहीं. खाली खाट पर बैठ गए. फिर म सो गये.

چمٹ رھا پر دور پکڑ سے
لپٹ رھا پر دور رگڑ سے

دین ملی ایسی کچھ رب کی
آنکھ لگی ھے اس پر سب کی

جینے دے گا جیتے رھتے
ھاں' یہ جھنڈا ھم یہ کہتے

جب تک دم ھے اِس کے دم میں
یہ ھو شامل سب کے غم میں

کہے کوئی کچھ یہ کیوں بھڑکے
جگہ نہ خالی کچھ اس نے لڑکے

سچ سچ کہے یے کھٹکے
ھاں' دو ٹوک کہے یے اٹکے

اِسکی اِسی ادا پر مرتے
ھم ھندی ھم ذرا نہ ڈرتے

یہ دیتا ھے دان ابھے کا
یہ جھنڈا ھے سرودے کا

سبق دے رھا ھے یہ کب کا
سب کے لئے جیو' سکھ سب کا

پریت اور ابھی ھے کچھ اِس سے
ملا ھمیں یہ ھے بھی کس سے !

—بھگوان دین

●●●●

سچ کے بیج

(4)

ھنس مکھ ھنس مکھی دونوں صبح اٹھے. اُٹھتے ھی اُن کی اماں نے پوچھا' رات کوئی آیا تھا ؟

ھنس مکھ بولا' ھاں اماں تین آدمی آئے تھے .

اُن کی اماں نے پوچھا' کیا کہتے تھے ؟

ھنس مکھ بولا' تالی مانگتے تھے .

ترنت ھنس مکھی بول اُٹھی' اماں تالی میرے پاس تھیں' میں نے جیب سے نکال کر اُن کو دے دیں .

اماں—پھر وہ کیا بولے ؟

ھنس مکھ—بولے کچھ نہیں . خالی کھاٹ پر بیٹھ گئے . پھر ھم سو گئے .

बच्चों की दुनिया

अपना झण्डा

अपना झण्डा अपने वश का
हम सब इसके यह हम सबका
हम इससे यह ऊंचा हमसे
फहक रहा हम सब के दम से

इस के दर्शन करते करते
जी उठते हम मरते मरते
जब हम सब का जी है दुखता
इसका भी दुखता यह झुकता

जन गन मन जब लहर लहरता
इसका तन मन फहर फहरता
हम दुख में हों इसको दुख है
हम सुख में हों इसको सुख है

इसका एक निराला गुन है
इसकी एक अनोखी धुन है
दूर रहें सब बन्दे दुख से
देश रहें सब के सब सुख से

छाया हुआ अम्न हो हर जा
ऊंचा नीचा रहे न दरजा
एक सरीखा रब ने सिरजा
किस का राजा कैसी प्रजा

अपने झण्डे का यह कहना
अपने आप भरोसे रहना
सारे झण्डे भाई इसके
फिर वह हों चाहे भी जिसके

जगत विजय का गन्दा सपना
कभी न देखे झण्डा अपना
नहीं जैक को इस ने पटका
सीधा चला नहीं यह अटका

डट कर खड़ा अकड़ में कब है
मिल कर खड़ा जकड़ में कब है

بچوں کی دنیا

اپنا جھنڈا

اپنا جھنڈا اپنے قصب کا
ہم سب اس کے یہ ہم سب کا
ہم اِس سے یہ اُونچا ہم سے
پھوک رہا ہم سب کے دم سے

اِس کے درشن کرتے کرتے
جی اُٹھتے ہم مرتے مرتے
جب ہم سب کا جی ہے دکھتا
اس کا بھی دکھتا یہ جھکتا

جن گن من جب لہر لہرتا
اِس کا تن من پھہر پھہرتا
ہم دکھ میں ہوں اِس کو دکھ ہے
ہم سکھ میں ہوں اِسکو سکھ ہے

اس کا ایک نرالا گن ہے
اس کی ایک انوکھی دھن ہے
دور رہیں سب بندے دکھ سے
دیش رہیں سب کے سب سکھ سے

چھایا ہوا امن ہو ہر جا
اُونچا نیچا رہے نہ درجا
ایک سریکھا رب نے سر جا
کس کا راجہ کیسی پرجا

اپنے جھنڈے کا یہ کہنا
اپنے آپ بھروسے رہنا
سارے جھنڈے بھائی اِسکے
پھر وہ ہوں چاہے بھی جسکے

جگت وجے کا گندا سپنا
کبھی نہ دیکھے جھنڈا اپنا
نہیں جیک کو اس نے پٹکا
سیدھا چلا نہیں یہ اٹکا

ڈٹ کر کھڑا اکڑ میں کب ہے
مل کر کھڑا جکڑ میں کب ہے

रही थी और प्रान्ती शान्ति सम्मेलन के अधिकारी घंटों घंटों बाद पंडित जी को किसी सूरत गया ले जाने की मांग कर रहे थे. नेचर ने सब को मजबूर कर दिया था.—पंडित जी गया न जा सके. सम्मेलन कामयाब रहा. आल इन्डिया शान्ति कौन्सिल के सदर डाक्टर किचलू यहां आये थे.

18 अगस्त को डाक्टर किचलू पटना आ गये. गया सम्मेलन खत्म हो गया. उन्होंने एक प्रेस कानफ्रेन्स की. गांधी मैदान में आम सभा रखी गई थी और पंडित जी वहां बोलने वाले थे. एक दुविधा लोगों के दिल में था. पानी का—और सब से ज़ियादा इस बात का कि शायद पंडित जी कमज़ोरी के कारन बोलने की कौन कहे वहां तक जा भी न सकें. पानी बरस गया और सभा अंजुमन इस्लामिया हाल में करनी पड़ी. पंडित जी जी कड़ा करके हांपते कांपते हाल में पहुंच गये. पसीना छूट रहा था, डाक्टर साहब बगल में बैठे थे. लोगों की बेताबी की हद नहीं थी. हाल से लेकर बाहर दूर सड़क तक लोग घेरे हुए थे. पंडित जी के पहुंचते ही डाक्टर किचलू ने जल्दी तक़रीर खत्म कर दी.

पंडित जी ने कांपती हुई ज़बान से धीरे धीरे बोलना शुरू किया. वही सन्नाटा छा गया. पंडित जी की आवाज़ में एक नया पन था, पहले से असर ज़ियादा था. वह पंद्रह मिनट बोलने के लिये तैयार हुए थे लेकिन क़रीब एक घन्टा बोल गये. उन्होंने एक घन्टे में सब कुछ कह दिया. और आख़ीरी वाक्य उनका शायद हमेशा लोगों के कानों में गूंजता रहेगा—यह भारत की जनता का फ़ैसला है जिसका मुंह बन कर पंडित जी ने यह फ़ैसला दुहराया था—

"हमारा पहला फ़ैसला यह है कि हमारे देश का न तो एक दाना गेहूँ, न एक फूटी कौड़ी और न हमारे बच्चों का एक क़तरा ख़ून चीन या रूस के विरुद्ध स्तेमाल होगा."

पंडित जी ने आगे कहा—"मैं पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कहता हूँ कि जो कुछ चीन के अन्दर हो रहा है, अगर वही कम्युनिज़्म है तो मैं चाहता हूँ कि सारी दुनियां कम्युनिस्ट हो जाए, सारी दुनियां चीन की तरह हो जाए. उतनी ही ज़िम्मेदारी के साथ मैं यह भी कहता हूँ कि चीन आज जो कुछ कर रहा है, अगर वही कम्युनिज़्म है तो कम्युनिज़्म और गांधीइज़्म में कोई फ़र्क़ नहीं है."

19 अगस्त को सुबह पंडित जी और डाक्टर किचलू पटने से रवाना हो गये. गाड़ी धीरे धीरे प्लेट फ़ार्म छोड़ती रही और दूर तक कान में भनक आती रही—साम्राजियो एशिया छोड़ो—ईरान छोड़ो, मिस्र छोड़ो—चीन छोड़ो, कोरिया छोड़ो—हिन्द चीन छोड़ो, मलाया छोड़ो—हमें रोटी चाहिये बम नहीं—हमें शांती चाहिये जंग नहीं—शान्ती की आवाज़ ज़िन्दा बाद ! जनता की एकता ज़िन्दा बाद.

——प्रवासी

رہی تھی اور پرانتی شانتی سمیلن کے ادھیکاری گھنٹوں گھنٹوں بعد پنڈت جی کو کسی صورت گیا لے جانے کی مانگ کر رہے تھے ۔ نیچر نے سب کو مجبور کر دیا تھا—پنڈت جی گیا نہ جا سکے ۔ سمیلن کامیاب رہا ۔ آل انڈیا شانتی کونسل کے صدر ڈاکٹر کچلو یہاں آئے تھے ۔

18 اگست کو ڈاکٹر کچلو پٹنہ آگئے ۔ گیا سمیلن ختم ہوگیا ۔ انہوں نے ایک پریس کانفرنس کی ۔ گاندھی میدان میں عام سبھا رکھی گئی تھی اور پنڈت جی وہاں بولنے والے تھے ۔ ایک دودھا لوگوں کے دل میں تھا ۔ پانی کا—اور سب سے زیادہ اِس بات کا کہ شاید پنڈت جی کمزوری کے کارن بولنے کی کون کہے وہاں تک جا بھی نہ سکیں ۔ پانی برس گیا اور سبھا انجمن اسلامیہ ہال میں کرنی پڑی ۔ پنڈت جی جی کڑا کر کے ہانپتے کانپتے ہال میں پہونچ گئے ۔ پسینہ چھوٹ رہا تھا ' ڈاکٹر صاحب بغل میں بیٹھے تھے ۔ لوگوں کی بیتابی کی حد نہیں تھی ۔ ہال سے لےکر باہر دور سڑک تک لوگ گھیرے ہوئے تھے ۔ پنڈت جی کے پہونچتے ہی ڈاکٹر کچلو نے جلدی تقریر ختم کردی ۔

پنڈت جی نے کانپتی ہوئی زبان سے دھیرے دھیرے بولنا شروع کیا ۔ وہی سناٹا چھا گیا ۔ پنڈت جی کی آواز میں ایک نیا پن تھا ' پہلے سے اثر زیادہ تھا ۔ وہ پندرہ منٹ بولنے کے لئے تیار ہوئے تھے لیکن قریب ایک گھنٹہ بول گئے ۔ انہوں نے ایک گھنٹے میں سب کچھ کہ دیا ۔ اور آخری واکیہ اُن کا شاید ہمیشہ لوگوں کے کانوں میں گونجتا رہے گا—یہ بھارت کی جنتا کا فیصلہ ہے جس کا منہ بنکر پنڈت جی نے یہ فیصلہ دھرایا تھا—

" ہمارا پہلا فیصلہ یہ ہے کہ ہمارے دیش کا نہ تو ایک دانہ گیہوں ' نہ ایک پھوٹی کوڑی اور نہ ہمارے بچوں کا ایک قطرہ خون چین یا روس کے ورُدھ استعمال ہوگا ۔ "

پنڈت جی نے آگے کہا—" میں پوری ذمہ داری کے ساتھ کہتا ہوں کہ جو کچھ چین کے اندر ہو رہا ہے ' اگر وہی کمیونزم ہے تو میں چاہتا ہوں کہ ساری دنیا کمیونسٹ ہوجائے ' ساری دنیا چین کی طرح ہو جائے ۔ اتنی ہی ذمہ داری کے ساتھ میں یہ بھی کہتا ہوں کہ چین آج جو کچھ کر رہا ہے ' اگر وہی کمیونزم ہے تو کمیونزم اور گاندھی ازم میں کوئی فرق نہیں ۔ "

19 اگست کو صبح پنڈت جی اور ڈاکٹر کچلو پٹنہ سے روانہ ہوگئے ۔ گاڑی دھیرے دھیرے پلیٹ فارم چھوڑتی رہی اور دور تک کان میں بھنک آتی رہی—سامراجیو ایشیا چھوڑو—ایران چھوڑو ' مصر چھوڑو—چین چھوڑو ' کوریا چھوڑو—ہند چین چھوڑو ' ملایا چھوڑو—ہمیں روٹی چاہئے بم نہیں—ہمیں شانتی چاہئے جنگ نہیں—شانتی کی آواز زندہ باد ! جنتا کی ایکتا زندہ باد !

——پرواسی

जी चीन का आंखों देखा हाल सुना रहे थे तो दस हज़ार से ज़ियादा आदमी वहां मौजूद थे वही खामोशी, उसी तरह सब के सब मौन—सब मन ही मन मुक़ाबला करते हुए—हिन्दुस्तान और चीन, चीन और हिन्दुस्तान, माओ और नेहरू, नेहरू और माओ—इस सभा में किसान दूर दूर से आए थे. उनकी पगड़ी, उनकी धजा, उनके चेहरे साफ़ कह रहे थे कि यह किसान हैं.

भागलपुर—बारह और तेरह अगस्त को भागलपुर में शान्ति सम्मेलन था. बिहार में कोई पुल ही नहीं है. नदी बीच में आ जाए तो जहाज़ से दूसरे किनारे पर पहुंचिये और वहां फिर छोटी लाइन के छकड़े पर क़दम रखिये. सारी मुसीबतों को पार करते हम भागलपुर पहुंच ही गए. च्योड़ा और दही हर दूकान पर दिखाई पड़ा. मन मसोस कर रह गया. बुखार चढ़ा था और मैं इन चीज़ों को छू न सकता था.

पंडित जी के मंज़िल पर पहुंचते ही सुना गया कि यहां भी पुलिस ने काफ़ी दौड़ धूप करके लोगों को धमकाया है कि वह शान्ति सम्मेलन में कोई सहयोग न दें—पुलिस अपना काम करती रही और जिन लोगों को वह धमकी देती थी वह एक एक कर के पंडित जी के पास आते गए. एक ही सवाल था—चीन क्या है और क्यों ऐसा है ? खाने पीने, शादी ब्याह, रहन सहन, माली, राजकाजी सभी सम्बन्ध में सवाल किये जा रहे थे और पंडित जी सब का जवाब दे रहे थे. पंडित जी को आराम करना चाहिये था लेकिन वह इन भोले लोगों के शकों को दूर करना अपने आराम से ज़ियादा अच्छा काम समझते थे. पंडित जी ने एक दो नहीं कई सभाओं में भाशन दिया. एक एक दिन में पांच पांच और छै छै घन्टे उन्हें बोलना पड़ा, घर पर जो बात चीत होती थी वह इसके ऊपर थी—14 की शाम को आम सभा हुई. लगभग दस बारह हज़ार आदमी पंडित जी के संदेश को सुनने के लिये मौजूद थे.

मुकामा—मुकामा पटना ज़िले का एक क़स्बा है. अधिकतर दुकानदार यहां रहते हैं. यहां का शान्ति सम्मेलन भी काफ़ी अच्छा रहा. कांगरेस सदर ने सदारत की और पंडित जी ने अपना संदेश जनता तक पहुंचा दिया.

पटना—पंद्रह की सुबह पटना पहुंच कर पंडित जी आराम करने वाले थे. खुद तो वह आराम क्या करते. नेचर ने आराम उनके सर थोप ही दिया. मजबूरन पंडित जी को चुप हो कर लेटना ही पड़ा. सख्त बुखार चढ़ आया था. पंडित जी बिहार के प्रान्ती शान्ति सम्मेलन में गया जाने वाले थे. वहां से बराबर फ़ोन आ रहे थे. जनता चीन के बारे में सुनने के लिये बेचैन थी. लोगों की मांग बढ़ती जा

جی چین کا آنکھوں دیکھا حال سنا رہے تھے تو دس ہزار سے زیادہ آدمی وہاں موجود تھے . وہی خاموشی' اسی طرح سب کے سب مون—سب من ہی من مقابلہ کرتے ہوئے—ہندستان اور چین' چین اور ہندستان' ماؤ اور نہرو' نہرو اور ماؤ—اِس سبھا میں کسان دور دور سے آئے تھے . اُن کی پگڑی' اُن کی دھجا' اُن کے چہرے صاف کہہ رہے تھے کہ یہ کسان ہیں .

بھاگلپور—بارہ اور تیرہ اگست کو بھاگلپور میں شانتی سمیلن تھا . بہار میں کوئی پل ہی نہیں ہے . ندی بیچ میں آجائے تو جہاز سے دوسرے کنارے پر پہونچئے اور وہاں پھر چھوٹی لائن کے چھکڑے پر قدم رکھئے. ساری مصیبتوں کو پار کرتے ہم بھاگلپور پہونچ ہی گئے . چیوڑا اور دہی ہر دوکان پر دکھائی پڑا . من مسوس کر رہ گیا . بخار چڑھا تھا اور میں اِن چیزوں کو چھو نہ سکتا تھا .

پنڈت جی کے منزل پر پہونچتے ہی سنا گیا کہ یہاں بھی پولیس نے کافی دوڑ دھوپ کر کے لوگوں کو دھمکایا ہے کہ وہ شانتی سمیلن میں کوئی سہیوگ نہ دیں—پولیس اپنا کام کرتی رہی اور جن لوگوں کو وہ دھمکی دیتی تھی وہ ایک ایک کر کے پنڈت جی کے پاس آتے گئے . ایک ہی سوال تھا—چین کیا ہے اور کیوں ایسا ہے ؟ کھانے پینے' شادی بیاہ' رہن سہن' مالی' راجکاجی سبھی سمبندھ میں سوال کئے جا رہے تھے اور پنڈت جی سب کا جواب دے رہے تھے . پنڈت جی کو آرام کرنا چاہئے تھا لیکن وہ اِن بھولے لوگوں کے شکوں کو دور کرنا اپنے آرام سے زیادہ اچھا کام سمجھتے تھے . پنڈت جی نے ایک دو نہیں کئی سبھاؤں میں بھاشن دیا . ایک ایک دن میں پانچ پانچ اور چھ چھ گھنٹے انہیں بولنا پڑا' گھر پر جو بات چیت ہوتی تھی وہ اِس کے اوپر تھی—14 کی شام کو عام سبھا ہوئی . لگ بھگ دس بارہ ہزار آدمی پنڈت جی کے سندیش کو سننے کے لئے موجود تھے .

مکامہ—مکامہ پٹنہ ضلع کا ایک قصبہ ہے . ادھک تر دوکاندار یہاں رہتے ہیں ، یہاں کا شانتی سمیلن بھی کافی اچھا رہا . کانگریس صدر نے صدارت کی اور پنڈت جی نے اپنا سندیش جنتا تک پہونچا دیا .

پٹنہ—پندرہ کی صبح پٹنہ پہونچ کر پنڈت جی آرام کرنے والے تھے . خود تو وہ آرام کیا کرتے . نیچر نے آرام اُن کے سر تھوپ ہی دیا . مجبوراً پنڈت جی کو چپ ہو کر لیٹنا ہی پڑا . سخت بخار چڑھ آیا تھا . پنڈت جی بہار کے پرانتی شانتی سمیلن میں گیا جانے والے تھے . وہاں سے برابر فون آ رہے تھے . جنتا چین کے بارے میں سننے کے لئے بے چین تھی . لوگوں کی مانگ بڑھتی جا

र पर्लियामेन्ट के मेम्बर चुने गये हैं. अभी तक खबरें कान में आई थीं कि हमारी पार्लियामेन्ट के ों को फुसलाने के लिये अमरीका करोड़ों रुपया खर्च हा है लेकिन इस बात का कोई सबूत नहीं था. महेश्वर जी ने आम जनता के सामने भरी सभा में साफ साफ —"अमरीका करोड़ों रुपया खर्च करके हमारी पार्लिया के मेम्बरों को खरीद रहा है. मुझे खुद लालच दी गई र आज तक दी जा रही है. मैं चाहूँ तो लाखों मिन्टों ा सकता हूँ." पता नहीं यह बात हमारे अधिकारियों ी पहुंचती है या नहीं. क्या इस आरोप का जवाब र देगी, क्या इस खतरनाक पालीसी का नतीजा के दिमाग़ में है या डालर की पीलाहट ने आंखों में का रोग कर दिया है.

भा में लगभग सात हज़ार आदमी थे. पंडित जी तीन क बोलते रहे और लोग बिना हिले डुले सुनते रहे. कोई उनके दिल की आवाज़ सुन सकता, कोई उसे सकता. वह सब के सब कह रहे थे—हमें चीन ये अमरीका नहीं—हमें रोटी चाहिये बम नहीं—हमें चाहिये जंग नहीं !

बीगू सराए—सुबह सवेरे ही उठना पड़ा. पंडित जी कोई मशीन. बटन दबाया और तैयार. मुज़फ़्फ़रपुर से सराय के लिये रवाना हो गये. बहुत से लोग स्टेशन पर थे. वह पंडित जी को छोड़ना नहीं चाहते थे. चीन ी भी तस्वीर उनके दिमाग़ में बन पाई थी उसे वह जी के सामने खोल कर रख देना चाहते थे, उसे जी के ब्रुश से ठीक करवा लेना चाहते थे.

ीगू सराए मुंगेर ज़िले का एक बड़ा क़स्बा है, ग़ल्ले डी है. यहां जिन लोगों की शकलें दिखाई पड़ीं वह सरी तरह के थे—दूसरों से ज़ियादा सीधे. पंडित स्टेशन पर उतरते ही नारे गूंज उठे. एक नया नारा पड़ा—साम्राजियो एशिया छोड़ो—ईरान छोड़ो, छोड़ो—चीन छोड़ो, कोरिया छोड़ो —हिन्द चीन मलाया छोड़ो—मोटर में सख्त गरमी थी, पंडित जी थक गये थे लेकिन लोगों का जोश लहरें मार रहा पंडित जी का जुलूस निकालने पर तुले हुए थे. निकाला—बहुत लम्बा चौड़ा—सड़कों को पार करता, में शान्ती की गूंज उठाता एक जगह पर आख़ीर रुक . यह थी हमारी आज की मंज़िल !

हां सुना गया कि पुलिस ने डुग्गी पीट रखी थी कि की सभा में कोई न जाए. जो जाएगा उस पर चलेंगे, वहां लाठी चार्ज होगा—लोगों को डराने ी कोशिश की गई थी—लेकिन शाम को शान्ति का पूरी मस्ती से हवा में झूम रहा था और पंडित

ھیں اور پارلیامنٹ کے ممبر چلے گئے ھیں . ابھی تک اُڑتی خبریں کان میں آئی تھیں کہ ھماری پارلیامنٹ کے ممبروں کو پھسلانے کے لئے امریکہ کروڑوں روپیہ خرچ کر رھا ہے لیکن اِس بات کا کوئی ثبوت نہیں تھا . مہیشور پرساد جی نے عام جنتا کے سامنے بھری سبھا میں صاف صاف کہا—"امریکہ کروڑوں روپیہ خرچ کرکے ھماری پارلیامنٹ کے ممبروں کو خرید رھا ہے . مجھے خود لالچ دی گئی ہے اور آج تک دی جا رہی ہے . میں چاھوں تو لاکھوں منٹوں میں کما سکتا ھوں ." پتہ نہیں یہ بات ھمارے ادھیکاریوں تک بھی پہونچتی ہے یا نہیں . کیا اِس آروپ کا جواب سرکار دے گی، کیا اِس خطرناک پالیسی کا نتیجہ بھی اُس کے دماغ میں ہے یا ڈالر کی پیلاھٹ نے آنکھوں میں کمل کا روگ کردیا ہے .

سبھا میں لگ بھگ سات ھزار آدمی تھے . پنڈت جی تین گھنٹے تک بولتے رھے اور لوگ بنا ھلے ڈلے سنتے رھے . کاش کوئی اُن کے دل کی آواز سن سکتا، کوئی اُسے سمجھ سکتا . وہ سب کے سب کہہ رھے تھے—ھمیں چین چاھئے امریکہ نہیں—ھمیں روٹی چاھئے بم نہیں—ھمیں شانتی چاھئے جنگ نہیں !

بیگو سرائے—صبح سویرے ھی اُٹھنا پڑا . پنڈت جی تھے یا کوئی مشین . بٹن دبایا اور تیار . مظفر پور سے بیگو سرائے کے لئے روانہ ھوگئے . بہت سے لوگ اسٹیشن پر آئے تھے . وہ پنڈت جی کو چھوڑنا نہیں چاھتے تھے . چین کی جو بھی تصویر اُن کے دماغ میں بن پائی تھی اُسے وہ پنڈت جی کے سامنے کھول کر رکھ دینا چاھتے تھے، اُسے پنڈت جی کے برش سے ٹھیک کروا لینا چاھتے تھے .

بیگو سرائے منگیر ضلع کا ایک بڑا قصبہ ہے، غلے کی منڈی ہے . یہاں جن لوگوں کی شکلیں دکھائی پڑیں وہ کچھ دوسری طرح کے تھے—دوسروں سے زیادہ سیدھے . پنڈت جی کے اسٹیشن پر اُترتے ھی نعرے گونج اُٹھے . ایک نیا نعرہ سنائی پڑا—سامراجیو ایشیا چھوڑو—ایران چھوڑو، مصر چھوڑو—چین چھوڑو، کوریا چھوڑو—ھند چین چھوڑو، ملایا چھوڑو—موٹر میں سخت گرمی تھی، پنڈت جی کافی تھک گئے تھے لیکن لوگوں کا جوش لہریں مار رھا تھا، وہ پنڈت جی کا جلوس نکالنے پر تلے ھوئے تھے . جلوس نکلا—بہت لمبا چوڑا—سڑکوں کو پار کرتا، محلوں میں شانتی کی گونج اُٹھاتا ایک جگہ پر آخیر رک ھی گیا . یہ تھی ھماری آجکی منزل !

یہاں سنا گیا کہ پولیس نے ڈگی پیٹ رکھی تھی کہ شانتی کی سبھا میں کوئی نہ جائے . جو جائے گا اُس پر مقدمے چلیں گے، وھاں لاٹھی چارج ھوگا—لوگوں کو ڈرانے کی پوری کوشش کی گئی تھی—لیکن شام کو شانتی کا جھنڈا جب پوری مستی سے ھوا میں جھوم رھا تھا اور پنڈت

आपसी मुख़ालफ़त रखने वाले एक प्लेटफ़ार्म पर जमा हो गए थे, सबका एक ही ध्येय बन गया था—शान्ति—शान्ति से उनका जीवन है और लड़ाई से वह ही न रहेंगे तो कौन सोशलिस्ट होगा, कौन कम्युनिस्ट रहेगा, कौन कांगरेसी होगा, कौन किसान मज़दूर प्रजापारटी का झन्डा बुलन्द करेगा.

पंडित सुन्दर लाल ने अपना भाशन शुरू किया. चार पांच हज़ार आदमी उत्सुक बैठे थे. पंडित जी ढ़ाई घंटे तक बोलते रहे. लोग जैसे गुम सुम हो गए थे, जैसे वह दुनिया की हर चीज़ से बे ख़बर हो रहे थे. जैसे वह जादू के तमाशे के बारे में सुन रहे हों. पंडितजी उन्हें चीन का हाल सुना रहे थे— चीन की कहानी, ज़िन्दा जादू का तमाशा—उम्मीद से कभी उनकी आंखों में चमक आ जाती थी और कभी भुकमरी, कन्ट्रोल, अफ़सरी धांधागर्दी, दुख मुसीबत की अपनी रोज़ाना की ज़िन्दगी पर उनका ध्यान जाता था और वह गुस्से से कांप उठते थे—सब के मन से एक ही आवाज़ उठ रही थी, एक ही सवाल पैदा हो रहा था—यह क्योंकर हुआ, यह जादू क्यों कर किया जा सका, चीन ने यह स्वर्ग दो साल में कैसे बना लिया—और पंडित जी का जवाब था—जहां चाह होती है, वहां राह होती है. हम भी कर सकते थे, हम अब भी कर सकते हैं—लेकिन हमारी चाह बुझ गई, हमने राह गुम कर दी. चाह पैदा हो जाये तो राह निकल आएगी.

दिन भर लोगों का तांता बंधा रहता था. सब लोग चीन के बारे में जानना चाहते थे, शान्ती आन्दोलन का मतलब समझना चाहते थे. कुछ को शक थे, वह उसे दूर करना चाहते थे, कुछ डर गये थे और वह अपनी हिम्मत बंधाना चाहते थे.

मुज़फ़्फ़रपुर—10 अगस्त को क़रीब ग्यारह बजे पंडित जी मुज़फ़्फ़रपुर के लिये चल पड़े. चार बजे हम सब मुज़फ़्फ़रपुर पहुँचे. स्टेशन पर वही धूम, वही नारों की गूंज, वही झन्डे—सिर्फ़ फ़रक़ एक था, आदमी दूसरे थे, जगह दूसरी थी.

मुज़फ़्फ़रपुर में पंडित जी पहले भी आ चुके थे जब मुज़फ़्फ़रपुर लावे के नीचे दबा था. दोनों दफ़ा के आने का मक़सद एक ही था—उस दफ़ा भी दुखियों को ढारस देनी थी और इस दफ़ा भी. उसी दिन शाम को एक बड़े मैदान में शान्ती सम्मेलन हुआ. डाइस पर पार्लियामेन्ट के मेम्बर भी थे, डाक्टर भी थे, सौदागर भी थे, प्रोफ़ेसर भी थे, पंजाबी भी थे, बंगाली भी थे. श्री महेश्वर प्रसाद नरायन सिंह ने इस सभा की सदारत की. आप सोशलिस्ट पारटी के मेम्बर

آپسی مخالفت رکھنے والے ایک پلیٹ فارم پر جمع ہوگئے تھے، سب کا ایک ہی دھیہ بن گیا تھا—شانتی—شانتی سے اُن کا جیون ہے اور لڑائی سے وہ ہی نہ رہیں گے تو کون سوشلسٹ ہوگا، کون کمیونسٹ رہے گا، کون کانگریسی ہوگا، کون کسان مزدور پرجا پارٹی کا جھنڈا بلند کرے گا.

پنڈت سندر لال نے اپنا بھاشن شروع کیا. چار پانچ ہزار آدمی اُتسک بیٹھے تھے. پنڈت جی ڈھائی گھنٹے تک بولتے رہے. لوگ جیسے گم سم ہوگئے تھے، جیسے وہ دنیا کی ہر چیز سے بے خبر ہو رہے تھے. جیسے وہ جادو کے تماشے کے بارے میں سن رہے ہوں پنڈت جی انہیں چین کا حال سنا رہے تھے—چین کی کہانی، زندہ جادو کا تماشہ—اُمید سے کبھی اُن کی آنکھوں میں چمک آ جاتی تھی اور کبھی بھک مری، کنٹرول، افسری دھاندا گردی، دکھ مصیبت کی اپنی روزانہ کی زندگی پر اُن کا دھیان جاتا تھا اور وہ غصے سے کانپ اُٹھتے تھے—سب کے من سے ایک ہی آواز اُٹھ رہی تھی، ایک ہی سوال پیدا ہو رہا تھا—یہ کیوں کر ہوا؟ یہ جادو کیوں کر کیا جاسکا، چین نے یہ سورگ دو سال میں کیسے بنا لیا—اور پنڈت جی کا جواب تھا—جہاں چاہ ہوتی ہے، وہاں راہ ہوتی ہے. ہم بھی کرسکتے تھے، ہم اب بھی کرسکتے ہیں—لیکن ہماری چاہ بجھ گئی، ہم نے راہ گم کردی. چاہ پیدا ہو جائے تو راہ نکل آئے گی.

دن بھر لوگوں کا تانتا بندھا رہتا تھا. سب لوگ چین کے بارے میں جاننا چاہتے تھے، شانتی آندولن کا مطلب سمجھنا چاہتے تھے. کچھ کو شک تھے، وہ اُسے دور کرنا چاہتے تھے، کچھ ڈر گئے تھے اور وہ اپنی ہمت بندھانا چاہتے تھے.

مظفرپور—10 اگست کو قریب گیارہ بجے پنڈت جی مظفرپور کے لئے چل پڑے. چار بجے ہم سب مظفرپور پہونچے. اسٹیشن پر وہی دھوم، وہی نعروں کی گونج، وہی جھنڈے—صرف فرق ایک تھا، آدمی دوسرے تھے، جگہ دوسری تھی.

مظفرپور میں پنڈت جی پہلے بھی آ چکے تھے جب مظفرپور لاوے کے نیچے دبا تھا. دونوں دفعہ کے آنے کا مقصد ایک ہی تھا—اُس دفعہ بھی دکھیوں کو ڈھارس دینی تھی اور اِس دفعہ بھی. اُسی دن شام کو ایک بڑے میدان میں شانتی سمیلن ہوا. ڈائس پر پارلیامنٹ کے ممبر بھی تھے، ڈاکٹر بھی تھے، سوداگر بھی تھے، پروفیسر بھی تھے، پنجابی بھی تھے، بنگالی بھی تھے. شری مہیشور پرساد نرائن سنگھ نے اِس سبھا کی صدارت کی. آپ سوشلسٹ پارٹی کے ممبر

…ा होगा कि यह किसी सूरत मरते नहीं हैं—इन्हें …ा जन्म चाहिये, स्वर्ग चाहिये, आदर्श चाहिये. केवल …की इन्हें ज़रूरत है. जब तक इन की यह इच्छा इस …जागती दुनिया में ही पूरी नहीं होती यह इसी तरह …टते जाएंगे, मरते जाएंगे, नहाते जाएंगे, पूजते जाएंगे— …हम पढ़े लिखे अपने ज़ोम में इनका मज़ाक उड़ाते …, इन्हें सीख देते रहेंगे, इनका सुधार करते रहेंगे, इन्हें …समझाते रहेंगे, इन्हें स्वर्ग का रास्ता दिखाते रहेंगे.

एक आए, दो आए, तीन आए, एक तांता बंध गया. …ा भर गया. डिब्बे में फिर सांस रुकने लगी. कन्धे से …ा छिलने लगा. अमीर ग़रीब, छोटे बड़े, मर्द औरत …का भेद मिट गया—सब इनसान थे, सब मुसाफ़िर थे— …ना आनन्द था इस तकलीफ़ में !—एक दूसरे के लिये, …ने लिये, सब के लिये !

छपरा—छपरा के स्टेशन पर ट्रेन एक धचके के साथ …ी और कान में गूंज सुनाई पड़ी—शान्ति ज़िन्दाबाद— …न्ति ज़िन्दाबाद. और फिर क़रीब से एक ज़ोर का …ा सुनाई दिया—रोटी चाहिये बम नहीं, शान्ति चाहिये …ा नहीं. ज़ोर की आवाज़ें गूंज रही थीं. पहले सारे नारे …खरे बिखरे मालूम होते थे, जैसे अलग अलग, दूर दूर ! …र वह क़रीब होते गए, एक दूसरे में मिलते गए, एक …गए, इकट्ठा हो गए, शान्ति की गूंज ऊंची हो गई, ज़ोर …गया. दिमाग़ों में एक थरथरी पैदा होने लगी, दिलों में …श पैदा होने लगा, ढारस बंधने लगी.

नीले नीले झण्डों पर सुफ़ेद कबूतर फुदक रहे थे. कभी …बूतर पैग़ाम ले जाता था, उस के पर काटे जाते थे, वह …ठों की मुंडेर पर बैठ कर संदेश पहुँचाता था—आज …आकाश में उड़ रहा है. हर एक उसे चाहता है, हर …का सन्देश एक है—शान्ति—और वह उसे दुनिया के …ने कोने में पहुंचा रहा है.

छपरा ज़िला शान्ति सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिये …डेत सुन्दर लाल यहां आए थे. यह फरेरे उन्हीं के चारों …रफ़ उड़ रहे थे, यह नारे उन्हीं का स्वागत कर रहे … शान्ति शान्ति का स्वागत कर रही थी और थोड़ी देर …लिये ही सही लड़ाई, दंगे, फ़साद के भूत उस जगह से …ग गए थे—दूर बहुत दूर—इन शान्ति के नारों की पहुँच …बहुत दूर. लेकिन कब तक भागेंगे. उनकी आत्मा भी …न्ति शान्ति चिल्ला उठेगी और ख़ुद उन्हें कहना पड़ेगा—

इस घर को आग लग गई घर के चिराग़ से

8 अगस्त को टाउन हाल छपरा में शान्ति सम्मेलन …आ. सब साथ बैठे थे—फिर दीवार टूट गई थी. धर्म …ी नहीं, समाज की नहीं, केवल राजनीति की. कांगरेसी, …शलिस्ट, प्रजा पार्टी के मेम्बर, कम्युनिस्ट और सब

اچھا ہوگا کہ یہ کسی صورت مرتے نہیں ہیں—انہیں اچھا جنم چاہئے' سورگ چاہئے' آدرش چاہئے. کیول اسی کی انہیں ضرورت ہے . جب تک اِن کی یہ اچھا اِس جیتی جاگتی دنیا میں ہی پوری نہیں ہوتی یہ اسی طرح گھستے جائیں گے' مرتے جائیں گے' نہاتے جائیں گے' پوجتے جائیں گے—اور ہم پڑھے لکھے اپنے زعم میں اِن کا مذاق اُڑاتے رہیں گے' اِنہیں سیکھ دیتے رہیں گے' اِن کا سدھار کرتے رہیں گے' انہیں دھرم سمجھاتے رہیں گے' انہیں سورگ کا راستہ دکھاتے رہیں گے .

ایک آئے' دو آئے' تین آئے' ایک تانتا بندھ گیا. ڈبہ بھر گیا . ڈبے میں پھر سانس رکنے لگی. کندھے سے کندھا چھلنے لگا . امیر غریب' چھوٹے بڑے' مرد عورت سب کا بھید مٹ گیا—سب انسان تھے' سب مسافر تھے—کتنا آنند تھا اِس تکلیف میں!—ایک دوسرے کے لئے' اپنے لئے' سب کے لئے !

چھپرا—چھپرا کے اسٹیشن پر ٹرین ایک دھچکے کے ساتھ رکی اور کان میں گونج سنائی پڑی—شانتی زندہ باد—شانتی زندہ باد . اور پھر قریب سے ایک زور کا نعرہ سنائی دیا—روٹی چاہئے بم نہیں' شانتی چاہئے جنگ نہیں . زور کی آوازیں گونج رہی تھیں . پہلے سارے نعرے بکھرے بکھرے معلوم ہوتے تھے' جیسے الگ الگ' دور دور ! پھر وہ قریب ہوتے گئے' ایک دوسرے میں ملتے گئے' ایک ہوگئے' اکٹھا ہوگئے' شانتی کی گونج اونچی ہوگئی' زور بڑھ گیا. دماغوں میں ایک تھر تھری پیدا ہونے لگی' دلوں میں جوش پیدا ہونے لگا' ڈھارس بندھنے لگی .

نیلے نیلے جھنڈوں پر سفید کبوتر پھدک رہے تھے . کبھی کبوتر پیغام لے جاتا تھا' اُس کے پر کاٹے جاتے تھے' وہ کوٹھوں کی منڈیر پر بیٹھ کر سندیش پہونچاتا تھا . —آج وہ آکاش میں اُڑ رہا ہے . ہر ایک اُسے چاہتا ہے' ہر ایک کا سندیش ایک ہے—شانتی—اور وہ اُسے دنیا کے کونے کونے میں پہونچا رہا ہے .

چھپرا ضلع شانتی سمیلن کا اُدگھاٹن کرنے کے لئے پنڈت سندر لال یہاں آئے تھے . یہ پھریرے انہیں کے چاروں طرف اُڑ رہے تھے' یہ نعرے اُنہیں کا سواگت کر رہے تھے . شانتی شانتی کا سواگت کر رہی تھی اور تھوڑی دیر کے لئے ہی سہی لڑائی' دنگے' فساد کے بھوت اُس جگہ سے بھاگ گئے تھے—دور بہت دور—اِن شانتی کے نعروں کی پہونچ سے بہت دور . لیکن کب تک بھاگیں گے . اُن کی آتما بھی شانتی شانتی چلا اُٹھے گی اور خود اُنہیں کہنا پڑے گا—

اِس گھر کو آگ لگ گئی گھر کے چراغ سے

8 اگست کو ٹاون ہال چھپرا میں شانتی سمیلن ہوا . سب ساتھ بیٹھے تھے—پھر دیوار ٹوٹ گئی تھی . دھرم کی نہیں' سماج کی نہیں' کیول راج نیت کی . کانگریسی' سوشلسٹ' پرجا پارٹی کے ممبر' کمیونسٹ اور سب

प्रवासी की डायरी

डिब्बों में एक हलचल पैदा हुई. सब आपस में टकरा गये. डिब्बे के बाहर से आती हुई इंजिन की सीटियां कानों में गूंजी—फिर एक सन्नाटा छा गया. केवल छनों के लिये—और फिर वही सीं सीं—ज़ोर ज़ोर से, रुक रुक कर, धीमे धीमे से. कोई मोटा आदमी जैसे दूर से चल कर आया हो और सांस निकाल निकाल कर दम ले रहा हो.

7 अगस्त को सुबह राम बाग़ स्टेशन से गाड़ी चल दी. लेकिन ख़रामा ख़रामा टहलने की नीयत से, मस्ती में, न कोई तेज़ी, न कोई जल्दी. दिन अपना, रात अपनी, सफ़र अपना. एक फ़रलांग पर फिर एक धक्का लगा और मालूम हुआ कि गाड़ी रुक गई है. मुसाफ़िर चिल्लाने लगे, कोई इंजिन को कोसने लगा, किसी ने गार्ड पर ग़ुस्सा उतारा. एक बूढ़े आदमी मेरे डिब्बे में बैठे थे उन्होंने शान्त भाव से, हंस कर, कहा—ओटी आर है, ओटी आर. अभी क्या देखा है—आगे आगे देखिये होता है क्या.

बनारस तक गाड़ी आराम से चली गई. कोई भीड़ नहीं थी, कोई धक्कम धक्का नहीं था. मुझे शक होने लगा कि हो न हो कोई वज़ीर इस ट्रेन से सफ़र कर रहा है और अधिकारियों ने उसकी सुविधा के लिये टिकट देना ही बन्द कर दिया है. गौतम बुद्ध के पिता ने गौतम के चित्त को ठीक रखने के लिये ऐसा प्रबन्ध कर रखा था कि भयानक सीन—जीवन में रोज़मर्रा के दृश्य—उन्हें न दिखाई पड़ें. हमारे रेलवे अधिकारियों को भी वज़ीरों का बहुत ख़्याल है. कहीं बेचारे वैरागी न हो जाएँ!

बनारस में सारे क़ानून टूट गये. कोई दरजा नहीं रह गया, कोई दीवार नहीं रह गई. ट्रेन ट्रेन थी और उससे सबको सफ़र करने का अधिकार था. सफ़ेद पोशों के कपड़े ख़राब हो रहे थे और वह चुप थे, किसानों के पसीने से बहुत से लोग नाक चढ़ा रहे थे लेकिन मजबूर थे. नीचे से एक सैलाब आया था और सारे भेद भाव मिटाता सारी गाड़ी पर छा गया था. गंगा अश्नान लोग करने आये थे—ज़िलों, सूबों की सीमाओं को पार करके—बरसों इसका उन्होंने इन्तज़ार किया था, लाखों सपने उन्होंने देखे थे. ज़िन्दगी में न वह सपने सच होने वाले हैं और न इन बेचारों को निराशा होने वाली है. आशा की एक मद्धिम किरन के सहारे यह जीये जा रहे हैं—यह कहना ज़ियादा

پرواسی کی ڈائری

ڈبوں میں ایک ہلچل پیدا ہوئی . سب آپس میں ٹکرا گئے . ڈبے کے باہر سے آتی ہوئی انجن کی سیٹیاں کانوں میں گونجیں—پھر ایک سناٹا چھا گیا . کیول چھنوں کے لئے—اور پھر وہی سیں سیں—زور زور سے' رک رک کر' دھیمے دھیمے سے . کوئی موٹا آدمی جیسے دور سے چل کر آیا ہو اور سانس نکال نکال کر دم لے رہا ہو.

7 اگست کو صبح رام باغ اسٹیشن سے گاڑی چل دی. لیکن خراما خراما' ٹہلنے کی نیت سے' مستی میں' نہ کوئی تیزی' نہ کوئی جلدی . دن اپنا' رات اپنی' سفر اپنا . ایک فرلانگ پر پھر ایک دھچکا لگا اور معلوم ہوا کہ گاڑی رک گئی ہے . مسافر چلانے لگے' کوئی انجن کو کوسنے لگا' کسی نے گارڈ پر غصہ اُتارا . ایک بوڑھے آدمی میرے ڈبے میں بیٹھے تھے اُنہوں نے شانت بھاؤ سے' ہنس کر' کہا—او ٹی آر ہے' او ٹی آر . ابھی کیا دیکھا ہے—آگے آگے دیکھئے ہوتا ہے کیا .

بنارس تک گاڑی آرام سے چلی گئی . کوئی بھیڑ نہیں تھی' کوئی دھکم دھکا نہیں تھا. مجھے شک ہونے لگا کہ ہو نہ ہو کوئی وزیر اِس ٹرین سے سفر کر رہا ہے اور ادھیکاریوں نے اُس کی سودھا کے لئے ٹکٹ دینا ہی بند کر دیا ہے . گوتم بدھ کے پتا نے گوتم کے چت کو ٹھیک رکھنے کے لئے ایسا پربندھ کر رکھا تھا کہ بھیانک سین—جیون میں روز مرہ کے درشیہ—اُنہیں نہ دکھائی پڑیں . ہمارے ریلوے ادھیکاریوں کو بھی وزیروں کا بہت خیال ہے . کہیں بیچارے ویراگی نہ ہو جائیں!

بنارس میں سارے قانون ٹوٹ گئے . کوئی درجہ نہیں رہ گیا' کوئی دیوار نہیں رہ گئی . ٹرین ٹرین تھی اور اُس سے سب کو سفر کرنے کا ادھیکار تھا . سفید پوشوں کے کپڑے خراب ہو رہے تھے اور وہ چپ تھے' کسانوں کے پسینے سے بہت سے لوگ ناک چڑھا رہے تھے لیکن مجبور تھے . نیچے سے ایک سیلاب آیا تھا اور سارے بھید بھاؤ مٹاتا ساری گاڑی پر چھا گیا تھا . گنگا اشنان لوگ کرنے آئے تھے—ضلعوں' صوبوں کی سیماؤں کو پار کرکے—برسوں اِس کا اُنہوں نے انتظار کیا تھا' لاکھوں سپنے اُنہوں نے دیکھے تھے . زندگی میں نہ وہ سپنے سچ ہونے والے ہیں اور نہ ان بیچاروں کو نراشا ہونے والی ہے . آشا کی ایک مدھم کرن کے سہارے یہ جئے جا رہے ہیں—یہ کہنا زیادہ

अमरीकी फ़ौजी हाकिम और इंजीनियरों का आना जाना ज़ोरों पर है. एटम बम से बचने के लिये ज़मीन के नीचे हवाई अड्डे और हथियार और दूसरे जंगी सामानों को जमा करने के लिये ख़ास तरह के तहख़ाने बनाने की स्कीम पर भी अमरीकन सोच विचार कर रहे हैं. अमरीकी जंगी माहिरों का विचार है कि लड़ाई छिड़ जाने की सूरत में योरप के हवाई अड्डों पर ज़ियादा भरोसा नहीं किया जा सकता क्योंकि वह आसानी से रूसी हवाई जहाज़ों का निशाना बन सकते हैं. इसलिये रूसी एलाक़ों से दूर टियुनीशिया और मराको को अमरीका ने अपना फ़ौजी अड्डा बनाया है. लोक शाही का राग अलापने वाला यह मुल्क किसी भी क़ीमत पर टियुनीशिया को साम्राजी पंजे से छूटने की इजाज़त नहीं दे सकता.

जिस तरह एशिया के दूसरे मुल्क साम्राजी ताक़तों से तेज़ी से छुटकारा हासिल कर रहे हैं उसी तरह वह वक़्त भी जल्द आएगा जब साम्राज के क़िले अफ़्रीक़ा में भी गिरना शुरू हो जायेंगे और टियुनीशिया, मराको और अलजीरिया वग़ैरा के रहने वाले अपने मुल्क में आज़ादी से सांस ले सकेंगे.

"..........मैं तो रामराज यानी दुनिया में ईश्वर के राज का सपना देखता हूँ. वही आज़ादी है. स्वर्ग में यह राज कैसा होगा, सो मैं नहीं जानता. बहुत दूर की चीज़ जानने की मुझे इच्छा भी नहीं है. अगर वर्तमान (हाल) दिल को काफ़ी अच्छा लगता हो, तो भविश्य (मुस्तक़बिल) उससे बहुत अलग नहीं हो सकता.

"इसलिये राज नैतिक, आर्थिक और नैतिक (अख़लाक़ी) तीनों तरह की आज़ादी ही सच्ची आज़ादी है......"

—महात्मागांधी

تیونیشیا

امریکی فوجی حاکم اور انجینیروں کا آنا جانا زوروں پر ہے. ایٹم بم سے بچنے کے لئے زمین کے نیچے ہوائی اڈے اور ہتھیار اور دوسرے جنگی سامانوں کو جمع کرنے کے لئے خاص طرح کے تہ خانے بنانے کی اسکیم پر بھی امریکن سوچ بچار کر رہے ہیں. امریکی جنگی ماہروں کا وچار ہے کہ لڑائی چھڑ جانے کی صورت میں یورپ کے ہوائی اڈوں پر زیادہ بھروسہ نہیں کیا جا سکتا کیونکہ وہ آسانی سے روسی ہوائی جہازوں کا نشانہ بن سکتے ہیں. اس لئے روسی علاقوں سے دور تیونیشیا اور مراکو کو امریکہ نے اپنا فوجی اڈا بنایا ہے. لوک شاہی کا راگ الاپنے والا یہ ملک کسی بھی قیمت پر تیونیشیا کو سامراجی پنجے سے چھوٹنے کی اجازت نہیں دے سکتا.

جس طرح ایشیا کے دوسرے ملک سامراجی طاقتوں سے تیزی سے چھٹکارا حاصل کر رہے ہیں اسی طرح وہ وقت بھی جلد آئے گا جب سامراج کے قلعے افریقہ میں بھی گرنا شروع ہوجائیں گے اور تیونیشیا' مراکو اور الجیریا وغیرہ کے رہنے والے اپنے ملک میں آزادی سے سانس لے سکیں گے.

"............... میں تو رام راج یعنی دنیا میں ایشور کے راج کا سپنا دیکھتا ہوں. وہی آزادی ہے. سورگ میں یہ راج کیسا ہوگا' سو میں نہیں جانتا. بہت دور کی چیز جاننے کی مجھے اچھا بھی نہیں ہے. اگر ورتمان (حال) دل کو کافی اچھا لگتا ہو' تو بھوشیہ (مستقبل) اس سے بہت الگ نہیں ہو سکتا.

"اس لئے راج نیتک' آرتھک اور نیتک (اخلاقی) تینوں طرح کی آزادی ہی سچی آزادی ہے......"

—مہاتما گاندھی

यह लोग पूरी आज़ादी की मांग करते हैं. एक तरफ़ राष्ट्री नेताओं की गिरफ़्तारी शुरू हुई और दूसरी तरफ़ फ़्रान्स ने दुनिया को धोका देने के लिये अपने कुछ देसी हमदर्दों को वज़ीर बना दिया और कुछ क़ानूनी अधिकार देने का एलान कर दिया. बहुत से एलानों की तरह यह एलान भी अभी तक पूरा नहीं हुआ.

टियुनीशिया की हालत दिन पर दिन ख़राब होती जा रही है. जनता अपना पैदायशी हक़ हासिल करने के लिये कोशिश कर रही है. मुल्क के कोने कोने में हड़तालें हो रही हैं. पुलिस उन्हें बेदर्दी से कुचलने की कोशिश करती है. औरतों और बच्चों तक पर कभी लाठी चार्ज किया जाता है और कभी गोलियां बरसाई जाती हैं.

टियुनीशिया के नाम के हाकिम बे को उनके महल में क़रीब क़रीब बिल्कुल नज़र बंद कर दिया गया है. इनके हर क़दम पर कड़ी निगरानी रखी जाती है. ताज़ा ख़बरें आई हैं कि उन्हें ज़हर देने की भी कोशिश की गई थी. इत्तफ़ाक़ से साज़िश का भेद खुल गया. बे का नाम सैयदुल अमीन है. इनकी उम्र इस वक़्त 70 साल है. टियुनिस से कुछ दूरी पर कारथेज नामी जगह पर इनका महल है. उस सड़क पर जो बीच अफ़्रीक़ा को स्वेज़ से मिलाती है एक ख़ूबसूरत बाग़ के अन्दर यह महल बना है. बे का ख़ास काम है अपने बड़े कमरे की अनगिनत घड़ियों की देख भाल करना और महल के प्रोजेक्टर से सनीमा देखना. इसके अलावा इन्हें दवाओं से भी काफ़ी दिलचस्पी है. कहने के लिये हाकिम बे हैं और इनके मातहत एक मंत्री मंडल भी काम करता है. इसमें आधे अरब वज़ीर भी होते हैं. लेकिन असलियत में फ़्रान्स का रेज़ीडेन्ट जनरल ही जो चाहता है करता है, उसकी मर्ज़ी के बिना पत्ता भी नहीं हिल सकता. इन सब पाबन्दियों के होते हुए भी देश की आज़ादी के आन्दोलन में उनकी हमदर्दी सराहना के क़ाबिल है. वह छुप छुपा कर फ़्रान्सीसियों से अपने मुल्क को आज़ाद कराने की कोशिश करते रहते हैं.

राष्ट्री आन्दोलन को भंग करने के लिये फ़्रान्सीसियों ने बहुत से दांव चले हैं. कभी अन्दरूनी मामलों में ज़ियादा से ज़ियादा अधिकार देने का वादा किया, कभी आपस में लड़ाने की कोशिश की और कभी फ़ौजी ताक़त इस्तेमाल की. हिन्द चीन में मुंह की खाने पर भी फ़्रान्स की साम्राजी पालीसी में कोई तबदीली नज़र नहीं आ रही. वह अपने चंगुल को और मज़बूत करने की कोशिश में है. अमरीका की मदद भी उसे इस काम में हासिल हो गई है.

तीसरी बड़ी जंग की तैयारी के सिलसिले में अमरीका ने टियूनीशिया और मराको में हवाई अड्डे क़ायम करने शुरू कर दिये हैं. सड़कें और रेलवे लाइनें बनाई जा रही हैं.

یہ لوگ پوری آزادی کی مانگ کرتے ہیں . ایک طرف راشٹری نیتاؤں کی گرفتاری شروع ہوئی اور دوسری طرف فرانس نے دنیا کو دھوکا دینے کے لئے اپنے کچھ دیسی ہمدردوں کو وزیر بنا دیا اور کچھ قانونی ادھیکار دینے کا اعلان کر دیا . بہت سے اعلانوں کی طرح یہ اعلان بھی ابھی تک پورا نہیں ہوا .

ٹیونیشیا کی حالت دن پر دن خراب ہوتی جا رہی ہے . جنتا اپنا پیدائشی حق حاصل کرنے کے لئے کوشش کر رہی ہے . ملک کے کونے کونے میں ہڑتالیں ہو رہی ہیں . پولیس انہیں بےدردی سے کچلنے کی کوشش کرتی ہے . عورتوں اور بچوں تک پر کبھی لاٹھی چارج کیا جاتا ہے اور کبھی گولیاں برسائی جاتی ہیں .

ٹیونیشیا کے نام کے حاکم بے کو اُن کے محل میں قریب قریب بالکل نظر بند کر دیا گیا ہے . اِن کے ہر قدم پر کڑی نگرانی رکھی جاتی ہے . تازہ خبریں آئی ہیں کہ انہیں زہر دینے کی بھی کوشش کی گئی تھی . اتفاق سے سازش کا بھید کھل گیا . بے کا نام سیدالامین ہے . اِن کی عمر اِسوقت 70 سال ہے . ٹیونس سے کچھ دوری پر کارتھیج نامی جگہ پر اِن کا محل ہے . اُس سڑک پر جو بیچ افریقہ کو سوئز سے ملاتی ہے ایک خوبصورت باغ کے اندر یہ محل بنا ہے . بے کا خاص کام ہے اپنے بڑے کمرے کی انگنت گھڑیوں کی دیکھ بھال کرنا اور محل کے پروجیکٹر سے سنیما دیکھنا . اِسکے علاوہ اِنہیں دواؤں سے بھی کافی دلچسپی ہے . کہنے کے لئے حاکم بے ہیں اور اِن کے ماتحت ایک منتری منڈل بھی کام کرتا ہے . اِسمیں آدھے عرب وزیر بھی ہوتے ہیں . لیکن اصلیت میں فرانس کا ریزیڈنٹ جنرل ہی جو چاہتا ہے کرتا ہے ، اس کی مرضی کے بنا پتا بھی نہیں ہل سکتا . اِن سب پابندیوں کے ہوتے ہوئے بھی دیش کی آزادی کے آندولن میں اُن کی ہمدردی سراہنا کے قابل ہے . وہ چھپ چھپا کر فرانسیسیوں سے اپنے ملک کو آزاد کرانے کی کوشش کرتے رہتے ہیں .

راشٹری آندولن کو بھنگ کرنے کے لئے فرانسیسیوں نے بہت سے داؤں چلے ہیں . کبھی اندرونی معاملوں میں زیادہ سے زیادہ ادھیکار دینے کا وعدہ کیا ، کبھی آپس میں لڑانے کی کوشش کی اور کبھی فوجی طاقت استعمال کی . ہند چین میں منھ کی کھانے پر بھی فرانس کی سامراجی پالیسی میں کوئی تبدیلی نظر نہیں آرہی . وہ اپنے چنگل کو اور مضبوط کرنے کی کوشش میں ہے . امریکہ کی مدد بھی اُسے اِس کام میں حاصل ہوگئی ہے .

تیسری بڑی جنگ کی تیاری کے سلسلے میں امریکہ نے ٹیونیشیا اور مراکو میں ہوائی اڈے قائم کرنے شروع کر دیئے ہیں . سڑکیں اور ریلوے لائنیں بنائی جا رہی ہیں .

पाते कि अपने बाल बच्चों को ज़िन्दा रख सकें और खुद ही मामूली ज़रूरतें पूरा कर सकें. साल के बाक़ी महीनों में इनकी जो दुर्गत होती है उसका नक़्शा खींचना ताक़त से बाहर है. मामूली और छोटी मोटी नौकरियों के अलावा सारी नौकरियां फ़्रानसीसियों को दी जाती हैं. ऊंची तालीम हासिल किये हुए अरबों पर कम पढ़े फ़्रानसीसियों को हर जगह और हर नौकरी में तरजीह मिलती है. देश के इन्तज़ाम से सम्बन्ध रखने वाली नौकरियों के दरवाज़े तो अरबों पर बिलकुल बन्द हैं. फ़्रान्सीसी माल की खपत के लिये देसी उद्योग धन्दों का गला घोंट दिया गया है. नतीजा यह है कि सैकड़ों देसी कारीगर भीक मांगने पर मजबूर हो गए हैं.

ग़रीबी के कारन हर साल हज़ारों लोग बीमारियों के शिकार हो जाते हैं. विदेसी हुकूमत इन बीमारियों की रोक थाम के लिये कोई असरदार क़दम नहीं उठाती. मुल्क भर के सरकारी अस्पताल उंगलियों पर गिने जा सकते हैं. सब के सब बड़े बड़े शहरों में हैं और वहां भी देसी लोगों के साथ लापरवाही बरती जाती है. देहातों में तो सिरे से कोई दवा इलाज का इन्तज़ाम है ही नहीं. मरने वालों की तादाद बराबर बढ़ती जा रही है. छोटे बच्चों की मौत ज़ियादा होती है.

टियुनीशिया के अरबों की आबादी में लगभग 15 फ़ीसदी लोग पढ़े लिखे हैं और बाक़ी लोग बिलकुल जाहिल हैं.

जनता समय समय पर जलसे और जलूसों की शकल में इन ज़ियादतियों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाती रही है. फ़्रान्स ने इन शान्ति पूर्न प्रदर्शनों को भी सख़्ती से दबाया है. प्रदर्शन करने वालों पर बेजा सख़्ती ने कभी कभी हथियार बंद बग़ावत की भी शकल ले ली है.

टियुनीशिया के आज़ादी आन्दोलन को चलाने वाली दो ख़ास पारटियां हैं. एक न्यू दस्तूर पारटी और दूसरी कम्यूनिस्ट पारटी. न्यू दस्तूर पारटी के सदर हबीब बूर-जीबा हैं. इन्होंने फ़्रान्स में तालीम पाई है और एक फ़्रान्सीसी औरत से शादी की है. यह एक अच्छे वकील हैं. इस समय इनकी उम्र 50 साल है. हाल में इन्होंने बहुत से बाहरी मुल्कों का दौरा किया है. दूसरे मुल्कों और ख़ास कर मिस्र के राष्ट्री आन्दोलनों का इन पर बहुत असर पड़ा है. किसी तरह से इन्होंने टियुनीशिया के 'बे' की हमदर्दी भी हासिल कर ली है. न्यू दस्तूर पारटी सिर्फ़ अन्दरूनी मामलों में ही आज़ादी मांगती है. फिर भी साम्राजियों ने इस पारटी के सब नेताओं, बड़े वज़ीर और दूसरे देसी वज़ीरों को जेल में डाल दिया है. कम्यूनिस्ट पारटी के लीडरों को हाल का आन्दोलन चलते ही सन '51 में गिरफ़्तार कर लिया गया.

پاتے کہ اپنے بال بچوں کو زندہ رکھ سکیں اور خود ہی معمولی ضرورتیں پورا کرسکیں ۔ سال کے باقی مہینوں میں ان کی جو درگت ہوتی ہے اس کا نقشہ کھینچنا طاقت سے باہر ہے ۔ معمولی اور چھوٹی موٹی نوکریوں کے علاوہ ساری نوکریاں فرانسیسیوں کو دی جاتی ہیں ۔ اونچی تعلیم حاصل کئے ہوئے عربوں پر کم پڑھے فرانسیسیوں کو ہر جگہ اور ہر نوکری میں ترجیح ملتی ہے ۔ دیش کے انتظام سے سمبندھ رکھنے والی نوکریوں کے دروازے تو عربوں پر بالکل بند ہیں ۔ فرانسیسی مال کی کھپت کے لئے دیسی ادیوگ دھندوں کا گلا گھونٹ دیا گیا ہے ۔ نتیجہ یہ ہے کہ سیکڑوں دیسی کاریگر بھیک مانگنے پر مجبور ہوگئے ہیں ۔

غریبی کے کارن ہر سال ہزاروں لوگ بیماریوں کے شکار ہو جاتے ہیں ۔ بدیسی حکومت ان بیماریوں کی روک تھام کے لئے کوئی اثر دار قدم نہیں اٹھاتی ۔ ملک بھر کے سرکاری اسپتال انگلیوں پر گنے جا سکتے ہیں ۔ سب کے سب بڑے بڑے شہروں میں ہیں اور وہاں بھی دیسی لوگوں کے ساتھ لاپروائی برتی جاتی ہے ۔ دیہاتوں میں تو سرے سے کوئی دوا علاج کا انتظام ہے ہی نہیں ۔ مرنے والوں کی تعداد برابر بڑھتی جا رہی ہے ۔ چھوٹے بچوں کی موت زیادہ ہوتی ہے ۔

تیونیشیا کے عربوں کی آبادی میں لگ بھگ 15 فیصدی لوگ پڑھے لکھے ہیں اور باقی لوگ بالکل جاہل ہیں ۔

جنتا سمے سمے پر جلسے اور جلوسوں کی شکل میں ان زیادتیوں کے خلاف آواز اٹھاتی رہی ہے ۔ فرانس نے ان شانتی پورن پردرشنوں کو بھی سختی سے دبایا ہے ۔ پردرشن کرنے والوں پر بےجا سختی نے کبھی کبھی ہتھیار بند بغاوت کی بھی شکل لے لی ہے ۔

تیونیشیا کے آزادی آندولن کو چلانے والی دو خاص پارٹیاں ہیں ۔ ایک نیو دستور پارٹی اور دوسری کمیونسٹ پارٹی ۔ نیو دستور پارٹی کے صدر حبیب بورجیبا ہیں ۔ انہوں نے فرانس میں تعلیم پائی ہے اور ایک فرانسیسی عورت سے شادی کی ہے ۔ یہ ایک اچھے وکیل ہیں ۔ اس سمے ان کی عمر 50 سال ہے ۔ حال میں انہوں نے بہت سے باہری ملکوں کا دورہ کیا ہے ۔ دوسرے ملکوں اور خاصکر مصر کے راشٹری آندولنوں کا ان پر بہت اثر پڑا ہے ۔ کسی طرح سے انہوں نے تیونیشیا کے 'بے' کی ہمدردی بھی حاصل کر لی ہے ۔ نیو دستور پارٹی صرف اندرونی معاملوں میں ہی آزادی مانگتی ہے ۔ پھر بھی سامراجیوں نے اس پارٹی کے سب نیتاؤں، بڑے وزیر اور دوسرے دیسی وزیروں کو جیل میں ڈال دیا ہے ۔ کمیونسٹ پارٹی کے لیڈروں کو حال کا آندولن چلتے ہی سن 51 میں گرفتار کر لیا گیا ۔

टियुनीशिया

(ज़मीर हसन काज़मी)

जनता के जोशीले प्रदर्शनों, पिसे और मजबूर लोगों के उभार और फ़्रान्सीसी गोलियों की सनसनाहट से दुनिया की निगाहें यकायक अफ़्रीक़ा के एक छोटे से कोने पर जम गई हैं. यू. एन. ओ. का चार्टर वहां बिखर रहा है. कुछ साम्राजी ताक़तें एक देश को ग़ुलाम बनाये हुये हैं. उन्हें यह भी गवारा नहीं है कि बेबसी की ज़ंजीर में जकड़े इन मज़लूमों की फ़रियाद भी कोई दुनिया की सब से बड़ी इन्सानी अदालत के सामने पेश कर सके.

इस खुली ना-इनसाफ़ी और अत्याचार का शिकार टियुनीशिया है. उन्नीसवीं सदी के बीच में काफ़ी कोशिशें करने के बाद टियुनीशिया को. तुर्कों के चंगुल से छुटकारा मिला. पर 1881 में उसे दूसरी मुसीबत ने आ घेरा. मुल्क की माली बद हाली और आपसी फूट का फ़ायदा उठा कर फ़्रान्स ने हमला कर दिया. टियुनीशिया हार गया और उसके हाकिम 'बे' को एक राज़ीनामे पर दस्तख़त करना पड़ा. इस राज़ीनामे से टियुनीशिया के अन्दरूनी और बाहरी मामलों में फ़्रान्स को पूरा दख़ल देने का अधिकार मिल गया. तभी से इस छोटे से ग़रीब मुल्क की ग़ुलामी का एक नया खंड शुरू होता है.

टियुनीशिया उत्तर अफ़्रीक़ा का एक छोटा सा हिस्सा है. इस के उत्तर में रूम सागर, दक्खिन पच्छिम में अलजीरिया और पूरब में लीबिया है. टियुनिस यहां की राजधानी है. यह शहर रूम सागर का एक ख़ास बंदरगाह भी है. दूसरा शहर और बंदरगाह बाईज़रता है जो फ़्रांस के समुन्द्री बेड़े का दूसरा बड़ा केन्द्र है. टियुनीशिया की कुल आबादी 35 लाख है जिनमें लगभग 31 लाख अरब और बाक़ी यूरोपियन हैं. लगभग कुल यूरोपियन आबादी फ़्रान्सीसी और इटालियन लोगों की है.

देश के व्योपार, कारख़ानों, फ़ैक्ट्रियों और सरकारी ओहदों पर फ़्रानसीसियों का क़रीब क़रीब पूरा क़ब्ज़ा है. कुल पछत्तर हज़ार एकड़ ज़मीन खेती के क़ाबिल है. इसका आधे से ज़ियादा हिस्सा फ़्रानसीसियों के क़ब्ज़े में है. यह ज़मीन जायेज़ और ना जायेज़ जिस तरह से भी मुमकिन हो सका असल मालिकों से छीनी गई है. अधाधुन्द बेदख़ली ने हज़ारों किसान ख़ान्दानों को भूकों मरने पर मजबूर कर दिया है. अरब मज़दूरों की हालत रहम के क़ाबिल है. साल भर में तीन या चार महीने से ज़ियादा काम उन्हें नहीं मिलता. इस बीच में भी वह इतनी मज़दूरी नहीं

تیونیشیا

(ضمیر حسن کاظمی)

جنتا کے جوشیلے پردرشنوں، پسے اور مجبور لوگوں کے ابھار اور فرانسیسی گولیوں کی سنسناہٹ سے دنیا کی نگاہیں یکایک افریقہ کے ایک چھوٹے سے کونے پر جم گئی ہیں. یو. این. او. کا چارٹر وہاں بکھر رہا ہے. کچھ سامراجی طاقتیں ایک دیش کو غلام بنائے ہوئے ہیں. انہیں یہ بھی گوارا نہیں ہے کہ بےبسی کی زنجیر میں جکڑے ان مظلوموں کی فریاد بھی کوئی دنیا کی سب سے بڑی انسانی عدالت کے سامنے پیش کرسکے.

اس کھلی ناانصافی اور اتیاچار کا شکار تیونیشیا ہے. انیسویں صدی کے بیچ میں کافی کوششیں کرنے کے بعد تیونیشیا کو ترکوں کے چنگل سے چھٹکارا ملا. پر 1881 میں اسے دوسری مصیبت نے آگھیرا. ملک کی مالی بدحالی اور آپسی پھوٹ کا فائدہ اٹھا کر فرانس نے حملہ کردیا. تیونیشیا ہار گیا اور اس کے حاکم 'بے' کو ایک راضی نامے پر دستخط کرنا پڑا. اس راضی نامے سے تیونیشیا کے اندرونی اور باہری معاملوں میں فرانس کو پورا دخل دینے کا ادھیکار مل گیا. تبھی سے اس چھوٹے سے غریب ملک کی غلامی کا ایک نیا کھنڈ شروع ہوتا ہے.

تیونیشیا اتر افریقہ کا ایک چھوٹا سا حصہ ہے. اس کے اتر میں روم ساگر، دکھن پچھم میں الجیریا اور پورب میں لیبیا ہے. تیونس یہاں کی راجدھانی ہے. یہ شہر روم ساگر کا ایک خاص بندرگاہ بھی ہے. دوسرا شہر اور بندرگاہ بائیزرطہ ہے جو فرانس کے سمندری بیڑے کا دوسرا بڑا کیندر ہے. تیونیشیا کی کل آبادی 35 لاکھ ہے جن میں لگ بھگ 31 لاکھ عرب اور باقی یوروپین ہیں. لگ بھگ کل یوروپین آبادی فرانسیسی اور اٹالین لوگوں کی ہے.

دیش کے بیوپار، کارخانوں، فیکٹریوں اور سرکاری عہدوں پر فرانسیسیوں کا قریب قریب پورا قبضہ ہے. کل پچھتر ہزار ایکڑ زمین کھیتی کے قابل ہے. اس کا آدھے سے زیادہ حصہ فرانسیسیوں کے قبضے میں ہے. یہ زمین جائز اور ناجائز جس طرح سے بھی ممکن ہوسکا اصل مالکوں سے چھینی گئی ہے. آدھا دھند بے دخلی نے ہزاروں کسان خاندانوں کو بھوکوں مرنے پر مجبور کردیا ہے. عرب مزدوروں کی حالت رحم کے قابل ہے. سال بھر میں تین یا چار مہینے سے زیادہ کام انہیں نہیں ملتا. اس بیچ میں بھی وہ اتنی مزدوری نہیں

इसमें काफ़ी डर है और सरकारी आमदनी के घट जाने का भी ख़तरा है. और हमेशा के लिये लगान मुक़र्रर करने में पैदावार बढ़ती है, किसान खेतों पर ख़ूब मेहनत करते हैं, क्योंकि किसान समझते हैं कि खेत उनका है और आगे जो भी पैदावार होगी उससे उनको ही फ़ायदा पहुंचेगा.

सरकारी ज़ाफ़रान के खेत उन किसानों को मिल जायंगे जिन्होंने सम्बत 2007 बिक्रमी की ख़रीफ़ में उन खेतों पर खेती की थी. शर्त सिर्फ़ यह है:—

(1) चालीस रुपया एकड़ लगान के अलावा किसान दूसरे टैक्स भी अदा करेंगे जो इस समय कुछ वक़्त के लिये लगाए गए हैं.

(2) किसी को भी 32 कनाल से ज़ियादा ज़ाफ़रानी खेत न मिलेगा.

(3) किसी भी किसान की ज़मीन सब मिला कर 160 कनाल या बीस एकड़ से ज़ियादा किसी सूरत में न होने पाएगी.

अगर किसी सूरत में यह शर्तें पूरी न हो सकेंगी तो ज़ाफ़रान की सरकारी ज़मीन उन किसानों में भी बांटी जायगी जिन्होंने उस पर सम्बत 2007 में खेती नहीं की थी.

ज़ाफ़रान की बिक्री के लिये आसानियां पैदा की जायेंगी. इस से कई फ़ायदे होंगे. बाज़ार से नक़ली ज़ाफ़रान उड़ जायेगा. क़र्ज़ देने वाले महाजनों और इजारा दारों के चंगुल से ज़ाफ़रान का व्योपार निकल आयेगा और किसान को पूरा फ़ायदा पहुंच सकेगा.

क़र्ज़ के भूत से कुछ दिनों के लिये कश्मीरी किसान को छुटकारा मिल गया है. मौजूदा ज़ाफ़रानी खेती के ठेकेदारी प्रथा को ख़त्म करने से किसान अपनी मेहनत का फल ख़ुद भोगेगा और दूसरे उससे नाजायज़ फ़ायदा न उठा सकेंगे.

फल और मेवों के बाग़ों को छोड़ कर कश्मीर की सारी खेती के ज़मीन बिना किसी ज़मींदार को मोआवज़ा दिये या तो अब तक किसानों में बांट दी गई है और या बांटी जा रही है.

(नेशनल हेराल्ड से)

اس میں کافی ڈر ہے اور سرکاری آمدنی کے گھٹ جانے کا بھی خطرہ ہے . اور ہمیشہ کے لئے لگان مقرر کرنے میں پیداوار بڑھتی ہے، کسان کھیتوں پر خوب محنت کرتے ہیں، کیونکہ کسان سمجھتے ہیں کہ کھیت ان کا ہے اور آگے جو بھی پیداوار ہوگی اس سے ان کو ہی فائدہ پہونچے گا .

سرکاری زعفران کے کھیت ان کسانوں کو مل جائیں گے جنھوں نے سمت 2007 بکرمی کی خریف میں ان کھیتوں پر کھیتی کی تھی . شرط صرف یہ ہے :—

(1) چالیس روپیہ ایکڑ لگان کے علاوہ کسان دوسرے ٹیکس بھی ادا کریں گے جو اس سمے کچھ وقت کے لئے لگائے گئے ہیں .

(2) کسی کو بھی 32 کنال سے زیادہ زعفرانی کھیت نہ ملے گا .

(3) کسی بھی کسان کی زمین سب ملاکر 160 کنال یا بیس ایکڑ سے زیادہ کسی صورت میں نہ ہونے پائے گی .

اگر کسی صورت میں یہ شرطیں پوری نہ ہو سکیں گی تو زعفران کی سرکاری زمین ان کسانوں میں بھی بانٹی جائے گی جنھوں نے اس پر سمت 2007 میں کھیتی نہیں کی تھی .

زعفران کی بکری کے لئے آسانیاں پیدا کی جائیں گی. اس سے کئی فائدے ہونگے. بازار سے نقلی زعفران اڑ جائے گا . قرض دینے والے مہاجنوں اور اجارہ داروں کے چنگل سے زعفران کا بیوپار نکل آئے گا اور کسان کو پورا فائدہ پہونچ سکے گا .

قرض کے بھوت سے کچھ دنوں کے لئے کشمیری کسان کو چھٹکارا مل گیا ہے. موجودہ زعفرانی کھیتی کے ٹھیکیداری پرتھا کو ختم کرنے سے کسان اپنی محنت کا پھل خود بھوگے گا اور دوسرے اس سے ناجائز فائدہ نہ اٹھا سکیںگے.

پھل اور میووں کے باغوں کو چھوڑ کر کشمیر کی ساری کھیتی کے زمین بنا کسی زمیندار کو معاوضہ دیئے یا تو اب تک کسانوں میں بانٹ دی گئی ہے اور یا بانٹی جا رہی ہے .

(نیشنل ہیرالڈ سے)

जंगल के नीलाम में इस बात ध्यान रखा जाता है कि जंगल में कितनी लकड़ी है और किस क़िस्म की लकड़ी है लेकिन ज़ाफ़्रान के खेतों के नीलाम में पैदावार का कोई ख्याल नहीं किया जाता. ठेकेदार दूसरों से इन खेतों पर ज़ाफ़्रान की खेती कराते हैं. इन खेतों के नीलाम से पिछले 31 साल में सरकार को एकावन हज़ार पांच सौ रुपया सालाना की आमदनी हुई. सन'50 में यह आमदनी एकासी हज़ार हो गई और सन '51 में बढ़ कर दो लाख तक पहुँच गई.

पुलवामा तहसील के सोलह गांव और शहर खास तहसील के चार गांव में ही ज़ाफ़्रान की खेती का रक़बा फैला हुआ है. कुल चार हज़ार तीन सौ तेईस एकड़ ज़मीन पर ज़ाफ़्रान उगाया जाता है. इसमें से तीन हज़ार तीन सौ इकयासी एकड़ अलग अलग लोगों की निजी मिलकियत है और बाक़ी नौ सौ ब्यालीस एकड़ सरकार के क़ब्ज़े में है. पांच सौ छब्बीस एकड़ ज़मीन को छोड़ कर जिस पर मालिक लोग खुद काश्त करते हैं बाक़ी सारा सरकारी और निजी मिलकियत का ज़ाफ़्रानी रक़बा ठेकेदारों को नीलाम किया जाता है. पटवारी के काग़ज़ों में सिर्फ़ तीन हज़ार सात सौ नवासी एकड़ ही 'ज़ाफ़्रानी' दर्ज है और बाक़ी पांच सौ चौंतीस एकड़ पर ज़ाफ़्रान की खेती तो होती है लेकिन वह सरकारी काग़ज़ों में दर्ज नहीं हैं.

सरकार ने "मोहाल ज़ाफ़्रान" (ज़ाफ़्रानी खेती की ज़मीन) के बारे में जानकारी हासिल करने के लिये एक कमेटी बनाई थी जिसने ज़ाफ़्रान की खेती के मौजूदा तरीक़े में तीन खास बुराईयां बताई हैं. इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ठेकेदारी की प्रथा के कारन किसानों की मेहनत का पूरा पूरा फल उन्हें नहीं मिलता और उनकी ग़रीबी बढ़ती जाती है. किसान और ठेकेदारों के बीच एक ग़ुलाम और मालिक का नाता क़ायम होता है और दोनों में ज़बरदस्त तनाओ पैदा होता है. ठेकेदार बेरहमी से खेत के उपजाऊपन से फ़ायदा उठाने की कोशिश करते हैं और उसे जल्द ही कमज़ोर कर देते हैं.

कमेटी की रिपोर्ट ने इस बात पर ज़ोर दिया है कि मौजूदा प्रथा को किसी तरह क़ायम न रखना चाहिये. माली दृष्टीकोन से यह तरीक़ा बिल्कुल निकम्मा और नुक़सान पहुँचाने वाला है. सरकार को चाहिये कि इन खेतों का भी 'खेत मालगुज़ारी ऐक्ट' के बन्धान के अनुसार लगान मुक़र्रर कर दे. यह लगान किसी खास आधार पर हमेशा के लिये मुक़र्रर कर दिया जाय क्योंकि हर साल लगान मुक़र्रर करने में दिक़्क़तें होती हैं. इसके लिये ईमानदार अफ़सरों की ज़रूरत है जो अच्छे ढंग से इन्तज़ाम कर सकें. किसानों पर अफ़सरों की ज़ुल्म ज़ियादती का

جنگل کے نیلام میں اِسی بات کا دھیان رکھا جاتا ہے کہ جنگل میں کتنی لکڑی ہے اور کس قسم کی لکڑی ہے لیکن زعفران کے کھیتوں کے نیلام میں پیداوار کا کوئی خیال نہیں کیا جاتا . ٹھیکیدار دوسروں سے اِن کھیتوں پر زعفران کی کھیتی کراتے ہیں . ان کھیتوں کے نیلام سے پچھلے 31 سال میں سرکار کو اکیاون ہزار پانچسو روپیہ سالانہ کی آمدنی ہوئی. سن 50' میں یہ آمدنی اکیاسی ہزار ہوگئی اور سن 51' میں بڑھکر دو لاکھ تک پہونچ گئی.

پل واما تحصیل کے سولہ گاؤں اور شہر خاص تحصیل کے چار گاؤں میں ہی زعفران کی کھیتی کا رقبہ پھیلا ہوا ہے . کل چار ہزار تین سو تیئیس ایکڑ زمین پر زعفران اُگایا جاتا ہے . اِس میں سے تین ہزار تین سو اکیاسی ایکڑ الگ الگ لوگوں کی نجی ملکیت ہے اور باقی نو سو بیالیس ایکڑ سرکار کے قبضے میں ہے. پانچسو چھبیس ایکڑ زمین چھوڑ کر جس پر مالک لوگ خود کاشت کرتے ہیں باقی سارا سرکاری اور نجی ملکیت کا زعفرانی رقبہ ٹھیکیداروں کو نیلام کیا جاتا ہے . پٹواری کے کاغذوں میں صرف تین ہزار سات سو نواسی ایکڑ ہی ' زعفرانی ' درج ہے اور باقی پانچسو چونتیس ایکڑ زعفران کی کھیتی تو ہوتی ہے لیکن وہ سرکاری کاغذوں میں درج نہیں ہیں .

سرکار نے " محال زعفران " (زعفرانی کھیتی کی زمین) کے بارے میں جانکاری حاصل کرنے کے لئے ایک کمیٹی بنائی تھی جس نے زعفران کی کھیتی کے موجودہ طریقے میں تین خاص برائیاں بتائی ہیں . اِس کمیٹی نے اپنی رپورٹ میں کہا ہے کہ ٹھیکیداری کی پرتھا کے کارن کسانوں کی محنت کا پورا پورا پھل انہیں نہیں ملتا اور اُن کی غریبی بڑھتی جاتی ہے . کسان اور ٹھیکیداروں کے بیچ ایک غلام اور مالک کا ناتا قائم ہوتا ہے اور دونوں میں زبردست تناؤ پیدا ہوتا ہے . ٹھیکیدار بے رحمی سے کھیت کے اُپجاؤ پن سے فائدہ اُٹھانے کی کوشش کرتے ہیں اور اُسے جلد ہی کمزور کر دیتے ہیں .

کمیٹی کی رپورٹ نے اِس بات پر زور دیا ہے کہ موجودہ پرتھا کو کسی طرح قائم نہ رکھنا چاہئے. مالی درشٹی کون سے یہ طریقہ بالکل نکما اور نقصان پہونچانے والا ہے . سرکار کو چاہئے کہ اِن کھیتوں کا بھی 'کھیت مالگذاری ایکٹ' کے بندھان کے انوسار لگان مقرر کر دے . یہ لگان کسی خاص آدھار پر ہمیشہ کے لئے مقرر کر دیا جائے کیونکہ ہر سال لگان مقرر کرنے میں دقتیں ہوتی ہیں . اس کے لئے ایماندار افسروں کی ضرورت ہے جو اچھے ڈھنگ سے انتظام کر سکیں . کسانوں پر افسروں کی ظلم زیادتی کا

एक लाख साठ हज़ार एकड़ जागीरी ज़मीन किसानों [में] बांट दी गई और सरकारी काग़ज़ों में साठ हज़ार [कि]सान परिवारों के नाम मिलकियत का हक़ दर्ज कर दिया [ग]या. स्पेशल तहसीलदार मुक़र्रर किये गए जिन्होंने लाखों [कि]सानों की मिलकियत को काग़ज़ों में दर्ज करने के काम [क]ो सोलह महीने में ख़त्म किया. ज़मीन सुधार अफ़सरों [क]ा कहना है कि अगर पुराने इलाक़ेवारी तहसीलदारों के [सु]पुर्द यह काम किया जाता तो अगर वह इसे किसी सूरत [क]रते भी तो कम से कम दस साल लगा देते. आशा की [जा]ती है कि इस सम्बन्ध का सारा काम अप्रैल सन '53 [त]क बिल्कुल पूरा हो जायगा. इन अफ़सरों की मेहनत और [ल]गन तारीफ़ के क़ाबिल है. काग़ज़ों में मिलकियत दर्ज [हो]ने से पहले ही किसानों को अपने अपने खेत पर पूरा [ह]क़ मिल गया था. इस बीच में किसानों से लगान वसूल [क]रने में माल विभाग के अफ़सरों ने बहुत अक़्लमन्दी और [प्रे]म भाव से काम लिया. लगान का एक आना भी वसूल [हो]ने से बाक़ी न रहा. किसान सरकार के अहसान मन्द थे. [उन्]होंने ख़ुशी ख़ुशी सरकारी अधिकारियों को पूरा सहयोग [दि]या.

खेत पर किसान की मिलकियत को पूरी तरह सुरक्षित [क]र देने के बन्धान को ज़मीन सुधार अफ़सर जम्मू और [क]श्मीर के किसानों के लिये "आज़ादी का चार्टर" कहते हैं.

ज़मींदार किसी हालत और किसी बहाने से भी जल्दी [से] किसान से खेत नहीं छीन सकता. अगर उसका लगान [ब]क़ाया है तो वह कचहरी में नालिश कर सकता है. डिग्री [हो] जाने पर किसान का घर, बैल, खेती के अवज़ार कुड़क [न]हीं किये जा सकते. अगर किसान की कोई चल जायदाद [है] तो वह कुड़क की जा सकती है. तीन साल के बाद बक़ाया [ल]गान का दावा रद्द हो जाता है. इस सुधार से यह फ़ायदा [हु]आ कि इस साल 4·7 फ़ीसदी पैदावार बढ़ गई और [भ]विष्य में पैदावार बढ़ने और जनता की आम हालत [बेह]तर होने की ज़बरदस्त उम्मीद है.

तरह तरह के कोआपरेटिव संस्थाओं का संगठन किया [ग]या है जो किसानों में 'अपनी मदद आप करो' के भाव [को] उभारती हैं. यह संस्थायें किसानों को मामूली सूद पर [क़]र्ज़ देती हैं और अच्छे बीज और अच्छे खेती के औज़ार [मुहै]या करती हैं.

ज़ाफ़रान की खेती

कश्मीर में ज़ाफ़रान की खेती का सारा ढांचा व्योपारी [नि]गाह से खड़ा किया गया है. घाटी की सारी ज़मीन जिस [पर] ज़ाफ़रान की खेती होती है ठेकेदारों को एक साल के लिये [या] एक फ़सल के लिये नीलाम कर दी जाती है. इस तरह [ज़ाफ़]रान की खेती कुछ पूंजी पतियों की इजारादारी हो गई है.

ایک لاکھ ساٹھ ہزار ایکڑ جاگیری زمین کسانوں میں بانٹ دی گئی اور سرکاری کاغذوں میں ساٹھ ہزار کسان پریواروں کے نام ملکیت کا حق درج کر دیا گیا ۔ اسپیشل تحصیلدار مقرر کئے گئے جنہوں نے لاکھوں کسانوں کی ملکیت کو کاغذوں میں درج کرنے کے کام کو سولہ مہینے میں ختم کیا ۔ زمین سدھار افسروں کا کہنا ہے کہ اگر پرانے علاقے واری تحصیلداروں کے سپرد یہ کام کیا جاتا تو اگر وہ اسے کسی صورت کرتے بھی تو کم سے کم دس سال لگا دیتے ۔ آشا کی جاتی ہے کہ اس سمبندھ کا سارا کام اپریل سن '53 تک بالکل پورا ہو جائے گا ۔ اِن افسروں کی محنت اور لگن تعریف کے قابل ہے. کاغذوں میں ملکیت درج ہونے سے پہلے ہی کسانوں کو اپنے اپنے کھیت پر پورا حق مل گیا تھا ۔ اِس بیچ میں کسانوں سے لگان وصول کرنے میں مال وبھاگ کے افسروں نے بہت عقلمندی اور پریم بھاؤ سے کام لیا ۔ لگان کا ایک آنہ بھی وصول ہونے سے باقی نہ رہا ۔ کسان سرکار کے احسان مند تھے ۔ اُنہوں نے خوشی خوشی سرکاری ادھیکاریوں کو پورا سہیوگ دیا ۔

کھیت پر کسان کی ملکیت کو پوری طرح سرکشت کر دینے کے بندھان کو زمین سدھار افسر جمو اور کشمیر کے کسانوں کے لئے ۔ '' آزادی کا چارٹر '' کہتے ہیں ۔

زمیندار کسی حالت اورکسی بہانے سے بھی جلدی سے کسان سے کھیت نہیں چھین سکتا ۔ اگر اُس کا لگان بقایا ہے تو وہ کچہری میں نالش کر سکتا ہے ۔ ڈگری ہوجانے پر کسان کا گھر' بیل' کھیتی کے اوزار کرک نہیں کئے جاسکتے. اگر کسان کی کوئی چل جائداد ہے تو وہ کرک کی جا سکتی ہے ۔ تین سال کے بعد بقایا لگان کا دعوی رد ہو جاتا ہے ۔ اِس سدھار سے یہ فائدہ ہوا کہ اس سال 4·7 فیصدی پیداوار بڑھ گئی اور بھوشیہ میں پیداوار بڑھنے اور جنتا کی عام حالت بہتر ہونے کی زبردست اُمید ہے ۔

طرح طرح کے کوآپریٹو سنستھاؤں کا سنگھٹن کیا گیا ہے جو کسانوں میں 'اپنی مدد آپ کرو' کے بھاؤ کو ابھارتی ہیں ۔ یہ سنستھائیں کسانوں کو معمولی سود پر قرض دیتی ہیں اور اچھے بیج اور اچھے کھیتی کے اوزار مہیا کرتی ہیں ۔

زعفران کی کھیتی ۔

کشمیر میں زعفران کی کھیتی کا سارا ڈھانچہ بیوپاری نگاہ سے کھڑا کیا گیا ہے ۔ گھاٹی کی ساری زمین جس پر زعفران کی کھیتی ہوتی ہے ٹھیکیداروں کو ایک سال کے لئے یا ایک فصل کے لئے نیلام کر دی جاتی ہے ۔ اسطرح زعفران کی کھیتی کچھ پونجی پتیوں کی اجارہداری ہوگئی ہے ۔

ज़ियादा न होगा. अगर कोई खेत इक्कीस बरस तक गिरवी करने वाले के क़ब्ज़े में रह चुका हो तो गिरवीदार अपने आप इस खेत का मालिक बन जायगा. इस क़ानून में नाव को भी अचल जायदाद माना गया है.

इस क़ानून के अनुसार 14 कचहरियां क़ायम हुईं जिनमें 3270 मुक़द्दमे पेश हुए और उनमें से 1456 का फ़ैसला 15 अप्रैल सन '52 तक कर दिया गया. गिरवी के कारन गांव में निठल्ले ज़मींदारों की तादाद बढ़ गई थी. मेहनत करने वाले और ईमानदार किसान ज़मीन छिन जाने के कारन खेती नहीं कर पाते थे. इस क़ानून ने इस बात का बन्धान रखा है कि किसान अपने खेतों के मालिक बने रहें और अपनी पैदावार में से थोड़ा थोड़ा करके क़र्ज़ अदा कर दें.

ज़बरदस्त ज़मीन सुधार

कश्मीर में ज़मीन सुधार क़ानून बन जाने से साढ़े छै लाख एकड़ ज़मीन जो ज़मींदारों के क़ब्ज़े में थी दो लाख किसान परिवारों में बंट गई. इस सुधार से क़रीब दस लाख आदमियों को फ़ायदा पहुंचा. किसी तरह का भी मावज़ा नहीं दिया गया.

राजा पुंछ के क़ब्ज़े में चार पूरी पूरी तहसीलें थीं जिनमें दो लाख एकड़ खेती के लायक़ ज़मीन थी. राजा साहब की आमदनी चौदह लाख रुपया सालाना थी. छनानी के जागीरदार अकेले ही 47 गांव के मालिक बने बैठे थे. दीवान का लम्बा चौड़ा ताल्लुक़ा घाटी भर में फैला था. क़रीब पन्द्रह हज़ार एकड़ इनके क़ब्ज़े में था. ऐसे बड़े बड़े ज़मींदारों की ज़मीनें ले ली गई हैं. ज़मीन सुधार प्रोग्राम ने वक़्फ़ की और मंदिरों की ज़मीनों को भी नहीं छोड़ा. ज़मींदार ज़मींदार है चाहे उसे जागीरदार कहा जाय या राजा कहा जाय या उसका मज़हब से ताल्लुक़ बता कर मठ, वक़्फ़ या और कोई दूसरा नाम रख दिया जाय. इसमें कोई शक नहीं है कि कश्मीर का ज़मीन सुधार ठीक ढंग पर किया गया है.

ज़ियादा से ज़ियादा कुल बीस एकड़ ज़मीन पर ही एक आदमी क़ब्ज़ा रख सकता है. ज़मींदारों के साथ रिआयत की गई है और उन्हें अपने कुटुम्ब के पालन पोशन के लिये साढ़े बाइस एकड़ तक रखने की इजाज़त दे दी गई है. यह बन्धान इसलिये किया गया है ताकि छोटे छोटे ग़रीब ज़मींदारों को रोज़ी का साधन मुहैया किया जा सके. 25 या 50 एकड़ वाले ज़मींदार कोई बड़े ज़मींदार नहीं थे फिर भी वह ख़ुद खेती नहीं करते थे और लगान पर खेत उठाते थे. यह लोग दूसरे पेशों में लगे हुए थे और ज़मीन से भी फ़ायदा उठाते थे. इन लोगों के कारन किसान पर बोझ बहुत बढ़ जाता था.

زیادہ نہ ہوگا ۔ اگر کوئی کھیت اکیس برس تک گروی کرنے والے کے قبضے میں رہ چکا ہو تو گرویدار اپنے آپ اس کھیت کا مالک بن جائے گا ۔ اس قانون میں ناؤ کو بھی اچل جائداد مانا گیا ہے ۔

اس قانون کے انوسار 14 کچہریاں قائم ہوئیں جن میں 3270 مقدمے پیش ہوئے اور ان میں سے 1456 کا فیصلہ 15 اپریل سن '52 تک کردیا گیا ۔ گروی کے کارن گاؤں میں نکھلے زمینداروں کی تعداد بڑھ گئی تھی ۔ محنت کرنے والے اور ایماندار کسان زمین چھن جانے کے کارن کھیتی نہیں کر پاتے تھے ۔ اس قانون نے اس بات کا بندھان رکھا ہے کہ کسان اپنے کھیتوں کے مالک بنے رہیں اور اپنی پیداوار میں سے تھوڑا تھوڑا کرکے قرض ادا کردیں ۔

زبردست زمین سدھار

کشمیر میں زمین سدھار قانون بن جانے سے ساڑھے چھ لاکھ ایکڑ زمین جو زمینداروں کے قبضے میں تھی دو لاکھ کسان پریواروں میں بٹ گئی ۔ اس سدھار سے قریب دس لاکھ آدمیوں کو فائدہ پہونچا ۔ کسی طرح کا بھی معاوضہ نہیں دیا گیا ۔

راجہ پونچھ کے قبضے میں چار پوری پوری تحصیلیں تھیں جن میں دو لاکھ ایکڑ کھیتی کے لائق زمین تھی ۔ راجہ صاحب کی آمدنی چودہ لاکھ روپیہ سالانہ تھی ۔ چھنانی کے جاگیردار اکیلے ہی 47 گاؤں کے مالک بنے بیٹھے تھے ۔ دیوان کا لمبا چوڑا تعلقہ گھاٹی بھر میں پھیلا تھا ۔ قریب پندرہ ہزار ایکڑ ان کے قبضے میں تھا ۔ ایسے بڑے بڑے زمینداروں کی زمینیں لے لی گئیں ہیں ۔ زمین سدھار پروگرام نے وقف کی اور مندروں کی زمینوں کو بھی نہیں چھوڑا ۔ زمیندار زمیندار ہے چاہے اسے جاگیردار کہا جائے یا راجہ کہا جائے یا اس کا مذہبی تعلق بتاکر مٹھ، وقف یا اور کوئی دوسرا نام رکھ دیا جائے ۔ اس میں کوئی شک نہیں ہے کہ کشمیر کا زمین سدھار ٹھیک ڈھنگ پر کیا گیا ہے ۔

زیادہ سے زیادہ کل بیس ایکڑ زمین پر ہی ایک آدمی قبضہ رکھ سکتا ہے ۔ زمینداروں کے ساتھ رعایت کی گئی ہے اور انہیں اپنے کٹمب کے پالن پوشن کے لئے ساڑھے بائیس ایکڑ تک رکھنے کی اجازت دے دی گئی ہے ۔ یہ بندھان اس لئے کیا گیا ہے تاکہ چھوٹے چھوٹے غریب زمینداروں کو روزی کا سادھن مہیا کیا جا سکے ۔ 25 یا 50 ایکڑ والے زمیندار کوئی بڑے زمیندار نہیں تھے پھر بھی وہ خود کھیتی نہیں کرتے تھے اور لگان پر کھیت اٹھاتے تھے ۔ یہ لوگ دوسرے پیشوں میں لگے ہوئے تھے اور زمین سے بھی فائدہ اٹھاتے تھے ۔ ان لوگوں کے کارن کسان پر بوجھ بہت بڑھ جاتا تھا ۔

15 अप्रैल सन '52 तक इन बोर्डों के सामने इकतालीस हज़ार दो सौ पचानवे दावे पेश हुए और जिनमें से चौंतीस हज़ार छै सौ चालीस का फ़ैसला कर दिया गया. छियानवे लाख उनसठ हज़ार पैंतीस रुपये के क़र्ज़ के दावे में से सिर्फ़ दस लाख तीन हज़ार आठ सौ छाछट रुपये की रक़म को बोर्ड ने जायज़ माना.

किसानों के क़र्ज़ में यह कमी क़रीब 77 फ़ीसदी है. इतनी कमी भारत के किसी और हिस्से में नहीं की गई.

क़र्ज़ के दावों में से 71 फ़ीसदी गांव के क़र्ज़दारों के ख़िलाफ़ हैं और बाक़ी शहर वालों के. इस सम्बन्ध में ...सी हज़ार नौ सौ पांच आदमी बोर्ड के सामने पेश हुए उन में से चौंतीस हज़ार तीन सौ सत्तर क़र्ज़दार थे और ...ह हज़ार पांच सौ पैंतीस क़र्ज़ देने वाले. क़र्ज़ देने वालों से लगभग 48 फ़ीसदी पेशावर साहूकार थे और बाक़ी गांव के दुकानदार और सरकारी नौकरों जैसे ग़ैर पेशावर. क़र्ज़दारों में ज़ियादा तादाद किसान, मज़दूर और कारीगरों की थी. सूद पचास पचास फ़ीसदी तक था. बोर्ड ने अब जो क़र्ज़ की असली रक़म मुक़र्रर की है वह सुविधा के अनुसार क़िस्तों में अदा की जायगी. औसत क़िस्त दस रुपया मुक़र्रर की गई है जो हर फ़सल पर अदा की जाएगी. सबसे बड़ी क़िस्त दो सौ पच्चीस रुपए की है और सब से कम एक रुपये की. क़र्ज़ के अदायगी की मेयाद ज़ियादा से ज़ियादा पचास साल है और कम से कम एक साल.

मुक़दमेबाज़ी में किसानों को तरह तरह की मुसीबतें उठानी पड़तीं और लाखों रुपए कचहरियों में ख़र्च होते लेकिन समझौता बोर्ड के क़ायम होने से किसान इन मुसीबतों और माली बोझ से बच गए. इसका सेहरा कश्मीर के माल मंत्री मिरज़ा अफ़ज़ल बेग के सिर है जो इस क़ानून के निर्माता हैं और जिन्होंने समझौता बोर्ड के रोज़ाना के कामों में बहुत दिलचस्पी ली है. कश्मीर के सरहदी ज़िले लद्दाख़ की हालत तो बहुत ही भयानक थी. 90 से लेकर 99 फ़ीसदी आबादी भारी क़र्ज़ के नीचे दबी थी. बौद्ध मठ इस इलाक़े के ज़मींदार भी थे और साहूकार भी. बोर्ड के क़ायम होते ही सूद का दर 25 फ़ीसदी से घटा कर 12 फ़ीसदी कर दिया गया

गिरवी की वापसी

हर उस अचल जायदाद पर जो गिरवी की गई हो और उसकी क़ीमत दस हज़ार से अधिक न हो जम्मू और कश्मीर गिरवी जायदाद वापसी एक्ट लागू होता है. अगर किसी गिरवी रखने वाले को मूल रक़म का डेढ़ गुना और वह रक़म जो जायदाद को बढ़ाने में लगाई गई हो मिल जाय तो जायदाद मालिक को वापस मिल जाएगी. सिर्फ़ मूल रक़म पर सूद मिलेगा और वह भी छै फ़ीसदी सालाना से

15 اپریل سن '52 تک ان بورڈوں کے سامنے اکتالیس ہزار دو سو پچانوے دعوے پیش ہوئے اور جن میں سے چونتیس ہزار چھ سو چالیس کا فیصلہ کردیا گیا۔ چھیانوے لاکھ انسٹھ ہزار پینتیس روپے کے قرض کے دعوے میں سے صرف دس لاکھ تین ہزار آٹھ سو چھیاسٹھ روپئے کی رقم کو بورڈ نے جائز مانا۔

کسانوں کے قرض میں یہ کمی قریب 77 فی صدی ہے۔ اتنی کمی بھارت کے کسی اور حصے میں نہیں کی گئی۔

قرض کے دعووں میں سے 71 فی صدی گاؤں کے قرضداروں کے خلاف ہیں اور باقی شہر والوں کے۔ اس سلسلہ میں بیاسی ہزار نو سو پانچ آدمی بورڈ کے سامنے پیش ہوئے جن میں سے چونتیس ہزار تین سو ستر قرضدار تھے اور اڑتالیس ہزار پانچ سو پینتیس قرض دینے والے۔ قرض دینے والوں میں سے لگ بھگ 48 فیصدی پیشہ ور ساہوکار تھے اور باقی گاؤں کے دوکاندار اور سرکاری نوکروں جیسے غیر پیشہ ور۔ قرضداروں میں زیادہ تعداد کسان، مزدور اور کاریگروں کی تھی۔ سود پچاس پچاس فیصدی تک تھا۔ بورڈ نے اب جو قرض کی اصلی رقم مقرر کی ہے وہ سودھا کے انوسار قسطوں میں ادا کی جائے گی۔ اوسط قسط دس روپیہ مقرر کی گئی ہے جو ہر فصل پر ادا کی جائے گی۔ سب سے بڑی قسط دو سو پچیس روپیہ کی ہے اور سب سے کم ایک روپیہ کی۔ قرض کے ادائگی کی میعاد زیادہ سے زیادہ پچاس سال ہے اور کم سے کم ایک سال۔

مقدمے بازی میں کسانوں کو طرح طرح کی مصیبتیں جھیلنی پڑتیں اور لاکھوں روپئے کچہریوں میں خرچ ہوتے لیکن سمجھوتہ بورڈ کے قائم ہونے سے کسان ان مصیبتوں اور مالی بوجھ سے بچ گئے۔ اس کا سہرا کشمیر کے مال منتری مرزا افضل بیگ کے سر ہے جو اس قانون کے نرماتا ہیں اور جنہوں نے سمجھوتہ بورڈ کے روزانہ کے کاموں میں بہت دلچسپی لی ہے۔ کشمیر کے سرحدی ضلع لداخ کی حالت تو بہت ہی بھیانک تھی۔ 90 سے لے کر 99 فیصدی آبادی بھاری قرض کے بوجھ تلے دبی تھی۔ بودھ مٹھ اس علاقے کے زمیندار بھی تھے اور ساہوکار بھی۔ بورڈ کے قائم ہوتے ہی سود کا در 25 فی صدی سے گھٹا کر 12 فیصدی کردیا گیا۔

گروی کی واپسی۔

ہر اس اچل جائداد پر جو گروی کی گئی ہو اور اس کی قیمت دس ہزار سے ادھک نہ ہو جموں اور کشمیر گروی جائداد واپسی ایکٹ لاگو ہوتا ہے۔ اگر کسی گروی رکھنے والے کو مول رقم کا ڈیڑھ گنا اور وہ رقم جو جائداد کو بڑھانے میں لگائی گئی ہو مل جائے تو جائداد مالک کو واپس مل جائے گی۔ صرف مول رقم پر سود ملے گا اور وہ بھی چھ فیصدی سالانہ سے

कश्मीर के नये सुधार

(ताराचन्द गुप्ता)

अत्याचारी ज़मीदारों और साहूकारों के चंगुल से मुक्ति पाकर कश्मीरी किसान उम्मीद और विश्वास से अपने भविष्य के चमकते तारे को देख रहे हैं.

दो साल पहले कश्मीर की नई सरकार ने "जम्मू और कश्मीर दुखी क़र्ज़दार एक्ट" पास किया. इस क़ानून का मक़सद यह है कि समझौता बोर्ड बना कर उनके ज़रिये थोड़े से ही अरसे में क़र्ज़ की मुसीबत से किसानों को छुटकारा दिलाया जाय. इस क़ानून के चौथे भाग के बन्धानों के अनुसार क़र्ज़ देने वाले और क़र्ज़ लेने वाले दोनों को समझौते के लिये समझौता बोर्ड को अरज़ी देनी पड़ती है. जिस दिन से यह क़ानून लागू हुआ है उसके चार महीने के अन्दर ही क़र्ज़ देने वाले के लिये ज़रूरी था कि वह फ़ैसले के लिये अपना दावा बोर्ड के सामने पेश कर दे नहीं तो बाद में क़र्ज़ वापिस लेने का उसका अधिकार ख़त्म होजाएगा. समझौता बोर्ड को सिर्फ़ पांच हज़ार रुपया या उससे कम के क़र्ज़ के फ़ैसले का ही अधिकार है. व्योपार के लिये क़र्ज़ और बैंकिंग के रोज़ के मामूली कामों में दख़ल देने का बोर्ड को कोई अधिकार नहीं है.

इस क़ानून ने कम से कम ऐसी सात छूटें भी रखी हैं जिनके होते हुए पांच हज़ार के ऊपर के मुक़दमें में भी समझौता बोर्ड अपना फ़ैसला दे सकता है. समझौता बोर्ड को सिविल कचहरी के सारे अधिकार हासिल हैं. इस बोर्ड के फ़ैसले के ख़िलाफ़ सिर्फ़ एक ख़ास जज के यहां अपील हो सकती है. इसके अलावा इस बोर्ड का हुक्म तमाम अमली ग़रज़ों के लिये आख़िरी माना जाता है और न तो इसके फ़ैसले पर किसी दूसरी कचहरी में सुनवाई हो सकती है और न दोबारा कोई बाक़ायदा मुक़दमा ही चलाया जा सकता है. इस क़ानून का बन्धान है कि समझौता बोर्ड क़र्ज़ की असली रक़म तजवीज़ करे, उस क़र्ज़दार के ख़िलाफ़ दावे को रद्द कर दे जिसने मूल की डियोढ़ा रक़म अदा कर दी हो, और बोर्ड के बनने के बाद क़र्ज़ के भुगतान के लिये जितने भी आपसी समझौते हुए हों उन्हें ग़ैर क़ानूनी क़रार दे.

बोर्ड के बनाए जाने का मक़सद यह है कि वह "रियासत में रहने वालों के और ख़ास कर किसानों के क़र्ज़ के बोझ को हलका करे." जम्मू, अनन्त नाग, श्री नगर ज़िलों में दो दो बोर्ड और ऊधमपुर, कठवा, बारमौला और लद्दाख़ के ज़िलों में एक एक बोर्ड क़ायम किये गए हैं.

کشمیر کے نئے سدھار

(تارا چند گپتا)

اتیاچاری زمینداروں اور ساہوکاروں کے چنگل سے مکتی پاکر کشمیری کسان امید اور وشواس سے اپنے بھوشیہ کے چمکتے تارے کو دیکھ رہے ہیں ۔

دو سال پہلے کشمیر کی نئی سرکار نے "جموں اور کشمیر دکھی قرضدار ایکٹ" پاس کیا ہے ۔ اس قانون کا مقصد یہ ہے کہ سمجھوتہ بورڈ بناکر ان کے ذریعے تھوڑے سے ہی عرصے میں قرض کی مصیبت سے کسانوں کو چھٹکارا دلایا جائے ۔ اس قانون کے چوتھے بھاگ کے بندھانوں کے انوسار قرض دینے والے اور قرض لینے والے دونوں کو سمجھوتے کے لئے سمجھوتہ بورڈ کو عرضی دینی پڑتی ہے ۔ جس دن سے یہ قانون لاگو ہوا ہے اس کے چار مہینے کے اندر ہی قرض دینے والے کے لئے ضروری تھا کہ وہ فیصلے کے لئے اپنا دعویٰ بورڈ کے سامنے پیش کردے نہیں تو بعد میں قرض واپس لینے کا اس کا ادھیکار ختم ہو جائیگا ۔ سمجھوتہ بورڈ کو صرف پانچ ہزار روپیہ یا اس سے کم کے قرض کے فیصلے کا ہی ادھیکار ہے ۔ بیوپار کے لئے قرض اور بینکنگ کے روز کے معمولی کاموں میں دخل دینے کا بورڈ کو کوئی ادھیکار نہیں ہے ۔

اس قانون نے کم سے کم ایسی سات چھوٹیں بھی رکھی ہیں جن کے ہوتے ہوئے پانچ ہزار کے اوپر کے مقدمے میں بھی سمجھوتہ بورڈ اپنا فیصلہ دے سکتا ہے۔ سمجھوتہ بورڈ کو سول کچہری کے سارے ادھیکار حاصل ہیں ۔ اس بورڈ کے فیصلے کے خلاف صرف ایک خاص جج کے یہاں اپیل ہوسکتی ہے ۔ اس کے علاوہ اس بورڈ کا حکم تمام عملی غرضوں کے لئے آخری مانا جاتا ہے اور نہ تو اس کے فیصلے پر کسی دوسری کچہری میں سنوائی ہوسکتی ہے اور نہ دوبارہ کوئی باقاعدہ مقدمہ ہی چلایا جا سکتا ہے ۔ اس قانون کا بندھان ہے کہ سمجھوتہ بورڈ قرض کی اصلی رقم تجویز کرے، اس قرضدار کے خلاف دعوے کو رد کر دے جس نے مول کی ڈیوڑھا رقم ادا کردی ہو، اور بورڈ کے بننے کے بعد قرض کے بھگتان کے لئے جتنے بھی آپسی سمجھوتے ہوئے ہوں انہیں غیر قانونی قرار دے ۔

بورڈ کے بنائے جانے کا مقصد یہ ہے کہ وہ "ریاست میں رہنے والوں کے اور خاص کر کسانوں کے قرض کے بوجھ کو ہلکا کرے۔" جموں، اننت ناگ، سری نگر ضلعوں میں دو دو بورڈ اور ادھمپور، کٹھوا، بارہمولا اور لداخ کے ضلعوں میں ایک ایک بورڈ قائم کئے گئے ہیں ۔

(6) हमारी गांव की ज़िन्दगी का बुनियादी सवाल है भूमि सुधार का सवाल. सरकार की यह योजना इधर ध्यान ही नहीं देती. इस लिये यह योजना बिल्कुल निकम्मी है.

(7) इस योजना में इस बात का बिल्कुल ख्याल नहीं किया गया कि कोई गांव या कोई इलाक़ा खाने की चीज़ों के मामले में किसी दूसरे का मोहताज न हो और सब को इस तरह का ठीक ठीक अच्छा खाना मिल सके जिससे सब की तन्दुरुस्ती क़ायम रह सके. इस लिये इस योजना से आये दिन के अकालों का खतरा दूर नहीं हो सकता.

(8) अमरीका कोरिया से लेकर पच्छिम जर्मनी तक रूस को बीच में घेर लेने के लिये एक जाल बिछा देने की कोशिश कर रहा है. यह योजना उसी जाल या उसी घेरे की एक कड़ी है. इसके लिये हिन्दुस्तान को उसी राह पर ले जाया जा रहा है जिस राह पर कोरिया को जाना पड़ा. इससे डर है कि हम अमरीकी गुट के जाल में फंस जावें. इसलिये हम में से वह लोग जो अहिन्सा के मानने वाले हैं इस योजना से कोई सम्बंध नहीं रख सकते.

अंगरेज़ों की राजकाजी साम्राज शाही के चले जाने पर हमारे यहां जो नाक़ाबिल हकूमत क़ायम हो गई उससे मुल्क में एक खाली खाली जगह दिखाई देने लगी. अमरीका की माली साम्राज शाही उस खाली जगह को भरने की कोशिश कर रही है जिससे मालूम होता है कि अब अमरीकी माली साम्राज शाही का ज़माना आ रहा है. आम तौर पर मुझे यह डर है कि उंगली पकड़ते पहुँचा पकड़ने की कहावत की तरह यह योजना उसी चीज़ की शुरूआत है. इसीलिये मेरी राय है कि जो लोग इस योजना में साथ दे रहे हैं वह उन देश घातकों की तरह हैं जो अपने देश के दुश्मनों के साथ मिलकर काम करते हैं और अपने मुल्क पर बरबादी लाते हैं. हालत इतनी गम्भीर हो गई है कि मुझे मजबूर हो कर कड़वी पर साफ़ और खरी खरी बात कहनी पड़ती है.

प्रेम के साथ आपका

जे. सी. कुमारप्पा

नोट. चूंकि यह मामला हमारे मुल्क की इसी वक़्त की भलाई बुराई से सम्बन्ध रखता है, इस लिये मैं यह खत अखबारों को भेज रहा हूँ.

(6) ھماری گاؤں کی زندگی کا بنیادی سوال ھے بھومی سدھار کا سوال. سرکار کی یہ یوجنا اِدھر دھیان ھی نہیں دیتی. اس لئے یہ یوجنا بالکل نکمی ھے.

(7) اِس یوجنا میں اِس بات کا بالکل خیال نہیں کیا گیا کوئی گاؤں یا کوئی علاقہ کھانے کی چیزوں کے کے معاملے میں کسی دوسرے کا محتاج نہ ھو اور سبکو اِسطرح کا ٹھیک ٹھیک اچھا کھانا مل سکے جس سے سب کی تندرستی قائم رہ سکے. اس لئے اِس یوجنا سے آئے دن کے اکالوں کا خطرہ دور نہیں ھو سکتا.

(8) امریکہ کوریا سے لے کر پچھم جرمنی تک روس کو بیچ میں گھیر لینے کے لئے ایک جال بچھا دینے کی کوشش کر رھا ھے. یہ یوجنا اُسی جال یا اُسی گھیرے کی ایک کڑی ھے. اِس کے لئے ھندستان کو اُسی راہ پر لے جایا جا رھا ھے جس راہ پر کوریا کو جانا پڑا. اس سے ڈر ھے کہ ھم امریکی گٹ کے جال میں پھنس جاویں. اس لئے ھم میں سے وہ لوگ جو اھنسا کے ماننے والے ھیں اِس یوجنا سے کوئی سمبندھ نہیں رکھ سکتے.

انگریزوں کی راجکاجی سامراج شاھی کے چلے جانے پر ھمارے یہاں جو ناقابل حکومت قائم ھوگئی اُس سے ملک میں ایک خالی خالی جگہ دکھائی دینے لگی. امریکہ کی مالی سامراج شاھی اُس خالی جگہ کو بھرنے کی کوشش کر رھی ھے. جس سے معلوم ھوتا ھے کہ اب امریکی مالی سامراج شاھی کا زمانہ آ رھا ھے. عام طور پر مجھے یہ ڈر ھے کہ اُنگلی پکڑتے پہونچا پکڑنے کی کہاوت کی طرح یہ یوجنا اُسی چیز کی شروعات ھے. اِسی لئے میری رائے ھے کہ جو لوگ اس یوجنا میں ساتھ دے رھے ھیں وہ اُن دیش گھاتکوں کی طرح ھیں جو اپنے دیش کے دشمنوں کے ساتھ مل کر کام کرتے ھیں اور اپنے ملک پر بربادی لاتے ھیں. حالت اتنی گمبھیر ھوگئی ھے کہ مجھے مجبور ھو کر کڑوی پر صاف اور کھری کھری بات کہنی پڑتی ھے.

پریم کے ساتھ آپکا

جے. سی. کماریا

نوٹ. چونکہ یہ معاملہ ھمارے ملک کی اسی وقت کی بھلائی برائی سے سمبندھ رکھتا ھے' اس لئے میں یہ خط اخباروں کو بھیج رھا ھوں.

आपने ठीक कहा है कि सरकारी पैम्फलेट में इस बारे में जो बातें बताई गई हैं वह बहुत कम हैं जिन से इस मामले की पूरी जानकारी नहीं हो सकती. फिर भी चूंकि आपने अपने ख़त में आम तौर पर मेरे विचार जानना चाहा है इसलिये मेरे जो कुछ विचार हैं मैं नीचे दे रहा हूँ.

(1) हिन्दुस्तान और अमरीका के बीच जिस तकनीकी सहायता समझौते (इन्डो यू. एस. टैकनिकल कोआपरेशन एग्रीमेन्ट) पर हमारे प्रधान मंत्री और अमरीकी राजदूत ने मिल कर दस्तख़त किये हैं वह समझौता किसी भी आत्मसम्मान वाले आज़ाद मुल्क को शोभा नहीं देता. क्योंकि इस समझौते के मुताबिक़ हमारे देश के अन्दर काम करने वाले ग़ैर सरकारी बिदेशी लोगों तक को मुल्क के क़ानून से बरीयत के वह अधिकार दे दिये गए हैं जो दूसरे देशों के केवल ख़ास राजदूतों को दिये जाते हैं. इसका नतीजा यह होगा कि हमारे मुल्क भर में बीच बीच में विदेशियों के एक तरह के अलग इलाक़े बन जाएंगे.

(2) अमरीका इस काम में रुपया में सिर्फ़ लग भग दो आने लगाएगा और इस दो आने के बदले में कम्युनिटी प्रोजेक्टस के सब मामलों में अमरीका की राय या आवाज़ सबसे ऊपर रहेगी. हर बात में अमरीका का फ़ैसला आख़री फ़ैसला होगा.

(3) इस सारी योजना से पता चलता है कि हमारे प्रधान मंत्री को अपने साथियों की क़ाबलियत में इतना ग़ज़ब का अविश्वास है कि वह हमारे देश के गांव की फिर से रचना करने के लिये विदेशियों को दावत दे रहे हैं और उस के लिये इतना झुकने को तैयार हैं.

(4) इस तरह की किसी भी अच्छी योजना में एक बड़ी ज़रूरी बात यह होनी चाहिये कि आदमी इन्सानी स्वभाव को अच्छी तरह और पूरी तरह समझता हो. यह काम इसी जानकारी के सहारे चल सकता है. हमारी सरकार की इस योजना में इस इतनी ज़रूरी बात का बिलकुल ख़्याल ही नहीं किया गया.

(5) हमारे गांव की ज़िन्दगी जिस तरह की सोशल फ़िलासफ़ी यानी जिस तरह के समाजी विचारों और जिस तरह के रहन सहन के ढंग पर क़ायम है उनका मक़सद यह है कि गांव वाले अपने पैरों पर ख़ुद खड़े रह सकें और अपने गांव का शासन ख़ुद चला सकें. जब तक हम इसी बुनियाद पर अपने गांव की रचना फिर से नहीं करेंगे तब तक हमारी सब कोशिशें न केवल बेकार ही जाएंगी बल्कि उनका नतीजा यह भी होगा कि हमारे देश का समाज टुकड़े टुकड़े हो जायेगा और हमारी कलचर का ख़ात्मा हो जायेगा.

آپ نے ٹھیک کہا ہے کہ سرکاری پمفلٹ میں اِس بارے میں جو باتیں بتائی گئی ہیں وہ بہت کم ہیں جن سے اِس معاملے کی پوری جانکاری نہیں ہوسکتی. پھر بھی چونکہ آپ نے اپنے خط میں عام طور پر میرے وچار جاننا چاہا ہے اس لئے میرے جو کچھ وچار ہیں میں نیچے دے رہا ہوں.

(1) ہندستان اور امریکہ کے بیچ جس تکنیکی سہائتا سمجھوتے (انڈو یو. ایس. ٹکنیکل کوآپریشن اگریمنٹ) پر ہمارے پردھان منتری اور امریکی راجدوت نے مل کر دستخط کئے ہیں وہ سمجھوتہ کسی بھی آتم سمان والے آزاد ملک کو شوبھا نہیں دیتا. کیونکہ اِس سمجھوتے کے مطابق ہمارے دیش کے اندر کام کرنے والے غیر سرکاری ودیشی لوگوں تک کو ملک کے قانون سے بریت کے وہ ادھیکار دے دیئے گئے ہیں جو دوسرے دیشوں کے کیول خاص راجدوتوں کو دیئے جاتے ہیں. اِس کا نتیجہ یہ ہوگا کہ ہمارے ملک بھر میں بیچ بیچ میں ودیشیوں کے ایک طرح کے الگ علاقے بن جائیں گے.

(2) امریکہ اِس کام میں روپیہ میں صرف لگ بھگ دو آنے لگائے گا اور اس دو آنے کے بدلے میں کمیونٹی پروجیکٹس کے سب معاملوں میں امریکہ کی رائے یا آواز سب سے اُوپر رہے گی. ہر بات میں امریکہ کا فیصلہ آخری فیصلہ ہوگا.

(3) اِس ساری یوجنا سے پتہ چلتا ہے کہ ہمارے پردھان منتری کو اپنے ساتھیوں کی قابلیت میں اتنا غضب کا اوشواس ہے کہ وہ ہمارے دیش کے گاؤں کی پھر سے رچنا کرنے کے لئے ودیشیوں کو دعوت دے رہے ہیں اور اُسکے لئے اتنا جھکنے کو تیار ہیں.

(4) اِسطرح کی کسی بھی اچھی یوجنا میں ایک بڑی ضروری بات یہ ہونی چاہئے کہ آدمی انسانی سبھاؤ کو اچھی طرح اور پوری طرح سمجھتا ہو. یہ کام اِسی جانکاری کے سہارے چل سکتا ہے. ہماری سرکار کی اِس یوجنا میں اِس اتنی ضروری بات کا بالکل خیال ہی نہیں کیا گیا.

(5) ہمارے گاؤں کی زندگی جسطرح کی سوشل فلسفی یعنی جس طرح کے سماجی وچاروں اور جس طرح کے رہن سہن کے ڈھنگ پر قائم ہے اُن کا مقصد یہ ہے کہ گاؤں والے اپنے پیروں پر خود کھڑے رہ سکیں اور اپنے گاؤں کا شاسن خود چلا سکیں. جب تک ہم اِسی بنیاد پر اپنے گاؤں کی رچنا پھر سے نہیں کرینگے تب تک ہماری سب کوششیں نہ کیول بیکار ہی جائیں گی بلکہ اُن کا نتیجہ یہ بھی ہوگا کہ ہمارے دیش کا سماج ٹکڑے ٹکڑے ہوجائے گا اور ہماری کلچر کا خاتمہ ہوجائے گا.

अमरीका और हमारे गांव

[भारत सरकार ने एक प्लानिंग कमीशन बनाया है. उसके मातहत एक कम्युनिटी प्रोजेक्टस एडमिनिस्ट्रेशन है. इन कम्युनिटी प्रोजेक्टस का काम यह है कि भारत में जगह जगह यहां के गांव वालों को अमरीकी पैसे की मदद से, अमरीकी जानकारों की देख रेख और सरपरस्ती में, अमरीकी सामान और अमरीकी मशीनों के सहारे अच्छी तरह मिल कर रहना और अपने गांव को तरक़्क़ी देना सिखाया जाए. भारत सरकार को अपनी इस योजना पर फ़ख़्र है. कुछ लोग इसे मुल्क के लिये और ख़ास कर हिन्दुस्तान के गांव वालों के लिये बरबादी और तबाही की चीज़ समझते हैं. इस ख़्याल के लोगों में से एक महात्मा गांधी के परम भक्त और अर्थशास्त्र के पंडित डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा भी हैं जो हाल में चीन, जापान, रूस, जर्मनी हो कर लौटे हैं. भारत सरकार ने अपनी इस कम्युनिटी प्रोजेक्टस पर एक छोटा सा पैम्फ़लेट भी निकाला है. हाल में यह पैम्फ़लेट सरकार ने कुमारप्पा जी के पास भेजा था और उनसे राय मांगी थी. इसके बाद 20 अगस्त को कम्युनिटी प्रोजेक्टस पर भारत सरकार के सब से बड़े अफ़सर श्री एस. के. दे कुमारप्पा जी से मिलने वर्धा गए थे. दोनों में इस बारे में काफ़ी बात चीत हुई. अगले दिन भारत सरकार के इस काम पर अपनी राय ज़ाहिर करते हुए कुमारप्पा जी ने एक ख़त अंग्रेज़ी में श्री एस. के. दे को भेजा जिसकी एक नक़ल 'नया हिन्द' में छापने के लिये उन्होंने हमारे पास भेजी है. ख़त यह है—एडीटर]

मगन वाड़ी, वर्धा

21 अगस्त 1952

श्री एस. के. दे

कम्युनिटी प्रोजेक्टस एडमिनिस्ट्रेशन

प्लानिंग कमीशन,

नई दिल्ली.

डियर श्री दे,

मुझे अफ़सोस है कि आप के सात जुलाई के ख़त का जवाब देने में देर हुई. मैं बाहर चला गया था और जब से वापस आया हूं बहुत सा काम बक़ाया में पड़ा हुआ है. मैंने इस मामले पर सोचने के लिये भी वक़्त लिया है. आप कल मुझ से मिलने आए. इसलिये अब मैं इस बारे में अपनी राय लिखता हूं.

امریکہ اور ہمارے گاؤں

[بھارت سرکار نے ایک پلیننگ کمیشن بنایاہے . اس کے ماتحت ایک کمیونیٹی پروجکٹس اڈمنسٹریشن ہے . ان کمیونیٹی پروجکٹس کا کام یہ ہے کہ بھارت میں جگہ جگہ یہاں کے گاؤں والوں کو امریکی پیسے کی مدد سے' امریکی جانکاروں کی دیکھ ریکھ اور سرپرستی میں' امریکی سامان اور امریکی مشینوں کے سہارے اچھی طرح مل کر رہنا اور اپنے گاؤں کو ترقی دینا سکھایا جائے . بھارت سرکار کو اپنی اس یوجنا پر فخر ہے . کچھ لوگ اسے ملک کے لئے اور خاص کر ہندستان کے گاؤں والوں کے لئے بربادی اور تباہی کی چیز سمجھتے ہیں . اس خیال کے لوگوں میں سے ایک مہاتما گاندھی کے پرم بھکت اور ارتھ شاستر کے پنڈت ڈاکٹر جے . سی . کماریپا بھی ہیں جو حال میں چین' جاپان' روس' جرمنی ہوکر لوٹے ہیں . بھارت سرکار نے اپنی اس کمیونٹی پروجکٹس پر ایک چھوٹا سا پمفلٹ بھی نکالا ہے . حال میں یہ پمفلٹ سرکار نے کماریپا جی کے پاس بھیجاتھا اور ان سے رائے مانگی تھی . اس کے بعد 20 اگست کو کمیونیٹی پروجکٹس پر بھارت سرکار کے سب سے بڑے افسر شری ایس . کے . ڈے کماریپا جی سے ملنے وردھا گئے تھے . دونوں میں اس بارے میں کافی بات چیت ہوئی. اگلے دن بھارت سرکار کے اس کام پر اپنی رائے ظاہر کرتے ہوئے کماریپا جی نے ایک خط انگریزی میں شری ایس . کے . ڈے کو بھیجا جس کی ایک نقل ' نیا ہند ' میں چھاپنے کے لئے انہوں نے ہمارے پاس بھیجی ہے . خط یہ ہے—ایڈیٹر]

مگن واڑی' وردھا

21 اگست سن 1952

شری ایس . کے . ڈے

کمیونیٹی پروجکٹس ایڈمنسٹریشن

پلیننگ کمیشن'

نئی دلی .

ڈیر شری ڈے'

مجھے افسوس ہے کہ آپ کے سات جولائی کے خط کا جواب دینے میں دیر ہوئی . میں باہر چلا گیا تھا اور جب سے واپس آیا ہوں بہت سا کام بقایا میں پڑا ہوا ہے . میں نے اس معاملے پر سوچنے کے لئے بھی وقت لیا ہے . آپ کل مجھ سے ملنے آئے . اس لئے اب میں اس بارے میں اپنی رائے لکھتا ہوں .

में इस्तेमाल करते थे और इसका नतीजा अच्छा निकलता था. अब सारे इलाक़े में इस तरकीब का प्रचार किया गया है और लोगों ने इसे अपना लिया है. फ़रवरी सन '52 में इस इलाक़े के सारे सूबों की सरकारों ने बर्फ़ इकट्ठा करने में अपनी ताक़त लगा दी. शान्सी सूबे के नौ लाख अट्ठारह हज़ार किसानों ने नौ करोड़ तीस लाख गट्ठर बर्फ़ के इकट्ठा किये, जिससे वक़्त पर बुआई के लिये दो लाख पचास हज़ार एकड़ ज़मीन में नमी पहुंचाई जा सकी. चहार सूबे में भी एक लाख सत्तर हज़ार एकड़ ज़मीन में इसी ढंग से नमी पहुँचाई गई. बारिश इस साल बहुत ही कम हुई फिर भी इस इलाक़े में अच्छी फ़सल पैदा की जा सकी.

सूखा के ख़िलाफ़ जेहाद की अहमियत माली फ़ायदे के अलावा भी बहुत है. किसानों को इससे भाईचारे का सबक़ मिला, उन्हें सूखा के ख़तरे से छुटकारा मिल गया, उनके सामने राजकाजी मसले साफ़ हो गए और साथ ही साथ उनमें देश भक्ति की भावना पैदा हो गई.

(चाइना रीकन्सट्रक्ट से)

میں استعمال کرتے تھے اور اس کا نتیجہ اچھا نکلتا تھا. اب سارے علاقے میں اس ترکیب کا پرچار کیا گیا ہے اور لوگوں نے اسے اپنا لیا ہے. فروری سن '52 میں اس علاقے کے سارے صوبوں کی سرکاروں نے برف اکٹھا کرنے میں اپنی طاقت لگا دی. شانسی صوبے کے نو لاکھ اٹھارہ ہزار کسانوں نے نو کروڑ تیس لاکھ گٹھر برف کے اکٹھا کئے، جس سے وقت پر بوائی کے لئے دو لاکھ پچاس ہزار ایکڑ زمین میں نمی پہونچائی جا سکی. چہار صوبے میں بھی ایک لاکھ ستر ہزار ایکڑ زمین میں اسی ڈھنگ سے نمی پہونچائی گئی. بارش اس سال بہت ہی کم ہوئی پھر بھی اس علاقے میں اچھی فصل پیدا کی جا سکی.

سوکھا کے خلاف جہاد کی اہمیت مالی فائدے کے علاوہ بھی بہت ہے. کسانوں کو اس سے بھائی چارے کا سبق ملا، انہیں سوکھا کے خطرے سے چھٹکارا مل گیا، ان کے سامنے راج کاجی مسئلے صاف ہو گئے اور ساتھ ہی ساتھ ان میں دیش بھکتی کی بھاونا پیدا ہو گئی.

(چائنا رکنسٹرکٹ سے)

मन्त्र पढ़ना, भजन गाना और माला फेरना छोड़, मन्दिर के सारे दरवाज़े बन्द कर. इस अंधेरे एकान्त कोने में तू किस की पूजा करता है ? अपनी आंखें खोल कर देख तेरा देवता तेरे सामने नहीं है.

हल चलाने वाला जहां कठोर भूमि में हल चला रहा है और सड़क बनाने वाला जहां पत्थर तोड़ रहा है, भगवान वहां ही उनके साथ धूप में है और बारिश में है, उसका कपड़ा धूल में लतपत है.

—रविन्द्र नाथ ठाकुर

منتر پڑھنا، بھجن گانا اور مالا پھیرنا چھوڑ، مندر کے سارے دروازے بند کر. اس اندھیرے اکانت کونے میں تو کس کی پوجا کرتا ہے؟ اپنی آنکھیں کھولکر دیکھ تیرا دیوتا تیرے سامنے نہیں ہے.

ہل چلانے والا جہاں کٹھور بھومی میں ہل چلا رہا ہے اور سڑک بنانے والا جہاں پتھر توڑ رہا ہے، بھگوان وہاں ہی ان کے ساتھ دھوپ میں ہے اور بارش میں ہے، اس کا کپڑا دھول میں لت پت ہے.

—رویندر ناتھ ٹھاکر

सामान जुटा कर और सिचाई क़ायम करके जनता का इस तरफ़ ध्यान दिलाने के अलावा सरकार आम जनता में प्रचार करती है ताकि वह खुद अपना संगठन कर सके और सूखा से छुटकारा पाने के लिये अपनी हालत के मुताबिक़ तरकीबें निकाल सके. बड़ी बड़ी कान्फ्रेंन्सें की जाती हैं जिन में आदर्श मज़दूर और आपसी सहयोग ग्रुप के प्रतिनिधि एक साथ बैठते हैं और काम को आगे बढ़ाने की तरकीबों पर सोच विचार करते हैं. इस विषय पर ड्रामे खेले जाते हैं, गीत गा गा कर प्रचार किया जाता है, लाउड स्पीकर पर एलान होता है, बोर्डों पर लिखे अख़बारों से भी यह बात किसानों तक पहुंचाई जाती है. किसान संगठन किसानों को नई सरकार की योजनाएं समझाते हैं.

अब गांव गांव में सिंचाई के साधन पैदा हो गए हैं. सन '52 में उत्तर चीन के इलाक़े में पचास फ़ीसदी सिंचाई के साधन बढ़ गए. पंगयूआन सूबे में सिंचाई के लिये तालाब खोदने की योजना मार्च के अन्त तक पूरी हो गई. होपी सूबे में अपना आधा काम पूरा कर लिया. चहार सूबे में तीन लाख पचास हज़ार एकड़ ज़मीन की सिंचाई होने लगी. सन '52 के शुरू के तीन महीनों में ही उत्तर चीन में अट्ठावन हज़ार पक्के और दो लाख कच्चे कुएं खोद डाले गए.

उत्तर पश्चिम चीन में ऐसी दस लाख एकड़ ज़मीन की सिंचाई होने लगी जिसमें पहले पानी कभी नहीं पहुँच पाता था. इस इलाक़े का सन '52 का प्रोग्राम वक़्त पर पूरा हो जायगा, इसमें कोई शक नहीं है. केवल शान-तुंग सूबे में दो लाख तीस हज़ार कुएं खोदे जा चुके हैं. बीच दक्खिन इलाक़े के होपे और क्यांगसी सूबों ने मार्च के आख़ीर तक अपनी इसी तरह की योजना का सत्तर फ़ीसदी हिस्सा पूरा कर लिया है. हुनान सूबे में छै लाख पचास हज़ार एकड़ ज़मीन की सिंचाई का प्रबन्ध हो गया है. दक्खिन पश्चिम चीन का इलाक़ा किसी तरह भी किसी इलाक़े से पीछे नहीं है. आज यह कहा जा सकता है कि चीन का सारा देश पिछले साल के मुक़ाबले में इस साल और भी अच्छी हालत में हो गया है और सूखा का ख़तरा बहुत हद तक ख़त्म कर दिया गया है.

हर इलाक़े की अलग अलग समस्यायें हैं और अलग अलग कठिनाइयां हैं. अपनी अपनी कठिनाइयों को सुलझाने की हर एक कोशिश करता है. उत्तर चीन में ज़रूरत के वक़्त बारिश नहीं होती और अगर होती भी है तो बूंदें पड़ कर रह जाती हैं. किसान को खेतों में ज़ियादा से ज़ियादा नमी क़ायम रखने और उनमें ज़ियादा से ज़ियादा नमी पैदा करने की भर पूर कोशिश करना पड़ती है.. कहीं कहीं कोई कोई किसान जाड़े की बर्फ़ को जमा करके खेतों

سادھن جٹاکر اور سنچائی قائم کرکے جنتا کا اِس طرف دھیان دلانے کے علاوہ سرکار عام جنتا میں پرچار کرتی ہے تاکہ وہ خود اپنا سنگٹھن کر سکے اور سوکھا سے چھٹکارا پانے کے لئے اپنی حالت کے مطابق ترکیبیں نکال سکے۔ بڑی بڑی کانفرنسیں کی جاتی ہیں جن میں آدرش مزدور اور آپسی سہیوگ گروپ کے پرتیندھی ایک ساتھ بیٹھتے ہیں اور کام کو آگے بڑھانے کی ترکیبوں پر سوچ بچار کرتے ہیں۔ اِس وشے پر ڈرامے کھیلے جاتے ہیں' گیت گا گا کر پرچار کیا جاتا ہے' لاؤڈ اسپیکر پر اعلان ہوتا ہے' بورڈوں پر لکھے اخباروں سے بھی یہ بات کسانوں تک پہونچائی جاتی ہے۔ کسان سنگٹھن کسانوں کو نئی سرکار کی یوجنائیں سمجھاتے ہیں۔

اب گاؤں گاؤں میں سینچائی کے سادھن پیدا ہو گئے ہیں۔ سن 52 میں اتر چین کے علاقے میں پچاس فیصدی سینچائی کے سادھن بڑھ گئے۔ پنگ‌یوان صوبے میں سینچائی کے لئے تالاب کھودنے کی یوجنا مارچ کے انت تک پوری ہوگئی۔ ہوپی صوبے نے اپنا آدھا کام پورا کر لیا۔ چہار صوبے میں تین لاکھ پچاس ہزار ایکڑ زمین کی سینچائی ہونے لگی۔ سن 52 کے شروع کے تین مہینوں میں ہی اتر چین میں اٹھاون ہزار پکے اور دو لاکھ کچے کنوئیں کھود ڈالے گئے۔

اتر پچھم چین میں ایسی دس لاکھ ایکڑ زمین کی سینچائی ہونے لگی جس میں پہلے پانی کبھی نہیں پہونچ پاتا تھا۔ اِس علاقے کا سن '52 کا پروگرام وقت پر پورا ہو جائے گا' اِس میں کوئی شک نہیں ہے۔ کیول شانتنگ صوبے میں دو لاکھ تیس ہزار کنوئیں کھودے جا چکے ہیں۔ بیچ دکھن علاقے کے ہوپے اور کیانگسی صوبوں نے مارچ کے آخیر تک اپنی اِسی طرح کی یوجنا کا ستر فیصدی حصہ پورا کر لیا ہے۔ ہونان صوبے میں چھ لاکھ پچاس ہزار ایکڑ زمین کی سینچائی کا پربندھ ہوگیا ہے۔ دکھن پچھم چین کا علاقہ کسی طرح بھی کسی علاقے سے پیچھے نہیں ہے۔ آج یہ کہا جا سکتا ہے کہ چین کا سارا دیش پچھلے سال کے مقابلے میں اِس سال اور بھی اچھی حالت میں ہوگیا ہے اور سوکھا کا خطرہ بہت حد تک ختم کر دیا گیا ہے۔

ہر علاقے کی الگ الگ سمسیائیں ہیں اور الگ الگ کٹھنائیاں ہیں۔ اپنی اپنی کٹھنائیوں کو سلجھانے کی ہر ایک کوشش کرتا ہے۔ اتر چین میں ضرورت کے وقت بارش نہیں ہوتی اور اگر ہوتی بھی ہے تو بوندیں پڑ کر رہ جاتی ہیں۔ کسان کو کھیتوں میں زیادہ سے زیادہ نمی قائم رکھنے اور اُن میں زیادہ سے زیادہ نمی پیدا کرنے کی بھرپور کوشش کرنا ہوتی ہے۔ کہیں کہیں پر کوئی کوئی کسان جاڑے کی برف کو جمع کر کے کھیتوں

[illegible] किये गए. [illegible] उनकी देख रेख [illegible] एक बूढ़े किसान के मुंह पर थी— "[illegible] के बड़े बड़े नेता तक हमारे खेतों को सींचने आए हैं. हम अपना फर्ज कैसे भूल सकते हैं."

शहरों से इस काम के लिये जो आदमी आए थे उनके साथ मिल कर किसानों ने पूरी समझ और पक्के इरादे से काम किया. खेतों में पानी पहुंचाने, पानी निकालने, कुएं खोदने, तालाबों की मरम्मत करने, नए तालाब खोदने और जरूरत पड़ने पर बांध वगैरा तैयार करने के लिये आपसी सहयोग ग्रुपों का मजबूत संगठन खड़ा हो गया. ऐसे ऐसे सूबों और ऐसे ऐसे इलाकों में सिंचाई होने लगी जहां पानी का सपने में भी विचार नहीं हो सकता था, और उन इलाकों के किसान जोश से कहने लगे—"चेयरमैन माओ का ही दम है जो यहां तक पानी पहुँच सका." कहीं कहीं भयानक संकटों का भी सामना करना पड़ा. एक गांव में पानी नहीं था और पच्चीस एकड़ जमीन की सिंचाई करनी थी. इस गांव से पांच मील की दूरी पर एक नदी थी. वहां से बाल्टियों में पानी भर भर कर लाया गया और सिंचाई की गई. बाद को इस गांव में सात कुएं खोदे गए और सतरह हजार पेड़ लगाए गए. पेड़ों के लगाने से भी आस पास की जमीन की नमी बहुत बढ़ जाती है. आज बूढ़े से बूढ़े किसान की भी समझ में आ गया है कि आपसी सहयोग बहुत अच्छी चीज है और वह कहता है कि "अगर हम सब अलग अलग काम करते तो इतना बड़ा काम कभी पूरा न कर पाते."

सूखा से एक साथ और मिल कर मोरचा लेने के कारन किसान एक दूसरे के नजदीक आए और आपसी नफरत, दुश्मनी और भेद भाव को भूल कर हमेशा से जियादा एकता के धागे में गुथ गए. एक दूसरे की मदद से ही हर किसान को फायदा पहुँचा है. इसीलिए अब उनमें दूसरों की मदद करने का जबरदस्त जज़्बा पैदा हो गया है. पहले जो किसान किसी को अपनी कोई चीज उधार देना पसन्द नहीं करते थे आज वह खुशी खुशी और बड़े उत्साह से खेती के अपने औज़ार और खाद वगैरा दूसरे जरूरत मन्द किसानों को देने को तैयार रहते हैं. तुंग शुआंग-हू नाम का एक अधेड़ उम्र का किसान है. उसके गांव में उन लोगों को मकान और कुछ धन की जरूरत थी जिन्हें अभी हाल में जिन्दगी में पहली बार अपने अपने खेत मिले हैं. इस किसान ने अपने सुअर बिना झिझक बेच दिये और उस धन से इन साथियों की मदद की. इस मिसाल का जनता में प्रचार किया गया और दूसरों ने भी इस लीक पर चलना शुरू कर दिया. यह पुरानी कहावत आज सच के सांचे में ढल गई है—"हम सब एक कुटुम्ब हैं."

اور [illegible] گئے . [illegible] کی دیکھ بھال [illegible] ایک بوڑھے کسان کے منھ پر یہی تھا— "ملک کے بڑے بڑے نیتا تک ہمارے کھیتوں کو سینچنے آئے ہیں ، ہم اپنا فرض کیسے بھول سکتے ہیں ."

شہروں سے اس کام کے لئے جو آدمی آئے تھے اُن کے ساتھ مل کر کسانوں نے پوری سمجھ اور پکے ارادے سے کام کیا . کھیتوں میں پانی پہنچانے ، پانی نکالنے ، کنوئیں کھودنے ، تالابوں کی مرمت کرنے ، نئے تالاب کھودنے اور ضرورت پڑنے پر باندھ وغیرہ تیار کرنے کے لئے آپسی سہیوگ گروپوں کا مضبوط سنگٹھن کھڑا ہوگیا . ایسے ایسے صوبوں اور ایسے ایسے علاقوں میں سینچائی ہونے لگی جہاں پانی کا سپنے میں بھی وچار نہیں ہو سکتا تھا اور اُن علاقوں کے کسان جوش سے کہنے لگے— "چیرمین ماؤ کا ہی دم ہے جو یہاں تک پانی پہنچ سکا ." کہیں کہیں بھیانک سنکٹوں کا بھی سامنا کرنا پڑا . ایک گاؤں میں پانی نہیں تھا اور پچیس ایکڑ زمین کی سینچائی کرنی تھی . اس گاؤں سے پانچ میل کی دوری پر ایک ندی تھی . وہاں سے بالٹیوں میں پانی بھر بھر کر لایا گیا اور سینچائی کی گئی . بعد کو اس گاؤں میں سات کنوئیں کھودے گئے اور سترہ ہزار پیڑ لگائے گئے . پیڑوں کے لگانے سے بھی آس پاس کی زمین کی نمی بہت بڑھ جاتی ہے . آج بوڑھے سے بوڑھے کسان کی بھی سمجھ میں آ گیا ہے کہ آپسی سہیوگ بہت اچھی چیز ہے اور وہ کہتا ہے کہ "اگر ہم سب الگ الگ کام کرتے تو اتنا بڑا کام کبھی پورا نہ کر پاتے ."

سوکھا سے ایک ساتھ اور مل کر مورچہ لینے کے کارن کسان ایک دوسرے کے نزدیک آئے اور آپسی نفرت ، دشمنی اور بھید بھاؤ کو بھول کر ہمیشہ سے زیادہ ایکتا کے دھاگے میں گُتھ گئے . ایک دوسرے کی مدد سے ہی ہر کسان کو فائدہ پہنچا ہے . اس لئے اب اُن میں دوسروں کی مدد کرنے کا زبردست جذبہ پیدا ہوگیا ہے . پہلے جو کسان کسی کو اپنی کوئی چیز اُدھار دینا پسند نہیں کرتے تھے آج وہ خوشی خوشی اور بڑے اُتساہ سے کھیتی کے اوزار اور کھاد وغیرہ دوسرے ضرورت مند کسانوں کو دینے کو تیار رہتے ہیں . تنگ شوانگ ہو نام کا ایک ادھیڑ عمر کا کسان ہے . اس کے گاؤں میں اُن لوگوں کو مکان اور کچھ دھن کی ضرورت تھی جنھیں ابھی حال میں زندگی میں پہلی بار اپنے اپنے کھیت ملے ہیں . اس کسان نے اپنے سور بنا جھجک بیچ دئے اور اس دھن سے اِن ساتھیوں کی مدد کی . اس مثال کا جنتا میں پرچار کیا گیا اور دوسروں نے بھی اس لیک پر چلنا شروع کر دیا . [illegible] کے سانچے میں ڈھل [illegible]

(1) जहां और जिस हालत में भी पानी मिले उसे सिंचाई के काम में लिया जाय. (2) नए नए कुएं खोदे जाएं. (3) सिंचाई के लिये नई नहरें खोदी जाएं. इस बात पर भी ज़ोर दिया गया कि हर जगह की मुक़ामी हालत को खूब समझा जाए और उस हालत में ही काम को पूरा किया जाय. किसी दूसरे का सहारा तकने के बजाए अपनी ही मेहनत से जनता 'आपसी सहयोग ग्रुप' बना कर सारा काम कर डाले.

पीकिंग सरकार की तरफ़ से सब मुक़ामी सरकारों को हुक्म दिया गया कि वह छोटे मोटे ग़ैर ज़रूरी कामों को छोड़ कर पूरी तरह से इधर लग जाएं और धन से, साइन्सी नाप जोड़ से, इमारती मसाले से और तकनीकी जानकारों से जनता को पूरी मदद दें. सरकारों के अलावा कम्यूनिस्ट पार्टी और जनवादी नौजवान सभा ने गांवों में रहने वाले अपने मेम्बरों से अपील की कि वह कमर बांध कर मुस्तैदी से सूखा के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ने में लग जाएं और दूसरों के लिये एक मिसाल क़ायम कर दें.

सारे देश में ज़ोरदार कोशिश शुरू हो गई. हर इलाक़े के काम की रिपोर्टों से अख़बार भरे रहते थे. हर हर सूबे, हर हर ज़िले और हर हर गांव में पैदावार को बढ़ाने और सूखे की बला को ख़त्म करने के लिये कमेटियों का संगठन किया गया.

सिर्फ़ हूपे के सूबे में स्टेट बैंक ने चार करोड़ चार लाख अमरीकी डालर किसानों को इस काम के लिये उधार दिये. सरकार और दूसरी कोआपरेटिव संस्थाओं ने किसानों से उनकी बची पैदावार ख़रीद ली ताकि उनको नक़द रक़म मिल जाय. क्यांगसी सूबे में थोड़े ही अरसे में एक करोड़ इकासी लाख साठ हज़ार अमरीकी डालरों की क़ीमत की लकड़ी, चमड़े, तम्बाकू और दूसरी चीज़ें सरकार ने किसानों से ख़रीदीं. सिंचाई करने और सूखा को रोकने के लिये औज़ार सरकार ने मुहैया किये. इस तरह सारी चिन्ताओं से छुट्टी पा कर इत्मिनान से किसानों ने काम शुरू किया.

पहले किसान अपने अपने खेत पर ही अपनी अपनी शक्ति के मुताबिक़ अलग अलग काम करते थे. नई सरकार ने उन्हें मिल कर काम करने का उत्साह दिलाया. जिन इलाक़ों को हाल में आज़ादी मिली है उनमें सरकार को कुछ दिक़्क़त का भी सामना करना पड़ा. लोगों के दिमाग़ों में पुराने भ्रम और खुद ग़रज़ी भरी हुई थी. वह मिल कर काम करने को अच्छा नहीं समझते थे. सरकार ने मिसाल क़ायम कर के किसानों का ध्यान इस तरफ़ खींचा. पूरब सेच्वान में सरकारी दफ़्तरों के नौकर और फ़ौजी सिपाही [illegible] लाख आदमी तालाबों की मरम्मत करने

(1) جہاں اور جس حالت میں بھی پانی ملے آبپاشی کے کام میں لیا جائے (2) نئے نئے کنوئیں کھودے جائیں اور (3) آبپاشی کے لئے نئی نہریں کھودی جائیں۔ اس بات پر بھی زور دیا گیا کہ ہر جگہ کی مقامی حالت کو خوب سمجھا جائے اور اُس حالت میں ہی کام کو پورا کیا جائے۔ کسی دوسرے کا سہارا تکنے کے بجائے اپنی ہی محنت سے جنتا 'آپسی سہیوگ گروپ' بناکر سارا کام کر ڈالے۔

پیکنگ سرکار کی طرف سے سب مقامی سرکاروں کو حکم دیا گیا کہ وہ چھوٹے موٹے غیر ضروری کاموں کو چھوڑ کر پوری طرح سے ادھر لگ جائیں اور دھن سے، سائنسی ناپ جوڑ سے، عمارتی مسالے سے اور تکنیکی جانکاروں سے جنتا کو پوری مدد دیں۔ سرکاروں کے علاوہ کمیونسٹ پارٹی اور جنوادی نوجوان سبھا نے گاؤں میں رہنے والے اپنے ممبروں سے اپیل کی کہ وہ کمر باندھ کر مستعدی سے سوکھا کے خلاف لڑائی لڑنے میں لگ جائیں اور دوسروں کے لئے ایک مثال قائم کردیں۔

سارے دیش میں زوردار کوشش شروع ہو گئی۔ ہر علاقے کے کام کی رپورٹوں سے اخبار بھرے رہتے تھے۔ ہر ہر صوبے، ہر ہر ضلع اور ہر ہر گاؤں میں پیداوار کو بڑھانے اور سوکھے کی بلا کو ختم کرنے کے لئے کمیٹیوں کا سنگٹھن کیا گیا۔

صرف ہوپے کے صوبے میں اسٹیٹ بینک نے چار کروڑ چار لاکھ امریکی ڈالر کسانوں کو اس کام کے لئے ادھار دیئے۔ سرکار اور دوسری کوآپریٹو سنستھاؤں نے کسانوں سے اُن کی بچی پیداوار خریدلی تاکہ اُن کو نقد رقم مل جائے۔ کیانگسی صوبے میں تھوڑے ہی عرصہ میں ایک کروڑ اکاسی لاکھ ساٹھ ہزار امریکی ڈالروں کی قیمت کی لکڑی، چمڑے، تمباکو اور دوسری چیزیں سرکار نے کسانوں سے خریدیں۔ آبپاشی کرنے اور سوکھا کو روکنے کے لئے اوزار سرکار نے مہیا کئے۔ اس طرح ساری چنتاؤں سے چھٹی پاکر اطمینان سے کسانوں نے کام شروع کیا۔

پہلے کسان اپنے اپنے کھیت پر ہی اپنی اپنی شکتی کے مطابق الگ الگ کام کرتے تھے۔ نئی سرکار نے انہیں مل کر کام کرنے کا اُتساہ دلایا۔ جن علاقوں کو حال میں آزادی ملی ہے اُن میں سرکار کو کچھ دقت کا بھی سامنا کرنا پڑا۔ لوگوں کے دماغوں میں پرانے بھرم اور خود غرضی بھری ہوئی تھی۔ وہ مل کر کام کرنے کو اچھا نہیں سمجھتے تھے۔ سرکار نے مثال قائم کر کے کسانوں کا دھیان اس طرف کھینچا۔ پورب سیچوان میں سرکاری دفتروں کے نوکر اور فوجی سپاہی کل ملا کر پانچ لاکھ آدمی تالابوں کی مرمت کرنے

चीनी किसानों को 'सूखा' से छुटकारा कैसे मिला ?

चीनी किसानों को ज़मींदारों के दबाव और लूट खसोट से छुटकारा मिल गया है, वह अब अपनी ज़मीन के खुद मालिक बन गए हैं. उनके बचे खुचे सब से बड़े दुश्मन हैं, सूखा और कीड़े हैं. बड़ी बड़ी नदियों पर बांध बांध कर और दूसरे साधनों से चीनी सरकार ने बाढ़ को बहुत हद तक क़ाबू में कर लिया है. साथ ही साथ सूखा से छुटकारा दिलाने की कोशिशें की गईं हैं और उनके नतीजे भी अच्छे निकले हैं. नई सरकार के आते ही चार हज़ार छः सौ वर्ग मील खेती के लायक़ बिना पानी की ज़मीन की सिंचाई का इन्तज़ाम हो चुका है. सरकार अब ऐसी स्कीमों को सफल बनाने की कोशिश कर रही है जिनसे सूखे का नाम निशान मिट जायगा.

अब भी जगह जगह हर साल सूखा पड़ जाता है, लेकिन सरकार और किसान न तो बरखा की आस लगाए हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं और न इस उम्मीद में वक़्त ख़राब करते हैं कि जब हमारी बड़ी बड़ी स्कीमें में कामयाब हो जाएंगी तो सूखा ख़त्म हो जाएगा. यह बात पूरी तरह से किसानों के दिमाग़ में बैठ गई है कि अगर वह आपसी सहयोग से मिल कर इन मुसीबतों का मुक़ाबला करें तो वह मौजूदा हालत में भी पैदावार बहुत बढ़ा सकते हैं. सन 1951 में बाईस सूबों में सूखा पर जेहाद बोला गया और प्रकृति की तरफ़ से पूरी मुख़ालफ़त होते हुए भी इन सूबों में सन '50 की पैदावार के ऊपर सात फ़ी सदी ग़ल्ला ज़ियादा पैदा किया गया. सन '52 में चीन के कुछ इलाक़ों ख़ासकर दक्खिन पश्चिम चीन में जाड़े में बर्फ़ ठीक से न पड़ा और वक़्त पर बारिश भी न हुई. एक फ़सल बिलकुल ख़तरे में थी. आम जनता ने एक साथ कोशिश की और उस फ़सल को ख़राब होने से बचा लिया.

इस कामयाबी की एक ही कुंजी थी और वह यह कि जनता और सरकार दोनों प्रकृति की लाई मुसीबतों से लड़ने और हर हालत में अपनी पैदावार बढ़ाने पर पूरी तरह डट गए. 8 फ़रवरी को सूखा के ख़िलाफ़ देश भर में लड़ाई छेड़ने का सरकार ने एलान कर दिया. पुराने तजुर्बों को सामने रख कर और लम्बी बहस के बाद इस लड़ाई की योजना तैयार की गई. इस योजना में बताया गया कि जगह जगह पर जैसी हालत पैदा हो उसका समय की मांग के मुताबिक़ ही मुक़ाबिला किया जाए और हर ख़तरे के लिए लोग तैयार रहें. इस योजना में बताया गया था कि

چینی کسانوں کو 'سوکھا' سے چھٹکارا کیسے ملا ؟

چینی کسانوں کو زمینداروں کے دباؤ اور لوٹ کھسوٹ سے چھٹکارا مل گیا ہے، وہ اب اپنی زمین کے خود مالک بن گئے ہیں ۔ ان کے بچے کھچے سب سے بڑے دشمن باڑھ، سوکھا اور کیڑے ہیں ۔ بڑی بڑی ندیوں پر باندھ باندھ کر اور دوسرے سادھنوں سے چینی سرکار نے باڑھ کو بہت حد تک قابو میں کرلیا ہے ۔ ساتھ ہی ساتھ سوکھا سے چھٹکارا دلانے کی کوشش کی گئی ہیں اور ان کے نتیجے بھی اچھے نکلے ہیں ۔ نئی سرکار کے آتے ہی چار ہزار چھ سو ورگ میل کھیتی کے لائق بنا پانی کی زمین کی سینچائی کا انتظام ہو چکا ہے ۔ سرکار اب ایسی اسکیموں کو سپھل بنانے کی کوشش کر رہی ہے جن سے سوکھے کا نام نشان مٹ جائے گا ۔

اب بھی جگہ جگہ ہر سال سوکھا پڑ جاتا ہے، لیکن سرکار اور کسان نہ تو برکھا کی آس لگائے ہاتھ پر ہاتھ دھرے بیٹھے رہتے ہیں اور نہ اس امید میں وقت خراب کرتے ہیں کہ جب ہماری بڑی بڑی اسکیمیں کامیاب ہو جائیں گی تو سوکھا ختم ہو جائے گا ۔ یہ بات پوری طرح سے کسانوں کے دماغ میں بیٹھ گئی ہے کہ اگر وہ آپسی سہیوگ سے مل کر ان مصیبتوں کا مقابلہ کریں تو وہ موجودہ حالت میں بھی پیداوار بہت بڑھا سکتے ہیں ۔ سن 1951 میں بائیس صوبوں میں سوکھا پر جہاد بولا گیا اور پرکرتی کی طرف سے پوری مخالفت ہوتے ہوئے بھی ان صوبوں میں سن '50 کی پیداوار کے اوپر سات فیصدی غلہ زیادہ پیدا کیا گیا ۔ سن '52 میں چین کے کچھ علاقوں خاص کر دکھن پچھم چین میں جاڑے میں برف ٹھیک سے نہ پڑا اور وقت پر بارش بھی نہ ہوئی ۔ ایک فصل بالکل خطرے میں تھی ۔ عام جنتا نے ایک ساتھ کوشش کی اور اس فصل کو خراب ہونے سے بچا لیا ۔

اس کامیابی کی ایک ہی کنجی تھی اور وہ یہ کہ جنتا اور سرکار دونوں پرکرتی کی لائی مصیبتوں سے لڑنے اور ہر حالت میں اپنی پیداوار بڑھانے پر پوری طرح ڈٹ گئے ۔ 8 فروری کو سوکھا کے خلاف دیش بھر میں لڑائی چھیڑنے کا سرکار نے اعلان کر دیا ۔ پرانے تجربوں کو سامنے رکھ کر اور لمبی بحث کے بعد اس لڑائی کی یوجنا تیار کی گئی ۔ اس یوجنا میں بتایا گیا کہ جگہ جگہ پر جیسی حالت پیدا ہو اس کا سمے کی مانگ کے مطابق مقابلہ کیا جائے اور ہر خطرے کے لئے لوگ [illegible] یوجنا میں بتایا گیا تھا کہ

[illegible]
एक [illegible] चली जा रही थी. [illegible] इस औरत की अंग अंग से बनावट टपकती थी. किसी भी भले आदमी को उस से नफ़रत हो जाना स्वाभाविक था. मैंने तेज़ आंखों से पिता जी की तरफ़ देखा और फिर उस स्त्री की ओर घूरा. पिता जी उससे परे खिसक गए. उन्हें मेरे आने से ताज्जुब सा हुआ, इस आश्चर्य में खुशी की जगह दुख की रेखायें झलक रही थीं. वह चुप रहे. मैं भी केवल घूरता रहा.

“आप ही के लड़के हैं बहू जी, बड़े अच्छे हैं. चार साल के बाद घर आए हैं. इनकी आपाजान ज़िन्दा होतीं......” कहते कहते रामअधीन के आंसू निकल आए और उसकी आवाज़ भर्रा गई.

मैं सन्नाटे में आ गया. मेरा सर चकराने लगा. क्या करूं क्या न करूं मुझे कुछ सुझाई नहीं पड़ रहा था. मेरी मां मर गई थी, मेरी आपाजान मुझे छोड़ कर चली गईं थीं. मेरे मुंह से एक चीख निकली और फिर मैं नहीं जानता क्या हुआ. जब आंख खुली, देखा, रामअधीन पलंग पर मुझे लिटा कर पंखा कर रहा है. पिता जी असमंजस में दूर खड़े हैं और मेरी नई माता जी उन्हें आदेश दे रही हैं—

“इस को हटाओ यहां से. मैं सौत के जवान लड़के के साथ नहीं रह सकती. दुनिया आखिर क्या कहेगी. जल्दी फ़ैसला करो. या मैं इस घर में रहूँगी या यह......बोलो...मुंह क्यों सी रखा है.”

पिता जी चुप थे. उनका धर्म संकट मुझसे नहीं देखा गया. मैं आंसू बहाता चारपाई से उठा. रामअधीन को गले से लगा लिया. दुखी सब भाई भाई हैं. यह भाईचारा तभी जाग उठता है जब सचमुच दोनों दुखी हों. फिर मैंने झुक कर नई मां को सलाम किया और पिता जी को सलाम कर धीरे धीरे जिधर से आया था उधर ही चल दिया. किसी ने भी मुझे नहीं रोका, किसी ने मुझे नहीं बुलाया. मैंने पीछे मुड़ कर देखा भी नहीं. चलते चलते मैंने वह ख़त निकाला. आपाजान को यह मेरी पहली और आखिरी चिट्ठी थी. मुझे क्या मालूम था कि मेरी चिट्ठी पाते ही वह दुनिया से चल देंगी और मुझे ख़बर भी नहीं होगी. चिट्ठी के सारे अक्षर वेदना से भरी एक कहानी बन गए और मैं पढ़ता गया और रोता गया.

इसी घर से मैं चार बरस पहले निकला था. उस समय जोश था, गुस्सा था, फुर्ती थी, लगन थी, इरादा था, बहुतों को मैंने रोता छोड़ा था, नीलम थी, कुंवर थी, आपा जान थीं ......और आज—चार बरस बाद—मेरी आंखों में आंसू थे, दिल में दर्द था, बहुतों की शिकायत थी, यादों की भरमार थी, [illegible] थी, न कुंवर थी और न आपाजान.

میں باہر نکل آیا۔ میرے پتا جی [illegible]
سہارے ایک پچیس برس کی استری کھڑی تھی اور بن بولے چلی جا رہی تھی۔ عجیب دھنا تھی اس عورت کی۔ انگ انگ سے بناوٹ ٹپکتی تھی۔ کسی بھی بھلے آدمی کو اس سے نفرت ہو جانا سوابھاوک تھا۔ میں نے تیز آنکھوں سے پتاجی کی طرف دیکھا اور پھر اس استری کی اور گھورا۔ پتا جی اس سے پرے کھسک گئے۔ انہیں میرے آنے سے تعجب سا ہوا، اس اچرج میں خوشی کی جگہ دکھ کی ریکھائیں جھلک رہی تھیں۔ وہ چپ رہے۔ میں بھی کیول گھورتا رہا۔

”آپ ہی کے لڑکے ہیں بہو جی، بڑے اچھے ہیں، چار سال کے بعد گھر آئے ہیں۔ ان کی آپا جان زندہ ہوتیں......“ کہتے کہتے رام ادھین کے آنسو نکل آئے اور اسکی آواز بھرا گئی۔

میں سناٹے میں آگیا۔ میرا سر چکرانے لگا۔ کیا کروں کیا نہ کروں مجھے کچھ سجھائی نہیں پڑ رہا تھا، میری ماں مرگئی تھی، میری آپاجان مجھے چھوڑ کر چلی گئی تھیں۔ میرے منھ سے ایک چیخ نکلی اور پھر میں نہیں جانتا کیا ہوا۔ جب آنکھ کھلی، دیکھا، رام ادھین پلنگ پر مجھے لٹا کر پنکھا کر رہا ہے۔ پتاجی اس اسمنجس میں دور کھڑے ہیں اور میری نئی ماتاجی انہیں آدیش دے رہی ہیں—

”اس کو ہٹاؤ یہاں سے۔ میں سوت کے جوان لڑکے کے ساتھ نہیں رہ سکتی۔ دنیا آخر کیا کہیگی۔ جلدی فیصلہ کرو۔ یا میں اس گھر میں رہونگی یا یہ...... بولو...... منھ کیوں سی رکھا ہے۔“

پتا جی چپ تھے۔ ان کا دھرم سنکٹ مجھ سے نہیں دیکھا گیا۔ میں آنسو بہاتا چارپائی سے اٹھا۔ رام ادھین کو گلے سے لگا لیا۔ دکھی سب بھائی بھائی ہیں۔ یہ بھائی چارا تبھی جاگ اٹھتا ہے جب سچ مچ دونوں دکھی ہوں۔ پھر میں نے جھک کر نئی ماں کو سلام کیا اور پتا جی کو سلام کر دھیرے دھیرے جدھر سے آیا تھا ادھر ہی چل دیا۔ کسی نے بھی مجھے نہیں روکا، کسی نے مجھے نہیں بلایا۔ میں نے مڑ کر دیکھا بھی نہیں۔ چلتے چلتے میں نے وہ خط نکالا۔ آپا جان کو یہ میری پہلی اور آخری چٹھی تھی۔ مجھے کیا معلوم تھا کہ میری چٹھی پاتے ہی وہ دنیا سے چل دیںگی اور مجھے خبر بھی نہیں ہوگی۔ چٹھی کے سارے اکشر ویدنا سے بھری ایک کہانی بن گئے اور میں پڑھتا گیا اور روتا گیا۔

اسی گھر سے میں چار برس پہلے نکلا تھا۔ اس سمے جوش تھا، غصہ تھا، پھرتی تھی، لگن تھی، ارادہ تھا، بہتوں کو میں نے روتا چھوڑا تھا، نیلم تھی، کنور تھی، آپا جان تھیں...... اور آج—چار برس بعد—میری آنکھوں میں آنسو تھے، دل میں درد تھا، بہتوں کی شکایت تھی، یادوں کی بھرمار تھی—نہ نیلم تھی، نہ کنور تھی اور نہ آپا جان۔

[illegible] थी. ऐसा लगा जैसे कोई इस में अन्दर रहता है. मेरी माँ के अलावा उनके कमरे में रहने की हिम्मत किसको हो सकती है. सारा सामान सजा रखा था. मालूम हुआ जैसे वह अभी अभी यहां से उठ कर कहीं बाहर गई हों. उनके गहने का बक्स अपनी जगह पर था, रेशमी कपड़े के बक्स कुछ हटे हुए थे. मुझे ऐसा अन्दाज़ा हुआ कि अभी अभी उन्होंने कपड़े बदले हैं. मैंने इतमिनान का सांस लिया. कमरे में इधर उधर चक्कर लगाया. बहुत सी यादें इस कमरे की मेरे मानस पटल पर अंकित हो गईं. मैं सोच रहा था कि आपाजान मुझे यहां देख कर चौंक पड़ेंगी. उन्हें बड़ा आश्चर्य होगा.........फिर एक विचार आया कि रामअधीन रोया क्यों, मुझे जवाब दिये बिना चला क्यों गया? मैंने शंका को दबाने की कोशिश की. हो सकता है कि उसका दिल नीलम और कुंवर की घटना बताते बताते भर आया हो और वह रो पड़ा हो. उद्गार के बहाव में हो सकता है उसने मुझे कुछ कहते सुना भी न हो. लेकिन वह चला क्यों गया? सनकी भी तो है वह. कौन जाने क्या मन में आ गई. मैं सोचता रहा. और कमरे में टहलता रहा. यकायक एक चिट्ठी मैंने फ़र्श पर पड़ी देखी, किसी ने सफ़ाई करते समय सैंत कर रखी यह चिट्ठी गिरा दी थी. लिखावट मेरी थी. मैंने उसे खोला और पढ़ने लगा. मैं पढ़ कर दुखी हो रहा था. मैंने यह चिट्ठी न जाने किस मुद्रा में लिखी थी. आपाजान को बहुत ताने सुनाये थे. इस चिट्ठी को पढ़ कर उन्हें जो दुख हुआ होगा उसका अनुमान मैं करने लगा. मैंने सोचा कि आपाजान इसे बचपना समझ कर टाल देंगी. मैं इसी उधेड़ बुन में खड़ा बार बार चिट्ठी पढ़ रहा था. आज न जाने क्यों इस चिट्ठी ने मुझे मोह लिया था. मैं आस पास की चीज़ों से बे ख़बर सा हो गया. पैरों की चाप ने यकायक मुझे चौंका दिया. मैंने अनुमान किया कि आपाजान आ रही हैं. जल्दी से मैंने चिट्ठी जेब में छुपा ली. आपाजान को चौंकाने की कोशिश में दरवाज़े की तरफ़ बढ़ा. अभी दरवाज़े के क़रीब भी न पहुंचा था कि एक आवाज़ सुनाई दी—

"यह तुम्हारा कमरा है. गहने तुम्हारे इसमें हैं, कपड़े भी इसी में बन्द हैं. सन्दूकों में देख लो. ज़रूरत होगी तो कपड़े और आ जायेंगे." यह मेरे पिता जी की आवाज़ थी.

मैं इन वाक्यों को मिला कर पूरा अर्थ समझने की कोशिश करते हुए आगे बढ़ रहा था. और सब को विस्मित करने का विचार मेरे दिमाग़ में घूम रहा था. यकायक दरवाज़े पर एक चीख सुनाई दी. ऐसा लगा जैसे कोई अन्दर आ रहा हो और मुझे यहां देख कर चीख कर भागा हो. एक औरत तेज़ आवाज़ से हांप हांप कर कह रही थी—

"यह कौन चोर है मेरे कमरे में. पकड़ लो इसे, कमीना, घर अकेला देख कर घुस आया है........"

صفائی [illegible] اس میں ضرور رہتا ہے۔ میری ماں کے علاوہ ان کے کمرے میں رہنے کی ہمت کس کو ہو سکتی ہے۔ سارا سامان سجا رکھا تھا۔ معلوم ہوا جیسے وہ ابھی ابھی یہاں سے اٹھ کر باہر گئی ہوں۔ ان کے گہنے کا بکس اپنی جگہ پر تھا، ریشمی کپڑے کے بکس کچھ ہٹے ہوئے تھے۔ مجھے ایسا اندازہ ہوا کہ ابھی ابھی انہوں نے کپڑے بدلے ہیں۔ میں نے اطمینان کا سانس لیا۔ کمرے میں ادھر ادھر چکر لگایا۔ بہت سی یادیں اس کمرے کی میرے مانس پٹل پر انکت ہو گئیں۔ میں سوچ رہا تھا کہ آپا جان مجھے یہاں دیکھ کر چونک پڑیں گی۔ انہیں بڑا آشچریہ ہوگا......پھر ایک وچار آیا کہ رام ادھین رویا کیوں' مجھے جواب دئے بنا چلا کیوں گیا؟ میں نے شنکا کو دبانے کی کوشش کی۔ ہو سکتا ہے کہ اس کا دل نیلم اور کنور کی گھٹنا بتاتے بتاتے بھر آیا ہو اور وہ رو پڑا ہو۔ اُدگار کے بہاؤ میں ہو سکتا ہے اس نے مجھے کچھ کہتے سنا بھی نہ ہو۔ لیکن وہ چلا کیوں گیا؟ سنکی بھی تو ہے وہ۔ کون جانے کیا من میں آ گئی۔ میں سوچتا رہا اور کمرے میں ٹہلتا رہا۔ یکایک ایک چٹھی میں نے فرش پر پڑی دیکھی۔ کسی نے صفائی کرتے سمے سینت کر رکھی یہ چٹھی گرا دی تھی۔ لکھاوٹ میری تھی۔ میں نے اسے کھولا۔ اور پڑھنے لگا۔ میں پڑھ کر دکھی ہو رہا تھا۔ میں نے یہ چٹھی نہ جانے کس مدرا میں لکھی تھی۔ آپا جان کو بہت طعنے سنائے تھے۔ اس چٹھی کو پڑھ کر انہیں جو دکھ ہوا ہوگا اس کا انومان میں کرنے لگا۔ میں نے سوچا کہ آپا جان اسے بچپنا سمجھ کر ٹال دیں گی۔ میں اسی ادھیڑ بن میں کھڑا بار بار چٹھی پڑھ رہا تھا۔ آج نہ جانے کیوں اس چٹھی نے مجھے موہ لیا تھا۔ میں اس پاس کی چیزوں سے بے خبر سا ہو گیا۔ پیروں کی چاپ نے یکایک مجھے چونکا دیا۔ میں نے انومان کیا کہ آپا جان آ رہی ہیں۔ جلدی سے میں نے چٹھی جیب میں چھپا لی۔ آپا جان کو چونکانے کی کوشش میں دروازے کی طرف بڑھا۔ ابھی دروازے کے قریب بھی نہ پہنچا تھا کہ ایک آواز سنائی دی—

"یہ تمہارا کمرہ ہے۔ گہنے تمہارے اس میں ہیں' کپڑے بھی اسی میں بند ہیں۔ صندوقوں میں دیکھ لو۔ ضرورت ہوگی تو کپڑے اور آ جائیں گے۔" یہ میرے پتا جی کی آواز تھی۔

میں ان واکیوں کو ملا کر پورا ارتھ سمجھنے کی کوشش کرتے ہوئے آگے بڑھ رہا تھا۔ اور سب کو وسمت کرنے کا وچار میرے مستشک میں گھوم رہا تھا۔ یکایک دروازے پر ایک چیخ سنائی دی۔ ایسا لگا جیسے کوئی اندر آ رہا ہو اور مجھے یہاں دیکھ کر چیخ کر بھاگا ہو۔ ایک عورت تیز آواز سے ہانپ ہانپ کر کہہ رہی تھی—

[illegible] میں۔ پکڑ لو اسے کمینہ [illegible]

[illegible] है और न [illegible] हमारा [illegible] है फिर भी हमसे [illegible] है, [illegible] है. यही तो इस युग की रीति है. मैंने फिर भी उसका कुछ नहीं पूछा. झट से बोला—“कुंवर का क्या हाल है?”

“आपके जाते ही वह बे क़ाबू हो गई. सिरी आपने ही बनवा कर दी थी. जब आप चले गए मैं सिरी पिलाने गया, वह भड़क उठी. सिरी को उसने मुंह नहीं लगाया. दाना भी उसने नहीं खाया. कई दिन तक भूकी और प्यासी बंधी रही. एक रोज़ रस्सी तुड़ा कर खुद ही भाग गई. बहुत कोशिश हुई पर किसी के क़ब्ज़े में नहीं आई. केवल शाम को घर आती थी. चारों तरफ़ चक्कर लगाती थी और ज़ोर ज़ोर से हिनहिनाती थी. बड़े भैया के कहने पर आप की आपा जान ने एक दिन खिड़की से उसे चुमकारा. वह पास आ गई. जो घोड़ी किसी के पकड़ में न आई, जिस पर हाथ रखते बड़े बड़े सवार कांपते थे, वह आपाजान के बग़ल में खड़ी हो गई. सचमुच कहता हूँ वह उस समय रो रही थी. आपाजान को भी आप की याद हो आई, कुंवर को पकड़ लिया गया. तीन चार रोज़ में वह बिक गई. जाते जाते हिनहिना रही थी और मुड़ मुड़ कर देखती जाती थी. आपाजान बाद में बहुत रोईं लेकिन जो कुछ होना था वह हो कर रहा.”

“कुंवर बिक गई, मेरी हर चीज़ से नफ़रत है.” मैंने ठंडी सांस भरते हुए कहा.

कुंवर एक ज़िन्दा चित्र बन कर मेरे सामने खड़ी हो गई. बीते दिनों की घटनायें एक के बाद दूसरी दिमाग़ में घूमने लगीं. कुंवर मेरे सामने नहीं थी. मुझे उसका पता मालूम नहीं था. मैं उसके पास नहीं जा सकता था, प्यार से उसके अयाल को सहला नहीं सकता था और स्नेह को ज़ाहिर करने के लिये वह आँखें झुका कर अपना सर मेरे कपड़ों से नहीं रगड़ सकती थी. फिर भी हम दोनों एक साथ थे. कुछ क्षणों के लिये उसकी वेदना से भरी हिनहिनाहट मुझे सुनाई देने लगी और मैं कुंवर को उसी दुनिया में तसल्ली देने लगा.

“क़िस्मत मर गई, कुंवर बिक गई.” मैंने एक लम्बी ठंडी सांस ली—“आपाजान कहाँ हैं?”

रामअधीन रो पड़ा. आंसू के दो क़तरे उसकी आँखों से निकल कर गालों पर बह चले. मैं कुछ नहीं समझा. मैंने फिर पूछा—“आपाजान कहाँ हैं, क्या कहीं घूमने गई हैं?”

रामअधीन सवाल करते करते वहाँ से चला गया.

मैं व्याकुल था ही दिल की धड़कन और तेज़ हो गई. दूर से मैं उसे जाते हुए देखता रहा. [illegible] में मैं कुछ [illegible] की कोशिश करने लगा. मैं कुछ देर वहीं खड़ा रहा. [illegible] वहां काफ़ी

اس کے ساتھ رہتا ہوں [illegible] ہیں، وہ ہمارا ان داتا ہے پھر بھی ہم سے چھوٹا ہے' یہی ہے یہی تو اس یگ کی ریتی ہے۔ میں نے پھر بھی اس کا کچھ نہیں پوچھا۔ جھٹ سے بولا — " کنور کا کیا حال ہے؟"

" آپکے جاتے ہی وہ بے قابو ہو گئی۔ سری آپ ہی بنوا کر دی تھی۔ جب آپ چلے گئے میں سری پلانے گیا۔ وہ بھڑک اٹھی۔ سری کو اس نے منھ نہیں لگایا۔ دانا بھی اس نے نہیں کھایا۔ کئی دن تک بھوکی اور پیاسی بندھی رہی۔ ایک روز رسی تڑا کر خود ہی بھاگ گئی۔ بہت کوشش ہوئی پر کسی کے قبضے میں نہیں آئی۔ کیول شام کو گھر آتی تھی' چاروں طرف چکر لگاتی تھی اور زور زور سے ہنہناتی تھی۔ بڑے بھیا کے کہنے پر آپکی آپا جان نے ایک دن کھڑکی سے اسے چمکارا۔ وہ پاس آ گئی۔ جو گھوڑی کسی کے پکڑ میں نہ آئی' جس پر ہاتھ رکھتے بڑے بڑے سوار کانپتے تھے' وہ آپا جان کے بغل میں کھڑی ہوگئی۔ سچ میں کہتا ہوں وہ اس سمے رو رہی تھی۔ آپا جان کو بھی آپکی یاد ہو آئی' کنور کو پکڑ لیا گیا۔ تین چار روز میں وہ بک گئی۔ جاتے جاتے ہنہنا رہی تھی اور مڑ مڑ کر دیکھتی جاتی تھی۔ آپا جان بعد میں بہت روئیں لیکن جو کچھ ہونا تھا وہ ہو کر رہا۔"

" کنور بک گئی' میری ہر چیز سے نفرت ہے۔" میں نے ٹھنڈی سانس بھرتے ہوئے کہا۔

کنور ایک زندہ چتر بن کر میرے سامنے کھڑی ہوگئی۔ بیتے دنوں کی گھٹنائیں ایک کے بعد دوسری دماغ میں گھومنے لگیں۔ کنور میرے سامنے نہیں تھی۔ مجھے اس کا پتہ معلوم نہیں تھا۔ میں اس کے پاس نہیں جا سکتا تھا' پیار سے اس کے ایال کو سہلا نہیں سکتا تھا اور اسنیہ کو ظاہر کرنے کے لئے وہ آنکھیں جھکا کر اپنا سر میرے کپڑوں سے نہیں رگڑ سکتی تھی۔ پھر بھی ہم دونوں ایک ساتھ تھے۔ کچھ چھنوں کے لئے اس کی ویدنا سے بھری ہنہناہٹ مجھے سنائی دینے لگی اور میں کنور کو اسی دنیا میں تسلی دینے لگا۔

" قسمت مر گئی' کنور بک گئی۔" میں نے ایک لمبی ٹھنڈی سانس لی — " آپا جان کہاں ہیں؟"

رام ادھین رو پڑا۔ آنسو کے دو قطرے اسکی آنکھوں سے نکل کر گالوں پر بہ چلے۔ میں کچھ نہیں سمجھا۔ میں نے پھر پوچھا — " آپا جان کہاں ہیں' کیا کہیں گھومنے گئیں ہیں؟"

رام ادھین سوال کرتے کرتے وہاں سے چلا گیا۔

میں بیاکل تھا ہی دل کی دھڑکن اور تیز ہوگئی۔ حیرت سے میں اسے جاتے ہوئے دیکھتا رہا۔ [illegible] میں میں کچھ اٹکلنے کی کوشش کرنے لگا۔ میں کچھ دیر وہیں کھڑا رہا' پھر بھاگتا ہوا اپنی ماں کے کمرے میں گیا۔ وہاں گئی

"नीलम को सांप ने डस लिया!"

"हां, नीलम को सांप ने डस लिया!" मैंने इस वाक्य को इस तरह दोहराया जैसे मैं दाढ़ें मार कर रो पड़ूंगा. मैं रोया नहीं.

"किस तरह, कहां, किस सांप ने?" मैंने अपने को ठंडा करते हुए कहा.

"बड़े कमरे में एक सांप रहता था न. आप को याद तो होगा. आपने ही उसे दूध पिलाना शुरू किया था. मैंने तो कई बार मना किया. खतरनाक जनावर है. कौन भरोसा. लेकिन आप नहीं माने थे. काले को दूध पिलाने से कहीं उसका कालापन चला जाता है. आप के बाद आपाजान भी रोज़ उसको दूध भिजवाती थीं...........उसी कमरे में नीलम ने बच्चा दिया था. बड़े सुन्दर से बच्चे थे. मैंने भी एक पालने की इच्छा की थी. भला करे उस सांप का ...."

अगर मैं पूरी तरह आपे में न आ गया होता तो रामअधीन की बात को ठंडे दिल से नहीं सुन सकता था और उसे खरी खरी सुना भी देता. लेकिन मैंने पूछा—"सांप ने इस से पहले तो किसी को नहीं डसा. तुम्हारे पैर के नीचे भी कई बार पड़ गया था. वह तो घर का पालतू हो गया था. उसने नीलम को फिर कैसे डस लिया."

"उसे पछतावा तो बहुत हुआ. उसकी फुफकार कमरे में कई दिन तक सुनी गई. वह भैंसे के समान हांपता था. हम सब डर गए थे. तीन चार दिन तक ऐसा ही हुआ. मेरा विचार है कि वह रो रहा था. उसके बाद आज तक वह दिखाई नहीं पड़ा. जहां रोज़ दिखाई पड़ता था अब सालों से सूरत नहीं दिखाई·········जान बूझ कर तो उसने काटा नहीं होगा. कुछ न कुछ ग़लती हो गई है. उसका दूध भी तो बन्द हो गया था······"

रामअधीन अपनी कहे जा रहा था. और मैं कहीं और खो गया था. इनसानों की दुनिया से अलग जानवरों की दुनिया में—नीलम, सांप, कुंवर, सब मेरे सामने लाखों की तादाद में इकट्ठा हो गए. यह मानव के दुख के साथ हैं, उसके सुख के साथ हैं. वह ग़लती पर रोते हैं, सर पटकते हैं······पर इनसान!

रामअधीन मेरे सामने खड़ा था. उसकी कमाई से ही इस घर की रौनक़ है. पर उसका कोई घर हमने बनने नहीं दिया. वह बे खेत किसान है, इस घर का जन्म जन्म से हलवाह. उसकी कमाई खा कर हम सब जवान हुए हैं. पर-उसकी जवानी और बुढ़ापे में कोई फ़र्क़ नहीं हुआ. जैसा वह पैदा हुआ था वैसा ही आज भी है—हाड़ मांस का ठठ्ठर. वही रामअधीन मेरे सामने खड़ा था. मैं न कभी

"نیلم کو سانپ نے ڈس لیا"

"ہاں، نیلم کو سانپ نے ڈس لیا!" میں نے اِس واکیہ کو اِس طرح دہرایا جیسے میں دھاڑیں مار کر رو پڑوں گا۔ میں رویا نہیں۔

"کس طرح، کہاں، کس سانپ نے؟" میں نے اپنے کو ٹھنڈا کرتے ہوئے کہا۔

"بڑے کمرے میں ایک سانپ رہتا تھا نہ۔ آپکو یاد تو ہوگا۔ آپ نے ہی اُسے دودھ پلانا شروع کیا تھا۔ میں نے تو کئی بار منع کیا۔ خطرناک جانور ہے۔ کون بھروسہ۔ لیکن آپ نہیں مانے تھے۔ کالے کو دودھ پلانے سے کہیں اُس کا کالا پن چلا جاتا ہے۔ آپکے بعد آپا جان بھی روز اُس کو دودھ بھجواتی تھیں۔ .... اُسی کمرے میں نیلم نے بچہ دیا تھا۔ بڑے سندر سے بچے تھے۔ میں نے بھی ایک پالنے کی اچھا کی تھی۔ بھلا کرے اُس سانپ کا..........."

اگر میں پوری طرح آپے میں نہ آ گیا ہوتا تو رام ادھین کی بات کو ٹھنڈے دل سے نہیں سن سکتا تھا اور اُسے کھری کھری سنا بھی دیتا۔ لیکن میں نے پوچھا—"سانپ نے اِس سے پہلے تو کسی کو نہیں ڈسا۔ تمہارے پیر کے نیچے بھی کئی بار پڑ گیا تھا۔ وہ تو گھر کا پالتو ہو گیا تھا۔ اُس نے نیلم کو پھر کیسے ڈس لیا۔"

"اُسے پچھتاوا تو بہت ہوا۔ اُسکی پھونکار کمرے میں کئی دن تک سنی گئی۔ وہ بھینسے کے سمان ہانپتا تھا۔ ہم سب ڈر گئے تھے۔ تین چار دن تک ایسا ہی ہوا۔ میرا وچار ہے کہ وہ رو رہا تھا۔ اُس کے بعد آج تک وہ دکھائی نہیں پڑا۔ جہاں روز دکھائی پڑتا تھا اب سالوں سے صورت نہیں دکھائی.................جان بوجھکر تو اُس نے کاٹا نہیں ہوگا۔ کچھ نہ کچھ غلطی ہو گئی ہے۔ اُس کا دودھ بھی تو بند ہو گیا تھا......"

رام ادھین اپنی کہے جا رہا تھا۔ اور میں کہیں اور کھو گیا تھا۔ انسانوں کی دنیا سے الگ جانوروں کی دنیا میں—نیلم، سانپ، کنور، سب میرے سامنے لاکھوں کی تعداد میں اکٹھا ہو گئے۔ یہ مانو کے دکھ کے ساتھی ہیں، اُس کے سکھ کے ساتھی ہیں۔ یہ غلطی پر روتے ہیں، سر پٹکتے ہیں..........پر انسان!

رام ادھین میرے سامنے کھڑا تھا۔ اُسکی کمائی سے ہی اِس گھر کی رونق ہے پر اُس کا کوئی گھر ہم نے بننے نہیں دیا۔ وہ بے کھیت کسان ہے، اِس گھر کا جنم جنم سے ہلواہا۔ اُسکی کمائی کھا کر ہم سب جوان ہوئے ہیں۔ اُسکی جوانی اور بڑھاپے میں کوئی فرق نہیں ہوا۔ جیسا وہ پیدا ہوا تھا ویسا ہی آج بھی ہے—ہاڑ ماس [illegible] میرے سامنے کھڑا تھا۔ میں نہ کبھی

[illegible]

[illegible] समझेंगी. या मेरा मुंह चूमेंगी—
...बुरा लगता है. सारा मुंह खराब हो जाता है. पहले मेरी उनकी इस बारे में झड़प हो चुकी थी. मैंने कहा —"अब मैं बच्चा नहीं हूं जो तुम इस तरह मुंह चूम ली हो." और उन्होंने कहा था—"वह दिन तो आया कि ...लाल अपने को जवान समझने लगा. तू कितना ही ...हो जाय, बूढ़ा भी हो जाय, तो भी मेरे लिये बच्चा ही ...गा." इस हठ धर्मी का कोई उत्तर नहीं है—बार बार ...ती से लगायेंगी, मैं अब की बार मुंह चूमने पर एतराज़ ...करूंगा. मैं उनकी तरफ़ देखूंगा, उनकी आंखों में आंसू ..., मेरे देखते ही आंखों ही आंखों उन्हें वह पी जायेंगी.

मुस्करा देंगी, फिर मुझे छाती से लगायेंगी और ...गी—"खाने को नहीं मिलता क्या, बहुत दुबला हुआ है." और मैं कहूंगा—"यह तुम्हारी आदत है आपाजान ...कितना ही मोटा हो जाऊं पर तुम्हारी नज़र में सदा ...ला ही रहूंगा." और फिर हम दोनों हंस देंगे. आपाजान ...घर को सर पर उठा लेंगी. आज वह दुनिया की सारी ...ें मुझे खिला देना चाहेंगी.

हर क़दम पर एक नया चित्र सामने खिंचता चला जा ...था,

पर वह सारा सपना था. घर में सन्नाटा था. नीलम ...थी, कुंवर नहीं थी, आपाजान भी नहीं थीं.

मेरे दिमाग़ में हथौड़े चलने लगे, दिल की धड़कन तेज़ ...गई. चेहरे पर एक उदासी छाने लगी. मैंने आवाज़ें ...ाईं. नीलम को पुकारा, कुंवर को पुकारा, हर छन की ...ायक मां को पुकारा. कोई जवाब नहीं मिला. जैसे मैं ...मशान में खड़ा था. पर यह श्मशान नहीं था. यह मेरा ...था, मेरी मां का घर. यहां मैंने जीवन के क़ीमती दिन ...ताये थे. मैं न जाने किस सोच में खो गया. दिल क़ाबू ...आया तो देखा रामअधीन सामने खड़ा है. मैंने बरबस पहला प्रश्न यही किया—

"नीलम कहां है, उसकी क्या हालत है ?"

वह भौचक्का रह गया. मुझे अपनी मां के बारे में पूछना ...हिये था, घर वालों के बारे में पूछना चाहिये था, ...मअधीन की ख़ैरियत पूछनी चाहिये थी, इस भयानक ...नाटे के सम्बन्ध में पूछ ताछ करनी चाहिये थी. पर मैंने ...वल नीलम के विषय में ही पूछा. रामअधीन को मेरे ...व्यवहार से अचम्भा हुआ. उस ने तेज़ निगाहों से मुझे घूर ...र फिर आंखें नीची कर लीं. मैं उतावला हो रहा था. मुझे ...र बहुत से सवालों का उत्तर चाहिये था. मैंने फिर ...ा—

"[illegible] है, [illegible] क्यों नहीं."

رہی ہونگی" وہ تعجب سے کبھی میرا منہ دیکھیں گی پھر لپک کر سینے سے چمٹا لیں گی۔ یا میرا منہ چومیں گی—مجھے برا برا لگتا ہے۔ سارا منہ خراب ہو جاتا ہے۔ پہلے بھی میری اُن کی اِس بارے میں جھڑپ ہو چکی تھی۔ میں نے کہا تھا—"اب میں بچہ نہیں ہوں جو تم اِس طرح سے منہ چوم لیتی ہو۔" اور اُنہوں نے کہا تھا—"وہ دن تو آیا کہ میرا لال اپنے کو جوان سمجھنے لگا۔ تو کتنا ہی بڑا ہو جائے، بوڑھا بھی ہو جائے تو بھی میرے لئے بچہ ہی رہے گا۔" اِس ہٹ دھرمی کا کوئی اُتر نہیں ہے—بار بار چھاتی سے لگائیں گی۔ میں اب کی بار منہ چومنے پر اعتراض نہیں کروں گا۔ میں اُن کی طرف دیکھوں گا۔ اُن کی آنکھوں میں آنسو ہونگے۔ میرے دیکھتے ہی آنکھوں ہی آنکھوں اُنہیں وہ پی جائیں گی۔ وہ مسکرا دیں گی۔ پھر مجھے چھاتی سے لگائیں گی اور کہیں گی—"کھانے کو نہیں ملتا کیا۔ بہت دبلا ہوا جا رہا ہے۔" اور میں کہوں گا—"یہ تمہاری عادت ہے آپا جان، میں کتنا ہی موٹا ہو جاؤں پر تمہاری نظر میں سدا دبلا ہی رہوں گا۔" اور پھر ہم دونوں ہنس دیں گے۔ آپا جان سارے گھر کو سر پر اٹھالیں گی۔ آج وہ دنیا کی ساری چیزیں مجھے کھلا دینا چاہیں گی۔

ہر قدم پر ایک نیا چتر سامنے کھنچتا چلا جا رہا تھا۔

پر یہ سارا سپنا تھا۔ گھر میں سناٹا تھا۔ نیلم نہیں تھی، کنور نہیں تھی، آپا جان بھی نہیں تھیں۔

میرے دماغ میں ہتھوڑے چلنے لگے، دل کی دھڑکن تیز ہوگئی، چہرے پر ایک اداسی چھانے لگی۔ میں نے آوازیں لگائیں۔ نیلم کو پکارا، کنور کو پکارا، ہر چھن کی سہایک ماں کو پکارا۔ کوئی جواب نہیں ملا۔ جیسے میں شمشان میں کھڑا تھا۔ پر یہ شمشان نہیں تھا۔ یہ میرا گھر تھا، میری ماں کا گھر۔ یہاں میں نے جیون کے قیمتی دن بتائے تھے۔ میں نہ جانے کس سوچ میں کھو گیا۔ دل قابو میں آیا تو دیکھا رام ادھین سامنے کھڑا ہے۔ میں نے اُلجھن میں پہلا پرشن یہی کیا—

"نیلم کہاں ہے، اُس کی کیا حالت ہے؟"

وہ بھوچکا رہ گیا۔ مجھے اپنی ماں کے بارے میں پوچھنا چاہئے تھا، گھر والوں کے بارے میں پوچھنا چاہئے تھا، رام ادھین کی خیریت پوچھنی چاہئے تھی، اس بھیانک سناٹے کے سمبندھ میں پوچھ تاچھ کرنی چاہئے تھی۔ پر میں نے کیول نیلم کے وشے میں ہی پوچھا۔ رام ادھین کو میرے بیوہار سے اچنبھا ہوا۔ اُس نے تیز نگاہوں سے مجھے گھورا اور پھر آنکھیں نیچی کرلیں۔ میں اُتاولا ہو رہا تھا۔ مجھے اور بہت سے سوالوں کا اُتر چاہئے تھا۔ میں نے پھر پوچھا—

"نیلم کہاں ہے، چپ کیوں کھڑے ہو، بولتے کیوں نہیں۔"

भी मैं था. कुंवर के सम्बन्ध में सोचते सोचते मुझे चार बरस पुरानी घटना याद पड़ गई—मैं धर्म द्रोही था. समाज द्रोही था. मैं नीच था क्योंकि मैं 'नीचों' को अपने बराबर का समझता था. मैं नापाक था क्योंकि मैंने अछूत के घर का पक्का खाना खाया था. मैं कुल का कलंक था क्योंकि मैं "नीचों" के बीच में रहता था. मेरे जन्म से मेरे पिता लज्जित थे क्योंकि मैं धर्म के ढोंगा पन्थियों की सख्त आलोचना करता था. मैं निकम्मा था क्योंकि मैं किसी पर अत्याचार नहीं कर सकता था क्योंकि मैं झूट बोल कर, घूस दे कर अफ़सरों की जूती चाट कर किसानों पर रोब नहीं जमा सकता था. और यही बातें मेरा साहस थीं, मेरा आदर्श थीं. लेकिन पिता जी ! एक ज़मींदार थे, केवल एक ज़मींदार, सैकड़ों "नीच असामियों" के स्वामी. मैं उनका बेटा था और वह मेरे पिता. पर हमारे विचार अलग अलग थे, राहें अलग अलग थीं, जीवन के आदर्श अलग अलग थे. जब भी विचार और नाते की टक्कर होती है, अगर वह सही अर्थों में टक्कर होती है तो सदा नाते की हार होती है. नाता भी एक विचार ही है. जब तक देव समझो तो देव नहीं तो पत्थर ! मेरे पिता ने मुझे घर से निकाल दिया. मैं घर छोड़ कर जा रहा था. कुंवर थान पर बंधी थी. भाशाएं चाहे अलग अलग हों पर भावना वह भाशा है जिसे हर मानव समझ लेता है, जानवर भी समझ लेते हैं, शायद मनुश्य से अधिक उन्हें भावना का आदर है. मुझे गुस्से में जाने देख कर कुंवर सब कुछ समझ गई थी वह ज़ोर ज़ोर से हिनहिनाने लगी थी, वह मुझे पुकार रही थी, गुस्से का कारन मालूम करना चाहती थी. मैंने ध्यान नहीं दिया. उसने टाप मारने शुरू कर दिये, यह इस बात की मांग थी कि मुझे सारी घटना उसे समझानी चाहिये. मैं आवेश में था, मुझे उस समय किसी बात का ख्याल नहीं था. कोमल भावनायें दब गईं थीं और क्रोध की जीत हो गई थी. मैं उसे हिनहिनाता, टाप मारता छोड़ कर चला आया था. उसने मुझे क्या समझा होगा ? आज वह मुझ से शिकायत करेगी.

नीलम की भौंक और कुंवर की हिनहिनाहट सुन कर आपाजान अपने कमरे से निकल आयेंगी. मां भी कितना प्यारा शब्द है. दुख में साथ, मुसीबत में सहारा देने वाला. पर इस सहायक को बहुत लोग भूल जाते हैं लेकिन मां ! कभी नहीं भूलती. मुझे विश्वास था कि मेरी मां मेरी याद में पहरों रोई होगी. मैं ही उसका एकलौता बेटा हूँ. जाते ही शिकायत का पिटारा खोल कर कर बैठ जायगी. ऐसा कोई मां नहीं करती. वह तो शिकायत को खून के घूंट पी जाने वाली होती हैं. मेरी मां ऐसा कैसे कर सकती है नहीं, वह आवाज़ पाते ही बाहर आयेंगी. नीलम मेरे साथ खेल

بھی میں تھا ۔ کنور کے سمبندھ میں سوچتے سوچتے مجھے چار برس پرانی گھٹنا یاد پڑ گئی — میں دھرم دروھی تھا' سماج دروھی تھا. میں نیچ تھا کیونکہ میں 'نیچوں' کو اپنے برابر کا سمجھتا تھا ۔ میں ناپاک تھا کیونکہ میں نے اچھوت کے گھر کا پکا کھانا کھایا تھا ۔ میں کل کا کلنک تھا کیونکہ میں "نیچوں" کے بیچ میں رہتا تھا ۔ میرے جنم سے میرے پتا لجت تھے کیونکہ میں دھرم کے ڈھونگا پنتھیوں کی سخت آلوچنا کرتا تھا ۔ میں نکما تھا کیونکہ میں کسی پر اتیاچار نہیں کرسکتا تھا ۔ میں ناکارا تھا کیونکہ میں جھوٹ بول کر' گھوس دے کر افسروں کی جوتی چاٹ کر کسانوں پر رعب نہیں جما سکتا تھا ۔ اور یہی باتیں میرا ساہس تھیں' میرا آدرش تھیں ۔ لیکن پتا جی ! ایک زمیندار تھے' کیول ایک زمیندار' سیکڑوں "نیچ آسامیوں" کے سوامی ۔ میں اُن کا بیٹا تھا اور وہ میرے پتا. پر ہمارے وچار الگ الگ تھے' راہیں الگ الگ تھیں' جیون کے آدرش الگ الگ تھے. جب بھی وچار اور ناتے کی ٹکر ہوتی ہے' اگر وہ صحیح ارتھوں میں ٹکر ہوتی ہے تو سدا ناتے کی ہار ہوتی ہے. ناتا بھی ایک وچار ہی ہے ۔ جب تک دیو سمجھو تو دیو نہیں پتھر ! میرے پتا نے مجھے گھر سے نکال دیا. میں گھر چھوڑ کر جا رہا تھا ۔ کنور تھان پر بندھی تھی ۔ بھاشائیں چاہے الگ الگ ہوں پر بھاونا وہ بھاشا ہے جسے ہر مانو سمجھ لیتا ہے' جانور بھی سمجھ لیتے ہیں' شائد منش سے ادھک اُنہیں بھاونا کا آدر ہے. مجھے غصے میں جاتے دیکھکر کنور سب کچھ سمجھ گئی تھی. وہ زور زور سے ہنہنانے لگی تھی' وہ مجھے پکار رہی تھی' غصے کا کارن معلوم کرنا چاہتی تھی ۔ میں نے دھیان نہیں دیا ۔ اُس نے ٹاپ مارنے شروع کردئیے. یہ اِس بات کی مانگ تھی کہ مجھے ساری گھٹنا اُسے سمجھانی چاہئیے. میں آویش میں تھا' مجھے اُس سمے کسی بات کا خیال نہیں تھا. کومل بھاونائیں دب گئیں تھیں اور کرودھ کی جیت ہوگئی تھی ۔ میں اُسے ہنہناتا' ٹاپ مارتا چھوڑ کر چلا آیا تھا ۔ اُس نے مجھے کیا سمجھا ہوگا ؟ آج وہ مجھسے شکایت کرے گی ۔

نیلم کی بھونک اور کنور کی ہنہناہٹ سن کر آپا جان اپنے کمرے سے نکل آئیں گی ۔ ماں بھی کتنا پیارا شبد ہے ۔ دکھ میں ساتھ' مصیبت میں سہارا دینے والا ۔ پر اِس سہایک کو بہت لوگ بھول جاتے ہیں ۔ لیکن ماں ! کبھی نہیں بھولتی ۔ مجھے وشواس تھا کہ میری ماں میری یاد میں پہروں روئی ہوگی ۔ میں ہی اُس کا اکلوتا بیٹا ہوں. جاتے ہی شکایت کا پٹارہ کھول کر بیٹھ جائے گی. ایسا کوئی ماں نہیں کرتی. وہ شکایت کو خون کے گھونٹ پی جانے والی ہوتی ہیں. میری ماں ایسا کیسے کرسکتی ہے. نہیں' وہ آواز پاتے ہی باہر آئیں گی. نیلم میرے ساتھ کھیل

चार बरस बाद

(मुजीब रिज़वी)

मैं खिड़की की तरफ़ से घर में घुसा. भयानक सन्नाटा छाया हुआ था. कोई घर में नहीं था. नीलम नहीं थी, कुंवर नहीं थी, आपाजान भी नहीं थीं—बिलकुल सन्नाटा था. आदम न आदमज़ाद. मैं भौंचक्का सा रह गया. चार बरस बाद मैं घर गया था—जहां मैं पैदा हुआ था, बढ़ा था, खेला था. जहां की धूल मेरे रोएं रोएं में मली हुई थी. घर जाने से इनसान खुश क्यों होता है मैं नहीं जानता. जहां आदमी रहने लगे वहीं घर है, वहीं सब कुछ है. परन्तु अपने जन्मस्थान को जाते समय जो खुशी होती है वह दूसरी जगह जाते समय क्यों नहीं? मेरा दिल गद गद था. मैं फूला नहीं समा रहा था. मैं अपने घर जा रहा था. अपनी मां से मिलने. नीलम से. कुंवर से भेंट करने. मुझे इन सब की यादें सदा आती रहती थीं लेकिन इस समय न जाने क्यों याद ने कौतूहलता पैदा कर के मेरे मन में बेचैनी पैदा कर दी थी. मैं चाहता था कि ज़मीन खिंच जाय और मैं तुरन्त घर पहुंच जाऊं. रास्ते भर मैं तरह तरह के सपने देखता जा रहा था. आशा और ताज्जुब के हज़ारों रंगीन महल मैंने बना डाले थे. मैं सोच रहा था—घर पहुंच कर चुपके से खिड़की के रास्ते अन्दर घुस जाऊंगा. अन्दर पहुंचते ही नीलम की भौंक शुरू हो जायगी. वह फटी फटी आंखों से मेरी तरफ़ देखेगी और रह रह कर भौंक पड़ेगी. ठहरेगी, चारों तरफ़ चक्कर लगायेगी और फिर भौंकेगी. मैं कहूंगा—"नीलम, नीलम, पहचाना नहीं तूने. मैं हूं, अरे मैं हूं." वह रुक कर जैसे मेरी बात सुनने और समझने की कोशिश करेगी, मैं चुमकारूंगा. फिर वह मेरे पास आयगी, पर डरते डरते, सहमे सहमे और बीच बीच में भौंकते हुए. वह बहुत ही नज़दीक आ जायगी. पूंछ फटकने लगेगी. मेरा पैर चाटने लगेगी. वह मुझे पहचान जायगी. मैं उसकी तरफ़ देखूंगा. उसकी आंखों में आंसू होंगे, शिकायत के आंसू. मैं कहूंगा—"बिगड़ गई पगली, मैं अब तुझे अकेला नहीं छोड़ूंगा, साथ ले चलूंगा." वह उछल पड़ेगी. अपने दोनों पैर मेरे ऊपर रख कर मेरे हाथ चाटने की कोशिश करेगी—नीलम की भौंक सुनकर कुंवर ज़ोर ज़ोर से हिनहिनायगी. मैं आवाज़ दूंगा—"कुंवर, कुंवर." और कुंवर टाप मारना शुरू कर देगी. वह मेरी आवाज़ पहचान जायगी. वह मुझे कभी नहीं भूल सकती. मैंने बचपन से उसे पाला था. उसको रोटियां खिलाई थीं, उसे दाना खिलाया था. उसका मालिक भी मैं था, सवार भी मैं था और साईस

چار برس بعد

(مجیب رضوی)

میں کھڑکی کی طرف سے گھر میں گھسا . بھیانک سناٹا چھایا ہوا تھا . کوئی گھر میں نہیں تھا . نیلم نہیں تھی، کنور نہیں تھی، آپا جان بھی نہیں تھیں— بالکل سناٹا تھا. آدم نہ آدمزاد . میں بھونچکا سا رہ گیا . چار برس بعد میں گھر گیا تھا—جہاں میں پیدا ہوا تھا، بڑھا تھا، کھیلا تھا . جہاں کی دھول میرے روئیں روئیں میں ملی ہوئی تھی. گھر جانے سے انسان خوش کیوں ہوتا ہے میں نہیں جانتا . جہاں آدمی رہنے لگے وہیں گھر ہے، وہیں سب کچھ ہے . پر اپنے جنم استھان کو جاتے سمے جو خوشی ہوتی ہے وہ دوسری جگہ جاتے سمے کیوں نہیں؟ میرا دل گد گد تھا، میں پھولا نہیں سما رہا تھا . میں اپنے گھر جا رہا تھا، اپنی ماں سے ملنے، نیلم سے، کنور سے بھینٹ کرنے . مجھے اِن سب کی یادیں سدا آتی رہتی تھیں . لیکن اِس سمے نہ جانے کیوں یاد نے کوتوہلتا پیدا کرکے میرے من میں بےچینی پیدا کردی تھی. میں چاہتا تھا کہ زمین کھنچ جائے اور میں ترنت گھر پہنچ جاؤں . راستے بھر میں طرح طرح کے سپنے دیکھتا جا رہا تھا . آشا اور تعجب کے ہزاروں رنگین محل میں نے بنا ڈالے تھے . میں سوچ رہا تھا—گھر پہنچ کر چپکے سے کھڑکی کے راستے اندر گھس جاؤں گا . اندر پہنچتے ہی نیلم کی بھونک شروع ہو جائے گی. وہ پھٹی پھٹی آنکھوں سے میری طرف دیکھے گی اور رہ رہ کر بھونک پڑے گی . ٹھہرے گی، چاروں طرف چکر لگائے گی اور پھر بھونکے گی . میں کہوں گا—''نیلم، نیلم، پہچانا نہیں تونے، میں ہوں، ارے میں ہوں۔'' وہ رک کر جیسے میری بات سننے اور سمجھنے کی کوشش کرے گی. میں چمکاروں گا. پھر وہ میرے پاس آئے گی، پر ڈرتے ڈرتے، سہمے سہمے اور بیچ بیچ میں بھونکتے ہوئے . وہ بہت ہی نزدیک آ جائے گی، پونچھ پھٹکنے لگے گی، میرا پیر چاٹنے لگے گی . وہ مجھے پہچان جائے گی . میں اُس کی طرف دیکھوں گا. اُس کی آنکھوں میں آنسو ہونگے، شکایت کے آنسو . میں کہونگا—''بگڑ گئی پگلی، میں اب تجھے اکیلا نہیں چھوڑوں گا، ساتھ لے چلوں گا۔'' وہ اُچھل پڑے گی. اپنے دونوں پیر میرے اوپر رکھکر میرے ہاتھ چاٹنے کی کوشش کرے گی—نیلم کی بھونک سن کر کنور زور زور سے ہنہنائے گی. میں آواز دوں گا—''کنور، کنور۔'' اور کنور ٹاپ مارنا شروع کر دے گی . وہ میری آواز پہچان جائے گی. وہ مجھے کبھی نہیں بھول سکتی . میں نے بچپن سے اُسے پالا تھا . اس کو روٹیاں کھلائی تھیں، اُسے دانا کھلایا تھا . اس کا مالک بھی میں تھا، سوار بھی میں تھا اور سائیس

Phrenology और Phrenological से खोपिड़यात और खोपिड़याती

Semantics और Semantic से अर्थयात और अर्थयाती

Semasialogy और Semasiological से अर्थयात और अर्थयाती

Sexological और Sexology से जिन्सयात और जिन्सयाती

Technology और Technological से टैकनिकियात और टैकनिकियाती

Teratology और Teratological से मोजज़ियाता और मोजज़ियाता

Thermological और Thermology से गरमियात और गरमियाती

Tricology और Tricological से बालियात और बालियाती

Zoology और Zoological से जानवरयात और जानवरयाती

इन मिसालों ही से हम समझ सकते हैं कि इस लेख माला में भाशा का मसला और हिन्दुस्तानी शब्दियात के क्या मानी हैं ? शब्द यानी लफ़्ज़ के साथ 'यात' लगाने से शब्दयात बनता है जिस से मुराद इल्म है जिसमें शब्दों को बनाने, संवारने, ढालने, गढ़ने और समझने समझाने से बहस की जाती है.

जो लोग हिन्दुस्तानी से कपट रखते हों, हिन्दुस्तानी को ज़िन्दा रहने और पनपने का मौक़ा ही न देना चाहते हों, जो मन माने तौर पर हिन्दुस्तानी को हिन्दी या उरदू समझते हों या जो मुख़तलिफ़ ज़बानों से ताल्लुक़ रखने वाले लफ़्ज़ों या लफ़्ज़ी जोड़ों से मिलवां और जुड़वां लफ़्ज़ों के ख़िलाफ़ हों वह शब्दियात का यह अर्थ समझ लें. वह इल्म जिस में लफ़्ज़ों को बिगाड़ने, उनके मानी मतलब को तोड़ कर भयानक इस्तलाहें बनाने, उनको उल्टा सीधा समझा कर दिया की आड़ लेने से बहस की जाती है. अगर इस से हमारे मुख़ालिफ़ों का दिल ठंडा हो सकता है तो उन्हें ख़ुश हो लेने दीजिये. मैं जानता हूँ कि मेरे कारन बाज़ उरदू के हामियों और हिन्दी प्रेमियों को दुख पहुंचा है. मेरी बदौलत वह थोड़े बहुत ख़ुश हो लें तो मेरे मन का बोझ कुछ तो हलका होगा.

Phrenology اور Phrenological سے کھوپڑیات اور کھوپڑیاتی

Semantics اور Semantic سے ارتھیات اور ارتھیاتی

Semasiology اور Semasiological سے ارتھیات اور ارتھیاتی

Sexology اور Sexological سے جلسیات اور جلسیاتی

Technology اور Technological سے ٹیکنیکیات اور ٹیکنیکیاتی

Teratology اور Teratological سے موجزیات اور موجزیاتی

Thermology اور Thermological سے گرمیات اور گرمیاتی

Tricology اور Tricological سے بالیات اور بالیاتی

Zoology اور Zoological سے جانوریات اور جانوریاتی

ان مسالوں ھی سے ہم سمجھ سکتے ھیں کہ اِس لیکھ مالا میں بھاشا کا مسئلہ اور ھندستانی شبدیات کے کیا مانی ھیں ؟ شبد یانی لفظ کے ساتھ 'یات' لگانے سے شبدیات بنتا ھے جس سے مراد وہ اِلم ھے جس میں شبدوں کو بنانے، سنوارنے، ڈھالنے، گڑھنے اور سمجھنے سمجھانے سے بحث کی جاتی ھے ۔

جو لوگ ھندستانی سے کپٹ رکھتے ھوں، ھندستانی کو زندہ رھنے اور پنپنے کا موقا ھی نہ دینا چاھتے ھوں، جو من مانے تور پر ھندستانی کو ھندی یا اُردو سمجھتے ھوں یا جو دو مختلف زبانوں سے تالق رکھنے والے لفظوں یا لفظی جوڑوں سے ملواں اور جڑواں لفظوں کے خلاف ھوں وہ شبدیات کا یہ ارتھ سمجھ لیں ۔ وہ اِلم جس میں لفظوں کو بگاڑنے، اُن کے مانی مطلب کو توڑ کر بھیانک اِستلاحیں بنانے، اُن کو اُلٹا سیدھا سمجھا کر دنیا کی آڑ لینے سے بحث کی جاتی ھے ۔ اگر اِس سے ھمارے مخالفوں کا دل ٹھنڈا ھو سکتا ھے تو اُنھیں خوش ھو لینے دیجئے ۔ میں جانتا ھوں کہ میرے کارن باز اُردو کے حامیوں اور ھندی پریمیوں کو دکھ پہنچا ھے ۔ میری بدولت وہ تھوڑے بہت خوش ھو لیں تو میرے من کا بوجھ کچھ تو ھلکا ھوگا ۔

Ichthyological के लिये मछलियाती	Ichthyological کے لئے مچھلیاتی
Linguistics ,, भाशियाती	Linguistics ,, بھاشیاتی
Ornithological ,, पंछियाती	Ornithological ,, پنچھیاتی
Orthographic ,, लिखाइयाती	Orthographic ,, لکھائیاتی
Sociologial ,, समाजियाती	Sociological ,, سماجیاتی
Statistical ,, गिनतियाती	Satistical ,, گنتیاتی
इसी तरीक़े पर	اسی ترکیب پر
Acousutic और Acosustics से आवाज़ियात और आवाज़ियाती	Acoustics اور Acoustic سے آوازیات اور آوازیاتی
Aesthetic और Aesthetics से सुन्दरियात और सुन्दरियाती	Aesthetics اور Aesthetic سے سندریات اور سندریاتی
Bacteriologoy और Bacteriological से जरासीमियात और जरासीमियाती	Bacteriology اور Bacteriological سے جراثیمیات اور جراثیمیاتی
Biology और Biological से जीवनयात और जीवनयाती	Biology اور Biological سے جیونیات اور جیونیاتی
Cosmalogy और Cosmologicol से संसारियात और संसारियाती	Cosmology اور Cosmological سے سنساریات اور سنساریاتی
Genealogy और Genealogical से कुटुम्बियात और कुटुम्बियाती	Genealogy اور Genealogical سے کٹمبیات اور کٹمبیاتی
Herpetology और Herpetological से रींगियात और रींगयाती	Herpetology اور Herpetological سے رینگیات اور رینگیاتی
Mineralogy और Mineralogical से धातियात और धातियाती	Mineralogy اور Mineralogical سے دھاتیات اور دھاتیاتی
Mythology और Mythological से देवताइयात और देवताइयाती.	Mythology اور Mythological سے دیوتائیات اور دیوتائیاتی
Odontology और Odontological से दांतियात और दांतियाती	Odontology اور Odontological سے دانتیات اور دانتیاتی
Ophiology और Ophiological से सांपियात और सांपियाती	Ophiology اور Ophiological سے سانپیات اور سانپیاتی
Orology और Orological से पहाड़ियात और पहाड़ियाती	Orology اور Orological سے پہاڑیات اور پہاڑیاتی
Orthopaedics और Orthopaedic से हड्डियात और हड्डियाती	Orthopaedics اور Orthopaedic سے ہڈئیات اور ہڈئیاتی
Otorhinolaryngology और Otorhinolaryngological से कान नाक हलक़ियात और कान नाक हलक़ियाती	Otorhinolaryngology اور Otorhinolaryngological سے کاناکہلقیات اور کاناکہلقیاتی
Pathology और Pathological से रोगयात और रोगयाती	Pathology اور Pathological سے روگیات اور روگیاتی
Petrology और Petrological से पत्थरयात और पत्थरयाती	Petrology اور Petrological سے پتھریات اور پتھریاتی

के लिये इस्तलाहों के दो अलग अलग Set बन गये हैं. अगर आप इल्मी ज़बान की हैसियत से उरदू को हिन्दी से या हिन्दी को उरदू से अलग रखना चाहते हैं तो इस्तलाहों को संस्कृति हिन्दी या अरबियाना उरदू में तरजुमा करने का मौजूदा झुकाव ठीक है. मगर दोनों भाशाओं को एक करना या ज़ियादा क़रीब लाना है या इन दोनों ज़बानों के होते हुए हमें एक और मिलवां भाशा की ज़रूरत है जो विद्याई ज़बान की हैसियत से काम भी आ सके तो कोई न कोई तरकीब करनी पड़ेगी जिस की वजह से हिन्दी और उरदू दोनों में इस्तेमाल हो सकने वाली इस्तलाहों की तैदाद हज़ारों की हो सके और उसके लिये सब से सफल तरकीब यही है कि हिन्दुस्तानी के संजोगी शब्द बनाये जायें यानी ऐसे शब्द जो न तो सोल्हों आने संस्कृति हों और न सोल्हों आने अरबियाना और या फ़ारसियाना, जैसे—

'Astronomy को आकाश + ईयात के संजोग से आकाशयात
Electrology को बिजली + ईयात „ बिजलीयात
Ichthyology को मछली + ईयात „ मछलीयात
Linguistics को भाशा + ईयात „ भाशाईयात
Ornithology को पंछी + ईयात „ पंछीयात
Orthography को लिखाई + ईयात „ लिखाईयात
Sociology को समाज + ईयात „ समाजीयात
Statistics को गिनती + ईयात „ गिनतीयात

अगर उरदू में आम तौर पर इस्तेमाल होने वाले लफ़्ज़ों ही से इस्लाहें बनाई जायें तब भी आसानी रहती जैसे—

'Astronomy को आसमानियात कहा जाता न कि फ़लकियात
Linguistics को ज़बानियात „ लस्सानियात
Phonetics को आवाज़ियात „ सौतियात

क्योंकि करोड़ों हिन्दी दां आसमान, ज़बान और आवाज़ जैसे शब्द समझते हैं. जो लोग कम समझे जाने वाले लफ़्ज़ों से इस्तलाहें बनाते हैं और फ़लकियात या समकियात जैसे लफ़्ज़ों के ज़रिये उरदू को "हिन्दुस्तान की वाहिद क़ौमी ज़बान" बनाने का अरमान रखते हैं, वह बड़ी भारी ग़लती करते हैं.

हिन्दी और उरदू के झगड़े को जाने दीजिये, अगर हमें सचमुच हिन्दुस्तानी को विद्याई भाशा बनाना है तो हमें बहुत से संजोगी शब्द बनाने पड़ेंगे यह असूल इसलिये भी ठीक लगता है कि उसके आधार पर बनाये हुए लफ़्ज़ों की सिफ़्ती शकलें या गुन रूप बहुत ही आसानी से बनते हैं जैसे—

'Astronomical के लिये आसमानियाती
Electrological „ बिजलियाती

کے لئے اسطلاحوں کے دو الگ الگ set بن گئے ہیں . اگر آپ علمی زبان کی حیثیت سے اُردو کو ہندی سے یا ہندی کو اُردو سے الگ رکھنا چاہتے ہیں تو اسطلاحوں کو سنسکرتی ہندی یا اربیانہ اُردو میں ترجما کرنے کا مرجودا جھکاؤ ٹھیک ہے . مگر دونوں بھاشاؤں کو ایک کرنا زیادا یا قریب لانا ہے یا ان دونوں زبانوں کے ہوتے ہوئے ہمیں ایک اور ملواں بھاشا کی ضرورت ہے جو ودیای زبان کی حیثیت سے کام بھی آسکے تو کوئی نہ کوئی ترکیب کرنی پڑیگی جس کی وجہ سے ہندی اور اُردو دونوں میں استعمال ہو سکنے والی اسطلاحوں کی تعداد ہزاروں کی ہو سکے اور اس کے لئے سب سے سپھل ترکیب یہی ہے کہ ہندستانی کے سنجوگی شبد بنائے جائیں یانی ایسے شبد جو نہ تو سولہوں آنے سنسکرتی ہوں اور نہ سولہوں آنے اربیانہ اور یا فارسیانہ' جیسے—

Astronomy کو آکاش + ئیات کے سنجوگ سے آکاشیات
Electroloyg کو بجلی + ئیات „ بجلیات
Ichthyology کو مچھلی + ئیات „ مچھلیات
Linguistics کو بھاشا + ئیات „ بھاشا ئیات
Ornithology کو پنچھی + ئیات „ پنچھیات
Orthography کو لکھائی + ئیات „ لکھا ئیات
Sociology کو سماج + ئیات „ سماجیات
Statistics کو گنتی + ئیات „ گنتیات

اگر اُردو میں آم تور پر استعمال ہونے والے لفزوں ہی سے اسطلاحیں بنائی جائیں تب بھی آسانی رہتی جیسے—

Astronomy کو آسمانیات کہا جاتا نہ کہ فلکیات
Linguistics کو زبانیات „ لسانیات
Phonetics کو آوازیات „ صوتیات

کیونکہ کروڑوں ہندی‌داں آسمان' زبان اور آواز جیسے شبد سمجھتے ہیں . جو لوگ کم سمجھے جانے والے لفزوں سے اسطلاحیں بناتے ہیں اور فلکیات یا سمکیات جیسے لفزوں کے زریعہ اُردو کو "ہندستان کی واحد قومی زبان" بنانے کا ارمان رکھتے ہیں' وہ بڑی بھاری غلطی کرتے ہیں.

ہندی اور اُردو کے جھگڑے کو جانے دیجئے' اگر ہمیں سچ مچ ہندستانی کو ودیائی بھاشا بنانا ہے تو ہمیں بہت سے سنجوگی شبد بنانے پڑینگے . یہ اسول اِس لئے بھی ٹھیک لگتا ہے کہ اس کے آدھار پر بنائے ہوئے لفزوں کی صفتی شکلیں یا گن روپ بہت ہی آسانی سے بنتے ہیں جیسے—

'Astronomical کے لئے آسمانیاتی
Electrological „ بجلیاتی

(ii) [illegible] आम तौर पर "इस्लामी ज़बानें"※ कहा जाता है.

(iii) तीसरा सर चश्मा पुरानी और नई योरपी भाषायें ख़ास कर उनके अंगरेज़ी रूप, क्योंकि योरप की नई और पुरानी भाषाओं के लफ़्ज़ों से हमें अंगरेज़ी के ज़रिये ही जानकारी हुई है और हम भूल से हज़ारों लातीनी, यूनानी (और कम तैदाद में) फ़्रानसीसी और पुर्तगाली लफ़्ज़ों को अंगरेज़ी समझते हैं.

इन सर चश्मों को ध्यान में रखते हुए ऐसे लफ़्ज़ और इस्तलाहें बनानी चाहिये जिनका सम्बन्ध भांत भांत की भाषाओं से होः नई और पुरानी देसी और परदेसी ताकि भाषा में हर रंगीपन और हिन्दुस्तानियत मौजूद हो.

इसीलिये हिन्दुस्तानी परिभाशा या इस्तलाहयात का एक असूल तो यह समझा जा सकता है कि अलग अलग भाषाओं से ताल्लुक़ रखने वाले लफ़्ज़ों या लफ़्ज़ी जोड़ों से नये नये शब्द बनाये जायें.

हिन्दुस्तानी शब्दयात का पहला असूलः अलग अलग लफ़्ज़ी जोड़ों से नए शब्द

इसी असूल के आधार पर मैंने इतने नये नये लफ़्ज़ बनाये हैं कि उनकी तैदाद बीसियों से ज़ियादा गुज़र चुकी है. मिसलन उर्दू में "ईयात" योरपी ज़बानों के Logy या Tics के लिये चल पड़ा है. चुनांचे Statistics को शुमारयात, Geology को अर्ज़ियात, Sociology को उम्रानियात कहते हैं. इन इस्तलाहों के आख़ीरिये यानी Suffixes और असल लफ़्ज़ शुमार, अर्ज़ इम्रान वग़ैरा चूंकि ख़ालिस अरबियाना और उरदूआना हैं, इसीलिये यह इस्तलाहें सोल्हों आने उर्दू हो गई हैं. इनही को संस्कृती हिन्दी में गनित शास्त्र, भूमि शास्त्र, समाज शास्त्र कहा जाता है.

'गनितशास्त्र' का उरदू में चलना ऐसे ही नामुमकिन है जैसे 'अर्ज़ीयात' का हिन्दी में चलना. हिन्दी उरदू की फूट इसी वजह से बढ़ती जा रही है क्योंकि हिन्दी और उरदू

※ बिचाई नज़र कोने से यह नाम—इस्लामी ज़बानें—न तो अच्छा है और न ठीक है. जो भाषायें इस्लाम से सैकड़ों बरस पहले की हों और जिसमें इस्लाम के पहले का भारी साहित्य मौजूद हो, उसे "इस्लामी" क्यों कर कहा जा सकता है ? "शरा शरीफ़" इस्लामी है, "क़ुरान मजीद" इस्लामी है, फ़िक़ा और हदीस इस्लामी हैं. मगर "इस्लाम" से पहले की बनी हुई ज़बानें क्यों कर "इस्लामी" हो सकती हैं ? अरबी के अलावा जब फ़ारसी को इस्लामी ज़बान कहा जाने लगा तो कल पश्तो, सिन्धी और पंजाबी को भी इस्लामी ज़बानें कहा जायेगा.

(ii) دکھن پچھم ایشیا کی وہ بھاشائیں جنہیں عام طور پر "اسلامی زبانیں"٭ کہا جاتا ہے .

(iii) تیسرا سرچشمہ پرانی اور نئی یورپی بھاشائیں خاص کر اُن کے انگریزی روپ' کیوں کہ یورپ کی نئی اور پرانی بھاشاؤں کے لفظوں سے ہمیں انگریزی کے ذریعے ہی جانکاری ہوئی ہے اور ہم بھول سے ہزاروں لاتینی' یونانی (اور کم تعداد میں) فرانسیسی اور پرتگالی لفظوں کو انگریزی سمجھتے ہیں .

اِن سرچشموں کو دھیان میں رکھتے ہوئے ایسے لفظ اور اِصطلاحیں بنانی چاہئیں جن کا سمبندھ بھانت بھانت کی بھاشاؤں سے ہو: نئی اور پرانی دیسی اور پردیسی تاکہ بھاشا میں ہر رنگی پن اور ہندستانیت موجود ہو .

اسی لئے ہندستانی پری بھاشا یا اصطلاحیات کا ایک اصول تو یہ سمجھا جا سکتا ہے کہ الگ الگ بھاشاؤں سے تعلق رکھنے والے لفظوں یا لفظی جوڑوں سے نئے نئے شبد بنائے جائیں .

ہندستانی شبدیات کا پہلا اصول : الگ الگ لفظی جوڑوں سے نئے شبد

اسی اصول کے آدھار پر میں نے اتنے نئے نئے لفظ بنائے ہیں کہ اُن کی تعداد بیسیوں سے زیادہ گزر چکی ہے . مثلاً اُردو میں "یات" یورپی زبانوں کے Logy یا Tics کے لئے چل پڑا ہے . چنانچہ Statistics کو شماریات' Geology کو ارضیات' Sociology کو عمرانیات کہتے ہیں . اِن اصطلاحوں کے آخریئے یعنی Suffixes اور اصل لفظ شمار' ارض' عمران وغیرہ چوں کہ خالص عربیانہ اور اُردوانہ ہیں اس لئے یہ اصطلاحیں سولہوں آنے اُردو ہوگئی ہیں . اِن ہی کو سنسکرتی ہندی میں گنت شاستر' بھومی شاستر' سماج شاستر کہا جاتا ہے .

'گنت شاستر' کا اُردو میں چلنا ایسے ہی ناممکن ہے جیسے 'ارضیات' کا ہندی میں چلنا . ہندی اُردو کی پھوٹ اِسی وجہ سے بڑھتی جا رہی ہے کیونکہ ہندی اور اُردو

٭ وِدیائی نظر کونے سے یہ نام—اسلامی زبانیں—نہ تو اچھا ہے اور نہ ٹھیک ہے . جو بھاشائیں اسلام سے سیکڑوں برس پہلے کی ہوں اور جس میں اسلام سے پہلے کا بھاری ساہتیہ موجود ہو' اُسے "اسلامی" کیوں کر کہا جاسکتا ہے؟ "شرع شریف" اسلامی ہے' "قرآن مجید" اسلامی ہے' فقہ اور حدیث اسلامی ہیں مگر "اسلام" سے پہلے کی بنی ہوئی زبانیں کیوں کر "اسلامی" ہو سکتی ہیں ؟ عربی کے علاوہ جب فارسی کو اسلامی زبان کہا جانے لگا تو کل پشتو' سندھی اور پنجابی کو بھی اسلامی زبانیں کہا جائے گا .

हिन्दुस्तानी शब्दियात

(डाक्टर जाफ़र हसन)

हिन्दुस्तानी शब्दयात के असूल मुक़र्रर करने और उन्हें अच्छी तरह समझने के लिये यह जानना और ठीक ठीक महसूस करना ज़रूरी है कि हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी तीन अलग ज़बानें हैं.

"उर्दू यानी हिन्दुस्तानी" कहना और बहरे अहमर, अहदे सासानियां, उल्मा, जोहला, क़सस, मलल, काग़ज़ अबैज़, हेमये सोख़्तनी और अकाबिर सलासा जैसी इस्ताहें, तरकीबें, लफ़्ज़ और नाम इस्तेमाल बल्कि गवारा करना और उसे हिन्दुस्तानी कहना मुश्रिक को मुसलमान या पोप को सूफ़ी (वेदान्ती) कहना है !

शनिवार, रविवार, सोमवार, चन्द्रवार, मंगलवार, बुधवार, ब्रहस्पतिवार, गुरुवार और शुक्रवार कहना और पहले, दूसरे, तीसरे पर प्रथम, तृतीय, तृतिय को हमेशा तरजीह देते रहना. फिर भी हिन्दी को हिन्दुस्तानी कहना काले और सफ़ेद या पीले और हरे को एक ठहराना है.

हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिये कि हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी तीन अलग अलग रास्ते हैं. जैसे किसी तिराहे से तीन सड़कें, तीन अलग अलग दिशाओं में जाती हैं, उसी तरह अदबी, साइन्सी और विद्याई भाशा की हैसियत से हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी तीन अलग अलग रास्ते हैं और हमें तिराहे पर पहुंचते ही फ़ैसला करना होगा कि हम कौनसा रास्ता अख़्तियार करें. ख़ास कर इसलिये कि इन तीनों का फ़र्क़ बराबर बढ़ता जा रहा है.

दावों और असूलों को छोड़ कर हिन्दी प्रेमी सिर्फ़ संस्कृत से या क़रीब क़रीब सौ फ़ी सैकड़ा संस्कृत से इस्तलाहें ले रहे और हिन्दी अपने आप संस्कृतिया रही है. उर्दू के सरचश्मे क़रीब क़रीब सौ फ़ी सैकड़ा अरबी और फ़ारसी हैं. इसके बरअक्स (ख़िलाफ़) हिन्दुस्तानी के तीन बड़े बड़े सर चश्मे हैं.

हिन्दुस्तानी के सर चश्मे

(i) पुरानी और नई हिन्दुस्तानी भाशायें जैसे संस्कृत, प्राकृत, बंगला, पंजाबी, दकनी, गुजराती और सब से बढ़ कर उर्दू और उससे भी ज़ियादा हिन्दी.

ھندستانی شبدیات

(ڈاکٹر جافر حسن)

ھندستانی شبدیات' کے اسول مقرر کرنے اور انھیں اچھی ترہ سمجھنے کے لئے یہ جاننا اور ٹھیک ٹھیک مھسوس کرنا ززوری ھے کہ ھندی' اُردو اور ھندستانی تین الگ الگ زبانیں ھیں .

"اُردو یانی ھندستانی" کہنا اور بھراحمر' عہد ساسانیاں' علما' جہلا' قصص' ملل' کاغذابیض' ھیمئہ سوختنی' اور اکابرثلاثہ جیسی اسطلاحیں' ترکیبیں' لفز اور نام استعمال بلکہ گوارا کرنا اور اسے ھندستانی کہنا مشرک کو مسلمان یا پوپ کو سوفی (ویدانتی) کہنا ھے !

شنیوار' رویوار' سوموار' چندروار' منگلوار' بدھوار' برھسپتی وار' گرووار اور شکروار کہنا اور پہلے' دوسرے' تیسرے پر پرتھم' دوتیہ' ترتیہ کو ھمیشا ترجیہ دیتے رھنا پھر بھی ھندی کو ھندستانی کہنا کالے اور سفید یا پیلے اور ھرے کو ایک ٹھہرانا ھے .

ھمیں اچھی ترہ سمجھ لینا چاھئے کہ ھندی' اُردو اور ھندستانی تین الگ الگ راستے ھیں . جیسے کسی تراھے سے تین سڑکیں' تین الگ الگ دشاؤں میں جاتی ھیں' اُسی ترہ ادبی' سائنسی اور ودیائی بھاشا کی ھیسیت سے ھندی اُردو اور ھندستانی تین الگ الگ راستے ھیں اور ھمیں تراھے پر پہنچتے ھی فیصلا کرنا ھوگا کہ ھم کونسا راستہ اختیار کریں . خاس کر اِس لئے کہ اِن تینوں کا فرق برابر بڑھتا جا رھا ھے .

داؤں اور اسولوں کو چھوڑ کر ھندی پریمی سرف سنسکرت سے یا قریب قریب سو فی سیکڑہ سنسکرت سے سطلاحیں لے رھے اور ھندی اپنے آپ سنسکرتیا رھی ھے . اُردو کے سرچشمے قریب قریب سو فی سیکڑہ اربی اور فارسی ھیں . اس کے براکس (خلاف) ھندستانی کے تین بڑے بڑے سرچشمے ھیں .

ھندستانی کے سرچشمے

(i) پرانی اور نئی ھندستانی بھاشائیں جیسے سنسکرت' پراکرت' بنگلہ' پنجابی' دکنی' گجراتی اور سب سے بڑھ کر اُردو اور اُس سے بھی زیادہ ھندی .

उपानिषद् का असर भी दिखाई पड़ता है. तमिल संत कवियों का प्रभाव कई पदों पर है. अंगरेजी के कवि शैली का प्रभाव भी भारती पर पड़ा. महा कवि रवीन्द्र की कुछ कविताओं का अनुवाद भारती ने तमिल में किया था. बंकिम बाबू के वंदे मातरम गीत का उन्होंने पद्य रूप में तमिल में अनुवाद किया है.

महरिशी अरविंद के साथ रहने के कारन उनका प्रभाव भारती पर अधिक पड़ा. एक आलोचक जो भारती के समय के ही थे और जिन्हें भारती और अरविंद के साथ रहने का सौभाग्य मिला था, लिखते हैं कि भारती या तो बोलते थे, या कविता बनाते थे. पर अरविंद मौन रहते थे और बहुत सोचते थे. भारती के वचन चमेली की महक के समान दिमाग़ में घुसने वाले थे, और अरविन्द के वचन कमल के समान खिले हुए और सुन्दर थे. दोनों उदार थे पर संकोची. दोनों में नये विचार फूट पड़ते थे. दोनों की भाषा कविता थी. दोनों खुल कर और ज़ोरों से हंसते थे.

दूसरे एक लेखक के शब्दों में—भारती वीर बनकर पांडेचरी गए और अरविंद के पास रह कर वेदान्ती बनकर बाहर आए.

भारती को पूरी तरह समझने के लिये उनकी रचनाओं को पूरा पढ़ना चाहिये. उनके कई पद्य ऐसे हैं जो धर्म, देश और काल के घेरे को लांघ कर विश्व साहित्य में जगह पाने के लायक़ हैं.

[illegible] ہوتا ہے . تمل سنت کویوں کا [illegible] انگریزی کے کوی شیلی کا پربھاو [illegible] کچھ کویتاؤں [illegible] بنکم بابو کے بندے [illegible] پد روپ میں تمل [illegible] انوواد کیا ہے

مہا رشی اروند کے ساتھ رہنے کے کارن اُن کا پربھاؤ بھارتی پر ادھک پڑا . ایک آلوچک جو بھارتی کے سمے کے ہی تھے اور جنھیں بھارتی اور اروند کے ساتھ رہنے کا سوبھاگ ملا تھا' لکھتے ہیں کہ بھارتی یا تو بولتے تھے' یا کویتا بناتے تھے . پر آروند مون رہتے تھے اور بہت سوچتے تھے . بھارتی کے وچن چمیلی کی مہک کے سمان دماغ میں گھسنے والے تھے' آروند کے وچن کمل کے سمان کھلے ہوئے اور سندر تھے . دونوں اُدار تھے پر سنکوچی . دونوں میں نئے وچار پھوٹ پڑتے تھے . دونوں کی بھاشا کویتا تھی . دونوں کھل کر اور زوروں سے ہنستے تھے.

دوسرے ایک لیکھک کے شبدوں میں—بھارتی ویر بن کر پانڈیچری گئے اور اروند کے پاس رہکر ویدانتی بنکر باہر آئے .

بھارتی کو پوری طرح سمجھنے کے لئے اُن کی رچناؤں کو پورا پڑھنا چاہئے . اُن کے کئی پد ایسے ہیں جو دھرم' دیش اور کال کے گھیرے کو لانگھ کر وشو ساہتیہ میں جگہ پانے کے لائق ہیں .

"कलाकार जब कला को कल्यानकारी (सबके भले की) बनावेंगे और आम जनता के लिये सुलभ (मोहैया) कर देंगे तभी उस कला को जीवन में स्थान मिलेगा. जब कला सब लोगों की न रह कर थोड़े लोगों की रह जाती है तब मैं मानता हूं कि उसका महत्व (अहमियत) कम हो जाता है."

— महात्मा गांधी

"کلاکار جب کلا کو کلیان کاری (سب کے بھلے کی) بناویں گے اور عام جنتا کے لئے سلبھ (مہیا) کر دیں گے تبھی اُس کلا کو جیون میں استھان ملے گا. جب کلا سب لوگوں کی نہ رہ کر تھوڑے لوگوں کی رہ جاتی ہے تب میں مانتا ہوں کہ اُس کا مہتو (اہمیت) کم ہوجاتا ہے ."

—مہاتما گاندھی

"हम भारत वासी सब एक ही कुल के हैं, एक जाति के हम सब बराबर हैं. कोई बड़ा या छोटा नहीं है. हम सब इस देश के राजा हैं. हां हम सब इस देश के राजा हैं...... भारत की जय हो."

भारती की नज़र भारत तक ही सीमित नहीं रही. विदेशों में होने वाली घटनाओं पर भी उसका ध्यान जाता था. मेजिनी की प्रतिज्ञा, बेलजियम का पतन, ज़ार का पतन जैसी घटनाओं पर भी उन्होंने कविता लिखी है.

समाज की बुराइयों का भी खंडन भारती ने किया था. खुद ब्राह्मण होते हुए भी वह जात पात को नहीं मानते थे. इस वजह से उन्हें समाज में तकलीफ़ें सहनी पड़ीं. औरतों की तरक्की के बारे में भी उन्होंने कविता लिखी है.

अंगरेज़ी तालीम से जो नुक़सान हुए उसके बारे में अपने खुद के अनुभव के आधार पर भारती कहते हैं— "मेरे पिता के हज़ारों रुपये खर्च हुए, हज़ारों बुराइयों ने मुझे घेर लिया. तिल भर भी मेरी भलाई नहीं हुई. इसकी शिकायत मैं किस भगवान से करूँ ?"

अपनी मां बोली के साहित्य में नई बातों की कमी देख कर कवि कहने लगा—"लोगो ! पच्छिम की तरफ़ देखो, वह लोग अपने साहित्य का विकास किस तरह कर रहे हैं. आप लोग भी तमाम ज़बानों के अच्छे अच्छे और नये नये विषयों से अपने साहित्य को माला माल कीजिये."

भारती ने इस तरह राजकाजी, समाजी और साहित्य के मैदान में तबदीली करके अमिट नाम पा लिया. भारती समय के रुख को मोड़ने वाले थे. गद्य (नसर) और पद्य (नज़्म) में सरल और नई शैली को चला कर उन्होंने सबों की रहनुमाई की. उन्होंने बच्चों की ज़बान में बच्चों के लिये आसान से आसान कवितायें लिखीं. बोल चाल की भाषा में कवितायें लिख कर उन्होंने अपनी रचनाओं को लोकप्रिय बना दिया. "पांचाली शपथम", "कोयल पाट्टु" (कोयल गीत) सुर्खी से खंड काव्य भी लिखे हैं जो अपनी शैली, नये पन, प्रकृति के वर्णन वगैरा के लिये मशहूर हैं. 'कोयल पाट्टु' में रहस्यवाद (मारफ़त) की भावना है. क़ुदरत की ऐसी कोई चीज़ नहीं है जिसका वर्णन भारती ने न किया हो. मुहावरे, लोकोक्तियां (लोगों की कहावतों) की भी उनकी कविताओं में कमी नहीं हैं. भारती के कई ऐसे पद्य भी मिलते हैं जिनमें खूब राग रंग भी है. उन्होंने वेदान्त (सूफ़ीमत) सम्बन्धी कई कहानियां और लेख भी लिखे हैं. एक उपन्यास लिख रहे थे जो अधूरा रह गया.

भारती संस्कृत, तमिल और अंगरेज़ी तीनों भाषायें अच्छी तरह जानते थे. तीनों के पुराने और नये साहित्य का अच्छा अध्ययन भी उन्होंने किया था. उनके कई पदों में

"ہم بھارت واسی سب ایک ہی کل کے ہیں، ایک جات کے ہیں۔ ہم سب برابر ہیں۔ کوئی بڑا یا چھوٹا نہیں ہے۔ ہم سب اس دیش کے راجہ ہیں۔ ہاں ہم سب اس دیش کے راجہ ہیں......بھارت کی جے ہو۔"

بھارتی کی نظر بھارت تک ہی سمیت نہیں رہی۔ ودیشوں میں ہونے والی گھٹناؤں پر بھی اس کا دھیان جاتا تھا۔ میزنی کی پرتگیا' بلجیم کا پتن' زار کا پتن جیسی گھٹناؤں پر بھی انہوں نے کویتا لکھی ہے۔

سماج کی برائیوں کا بھی کھنڈن بھارتی نے کیا تھا۔ خود برہمن ہوتے ہوئے بھی وہ جات پات کو نہیں مانتے تھے۔ اس وجہ سے انہیں سماج میں تکلیف سہنی پڑی۔ عورتوں کے ترقی کے بارے میں بھی انہوں نے کویتا لکھی ہے۔

انگریزی تعلیم کے جو نقصان ہوئے اس کے بارے میں اپنے خود کے انوبھو کے آدھار پر بھارتی کہتے ہیں—" میرے پتا کے ہزاروں روپے خرچ ہوئے' ہزاروں برائیوں نے مجھے گھیر لیا۔ تل بھر بھی میری بھلائی نہیں ہوئی۔ اسکی شکایت میں کسی بھگوان سے کروں ؟"

اپنی ماں بولی کے ساہتیہ میں نئی باتوں کی کمی دیکھکر کوی کہنے لگا—" لوگو ! پچھم کی طرف دیکھو' وہ لوگ اپنے ساہتیہ کا وکاس کس طرح کر رہے ہیں۔ آپ لوگ بھی تمام زبانوں کے اچھے اچھے اور نئے نئے وشیوں سے اپنے ساہتیہ کو مالا مال کیجئے۔"

بھارتی نے اس طرح راج کاجی' سماجی اور ساہتیہ کے میدان میں تبدیلی کر کے امٹ نام پا لیا۔ بھارتی سمے کے رخ کو موڑنے والے تھے۔ گد (نثر) پد (نظم) میں سرل اور نئی شیلی کو چلا کر انہوں نے سبھوں کی رہنمائی کی۔ انہوں نے بچوں کی زبان میں بچوں کے لئے آسان سے آسان کویتائیں لکھیں۔ بول چال کی بھاشا میں کویتائیں لکھکر انہوں نے اپنی رچناؤں کو لوک پریہ بنا دیا۔ " پانچالی شپتھم "، "کوئل پاٹو" (کوئل گیت) سرخی سے کھنڈ کاویہ لکھے ہیں جو اپنی شیلی' نئے پن' پرکرتی کے ورنن وغیرہ کے لئے مشہور ہیں۔ کوئل پاٹو میں رہسیہ واد (معرفت) کی بھاونا ہے۔ قدرت کی ایسی کوئی چیز نہیں ہے جس کا ورنن بھارتی نے نہ کیا ہو۔ محاورے' لوکوتیاں (لوگوں کی کہاوتوں) کی بھی ان کی کویتاؤں میں کمی نہیں ہے۔ بھارتی کے کئی ایسے پد بھی ملتے ہیں جن میں خوب راگ رنگ بھی ہے۔ انہوں نے ویدانت سمبندھی کئی (صوفی مت) کہانیاں اور لیکھ بھی لکھے ہیں۔ ایک اپنیاس لکھ رہے تھے جو ادھورا رہ گیا۔

بھارتی سنسکرت' تمل اور انگریزی تینوں بھاشائیں اچھی طرح جانتے تھے۔ تینوں کے پرانے اور نئے ساہتیہ کا اچھا [illegible] بھی انہوں نے کیا تھا۔ ان کے کئی پدوں میں

[illegible] 'आजादी' [illegible] ... मां की [illegible] कसूर है. तुम दिन भर मैं [illegible] रहो, हम चुप चाप देखा करें! क्या तीस करोड़ ... मं कुत्ते और सूअर हैं? तुम्हीं लोग मनुष्य हो? तुम चाहे हमारे बदन के टुकड़े कर दो, लेकिन हम ज़रा भी परेशान नहीं होंगे.'

भारती के गीतों ने सोई हुई जनता को जगा दिया. एक तरफ़ नेताओं ने लड़ाई के लिये सिपाही तैयार किये तो दूसरी तरफ़ भारती के गीतों ने उनमें उत्साह और जोश भर कर उन्हें लड़ाई के मैदान में डटे रहने की ताक़त दी.

कवि की मज़बूत धारना थी कि आज़ादी बहुत जल्दी मिलने वाली है. आज़ादी मिलने पर जो गाना गाना चाहिये उसकी रचना भारती पहले ही कर चुके थे. उस गीत का सार यह है—"आज हम नाचें और गावें, हमें आज़ादी मिल गई. ब्राह्मन को पंडित कहने का ज़माना चला गया. गोरों को बाबू कहने का ज़माना लद गया, किसी से मांगने और धोके बाज़ों की ख़िदमत करने का ज़माना भी चला गया.

"अब सब जगह आज़ादी की ही धूम मची है. यह निश्चित हो गया है कि हम सब समान हैं. हम शंख बजा कर सारी दुनियां से यह कहेंगे—

"खेती बारी और उद्योग धंधों का हम मान करेंगे. निकम्मे और मेहनत न करने वालों की निंदा करेंगे.

"हम जिस देश में रहते हैं वह हमारा देश है. इस पर हमारा ही पूरा हक़ है. भगवान को छोड़ हम किसी और की गुलामी नहीं करेंगे."

दूसरी जगह पर वह लिखते हैं—"भारतवर्ष अमर हो, भारत की जय हो. यह आज़ाद हिन्दुस्तान तीस करोड़ लोगों का है. यह नया राष्ट्र दूसरों के लिये मिसाल बनेगा.

"आज से यह बात नहीं रहेगी कि कोई एक आदमी दूसरे आदमी का खाना छीन कर खावे, एक आदमी दुख भोगे और दूसरा देखा करे? ऐसी ज़िन्दगी नहीं हो सकती.

"हमारे देश में किस चीज़ की कमी है? सुन्दर सुन्दर बग़ीचों और लम्बे चौड़े खेतों से भरे इस देश में अनाज, कंद, मूल, फल बेहद मिलते हैं. ऐसे भारतवर्ष की जय हो. भारतवर्ष अमर हो.

"हम यह नियम बनायेंगे कि ऐसे समाज का निर्माण [illegible] हर आदमी को खाना मिले. किसी एक को भी [illegible] न मिलने पर सारी दुनिया को बरबाद कर देंगे. [illegible]

سکتی۔ ہم آخری دم تک بغیر مظلوم کہیں گے کیا اپنی بھارت ماتا کی وندنا کرنا قصور ہے. تم دن بھر ہمیں لوٹتے رہو' ہم چپ چاپ دیکھا کریں! کیا تیس کروڑ لوگ کتے اور سور ہیں؟ تمہیں لوگ منش ہو؟ تم چاہے ہمارے بدن کے ٹکڑے کر دو لیکن ہم ذرا بھی پریشان نہیں ہونگے.'

بھارتی کے گیتوں نے سوئی جنتا کو جگا دیا. ایک طرف نیتاؤں نے لڑائی کے لئے سپاہی تیار کئے تو دوسری طرف بھارتی کے گیتوں نے ان میں اتساہ اور جوش بھر کر انہیں لڑائی کے میدان میں ڈٹے رہنے کی طاقت دی.

کوی کی مضبوط دھارنا تھی کہ آزادی بہت جلدی ملنے والی ہے. آزادی ملنے پر جو گانا گانا چاہئے اس کی رچنا بھارتی پہلے ہی کر چکے تھے. اس گیت کا سار یہ ہے—" آج ہم ناچیں اور گائیں' ہمیں آزادی مل گئی. برہمن کو پنڈت کہنے کا زمانہ چلا گیا' گوروں کو بابو کہنے کا زمانہ لد گیا' کسی سے مانگنے کا اور دھوکے بازوں کی خدمت کرنے کا زمانہ بھی چلا گیا.

"اب سب جگہ آزادی کی ہی دھوم مچی ہے. یہ نشچت ہو گیا ہے کہ ہم سب سمان ہیں. ہم شنکھ بجا کر ساری دنیا سے یہ کہیں گے—

"کھیتی باڑی اور ادیوگ دھندوں کا ہم مان کریں گے. نکمے اور محنت نہ کرنے والوں کی نندا کریں گے.

"ہم جس دیش میں رہتے ہیں وہ ہمارا دیش ہے. اس پر ہمارا ہی پورا حق ہے. بھگوان کو چھوڑ کر ہم کسی اور کی غلامی نہیں کریں گے."

دوسری جگہ پر وہ لکھتے ہیں—" بھارت ورش امر ہو' بھارت کی جے ہو. یہ آزاد ہندستان تیس کروڑ لوگوں کا ہے. یہ نیا راشٹر دوسروں کے لئے مثال بنے گا.

"آج سے یہ بات نہیں رہے گی کہ کوئی ایک آدمی دوسرے آدمی کا کھانا چھین کر کھاوے' ایک آدمی دکھ بھوگے اور دوسرا دیکھا کرے؟ ایسی زندگی اب نہیں ہو سکتی.

" ہمارے دیش میں کس چیز کی کمی ہے؟ سندر سندر باغ بغیچوں اور لمبے چوڑے کھیتوں سے بھرے اس دیش میں اناج' کند' مول' پھل بے حد ملتے ہیں. ایسے بھارت ورش کی جے ہو. بھارت ورش امر ہو.

" ہم یہ نیم بنائیں گے کہ ایسے سماج کا نرمان ہو جہاں ہر آدمی کو کھانا ملے. کسی ایک کو بھی کھانا نہ ملنے پر ساری دنیا کو برباد کر دیں گے. بھارت کی جے ہو.

[illegible] से मिलकर रह सकती भारत माता की जय, आपसी मेल बढ़े, का वर्णन भी भारती ने सुन्दर ढंग से किया है.

भारती जब कमजोर और बुजदिल लोगों को देखते थे तो उनका मन यह उठता था कि ऐसे लोग अपने जीवन में कुछ नहीं कर सकते. वह प्रार्थना करते थे कि 'हे देवी, इनके जिस्म और दिमाग को बल दो जिससे यह इस समाज में अपना फर्ज ठीक तरह से अदा कर सकें. समाज का बोझ बन कर रहना ठीक नहीं है.' संसार के लोगों में जो वासनायें और तुच्छ इच्छायें भरी हैं उन्हें देख कर कवि का दिल रो पड़ता है. वह भगवान से कहता है—'या तो मुझे इन इच्छाओं से अलग कर दो, नहीं तो जीवन ही छीन लो.' कवि बेकार जीवन बिताना नहीं चाहता. वह पराशक्ति (देवी) से आरजू करता है कि 'मुझे एक "कनी" (क़रीब 7 एकड़) जमीन दो. उसी में एक मकान बना कर रहूँगा. चारों तरफ बगीचा लगाऊंगा, जिसमें एक कुआं भी रहेगा. बगीचे के चारों तरफ नारियल के पेड़ लगाऊंगा. इनके अलावा और भी पेड़ रहेंगे जहां कोयल आ कर बैठेंगी और अपने मीठे गानों से मुझे खुश करेंगी. यहीं मैं अपना घरेलू जीवन बिताऊंगा.' साहित्य सेवा के साथ वह हाथ से मेहनत भी करना चाहता है.

समय समय पर देश की जो हालत रही उसका वर्णन असरदार ढंग से करके भारती ने लोगों में जोश और देश प्रेम पैदा किया. गोखले, लाजपतराय, नौरोजी, तिलक, महात्मा गांधी जैसे नेताओं के बारे में समय समय पर गीतों के रूप में बहुत कुछ उन्होंने लिखा है. भारत माता की वन्दना, झंडा गीत, स्वतंत्रता की अहमियत, भारत की उस समय की बुरी हालत और उससे छुटकारा पाने के तरीके वगैरा उनके गीतों के विषय थे. "वन्दे मातरम" वाले गीत में वह लिखते हैं—"हम जाति पाति का फ़र्क नहीं मानेंगे. ब्राह्मण हो या हरिजन हो सब भारत माता की औलाद हैं. हम आपस में आज झगड़ा करते हैं तो कल मिल जायंगे. यहां तीसरे को आ कर बीच बचाव करने की जरूरत नहीं है." आगे अपने देश वासियों से कवि कहता है—"हमें याद रखना चाहिये एकता में ही ताक़त है. भला हो या बुरा सब में बराबर हिस्सा हम सब का है. हम कभी भी इस गुलामी के जीवन को बरदाश्त नहीं करेंगे. हम तीस करोड़ लोग या तो जीयेंगे, नहीं तो देश के लिये लड़ते लड़ते मर जायंगे." कभी कवि देश वासियों में पुराना गौरव याद दिलाकर उत्साह भरता है, कभी भारत के दुखी जीवन पर रोता है. कभी अपने देश वासियों को उनकी कायरता और आलस्य पर उलाहना देता है, कभी उनको आगे चलने के लिये उकसाता है. अंगरेजों ने देश के कई नेताओं को क़ैद किया. यह देखकर कवि चुप नहीं रह सका, वह कह उठा— "हम अपने ही देश में दूसरों के गुलाम बनकर नहीं रह

کے ملنے [illegible] کی بات بھارت ماتا کی جے، آپسی میل بڑھے وغیرہ کا ورنن بھی بھارتی نے سندر ڈھنگ سے کیا ہے۔

بھارتی جب کمزور اور بزدل لوگوں کو دیکھتے تھے تو ان کا من یہ اٹھتا تھا کہ ایسے لوگ اپنے جیون میں کچھ نہیں کر سکتے۔ وہ پرارتھنا کرتے تھے کہ 'ہے دیوی' ان کے جسم اور دماغ کو بل دو جس سے یہ اس سماج میں اپنا فرض ٹھیک طرح سے ادا کر سکیں۔ سماج کا بوجھ بن کر رہنا ٹھیک نہیں ہے'۔ سنسار کے لوگوں میں جو واسنائیں اور تچھ اچھائیں بھری ہیں انہیں دیکھکر کوی کا دل رو پڑتا ہے۔ وہ بھگوان سے کہتا ہے—'یا تو مجھے ان اچھاؤں سے الگ کر دو، نہیں تو جیون ہی چھین لو' کوی بیکار جیون بتانا نہیں چاہتا۔ وہ پراشکتی (دیوی) سے آرزو کرتا ہے کہ 'مجھے ایک "کنی" (قریب 7 ایکڑ) زمین دو۔ اسی میں ایک مکان بنا کر رہونگا۔ چاروں طرف باغیچہ لگاؤں گا' جس میں ایک کنواں بھی رہے گا۔ باغیچہ کے چاروں طرف ناریل کے پیڑ لگاؤنگا۔ ان کے علاوہ اور بھی پیڑ رہیں گے جہاں کوئل آکر بیٹھیں گی اور اپنے میٹھے گانوں سے مجھے خوش کریں گی۔ یہیں میں اپنا گھریلو جیون بتاؤں گا۔' ساہتیہ سیوا کے ساتھ وہ ہاتھ سے محنت بھی کرنا چاہتا ہے۔

سمے سمے پر دیش کی جو حالت رہی اس کا ورنن اثر دار ڈھنگ سے کر کے بھارتی نے لوگوں میں جوش اور دیش پریم پیدا کیا۔ گوکھلے' لاجپت رائے' نورو جی' تلک' مہاتما گاندھی جیسے نیتاؤں کے بارے میں سمے سمے پر گیتوں کے روپ میں بہت کچھ انہوں نے لکھا ہے۔ بھارت ماتا کی وندنا' جھنڈا گیت' سوتنترتا کی اہمیت' بھارت کی اس سمے کی بری حالت اور اس سے چھٹکارا پانے کے طریقے وغیرہ ان کے گیتوں کے وشے تھے۔ "بندے ماترم" والے گیت میں وہ لکھتے ہیں—" ہم جات پات کا فرق نہیں مانیں گے۔ برہمن ہو یا ہریجن ہو سب بھارت ماتا کی اولاد ہیں۔ ہم آپس میں آج جھگڑا کرتے ہیں تو کل مل جائینگے۔ یہاں تیسرے کو آ کر بیچ بچاؤ کرنے کی ضرورت نہیں ہے۔" آگے اپنے دیش واسیوں سے کوی کہتا ہے—"ہمیں یاد رکھنا چاہئے ایکتا میں ہی طاقت ہے۔ بھلا ہو یا برا سب میں برابر حصہ ہم سب کا ہے۔ ہم کبھی بھی اس غلامی کے جیون کو برداشت نہیں کریں گے۔ ہم تیس کروڑ لوگ یا تو جئیں گے' نہیں تو دیش کے لئے لڑتے لڑتے مر جائیں گے۔" کبھی کوی دیش واسیوں میں پرانا گورو یاد دلا کر اتساہ بھرتا ہے' کبھی بھارت کے دکھی جیون پر روتا ہے۔ کبھی اپنے دیش واسیوں کو ان کی کاترتا اور آلسیتا پر الہنا دیتا ہے' کبھی ان کو آگے چلنے کے لئے اکساتا ہے۔ انگریزوں نے دیش کے کئی نیتاؤں کو قید کیا۔ یہ دیکھکر کوی چپ نہیں رہ سکا' وہ کہہ اٹھا— [illegible]

[illegible] पांडेचरी चले गए. वहीं इनकी मुलाकात अरविंद से भेंट हुई. उन्हीं के साथ वह "दिव्यवेद" जैसे ग्रन्थों का अध्ययन करने लगे. अरविंद के "कर्मयोगी" का तमिल में अनुवाद भारती ही करते थे. अरविंद के प्रभाव के कारन वह वेदान्त की बातों से भरी कवितायें और भजन लिखने लगे. "कर्मयोगी" नाम की पत्रिका में पतंजली के योग सूत्र का अनुवाद भी निकलता था.

भारती को पैसे की तकलीफ़ बहुत सताती थी उन्हें पांडेचरी का जीवन नागवार मालूम हुआ. वहां दस साल तक रहने के बाद वह फिर 1918 में मद्रास आए. सरकार ने पहले उन्हें क़ैद किया, पर बाद को छोड़ दिया. वह फिर से "स्वदेश मित्रन" दफ्तर में काम करने लगे. बड़े अफ़सोस की बात है कि इसके तीन साल बाद ही उनकी मौत हो गई. 1921 में चालीस बरस की उमर में वह इस दुनिया से चल बसे.

भारती कागज़ और क़लम लेकर कविता लिखने नहीं बैठते थे. समुन्दर के किनारे टहलते वक़्त, दोस्तों से बात करते वक़्त, उनके मन में जो ख़्याल आते थे. वह कविता के रूप में फूट पड़ते थे ऐसा कोई विशय नहीं है जिस के बारे में उन्होंने न लिखा हो. स्तुति (प्रार्थना) गीतों में गनेश स्तुति, महेश स्तुति, कार्तिकेय स्तुति, लक्ष्मी, सरस्वती वग़ैरा स्तुति गीत मशहूर हैं उन्होंने ख़ास कर शक्ति की वन्दना ज़ियादा की है. कृश्न की उन्होंने कई रूप में वन्दना की है. तमिल देश के वैश्नव संतों के ग्रन्थों की शैली और भावों का असर इन गीतों में है. श्री कृश्न को कवि ने माँ, बाप, दोस्त, नौकर, राजा, गुरु, चेला, बालक, प्रियतम, प्रियतमा वग़ैरा रूपों में देखा है. बालक कृश्न की कथा पढ़ते समय हमारे सामने बाल कृश्न की लुभावनी और ख़ूबसूरत तस्वीर खिंच जाती है. लड़कपन में उनकी शरारत, खेल वग़ैरा पर भारती के गीत पढ़ते ही बनते हैं. उन्होंने प्रियतम और प्रियतमा के रूप में कई गीतों में कृश्न का वर्नन किया है. प्रियतम की जुदाई में कभी प्रियतमा कांटे में फंसे कीड़े की तरह तड़पती है, कभी पिंजड़े में बन्द तोते की तरह बेचैन है. चारपाई पर लेटती है तो उसे नींद नहीं आती. माता और प्यारी सखियों की बात चीत भी उसे बुरी लगती है. ख़ुशबूदार फूल उसे पसन्द नहीं आते. उसकी यह हालत देखकर लोग क्यों चुप रहते. वह इस प्रेम रोग को नहीं समझ सके. हकीम और ज्योतिशी बुलाये गए. वह कुछ का कुछ बता कर चले गए. इसी तरह कई दिन कट गये. एक दिन उसने सपने में देखा कोई सुन्दर रूप उसके सामने खड़ा है. वह उसके पास आता है और उसे छूता है. वह ख़ुशी से फूल उठती है. इतने में नींद टूट जाती है. उसे चारों तरफ़ वही रूप दिखाई देता है. सभी चीज़ें ख़ूबसूरत दिखाई देने लगती हैं. प्रियतम और प्रियतमा

بھارتی کو چھوڑ کر پانڈیچری چلے گئے ۔ یہیں ان کی ملاقات اروند سے ہوئی ۔ انہیں کے ساتھ یہ رگ وید جیسے گرنتھوں کا ادھیین کرنے لگے ۔ اروند کے "کرمیوگی" کا تمل میں انوواد بھارتی ہی کرتے تھے ۔ اروند کے پربھاؤ کے کارن وہ ویدانت کی باتوں سے بھری کویتائیں اور بھجن لکھنے لگے ۔ "کرمیوگی" نام کی پتریکا میں پتنجلی کے یوگ سوتر کا انوواد بھی نکلتا تھا ۔

بھارتی کو پیسے کی تکلیف بہت ستاتی تھی۔ انہیں پانڈیچری کا جیون ناگوار معلوم ہوا ۔ وہاں دس سال تک رہنے کے بعد وہ پھر 1918 میں مدراس آئے ۔ سرکار نے پہلے انہیں قید کیا' پر بعد کو چھوڑ دیا ۔ وہ پھر سے "سودیش مترن" دفتر میں کام کرنے لگے۔ بڑے افسوس کی بات ہے کہ اس کے تین سال بعد ہی ان کی موت ہو گئی۔ 1921 میں' چالیس برس کی عمر میں وہ اس دنیا سے چل بسے ۔

بھارتی کاغذ اور قلم لے کر کویتا لکھنے نہیں بیٹھتے تھے ۔ سمندر کے کنارے ٹہلتے وقت' دوستوں سے بات کرتے وقت' ان کے من میں جو خیال آتے تھے' وہ کویتا کے روپ میں پھوٹ پڑتے تھے ۔ ایسا کوئی وشے نہیں ہے جس کے بارے میں انہوں نے نہ لکھا ہو ۔ استتی (پرارتھنا) گیتوں میں گنیش استتی مہیش استتی' کارتی کے استتی' لکشمی' سرسوتی وغیرہ کے استتی گیت مشہور ہیں۔ انہوں نے خاص کر شکتی کی وندنا زیادہ کی ہے۔ کرشن کی انہوں نے کئی روپ میں وندنا کی ہے ۔ تمل دیش کے وشنو سنتوں کے گرنتھوں کی شیلی اور بھاؤں کا اثر ان گیتوں میں ہے۔ شری کرشن کو کوی نے ماں' باپ' دوست' نوکر' راجہ' گرو' چیلا' بالک' پریتم' پریتما وغیرہ روپوں میں دیکھا ہے۔ بالک کرشن کی کتھا پڑھتے سمے ہمارے سامنے بال کرشن کی لبھاونی اور خوبصورت تصویر کھنچ جاتی ہے ۔ لڑکپن میں ان کی شرارت' کھیل وغیرہ پر بھارتی کے گیت پڑھتے ہی بنتے ہیں۔ انہوں نے پریتم اور پریتما کے روپ میں کئی گیتوں میں کرشن کا ورنن کیا ہے ۔ پریتم کی جدائی میں کبھی پریتما کانٹے میں پھنسے کیڑے کی طرح تڑپتی ہے۔ کبھی پنجرے میں بند طوطے کی طرح بے چین ہے۔ چارپائی پر لیٹتی ہے تو اسے نیند نہیں آتی۔ ماتا اور پیاری سکھیوں کی بات چیت بھی اسے بری لگتی ہے ۔ خوشبودار پھول اسے پسند نہیں آتے ۔ اس کی یہ حالت دیکھ کر لوگ کیوں چپ رہتے۔ وہ اس پریم روگ کو نہیں سمجھ سکے۔ حکیم اور جوتشی بلائے گئے ۔ وہ کچھ کا کچھ بتا کر چلے گئے۔ اسی طرح کئی دن کٹ گئے۔ ایک دن اس نے سپنے میں دیکھا کوئی سندر روپ اس کے سامنے کھڑا ہے ۔ وہ اس کے پاس آتا ہے اور اسے چھوتا ہے ۔ وہ خوشی سے پھول اٹھتی ہے ۔ اتنے میں نیند ٹوٹ جاتی ہے ۔ اسے چاروں طرف وہی روپ دکھائی دیتا ہے ۔ سبھی چیزیں خوبصورت دکھائی دینے لگتی ہیں ۔ پریتم اور پریتما

तमिल भाषा के महान कवि सुब्रह्मन्य भारती

(एम. सुब्रह्मण्यम)

श्री सुब्रह्मन्य भारती का जन्म तमिलनाद के तिरुनेलवेली जिले में सन 1882 में हुआ था. पिता एक छोटी रियासत में नौकरी करते थे. वह तमिल, संस्कृत और अंगरेजी के विद्वान थे. वह चाहते थे कि उनका पुत्र ऊंची शिक्षा पाकर अच्छी नौकरी करे. लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई. एक तो 15 बरस की उम्र में ही भारती के पिता का स्वर्गवास हो गया और दूसरे भारती को अंगरेजी ढंग की शिक्षा पसन्द भी नहीं थी. पिताजी के स्वर्गवास के बाद वह अपनी बुआ के घर, बनारस आए. यहां उन्होंने संस्कृत, हिन्दी और अंगरेजी सीखी. इलाहाबाद बोर्ड का एन्ट्रन्स (Entrance) का इम्तहान उन्होंने पहली श्रेणी में पास किया. काफी दिन उत्तर में रहने के कारन वह हिन्दी स्वाभाविक ढंग से और तेजी से बोल लेते थे.

भारती 1901 में फिर दक्खिन आए और एक स्कूल में अध्यापक रहे. कुछ ही महीनों में वहां से निकल कर मशहूर तमिल अखबार "स्वदेश मित्रन" के सहायक सम्पादक बने. वह दफ्तर के बंधन को पसन्द नहीं करते थे. जब चाहते दफ्तर आते और जब चाहते लेख लिखते. पर जब लिखने बैठते तब सुन्दर अक्षर में चन्द मिनटों ही में पन्ने के पन्ने लिख डालते. वहां ढाई बरस ही रहे. इसके बाद खुद "इन्डिया" नाम का हफ्तेवारी अखबार निकालने लगे. अब उनकी प्रतिभा (जहन) को लोग समझने लगे थे.

जैसे वह एक सफल कवि और लेखक थे वैसे ही भाषण देने में भी वह सफल थे. यह जमाना ऐसा था जब सारे देश में आजादी का आन्दोलन जोरों से चल रहा था. इसका असर भारती पर पड़े बिना कैसे रह सकता था. देश भक्ति के भावों से भरी कविताओं, जज़बे से भरे लेखों, व्यंगात्मक चित्रों के लिये उन दिनों उनका अखबार मशहूर था. यह अखबार पढ़ कर कई लोग जो शासकों के भक्त थे आजादी आन्दोलन में भाग लेने लगे. उन दिनो लोगों में जो जागृति पैदा हुई उसका सेहरा कवि भारती के सर है. बंगाल के बटवारे, लाला लाजपत राय के देश से निकाले जाने, विपिन चन्द्रपाल के जेल जाने जैसी घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाना इस अखबार की नीति थी. ब्रिटिश सरकार इसे कैसे बरदाश्त कर सकती थी. पहले 'इन्डिया' के प्रकाशक को सरकार ने क़ैद किया. उसके बाद भारती का नम्बर था. दोस्तों के कहने सुनने पर वह ब्रिटिश

تمل بھاشا کے مہان کوی سبرامنیہ 'بھارتی'

(ایم . سبرامنیم)

شری سبرامنیہ بھارتی کا جنم تمل ناڈ کے ترنیل ویلی ضلع میں سن 1882 میں ہوا تھا. پتا ایک چھوٹی ریاست میں نوکری کرتے تھے . وہ تمل' سنسکرت اور انگریزی کے ودوان تھے . وہ چاہتے تھے کہ اُنکا پتر اونچی شکشا پاکر اچھی نوکری کرے . لیکن اُن کی اِچھا پوری نہیں ہوئی . ایک تو 15 برس کی عمر میں ہی بھارتی کے پتا کا سورگ واس ہو گیا اور دوسرے بھارتی کو انگریزی ڈھنگ کی شکشا پسند بھی نہیں تھی . پتا جی کے سورگ واس کے بعد وہ اپنی بوا کے گھر بنارس آئے . یہاں انہوں نے سنسکرت' ہندی اور انگریزی سیکھی . الہ آباد بورڈ کا انٹرنس (Entrance) کا اِمتحان اُنہوں نے پہلی شرینی میں پاس کیا. کافی دن اتر میں رہنے کے کارن وہ ہندی سوبھاوک ڈھنگ سے اور تیزی سے بول لیتے تھے .

بھارتی 1901 میں پھر دکھن آئے اور ایک اسکول میں ادھیاپک رہے . کچھ ہی مہینوں میں وہاں سے نکل کر مشہور تمل اخبار ''سودیش مترن'' کے سہایک سمپادک بنے . وہ دفتر کے بندھن کو پسند نہیں کرتے تھے . جب چاہتے دفتر آتے اور جب چاہتے لیکھ لکھتے . پر جب لکھنے بیٹھتے تب سندر اکشر میں چند منٹوں ہی میں پنے کے پنے لکھ ڈالتے . یہاں ڈھائی برس ہی رہے . اس کے بعد خود 'اِنڈیا' نام کا ہفتےواری اخبار نکالنے لگے. اب اُن کی پرتبھا (ذہن) کو لوگ سمجھنے لگے تھے .

جیسے وہ ایک سپھل کوی اور لیکھک تھے ویسے ہی بھاشن دینے میں بھی وہ سپھل تھے . یہ زمانہ ایسا تھا جب سارے دیش میں آزادی کا آندولن زوروں سے چل رہا تھا . اِس کا اثر بھارتی پر پڑے بنا کیسے رہ سکتا تھا. دیش بھکتی کے بھاؤوں سے بھری کویتاؤں' جذبے سے بھرے لیکھوں' ویانگ آتمک چتروں کے لئے اُن دنوں ان کا اخبار مشہور تھا . یہ اخبار پڑھ کر کئی لوگ جو شاسکوں کے بھکت تھے آزادی آندولن میں بھاگ لینے لگے . اُن دنوں لوگوں میں جو جاگرتی پیدا ہوئی اس کا سہرا کوی بھارتی کے سر ہے . بنگال کے بٹوارے' لالہ لاجپت رائے کے دیش سے نکالے جانے' بپن چندر پال کے جیل جانے جیسی گھٹناؤں کے خلاف آواز اٹھانا اِس اخبار کی نیتی تھی . برٹش سرکار اسے کیسے برداشت کر سکتی تھی . پہلے 'انڈیا' کے پرکاشک کو سرکار نے قید کیا . اُس کے بعد بھارتی [illegible] سننے پر وہ برٹش

की [illegible]. अगर जेलखानों में ऊंचे दर्जे के आदमी न पहुंच पाएं तो जेलखाने की शान चौपट हो जाए. यह छोटी छोटी बातें आपके वर्धा ग्रुप की क्यों समझ में नहीं आतीं.

बापू, आपके ज़माने में जेलों की जो शान थी आज कांग्रेसी सरकार की कृपा से वह शान बढ़ी नहीं तो घटी भी नहीं है. बापू हम अन्दाज़े से कह रहे हैं. हो सकता है पहले से बढ़ गई हो.

बापू, आप जिस जगह हैं वहां तो नींद का सवाल नहीं. पर हमें तो आपको कहानी सुनाते सुनाते नींद आने लगी है, सारी बात हमने कह भी दी है. बस अन्त में हम यह कह कर अपनी कहानी ख़त्म करते हैं कि आप जहां भी हों बेफ़िक्र रहिये. आपके चेली चेलों के हाथ में हिन्दुस्तान इतना सुरक्षित है और इतना जन धन वाला हो गया है कि चाहे अंग्रेज़ आ कर हमारे यहां से आदमी बटोरें, चाहे और कोई दूसरा मुल्क हमारे यहां से धन बटोरे, हमारे जन धन के भंडार में कमी नहीं हो सकती ! जगह तो हमारे यहां इतनी पड़ी है कि कोई बाहर से आ कर पच्चीस बरस के पट्टे पर मुफ़्त ले ले !

बापू, अब विदा लेते हैं.

—भगवानदीन

کی شان خاک میں کیسے لوگوں کی شان ایسی ہوگی۔ اگر جیل خانوں میں اونچے درجے کے آدمی نہ پہنچ پائیں تو جیل خانے کی شان نہ گھٹ جائے۔ یہ چھوٹی چھوٹی باتیں جانے وردھا گروپ کی کیوں سمجھ میں نہیں آتیں۔

باپو، آپ کے زمانے میں جیلوں کی جو شان تھی آج کانگریسی سرکار کی کرپا سے وہ شان بڑھی نہیں تو گھٹی بھی نہیں ہے۔ باپو ہم اندازے سے کہہ رہے ہیں۔ ہوسکتا ہے پہلے سے بڑھ گئی ہو۔

باپو، آپ جس جگہ ہیں وہاں تو نیند کا سوال نہیں۔ پر ہمیں تو آپ کو کہانی سناتے سناتے نیند آنے لگی ہے، ساری بات ہم نے کہہ بھی دی ہے۔ بس انت میں ہم یہ کہہ کر اپنی کہانی ختم کرتے ہیں کہ آپ جہاں بھی ہوں بے فکر رہئے۔ آپ کے چیلی چیلوں کے ہاتھ میں ہندستان اتنا سرکشت ہے اور اتنا جن دھن والا ہوگیا ہے کہ چاہے انگریز آکر ہمارے یہاں سے "آدمی بٹوریں" چاہے اور کوئی ملک ہمارے یہاں سے دھن بٹورے، ہمارے جن دھن کے بھنڈار میں کمی نہیں ہوسکتی! جگہ تو ہمارے یہاں اتنی پڑی ہے کہ کوئی باہر سے آکر پچیس برس کے پٹے پر مفت لے لے!

باپو، اب بدا لیتے ہیں۔

—بھگوان دین

"ग़रीबों पर ख़ुदा का यह बड़ा एहसान बाक़ी है
कि दुनिया में अभी तक उनका क़ब्रिस्तान बाक़ी है
नचा जाते हैं लेकर ख़ुदा का नाम इनसां को
धरम के ठेकेदारों का मगर ईमान बाक़ी है
बहा ले जाए जो ज़ुल्मो सितम को सारी दुनिया से
ज़माने में अभी आने को वह तूफ़ान बाक़ी है
जहां बिकती है रोटी के एवज़ इनसानियत नाज़ुक
सितम है अन्नदाताओं की वह दूकान बाक़ी है
ग़रीबों से मिलेगा भोग क्या भगवान को नाज़ुक
जहां रोटी के बदले सिर्फ़ उनकी जान बाक़ी है"

—नाज़ुक इलाहाबादी

"غریبوں پر خدا کا یہ بڑا احسان باقی ہے
کہ دنیا میں ابھی تک اُن کا قبرستان باقی ہے
نچائے جاتے ہیں لے کر خدا کا نام انسان کو
دھرم کے ٹھیکیداروں کا مگر ایمان باقی ہے
بہالے جائے جو ظلم و ستم کو ساری دنیا سے
زمانے میں ابھی آنے کو وہ طوفان باقی ہے
جہاں بکتی ہے روٹی کے عوض انسانیت نازک
ستم ہے اُن داتاؤں کی وہ دوکان باقی ہے
غریبوں سے ملیگا بھوگ کیا بھگوان کو نازک
جہاں روٹی کے بدلے صرف اُن کی جان باقی ہے"

—نازک الہ آبادی

[illegible] रक्षा के लिये जाने वाली फ़ौज को आशीर्वाद भी दिया था. फिर हम खद्दर पहन कर या चर्खा कात कर या गाय के घी दूध की प्रतिज्ञा कर के या 'रघुपति राघव राजाराम' गा कर शिकार खेल लिया करें तो इसमें बुराई क्या है ?

बापू, हमने अपनी आंखों आपको देखा है. आपने ऐसे ऐसों को अपने साथ लिया जो आपका कोई भी धर्म न निभाते थे. पर जब उनमें से एक ने भी आपका कोई एक भी धर्म अपनाया तो आपने उसको नीचे से उठा कर इतना ऊंचा कर दिया कि अनेकों धर्म के धारी उसे ईर्षा की नज़र से देखने लगे. बापू जैसे आप लोगों की परवाह नहीं करते थे वैसी ही हम क्यों परवाह करने लगे. जब हम सुबह सुबह 'रघुपति राघव राजा राम' बोल चुके, तो और क्या चाहिये. फिर हम उन लोगों को कहां रोकते हैं जो कोई चार धर्म निभा रहा है, कोई पांच, कोई दस, कोई ग्यारह. हां, हम यह ज़रूर समझते हैं 'कि ईश्वर के दरबार में यह अनेकों धर्म अपनाने वाले भी वैसे ही अपराधी की तरह खड़े होंगे जैसे हम एक धर्म अपनाने वाले. उस वक़्त आप उन अनेक धर्म निभाने वालों की ईश्वर से ऐसी ही सिफ़ारिश करेंगे जैसे हम एक धर्म निभाने वाले की. फिर हम ज़ियादा दांत किट किट क्यों करें ! बापू, हमें आप पर पूरा भरोसा है. शायद इन अनेक धर्मों के भूखों को आपका भरोसा नहीं. अपने बल का भरोसा है.

बापू, आप तो हमें आगे लिये चले जा रहे थे. आपके सच्चे साथी, सच्चे चेले, यह कांगरेस वाले भी आज हमें दुनिया की दौड़ में आगे ले जाने की कोशिश में हैं. इसमें भी क्या बुरा है अगर वह अमरीका से पैसे की, औज़ारों की और समझदारी की भीख मांग लेते हैं. वह मांगते तो हमें आगे बढ़ाने के लिये ही हैं. आप भी तो बापू कभी कभी खद्दर का काम बढ़ाने के लिये लाट साहब से कह सुन कर अंगरेज़ी सरकार से किसी किसी को बाउन्टी दिलवा दिया करते थे. फिर न जाने क्यों यह बर्धा ग्रुप आए दिन जवाहरलाल और कांगरेसी सरकार के पीछे पड़ा रहता है और कहता है—हमको ट्रैक्टर नहीं चाहिये, हमको बिजली के कारख़ाने नहीं चाहिये, हमको अमरीका की मदद नहीं चाहिये, हमको बड़ी बड़ी तनख़ाहें नहीं चाहिये, हमको बड़े बड़े महल नहीं चाहिये. तब फिर क्या वीरान हिन्दुस्तान चाहिये !! रही दौड़ में आगे बढ़ने की बात. दौड़ में आगे पीछे का सिलसिला तो लगा ही रहता है. जो कमज़ोर होते हैं वह गिर कर मर भी जाते हैं. उन कमज़ोरों की परवाह की जाय तो जीत चुके दौड़ की बाज़ी. पैदावारी की दौड़ में कमज़ोर किसानों को मरना ही पड़ेगा. रोज़गार की दौड़ में [illegible] आदमियों को बेकार रहना ही पड़ेगा. हुकूमत

آپ نے کشمیر رکشا کے لئے جانے والی فوج کو آشیرواد بھی دیا تھا. پھر ہم کھدر پہن کر یا چرخہ کات کر یا گئو کے گھی دودھ کی پرتگیا کر کے یا 'رگھوپتی راگھو راجا رام' گا کر شکار کھیل لیا کریں تو اس میں برائی کیا ہے ؟

باپو، ہم نے اپنی آنکھوں آپ کو دیکھا ہے . آپ نے ایسے ایسوں کو اپنے ساتھ لیا جو آپ کا کوئی بھی دھرم نہ نبھاتے تھے . پر جب ان میں سے ایک نے بھی آپ کا کوئی ایک بھی دھرم اپنایا تو آپ نے اس کو نیچے سے اٹھا کر اتنا اونچا کر دیا کہ انیکوں دھرم کے دھاری اسے ایرشا کی نظر سے دیکھنے لگے . باپو جیسے آپ لوگوں کی پرواہ نہیں کرتے تھے ویسی ہی ہم کیوں پرواہ کرنے لگے . جب ہم صبح صبح 'رگھوپتی راگھو راجا رام' بول چکے تو اور کیا چاہئے . پھر ہم ان لوگوں کو کہاں روکتے ہیں جو کوئی چار دھرم نبھا رہا ہے، کوئی پانچ کوئی دس، کوئی گیارہ. ہاں، ہم یہ ضرور سمجھتے ہیں کہ ایشور کے دربار میں یہ انیکوں دھرم اپنانے والے بھی ویسے ہی اپرادھی کی طرح کھڑے ہونگے جیسے ہم ایک دھرم اپنانے والے . اس وقت آپ ان انیک دھرم نبھانے والوں کی ایشور سے ایسی ہی سفارش کرینگے جیسے ہم ایک دھرم نبھانے والے کی . پھر ہم زیادہ دانت کٹ کٹ کیوں کریں ! باپو، ہمیں آپ پر پورا بھروسہ ہے . شاید ان انیک دھرموں کے بھوکوں کو آپ کا بھروسہ نہیں، اپنے بل کا بھروسہ ہے .

باپو، آپ تو ہمیں آگے لئے چلے جا رہے تھے. آپ کے سچے ساتھی، سچے چیلے، یہ کانگریس والے بھی آج ہمیں دنیا کی دوڑ میں آگے لے جانے کی کوشش میں ہیں. اس میں بھی کیا برا ہے اگر وہ امریکہ سے پیسے کی، اوزاروں کی اور سمجھداری کی بھیک مانگ لیتے ہیں. وہ مانگتے تو ہمیں آگے بڑھانے کے لئے ہی ہیں . آپ بھی تو باپو کبھی کبھی کھدر کا کام بڑھانے کے لئے لاٹ صاحب سے کہہ سن کر انگریزی سرکار سے کسی کسی کو باؤنٹی دلوا دیا کرتے تھے . پھر نہ جانے کیوں یہ وردھا گروپ آئے دن جواہر لال اور کانگریس سرکار کے پیچھے پڑا رہتا ہے اور کہتا ہے ''ہم کو ٹریکٹر نہیں چاہئیے، ہم کو بجلی کے کارخانے نہیں چاہئیے، ہم کو امریکہ کی مدد نہیں چاہئیے، ہم کو بڑی بڑی تنخواہیں نہیں چاہئیں، ہم کو بڑے بڑے محل نہیں چاہئیے. تب پھر کیا ویران ہندستان چاہئیے!! رہی دوڑ میں آگے بڑھنے کی بات . دوڑ میں آگے پیچھے کا سلسلہ تو لگا ہی رہتا ہے . جو کمزور ہوتے ہیں وہ گر کر مر بھی جاتے ہیں . ان کمزوروں کی پرواہ کی جائے تو [illegible] . پیداواری کی دوڑ میں کمزور [illegible] . روزگار کی دوڑ میں [illegible] . حکومت

[illegible] किसी की [illegible]. [illegible] के धर्म का [illegible] कैसा ? [illegible] कातने का धर्म ब हमने अपने सिर पर ओढ़ लिया तब यह जरूरी नहीं हम अपने सिर पर खद्दर पहनने का धर्म भी लादें. यह दो बोझ तो बापू हमसे न निभेंगे.

बापू क्या हम एक धर्म से न तरेंगे ! सुना है हजरत मोहम्मद सिर्फ एक कलमा पढ़ने वाले को, फिर चाहे वह मुसलमान हो या हिन्दू, ईश्वर से कुछ कह सुन कर माफ़ करवा देते हैं. तो क्या आप हमें माफ़ न करवा देंगे !

ओ हो बापू ! आप तो नाराज़ हो कर यह बेकार ही कह रहे हैं—"हम तुम्हारी हरगिज़ सिफारिश नहीं करेंगे, हम तुम्हारी हरगिज़ सिफ़ारिश नहीं करेंगे." हम आपकी आदत से वाक़िफ़ हैं. यह तो सब आप प्यार में बिगड़ कर कह रहे हैं. जब हम सचमुच आपके सामने होंगे तो आपको दया आ ही जायगी. इस दुनिया की किसी सज़ा से हम नहीं डरते. हम तो सिर्फ़ ईश्वर की सज़ा से डरते हैं. जब आपने अपने पर गोली चलाने वाले तक को माफ़ कर दिया तो हमारे लिये आप कुछ न करें यह हम मान ही नहीं सकते ! आप यह पूछेंगे कि यह हमें कैसे मालूम हुआ कि आपने अपने गोली मारने वाले को ईश्वर की सज़ा से बचा लिया. इसका जवाब सीधा सादा है. इस दुनिया में जब आपके बेटे ने उसे माफ़ कर दिया, यह दूसरी बात है कि आप के चेलों ने भले ही उसे माफ़ न किया हो, तो हम कैसे मान सकते हैं कि आपने उसको ईश्वर की सज़ा से न बचवा दिया हो.

बापू, आपके अनेकों धर्म हैं. आप के ग्यारह धर्मों को तो आपके जीते जी ही संस्कृत की श्लोक नामी सुन्दर [illegible]ली में शायद विनोबा जी ने बांध कर धर दिया था. कुछ इधर उधर बिखरे भी रह गए थे. हो सकता है उनको भी किसी ने थैली में बांधा हो. वह ग्यारह ही एक साथ उठाना हमारे क़ाबू से बाहर है. सब के उठाने की बात ही कौन करे ?

बापू, बस आपको तो इतने में ही हमसे खुश हो जाना चाहिये कि हम खद्दर पहन कर चाहे कुछ करें, रिश्वत लेना चाहें रिश्वत लें, बड़े बड़े महलों में रहना चाहें महलों में रहें, बड़े बड़े कारखाने खोलना चाहें कारखाने खोलें और अगर कभी मौज आ जाय तो शिकार भी खेल लिया करें. आखिर बापू यह भी तो सोचिये कि आप हमारे सुपुर्द हिन्दुस्तान की हिफ़ाज़त का काम कर गए हैं. क्या वह बग़ैर फ़ौजों की मदद के हो सकता है ? जब उसके लिये हमें फ़ौज में भरती [illegible] ही होगा तो शिकार में उसकी [illegible] थे ते [illegible] हैं. बापू, कश्मीर की लड़ाई तो [illegible] थी. [illegible] के हाथों में

لیا کریں . چاہے وہ کسی بھی پہلو میں کیوں نہ آوے . دھرم نبھانے میں دام کا سوال کیسا ؟ چرخہ کاتنے کا دھرم جب ہم نے اپنے سر پر اوڑھ لیا تب یہ ضروری نہیں کہ ہم اپنے سر پر کھدر پہننے کا دھرم بھی لادیں . یہ دو دو بوجھ تو باپو ہم سے نہ نبھیں گے .

باپو کیا ہم ایک دھرم سے نہ تریں گے ! سنا ہے حضرت محمد صرف ایک کلمہ پڑھنے والے کو، پھر چاہے وہ مسلمان ہو یا ہندو ایشور سے کچھ کہہ سن کر معاف کروا دیتے ہیں، تو کیا آپ ہمیں معاف نہ کروا دیں گے !

او ہو باپو ! آپ تو ناراض ہو کر یہ بیکار ہی کہہ رہے ہیں—" ہم تمہاری ہرگز سفارش نہیں کرینگے، ہم تمہاری ہرگز سفارش نہیں کرینگے ." ہم آپ کی عادت سے واقف ہیں . یہ تو سب آپ پیار میں بگڑ کر کہہ رہے ہیں. جب ہم سچ مچ آپ کے سامنے ہونگے تو آپکو دیا آ ہی جائے گی . اس دنیا کی کسی سزا سے ہم نہیں ڈرتے . ہم تو صرف ایشور کی سزا سے ڈرتے ہیں جب آپ نے اپنے پر گولی چلانے والے تک کو معاف کر دیا تو ہمارے لئے آپ کچھ نہ کریں یہ ہم مان ہی نہیں سکتے ! آپ یہ پوچھیں گے کہ یہ ہمیں کیسے معلوم ہوا کہ آپ نے اپنے گولی مارنے والے کو ایشور کی سزا سے بچا لیا . اس کا جواب سیدھا سادا ہے . اس دنیا میں جب آپ کے بیٹے نے اسے معاف کر دیا، یہ دوسری بات ہے کہ آپکے چیلوں نے بھلے ہی اسے معاف نہ کیا ہو، تو ہم کیسے مان سکتے ہیں کہ آپ نے اس کو ایشور کی سزا سے نہ بچوا دیا ہو .

باپو، آپ کے انیکوں دھرم ہیں . آپ کے گیارہ دھرموں کو تو آپ کے جیتے جی ہی سنسکرت کی اشلوک نامی سندر تھیلی میں شاید ونوبا جی نے باندھ کر دھر دیا تھا . کچھ ادھر ادھر بکھرے بھی رہ گئے تھے . ہوسکتا ہے ان کو بھی کسی نے تھیلی میں باندھا ہو . وہ گیارہ ہی ایک ساتھ اٹھانا ہمارے قابو سے باہر ہے . سب کے اٹھانے کی بات ہی کون کرے ؟

باپو، بس آپ کو تو اتنے میں ہی ہم سے خوش ہو جانا چاہئے کہ ہم کھدر پہن کر چاہے کچھ کریں، رشوت لینا چاہیں رشوت لیں، بڑے بڑے محلوں میں رہنا چاہیں محلوں میں رہیں، بڑے بڑے کارخانے کھولنا چاہیں کارخانے کھولیں اور اگر کبھی موج آ جائے تو شکار بھی کھیل لیا کریں . آخر باپو یہ بھی تو سوچئے کہ آپ ہمارے سپرد ہندستان کی حفاظت کا کام کر گئے ہیں . کیا وہ بغیر فوجوں کی مدد کے ہوسکتا ہے ؟ جب اسکے لئے ہمیں فوج میں بھرتی ہونا ہی پڑیگا تو شکار میں اس کی ابھیاس بھی آ گئی کیوں نہ سیکھ لیں . باپو، کشمیر کی لڑائی تو آپ کے جیتے جی چھڑ گئی تھی . سردار پٹیل کے شبدوں میں

अगर अमरीका वाले अपने तरीक़े की खेती हमारे हिन्दुस्तान में फैला कर हमारे लिये गाय और गोवंश की बिल्कुल ज़रूरत न रहने दें और फिर कहीं चिड़िया घरों में ही देखने के लिये ही गाय बैल रह जायं तो भी हम अपनी प्रतिज्ञा तोड़ने वाले नहीं. बापू गाय का और ख़ालिस गाय का दूध पिये बग़ैर भी हम रहने वाले नहीं, क्योंकि हमको मालूम है कि 'किम' नाम से आने वाले विदेशी डिब्बों में ख़ालिस गाय का दूध रहता है. कहिये बापू सूझ में हम आप से बढ़ गए या नहीं? अब ज़रा ठोक दीजिये हमारी पीठ.

हम ऐसी मूर्खता कभी नहीं करेंगे कि गाय पालें और रात भर अपनी नींद हराम करें. दस रुपये सेर क्या पचीस रुपये सेर गाय का घी क्यों न मिले हम वर्धा की डेरी से ही मंगा कर खाया करेंगे, क्योंकि वर्धा आप के चरन कमल से पवित्र हो चुका है. मुसलमान मक्का से मंगा कर ज़मज़म नामी कुएँ का 'आबे ज़मज़म' यानी 'ज़मज़म जल' और मैसौर मद्रास में रहने वाले हिन्दू गंगोत्री, हरिद्वार, प्रयाग से मंगा कर गंगा जल पीते हैं. तो क्या हम गांधी वादी ऐसे गये बीते हैं कि परमधाम के पास वर्धा से हम घी मंगा कर भी न खा सकें. रही बापू खद्दर पहनने की बात. देखिये यह दो दो बोझ हमारे सिर पर न डालिये. एक ही के मारे चांद गंजी हुई जा रही है और थैली हल्की होती जा रही है. यह खद्दर पहनने का धर्म तो बापू आपके जीते जी जनरल अवारी ने अपने सिर ले लिया था. उन्हीं जनरल अवारी ने जिन्होंने आपके सिर 108 इल्ज़ाम लगाए थे, और जिन इल्ज़ामों की बाक़ायदा एक किताब भी छाप दी थी. वह जनरल अवारी हर तरह वैसा करने के योग्य थे, और आज भी आप पर इल्ज़ाम लगाना चाहें तो वह हर तरह समर्थ हैं. बापू जितने ज़ोर से उन्होंने खद्दर धर्म निभाया उतनी हिम्मत के साथ क्या कोई दूसरा निभा सकता है? इस खद्दर धर्म के भारी बोझ से जनरल अवारी की खोपड़ी के बाल उड़ गए हो सकता है और भी कई धर्म उनके सिर पर हों. पर उनका खद्दर धर्म तो दुनिया में मशहूर है. खद्दर न पा सकने की वजह से वह महीनों जेल में नंगे रहे और खद्दर ही लेकर छोड़ा. खद्दर के मामले में बापू आप जनरल अवारी से बहुत पीछे रहे. आप ने तो अपनी अपेन्डी-साइटिस की बीमारी में पूना के ससून अस्पताल में मिल की नहीं विलायती कपड़े की पट्टी बांध ली थी.

ओ हो बापू! अब पता चला आप कभी कभी अपना कोई कोई बोझ सिर पर से उतार कर सुस्ता लेते थे. पर हम आपकी इस चाल को मानने वाले नहीं हम तो जिस धर्म को अपनायेंगे उसको पूरी तरह अपनायंगे देखिये बापू हम चर्खा कातते हैं, रुई धुनना हमको नहीं आता. तो क्यों न हम तीर्थ स्थान वर्धा से पारसल के ज़रिये पूनी मंगा

اگر امریکہ والے اپنے طریقے کی کھیتی ہمارے ہندستان میں پھیلا کر ہمارے لئے گائے اور گوونش کی بالکل ضرورت نہ رہنے دیں اور پھر کہیں چڑیا گھروں میں ہی دیکھنے کے لئے ہی گائے بیل رہ جائیں تو بھی ہم اپنی پرتگیا توڑنے والے نہیں. باپو گائے کا اور خالص گائے کا دودھ پئے بغیر بھی ہم رہنے والے نہیں' کیونکہ ہم کو معلوم ہے کہ 'کم' نام سے آنے والے ودیشی ڈبوں میں خالص گائے کا دودھ رہتا ہے. کہئے باپو سوجھ میں ہم آپ سے بڑھ گئے یا نہیں؟ اب ذرا ٹھوک دیجئے ہماری پیٹھ!

ہم ایسی مورکھتا کبھی نہیں کرینگے کہ گائے پالیں اور رات بھر اپنی نیند حرام کریں. دس روپے سیر کیا پچیس روپے سیر گائے کا گھی کیوں نہ ملے ہم وردھا کی ڈیری سے ہی منگا کر کھایا کریں گے. کیونکہ وردھا آپ کے چرن کمل سے پوتر ہو چکا ہے. مسلمان مکہ سے منگا کر زم زم نامی کوئیں کا 'آب زم زم' یعنی زم زم جل اور میسور مدراس میں رہنے والے ہندو گنگوتری ' ہردوار ' پریاگ سے منگا کر گنگا جل پیتے ہیں. تو کیا ہم گاندھی وادی ایسے گئے بیتے ہیں کہ پرمدھام کے پاس وردھا سے ہم گھی منگا کر بھی نہ کھا سکیں. رہی باپو کھدر پہننے کی بات. دیکھئے یہ دو دو بوجھ ہمارے سر پر نہ ڈالئے. ایک ہی کے مارے چاند گنجی ہوئی جا رہی ہے اور تھیلی ہلکی ہوتی جا رہی ہے. یہ کھدر پہننے کا دھرم تو باپو آپ کے جیتے جی جنرل اواری نے اپنے سر لے لیا تھا. انہیں جنرل اواری نے جنہوں نے آپ کے سر 108 الزام لگائے تھے اور جن الزاموں کی باقاعدہ ایک کتاب بھی چھاپ دی تھی وہ جنرل اواری ہر طرح ویسا کرنے کے یوگ تھے اور آج بھی آپ پر الزام لگانا چاہیں تو وہ ہر طرح سمرتھ ہیں. باپو جتنے زور سے انہوں نے کھدر دھرم نبھایا اتنی ہمت کے ساتھ کیا کوئی دوسرا نبھا سکتا ہے؟ اس کھدر دھرم کے بھاری بوجھ سے جنرل اواری کی کھوپڑی کے بال اڑ گئے. ہو سکتا ہے اور بھی کئی دھرم ان کے سر پر ہوں. پر ان کا کھدر دھرم تو دنیا میں مشہور ہے. کھدر نہ پا سکنے کی وجہ سے وہ مہینوں جیل میں ننگے رہے اور کھدر ہی لیکر چھوڑا. کھدر کے معاملے میں باپو آپ جنرل اواری سے بہت پیچھے رہے. آپ نے تو اپنی اپنڈیسائٹس کی بیماری میں پونا کے سسون اسپتال میں مل کی نہیں ولایتی کپڑے کی پٹی باندھ لی تھی.

اوہو باپو! اب پتہ چلا. آپ کبھی کبھی اپنا کوئی کوئی بوجھ سر سے اتار کر سستا لیتے تھے. پر ہم آپکی اس چال کو ماننے والے نہیں. ہم تو جس دھرم کو اپنائینگے اس کو پوری طرح اپنائیں گے. دیکھئے باپو ہم چرخہ کاتتے ہیں. روئی دھننا ہم کو نہیں آتا. تو کیوں نہ ہم تیرتھ ستھان وردھا سے پارسل کے ذریعے پونی منگا

बापू से

बापू जिस बोझ को आप अकेले संभाल लेते थे वह आज हम सब मिल कर भी ठीक ठीक संभाल नहीं पाते. क़दम क़दम पर ठोकर खाते हैं, पांव लड़खड़ाने लगते हैं. ज़रा ज़रा देर में कमर में लचक आने लगती है. गरदन तो ऐसी मालूम होती है मानो बोझ से पिच पिच कर रहने ही न पायगी और खोपड़ी के बाल चाहे अभी ख़त्म न हुए हों पर ज़रूर जल्दी ख़त्म हो जायंगे. और बालों की तो कोई बात नहीं. इस दुनिया भर के बोझ से बाल तो आपके सिर के भी उड़ गए थे. पर यहां तो बाल उड़ने के साथ खोपड़ी ऐसी पिलपिली हुई जा रही है जैसे पाल का पका आम. इस पिलपिलेपन को भी भुगत लेते, पर बापू यह तो दुखती भी है और बुरी तरह पिराती है.

'बैस्नव जन तो तैने कहिये जे पीर पराई जाने रे.'

इस गीत में भी जो आपको बेहद प्यारा था, लिखने वाले को यह भी न सूझा जो इसमें अपनी पीर जानने की बात भी लिख देता. पीर पराई जानने से तो लिखने वाले का यही मतलब था ना, कि दूसरे की तकलीफ़ देख कर उसकी तकलीफ़ दूर करने में लग जाना. और बापू, जो हमारी तकलीफ़ दूसरा जाने ही नहीं और हम भी अपनी न जानें तब तो हम मरे बुरी मौत.

यह तो है हमारी खोपड़ी की पीर का हाल. और यह जब है जब इस खोपड़ी पर सिर्फ़ एक ही बोझ है. कहीं हम आपकी देखा देखी अनगिनत बोझ सिर पर लाद बैठें तो न जाने हमारा क्या हाल हो. हम तो समझते हैं कि हमारा और भी अजब तरह का हाल हो. थोड़ी मुसीबत ज़ाहिर तो हो सकती है.

'मुसीबत हद से जब गुज़री तो ज़ाहिर हो नहीं सकती.'

यह जो पुराने लोग कह गए हैं तो क्या कोई झूठ कह गए हैं? तजरबा करके ही तो बात कही होगी. इसलिये बापू हमारी हिम्मत नहीं होती कि हम बहुत सा बोझ अपने सिर पर लें. बापू, आप भी तो भूल कर गए कि इस दुनिया को छोड़ने से पहले हमें यह सफल पल्लेदारी की कला न सिखा गए.

सुनिये हमारी मुसीबत. हमने क़सम खा ली है कि हम गाय का ही दूध पियेंगे, उसी का दही, मट्ठा और घी खायेंगे. बन पड़ा तो अपने बच्चे को उसकी मां के पेट से बाहर आने के बाद उसकी मां का दूध नहीं पीने देंगे. पैदा होने के दिन ही हम उसके सिर गाय के दूध पीने रूपी प्रतिज्ञा की पगड़ी बांध देंगे. हम दुनिया के सामने यह साबित कर देंगे कि बापू हम आपके बताए धर्म पर इतने पक्के टिके हुए हैं जितने शायद आप भी न रहे होंगे.

باپو سے

باپو جس بوجھ کو آپ اکیلے سنبھال لیتے تھے وہ آج ہم سب مل کر بھی ٹھیک ٹھیک سنبھال نہیں پاتے۔ قدم قدم پر ٹھوکر کھاتے ہیں، پاؤں لڑکھڑانے لگتے ہیں۔ ذرا ذرا دیر میں کمر میں لچک آنے لگتی ہے۔ گردن تو ایسی معلوم ہوتی ہے مانو بوجھ سے پچ پچ کر رہنے ہی نہ پائیگی اور کھوپڑی کے بال چاہے ابھی ختم نہ ہوئے ہوں پر ضرور جلدی ختم ہو جائینگے۔ خیر بالوں کی تو کوئی بات نہیں۔ اس دنیا بھر کے بوجھ سے بال تو آپ کے سر کے بھی اڑ گئے تھے۔ پر یہاں تو بال اڑنے کے ساتھ کھوپڑی ایسی پل پلی ہوئی جا رہی ہے جیسے پال کا پکا آم۔ اس پل پلے پن کو بھی بھگت لیتے، پر باپو یہ تو دکھتی بھی ہے اور بری طرح پراتی ہے۔

'ویشنو جن تو تے نے کہئے جے پیر پرائی جانے رے'

اس گیت میں بھی جو آپ کو بے حد پیارا تھا، لکھنے والے کو یہ بھی نہ سوجھا جو اس میں اپنی پیر جاننے کی بات بھی لکھ دیتا۔ پیر پرائی جاننے سے تو لکھنے والے کا یہی مطلب تھا نہ، کہ دوسرے کی تکلیف دیکھکر اس کی تکلیف دور کرنے میں لگ جانا۔ اور باپو، جو ہماری تکلیف دوسرا جانے ہی نہیں اور ہم بھی اپنی نہ جانیں تب تو ہم مرے بری موت۔

یہ تو ہے ہماری کھوپڑی کی پیر کا حال۔ اور یہ جب ہے جب اس کھوپڑی پر صرف ایک ہی بوجھ ہے۔ کہیں ہم آپ کی دیکھا دیکھی انگنت بوجھ سر پر لاد بیٹھیں تو نہ جانے ہمارا کیا حال ہو۔ ہم تو سمجھتے ہیں کہ ہمارا اور بھی عجب طرح کا حال ہو۔ تھوڑی مصیبت ظاہر تو ہو سکتی ہے۔

'مصیبت حد سے جب گزری تو ظاہر ہو نہیں سکتی'

یہ جو پرانے لوگ کہہ گئے ہیں تو کیا کوئی جھوٹ کہہ گئے ہیں؟ تجربہ کر کے ہی تو بات کہی ہوگی۔ اس لئے باپو ہماری ہمت نہیں ہوتی کہ ہم بہت سا بوجھ اپنے سر پر لیں۔ باپو، آپ بھی تو بھول کر گئے کہ اس دنیا کو چھوڑنے سے پہلے ہمیں یہ سپھل پلے داری کی کلا نہ سکھا گئے۔

سنئے ہماری مصیبت۔ ہم نے قسم کھا لی ہے کہ ہم گائے کا ہی دودھ پئینگے، اسی کا دہی، مٹھا اور گھی کھائینگے۔ بن پڑا تو اپنے بچے کو اس کی ماں کے پیٹ سے باہر آنے کے بعد اسکی ماں کا دودھ نہیں پینے دیں گے۔ پیدا ہونے کے دن ہی ہم اس کے سر گائے کے دودھ پینے روپی پرتگیاں کی پگڑی باندھ دیں گے۔ ہم دنیا کے سامنے یہ ثابت کر دیں گے کہ باپو ہم آپ کے بتائے دھرم پر اتنے پکے ٹکے ہوئے ہیں جتنے شاید آپ بھی نہ رہے ہوں گے۔

स्कूलों में ऊपर की क्लास से नीचे की क्लास में लड़के बहुत कम गिराये जाते हैं. यही हाल तनासुख में है. आगे के क्लास में तरक़्क़ी कुछ ज़ियादा लड़कों की रोकी जाती है. तनासुख में भी ऐसा ही होता है. आम सिलसिला लड़कों के नीचे से ऊपर तक तरक़्क़ी मिलते रहने का ही है. बीज इन्सान में सब हालतों के मौजूद हैं क्योंकि सब हालतें भी सब जगह सब के अन्दर मौजूद हैं. अल्लाह हर जगह और हर हाल में है. इसीलिये हर हालत अल्लाह में है.

जिन सूफ़ी आलिमों ने तनासुख को माना है उनमें अहमदबिन साबित, अहमद बिन यबूस, अबु मुस्लिम ख़ुरासानी और शैख़ुल इशराक़ के नाम ख़ास हैं. इन सबने क़ुरान की आयतों पर ही अपनी दलीलों को क़ायम किया है. ख़ास कर सूरतुलबक़र आयत 61 से 92 तक और सूरतुल-मायदा आयत 55 वग़ैरा.

ग़रज़ यह है पुनर्जन्म या तनासुख के मामले में भी किसी न किसी शक्ल में सब मज़हबों की तालीम मिलती जुलती है.

اسکولوں میں اوپر کی کلاس سے نیچے کی کلاس میں لڑکے بہت کم گرائے جاتے ہیں۔ یہی حال تناسخ میں ہے۔ آگے کے کلاس میں ترقی کچھ زیادہ لڑکوں کی روکی جاتی ہے۔ تناسخ میں بھی ایسا ہی ہوتا ہے۔ عام سلسلہ لڑکوں کے نیچے سے اوپر تک ترقی ملتے رہنے کا ہی ہے۔ بیج انسان میں سب حالتوں کے موجود ہیں کیونکہ سب حالتیں بھی سب جگہ سب کے اندر موجود ہیں۔ اللہ ہر جگہ اور ہر حال میں ہے۔ اسی لئے ہر حالت اللہ میں ہے۔

جن صوفی عالموں نے تناسخ کو مانا ہے ان میں احمد بن ثابت، احمد بن یبوث، ابومسلم خراسانی اور شیخ الاشراق کے نام خاص ہیں۔ ان سب نے قرآن کی آیتوں پر ہی اپنی دلیلوں کو قائم کیا ہے۔ خاص کر سورۃ البقرہ آیت 61 سے 92 تک اور سورۃ المائدہ آیت 55 وغیرہ۔

غرض یہ ہے پنرجنم یا تناسخ کے معاملہ میں بھی کسی نہ کسی شکل میں سب مذہبوں کی تعلیم ملتی جلتی ہے۔

●●●●

"तरक़्क़ी—धोके की जड़, ख़ुद को भूल भुलैइयां में रखना. जीवन का कोई अर्थ नहीं है, इसके पीछे कोई तर्क नहीं है. बिना ग़ुलामी के तरक़्क़ी नहीं हो सकती. इने गिने कुछ लोगों के हाथ से जब समाज की बागडोर छूट जाती है, लोग उनके चंगुल से आज़ाद होने लगते हैं, तब समाज की तरक़्क़ी रुक जाती है. हम आराम की कोशिश करते हैं, कम से कम मेहनत करने की तरकीबें निकालते हैं. लेकिन अपनी कठिनाइयां और बढ़ा लेते हैं, हमें अधिक मेहनत करनी पड़ती है. हम कारख़ाने खोलते हैं, मशीनें बनाते हैं ताकि और मशीनें पैदा कर सकें और कारख़ाने खोल सकें—मूर्खता की हद है! दिन पर दिन कारख़ानों में काम करने वालों की तादाद बढ़ती जाती है जब कि दूसरी तरफ़ दुनिया को ज़रूरत है किसानों की, अनाज पैदा करने वालों की. रोटी—यही एक चीज़ है जिसे मनुष्य को अपनी मेहनत से प्रकृति के चंगुल से छीन कर अपने क़ब्ज़े में करना है. जिसकी ज़रूरतें जितनी कम हैं वह उतना ही ख़ुश है. ज़रूरतें जितनी बढ़ती जायेंगी आज़ादी का घेरा उतना ही कम होता जायगा."—(मैकसिम गोर्की की किताब 'मेरी यूनीवर्सिटियां' से)

"ترقی—دھوکے کی جڑ، خود کو بھول بھلیاں میں رکھنا۔ جیون کا کوئی ارتھ نہیں ہے، اس کے پیچھے کوئی ترک نہیں ہے۔ بنا غلامی کے ترقی نہیں ہوسکتی۔ اِنے گِنے کچھ لوگوں کے ہاتھ سے جب سماج کی باگڈور چھوٹ جاتی ہے، لوگ اُن کے چنگل سے آزاد ہونے لگتے ہیں، تب سماج کی ترقی رک جاتی ہے۔ ہم آرام کی کوشش کرتے ہیں، کم سے کم محنت کرنے کی ترکیبیں نکالتے ہیں۔ لیکن اپنی کٹھنائیاں اور بڑھا لیتے ہیں ہمیں ادھک محنت کرنی پڑتی ہے۔ ہم کارخانے کھولتے ہیں، مشینیں بناتے ہیں تاکہ اور مشینیں پیدا کرسکیں اور کارخانے کھول سکیں—مورکھتا کی حد ہے! دن دن کارخانوں میں کام کرنے والوں کی تعداد بڑھتی جاتی ہے جب کہ دوسری طرف دنیا کو ضرورت ہے کسانوں کی، اناج پیدا کرنے والوں کی۔ روٹی—یہی ایک چیز ہے جسے منشیہ کو اپنی محنت سے پرکرتی کے چنگل سے چھین کر اپنے قبضے میں کرنا ہے۔ جس کی ضرورتیں جتنی کم ہیں وہ اتنا ہی خوش ہے۔ ضرورتیں جتنی بڑھتی جائیں گی آزادی کا گھیرا اتنا ہی کم ہوتا جائے گا۔"—(میکسم گورکی کی کتاب 'میری یونیورسٹیاں' سے)

●●●●

मुहम्मद साहब की एक हदीस है—"रहमान यानी (अल्ल)ाह ने इन्सान को अपनी शक्ल पर पैदा किया."

ठीक यही बात इन्हीं शब्दों में इंजील में कही गई है.

यहूदियों की किताब "क़बाला" में लिखा है—"पत्थर (पौधा) हो जाता है, पौधा जानवर हो जाता है, जानवर आदमी (हो ज)ाता है, आदमी रूह और रूह ख़ुदा."

एक और यहूदी किताब 'ज़ुहर' में लिखा है—'सब (रूहें) फिर फिर जन्म लेने की मुसीबतों में से निकलती हैं. (आद)मी यह नहीं जानता कि कितनी अजीब अजीब मुसीबतों (और) नये नये जन्मों में से उसे निकलना है. सब रूहों को (उसी) अल्लाह में लौट कर मिल जाना है जिससे वह निकली (हैं. ल)ेकिन इस काम को पूरा करने के लिये सब रूहों को (अप)ने अन्दर वह कमाल पैदा करने होंगे जिनके बीज उनके (अन्द)र मौजूद हैं. अगर यह बात एक ज़िन्दगी में नहीं होती (तो उ)न्हें फिर दूसरी ज़िन्दगी शुरू करनी होगी और फिर (तीस)री और इसी तरह सिलसिला चलता रहेगा. यहां (तक) कि वह इस क़ाबिल हो जायं कि फिर से अल्लाह में (मिल) सकें."

मज़हब और साइन्स दोनों कहते हैं कि एक ही (अस)लियत हक़ीक़त या जान सब हालतों में से निकलती है. (यही) बात सब मज़हबों में कही गई है.

पारसी मज़हब की किताब 'गाथा' में एक जगह लिखा (है)—"जो आदमी नेक काम करके अल्लाह को ख़ुश करता (है उ)से अल्लाह हर नये जन्म में ज़ियादा ज़ियादा आत्म (ज्ञान) (मारफ़त) और अपने ऊपर ज़ियादा ज़ियादा क़ाबू (अता) करता है. पर जो आदमी नेकी की जगह बदी करता (है उ)से अल्लाह हर नये जन्म में ज़ियादा बुरी हालत में पैदा (करता) है. जो लोग ज़ुल्म करते हैं वह बुरी योनियों में जा (कर) बार बार जन्म लेते हैं जब तक कि वह फिर लौट कर (नेकी) की तरफ़ न मुड़ें."

आदमी को अरबी में 'अशरफ़ुल मख़लूक़ात' संस्कृत में (श्रेष्)ठतम्' और अंगरेज़ी में 'क्राउन आफ़ क्रियेशन' इसीलिये (कहा) गया है क्योंकि आदमी की शक्ल में आने पर ही रूह (अप)ने असली रूप को यानी अपने अन्दर के ईश्वर अल्लाह (को) पहचानना शुरू करती है.

सूफ़ी लोग आम तौर पर तनासुख़ को मानते हैं. उसे 'हरतका' या 'रजत' भी कहते हैं. किसी किसी बात में (व)ह हिन्दुओं से भी कहीं ज़ियादा बारीकियां बयान करते (हैं.) (म)सलन रूह के इन्सान के जिस्म में फिर से पैदा होने को 'नुस्ख़' कहते हैं, जानवर के जिस्म में फिर से पैदा होने (को) 'मस्ख़' कहते हैं. सब्ज़ी या बनस्पती की सूरत में पैदा (होने) को 'फ़स्ख़' कहते हैं और मिट्टी पत्थर की सूरत में फिर (पैद)ा होने को 'रस्ख़' कहते हैं.

محمد صاحب کی ایک حدیث ہے—" رحمان یعنی اللہ نے انسان کو اپنی شکل پر پیدا کیا ."

ٹھیک یہی بات انہیں شبدوں میں انجیل میں کہی گئی ہے .

یہودیوں کی کتاب "قبالہ" میں لکھا ہے—"پتھر پودا ہو جاتا ہے، پودا جانور ہو جاتا ہے، جانور آدمی ہو جاتا ہے، آدمی روح اور روح خدا."

ایک اور یہودی کتاب 'زہر' میں لکھا ہے—"سب روحیں پھر پھر جنم لینے کی مصیبتوں میں سے نکلتی ہیں . آدمی یہ نہیں جانتا کہ کتنی عجیب عجیب مصیبتوں اور نئے نئے جنموں میں سے اسے نکلنا ہے. سب روحوں کو اسی اللہ میں لوٹ کر مل جانا ہے جس سے وہ نکلی ہیں . لیکن اس کام کو پورا کرنے کے لئے سب روحوں کو اپنے اندر وہ کمال پیدا کرنے ہونگے جن کے بیج ان کے اندر موجود ہیں . اگر یہ بات ایک زندگی میں نہیں ہوتی تو انہیں پھر دوسری زندگی شروع کرنی ہوگی اور پھر تیسری اور اسی طرح سلسلہ چلتا رہے گا . یہاں تک کہ وہ اس قابل ہو جائیں کہ پھر سے اللہ میں مل سکیں."

مذہب اور سائنس دونوں کہتے ہیں کہ ایک ہی اصلیت حقیقت یا جان سب حالتوں میں سے نکلتی ہے . یہی بات سب مذہبوں میں کہی گئی ہے .

پارسی مذہب کی کتاب 'گاتھا' میں ایک جگہ لکھا ہے—"جو آدمی نیک کام کرکے اللہ کو خوش کرتا ہے اسے اللہ ہر نئے جنم میں زیادہ زیادہ آتم گیان (معرفت) اور اپنے اوپر زیادہ زیادہ قابو عطا کرتا ہے . پر جو آدمی نیکی کی جگہ بدی کرتا ہے اسے اللہ ہر نئے جنم میں زیادہ بری حالت میں پیدا کرتا ہے . جو لوگ ظلم کرتے ہیں وہ بری یونیوں میں جاکر بار بار جنم لیتے ہیں جب تک کہ وہ پھر لوٹ کر نیکی کی طرف نہ مڑیں."

آدمی کو عربی میں 'اشرف المخلوقات' سنسکرت میں 'شریشٹتم' اور انگریزی میں 'کراؤن آف کریئیشن' اسی لئے کہا گیا ہے کیونکہ آدمی کی شکل میں آنے پر ہی روح اپنے اصلی روپ کو یعنی اپنے اندر کے ایشور اللہ کو پہچاننا شروع کرتی ہے

صوفی لوگ عام طور پر تناسخ کو مانتے ہیں . اسے وہ 'لوٹنا' یا 'رجعت' بھی کہتے ہیں . کسی کسی بات میں تو وہ ہندوؤں سے بھی کہیں زیادہ باریکیاں بیان کرتے ہیں . مثلاً روح کے انسان کے جسم میں پھر سے پیدا ہونے کو وہ 'نسخ' کہتے ہیں، جانور کے جسم میں پھر سے پیدا ہونے کو 'مسخ' کہتے ہیں سبزی یا بنسپتی کی صورت میں پیدا ہونے کو 'فسخ' کہتے ہیں اور مٹی پتھر کی صورت میں پھر سے پیدا ہونے کو 'رسخ' کہتے ہیں .

[illegible] कर सकते हो. तुम मर चुके थे उसने तुम्हें फिर से ज़िन्दा किया वही तुम्हें फिर से मुर्दा कर देगा और फिर ज़िन्दा कर देगा. यहाँ तक कि आख़ीर में तुम फिर उसके पास लौट जाओगे."

जो आयतें हमने ऊपर नक़ल की हैं उन पर सब से अच्छी टीका मौलाना रूम के वह मशहूर शेर हैं जिनके लफ़्ज़ी माने हम नीचे देते हैं. मौलाना लिखते हैं:—

"घास की तरह मैं बार बार पैदा हो चुका हूं. मैं सात सौ सत्तर जिस्म देख चुका हूं. पहले मैं जमादात (पत्थर वग़ैरा) की शक्ल में था. वहाँ से मरा तो मैं नबातात (वनस्पति) बन गया. फिर मैं नबातात से मरा तो जानवर बन गया. जानवर से मैं मरा तो इन्सान बन गया. इसलिये मुझे मौत से क्या डर है, मैं मरने से कभी कम नहीं हुआ. अब अगली मरतबा मैं इन्सान से मरूँगा ताकि फ़रिश्तों के बाल व पर मुझ में निकल आवें. फिर फ़रिश्ते से भी मैं जल्दी से और ऊपर निकल जाऊँगा. सिवाए उस अल्लाह के वजूद के बाक़ी सब चीज़ें मिटती और फिर से बनती रहती हैं. फिर जब मैं फ़रिश्ते की हालत से उड़ कर बाहर निकलूंगा तो वह हो जाऊँगा जो वहम और गुमान में भी नहीं आ सकता."

मौलाना रूम की मसनवी में यह ख़याल बार बार आता है कि—"रूह जमादात (मिट्टी पत्थर) की हालत से निकल कर नबातात (वनस्पती) की हालत में जाती है और बरसों वहां गुज़ारती है जब कि वह अपनी पहली हालत को भूल जाती है. फिर नबातात से निकल कर वह जानवरों की शक्ल में जन्म लेती है. उस हालत में वह अपनी नबाताती हालत को भूले रहती है. इस तरह एक जिस्म से दूसरे जिस्म में गुज़रती हुई वह इन्सान की शक्ल में अक़्लमन्द और दाना बनती है. यहां भी उसे पहली हालतें याद नहीं आतीं. फिर इस हालत से निकल कर उसे ऊपर जाना है ताकि इस हिर्स और तलब (लोभ और लालच) से बाहर निकल कर असली अक़्ल हासिल करे जो इस वक़्त इसके गुमान से भी बाहर है. यूं वह एक दूसरे के बाद जैसे ख़्वाब से निकल कर जागी हुई हालत में आती है और फिर आख़ीर में वह अपनी सब पिछली हालतों को फिर से जान जाती है और अपने असल आपे को पा लेती है."

मसनवी के कुछ शेरों का यह क़रीब क़रीब लफ़्ज़ी तरजुमा है.

पुरानों में और भागवत में भी जगह जगह यही बात कही गई है कि "आत्मा मिट्टी पत्थर, वनस्पती, जानवर और इन्सान चारों हालतों में से एक दूसरे के बाद निकलती है और इस तरह ऊपर को जाती हुई ब्रह्म यानी अपने आपे को पाती है."

[illegible] اس نے تمہیں [illegible] تمہیں پھر سے مردہ کر دیگا . اور پھر زندہ کر دیگا یہاں تک کہ آخیر میں تم پھر اس کے پاس لوٹ جاؤگے ."

جو آیتیں ہم نے اوپر نقل کی ہیں ان پر سب سے اچھی ٹیکا مولانا روم کے وہ مشہور شعر ہیں جن کے لفظی معنے ہم نیچے دیتے ہیں. مولانا لکھتے ہیں :—

" گھاس کی طرح میں بار بار پیدا ہو چکا ہوں. میں سات سو ستر جسم دیکھ چکا ہوں . پہلے میں جمادات (پتھر وغیرہ) کی شکل میں تھا . وہاں سے مرا تو میں نباتات (بنسپتی) بن گیا . پھر میں نباتات سے مرا تو جانور بن گیا . جانور سے میں مرا تو انسان بن گیا . اس لئے مجھے موت سے کیا ڈر ہے' میں مرنے سے کبھی کم نہیں ہوا . اب اگلی مرتبہ میں انسان سے مرونگا تاکہ فرشتوں کے بال و پر مجھ میں نکل آویں . پھر فرشتے سے بھی میں جلدی سے اور اوپر نکل جاؤنگا . سوائے اس اللہ کے وجود کے باقی سب چیزیں مٹتی اور پھر سے بنتی رہتی ہیں . پھر جب میں فرشتے کی حالت سے اڑ کر باہر نکلونگا تو وہ ہو جاؤنگا جو وہم اور گمان میں بھی نہیں آ سکتا ."

مولانا روم کی مثنوی میں یہ خیال بار بار آتا ہے کہ—" روح جمادات (مٹی پتھر) کی حالت سے نکل کر نباتات (بنسپتی) کی حالت میں جاتی ہے اور برسوں وہاں گذارتی ہے جبکہ وہ اپنی پہلی کو بھول جاتی ہے. پھر نباتات سے نکل کر وہ جانوروں کی شکل میں جنم لیتی ہے . اس حالت میں وہ اپنی نباتاتی حالت کو بھولے رہتی ہے . اس طرح ایک جسم سے دوسرے جسم میں گذرتی ہوئی وہ انسان کی شکل میں عقلمند اور دانا بنتی ہے . یہاں بھی اسے پہلی حالتیں یاد نہیں آتیں . پھر اس حالت سے نکلکر اسے اوپر جانا ہے تاکہ اس حرص اور طلب (لوبھ اور لالچ) سے باہر نکل کر اصلی عقل حاصل کرے جو اس وقت اس کے گمان سے بھی باہر ہے. یوں وہ ایک دوسرے کے بعد جیسے خواب سے نکل کر جاگی ہوئی حالت میں آتی ہے اور پھر آخیر میں وہ اپنی سب پچھلی حالتوں کو پھر سے جان جاتی ہے اور اپنے اصل آپے کو پالیتی ہے ."

مثنوی کے کچھ شعروں کا یہ قریب قریب لفظی ترجمہ ہے .

پرانوں میں اور بھاگوت میں بھی جگہ جگہ یہی بات کہی گئی ہے کہ " آتما مٹی پتھر' بنسپتی' جانور اور انسان چاروں حالتوں میں سے ایک دوسرے کے بعد نکلتی ہے اور اس طرح اوپر کو جاتی ہوئی برہم یعنی اپنے آپے کو پاتی ہے ."

[illegible] पुनर्जन्म [illegible] में तनासुख कहते हैं. हिन्दू, जैन, बौद्ध और सिख धर्मों के मुताबिक रूह बहुत से निचले जिस्मों में से [illegible] के बाद इन्सान के जिस्म में आती है और फिर इन्सान की शक्ल में भी कई मरतबा पैदा होती है. इंजील और कुरान में तनासुख की बाबत कोई साफ़ साफ़ बात शायद नहीं मिलती. लेकिन इन पाक किताबों में कहीं इस से इनकार भी नहीं है. हज़रत ईसा ने कई जगह यह कहा है कि इलयास यानी एलीजाह नबी ही जान दी बैपटिस्ट की शक्ल में आये थे. इंजील में यह बात कई जगह आई है.

कुरान में एक जगह लिखा है—"ऐ इन्सान! तुझे फिर अपने रब की तरफ़ जाना है. वही तेरा अल्लाह है. तुझे मेहनत और तकलीफ़ के साथ दरजे बदरजे चढ़ कर उस तक पहुँचना है."

कृष्ण ने गीता में कहा है—"बहुत से जन्मों में से धीरे धीरे कमाल को पहुँचता हुआ इन्सान परम गति को प्राप्त करता है और बहुत से जन्मों के बाद ज्ञानी ईश्वर को पाता है."

महाभारत में लिखा है—"एक दूसरे के बाद बेशुमार दुनियाएँ बनती और बिगड़ती रहती हैं. वही एक परमेश्वर उन्हें बार बार बनाता और बिगाड़ता रहता है."

कुरान में बहुत सी आयतें हैं जिन से यह माने निकल सकते हैं कि इन्सान बार बार पैदा होता और बार बार मरता है उसी तरह जिस तरह यह दुनिया बार बार बनती और बार बार बिगड़ती है—इन में से कुछ आयतें यह हैं—

"अल्लाह मख़लूक़ को बनाता है और फिर दोबारा बनाता है ताकि वह इन्साफ़ के साथ उनको बदला दे सके जो अल्लाह के हुक्म को मानते हैं और बन्दों के साथ नेकी करते हैं. अल्लाह कहता है जिस तरह हमने पहले ख़िलक़त बनाई थी उसी तरह हम फिर बनाते हैं. अल्लाह ही तुम्हारी माँ के पेट में तुम्हें गढ़ता है और फिर फिर गढ़ता है."

"हमने तुम्हें ज़मीन में से पैदा किया है और हम तुम्हें उसी ज़मीन में भेज देंगे और फिर उसी में से तुम्हें पैदा करेंगे, फिर फिर, आख़ीर तक."

"तुम मर चुके थे और हमने फिर तुम्हें पैदा किया ताकि तुम हमें याद करो और हमारा शुक्र करो."

"अल्लाह ने तुम्हारे मरने के बाद फिर तुम्हें ज़िन्दा किया. जिसने तुम्हें पहले ज़िन्दा किया था, वह तुम्हें फिर ज़िन्दा कर सकता है. वह ज़िन्दों को मुर्दा और मुर्दों को ज़िन्दा करता है."

کو دوسری طرح بیان کرتے ہیں۔ سنسکرت اسے پنر جنم اور عربی میں تناسخ کہتے ہیں۔ ہندو، جین، بودھ اور سکھ دھرموں کے مطابق روح بہت سے نچلے جسموں میں سے گزرنے کے بعد انسان کے جسم میں آتی ہے اور پھر انسان کی شکل میں بھی کئی مرتبہ پیدا ہوتی ہے۔ انجیل اور قرآن میں تناسخ کی بابت کوئی صاف صاف بات شاید نہیں ملتی۔ لیکن ان پاک کتابوں میں کہیں تناسخ سے انکار بھی نہیں ہے۔ حضرت عیسیٰ نے کئی جگہ یہ کہا ہے کہ الیاس یعنی ایلیجاہ نبی ہی جان دی بیپٹسٹ کی شکل میں آئے تھے۔ انجیل میں یہ بات کئی جگہ آئی ہے۔

قرآن میں ایک جگہ لکھا ہے— "اے انسان! تجھے پھر اپنے رب کی طرف جانا ہے۔ وہی تیرا اللہ ہے۔ تجھے محنت اور تکلیف کے ساتھ درجہ بدرجہ چڑھکر اس تک پہونچنا ہے۔"

کرشن نے گیتا میں کہا ہے— "بہت سے جنموں میں سے دھیرے دھیرے کمال کو پہونچتا ہوا انسان پرم گتی کو پراپت کرتا ہے اور بہت سے جنموں کے بعد گیانی ایشور کو پاتا ہے۔"

مہا بھارت میں لکھا ہے— "ایک دوسرے کے بعد بےشمار دنیائیں بنتی اور بگڑتی رہتی ہیں۔ وہی ایک پرمیشور انہیں بار بار بناتا اور بگاڑتا رہتا ہے۔"

قرآن میں بہت سی آیتیں ہیں جن سے یہ معنی نکل سکتے ہیں کہ انسان بار بار پیدا ہوتا اور بار بار مرتا ہے اسی طرح جس طرح یہ دنیا بار بار بنتی اور بار بار بگڑتی ہے— ان میں سے کچھ آیتیں یہ ہیں:—

"اللہ مخلوق کو بناتا ہے اور پھر دوبارا بناتا ہے تاکہ وہ انصاف کے ساتھ ان کو بدلا دے سکے جو اللہ کے حکم کو مانتے ہیں اور بندوں کے ساتھ نیکی کرتے ہیں۔ اللہ کہتا ہے جس طرح ہم نے پہلے خلقت بنائی تھی اسی طرح ہم پھر بناتے ہیں۔ اللہ ہی تمہاری ماں کے پیٹ میں تمہیں گڑھتا ہے اور پھر پھر گڑھتا ہے۔"

"ہم نے تمہیں زمین میں سے پیدا کیا ہے اور ہم تمہیں پھر اسی زمین میں بھیج دینگے اور پھر اسی میں سے تمہیں پیدا کرینگے، پھر پھر، آخیر تک۔"

"تم مر چکے تھے اور ہم نے پھر تمہیں پیدا کیا تاکہ تم ہمیں یاد کرو اور ہمارا شکر کرو۔"

"اللہ نے تمہارے مرنے کے بعد پھر تمہیں زندہ کیا۔ اس نے، تمہیں پہلے زندہ کیا تھا، وہ تمہیں پھر زندہ کر سکتا ہے۔ وہ زندوں کو مردہ اور مردوں کو زندہ کرتا ہے۔"

पुनर्जन्म या तनासुख

(डाक्टर भगवानदास)

पिछले लेखों में हमने यह बताने की कोशिश की है कि इस सारी खिलक़त या सृष्टि के और इन सब जानदारों के पीछे एक ही हक़ीक़त और एक ही जान है जो सब जगह मौजूद और सब जगह रमी हुई है. उसी से सब ज़िन्दा हैं. उसी से सब चलते फिरते, सोचते और बोलते हैं, वही ख़ुदा ईश्वर है, वही इस दुनिया का बनाने वाला है, वही इसका क़ायम रखने वाला और वही इसे ख़त्म करने वाला है. वही सब आत्माओं की आत्मा और सब रूहों की रूहे कुल है. सब नाम उसके नाम हैं. सब सूरतें उसकी सूरतें हैं. यह जो हमारे सब के अन्दर 'मैं' बोलता है यह वह ही है. उसके नामों में 'मैं' सब से नज़दीकी नाम है. यह 'मैं' सब जानदारों में है लेकिन इन्सान में यह सब से ज़ियादा चमकता है. सब नाम उसके नाम होते हुए भी हर मज़हब और हर बोली में उसके कुछ ख़ास अलग अलग नाम भी हैं. संस्कृत में वह परमात्मा, आत्मा या ब्रह्म कहलाता है. अरबी में अल्लाह, रब, मालिक या मौला. फ़ारसी में ख़ुदा. अंगरेज़ी में 'गाड'. 'गाड' शब्द 'ख़ुदा' ही से बना है. पारसी धर्म में उसी को 'अहुरमज़्द,' यहूदियों में 'यहुवा' और सिक्खों में 'सत्यश्री अकाल' कहा जाता है. बौद्ध धर्म वाले उसे आत्मा, ब्रह्म, शून्य या अमिताभ कह कर पुकारते हैं. जैनी उसी को 'आत्मा' 'प्रतिमा' या 'निरंजन' कहते हैं. चीन के पुराने मज़हब में उसी का नाम 'ताओ' है. उसका वजूद ही दुनिया की सब से बड़ी सच्चाई है. दुनिया एक लगातार घूमता हुआ चक्कर है जो सुख दुख जैसे जोड़ों के सहारे चलता है जिसमें परमात्मा इन्सान के अन्दर अपने को लगातार भूलता रहता है और इन्सान परमात्मा के अन्दर अपने असली रूप को लगातार याद करता और पहचानता रहता है. यही इस दुनिया का उतार चढ़ाव है.

इस उतार चढ़ाव का नाम ही संसार चक्र है. इसी को चर्ख़ गरदूं कहते हैं. सवाल होता है कि यह संसार चक्र क्या है. हर चक्र या पहिये के दो हिस्से होते हैं. एक उतार और एक चढ़ाव. रूह के इस उतार और चढ़ाव को संस्कृत किताबों में 'अवरोह' और 'आरोह' कहा गया है. सूफ़ी किताबों में इसे 'ज़वाल' और 'इरतक़ा' कहते हैं. साइन्स की बोली में इसे एवोल्युशन और फ़ाइलोजेनिसस (Phylogenesis) कहा जा सकता है. कुछ मज़हब मानते हैं कि एक ही रूह या आत्मा एक दूसरे के बाद कई जिस्म अख़्तियार करती है. दूसरे मज़हब इसी सिलसिले

پنرجنم یا تناسخ

(ڈاکٹر بھگوان داس)

پچھلے لیکھوں میں ہم نے یہ بتانے کی کوشش کی ہے کہ اس ساری خلقت یا سرشٹی کے اور ان سب جانداروں کے پیچھے ایک ہی حقیقت اور ایک ہی جان ہے جو سب جگہ موجود اور سب جگہ رمی ہوئی ہے۔ اسی سے سب زندہ ہیں۔ اسی سے سب چلتے پھرتے، سوچتے اور بولتے ہیں، وہی خدا ایشور ہے، وہی اس دنیا کا بنانے والا ہے، وہی اس کا قائم رکھنے والا اور وہی اسے ختم کرنے والا ہے۔ وہی سب آتماؤں کی آتما اور سب روحوں کی روح کل ہے۔ سب نام اس کے نام ہیں۔ سب صورتیں اسکی صورتیں ہیں۔ یہ جو ہمارے سب کے اندر 'میں' بولتا ہے یہ وہ ہی ہے۔ اس کے ناموں میں 'میں' سب سے نزدیکی نام ہے۔ یہ 'میں' سب جانداروں میں ہے لیکن انسان میں یہ سب سے زیادہ چمکتا ہے۔ سب نام اس کے نام ہوتے ہوئے بھی ہر مذہب اور ہر بولی میں اسکے کچھ خاص الگ الگ نام بھی ہیں۔ سنسکرت میں وہ 'پرماتما' آتما یا برہمہ کہلاتا ہے۔ عربی میں 'اللہ' 'رب' مالک یا مولا۔ فارسی میں خدا۔ انگریزی میں 'گاڈ'۔ 'گاڈ' شبد 'خدا' ہی سے بنا ہے۔ پارسی دھرم میں اسی کو 'ہرمزد' یہودیوں میں 'یہوا' اور سکھوں میں 'ستیہ سری اکال' کہا جاتا ہے۔ بودھ دھرم والے اسے 'آتما' 'برہمہ' شونیہ یا امیتابھ کہکر پکارتے ہیں۔ جینی اسی کو 'آتما' 'پرتیما' یا 'نرنجن' کہتے ہیں۔ چین کے پرانے مذہب میں اسی کا نام 'تاؤ' ہے۔ اس کا وجود ہی دنیا کی سب سے بڑی سچائی ہے۔ دنیا ایک لگاتار گھومتا ہوا چکر ہے جو سکھ دکھ جیسے جوڑوں کے سہارے چلتا ہے جس میں پرماتما انسان کے اندر اپنے کو لگاتار بھولتا رہتا ہے اور انسان پرماتما کے اندر اپنے اصلی روپ کو لگاتار یاد کرتا اور پہچانتا رہتا ہے۔ یہی اس دنیا کا اتار چڑھاؤ ہے۔

اس اتار چڑھاؤ کا نام ہی سنسار چکر ہے۔ اسی کو چرخ گردوں کہتے ہیں سوال ہوتا ہے کہ یہ سنسار چکر کیا ہے۔ ہر چکر یا پہیے کے دو حصے ہوتے ہیں۔ ایک اتار اور ایک چڑھاؤ۔ روح کے اس اتار اور چڑھاؤ کو سنسکرت کتابوں میں 'اوروہ' اور 'آروہ' کہا گیا ہے۔ صوفی کتابوں میں اسے 'زوال' اور 'ارتقا' کہتے ہیں۔ سائنس کی بولی میں اسے ایولیوشن اور فائلوجینیسس (Phylogenesis) کہا جا سکتا ہے۔ کچھ مذہب مانتے ہیں کہ ایک ہی روح یا آتما ایک دوسرے کے بعد کئی جسم اختیار کرتی ہے۔ دوسرے مذہب اس سلسلے

नया हिन्द | نیا ہند

जिल्द 13 — सितम्बर, सन '52 — नम्बर 3

جلد 13 — ستمبر، سن '52 — نمبر 3

जात आदमी, प्रेम धर्म है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

جات آدمی، پریم دھرم ہے، ہندستانی بولی،
'نیا ہند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی۔

लालच

क्या हुई शान्ति हम जिसे जीत कर लाए
वह विश्व मित्रता कहां ? कोई बतलाए
फिर लगी पनपने नफ़रत और लड़ाई
हथियार फ़रोशी करने लगी सिपाही
दुनिया पर छाकर कमा रहे धन भारी
भय दुख अकाल के जो पक्के व्यापारी

दावतें उड़ाओ, गिद्ध बने तुम खाओ
जूझ मरे लाशों को खाओ खाओ !
खा मुरदारों को तुम मोटे हो जाओ
दाने दाने को लाखों को तरसाओ
काटो काटो, वह लगी खड़ी है खेती
बेवा चीखों की और यतीम आंसू की

लालच कारन सब से पहला है होता
युद्धों का, यही जंग नदी का सोता
तोड़ो तलवारें तभी होगा ठंडा
ये सितम और ये सारा झगड़ा टंटा
पागलपन छाया तो फिर दुनिया सारी
दुख भुगते, तड़पे मानवता बेचारी

मिस्र की मशहूर कवियत्री
[illegible] तलअत के गीत से.

—भगवानदीन

لالچ

کیا ہوئی شانتی ہم جسے جیت کر لائے
وہ وشومترتا کہاں ؟ کوئی بتلائے
پھر لگی پنپنے نفرت اور لڑائی
ہتھیار فروشی کرنے لگی سپاہی
دنیا پر چھاکر کما رہے دھن بھاری
بھے دکھ اکال کے جو پکے بیوپاری

دعوتیں اڑاؤ، گدھ بنے تم کھاؤ
جوجھ مرے لاشوں کو کھاؤ کھاؤ !
کھا مرداروں کو تم موٹے ہو جاؤ
دانے دانے کو لاکھوں کو ترساؤ
کاٹو کاٹو وہ لگی کھڑی ہے کھیتی
بیوہ چیخوں کی اور یتیم آنسو کی

لالچ کارن سب سے پہلا ہے ہوتا
یدھوں کا یہی جنگ ندی کا سوتا
توڑو تلواریں تبھی ہوگا ٹھنڈا
یہ ستم اور یہ سارا جھگڑا ٹنٹا
پاگل پن چھایا تو پھر دنیا ساری
دکھ بھگتے، تڑپے مانوتا بیچاری

مصر کی مشہور کوئتری
[illegible] طلعت کے گیت سے۔

—بھگوان دین

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

सितम्बर 1952

" نیا ہند "

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچا

ستمبر 1952

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने.

मैनेजर
'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

قیمت — ہندستان میں چھ روپیہ سال، باہر دس روپیہ سال، ایک پرچہ دس آنے .

مینیجر
'نیا ہند'
145، مٹھی گنج، الہ آباد .

नया हिन्द / نیا ہند

*

नम्बर के खास लेख

[illegible]

نمبر کے خاص لیکھ

[illegible]

हमारी राय

- [illegible]
- [illegible]
- भाई किशोरलाल मशरूवाला [illegible]
- [illegible]

ہماری رائے

[illegible]

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद — ہندستانی کلچر سوسائٹی الہ آباد

सितम्बर 1952 ستمبر

Registered No. A—210.

नई किताब

चाइना टू डे

लेखक— सुन्दरलाल

पहली अक्तूबर 1951 को नये चीन के लोकराज की दूसरी साल गिरह के मौक़े पर हिन्दुस्तान से एक सद्भावना मिशन चीन गया था जिस के नेता पंडित सुन्दरलाल थे.

इस किताब से आप को मालूम होगा कि इस मिशन ने चालीस रोज़ नये चीन में रह कर क्या क्या देखा और, आज का चीन कैसा है, किस तरह वहां से रंडी-बाज़ी, भिकमंगी और बेरोज़गारी को ख़त्म किया गया, किस तरह वहां के बेज़मीन वाले करोड़ों किसानों को ज़मीन दी गई और नये खेती सुधार क़ानून से चीन कैसे भिकमंगे से अन्नदाता बन गया, किस तरह अमरीका की नाके बन्दी के बावजूद उसने अपने उद्योग धन्दे और कल कारख़ाने संभाल कर अपने को स्वावलम्बी बना लिया, किस तरह अपने तालीम के नये ढंग से पुराने पढ़े लिखों के दिमाग़ फेर कर उन्हें दुरुस्त किया और देश में नई जान फूंक दी, किस तरह शादी के नये क़ानून ने चीनी औरत को समाज के अन्दर मर्द के बराबर इज़्ज़त की जगह दी, किस तरह वहां के नेताओं ने ईमानदारी, सादगी और जनता की सेवा के तीन उसूलों पर चल कर देश के अन्दर से रिश्वत ख़ोरी, काम चोरी और सीना ज़ोरी ख़त्म की, देश के आर्थिक संगठन को ठीक किया वग़ैरा वग़ैरा.

अगर आप विस्तार के साथ इन सवालों का जवाब पाना चाहते हैं और यह जानना चाहते हैं कि हिन्दुस्तान नये चीन से क्या सबक़ ले सकता है तो इस किताब से आपको काफ़ी मदद मिलेगी. साथ ही साथ यह किताब एक सफ़र नामा है जिस में चालीस रोज़ की डायरी बेहतरीन और दिलचस्प ढंग से दी गई है.

700 से ज़ियादा सफ़े, बढ़िया काग़ज़, कपड़े की जिल्द, एक तिरंगी और तीस एकरंगी तसवीरें, दो रंगीन नक़्शों के साथ दाम सिर्फ़ साढ़े सात रुपये या 15 शिलिंग.

अपने यहां के बुकसेलरों से मंगाइये या हमें लिखिये.

मिलने का पता—

मैनेजर, नया हिन्द, 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

نئی کتاب

چائنا ٹو ڈے

لیکھک—سندر لال

پہلی اکتوبر 1951 کو نئے چین کے لوک راج کی دوسری سالگرہ کے موقعے پر ہندستان سے ایک سدبھاؤنا مشن چین گیا تھا جس کے نیتا پنڈت سندر لال تھے۔

اس کتاب سے آپکو معلوم ہوگا کہ اس مشن نے چالیس روز نئے چین میں رہکر کیا کیا دیکھا اور آج کا چین کیسا ہے، کس طرح وہاں سے رنڈی بازی، بھکمنگی اور بیروزگاری کو ختم کیا گیا، کس طرح وہاں کے بے زمین والے کروڑوں کسانوں کو زمین دی گئی اور نئے کھیتی سدھار قانون سے چین کیسے بھکمنگے سے ان داتا بن گیا، کس طرح امریکہ کی ناکےبندی کے باوجود اس نے اپنے ادیوگ دھندے اور کل کارخانے سنبھال کر اپنے کو سوا لمبی بنا لیا، کس طرح اپنی تعلیم کے نئے ڈھنگ سے پرانے پڑھے لکھوں کے دماغ پھیر کر انہیں درست کیا اور دیش میں نئی جان پھونک دی، کس طرح شادی کے نئے قانون نے چینی عورت کو سماج کے اندر مرد کے برابر عزت کی جگہ دی، کس طرح وہاں کے نیتاؤں نے ایمانداری، سادگی اور جنتا کی سیوا کے تین اصولوں پر چل کر دیش کے اندر سے رشوت خوری، کام چوری اور سینہ زوری ختم کی، دیش کے آرتھک سنگٹھن کو ٹھیک کیا، وغیرہ وغیرہ۔

اگر آپ وستار کے ساتھ ان سوالوں کا جواب پانا چاہتے ہیں اور یہ جاننا چاہتے ہیں کہ ہندستان نئے چین سے کیا سبق لے سکتا ہے تو اس کتاب سے آپ کو کافی مدد ملیگی۔ ساتھ ہی ساتھ یہ کتاب ایک سفرنامہ ہے جس میں چالیس روز کی ڈائری بہترین اور دلچسپ ڈھنگ سے دی گئی ہے

700 سے زیادہ صفحے، بڑھیا کاغذ، کپڑے کی جلد، ایک ترنگی اور تیس ایک رنگی تصویریں، دو رنگین نقشوں کے ساتھ—دام صرف ساڑھے سات روپئے یا 15 شلنگ۔

اپنے یہاں کے بکسیلروں سے منگائیے یا ہمیں لکھئے۔

ملنے کا پتہ—

منیجر، نیا ہند، 145، مٹھی گنج الہ آباد۔

Printed and Published by Suresh Ramabhai, at the Naya Hind Press, 145, Muthiganj, Allahabad.

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों.

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अखबारों, रिसालों वगैरा का छापना.

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना

—:o:—

सोसाइटी के प्रेसीडेन्ट मि० अब्दुल मजीद ख्वाजा. वाइस प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास और डा० अब्दुल हक़. गवरनिंग बाडी के प्रेसीडेन्ट डा० भगवानदास. सेक्रेटरी पं० सुन्दरलाल.

गवरनिंग बाडी के और मेम्बर—

डा० सैयद महमूद, डा० ताराचन्द, मौलवी सैयद सुलेमान नदवी, मि० मंज़र अली सोख्ता, श्री बी० जी० खेर, पं० विशम्भर नाथ, महात्मा भगवानदीन, सेठ पूनम चन्द रांका, क़ाज़ी मोहम्मद अब्दुल ग़फ़्फ़ार और श्री ओम प्रकाश पालीवाल.

मेम्बरी के क़ायदों के लिये लिखिये—

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद

नोट सोसाइटी के नये क़ायदे के अनुसार मेम्बरी की फ़ीस सिर्फ़ एक रुपया कर दी गई है. "नया हिन्द" के जो गाहक मेम्बर बनना चाहें उनको सिर्फ़ छै रुपया चन्दा देने पर ही मेम्बर बना लिया जायगा. अलग से मेम्बरी की फ़ीस देने वाले सोसाइटी की निकली हुई कोई किताब जो एक रुपया दाम की होगी मुफ़्त ले सकेंगे या ज़्यादा दाम की किताबें लेने पर एक बार एक रुपया कम करा सकेंगे.

ہندستانی کلچر سوسائٹی

مقصد

(1) ایک ایسی ہندستانی کلچر کا بڑھانا، پھیلانا اور پرچار کرنا جس میں سب ہندستانی شامل ہوں۔

(2) ایکتا پھیلانے کے لئے کتابوں، اخباروں، رسالوں وغیرہ کا چھاپنا

(3) پڑھائی گھروں، کتاب گھروں، سبھاؤں، کانفرنسوں، لیکچروں سے سب دھرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں میں آپس کا میل بڑھانا۔

—:o:—

سوسائٹی کے پریسیڈنٹ—مسٹر عبدالمجید خواجہ وائس پریسیڈنٹ—ڈاکٹر بھگوان داس اور ڈاکٹر عبدالحق گورننگ باڈی کے پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بھگوان داس؛ سکریٹری — پنڈت سندرلال۔

گورننگ باڈی کے اور ممبر—

ڈاکٹر سید محمود، ڈاکٹر تارا چند، مولوی سید سلیمان ندوی، مسٹر منظر علی سوختہ، شری بی۔ جی کھیر، پنڈت بشمبھر ناتھ، مہاتما بھگوان دین، سیٹھ پونم چند رانکا، قاضی محمد عبدالغفار او شری اوم پرکاش پالیوال۔

ممبری کے قاعدوں کے لئے لکھئے —

سندر لال

سکریٹری، ہندستانی کلچر سوسائٹی،

145، مٹھی گنج، الہ آباد

نوٹ—سوسائٹی کے نئے قاعدے کے انوسار ممبری کی فیس صرف ایک روپیہ کردی گئی ہے۔ "نیا ہند" کے جو گاہک ممبر بننا چاہیں اُن کو صرف چھہ روپیہ چندہ دینے پر ہی ممبر بنا لیا جائیگا۔ الگ سے ممبری کی فیس دینے والے سوسائٹی کی نکلی ہوئی کوئی کتاب جو ایک روپیہ دام کی ہوگی مفت لے سکیں گے یا زیادہ دام کی کتابیں لینے پر ایک بار ایک روپیہ کم کرا سکیںگے۔

(ii) राजीनामे में कहा गया है कि पहले तीन साल में हर साल कम से कम 100 आदमियों को स्विटज़रलैंड ट्रेनिंग के लिये भेजेगी. लेकिन राजीनामे के दो साल बाद सरकार ने सिर्फ तीन ड्राफ्ट्समैन भेजे. इसके माने हैं कि कुछ भी फ़ायदा न उठा पाई.

(iii) आर्डर के साथ आधे दाम दे देने की शर्त बहुत ग़ैरमामूली है. ऐसी पेशगियों के साथ कोई ज़मानत होनी चाहिये.

(iv) जब विदेशी कम्पनी ने पहले साल वाले डिब्बे नहीं पहुंचाये तो आगे आर्डर देना और उसका दाम पहुंचा देना ग़लत बात है.

(v) राज़ीनामे में लिखा है कि 25 डिब्बों की तैयारी में जो खर्च बैठेगा उस पर दस फ़ीसदी मुनाफ़ा जोड़ कर जो दाम पड़ेंगे उसी हिसाब से कुल डिब्बों की क़ीमत लगाई जायगी. इस तरह की शर्त करना एक नामुनासिब बात है और फिर जब कोई कारखाना अपने को एक्सपर्ट बताता है तो उसे तो माल का ठीक ठीक भाव पहले से बताना ही चाहिये.

हमारा ख्याल है कि अगर रेलवे मिनिस्ट्री का बस चले और आडिट वाले बीच में टांग न अड़ायें तो उस कम्पनी को रेलवे वाले पैसा भेजते रहते, चाहे डिब्बा एक भी बनता या न बनता और नई दिल्ली के रेलवे मिनिस्टर इतमिनान दिलाते रहते कि हम जल्दी ही स्वावलम्बी बन कर तीसरे दर्जे की मुसीबत काफ़ूर कर देने वाले हैं. ईश्वर ही जानता है कि रेलवे जो लाखों और करोड़ें रुपया बात की बात में खर्च कर देती है उसमें कितना वाजिब तौर पर और ईमानदारी से खर्च करती है. मद्रास के 'हिन्दू' जैसे ठंडे अख़बार ने यह लिखा है कि अगर रेलवे मिनिस्ट्री या सरकार अपनी नई स्कीमों में पैसा इस तरह बे-एहतियाती, लापरवाही और ग़ैर समझदारी के साथ बहायेगी तो जल्दी ही वह वक़्त आने वाला है जब जनता यह आवाज़ उठायेगी कि बाबा — [illegible] ओजनाओं से हमें बख्शो.

—सुरेश रामभाई

(ii) راضی نامے میں کہا گیا ہے کہ پہلے تین سال میں ہر سال کم سے کم سو آدمیوں کو سوئٹزرلینڈ ٹریننگ کے لئے بھیجیگی۔ لیکن راضی نامے کے دو سال بعد سرکار نے صرف تین ڈرافٹس مین بھیجے۔ اس کے معنی ہیں کہ وہ کچھ بھی فائدہ نہ اُٹھا پائی۔

(iii) آرڈر کے ساتھ آدھے دام دے دینے کی شرط بہت ہی غیر معمولی ہے۔ ایسی پیشگیوں کے ساتھ کوئی ضمانت ہونی چاہئے۔

(vi) جب ودیشی کمپنی نے پہلے سال ڈبے نہیں پہونچائے تو آگے آرڈر دینا اور اس کا دام پہونچا دینا غلط بات ہے۔

راضی نامے میں لکھا ہے کہ 25 ڈبوں کی تیاری میں جو خرچ بیٹھیگا اُس پر دس فیصدی منافع جوڑ کر جو دام پڑینگے اُسی حساب سے کل ڈبوں کی قیمت لگائی جائیگی۔ اِسی طرح کی شرط کرنا ایک نا مناسب بات ہے اور پھر جب کوئی کارخانہ اپنے کو ایکسپرٹ بتا تا ہے تو اُسے تو مال کا ٹھیک ٹھیک بھاؤ پہلے سے بتانا ہی چاہئے۔

ہمارا خیال ہے کہ اگر ریلوے منسٹری کا بس چلے اور آڈیٹ والے بیچ میں ٹانگ نہ اڑائیں تو اُس کمپنی کو ریلوے والے پیسہ بھیجتے رہتے، چاہے ڈبہ ایک بھی بنتا یا نہ بنتا اور نئی دلی کے ریلوے منسٹر اطمینان دلاتے رہتے کہ ہم جلدی ہی سوآولمبی بن کر تیسرے درجے کی مصیبت کافور کر دینے والے ہیں۔ ایشور ہی جانتا ہے کہ ریلوے جو لاکھوں اور کروڑوں روپیہ بات کی بات میں خرچ کر دیتی ہے اُس میں کتنا واجب طور پر اور ایمانداری سے خرچ کرتی ہے۔ مدراس کے 'ہندو' جیسے ٹھنڈے اخبار نے یہ لکھا ہے کہ اگر ریلوے منسٹری یا سرکار اپنی نئی اسکیموں میں پیسہ اس طرح بے احتیاطی، لاپرواہی اور غیر سمجھداری کے ساتھ بہائیگی تو جلدی ہی وہ وقت آنے والا ہے جب جنتا یہ آواز اٹھائیگی کہ بابا اِن وکاس یوجناؤں سے ہمیں بخشو۔

—سریش رام بھائی

[illegible] कोई लिखित वजह नहीं दी गई.

(4) बिना पहले इजाज़त लिये माल खरीद लेना. हमने ऊपर आसाम रेल लिंक की चर्चा की है जिसमें 14 करोड़ खर्च हुए. आडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि एक करोड़ का सामान चीफ़ इन्जिनियर की इजाज़त लिये बिना ही खरीद लिया गया. लोकल आडिट में एतराज़ किया गया पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. इसके अलावा तरह एक करोड़ सत्तर लाख (170 लाख रुपये) का काम इस आसाम रेल लिंक में बिना टेन्डर के दिया गया इस तरह चौदह करोड़ में तीन पौने तीन करोड़ तो यों ही खर्च हो गये !

(5) विदेशी फ़र्मों से जो सौदे किये जाते हैं वह बिला सोचे समझे और उन पर भी बाद में कोई तवज्जेह नहीं दी जाती. इस बारे में आडिट रिपोर्ट ने जो लिखा है उससे तो हमें शक होने लगता है कि रेलवे बोर्ड या रेलवे मिनिस्टर शायद एक दम सोये हुए रहते हैं. 28 मई 1949 को रेलवे बोर्ड ने स्विटज़रलैन्ड की एक कम्पनी से 12 साल के लिये एक राज़ी नामा किया ताकि सिर्फ़ धातु के और हलके वज़न के रेल के डिब्बे तैयार करने का कारखाना लगाने में उससे तकनीकी मदद मिले. हिन्द सरकार ने तय किया था कि शुरू के दो साल तक तीन लाख फ्रैन्क (स्विटज़रलैन्ड का सिक्का) सालाना उस कम्पनी को दिये जायेंगे और बाद में यह रकम कम होती जायगी. लेकिन रेलवे बोर्ड यह तय ही नहीं कर सका कि कारखाना किस जगह खोला जायगा. इसलिये इस राज़ीनामे से पूरा फ़ायदा न उठाया जा सका. मगर उस कम्पनी को पैसा लगातार दिया जाता रहा. इस तरह 8,80,000 फ्रैंक 1951 तक उस कम्पनी को मिले. मगर इसके बदले में कम्पनी ने सिर्फ़ यह काम किया कि डिब्बों के नमूने का नक़्शा भेज दिया और उस नक़्शे को बनाने के लिये छै 'एक्सपर्ट' भेजे. यह छै आदमी कोई 13 महीने तक हिन्द सरकार के खर्चे पर रहे जिनके ऊपर दो लाख रुपया और खर्च हो गया !

इसी राज़ीनामे में यह भी तय हुआ था कि सरकार इस कम्पनी से चार साल तक 50 डिब्बे हर साल खरीदेगी. 1950 और 1951 में हिन्द सरकार ने 100 डिब्बों का आर्डर दे भी दिया. लेकिन 1952 के शुरू तक एक भी डिब्बा बरामद नहीं हुआ. मगर हमारी सरकार ने आधे डिब्बों के दाम पेशगी के तौर पर 61·87 लाख रुपया कम्पनी को अदा भी कर दिया. आडिट रिपोर्ट ने इस राज़ीनामे और सरकारी खर्च पर जो एतराज़ उठाये हैं वह हम नीचे देते हैं :—

(i) बिना यह तय किये कि फैक्ट्री कहां खड़ी की जायगी और उसमें कितना खर्च बैठेगा सरकार ने राज़ीनामा करके पैसा देने का वायदा कर लिया.

[illegible] کو نہ دی گئی کو فوجوں کو [illegible] کی لکھی وجہ نہیں دی گئی ۔

(4) بنا پہلے اجازت لئے مال خرید لینا ۔ ہم نے اوپر آسام ریل لنک کی چرچا کی ہے جس میں 14 کروڑ خرچ ہوئے ۔ آڈٹ رپورٹ میں کہا گیا ہے کہ ایک کروڑ کا سامان چیف انجینیر کی اجازت لئے بنا ہی خرید لیا گیا ۔ لوکل آڈٹ میں اعتراض کیا گیا پر کوئی دھیان نہیں دیا گیا ۔ اس کے علاوہ ایک کروڑ ستر لاکھ (170 لاکھ روپئے) کا کام اس آسام ریل لنک میں بنا ٹینڈر کے دے دیا گیا ۔ اس طرح چودہ کروڑ میں تین پونے تین کروڑ تو یوں ہی خرچ ہوگئے !

(5) ودیشی فرموں سے جو سودے کئے جاتے ہیں وہ بنا سوچے سمجھے اور ان پر بھی بعد میں کوئی توجہ نہیں دی جاتی ۔ اس بارے میں آڈٹ رپورٹ جو لکھا ہے اس سے تو ہمیں شک ہونے لگتا ہے کہ ریلوے بورڈ کا ریلوے منسٹر شاید ایک دم سوئے ہوئے رہتے ہیں ۔ 28 مئی 1949 کو ریلوے بورڈ نے سوئٹزرلینڈ کی ایک کمپنی سے 12 سال کے لئے ایک راضی نامہ کیا تاکہ صرف دھاتو کے اور ہلکے وزن کے ریل کے ڈبے تیار کرنے کا کارخانہ لگانے میں اس سے تکنیکی مدد ملے ۔ ہند سرکار نے طے کیا تھا کہ شروع کے دو سال تک تین ساکھ فرینک (سوئٹزرلینڈ کا سکہ) سالانہ اس کمپنی کو دیئے جائینگے اور بعد میں یہ رقم کم ہوتی جائیگی ۔ لیکن ریلوے بورڈ یہ طے نہیں کر سکا کہ کارخانہ کس جگہ کھولا جائے گا اسلئے اس راضی نامے سے پورا فائدہ نہ اٹھایا جا سکا ۔ مگر اس کمپنی کو پیسہ لگاتار دیا جاتا رہا ۔ اس طرح 8,80,000 فرینک 1951 تک کمپنی کو ملے ۔ مگر اس کے بدلے میں کمپنی نے صرف یہ کام کیا کہ ڈبوں کے نمونے کا نقشہ بھیج دیا اور اس نقشے کو بنانے کے لئے چھ ' ایکسپرٹ ' بھیجے ۔ یہ چھ آدمی کوئی 13 مہینے تک ہند سرکار کے خرچے پر رہے جنکے کے اوپر دو لاکھ روپیہ اور خرچ ہوگیا !

हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट का एक फ़ैसला हुआ है कि अगर चाय में चाय के डंठल या चाय की कलियां मिली हुई हों तो इससे बेजा मिलावट का क़ानून नहीं टूटता. और इस दलील पर उन्होंने मिलावट करने वाले को अपने यहां से रिहाई दे दी. क्या अब इसका नतीजा यह नहीं होगा कि चाय में अब डंठल ज़ियादा रहा करेंगे और पत्तियां कम ? ठीक इसी तरह से चर्चिल साहब के फ़ैसले के मुताबिक़ नेशनल हेराल्ड का दफ़्तर और बहुत से उन अखबारों के दफ़्तर जो यालू बमबारी के खिलाफ़ लिखते हैं बमबारी के क़ाबिल हो जाते हैं, क्योंकि उनके लेखों से उत्तरी कोरिया के लोगों को अखलाक़ी मदद पहुंचती है और उनमें लड़ने के लिये दम आता है.

अमरीकियों की यही तो दलील है कि उन्होंने उन कारखानों पर इसलिये बमबारी की कि उन कारखानों की मदद से हवा मार तोपें तैयार होती थीं और उन तोपों से अमरीकी जहाज़ गिराये जाते थे और अमरीकी और वह लोग मार डाले जाते थे जो उन हवाई जहाज़ों को चलाते थे. और उन्हीं कारखानों की मदद से रूसी साख्त के जेट जहाज़ उड़ कर यूनो की फ़ौजों पर धावा बोल देते थे. उन्हीं कारखानों से वह तोपें बनती थीं जो यूनो के जहाज़ों पर गोलाबारी कर के उन्हें समुन्दर में डुबा देती थीं और उन्हीं कारखानों की मदद से वह गोला बारूद तैयार होता था जिसकी मदद से आयोवा और ग्लूसेस्टर शायर के जवान धराशाई कर दिये जाते थे.

امریکہ اور یالو

ساری دنیا اوک رهی هے که امریکه نے یالو ندی کے کارخانے پر بمباری کرکے ایسا کام کیا هے جو لڑائی کے قاعدے کے خلاف هے اور امریکه هے که اپنے ایٹم بم اور هائیڈروجن بم کے زوم میں کسی کی پرواہ نہیں کرتا ۔ سرکشا کونسل میں اس نے اپنی ایسی گٹ بنا رکھی هے که وہ کوریا میں کچھ بھی کرے اس کے خلاف کوئی ٹھہراؤ نہیں آ سکتا. ادھر چرچل صاحب نے یہ کہ کر تو کمال هی کر دیا که یالو ندی کی بمباری میں لڑائی کے قاعدوں کے خلاف کچھ نہیں کیا گیا هے ۔

حال هی میں کلکته هائی کورٹ کا ایک فیصله هوا هے که اگر چائے میں چائے کے ڈنٹھل یا چائے کی کلیاں ملی هوئی هوں تو اس سے بیجا ملاوٹ کا قانون نہیں ٹوٹتا ۔ اور اس دلیل پر انہوں نے ملاوٹ کرنے والے کو اپنے یہاں سے رهائی دے دی ۔ کیا اب اس کا نتیجه یه نہیں هوگا که چائے میں اب ڈنٹھل زیادہ رها کریں گے اور پتیاں کم ؟ ٹھیک اسی طرح سے چرچل صاحب کے فیصلے کے مطابق نیشنل هیرلڈ کا دفتر اور بہت سے ان اخباروں کے دفتر جو یالو بمباری کے خلاف لکھتے هیں بمباری کے قابل هو جاتے هیں، کیونکه ان کے لیکھوں سے اتری کوریا کے لوگوں کو اخلاقی مدد پہنچتی هے اور ان میں لڑنے کے لئے دم آتا هے ۔

امریکیوں کی یہی تو دلیل هے که انہوں نے ان کارخانوں پر اس لئے بمباری کی که ان کارخانوں کی مدد سے هوا مار توپیں تیار هوتی تھیں اور ان توپوں سے امریکی جہاز گرائے جاتے تھے اور امریکی اور وہ لوگ مار ڈالے جاتے تھے جو ان هوائی جہازوں کو چلاتے تھے. اور انہیں کارخانوں کی مدد سے روسی ساخت کے جیٹ جہاز اڑ کر یونو کی فوجوں پر دھاوا بول دیتے تھے ۔ انہیں کارخانوں سے وہ توپیں بنتی تھیں جو یونو کے جہازوں پر گولہ باری کرکے انہیں سمندر میں ڈبا دیتی تھیں اور انہیں کارخانوں کی مدد سے وہ گولہ بارود تیار هوتا تھا جس کی مدد سے آیووا اور گلوسیسٹر شائر کے جوان دھراشائی کر دئے جاتے تھے ۔

5. ईरान में डाक्टर मुसाद्दिक़ की सरकार ने स्तीफ़ा दे दिया. हिन्द सरकार नये नये कारख़ाने शुरू करेगी—मिनिस्टर रेड्डी का बयान.

6. यालू बमबारी से दुनिया का अमन ख़तरे में पड़ गया है—पंडित नेहरू का एलान.

7. पार्लियामेन्ट में भाशा वार सूबों पर बहस. हिन्दुस्तान की फ़िल्मों का स्तर बहुत नीचे है—केसकर का बयान.

8. कीड़ा बीमारी बम फेंके जाने के सबूत मेरे पास हैं—डाक्टर जानसन का बयान. सारे देश में एक सा सेल्स टैक्स लगाने की कोशिश की जायेगी— देशमुख का बयान.

9. त्युनीशिया में हज़ारों आदमी जेल में बन्द हैं—एक अंगरेज़ी अख़बार नवीस का बयान. बीमारी बम के इल्ज़ाम को झूटा बताने वाले अमरीकी ठहराव को सुरक्षा कौन्सिल में रूस ने नहीं पास होने दिया. हिन्द सरकार खादी और बुनकर काम के लिये अलग अलग बोर्ड बनाने की सोच रही है.

10. अंगरेज़ी सिपाहियों को कोरिया से हटाने को मैं तैयार नहीं हूँ—चर्चिल. पेप्सू में किसान और ज़मींदारों में बलवा—368 किसान और 45 ज़मींदार गिरफ़्तार.

11. उत्तर कोरिया में ज़बरदस्त हमला. पार्लियामेन्ट में क्रिमिनल प्रोसीजर कोड बिल पास हो गया.

12. अमरीकी चुनाव में हिस्सा लेने की वजह से जनरल आईज़न होवर ने फ़ौज से स्तीफ़ा दिया.

13. मिल मालिकों को चीनी पर से दाम कम कर देना चाहिये—क़िदवाई की अपील.

14. एशिया और दूर पूरब का अमन ख़तरे में है—चू. एन लाई का एलान. श्री जय प्रकाश नरायन ने अपना अनशन ख़त्म किया. जालपाग़िरी में पानी की बाढ़ ने रास्ता रोक दिया.

15. शेख़ अब्दुल्ला और पंडित नेहरू में कशमीर के मसले पर बात चीत हुई. पार्लियामेन्ट ने क्रिमनल ला एमेन्ड बिल पास किया.

5. ایران میں ڈاکٹر مصادق کی سرکار نے استعفیٰ دے دیا . ہند سرکار نئے نئے کارخانے شروع کریگی—منسٹر ریڈی کا بیان .

6. یالو بمباری سے دنیا کا امن خطرے میں پڑ گیا ہے . پنڈت نہرو کا اعلان .

7. پارلیامنٹ میں بھاشا وار صوبوں پر بحث . ہندستان کے فلموں کا اسٹر بہت نیچا ہے—کیسکر کا بیان .

8. کیڑا بیماری بم پھینکے جانے کے ثبوت میرے پاس ہیں—ڈاکٹر جانسن کا بیان . سارے دیش میں ایک سا سیلس ٹیکس لگانے کی کوشش کی جائے گی—دیش مکھ کا بیان .

9. ٹیونیشیا میں ہزاروں آدمی جیل میں بند ہیں—ایک انگریزی اخبار نویس کا بیان . بیماری بم کے الزام کو جھوٹا بتانے والے امریکی ٹھہراؤ دو سرکشا کونسل میں روس نے نہیں پاس ہونے دیا . ہند سرکار کھادی اور بنکر کام کے لئے الگ الگ بورڈ بنانے کی سوچ رہی ہے .

10. انگریزی سپاہیوں کو کوریا سے ہٹانے کو میں تیار نہیں ہوں—چرچل . پیپسو میں کسان اور زمینداروں میں بلوا—368 کسان اور 45 زمیندار گرفتار .

11. اتر کوریا میں زبردست حملہ . پارلیامنٹ میں کرمنل پروسیجر کوڈ بل پاس ہوگیا .

12. امریکی چناؤ میں حصہ لینے کی وجہ سے جنرل آئزن ہور نے فوج سے استعفیٰ دیا .

13. مل مالکوں کو چینی پر سے دام کم کر دینا چاہئے—قدوائی کی اپیل .

14. ایشیا اور دور پورب کا امن خطرے میں ہے—چو . این لائی کا اعلان . شری جے پرکاش نرائن نے اپنا انشن ختم کیا . جالپاگری میں پانی کی باڑھ نے راستہ روک دیا .

15. شیخ عبداللہ اور پنڈت نہرو میں کشمیر کے مسئلے پر بات چیت ہوئی . پارلیامنٹ نے کرمنل لا امینڈ منٹ بل پاس کیا .

24. शेख़ अब्दुल्ला ने ईद के दिन कश्मीर सरकार का नया फ़ैसला लोगों को बताया.

25. कोरिया की लड़ाई जारी रहने से दुनिया का अमन ख़तरे में है—सेक्रेट्री ट्रिगवेली का बयान. अमरीका ने यालू बमबारी के मामले में इंगलिस्तान से सलाह नहीं ली—ईडन का एलान. विनोबा पैदल यात्रा करते हुए इलाहाबाद पहुंचे.

26. पच्छिमी अफ़्रीक़ा में सत्याग्रह शुरू. फ़ौजी कमान्डर कोरिया में लड़ाई को क़रीब ला रहे हैं—बेवन का बयान. पच्छिमी बंगाल में अनाज की भारी कमी है—क़िदवाई का बयान.

27. हिन्दुस्तान रेल के इंजिनों के बारे में पांच साल में स्वावलम्बी हो जायेगा—रेल मिनिस्टर का बयान.

28. पहली जुलाई से उत्तर प्रदेश में राशनिंग ख़त्म. बनारस में रेशम का काम करने वाले तीस हज़ार से ज़ियादा लोग बेकार.

29. हिलाल पाशा की सरकार ने स्तीफ़ा दे दिया. सिरे पाशा ने दूसरी सरकार बनाई. बम्बई में समाजवादी पार्टी ने नये टेक्सों के ख़िलाफ़ प्रदर्शन किया.

30. मद्रास असेम्बली ने राजा जी के अन्दर अपना विश्वास ज़ाहिर किया. कांग्रेस पार्लियामेन्टरी पार्टी की स्टेन्डिंग कमेटी ने कोआपरेटिव तरीक़े पर ज़मीन बंटवारे का फ़ैसला किया.

जुलाई

1. यालू बमबारी का जनरल क्लार्क को कुछ पता नहीं—चर्चिल का बयान. उत्तर प्रदेश में ज़मींदारी प्रथा का अन्त. आजकल कन्ट्रोल का सिस्टम ठीक नहीं है—क़िदवाई का पार्लियामेन्ट में एलान. ज़मींदारी अन्त ही सिर्फ़ लोगों को ख़ुश नहीं बना सकता—विनोबा का भाशन.

2. यालू बमबारी की तैयारियां महीनों पहले कर ली गई थीं—अंगरेज़ सरकार को जानबूझ कर ख़बर नहीं दी गई—एक अमरीकी अख़बार का बयान. पच्छिमी अफ़्रीक़ा में सत्याग्रह ज़ोरों पर जारी.

3. अमरीका को यूनो की मदद करते रहना चाहिये—ट्रूमैन का बयान. आसाम में अनाज की भारी कमी.

4. क़ाहिरा और अलेगज़ेन्डिरया में हालत ख़तरनाक. हिन्दुस्तान और नैपाल के सम्बन्ध मित्रता पूर्न हैं—नैपाल के राजा का एलान. ज़मींदारी अन्त से मुझे कोई ख़ुशी नहीं—बेज़मीन वाले की हालत वैसी की वैसी है—विनोबा का एलान.

دنیا کا حال

24. شیخ عبداللہ نے عید کے دن کشمیر سرکار کا نیا فیصلہ لوگوں کو بتایا۔

25. کوریا کی لڑائی جاری رہنے سے دنیا کا امن خطرے میں ہے—سکریٹری ٹرگوےلی کا بیان۔ امریکہ نے یالو بمباری کے معاملے میں انگلستان سے صلاح نہیں لی—ایڈن کا اعلان۔ ونوبا پیدل یاترا کرتے ہوئے الہ آباد پہونچے۔

26. پچھمی افریقہ میں ستیاگرہ شروع۔ فوجی کمانڈر کوریا میں لڑائی کو قریب لا رہے ہیں—بیون کا بیان۔ پچھمی بنگال میں اناج کی بھاری کمی ہے—قدوائی کا بیان۔

27. ہندستان ریل کے انجنوں کے بارے میں پانچ سال میں سواولمبی ہوجائے گا—ریل منسٹر کا بیان۔

28. پہلی جولائی سے اتر پردیش میں راشننگ ختم۔ بنارس میں ریشم کا کام کرنے والے تیس ہزار سے زیادہ لوگ بیکار۔

29. حلال پاشا کی سرکار نے استعفیٰ دے دیا۔ سرے پاشا نے دوسری سرکار بنائی۔ بمبئی میں سماج وادی پارٹی نے نئے ٹکسوں کے خلاف پردرشن کیا۔

30. مدراس اسمبلی نے اند اپنا وشواس ظاہر کیا۔ کانگریس پارلیامنٹری پارٹی کی اسٹینڈنگ کمیٹی نے کوآپریٹو طریقے پر زمین بٹوارے کا فیصلہ کیا۔

جولائی۔

1. یالو بمباری کا جنرل کلرک کو کچھ پتہ نہیں—چرچل کا بیان۔ اترپردیش میں زمینداری پرتھا کا انت آجکل کنٹرول کا سسٹم ٹھیک نہیں ہے—قدوائی کا پارلیامنٹ میں اعلان۔ زمینداری انت ہی صرف لوگوں کو خوش نہیں بنا سکتا—ونوبا کا بھاشن۔

2. یالو بمباری کی تیاریاں مہینوں پہلے کر لی گئی تھیں—انگریز سرکار کو جان بوجھ کر خبر نہیں دی گئی—ایک امریکی اخبار کا بیان۔ پچھمی افریقہ میں ستیاگرہ زوروں پر جاری۔

3. امریکہ کو یونو کی مدد کرتے رہنا چاہئے—ترومین کا بیان۔ آسام میں اناج کی بھاری کمی۔

4. قاہرہ اور الگزینڈریہ میں حالت خطرناک۔ ہندستان اور نیپال کے سمبندھ مترتا پورن ہیں—نیپال کے راجہ کا اعلان۔ زمینداری انت سے مجھے کوئی خوشی نہیں—بے زمین والے کی حالت ویسی کی ویسی ہے—ونوبا کا اعلان۔

दुनिया का हाल  دنیا کا حال

जून

16. अमरीका की जर्मनी और जापान वाली पालिसी इंगलिस्तान के लिये खतरनाक है—बेवन का बयान. वर्ल्ड बैंक स्टील मिशन के नेता नई दिल्ली पहुंचे. तालीम मिनिस्ट्री का काम पैसा न होने की वजह से ठप हो रहा है—मौलाना आज़ाद का बयान.

17. आठ लाख काम करने वालों ने जापान में अपनी सरकार के खिलाफ़ हड़ताल कर दी. 31 मार्च 1952 तक अमरीका ने कोरिया में 900 मिलयन डालर खर्च किये. हिन्दुस्तान विदेशी इन्डस्ट्रीज़ पर रोक नहीं लगायेगा—कृष्णमचारी का एलान.

18. बिहार सरकार ने अनाज पर से कन्ट्रोल हटा लिया.

19. हिन्दुस्तान को अमरीका हर तरह की मदद देने के लिये तैयार है—हिन्दुस्तान के अमरीकी राजदूत का अमरीका में बयान. हमें विदेशी मदद से चिढ़ नहीं है—श्री के. सी. रेड्डी का बयान. देश में अनाज की कमी साल भर के लिये न होगी—क़िदवाई का नैनीताल में एलान.

20. अरब-एशिया के मुल्कों ने त्युनिशिया के मसले पर यूनो के बड़े वज़ीर के नाम चिट्ठी भेजी जिसमें एक सम्मेलन करने पर ज़ोर दिया. करोड़ों रुपया पन बिजली की स्कीमों पर बरबाद किया गया है—मुख़ालिफ़ पार्टी के मेम्बरों का पार्लियामेन्ट में बयान.

21. हिन्दुस्तान ने कनाडा से गेहूं की मांग की. कोई आम ख्याल कन्ट्रोल तोड़ने का नहीं है—नेहरू का बयान. मौरूसी हकूमत का कश्मीर में खात्मा—कश्मीर कन्सेम्बली का फ़ैसला—नेहरू का बयान.

22. अरब-इसराईल में शान्ति की कोई उम्मीद नहीं है—आज़म पाशा. मध्य भारत में पुलिस की ज़ियादतियां. भारत सरकार ने भारत सेवक समाज पैम्फ़लेट जारी किया.

23. अमरीकियों ने यालू में पन बिजली के कल कारखानों पर हमला किया. कलकत्ता पुलिस ने भूक मार्च करने वाले जलूस पर लाठी चार्ज किया.

جون

16. امریکہ کی جرمنی اور جاپان والی پالیسی انگلستان کے لئے خطرناک ہے—بیون کا بیان. ورلڈ بینک اسٹیل مشن کے نیتا نئی دلی پہونچے. تعلیم منسٹری کا کام پیسہ نہ ہونے کی وجہ سے ٹھپ ہو رہا ہے—مولانا آزاد کا بیان.

17. آٹھ لاکھ کام کرنے والوں نے جاپان میں اپنی سرکار کے خلاف ہڑتال کر دی. 31 مارچ 1952 تک امریکہ نے کوریا میں 900 ملین ڈالر خرچ کئے. ہندستان ودیشی انڈسٹریز پر روک نہیں لگائے گا—کرشنامچاری کا اعلان.

18. بہار سرکار نے اناج پر سے کنٹرول ہٹا لیا.

19. ہندستان کو امریکہ ہر طرح کی مدد دینے کے لئے تیار ہے—ہندستان کے امریکی راجدوت کا امریکہ میں بیان. ہمیں ودیشی مدد سے چڑھ نہیں ہے—شری کے. سی. ریڈی کا بیان. دیش میں اناج کی کمی سال بھر کے لئے نہ ہوگی—قدوائی کا نینی تال میں اعلان.

20. عرب ایشیا کے ملکوں نے تیونیشیا کے مسئلے پر یونو کے بڑے وزیر کے نام چٹھی بھیجی جس میں ایک سمیلن کرنے پر زور دیا. کروڑوں روپیہ پن بجلی کی اسکیموں پر برباد کیا گیا ہے—مخالف پارٹی کے ممبروں کا پارلیامنٹ میں بیان.

21. ہندستان نے کناڈا سے گیہوں کی مانگ کی. کوئی عام خیال کنٹرول توڑنے کا نہیں ہے—نہرو کا بیان. موروثی حکومت کا کشمیر میں خاتمہ—کشمیر کانسمبلی کا فیصلہ—نہرو کا بیان.

22. عرب اسرائیل میں شانتی کی کوئی امید نہیں ہے—اعظم پاشا. مدھیہ بھارت میں پولیس کی زیادتیاں. بھارت سرکار نے بھارت سیوک سماج پمفلیٹ جاری کیا.

23. امریکیوں نے یالو میں پن بجلی کے کل کارخانوں پر حملہ کیا. کلکتہ پولیس نے بھوک مارچ کرنے والے جلوس پر لاٹھی چارج کیا.

काका साहब की गिनती गुजराती और मराठी के बड़े से बड़े लेखकों में की जाती है. और अक्सर लोग उन्हें गांधी जी के आश्रमी हलक़े वालों में सब से ज़ियादा तहज़ीब या सभ्यता के सबसे ऊंचे विचारियों में मानते हैं. घूमने का उन्हें बहुत काफ़ी शौक़ है और घूमने का हाल बयान करने की कला में वह कहीं ज़ियादा माहिर हैं. इसलिये उनकी यह किताब भी अपने ढंग की अनोखी और ला जवाब है.

पूरबी अफ़्रीक़ा को अब तक जंगलियों और वहशियों की बस्ती की निगाह से देखा गया है जिसके लिये बहुत कुछ ज़िम्मेवार अंगरेज़ हैं. लेकिन काका साहब ने अफ़्रीक़ा को अपने पड़ोस के मोहल्ले वालों की निगाह से देखा जिसकी वजह से पूरबी अफ़्रीक़ा में बहुत प्रेम के साथ उनका स्वागत किया गया. और पड़ोसी के नाते देखना ही सच्चा देखना है.

हमें उम्मीद है कि इस किताब की मदद से हमारे देश वालों को अफ़्रीक़ा में रहने वाले हमारे पड़ोसी भाई बहनों को समझने में ज़ियादा मदद मिलेगी और हम एक दूसरे के ज़ियादा नज़दीक आयेंगे.

यह किताब काका साहब की लिखी मराठी किताब का हिन्दी तरजुमा है. जिस पर हम भाई राम नरायन चौधरी को मुबारक बाद देते हैं.

—सुरेश रामभाई

सोने की कला

लेखक—डाक्टर हीरालाल; निकालने वाले—निरोगी ग्रंथ माला, मगरवारा, ज़िला उन्नाव, यू. पी; लिखावट हिन्दी; सफ़े 56; दाम बारह आने.

नींद एक निआमत है. जिसके पास सब सुख हों लेकिन नींद नहीं आती हो तो उसकी ज़िन्दगी एक बला हो जाती है. इसलिये नींद की इन्सान की ज़िन्दगी में बहुत ज़ियादा अहमियत है और हर किसी पढ़े लिखे को जानना चाहिये कि अच्छी नींद कैसे हासिल की जाय. इस काम के लिये डाक्टर हीरालाल की यह किताब अकसीर है जो उनके ज़ाती और दूसरों पर आज़माये हुए तजरबों से भरी है. रोगियों के तो यह ख़ास काम की चीज़ है.

—सुरेश रामभाई

کاکا صاحب کی گنتی گجراتی اور مراٹھی کے بڑے سے بڑے لیکھکوں میں کی جاتی ہے ۔ اور اکثر لوگ انہیں گاندھی جی کے آشرمی حلقے والوں میں سب میں زیادہ تہذیب یا سبھیتا کے سب سے اونچے وچارکوں میں مانتے ہیں ۔ گھومنے کا انہیں بہت کافی شوق ہے اور گھومنے کا حال بیان کرنے کی کلا میں وہ کہیں زیادہ ماہر ہیں ۔ اسلئے ان کی یہ کتاب بھی اپنے ڈھنگ کی انوکھی اور لاجواب ہے ۔

پوربی افریقہ کو اب تک جنگلیوں اور وحشیوں کی بستی کی نگاہ سے دیکھا گیا ہے جس کے لئے بہت کچھ ذمےدار انگریز ہیں ۔ لیکن کاکا صاحب نے افریقہ کو اپنے پڑوس کے محلے والوں کی نگاہ سے دیکھا جس کی وجہ سے پوربی افریقہ میں بہت پریم کے ساتھ ان کا سواگت کیا گیا ۔ اور پڑوسی کے ناتے دیکھنا ہی سچا دیکھنا ہے ۔

ہمیں امید ہے کہ اس کتاب کی مدد سے ہمارے دیش والوں کو افریقہ میں رہنے والے ہمارے پڑوسی بھائی بہنوں کو سمجھنے میں زیادہ مدد ملے گی اور ہم ایک دوسرے کے زیادہ نزدیک آئیں گے ۔

یہ کتاب کاکا صاحب کی لکھی مراٹھی کتاب کا ہندی ترجمہ ہے ۔ جس پر ہم بھائی رام نرائن چودھری کو مبارکباد دیتے ہیں ۔

—سریش رامبھائی

سونے کی کلا

لیکھک—ڈاکٹر ہیرا لال؛ نکالنے والے—نروگی گرنتھ مالا، مگروارا، ضلع اناؤ، یو ۔ پی؛ لکھاوٹ ہندی؛ صفحے 56؛ دام بارہ آنے ۔

نیند ایک نعمت ہے ۔ جس کے پاس سب سکھ ہوں لیکن نیند نہیں آتی ہو تو اس کی زندگی ایک بلا ہو جاتی ہے ۔ اس لئے نیند کی انسان کی زندگی میں بہت زیادہ اہمیت ہے اور ہر کسی پڑھے لکھے کو جاننا چاہئے کہ اچھی نیند کیسے حاصل کی جائے ۔ اس کام کے لئے ڈاکٹر ہیرا لال کی یہ کتاب اکسیر ہے جو ان کے ذاتی اور دوسروں پر آزمائے ہوئے تجربوں سے بھری ہے ۔ روگیوں کے تو یہ خاص کام کی چیز ہے ۔

—سریش رامبھائی

इससे जाहिर है कि पथिक जी के दिल के अन्दर कैसी आग जल रही है. हमें उम्मीद है कि उनका अखबार नेताओं को राह पर लावेगा, सच्ची नागरिकता की हिफाजत करेगा और एक नगर में एक ही नगरी बसवायेगा.

हम इतना और कहेंगे कि अखबार का दाम जरूरत से ज़ियादा है और इसका वक्त से निकलना बहुत जरूरी है.

—सुरेश रामभाई

ड्रिंक, ड्रग्ज़ एन्ड गेम्बलिंग

(महात्मा गांधी के लेखों का अंगरेज़ी संग्रह.)

सम्पादक—भारतन कुमारप्पा; निकालने वाले—नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद; सफ़े 175; दाम ढाई रुपये, पहली बार 1952.

कहते हैं कि आदमी तजुरबे के बाद सीखता है. इसी तरह हुकूमतें या सरकारें भी तजुरबे के बाद सीखती हैं. हमारे देश के ज़ियादा तर अखबार खासकर अंगरेज़ी और चमकदार अखबार यह बताते हैं कि कांगरेस की सरकारों ने तजुरबे के बाद यह सीखा कि न तो शराब बन्दी में फ़ायदा है, न अंगरेज़ी अफ़ीमची दवाइयां बन्द करने में कोई तुक है और न जुआ, सट्टेबाज़ी या घुड़ दौड़ बन्द कर देना अक़्लमन्दी है. हमारी नई दिल्ली की सरकार के ज़ियादातर मिनिस्टर और सूबों के हाकिम भी अकसर निजी तौर पर इसी ख्याल के हैं. ऐसी सूरत में कुछ कहने की गुंजायश नहीं रह जाती. लेकिन हमारा जी नहीं मानता यह कहे बिना कि ऊपर की तीनों बातें सोलह आना बारह मासे और छियानवे रत्ती ग़लत हैं और हिन्दुस्तान के लिहाज़ से तो हमेशा ही ग़लत रहेगा. बड़े अदब के साथ हम यह सिफ़ारिश करते हैं कि अपने को तहज़ीब याफ़्ता, शरीफ़ और नई रोशनी के समझने वाले भाई बहन इस किताब को इधर से उधर को पलट जायें. हमें उम्मीद है कि इससे उनके ख्यालात में कुछ सफ़ाई पैदा होगी और दिल को कुछ शान्ति नसीब होगी.

रचनात्मक काम करने वालों और दूसरे मामूली पढ़े लिखे भाई बहनों के लिए यह किताब बहुत ही फ़ायदे मन्द साबित होगी.

—सुरेश रामभाई

उस पार के पड़ोसी

लेखक—काका कालेलकर; अनुवादक—राम नरायन चौधरी; निकालने वाले—नवजीवन प्रकाशन मन्दिर, अहमदाबाद; लिखावट हिन्दी; दाम साढ़े तीन रुपये; सफ़े 311; पहली बार दिसम्बर 1951.

1950 के मई, जून और जुलाई के महीने काका साहब कालेलकर ने पूरबी अफ़रीक़ा में बिताये. उनके साथ में यह किताब उस सफ़र की एक बहुत ही मनोहर और दिल चस्प कहानी है.

اِس سے ظاہر ہے کہ پتھک جی کے دل کے اندر کیسی آگ جل رہی ہے . ہمیں اُمید ہے کہ اُن کا اخبار نیتاؤں کو راہ پر لائے گا' سچی ناگرکتا کی حفاظت کرے گا اور ایک نگر میں ایک ہی نگری بسوائے گا.

ہم اتنا اور کہیں گے کہ اخبار کا دام ضرورت سے زیادہ ہے اور اِسکا وقت سے نکلنا بہت ضروری ہے .

—سریش رام بھائی

ڈرنک' ڈرگز اینڈ گیمبلنگ

(مہاتما گاندھی کے لیکھوں کا انگریزی سنگرہ)

سمپادک—بھارتن کمارپا؛ نکالنے والے—نوجیون پرکاشن مندر' احمدآباد؛ صفحے 175؛ دام ڈھائی روپیہ' پہلی بار 1952.

کہتے ہیں کہ آدمی تجربے کے بعد سیکھتا ہے . اِسی طرح حکومتیں یا سرکاریں بھی تجربے کے بعد سیکھتی ہیں . ہمارے دیش کے زیادہ تر اخبار خاص کر انگریزی اور چمکدار اخبار یہ بتاتے ہیں کہ کانگریس کی سرکاروں نے تجربے کے بعد یہ سیکھا کہ نہ تو شراب بندی میں فائدہ ہے' نہ انگریزی افیمچی دوائیاں بند کرنے میں کوئی تک ہے اور نہ جوا' سٹےبازی یا گھوڑدوڑ بند کر دینا عقل مندی ہے. ہماری نئی دلی کی سرکار کے زیادہ تر منسٹر اور صوبوں کے حاکم بھی اکثر نجی طور پر اِسی خیال کے ہیں. ایسی صورت میں کچھ کہنے کی گنجائش نہیں رہ جاتی . لیکن ہمارا جی نہیں مانتا یہ کہے بنا کہ اُوپر کی تینوں باتیں سولہ آنہ بارہ ماشے اور چھیانوے رتی غلط ہیں اور ہندستان کے لحاظ سے تو ہمیشہ ہی غلط رہے گا . بڑے ادب کے ساتھ ہم یہ سفارش کرتے ہیں کہ اپنے کو تہذیب یافتہ' شریف اور نئی روشنی کے سمجھنے والے بھائی بہن اِس کتاب کو اِدھر سے اُدھر کو پلٹ جائیں. ہمیں اُمید ہے کہ اِس سے اُن کے خیالات میں کچھ صفائی پیدا ہوگی اور دل کو کچھ شانتی نصیب ہوگی .

رچناتمک کام کرنے والوں اور دوسرے معمولی پڑھے لکھے بھائی بہنوں کے لئے یہ کتاب بہت ہی فائدے مند ثابت ہوگی .

—سریش رام بھائی

اُس پار کے پڑوسی

لیکھک—کاکا کالیلکر؛ انوادک—رام نرائن چودھری؛ نکالنے والے—نوجیون پرکاشن مندر' احمدآباد؛ لکھاوٹ ہندی؛ دام ساڑھے تین روپئے؛ صفحے 311؛ پہلی بار دسمبر 1951 .

1950 کے مئی' جون اور جولائی کے مہینے کاکا صاحب کالیلکر نے پوربی افریقہ میں بتائے. اُن کے ساتھ میں یہ کتاب اُس سفر کی ایک بہت ہی منوہر اور دلچسپ کہانی ہے.

एक बात हमें ज़रूर कहनी है. वह यह कि नई तालीम का काम करना देश के अन्दर सच्चे, ठोस और शान्ति इन्क़लाब का काम करना है और जब हम यह देखते हैं कि हिन्द सरकार अमरीका से तालीमी एक्सपर्ट मंगाती है तो हम समझ जाते हैं कि वह नई तालीम की कितनी बड़ी और गहरी दुश्मन है. इसलिये हम आशा दी और मार्जरी बहन से अपील करते हैं कि उन्हें हमेशा निडर रह कर 'नई तालीम' चलानी होगी और हर संकट का सामना करने के लिये हमेशा तैयार रहना होगा.

—सुरेश रामभाई

ایک بات ہمیں ضرور کہنی ہے ۔ وہ یہ کہ نئی تعلیم کا کام کرنا دیش کے اندر سچے، ٹھوس اور شانتی انقلاب کا کام کرنا ہے اور جب ہم یہ دیکھتے ہیں کہ ہند سرکار امریکہ سے تعلیمی ایکسپرٹ مانگتی ہے تو ہم سمجھ جاتے ہیں کہ وہ نئی تعلیم کی کتنی بڑی اور گہری دشمن ہے ۔ اس لئے ہم آشا دی اور مارجری بہن سے اپیل کرتے ہیں کہ انہیں ہمیشہ نڈر رہکر ' نئی تعلیم ' چلانی ہوگی اور ہر سنکٹ کا سامنا کرنے کے لئے ہمیشہ تیار رہنا ہوگا ۔

—سریش رام بھائی

शिक्षा बदले—समाज बदले (माहवारी पर्चा)

सम्पादक—शालिग्राम 'पथिक'; लिखावट हिन्दी; निकालने वाले—श्री शालिग्राम 'पथिक'; 11 मोतीलाल नेहरू रोड, इलाहाबाद; सालाना चन्दा दो रुपये, एक पर्चा तीन आने.

प्रौढ़ शिक्षा या तालीम बालेग़ान के नामी माहिर भाई सालिगराम जी 'पथिक' लोगों के दिल में घर कर जाने वाले नारे खोजने में अपना सानी नहीं रखते. 'शिक्षा बदले समाज बदले' उनकी इस ख़ूबी का एक लाजवाब नमूना है. बिना शिक्षा या तालीम के बदले समाज नहीं बदला जा सकता. इसलिये पथिक जी की आवाज़ है कि शिक्षा बदले, समाज बदले.

पथिक जी स्वभाव से ही खरी और दो टूक सुनाने वालों में से हैं. हम उनके इस अख़बार के ऊपर वाले सफ़ों की सुर्ख़ियां देते हैं. एक नगर में दो नागरी (एक रईसों की एक ग़रीबों की); सरासर धोका भयंकर भूल (आज की हमारी तालीम सरासर धोका है और एक भयंकर भूल है जिसको अगर जल्दी ठीक नहीं किया गया तो हिन्दुस्तान उजड़ जायगा); 'नागरिकता' का सत्यानाश (रईसों वाली नागरिकता का जो ग़रीबों को चूस चूस कर ज़िन्दा रहती है उसका नाश ही); शर्म नहीं आती है (छोटे बड़े चौराहों पर सिनेमा की नंगी भद्दी तस्वीरें टांगे जाने पर, आल इन्डिया रेडियो के गन्दे गन्दे गानों पर, नेताओं के झूट और धोका धड़ी पर, अख़बारों का पूंजीपतियों के हाथ का खिलौना बन जाने पर, वग़ैरा वग़ैरा); अपने पैर कुल्हाड़ी न मारे सरकार —यही हमारी सलाह है; आप नेता हैं या गुमराह करने वाले (आपने इस चुनाव का नाजायज़ फ़ायदा उठाया है और यह मौक़ा हमें गुमराह करने और लोक तन्त्र के ख़िलाफ़ इस्तेमाल किया है.)

شکشا بدلے—سماج بدلے (ماہواری پرچہ)

سمپادک—شالگ رام ' پتھک '؛ لکھاوٹ ہندی؛ نکالنے والے—شالگ رام ' پتھک '؛ 11 موتی لال نہرو روڈ، الہ آباد؛ سالانہ چندہ دو روپئے، ایک پرچہ تین آنے ۔

پروڑھ شکشا یا تعلیم بالغاں کے نامی ماہر بھائی سالگ رام جی ' پتھک ' لوگوں کے دل میں گھر کر جانے والے نارے کھوجنے میں اپنا ثانی نہیں رکھتے۔ ' شکشا بدلے سماج بدلے ' اُن کی اِس خوبی کا ایک لاجواب نمونہ ہے ۔ بنا شکشا یا تعلیم کے بدلے سماج نہیں بدلا جا سکتا۔ اِس لئے پتھک جی کی آواز ہے کہ شکشا بدلے، سماج بدلے ۔

پتھک جی سوبھاؤ سے ہی کھری اور دو ٹوک سنانے والوں میں سے ہیں ۔ ہم اُن کے اِس ' اخبار کے اوپر والے صفحوں کی سرخیاں دیتے ہیں ۔ ایک نگر میں دو نگری (ایک رئیسوں کی ایک غریبوں کی) ؛ سراسر دھوکا بھیانکر بھول (آج کی ہماری تعلیم سراسر دھوکا ہے اور ایک بھیانکر بھول ہے جسکو اگر جلدی ٹھیک نہیں کیا گیا تو ہندستان اُجڑ جائے گا) ؛ ' ناگرکتا ' کا ستیا ناش (رئیسوں والی ناگرکتا کا جو غریبوں کو چوس چوس کر زندہ رہتی ہے اُسکا ناش ہو) ؛ شرم نہیں آتی ہے (چھوٹے بڑے چوراہوں پر سنیما کی ننگی بھدی تصویریں ٹانگیں جانے پر، آل انڈیا ریڈیو کے گندے گندے گانوں پر، نیتاؤں کے جھوٹ اور دھوکا دھڑی پر، اخباروں کا پونجی پتیوں کے ہاتھ کا کھلونا بن جانے پر، وغیرہ وغیرہ) ؛ اپنے پیر کلہاڑی نہ مارے سرکار—یہی ہماری صلاح ہے؛ آپ نیتا ہیں یا گمراہ کرنے والے (آپ اِس چناؤ کا ناجائز فائدہ اُٹھایا ہے اور یہ موقع ہمیں گمراہ کرنے اور لوک تنتر کے خلاف اِستعمال کیا ہے.)

कुछ किताबें کتابیں



नई तालीम (माहवारी परचा)

सम्पादक—आशादेवी और मार्जरी साइक्स; लिखावट हिन्दी; निकालने वाले—हिन्दुस्तानी तालीमी संघ, सेवाग्राम, वर्धा; सलाना चन्दा—तीन रुपये; एक परचा चार आना.

जिस तरीक़े से बैरोमीटर नाम के आले से हवा की हालत मालूम हो जाती है उसी तरह किसी देश की तालीम और तालीमी ढंग से वहां की असली हालत का पता चल जाता है. हिन्दुस्तान आज आज़ाद है लेकिन कुछ ही मानों में देखने के लिये आज़ाद है क्योंकि यहां की तालीम का ढंग वैसा ही दक़ियानूसी, क्लर्क या ग़ुलाम पैदा करने वाला, जनता को चूसने वाला और हाथ के काम से नफ़रत सिखाने वाला है जैसा कि अंगरेज़ों ने अपने मतलब के लिये बनाया था. और जब तक तालीम का यह ढंग बना रहता है तब तक हिन्दुस्तान में जनता स्वराज नहीं क़ायम हो सकता. देश की नाव के अचूक खेवनहार बापू यह चीज़ जानते थे इसीलिये उन्होंने नई 'तालीम नाम' से तालीम का एक नया ढंग देश को सिखाया और हिन्दुस्तानी तालीमी संघ नाम की एक नई संस्था सन 1938 में क़ायम की.

यह अख़बार हिन्दुस्तानी तालीमी संघ का माहवारी परचा है जो पिछले जुलाई के महीने से निकलना शुरू हुआ है. शिक्षा सम्बन्धी और अख़बार एक तरफ़, यह 'नई तालीम' दूसरी तरफ़ क्योंकि इसके अन्दर पढ़े लिखे 'विद्वानों' के ख़्याली लेख नहीं हैं जो अपनी विदेशी तालीम और ऊंची तनख़ा वाली नौकरी के बल पर उन लाखों करोड़ों बच्चों की तरफ़ कभी निगाह ही नहीं डाल सकते जिन्हें भर पेट रोटी भी नसीब नहीं होती. इसके अन्दर तो मैदान में काम करने वालों के निजी तजुरबे रहते हैं जिनको देख कर हर कोई काम करने वाला कुछ सबक़ सीख सकता है. इसलिये इस 'नई तालीम' का महत्व बहुत ही बढ़ जाता है. हमें उम्मीद है कि तालीम में दिलचस्पी रखने वाले—चाहे वह पुरानी तालीम ही क्यों न हो—सेवाग्राम से निकलने वाले इस परचे से पूरा फ़ायदा उठायेंगे. देश के हाई स्कूलों, कालेजों या युनिवर्सिटियों की लायब्रेरियों को इसे मंगाना चाहिये.

نئی تعلیم (ماہواری پرچہ)

سمپادک—آشا دیوی اور مارجری سائکس؛ لکھاوٹ ی؛ نکالنے والے—ہندستانی تعلیمی سنگھ' سیوا گرام' ا؛ سالانہ چندہ تین روپیہ؛ ایک پرچہ چار آنہ .

جس طریقے سے بیرومیٹر نام کے آلے سے ہوا کی حالت م ہو جاتی ہے اسی طرح کسی دیش کی تعلیم اور ی ڈھنگ سے وہاں کی اصلی حالت کا پتہ چل جاتا ہے . ستان آج آزاد ہے لیکن کچھ ہی معنوں میں دیکھنے کے آزاد ہے کیونکہ یہاں کی تعلیم کا ڈھنگ ویسا ہی نوسی' کلرک یا غلام پیدا کرنے والا' جنتا کو چوسنے ور ہاتھ کے کام سے نفرت سکھانے والا ہے جیسا کہ انگریزوں مطلب کے لئے بنایا تھا . اور جب تک تعلیم کا یہ ب بنا رہتا ہے تب تک ہندستان میں جنتا سوراج قائم ہوسکتا . دیش کی ناؤ کے اچوک کھیون ہار یہ چیز جانتے تھے اسی لئے انہوں نے "نئی تعلیم" نام علیم کا ایک نیا ڈھنگ دیش کو سکھایا اور ہندستانی م سنگھ نام کی ایک نئی سنستھا سن 1938 میں کی .

یہ اخبار ہندستانی تعلیمی سنگھ کا ماہواری پرچہ جو پچھلے جولائی کے مہینے سے نکلنا شروع ہوا ہے . ا سمبندھی اور اخبار ایک طرف' یہ ' نئی تعلیم ' طرف کیونکہ اس کے اندر پڑھے لکھے ' ودوانوں ' کے لیکھ نہیں ہیں جو اپنی ودیشی تعلیم اور اونچی واہ والی نوکری کے بل پر ان لاکھوں کروڑوں بچوں کی کبھی نگاہ ہی نہیں ڈال سکتے جنہیں بھر پیٹ بھی نصیب نہیں ہوتی . اس کے اندر تو میدان کام کرنے والوں کے نجی تجربے رہتے ہیں جن کو دیکھ کوئی کام کرنے والا کچھ سبق سیکھ سکتا ہے . اس "نئی تعلیم" کا مہتو بہت ہی بڑھ جاتا ہے . امید ہے کہ تعلیم میں دلچسپی رکھنے والے—چاہے انی تعلیم ہی کیوں نہ ہو—سیوا گرام سے نکلنے والے پرچے سے پورا فائدہ اٹھائیں گے . دیش کے ہائی اسکولوں وں یا یونیورسٹیوں کی لائبریریوں کو اسے منگانا چاہئے.

का ठिकाना न रहा. वह तीनों के तीनों चोरी करना भूल गये. पास पड़ी खाली चारपाई पर बैठ गये. तालियों का गुच्छा उनके हाथ में था. थोड़ी देर में दोनों बच्चे सो गये. चोर बच्चों के मां बाप के आने की राह तकने लगे! घंटे डेढ़ घंटे बाद हंसमुख हंसमुखी की मां आ पहुँची! आते ही उसने डरे झिझके बिना चोरों से पूछा, आप किस लिये बैठे हैं, क्या बच्चों के बाप से मिलने आये हैं?

चोरों का सरदार बोला, हां, उनसे मिलना है. आप से भी मिलना था, बच्चों के बाप आ जायें तब बात होगी, यह बात हो ही रही थी कि बच्चों का बाप आ पहुंचा, आते ही उसने हंसमुख की मां से पूछा, क्या यह लोग तुम्हारे घर से आये हैं?

हंसमुखी की मां के जवाब देने से पहले चोरों का सरदार बोल उठा, भाई साहब, हम किसी के रिश्तेदार नहीं, हम चोर हैं, चोरी करने आये थे, यह आपके घर की तालियां हैं, आपकी बच्ची ने जिस शान के साथ हमें चाबियां थमाईं और जिस प्यार भरे निर्भीक ढंग से उसने हमसे पूछा, चोर किसे कहते हैं? हम चोरी करना भूल गये, और ऐसे निर्भीक और सच्चे बच्चों के मां बाप को देखने की चाह हम में पैदा हो गई, आपकी इस बच्ची ने हमारी आंखें खोल दीं, हमारा डर भगा दिया, हम इसके अहसानमन्द हैं और आपके भी, यह लीजिये अपनी तालियां, हम आपके बच्चों के हाथ चूम कर जाते हैं अपने घर. अब हमें डर नहीं, कल आयेंगे और आपके दोनों बच्चों को जागते और खेलते देखेंगे, जुहार!

चुटकुले

एक लाला जी ने अपने किसी नातेदार के यहां अपने मित्र के हाथ एक टोकरी आम भेजे. मित्र ला परवाह से थे. रास्ते में आमों की टोकरी गुम हो गई, यह देख उन्होंने लाला जी को लिखा—"मुझे बड़ा खेद है कि आपकी दी हुई आमों की टोकरी खो गई. मैं माफी चाहता हूं."

लाला जी ने खत का जवाब देते हुए लिखा—"टोकरी खो जाने का खेद मत करो क्योंकि आम तो पहुंच ही गये होंगे."

× × ×

एक कुम्हार ने अपना गधा खो जाने पर दावत दी. दावत में एक मित्र ने पूछा—"भाई, आज यह दावत क्यों दी जा रही है?"

कुम्हार—"आज मेरा गधा खो गया है. कहीं उस पर मैं बैठा होता तो मैं भी खो जाता."

کا ٹھکانہ نہ رہا ۔ وہ تینوں کے تینوں چوری کرنا بھول گئے ۔ پاس پڑی خالی چارپائی پر بیٹھ گئے ۔ تالیوں کا گچھا اُن کے ہاتھ میں تھا ۔ تھوڑی دیر میں دنوں بچے سو گئے ۔ چور بچوں کے ماں باپ کے آنے کی راہ تاکنے لگے! گھنٹے ڈیڑھ گھنٹے بعد ھنس مکھ ھنس مکھی کی ماں آ پہونچی! آتے ہی اُس نے ڈرے جھجکے بنا چوروں سے پوچھا، آپ کس لئے بیٹھے ھیں ۔ کیا بچوں کے باپ سے ملنے آئے ھیں؟

چوروں کا سردار بولا، ھاں اُن سے ملنا ھے ۔ آپ سے بھی ملنا تھا ۔ بچوں کے باپ آ جائیں تب بات ہوگی ۔ یہ بات ہو ہی رہی تھی کہ بچوں کا باپ آ پہونچا ۔ آتے ہی اُس نے ھنس مکھ کی ماں سے پوچھا، کیا یہ لوگ تمہارے گھر سے آئے ھیں؟

ھنس مکھی کی ماں کے جواب دینے سے پہلے چوروں کا سردار بول اُٹھا، بھائی صاحب، ہم کسی کے رشتے دار نہیں، ہم چور ھیں، چوری کرنے آئے تھے. یہ آپ کے گھر کی تالیاں ھیں ۔ آپ کی بچی نے جس شان کے ساتھ ھمیں چابیاں تھمائیں اور جس پیار بھرے نربھیک ڈھنگ سے اُس نے ہم سے پوچھا، چور کسے کہتے ھیں؟ ہم چوری کرنا بھول گئے ۔ اور ایسے نربھیک اور سچے بچوں کے ماں باپ کو دیکھنے کی چاہ ہم میں پیدا ہوگئی ۔ آپ کی اس بچی نے ھماری آنکھیں کھول دیں، ھمارا ڈر بھگا دیا ۔ ہم اس کے احسان مند ھیں اور آپ کے بھی ۔ یہ لیجئے اپنی تالیاں، ہم آپ کے بچوں کے ہاتھ چوم کر جاتے ھیں اپنے گھر ۔ اب ھمیں ڈر نہیں، کل آئینگے اور آپ کے دونوں بچوں کو جاگتے اور کھیلتے دیکھیں گے ۔ جہار!

چٹکلے

ایک لالہ جی نے اپنے کسی ناتے دار کے یہاں اپنے متر کے ہاتھ ایک ٹوکری آم بھیجے ۔ متر لاپرواہ سے تھے ۔ راستے میں آموں کی ٹوکری گم ہوگئی، یہ دیکھ اُنہوں نے لالہ جی کو لکھا—"مجھے بڑا کھید ھے کہ آپ کی دی ہوئی آموں کی ٹوکری کھو گئی ۔ میں معافی چاہتا ہوں۔"

لالہ جی نے خط کا جواب دیتے ہوئے لکھا—"ٹوکری کھو جانے کا کھید مت کرو کیونکہ آم تو پہنچ ہی گئے ہونگے۔"

× × ×

ایک کمہار نے گدھا کھو جانے پر دعوت دی ۔ دعوت میں ایک متر نے پوچھا—"بھائی، آج یہ دعوت کیوں دی جا رہی ھے!"

کمہار—"آج میرا گدھا کھو گیا ھے ۔ کہیں اُس پر میں بیٹھا ہوتا تو میں بھی کھو جاتا ۔"

साथी की अम्मा ने साथी से पूछा, तुमको सच बोलना आ गया ?

साथी बोला, हां अम्मा, आ गया.

यह सुनते ही साथी की अम्मा ने साथी को गले लगा लिया.

साथी का सब डर भाग गया. कुछ दिनों बाद उसका नाम सचबहादुर पड़ गया.

(3)

हंसमुख और सचबहादुर अब दोनों दोस्त हो गये. सचबहादुर की अम्मा और हंसमुख की अम्मा आपस में ऐसी सखी बन गईं मानो मां जाई बहनें हों.

इन्हीं दिनों हंसमुख के घर में हंसमुख की बहन ने जन्म लिया. पैदा होते सबने हंसमुख के नाम पर उसका नाम हंसमुखी रख लिया.

हंसमुख और सचबहादुर दोनों हंसमुखी पर खूब प्यार उड़ेलने लगे. हंसमुखी ने तीन साल की होते होते हंसमुख की सारी आदतें अपना लीं और अपने दोनों भाइयों के साथ खेलने लगी.

एक रात हंसमुख हंसमुखी घर के आंगन में अकेले सोये हुए थे. अकेले सोने की उन्हें आदत थी. पड़ोस में कोई ब्याह था, हंसमुख की मां वहां गई हुई थी. हंसमुख के पिता पास के गांव में किसी बीमार को देखने गये थे. घर एकदम खाली था.

रात को उसी घर में तीन चोर आ धमके. दो बच्चों को अकेले सोते देख उन्हें थोड़ा अचरज हुआ. चोरी की धुन में अचरज दब गया. मकान के दरवाज़े का ताला लगा था. कुछ देर इधर उधर ताले की ताली खोजी, पर ताली न न मिली. बड़े बच्चे को जगाया. वह जाग गया. उसके जागने से पास सोई बच्ची भी जाग गई. चोरों ने देखा, दोनों बच्चे जागे, पर दोनों में से डरा कोई नहीं. चोरों को अचरज हुआ. चोरी की धुन में अचरज दब गया. चोरों ने बच्चों से पूछा, ताले की ताली कहां है ? हंसमुख बोला, मुझे नहीं मालूम. झट हंसमुखी बोल पड़ी, अम्मा मुझे दे गई थी. जेब में हाथ डाल कर बोली, यह रही मेरी जेब में, चाबी निकाल कर हंसमुखी ने चोरों को ऐसे थमा दी मानो चोर उसके जाने पहचाने रिश्तेदार हों. चोरों का अचरज और बढ़ा, पर दब न पाया. चोर बोल पड़े, हम चोर हैं. बच्चे न डरे. हंसमुख बोला, किसलिये आये हो ?

चोर बोले, माल चुराने.

हंसमुख बोला, चुराना क्या होता है ? साथ में हंसमुखी बढ़ बोली हां, चुराना क्या होता है ? अब चोरों के अचरज

ساتھی کی اماں نے ساتھی سے پوچھا، تم کو سچ بولنا آ گیا ؟

ساتھی بولا، ہاں اماں، آ گیا ۔

یہ سنتے ہی ساتھی کی اماں نے ساتھی کو گلے لگا لیا۔

ساتھی کا سب ڈر بھاگ گیا ۔ کچھ دنوں بعد اُسکا نام سچ بہادر پڑ گیا ۔

(3)

ہنس مکھ اور سچ بہادر اب دونوں دوست ہوگئے۔ سچ بہادر کی اماں اور ہنس مکھ کی اماں آپس میں ایسی سکھی بن گئیں مانو ماں جائی بہنیں ہوں ۔

اِنہیں دنوں ہنس مکھ کے گھر میں ہنس مکھ کی بہن نے جنم لیا ۔ پیدا ہوتے سب نے ہنس مکھ کے نام پر اُسکا نام ہنس مکھی رکھ لیا ۔

ہنس مکھ اور سچ بہادر دونوں ہنس مکھی پر خوب پیار اُنڈیلنے لگے۔ ہنس مکھی نے تین سال کی ہوتے ہوتے ہنس مکھ کی ساری عادتیں اپنا لیں اور اپنے دونوں بھائیوں کے ساتھ کھیلنے لگی ۔

ایک رات ہنس مکھ ہنس مکھی گھر کے آنگن میں اکیلے سوئے ہوئے تھے ۔ اکیلے سونے کی اُنہیں عادت تھی۔ پڑوس میں کوئی بیاہ تھا، ہنس مکھ کی ماں وہاں گئی ہوئی تھی ۔ ہنس مکھ کے پتا پاس کے گاؤں میں کسی بیمار کو دیکھنے گئے تھے ۔ گھر ایک دم خالی تھا ۔

رات کو اُسی گھر میں تین چور آدھمکے ۔ دو بچوں کو اکیلے سوتے دیکھ اُنہیں تھوڑا اچرج ہوا ۔ چوری کی دھن میں اچرج دب گیا ۔ مکان کے دروازے کا تالا لگا تھا ۔ کچھ دیر اِدھر اُدھر تالے کی تالی کھوجی، پر تالی نہ ملی۔ بڑے بچے کو جگایا ۔ وہ جاگ گیا ۔ اُس کے جاگنے سے پاس سوئی بچی بھی جاگ گئی ۔ چوروں نے دیکھا، دونوں بچے جاگے، پر دونوں میں سے ڈرا کوئی نہیں ۔ چوروں کو اچرج ہوا ۔ چوری کی دھن میں اچرج دب گیا ۔ چوروں نے بچوں سے پوچھا، تالے کی تالی کہاں ہے ؟ ہنس مکھ بولا، مجھے نہیں معلوم، جھٹ ہنس مکھی بول پڑی، اماں مجھے دے گئی تھی ۔ جیب میں ہاتھ ڈالکر بولی، یہ رہی میری جیب میں، چابی نکال کر ہنس مکھی نے چوروں کو ایسے تھمادی مانو چور اُس کے جانے پہچانے رشتے دار ہوں ۔ چوروں کا اچرج اور بڑھا، پر دب نہ پایا ۔ چور بول پڑے، ہم چور ہیں ۔ بچے نہ ڈرے ۔ ہنس مکھ بولا، کس لئے آئے ہو؟

چور بولے، مال چرانے ۔

ہنس مکھ بولا، چرانا کیا ہوتا ہے؟ ساتھ میں ہنس مکھی بھی بولی ہاں، چرانا کیا ہوتا ہے؟ اب چوروں کے اچرج

हंसमुख बोला, सच से डरते हैं ?

साथी बोला, सच बोलें तो पिटें नहीं ?

हंसमुख बोला, मैं रोज़ सच बोलता हूँ. कभी नहीं पिटता, कल भी नहीं पिटा. कभी नहीं पिटा. सच बोलने से कौन डरता है ? अम्मा से कौन डरता है ? काका से कौन डरता है ?

साथी बोला, तुम अकेले में नहीं डरते ? अन्धेरे में नहीं डरते ?

हंसमुख बोला, अकेले में किसका डर ? अंधेरे में किसका डर ? तुम हमारी अम्मा के पास चलो, वह तुम्हारा सब डर दूर कर देंगी. हमारी अम्मा बड़ी अच्छी अम्मा हैं.

हंसमुख, सचमुच तुम्हारी अम्मा बड़ी अच्छी अम्मा हैं. कल मैं जब डर कर भागा, उन्होंने कुछ नहीं कहा, अब मुझे उनसे डर नहीं, चलो, तुम्हारे साथ चलता हूँ.

हंसमुख और उसका साथी जैसे ही हंसमुख की अम्मा के पास पहुँचे उन्होंने दोनों को बड़े प्यार से थपथपाया, और हंसमुख के साथी से बोलीं—

तुम मुझसे डरते हो?

हंसमुख का साथी बोला, नहीं जी. कल डरता था, आज नहीं. तुम तो हंसमुख की बड़ी अच्छी अम्मा हो, मेरी अम्मा इतनी अच्छी नहीं.

हंसमुख की अम्मा बोली, तुम्हारी अम्मा को अच्छी कर दें

साथी बोला, मेरी अम्मा अच्छी अम्मा बन जायगी.? बना दीजिये ?.

हंसमुख की अम्मा बोली, मैं नहीं बनाऊंगी, तुम बनाओगे.

साथी बोला, मैं कैसे बनाऊंगा ?

हंसमुख की अम्मा बोली, सच बोलकर.

साथी बोला, सच बोलूंगा तो वह पीटेंगी नहीं ?

हंसमुख की अम्मा बोली, एक दिन कुछ पीटेंगी, फिर नहीं पीटेंगी..

साथी बोला, हां मैं सच, सच बोला तो तुमने भी मुझे कुछ नहीं कहा, मैं अब सच बोला करूंगा. सच बोलने से मेरा डर भाग जायगा ?

हंसमुख की अम्मा बोली, हां, डर भाग जायगा.

अब हंसमुख बोल पड़ा, मुझको डर नहीं लगता. अब तुमको भी डर नहीं लगा करेगा.

हंसमुख अपने साथी को लेकर उसके घर गया. और उसकी अम्मा से बोला, हमारी अम्मा ने इसको सच बोलना सिखा दिया है, इसको सच बोलना आ गया.

ھنس مکھ بولا' سچ سے ڈرتے ھیں ؟

ساتھی بولا' سچ بولیں تو پٹیں نہیں ؟

ھنس مکھ بولا' میں روز سچ بولتا ھوں . کبھی نہیں پٹتا' کل بھی نہیں پٹا. کبھی نہیں پٹا. سچ بولنے سے کون ڈرتا ھے ؟ اماں سے کون ڈرتا ھے ؟ کاکا سے کون ڈرتا ھے ؟

ساتھی بولا' تم اکیلے میں نہیں ڈرتے؟ اندھیرے میں نہیں ڈرتے ؟

ھنس مکھ بولا' اکیلے میں کسکا ڈر ؟ اندھیرے میں کسکا ڈر ؟ تم ھماری اماں کے پاس چلو' وہ تمہارا سب ڈر دور کردینگی. ھماری اماں بڑی اچھی اماں ھیں .

ھنس مکھ' سچ مچ تمہاری اماں بڑی اچھی اماں ھیں. کل میں جب ڈر کر بھاگا' اُنھوں نے کچھ نہیں کہا' اب مجھے اُن سے ڈر نہیں' چلو' تمہارے ساتھ چلتا ھوں .

ھنس مکھ اور اُس کا ساتھی جیسے ھی ھنس مکھ کی اماں کے پاس پہونچے اُنھوں نے دونوں کو بڑے پیار سے تھپتھپایا' اور ھنس مکھ کے ساتھی سے بولیں—

تم مجھ سے ڈرتے ھو ؟

ھنس مکھ کا ساتھی بولا' نہیں جی . کل ڈرتا تھا' آج نہیں . تم تو ھنس مکھ کی بڑی اچھی اماں ھو' میری اماں اِتنی اچھی نہیں .

ھنس مکھ کی اماں بولی' تمہاری اماں کو اچھی کر دیں؟

ساتھی بولا' میری اماں اچھی اماں بن جائے گی ؟ بنا دیجئے ؟

ھنس مکھ کی اماں بولی' میں نہیں بناؤں گی' تم بناؤ گے .

ساتھی بولا' میں کیسے بناؤنگا ؟

ھنس مکھ کی اماں بولی' سچ بول کر .

ساتھی بولا' سچ بولوں گا تو وہ پیٹینگی نہیں ؟

ھنس مکھ کی اماں بولی' ایک دن کچھ پیٹینگی' پھر نہیں پیٹینگی.

ساتھی بولا' ھاں میں سچ سچ بولا تو تم نے بھی مجھے کچھ نہیں کہا' میں اب سچ بولا کروں گا. سچ بولنے سے میرا ڈر بھاگ جائے گا ؟

ھنس مکھ کی اماں بولی' ھاں' ڈر بھاگ جائیگا .

اب ھنس مکھ بول پڑا' مجھکو ڈر نہیں لگتا . اب تجھکو ڈر نہیں لگا کریگا .

ھنس مکھ اپنے ساتھی کو لیکر اُس کے گھر گیا . اور اسکی اماں سے بولا' ھماری اماں نے اِسکو سچ بولنا سکھا دیا ھے اِسکو سچ بولنا آ گیا .

हंसमुख बोला, अम्मा मैं खाने का बर्तन उतारता था, वह भारी निकला, हाथ से गिर गया और उसका सब सामान यह बिखरा पड़ा है.

मां ने बड़े प्यार से कहा, बेटा कुछ नहीं ! लाओ बिखरे सामान को उठा लें ! कहो, तुमने बर्तन को इस वक़्त क्यों निकाला था ? यह खाने का समय नहीं.

अम्मा ! साथी भूका था, उसके लिए निकाला था, वह भाग गया. अम्मा वह बहुत डर रहा था, क्यों डर रहा था ? डर की क्या बात थी ?

बेटा डर की बात से कोई नहीं डरता, मन की बात से सब डरते हैं. तुम्हारा साथी अपनी अम्मा से डरता है.

अम्मा से डरता है ? अम्मा तो प्यारी होती है ! अम्मा से क्यों डरता है ?

तुम्हारा साथी सच नहीं बोलता, सच बोलने से डरता है. जो सच बोलने से डरता है वह सब से डरता है.

यहां वह किस से डरा ?

मुझ से.

तुम से ? प्यारी अम्मा से ?

हां मुझ से. हां, वह अपनी अम्मा से डरता है. वह अपनी अम्मा को अपना जैसा समझता है. मुझको अपना जैसा समझता है; अपने आप डरता है अपनी अम्मा से डरता है. मुझसे डरता है. तुमसे डरता होगा.

सच से डरना छोड़ दे तो उसका डर छूट जायगा ?

हां ज़रूर छूट जायगा. फिर उसके चेहरे पर ऐसी हंसी छाई रहा करेगी जैसी तुम्हारे चेहरे पर.

अम्मा कल मैं उसको तुम्हारे पास लाऊँगा.

(2)

दूसरे दिन हंसमुख अपने साथी के घर गया और उसको अपने साथ ले आया. रास्ते में उसने पूछा, तुम कल भूके थे खाना खाया नहीं, भाग आये.

साथी बोला, हंसमुख मैं तुम्हरी अम्मा की आहट सुनकर डर गया इसलिये भाग आया. तुम्हें तुम्हारी अम्मा ने खूब पीटा होगा ?

हंसमुख बोला, मेरी अम्मा मुझे क्यों पीटती ? अम्मा प्यारी होती है, चलो अम्मा याद करती है.

साथी अचरज से बोला, तुम्हारी अम्मा ने तुम्हें नहीं पीटा ? मैं बखेर देता तो मेरी अम्मा मुझको बहुत पीटती.

हंसमुख बोला, अम्मा नहीं पीटती, तुम डरते होगे.

साथी बोला, हां डरता हूं, सब बालक डरते हैं. अम्मा से डरते हैं, काका से डरते हैं.

ھنس مکھ بولا‘ اماں میں کھانے کا برتن اُتارتا تھا‘ وہ بھاری نکلا‘ ھاتھ سے گر گیا اور اُس کا سب سامان یہ بکھرا پڑا ھے .

ماں نے بڑے پیار سے کہا‘ بیٹا کچھ نہیں! لاؤ بکھرے سامان کو اُٹھالیں ! کہو‘ تم نے برتن کو اِس وقت کیوں نکالا تھا ؟ یہ کھانے کا سمے نہیں .

اماں ! ساتھی بھوکا تھا‘ اُس کے لئے نکالا تھا‘ وہ بھاگ گیا ۔ اماں وہ بہت ڈر رہا تھا‘ کیوں ڈر رہا تھا ؟ ڈر کی کیا بات تھی ؟

بیٹا ڈر کی بات سے کوئی نہیں ڈرتا‘ من کی بات سے سب ڈرتے ھیں . تمہارا ساتھی اپنی اماں سے ڈرتا ھے .

اماں سے ڈرتا ھے ؟ اماں تو پیاری ھوتی ھے ! اماں سے کیوں ڈرتا ھے ؟

تمہارا ساتھی سچ نہیں بولتا‘ سچ بولنے سے ڈرتا ھے . جو سچ بولنے سے ڈرتا ھے وہ سب سے ڈرتا ھے .

یہاں وہ کس سے ڈرا ؟

مجھ سے .

تم سے؟ پیاری اماں سے ؟

ھاں مجھ سے. ھاں‘ وہ اپنی اماں سے ڈرتا ھے. وہ اپنی ماں کو اپنا جیسا سمجھتا ھے . مجھ کو اپنا جیسا سمجھتا ھے؛ اپنے آپ ڈرتا ھے. اپنی اماں سے ڈرتا ھے مجھ سے ڈرتا ھے. تم سے ڈرتا ھے. تم سے ڈرتا ھوگا .

سچ سے ڈرنا چھوڑ دے تو اُس کا ڈر چھوٹ جائیگا ؟

ھاں ضرور چھوٹ جائیگا . پھر اُس کے چہرے پر ایسی ھنسی چھائی رھا کریگی جیسی تمہارے چہرے پر .

اماں کل میں اُسکو تمہارے پاس لاؤنگا .

(2)

دوسرے دن ھنس مکھ اپنے ساتھی کے گھر گیا اور اُسکو اپنے ساتھ لے آیا . راستے میں اس نے پوچھا‘ تم کل بھوکے تھے کھانا کھایا نہیں‘ بھاگ آئے .

ساتھی بولا‘ ھنس مکھ میں تمہاری اماں کی آھٹ سنکر ڈر گیا اس لئے بھاگ آیا . تمہیں تمہاری اماں نے خوب پیٹا ھوگا ؟

ھنس مکھ بولا‘ میری اماں مجھے کیوں پیٹتی ؟ اماں پیاری ھوتی ھے‘ چلو اماں یاد کرتی ھے .

ساتھی اچرج سے بولا‘ تمہاری اماں نے تمہیں نہیں پیٹا؟ میں بکھیر دیتا تو میری اماں مجھکو بہت پیٹتی .

ھنس مکھ بولا‘ اماں نہیں پیٹتی‘ تم ڈرتے ھوگے .

ساتھی بولا‘ ھاں ڈرتا ھوں‘ سب بالک ڈرتے ھیں . اماں سے ڈرتے ھیں کاکا سے ڈرتے ھیں .

बच्चों की दुनिया

सच के बीज

(1)

एक था लड़का, उसका नाम था कबीर. उसके मां बाप ने उसको बड़े जतन से पाला पोसा था. 'कैसे पाला पोसा' यह बात तुमको दूसरी किताब में पढ़ने को मिलेगी.

कबीर को सब कबीर कहकर नहीं बोलते थे. उसके मुखड़े पर हमेशा हंसी खेलती रहती थी. इसलिए उसका नाम हंसमुख पड़ गया था.

हंसमुख सदा सच बोलता था. उसके मां बाप भी सच बोलते थे. सच बोलना हंसमुख की आदत थी. सच बोलने से वह खुश रहता था. खुशी हरदम उस पर खेलती रहती, ़सी से हंसमुख उसका नाम था.

घर में किसी चीज़ को छूने, देखने, खोलने, निकालने, खाने पीने में उसके मां बाप उसको कभी न रोकते. ऐसी भूल वह कम करता जिससे उसके मां बाप को उसे समझाने की ज़रूरत पड़े. हंसमुख के सच बोलने से मां बांप को उसकी बहुत कम देख भाल करनी पड़ती. कोई नुक़सान हो जाता तो वह दौड़ा दौड़ा जाता और अपनी मां को बता देता.

एक दिन वह अपने एक साथी के साथ घर में खेल रहा था. मां बाप घर पर न थे. साथी को भूक लगी. हंसमुख चौके में गया. साथी उसके साथ गया, जहां खाना रखा था. हंसमुख का हाथ वहां नहीं पहुँच सकता था. उसने चौके में रखी चौकी ली और उसको उस जगह रखा जहां खाना रखा था. चौकी पर खड़े होकर उसने वह बर्तन उतारा जिसमें खाना था. बर्तन भारी था, ठीक ठीक न संभल सका, गिर गया, और खाने का सब सामान बिखर गया.

इतने में उसकी मां आ गई. मां के पांव की आहट सुनकर उसका साथी बुरी तरह घबराया. हंसमुख अपने साथी की घबराहट को न समझ पाया. हंसमुख अपने साथी से कुछ पूछे कि साथी भाग गया. इतने में मां चौके में आ गयी, हंसमुख से पूछा—

बेटा क्या बात है ?

بچوں کی دنیا

سچ کے بیج

(1)

ایک تھا لڑکا' اُس کا نام تھا کبیر . اُس کے ماں باپ نے اُس کو بڑے جتن سے پالا پوسا تھا. 'کیسے پالا پوسا' یہ بات تم کو دوسری کتاب میں پڑھنے کو ملے گی .

کبیر کو سب کبیر .کہکر نہیں بولتے تھے. اُس کے مکھڑے پر ہمیشہ ہنسی کھیلتی رہتی تھی . اس لئے اُس کا نام ہنسمکھ پڑ گیا تھا .

ہنس مکھ سدا سچ بولتا تھا. اُس کے ماں باپ بھی سچ بولتے تھے . سچ بولنا ہنس مکھ کی عادت تھی . سچ بولنے سے وہ خوش رہتا تھا . خوشی ہر دم اُس پر کھیلتی رہتی' اِسی سے ہنس مکھ اُس کا نام تھا .

گھر میں کسی چیز کو چھونے' دیکھنے' کھولنے' نکالنے' کھانے پینے میں اُس کے ماں باپ اُس کو کبھی نہ روکتے. ایسی بھول وہ کم کرتا جس سے اُس کے ماں باپ کو اسے سمجھانے کی ضرورت پڑے . ہنس مکھ کے سچ بولنے سے ماں باپ کو اُس کی بہت کم دیکھ بھال کرنی پڑتی. کوئی نقصان ہو جاتا تو وہ دوڑا دوڑا جاتا اور اپنی ماں کو بتا دیتا .

ایک دن وہ اپنے ایک ساتھی کے ساتھ گھر میں کھیل رہا تھا . ماں باپ گھر پر نہ تھے. ساتھی کو بھوک لگی . ہنس مکھ چوکے میں گیا . ساتھی اُس کے ساتھ گیا' جہاں کھانا رکھا تھا. ہنس مکھ کا ہاتھ وہاں نہیں پہنچ سکتا تھا . اُس نے چوکے میں رکھی چوکی لی اور اس کو اُس جگہ رکھا جہاں کھانا رکھا تھا. چوکی پر کھڑے ہوکر اُس نے وہ برتن اُتارا جس میں کھانا تھا. برتن بھاری تھا' ٹھیک ٹھیک نہ سنبھل سکا' گر گیا' اور کھانے کا سب سامان بکھر گیا .

اتنے میں اُس کی ماں آ گئی . ماں کے پاؤں کی آہٹ سنکر اُس کا ساتھی بری طرح گھبرایا . ہنس مکھ اپنے ساتھی کی گھبراہٹ کو نہ سمجھ پایا . ہنس مکھ اپنے ساتھی سے کچھ پوچھے کہ ساتھی بھاگ گیا . اتنے میں ماں چوکے میں آ پہنچی' ہنس مکھ سے پوچھا—

بیٹا کیا بات ہے ؟

सरदार शिव मंगल सिंह कपूर, श्री हयातुल्ला अन्सारी, श्री पद्म नाथ सिंह, श्री यशपाल और श्री अक्षय ब्रह्मचारी ने मिलकर इस सम्मेलन का बन्दोबस्त किया था और राष्ट्र सिरमौर पंडित जवाहर लाल नेहरू, आचार्य किशोर लाल मशरूवाला, आन्ध्र देश के बड़े बड़े नेताओं ने सम्मेलन की ताईद करते हुए कामयाबी की शुभ कामनायें भेजी थीं. इस सम्मेलन में क़ौमी एकता सम्बन्धी मसलों पर गंभीर चर्चा के बाद कुछ उसूल-सिद्धान्त और कार्य क्रम तय हुए और इनकी बिना पर देश में काम करने के लिये "भारतीय क़ौमी एकता मंडल" क़ायम किया गया. हमें अफ़सोस है कि अनेक अड़चनों की वजह से 'मंडल' का काम अभी ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है.

देश के भाइयों और बहनों से अपील है "भारतीय क़ौमी एकता मंडल" का मेम्बर बन कर और उसे मदद देकर देश के सब से बड़े और पहले रचनात्मक काम "क़ौमी एकता" को मज़बूत, पक्का और मुस्तक़िल बनाने में मदद करें.

अक्षय ब्रह्मचारी
संयोजक, भारतीय क़ौमी एकता मंडल

"......अगर भारत तलवार के उसूल को अपनाता है तो उसे आरज़ी विजय हासिल हो सकती है. पर तब भारत मेरे दिल का गौरव न रह जायगा. भारत के लिये मेरी इतनी भक्ति इसलिए है कि मेरे पास जो कुछ है वह सब मैंने उसी से पाया है. मेरा पक्का विश्वास है कि उसे दुनिया को एक सन्देश देना है. उसे अन्धा बनकर योरप की नक़ल नहीं करनी है. जिस दिन भारत तलवार का उसूल अपनायेगा वह मेरी परीक्षा का दिन होगा और मुझे यक़ीन है कि मैं अपने काम में हलका न उतरूंगा. मेरा धर्म भूगोल की सीमाओं में बंधा हुआ नहीं है. अगर मुझे इसमें जानदार श्रद्धा होगी तो वह मेरे भारत प्रेम को भी पार कर जायेगी. मैं अहिंसा के ज़रिये, जिसे मैं हिन्दू धर्म का मूल समझता हूँ, भारत सेवा के लिये अपनी ज़िंदगी अर्पित कर चुका हूँ."

—महात्मा गांधी

سردار شیو منگل سنگھ کپور' شری حیات اللہ انصاری' شری پدم ناتھ سنگھ' شری یش پال اور شری اکشے برہمچاری نے ملکر اس سمیلن کا بندوبست کیا تھا اور راشٹر سرمور پنڈت جواہر لال نہرو' آچاریہ کشور لال مشروالا' آندھر دیش کے بڑے بڑے نیتاؤں نے سمیلن کی تائید کرتے ہوئے کامیابی کی شبھ کامنائیں بھیجی تھیں ۔ اس سمیلن میں قومی ایکتا سمبندھی مسئلوں پر گمبھیر چرچا کے بعد کچھ اصول سدھانت اور کاریہ کرم طے ہوئے اور ان کی بنا پر دیش میں کام کرنے کے لئے "بھارتیہ قومی ایکتا منڈل" قائم کیا گیا ۔ ہمیں افسوس ہے کہ انیک اڑچنوں کی وجہ سے 'منڈل' کا کام ابھی زیادہ آگے نہیں بڑھ سکا ہے ۔

دیش کے بھائیوں اور بہنوں سے اپیل ہے "بھارتیہ قومی ایکتا منڈل" کا ممبر بنکر اور اسے مدد دیکر دیش کے سب سے بڑے اور پہلے رچناتمک کام "قومی ایکتا" کو مضبوط پکا اور مستقل بنانے میں مدد کریں ۔

اکشے برہمچاری
سنیوجک' بھارتیہ قومی ایکتا منڈل

"......اگر بھارت تلوار کے اصول کو اپناتا ہے تو اسے عارضی وجے حاصل ہوسکتی ہے ۔ پر تب بھارت میرے دل کا گورو نہ رہ جائیگا ۔ بھارت کے لئے میری اتنی بھکتی اس لئے ہے کہ میرے پاس جو کچھ ہے وہ سب میں نے اسی سے پایا ہے ۔ میرا پکا وشواس ہے کہ اسے دنیا کو ایک سندیش دینا ہے ۔ اسے اندھا بن کر یورپ کی نقل نہیں کرنی ہے ۔ جس دن بھارت تلوار کا اصول اپنائیگا وہ میری پریکشا کا دن ہوگا اور مجھے یقین ہے کہ میں اپنے کام میں ہلکا نہ اتروںگا ۔ میرا دھرم بھوگول کی سیماؤں سے بندھا ہوا نہیں ہے ۔ اگر مجھے اس میں جاندار شردھا ہوگی تو وہ میرے بھارت پریم کو بھی پار کر جائیگی ۔ میں اہنسا کے ذریعے' جسے میں ہندو دھرم کا مول سمجھتا ہوں' بھارت سیوا کے لئے اپنی زندگی ارپت کر چکا ہوں۔"

—مہاتما گاندھی

और सोचने के ढंगों के दो अलग नज़रिये हो गये हैं, और दोनों के दिल में बदले की आग भड़क रही है. जगह, वक़्त वगैरा के मेल या बेमेल से ऊपरी शान्ति दीख पड़ रही है लेकिन आज दोनों फ़िरक़ों के लोगों में फ़िरक़ेवाराना झुकाव के खिलाफ़ चेतना पैदा कर क़ौमी एकता की भावना को मज़बूत बनाने की सख़्त ज़रूरत है.

छूत की बीमारी

फ़िरक़ेवाराना भावना का ख़तरनाक रोग हिन्दू-मुसलमानों के अलावा दूसरे हिस्सों में भी फैलता जा रहा है. देश में क़रीब क़रीब सभी जगह तमाम हिन्दुओं और हरिजनों का सम्बन्ध बिगड़ता जा रहा है और कटुता की बहुत मिसालें सामने आ रही हैं. पंजाब में हिन्दुओं और सिक्खों का सम्बन्ध ख़राब हो रहा है. सिक्ख नेता मास्टर तारासिंह ने अलग राज की मांग को फिर से दुहराया है. इनके अलावा द्राविड़ों, आदिवासियों वग़ैरा में भी असंतोश और अलहदगी की भावना दीख पड़ने लगी है. भाशा, कलचर, जाति, धर्म वग़ैरा के नाम पर इनके अन्दर ज़हरीली हवा घर करती जा रही है. इस तरह हर नज़रिये से हम देखते हैं कि देश में फ़िरक़ेवाराना पागलपन और उसकी ज़हरीली हवा फैली हुई है और क़ौमी एकता का रास्ता धुंदला हो रहा है.

हमारा फ़र्ज़

आज़ादी के लिए क़ौमी एकता की जितनी ज़रूरत थी क़ौम के फिर बनाव और तरक़्क़ी के लिए वह ज़रूरत सौगुनी ज़ियादा हो गई है. बदक़िस्मती की बात है कि राश्ट्र पिता के बलिदान के बाद जहां हमने क़ौमी एकता की ख़ातिर काम करने के लिए एकसूपन की ज़रूरत थी वहां हम इस सवाल की तरफ़ से बग़लें झांकने लगे हैं. हम फ़िरक़ेवाराना पागलपन के बरबाद कर देने वाले नतीजों को देख चुके हैं. इसलिये आज ज़िन्दगी के हर दायरे से तंग नज़री और साम्प्रदायिकता के भावों को उखाड़ कर क़ौमी एकता को मज़बूत बनाने के लिए ज़बरदस्त जनमत और जन आन्दोलन की ज़रूरत है जिससे लोगों के सोचने और काम करने का नज़रिया एकता के मुताबिक़ हो. आज यही हमारा पाक पवित्र फ़र्ज़ है.

भारतीय क़ौमी एकता मंडल

साम्प्रदायिकता या फ़िरक़ापरस्ती को उखाड़ कर क़ौमी एकता को मज़बूत बनाने के मक़सद से जुदा जुदा विचार धारा के विद्वानों, नेताओं और काम करने वालों का एक सम्मेलन पिछले साल लखनऊ में पंडित सुन्दरलाल जी की सदारत में हुआ था. आचार्य नरेन्द्र देव, आचार्य जुगुल किशोर, श्री श्रीकृश्न दत्त पालीवाल, श्री गोविंद सहाय, श्री गंगा सहाय चोबे, श्री ई० एम० फिलिप्स,

اور سوچنے کے ڈھنگوں کے دو الگ نظریئے ہو گئے ہیں' اور دونوں کے دل میں بدلے کی آگ بھڑک رہی ہے ۔ جگہ' وقت وغیرہ کے میل یا بے میل سے اوپری شانتی دیکھ پڑ رہی ہے لیکن آج دونوں فرقوں کے لوگوں میں فرقے وارانہ جھکاؤ کے خلاف چیتنا پیدا کر قومی ایکتا کی بھاونا کو مضبوط بنانے کی سخت ضرورت ہے ۔

چھوت کی بیماری

فرقےوارانہ بھاونا کا خطرناک روگ ہندو مسلمانوں کے علاوہ دوسرے حصوں میں بھی پھیلتا جا رہا ہے ۔ دیش میں قریب قریب سبھی جگہ تمام ہندوؤں اور ہریجنوں کا سمبندھ بگڑتا جا رہا ہے اور کٹوتا کی بہت مثالیں سامنے آ رہی ہیں ۔ پنجاب میں ہندوؤں اور سکھوں کا سمبندھ خراب ہو رہا ہے ۔ سکھ نیتا ماسٹر تارا سنگھ نے الگ راجکی مانگ کو پھر سے دھرایا ہے ۔ ان کے علاوہ دراوڑوں' آدیواسیوں وغیرہ میں بھی اسنتوش اور علیحدگی کی بھاونا دیکھ پڑنے لگی ہے ۔ بھاشا' کلچر' جاتی' دھرم وغیرہ کے نام پر ان کے اندر زہریلی ہوا گھر کرتی جا رہی ہے ۔ اسطرح ہر نظریئے سے ہم دیکھتے ہیں کہ دیش میں فرقے وارانہ پاگل پن اور اسکی زہریلی ہوا پھیلی ہوئی ہے اور قومی ایکتا کا راستہ دھندلا ہو رہا ہے ۔

ہمارا فرض

آزادی کے لئے قومی ایکتا کی جتنی ضرورت تھی قوم کے پھر بناؤ اور ترقی کے لئے وہ ضرورت سو گنی زیادہ ہو گئی ہے ۔ بدقسمتی کی بات ہے کہ راشٹر پتا کے بلیدان کے بعد جہاں ہم میں قومی ایکتا کی خاطر کام کرنے کے لئے ایکسو پن کی ضرورت تھی وہاں ہم اس سوال کی طرف سے بغلیں جھانکنے لگے ہیں ۔ ہم فرقے وارانہ پاگل پن کے برباد کر دینے والے نتیجوں کو دیکھ چکے ہیں ۔ اس لئے آج زندگی کے ہر دائرے سے تنگ نظری اور سامپردائکتا کے بھاؤں کو اکھاڑ کر قومی ایکتا کو مضبوط بنانے کے لئے زبردست جن مت اور جن آندولن کی ضرورت ہے جس سے لوگوں کے سوچنے اور کام کا نظریہ ایکتا کے مطابق ہو ۔ آج یہی ہمارا پاک پوتر فرض ہے ۔

بھارتیہ قومی ایکتا منڈل

سامپردائکتا یا فرقہ پرستی کو اکھاڑ کر قومی ایکتا کو مضبوط بنانے کے مقصد سے جدا جدا وچار دھارا کے ودوانوں' نیتاؤں اور کام کرنے والوں کا ایک سمیلن پچھلے سال لکھنؤ میں پنڈت سندر لال جی کی صدارت میں ہوا تھا ۔ آچاریہ نریندر دیو' آچاریہ جگل کشور' شری کرشن دت پالیوال' شری گوبند سہائے' شری گنگا سہائے چوبے' شری ای ایم فلپس'

शक दूर कर सकने की लायक़ी अपने में नहीं महसूस करते हैं. नतीजा यह है कि इन सवालों और इन से पैदा होने वाले झगड़े के लिए हम पाकिस्तान के दोषों और इतिहास के गन्दे सफ़ों की तरफ़ देखने लगते हैं. हमारी समझ के फेर या दिमाग़ के रोगी होने की यही साफ़ पहचान है.

पिछले चुनाव

पिछले चुनाव के मौक़े पर पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश में साम्प्रदायिक या फ़िरके बन्दी की भावना के फैलाव और उसके नुक़सानदे नतीजों को साफ़ साफ़ कह दिया था और उसे जड़ से उखाड़ डालने की अपील की थी. चुनाव ख़त्म हुए. कुल हिन्द कांगरेस कमेटी की कलकत्ते वाली बैठक में फ़िरके बन्दी के ख़िलाफ़ कांगरेस की शानदार जीत पर ख़ुशी ज़ाहिर की. लेकिन इससे क्या यह पहचाना जा सकता है कि देश से फ़िरक़े वारियत उठ गई या उसका ज़ोर कम हो रहा है ?

दो नज़रिये

पंडित नेहरू के पुराने व लायक़ दोस्त डाक्टर सम्पूर्नानन्द ने अभी अभी कहा है कि देश के मुसलमानों में साम्प्रदायिक तंगनज़री के भाव मौजूद हैं और इस चुनाव में उन्होंने इस को ज़ाहिर किया हैं. श्री सम्पूर्नानन्द पर चुनाव का गहरा असर दीख पड़ता है. दूसरी तरफ़ शेरे काश्मीर शेख़ अब्दुल्ला के लफ़्ज़ों में, हिन्दुस्तान में फ़िरक़े वारियत का ज़ोर कम नहीं है और अगर पंडित नेहरू नहीं रहे तो कम गिनती वालों को काफ़ी ख़तरा व डर है. यहां इन नेताओं के ख़्यालों की गहरी छानबीन करने को ज़रूरत नहीं है. इनसे देश की आम हवा और सोचने और करने वग़ैरा के नज़रिये की झलक मिलती है. अगर सम्पूर्नानन्द जी आम हिन्दू भाइयों के विचारों को ज़ाहिर करते हों तो उनकी बातों से पता चलता है कि हिन्दुओं में मुसलमानों के अविश्वास की भावना अभी मौजूद है और उसी तरह अगर शेख़ साहब आम मुसलमान भाइयों के विचारों के अलमबरदार हों तो मानना होगा कि मुसलमानों में भी हिन्दुओं के लिये कहीं कहीं विश्वास के भाव चले आते हैं. इन नेताओं की बातों का भेद जो कुछ भी हो लेकिन आज इन दोनों फ़िरक़ों के आपसी अविश्वास की भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है. अगर पिछले चुनावों की छान बीन की जाय तो यह ज़ियादा साफ़ दिखाई पड़ेगा और मालूम होगा कि इस चुनाव के ज़रिये दोनों फ़िरक़ों (हिन्दू-मुसलमान) में साम्प्रदायिक तंग नज़री को ज़ियादा बल मिला है. आपस के शक-शुबे और अविश्वास की वजह से आज दोनों की एक दूसर में नहीं पटती और न दिमाग़ मिलते हैं. सवालों को समझने

ے دور کر سکنے کی لائقی اپنے میں نہیں محسوس
، ہیں۔ نتیجہ یہ ہے کہ اِن سوالوں اور اِن سے
ا ہونے والے جھگڑے کے لئے ہم پاکستان کے دوشوں
اتہاس کے گندے صفحوں کی طرف دیکھنے لگتے
ں ۔ ہماری سمجھ کے پھیر یا دماغ کے روگی ہونے کی
ی صاف پہچان ہے ۔

پچھلے چناؤ

پچھلے چناؤ کے موقعہ پر پنڈت جواہر لال نہرو نے
ش میں سامپردائک یا فرقے بندی کی بھاؤنا کے پھیلاؤ
इस क़िस्म की ज़हनियत रखने वाले महा कट्टर हिन्दू परस्त, मुसलमानों और उरदू दोनों को देस निकाला देना चाहते हैं. वह सोचते हैं कि करोड़ों को देस निकाला नहीं दिया जा सकता तो कम से कम उरदू को देस निकाला ज़रूर मिलना चाहिये. यही लोग हिन्दुस्तानी को जान बूझ कर उरदू कहते हैं और उरदू के साथ हिन्दुस्तानी के भी विरोधी हो गये हैं. पाकिस्तान में उरदू को तरक़्क़ी देने की जो कोशिशें हो रही हैं उनमें फ़ारसियत, अरबियत और धर्मियत का बड़ा दख़ल है. इसके तोड़ पर और इसकी ज़िद में यहां भी संस्कृतयावने को बड़ी अहमियत हासिल हो गई है. भाशा और लिखावट के मसले राजकाज से मिला दिये गये हैं. राजकाजी बंटवारे की वजह से आपसी अख़्तलाफ़ बहुत उभर आये हैं और उन में सब से ज़ियादा नुक़सान हिन्दुस्तानी को पहुँचा और पहुंच रहा है. खुल्लम खुल्ला पाक बाज़ी की तहरीक पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में चलाई जा रही है और बड़े ज़ोरों पर है. इस तहरीक से राजकाजी ओहदेदारों, क़ौमी नेताओं और भाशाई विद्वानों की बहुत बड़ी तैदाद हमदर्दी रखती और इत्तफ़ाक़ करती है. इन तीनों से ज़ियादा नुक़सान पहुँचानें वाला वह अध पढ़ा लिखा तबक़ा (वर्ग) है जिस के लोक राज और समाज के मुख़तलिफ़ दरजों पर फ़ाएज़ (नियुक्त) हैं. यही लोग मौक़ा बे मौक़ा अपनी जाहिलाना वाक़फ़ियत का प्रचार कर के आम उच्चारन और जनताई ज़बान की तरक़्क़ी और फैलाव में रोड़े अटकाते हैं. यही लोग कोशिश करते हैं कि सरकारी रूदादें, रेडियाई ब्राडकास्ट, दरसी किताबें, विद्याई भाशन, अध इलमी रिसाले और नाम की इलमी बहसें इसी ज़बान में हों. इस कोशिश के बावजूद यही लोग बार बार आम उच्चारन के मुताबिक़ बोलते हैं और जनता के चलन दिये ये लफ़्ज़ लिखते बोलते हैं. इन ही मौक़ों पर हिन्दुस्तानी की जीत होती है और इन ही बातों से सबूत मिलता है कि हिन्दुस्तानी ज़िन्दा है और ज़िन्दा रहेगी. ख़ुद पाक बाज़ों की तहरीर और बोल चाल में, इससे ज़ियादा घरेलू बात चीत और बे तकल्लुफ़ाना तहरीर में, भाशा और अदब के काले आसमान पर अंधियारा है. गरजने वाले बादलों की कड़क आ आ कर लोगों को सहमा रही है, बार बार बिजली की चमक से दिल दहल रहे हैं—साथ ही जा बजा बादल के छटने के आसार दिखाई देते हैं, और रह रह कर उम्मीद की किरनें भी दिखाई देती हैं जिन से ढारस बंधता और दिल दिमाग़ को ताज़गी बख़्शने वाली याद आती है कि तूफ़ान संसार का मामूल नहीं है वह थोड़ी देर की बात है, चन्द दिनों के बाद सकून का होना अटल है.

इसमें शक नहीं कि बंटवारे से हिन्दुस्तानी की राजकाजी हैसियत गिर जाने से उसको बड़ा नुक़सान पहुंचा मगर केवल बंटवारे की वजह से आपसी सम्बन्ध तो कमज़ोर हुए और

اِس قسم کی ذہنیت رکھنے والے مہا کٹر ہندو پرست، مسلمانوں اور اُردو دونوں کو دیس نکالا دینا چاہتے ہیں، وہ سوچتے ہیں کہ کروڑوں کو دیس نکالا نہیں دیا جا سکتا تو کم سے کم اُردو کو دیس نکالا ضرور ملنا چاہئے۔ یہی لوگ ہندستانی کو جان بوجھ کر اُردو کہتے ہیں اور اُردو کے ساتھ ہندستانی کے بھی وِرودھی ہوگئے ہیں۔ پاکستان میں اُردو کو ترقی دینے کی جو کوششیں ہو رہی ہیں اُن میں فارسیت، عربیت اور دھرمیت کا بڑا دخل ہے۔ اِس کے توڑ پر اور اِس کی ضد میں یہاں بھی سنسکرتیانے کو بڑی اہمیت حاصل ہو گئی ہے۔ بھاشا اور لکھاوٹ کے مسئلے راج کاج سے ملا دیئے گئے ہیں۔ راج کاجی بٹوارے کی وجہ سے آپسی اختلاف بہت اُبھر آئے ہیں اور اُن میں سب سے زیادہ نقصان ہندستانی کو پہنچا اور پہنچ رہا ہے۔ کھلم کھلا پاک بازی کی تحریک پاکستان اور ہندستان میں چلائی جا رہی ہے اور بڑے زوروں پر ہے۔ اس تحریک سے راجکاجی عہدے داروں، قومی نیتاؤں اور بھاشائی وِدوانوں کی بہت بڑی تعداد ہمدردی رکھتی اور اتفاق کرتی ہے۔ اِن تینوں سے زیادہ نقصان پہنچانے والا وہ ادھ پڑھا لکھا طبقہ (ورگ) ہے جس کے لوگ راج اور سماج کے مختلف درجوں پر فائز (نیُکت) ہیں۔ یہی لوگ موقع بے موقع اپنی جاہلانہ واقفیت کا پرچار کر کے عام اُچارن اور جنتائی زبان کی ترقی اور پھیلاؤ میں روڑے اٹکاتے ہیں۔ یہی لوگ کوشش کرتے ہیں کہ سرکاری روئیدادیں، ریڈیائی براڈکاسٹ، درسی کتابیں، ودیائی بھاشن، ادھ علمی رسالے اور نام کی علمی بحثیں اسی زبان میں ہوں۔ اِس کوشش کے باوجود یہی لوگ بار بار عام اُچارن کے مطابق بولتے ہیں اور جنتا کے چلن دیئے ہوئے لفظ لکھتے بولتے ہیں۔ اِن ہی موقعوں پر ہندستانی کی جیت ہوتی ہے اور اِن ہی باتوں سے ثبوت ملتا ہے کہ ہندستانی زندہ ہے اور زندہ رہے گی۔ خود پاک بازوں کی تحریر اور بول چال میں، اس سے زیادہ گھریلو بات چیت اور بے تکلفانہ تحریر میں، بھاشا اور ادب کے کالے آسمان پر اندھیارا ہے۔ گرجنے والے بادلوں کی کڑک آ آ کر لوگوں کو سہما رہی ہے، بار بار بجلی کی چمک سے دل دہل رہے ہیں—ساتھ ہی جا بجا بادل کے چھٹنے کے آثار دکھائی دیتے ہیں، اور رہ رہ کر اُمید کی کرنیں بھی دکھائی دیتی ہیں جن سے ڈھارس بندھتا اور دل دماغ کو تازگی بخشنے والی یاد آتی ہے کہ طوفان سنسار کا معمول نہیں ہے وہ تھوڑی دیر کی بات ہے، چند دنوں کے بعد سکون کا ہونا اٹل ہے۔

اِس میں شک نہیں کہ بٹوارے سے ہندستانی کی راجکاجی حیثیت گر جانے سے اُس کو بڑا نقصان پہنچا مگر صرف بٹوارے کی وجہ سے آپسی سمبندھ نہ تو ختم ہوئے اور

बंटवारे के बावजूद हिन्दुस्तानी की ज़रूरत

(जारी)

(डाक्टर जाफ़र हसन)

यह एक हक़ीक़त है कि हिन्दी और उरदू एक दूसरे के बरअक्स (उलटे) रास्तों पर बढ़ती और एक दूसरे से दूर होती जा रही हैं. क्या यह झुकाव ख़ुद हिन्दी और उरदू के हक़ में नुक़सान पहुँचाने वाला नहीं ? क्या इस फूट को दूर या कम नहीं किया जा सकता ? क्या हम इतना भी नहीं कर सकते कि हिन्दी और उरदू की दो धाराओं को अलग अलग बहने दें मगर बड़ी बड़ी नहरें इस तरह बनायें कि बड़े बड़े इलाक़े दोनों के पानी से सेराब हों (सींचे जावें) ? क्या हम हिन्दी को कठिन और उरदू को मुश्किल बनता हुआ देखते रहें और इतनी भी कोशिश न करें कि कठिन हिन्दी की जगह सरल हिन्दी और मुश्किल उरदू की जगह आसान उरदू तरक़्क़ी करे ? कठिन हिन्दी और मुश्किल उरदू की जगह न सही दोनों के साथ साथ क्या हिन्दुस्तानी को ज़िन्दा रहने का हक़ नहीं ? हमारे बाप दादा जो मिलवां ज़बान हमें तरके में मिली है, क्या उसको मिलवां रखनेकी कोशिश करना हमारा हक़ और फ़र्ज़ नहीं है ?

मैं उन लोगों में हूँ जिनका यह पूरा, पक्का और सच्चा विश्वास है कि हिन्दुस्तानी को ज़िन्दा सलामत रखने में चाहे हम जीतें चाहे हारें, हर हाल में हमें पूरी पूरी कोशिश करनी चाहिये कि हिन्दी और उरदू को क़रीब लाया जाय. दोनों में चलने और चल सकने वाले लफ़्ज़ों की तैदाद बढ़ाई जाय. दोनों को आम बोल चाल के मुताबिक़ ढलने में मदद दी जाय. मैं जानता हूँ कि यह काम बहुत मुश्किल और निरासी है. विधान ने हिन्दी को राज भाशा का दरजा दे दिया है. सन 1964 तक हिन्दी को अंगरेज़ी की जगह लाने का फ़ैसला भी हो चुका है. हिन्दी की तरक़्क़ी और फैलाव उन लोगों के हाथ में है जो जनताई हिन्दी के सख़्त विरोधी हैं, और विद्वानी हिन्दी चलाने में सरकार का रुपया और अपने साथियों की जान्दारी सर्फ़ कर रहे हैं. बंटवारे की वजह से उरदू को पहले से ज़ियादा सिर्फ़ मुसलमानों की ज़बान कहा जाता है, और बहुत से लोग सोचते और बाज़ कहते भी हैं कि:—

"जब पाकिस्तान बन गया और उरदू वहां की क़ौमी ज़बान ठहराई जा चुकी तो फिर भारत में उरदू का क्या ठिकाना है."

بٹوارے کے باوجود ہندستانی کی ضرورت

(جاری)

(ڈاکٹر جافر حسن)

یہ ایک حقیقت ہے کہ ہندی اور اردو ایک دوسرے کے برعکس (الٹے) راستوں پر بڑھتی اور ایک دوسرے سے دور ہوتی جا رہی ہیں۔ کیا یہ جھکاؤ خود ہندی اور اردو کے حق میں نقصان پہنچانے والا نہیں ؟ کیا اِس پھوٹ کو دور یا کم نہیں کیا جا سکتا؟ کیا ہم اِتنا بھی نہیں کر سکتے کہ ہندی اور اردو کی دو دھاراؤں کو الگ الگ بہنے دیں مگر بڑی بڑی نہریں اِس طرح بنائیں کہ بڑے بڑے علاقے دونوں کے پانی سے سیراب ہوں (سینچے جاویں) ؟ کیا ہم ہندی کو کٹھن اور اردو کو مشکل بنتا ہوا دیکھتے رہیں اور اتنی بھی کوشش نہ کریں کہ کٹھن ہندی کی جگہ سرل ہندی اور مشکل اردو کی جگہ آسان اردو ترقی کرے ؟ کٹھن ہندی اور مشکل اردو کی جگہ نہ سہی دونوں کے ساتھ ساتھ کیا ہندستانی کو زندہ رہنے کا حق نہیں ؟ ہمارے باپ دادا سے جو ملواں زبان ہمیں ترکے میں ملی ہے، کیا اُس کو ملواں رکھنے کی کوشش کرنا ہمارا حق اور فرض نہیں ہے ؟

میں اُن لوگوں میں ہوں جن کا یہ پورا، پکا اور سچا وشواس ہے کہ ہندستانی کو زندہ سلامت رکھنے میں چاہے ہم جیتیں چاہے ہاریں، ہر حال میں ہمیں پوری پوری کوشش کرنی چاہئے کہ ہندی اور اردو کو قریب لایا جائے. دونوں میں چلنے اور چل سکنے والے لفظوں کی تعداد بڑھائی جائے ۔ دونوں کو عام بول چال کے مطابق ڈھلنے میں مدد دی جائے ۔ میں جانتا ہوں کہ یہ کام بہت مشکل اور نراسی ہے ۔ ودھان نے ہندی کو راج بھاشا کا درجا دے دیا ہے ۔ سن 1964 تک ہندی کو انگریزی کی جگہ لانے کا فیصلہ بھی ہو چکا ہے ۔ ہندی کی ترقی اور پھیلاؤ اُن لوگوں کے ہاتھ میں ہے جو جنتائی ہندی کے سخت ورودھی ہیں، اور ودوانی ہندی چلانے میں سرکار کا روپیا اور اپنی اور اپنے ساتھیوں کی جاندار‌ی صرف کر رہے ہیں ۔ بٹوارے کی وجہ سے اردو کو پہلے سے زیادہ صرف مسلمانوں کی زبان کہا جاتا ہے، اور بہت سے لوگ سوچتے اور باز کہتے بھی ہیں کہ :—

"جب پاکستان بن گیا اور اردو وہاں کی قومی زبان ٹھہرائی جا چکی تو پھر بھارت میں اردو کا کیا ٹھکانا

जिनका कोई क़ायम असर नहीं रहने वाला है. मगर यह हिन्द-अमरीकी समझौता तो एक क़ायम रहने वाला सिलसिला है. यह असल में अमरीका के वास्ते एक पट्टा है जिससे वह अपने को हिन्दुस्तान में जमा सके, पहले एक ब्योपारी के भेस में और बाद में हिन्दुस्तान के राज-नीतिक या सियासी आक़ा के भेस में. हिन्द सरकार ने अपनी सारी इन्तज़ामी मशीनरी अमरीका के सुपुर्द करने और उसकी इश्तहार बाज़ी या प्रोपेगन्डा करने के लिए रज़ामन्दी दे दी है. अमरीका के अफ़सरों हाकिमों वग़ैरा को हिन्दुस्तान में रहने घूमने, फिरने और यहां के लोगों से मिलने जुलने की पूरी इजाज़त बख़्शी गई है लेकिन हिन्दुस्तान का रत्ती भर क़ानून भी उन पर लागू नहीं हो सकता. फिर कौन है जो उन्हें मन चाहे राजकाजी या समाजी विचारों का प्रचार करने और हिन्दुस्तान में झगड़े टंटे या गुट्ट खड़े करने से रोक सके? बहुत मुमकिन है कि अगले चुनाव में कुछ लोग अमरीका की तरफ़ से खड़े हों, कुछ लोग रूस की तरफ़ से और कुछ ख़ालिस हिन्दुस्तानी पार्टियों की तरफ़ से, और फिर इनमें ख़ूब गुत्थमगुत्था हो.

मैं इस उसूल से पूरी तरह सहमत हूं कि सारी दुनिया एक है, और न इसमें ही कोई हर्ज है, बल्कि यह इन्सानियत और क़ुदरत के मुताबिक़ है कि ज़रूरत के वक़्त एक जगह के लोग दूसरी जगह वालों के काम आयें. मैं यह भी ठीक समझता हूं कि जिसके पास ज़रूरत से ज़ियादा चीज़ है वह उसमें उन को भी शरीक करे जिनके पास कम है. और क्या देनदार क्या लेनदार दोनों की ही इसमें बरक्कत है. बड़े बड़े कारनामे और विज्ञान की तरक़्क़ी इस तरह नहीं अंजाम देनी चाहिये कि उनसे अमन शान्ति ख़तरे में पड़ जाय. लेकिन यह साफ़ ज़ाहिर है कि योरप और एशिया की मदद देने में अमरीका के इरादे उतने परोपकार के नहीं हैं जितना कि ऐसी चीज़ के लिये होना चाहिये. उसका खुले आम मक़सद कम्युनिस्ट विरोधी मोर्चा खड़ा करना है और कम्युनिस्टों का रुख़ भी उतना ही रोशन है. इन दोनों में कुत्ते बिल्ली का सा बैर है और दोनों इसी फ़िराक़ में रहते हैं कि किस तरह अपने स्वार्थ के लिए दूसरे लोगों को अपने फंजे में फांस लें. उन्हें दूसरों से कोई भाई चारा या प्रेम नहीं है. जब तक इन दोनों लालची देशों या उनके हमजोलियों का यह रुख़ रहता है तब तक तो हमें अपने देश को अपनी ही कोशिश से खड़ा करना या बनाना चाहिये. बेहतर तो यह है कि हमारी उन्नति धीरे धीरे हो न कि यह कि हम उसका कोई स्वांग रचें. और स्वांग भी कैसा कि जिसके पीछे सिर्फ़ दीवालिये पन का दौर दौरा हो और जिससे घरेलू लड़ाई या अन्तर क़ौमी जंग कभी भी हो सकती हो.

वर्धा, 9 जून 1952

ہندستان کو امریکی مدد

جن کا کوئی قائم اثر نہیں رہنے والا ہے. مگر یہ ہند امریکی سمجھوتہ تو ایک قائم رہنے والا سلسلہ ہے. یہ اصل میں امریکہ کے واسطے ایک پٹہ ہے جس سے وہ اپنے کو ہندستان میں جما سکے، پہلے ایک بیوپاری کے بھیس میں اور بعد میں ہندستان کے راج نیتک یا سیاسی آقا کے بھیس میں. ہند سرکار نے اپنی ساری انتظامی مشینری امریکہ کے سپرد کرنے اور اُس کی اشتہار بازی یا پروپیگنڈا کرنے کے لئے رضامندی دے دی ہے. امریکہ کے افسروں حاکموں وغیرہ کو ہندستان میں رہنے، گھومنے پھرنے اور یہاں کے لوگوں سے ملنے جلنے کی اجازت بخشی گئی ہے لیکن ہندستان کا رتی بھر قانون بھی اُن پر لاگو نہیں ہو سکتا. پھر کون ہے جو اُنہیں من چاہے راج کاجی یا سماجی وچاروں کا پرچار کرنے اور ہندستان میں جھگڑے ٹنٹے یا گٹ کھڑے کرنے سے روک سکے؟ بہت ممکن ہے کہ اگلے چناؤ میں کچھ لوگ امریکہ کی طرف سے کھڑے ہوں، کچھ لوگ روس کی طرف سے اور کچھ خالص ہندستانی پارٹیوں کی طرف سے، اور پھر ان میں گتھم گتھا ہو.

میں اِس اصول سے پوری طرح سہمت ہوں کہ ساری دنیا ایک ہے، اور نہ اِس میں ہی کوئی حرج ہے بلکہ یہ اِنسانیت اور قدرت کے مطابق ہے کہ ضرورت کے وقت ایک جگہ کے لوگ دوسرے جگہ والوں کے کام آئیں. میں یہ بھی ٹھیک سمجھتا ہوں کہ جس کے پاس ضرورت سے زیادہ چیز ہے وہ اُس میں اُن کو بھی شریک کرے جن کے پاس کم ہے. اور کیا دینے دار کیا لینے دار دونوں کی ہی اِس میں برکت ہے. بڑے بڑے کارنامے اور وگیان کی ترقی اِس طرح نہیں انجام دینی چاہئے کہ اُن سے امن شانتی خطرے میں پڑ جائے. لیکن یہ صاف ظاہر ہے کہ یورپ اور ایشیا کی مدد دینے میں امریکہ کے ارادے اُتنے پرو پکار کے نہیں ہیں جتنا کہ ایسی چیز کے لئے ہونا چاہئے. اُس کا کھلے عام مقصد کمیونسٹ ورودھی مورچہ کھڑا کرنا ہے اور کمیونسٹوں کا رخ بھی اُتنا ہی روشن ہے. اِن دونوں میں کتے بلی کا سا بیر ہے اور دونوں اسی فراق میں رہتے ہیں کہ کس طرح اپنے سوارتھ کے لئے دوسرے لوگوں کو اپنے پنجے میں پھانس لیں. اُنہیں دوسروں سے کوئی بھائی چارا یا پریم نہیں ہے. جب تک اِن دونوں لالچی دیشوں یا اُن کے ہمجولیوں کا یہ رخ رہتا ہے تب تک تو ہمیں اپنے دیش کو اپنی ہی کوشش سے کھڑا کرنا یا بنانا چاہئے. بہتر تو یہ ہے کہ ہماری اُنتی دھیرے دھیرے ہو نہ کہ یہ کہ ہم اُس کا کوئی سوانگ رچیں. اور سوانگ بھی کیسا کہ جس کے پیچھے صرف دیوالیئے پن کا دور دورا ہو اور جس سے گھریلو لڑائی یا انتر قومی جنگ کبھی بھی ہو سکتی ہو.

وردھا، 9 جون 1952

मुंह ही मोड़ा जा सकता है. इसके यह माने नहीं होते कि वह इस बात का इक़रार करते हैं कि जंगी सामान को ज़ियादा बरबाद कारी बनाने और उसका ढेर जमा करने से शान्ति की हिफ़ाज़त हो सकती है. लेकिन इस वजह से कि उन्हें अपने उसूलों में ढिलाई करनी पड़ती है या जो उनका अपना विश्वास है उसके सब पहलुओं को वह पूरी तरह नहीं निभा पाते हैं, वह यह भी नहीं चाहते कि जो अपना फ़र्ज़ है उससे बच कर भागा जाय.

सच पूछा जाय तो मेरा ख़्याल यह है कि आर्थिक प्रोग्राम के बारे में पंडित जी के सोचने का ढंग साफ़ साफ़ समझ में नहीं आता. उन्हें केन्द्रीकरन और जमाबन्दी से कोई मोहब्बत नहीं है, लेकिन मुझे यह महसूस होता है कि मशीन की ताक़त में, साइन्सी साधनों की ताक़त में और बड़े पैमाने वाली पैदावार की अर्थनीति की ताक़त में उन्हें गहरा अन्ध विश्वास है. शायद उनको यह भी महसूस होता है कि चर्खे, ग्रामोद्योग और हल बैल के तरीक़े से जो पैदावार की जाती है वह इतने अदना पाये की है कि 36 करोड़ की आबादी वाली बड़े प्रजातन्त्र की सरकार उस पर विचार करके अपना वक़्त नहीं ख़राब कर सकती. इसलिये वह दिल से चाहते हैं कि देश में कारख़ाने फैलाये जायें और देश का उद्योगीकरन किया जाय. यह भी मालूम होता है कि पंडित जवाहरलाल की राय उन लोगों से मेल नहीं खाती जो यह सोचते हैं कि जंग और बड़े पैमाने के उद्योगीकरन का चोली दामन का जैसा साथ है.

अपने इस रुख़ की वजह से जवाहरलाल जी का बड़ी बड़ी योजनाओं की तरफ़ रुझान दिन दुगना रात चौगुना बढ़ता जाता है और उन्होंने बहुत सी योजनायें चला भी रक्खी हैं. उनमें से कुछ तो बुरी तरह निकम्मी साबित हुई हैं और उनका काफ़ी ख़मयाज़ा देश को भुगतना पड़ा है. कुछ योजनाओं में सरकार को उसके ही अफ़सरों, सलाहकारों, तकनीकियों और दूसरों ने ख़ूब धोका दिया है. इन ही स्कीमों का एक सब से बड़ा और सब से मंहगा सबक़ यही रहा कि नैतिक चाल चलन में हम लोग बहुत ही गिरे हुए साबित हुए और हमारे अन्दर देश का दर्द रत्ती भर भी नहीं है. दूसरी बातों को जाने दीजिये हमारा क़ौमी पुनर्उद्धार केवल भारी भारी फिर बनाव के कामों से नहीं किया जा सकता. आर्थिक फिर-बनाव के मुक़ाबले कहीं ज़ियादा महत्व की और बुनियाद की चीज़ है नैतिक फिर-बनाव और जिसकी जड़ें बहुत ही ठोस होनी चाहियें. अगर नैतिक फिर-बनाव ठीक ठीक चले तो आर्थिक फिर-बनाव धीरे धीरे होता ही जायगा.

माना कि इन योजनाओं की नाकामयाबी और उनमें बेईमानी का बोल बाला होने से मुल्क को बहुत नुक़सान हुआ लेकिन इनमें से ज़ियादातर सिर्फ़ छुट्टा मामले हैं

ھی موڑا جا سکتا ھے ۔ اِس کے یہ معنے نہیں
کہ وہ اِس بات کا اقرار کرتے ھیں کہ جنگی سامان
زیادہ برباد کاری بنانے اور اُس کا ڈھیر جمع کرنے سے
نتی کی حفاظت ھوسکتی ھے ۔ لیکن اِس وجہ سے کہ
ھیں اپنے اُصولوں میں ڈھیلائی کرنی پڑتی ھے یا جو اُن
اپنا وشواس ھے اُن کے سب پہلوؤں کو وہ پوری طرح
ں نبھا پاتے ھیں، وہ یہ بھی نہیں چاھتے
جو اپنا فرض ھے اُس سے بچ کر بھاگا جائے ۔

سچ پوچھا جائے تو میرا خیال یہ ھے کہ آرتھک
گرام کے بارے میں پنڈت جی کے سوچنے کا ڈھنگ
ف صاف سمجھ میں نہیں آتا. اُنھیں کیندری کرن اور
مع بندی سے کوئی محبت نہیں ھے، لیکن مجھے یہ
حسوس ھوتا ھے کہ مشین کی طاقت میں، سائنسی
دھنوں کی طاقت میں اور بڑے پیمانے والی پیداوار کی
نیتی کی طاقت میں اُنھیں گہرا اندھ وشواس ھے ۔
ید اُن کو یہ بھی محسوس ھوتا ھے کہ چرخے، گرام اُدیوگ
ھل بیل کے طریقے سے جو پیداوار کی جاتی ھے وہ
نے ادنیٰ پائے کی ھے کہ 36 کروڑ کی آبادی والی بڑے
جاتنتر کی سرکار اُس پر وچار کرکے اپنا وقت نہیں
راب کرسکتی ۔ اِس لئے وہ دل سے چاھتے ھیں کہ دیش
ں کارخانے پھیلائے جائیں اور دیش کا اُدیوگی کرن کیا
ئے. یہ بھی معلوم ھوتا ھے کہ پنڈت جواھر لال کی رائے
ں لوگوں سے میل نہیں کھاتی جو یہ سوچتے ھیں کہ
نگ اور بڑے پیمانے کے اُدیوگی کرن کا چولی دامن کا
یسا ساتھ ھے ۔

اپنے اِس رخ کی وجہ سے جواھر لال جی کا بڑی بڑی
جناؤں کی طرف رجحان دن دوگنا رات چوگنا بڑھتا
تا ھے اور اُنھوں نے بہت سی یوجنائیں چلا بھی رکھی
یں ۔ اُن میں سے کچھ تو بری طرح نکمی ثابت ھوئیں
ر اُن کا کافی خمیازہ دیش کو بھگتنا پڑا ھے. کچھ یوجناؤں
یں سرکار کو اُس کے ھی افسروں، صلاح کاروں، تکنیکیوں
ر دوسروں نے خوب دھوکا دیا ھے. اِن ھی اسکیموں کا ایک
ب سے بڑا اور سب سے مہنگا سبق یہی رھا کہ نیتک
ال چلن میں ھم لوگ بہت ھی گرے ھوئے ثابت ھوئے اور
مارے اندر دیش کا درد رتی بھر بھی نہیں ھے ۔ دوسری
توں کو جانے دیجئے ھمارا قومی پنر اُدھار کیول بھاری
اری پھر بناؤ کے کاموں سے نہیں کیا جا سکتا ۔ آرتھک
بناؤ کے مقابلے کہیں زیادہ مہتو کی اور بنیاد کی چیز
نیتک پھر بناؤ اور جس کی جڑیں بہت ھی ٹھوس
نی چاھئیں ۔ اگر نیتک پھر بناؤ ٹھیک ٹھیک چلے تو
تھک پھر بناؤ دھیرے دھیرے ھوتا ھی جائے گا ۔

مانا کہ اِن یوجناؤں کی ناکامیابی اور اُن میں بے
مانی کا بول بالا ھونے سے ملک کو بہت نقصان ھوا
کن اِن میں سے زیادہ تر صرف چھٹا معاملے ھیں

इसके बाद आनेवाली कोई दूसरी हुकूमत भी उतनी आज़ादी के साथ काम नहीं करेगी? ज़रूर इसमें थोड़ी जोखिम है लेकिन बिना जोखिम के तो दुनिया में कोई कुछ नहीं कर सकता.

उसूली तौर पर यह एक सही बहस है लेकिन लोगों की निजी ज़िन्दगी में या क़ौमों के राजकाजी इतिहास में जो असली अनुभव आते हैं उनसे मेल नहीं खाती. बल्कि सच तो यह है कि आम तौर से यह देखा जाता है कि लेने वाला देने वाले का हर तरह से मोहताज बन जाता है. अपना काम न फिर वह आज़ादी से कर पाता है और न अपनी सूझ बूझ ही इस्तेमाल कर पाता है. देने वाले या उपकार करने वाले की मरज़ी के ख़िलाफ़ जाने के नतीजे इतने भयानक होते हैं कि लेने वाले में यह जोखिम उठाने की हिम्मत नहीं होती.

अगर 5 जनवरी 1952 वाले समझौते को और उसी के कारन होने वाले बाद के छोटे समझौतों को ध्यान से देखा जाय तो पता चलता है कि हिन्दुस्तान इनके ज़रिये जिन जोखिमों में फंस गया है वह इतनी ज़बरदस्त और दर्दनाक हैं कि यह समझौता गुलामी का एक पक्का पट्टा साबित हो सकता है. मुझे इन जोखिमों को दोहराने की ज़रूरत नहीं है. क्योंकि श्री सुरेश रामभाई ने अपनी इस किताब में उन्हें बहुत अच्छी तरह से बयान किया है. यह जोखिम केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि राजकाज और मन से भी इनका वास्ता है. मन से सम्बन्ध रखने वाली जोखिम जिसकी तरफ़ मैं ध्यान खींचना चाहता हूँ वह यह है कि कम से कम दो विरोधी तरह के ख़्याल लोगों के दिल में घर कर जायेंगे—पहला यह कि अमरीका की दोस्ती और मदद के बिना हम जी नहीं सकते और दूसरा यह (जो पहले ख़्याल का करारा जवाब है) कि अमरीका के चंगुल से निकलने के लिये हमको कम्युनिस्टों की शरन लेनी चाहिये इस तरह के समझौते का यह नतीजा हो सकता है कि वही चीज़ ज़ोर शोर से हो जाय जो अमरीका बचाना चाहता है. चीन और कोरिया का नाटक हिन्दुस्तान में भी सामने आ सकता है.

पंडित जवाहरलाल जी की सच्चाई और नेकी में किसी को रत्ती भर भी शक नहीं हो सकता. उन्हें अपने अन्दर विश्वास है और हमारी जनता की बुनियादी लायक़ी में विश्वास है. और उन्हें इस बात का भी पूरा भरोसा है कि हिन्दुस्तान आगे चल कर दुनिया की एक बड़ी क़ौम बन कर रहेगा. वह दुनिया के एक होने में भरोसा रखते हैं. जंग के ख़ात्मे में और अमन शान्ति में भी उनका भरोसा है और वह मानते हैं कि यह चीज़ हथियारों वग़ैरा से नहीं बल्कि अहिंसा से ही मुमकिन है. लेकिन वह यह भी जानते हैं कि दुनिया की इस वक़्त जो हालत है इसमें उसूल की लकीर के फ़क़ीर नहीं हुआ जा सकता और न जंग के सरंजाम वग़ैरा से

اس کے بعد آنے والی کوئی دوسری حکومت بھی اتنی آزادی کے ساتھ کام نہیں کریگی؟ ضرور اس میں تھوڑی جوکھم ہے لیکن بنا جوکھم کے تو دنیا میں کوئی کچھ نہیں کر سکتا۔

اصولی طور پر یہ ایک صحیح بحث ہے لیکن لوگوں کی نجی زندگی میں یا قوموں کے راجکاجی اتہاس میں جو اصلی انوبھو آتے ہیں اُن سے میل نہیں کھاتی۔ بلکہ سچ تو یہ ہے کہ عام طور سے یہ دیکھا جاتا ہے کہ لینے والا دینے والے کا ہر طرح سے محتاج بن جاتا ہے۔ اپنا کام نہ پھر وہ آزادی سے کر پاتا ہے اور نہ اپنی سوجھ بوجھ ہی استعمال کر پاتا ہے۔ دینے والے یا اپکار کرنے والے کی مرضی کے خلاف جانے کے نتیجے اتنے بھیانک ہوتے ہیں کہ لینے والے میں یہ جوکھم اُٹھانے کی ہمت نہیں ہوتی۔

اگر 5 جنوری 1952 والے سمجھوتے کو اور اُسی کے کارن ہونے والے بعد کے چھوٹے سمجھوتوں کو دھیان سے دیکھا جائے تو پتہ چلتا ہے کہ ہندستان ان کے ذریعے جن جوکھموں میں پھنس گیا ہے وہ اتنی زبردست اور دردناک ہیں کہ یہ سمجھوتہ غلامی کا ایک پکا پٹہ ثابت ہوسکتا ہے۔ مجھے اُن جوکھموں کو دہرانے کی ضرورت نہیں ہے۔ کیونکہ شری سریش رام بھائی نے اپنی اس کتاب میں اُنہیں بہت اچھی طرح سے بیان کیا ہے۔ یہ جوکھم کیول آرتھک ہی نہیں بلکہ راجکاج اور من سے بھی ان کا واسطہ ہے۔ من سے سمبندھ رکھنے والی جوکھم جس کی طرف میں دھیان کھینچنا چاہتا ہوں وہ یہ ہے کہ کم سے کم دو ورودھی طرح کے خیال لوگوں کے دل میں گھر کر جائیں گے—پہلا یہ کہ امریکہ کی دوستی اور مدد کے بنا ہم جی نہیں سکتے اور دوسرا یہ (جو پہلے خیال کا کرارا جواب ہے) کہ امریکہ کے چنگل سے نکلنے کے لئے ہمکو کمیونسٹوں کی شرن لینی چاہئے۔ اس طرح کے سمجھوتے کا یہ نتیجہ ہوسکتا ہے کہ وہی چیز زور شور سے ہو جائے جو امریکہ بچانا چاہتا ہے۔ چین اور کوریا کا ناٹک ہندستان میں بھی سامنے آ سکتا ہے۔

پنڈت جواہر لال جی کی سچائی اور نیکی میں کسی کو رتی بھر بھی شک نہیں ہوسکتا۔ اُنہیں اپنے اندر وشواس ہے اور ہماری جنتا کی بنیادی لائقی میں وشواس ہے۔ اور اُنہیں اس بات کا بھی پورا بھروسہ ہے کہ ہندستان آگے چل کر دنیا کی ایک بڑی قوم بن کر رہے گا۔ وہ دنیا کے ایک ہونے میں بھروسہ رکھتے ہیں۔ جنگ کے خاتمے میں اور امن شانتی میں بھی اُن کا بھروسہ ہے اور وہ مانتے ہیں کہ یہ چیز ہتھیاروں وغیرہ سے نہیں بلکہ اہنسا سے ہی ممکن ہے۔ لیکن وہ یہ بھی جانتے ہیں کہ دنیا کی اس وقت جو حالت ہے اس میں اُصول کی لکیر کے فقیر نہیں ہوا جاسکتا اور نہ جنگ کے سرانجام وغیرہ سے

फिर-बनाव का काम जल्दी से जल्दी अंजाम दिया जाय. उन्हें उन काहिलों या सुस्त लोगों से बहुत घबराहट होती है जो तरक़्क़ी के छोटे मोटे कामों पर सहज में सन्तोश कर लेते हैं. पंडित जी को आजकल के तकनीकी विज्ञान में बहुत गहरा विश्वास है और वह चाहते हैं कि हिन्दुस्तान की आर्थिक बेहतरी के लिए इससे पूरा पूरा फ़ायदा उठाया जाय. वह चाहते हैं कि हिन्दुस्तान में इतनी बड़ी बड़ी योजनायें चलाई जायें जितनी कि दुनिया के किसी हिस्से में भी न चली हों. इसमें कोई शक नहीं कि हिन्दुस्तान यह सब कर दिखाने की लायक़ी रखता है. उसके पिछले कारनामे कौन नहीं जानता ? क्या सदियों तक जीवन के हर किसी भी दायरे में वह संसार का अगुआ नहीं था ? हम उन्हीं लोगों की औलाद हैं, हमारा दिमाग़ भी काफ़ी अच्छी तरह काम करता है और अगर हमें मुनासिब मौक़ा रहबरी और साधन मिलें तो कोई वजह नहीं कि हम फिर पहले की जैसी तरक़्क़ी न कर लें.

पिछली दो सदियों से ज़ियादा अरसा बीता हिन्दुस्तान की बेइन्तहा दौलत विदेशों ने हड़प ली है और चूस चूस कर उसका मानो ख़ून ही निकाल लिया गया है. पंडित जवाहर लाल और दूसरे बहुत से लोगों का शायद यह ख़्याल है कि अपने ही साधनों के ज़रिये हिन्दुस्तान को अपने को फिर से ख़ुशहाल बना लेना मुमकिन नहीं है. और अगर है भी तो बहुत ही धीमी चींटी जैसी रफ़्तार के साथ. वह यह सोचते हैं कि अगर अपने देश के विकास की ख़ातिर हमें कहीं से पैसा या सामान उधार या दान की शक्ल में मिल सकता है—बशर्ते कि हमारी क़ौमी आज़ादी और शान बदस्तूर बनी रहे—तो उसे मांगने, उसके लिये बात चीत करने या उसे मंज़ूर करने में किसी डर या घबराहट या घमंड की वजह से हमें बिदकना नहीं चाहि येऐसी मदद लेने में दुनियावी तौर पर न कोई ग़लती है न उसमें अनैतिकता ही है. अपनी निजी ज़िन्दगी में लोग रोज़ाना शिरकत और लेन देन के समझौते करते हैं और फिर भी उनकी अपनी शख़्सियत और दर्जे या पदवी में बाल बराबर भी फ़र्क़ नहीं आता. पर यह बात कि कोई समझौता करके उसके बाहर के दायरे के मामलों में कोई आदमी दूसरी पार्टी से दबेगा या नहीं इस बात पर मुनहसिर है कि उसके अन्दर आत्म विश्वास किस पाये या बुलन्दी का है. पंडित जवाहरलाल नेहरू शायद यह महसूस करते हैं कि हिन्दुस्तान की यह बुज़दिली होगी कि वह अपने लिए ज़रूरी और बाहर से मिलने वाली मदद को सिर्फ़ इस डर से इन्कार कर दे कि इसके क़बूल करने से क़ौमी या अन्तर क़ौमी मामलों में वह अपनी आज़ादी क़ायम नहीं रख सकेगा. पंडित जवाहरलाल कई बार यह दिखला चुके हैं कि हम आज़ाद हैं और किसी दूसरे के असर में नहीं फंसते. इसलिये पंडित जवाहरलाल यह कैसे मान लें कि

ر بناؤ کا کام جلدی سے جلدی انجام دیا جائے. انہیں اُن ہلوں یا سست لوگوں سے بہت گھبراہٹ ہوتی ہے جو ی کے چھوٹے موٹے کاموں پر سہج میں سنتوش کرلیتے ں . پنڈت جی کو آجکل کے تکنیکی وگیان میں بہت را وشواس ہے اور وہ چاہتے ہیں کہ ہندستان کی تھک بہتری کے لئے اس سے پورا پورا فائدہ اٹھایا جائے . چاہتے ہیں کہ ہندستان میں اتنی بڑی بڑی وجنائیں چلائی جائیں جتنی کہ دنیا کے کسی حصے یں بھی نہ چلی ہوں . اس میں کوئی شک نہیں کہ ندستان یہ سب کر دکھانے کی لائقی رکھتا ہے . اسکے چھلے کارنامے کون نہیں جانتا؟ کیا صدیوں تک جیون کے ر کسی بھی دائرے میں وہ سنسار کا اگوا نہیں تھا ؟ م انہیں لوگوں کی اولاد ہیں، ہمارا دماغ بھی فی اچھی طرح کام کرتا ہے اور اگر ہمیں مناسب موقع ہبری اور سادھن ملیں تو کوئی وجہ نہیں کہ ہم پھر ہلے کی جیسی ترقی نہ کرلیں .

پچھلی دو صدیوں سے زیادہ عرصہ بیتا ہندستان کی انتہا دولت ودیشوں نے ہڑپ لی ہے اور چوس چوس ر اُسکا مانو خون ہی نکال لیا گیا ہے . پنڈت جواہر لال ور دوسرے بہت سے لوگوں کا شاید یہ خیال ہے کہ اپنے ہی سادھنوں کے ذریعے ہندستان کو اپنے کو پھر سے خوشحال نا لینا ممکن نہیں ہے. اور اگر ہے بھی تو بہت ہی دھیمی یونٹی جیسی رفتار کے ساتھ. وہ یہ سوچتے ہیں کہ اگر اپنے یش کے وکاس کی خاطر ہمیں کہیں سے پیسہ یا سامان دھار یا دان کی شکل میں مل سکتا ہے—بشرطیکہ ہماری قومی آزادی اور شان بدستور بنی رہے—تو اسے مانگنے، اُس کے لئے بات چیت کرنے یا اُسے منظور کرنے یں کسی ڈر یا گھبراہٹ یا گھمنڈ کی وجہ سے ہمیں بدکنا نہیں چاہئے. ایسی مدد لینے میں دنیاوی طور پر نہ کوئی غلطی ہے نہ اُس میں انیتکتا ہی ہے . اپنی نجی زندگی میں لوگ روزانہ شرکت اور لین دین کے سمجھوتے کرتے ہیں اور پھر بھی اُن کی اپنی شخصیت اور درجے یا پدوی میں بال برابر بھی فرق نہیں آتا . پر یہ بات کہ کوئی سمجھوتہ کرکے اُس کے باہر کے دائرے کے معاملوں میں کوئی آدمی دوسری پارٹی سے دبیگا یا نہیں اس بات پر منحصر ہے کہ اس کے اندر آتم وشواس کس پائے یا بلندی کا ہے . پنڈت جواہر لال نہرو شاید یہ محسوس کرتے ہیں کہ ہندستان کی یہ بزدلی ہوگی کہ وہ اپنے لئے ضروری اور باہر سے ملنےوالی مدد کو صرف اس ڈر سے انکار کردے کہ اس کے قبول کرنے سے قومی یا انترقومی معاملوں میں وہ اپنی آزادی قائم نہیں رکھ سکیگا . پنڈت جواہر لال کئی بار یہ دکھلا چکے ہیں کہ ہم آزاد ہیں اور کسی دوسرے کے اثر میں نہیں پھنستے . اس لئے پنڈت جواہر لال یہ کیسے مان لیں کہ

हिन्दुस्तान को अमरीकी मदद

(किशोरलाल मशरूवाला)

[5 जनवरी 1952 को हिन्द सरकार और ...ीकी सरकार में जो "सममौता" हुआ है उस पर अपनी राय फ़रवरी के परचे में दे चुके हैं. कुछ और ...े के साथ श्री सुरेश रामभाई का वह लेख 3 और ...ई के 'हरिजन' में भी छप चुका है. उसी को अब एक छोटी सी किताब की शकल में जिस का नाम ...मेन्ट आर सेलेवरी बान्ड ?" (Agreement or ...very Bond ?) है, निकाला है. इस किताब में ...केशोर लाल भाई मशरूवाला की एक बहुत ही ...र और विचार पूर्ण भूमिका है. हम उसी का ...ाद इस लेख में दे रहे हैं—एडीटर]

...ष्ट्रों के इ...ास में अकसर ऐसी घटनायें मिलती हैं ... होते दिखाई देते हैं जिनका न कोई फ़ौरी असर मालूम ...े न उनसे जनता में कोई बड़ी सनसनी ही फैलती ... क्या राज काजी नेता क्या अर्थशास्त्री लोग सभी ...तरफ़ से लापरवाह रहते हैं. लेकिन वह घटनायें या ...े होते हैं जिनका राष्ट्र की काया पलटने में आगे ... काफ़ी बड़ा हाथ होना साबित होता है. यह घटनायें ... एक तरह का बीज बोने का काम करते हैं जो कुछ ...द बड़े ज़ोर शोर से बढ़कर चारों तरफ़ फैल जाता ... धरती के भी अन्दर बहुत दूर जाकर अपने आस ... हर चीज़ को झुलसा देता है. शुरू शुरू में तो यह ... भोला भाला ही नहीं बल्कि खुशनुमा भी मालूम ... लेकिन बाद में जब यह अपना असर दिखलाना ... देता है तब ऐसा महसूस होता है कि—'का बरसा ...ी सुखानी' और तब उसके जाल से भी निकलना ...न मालूम होता है.

...नवरी 1952 को अमरीका और हिन्दुस्तान के ... सममौता हुआ है वह श्री सुरेश रामभाई और हममें ... को इस तरह की चीज़ महसूस होती है.

...द सरकार ने यह सममौता बहुत सोच समझने के ... अपने एक्सपर्टों या जानकारों की सलाह के बाद ... और इसलिये उसे अपने इस कारनामे पर पूरा ...तोष है. एक नहीं बल्कि देश के बहुत से नामी ...ने और ब्योपारी कारख़ानेदारों के आर्थिक आवाज़ ...भी इस सममौते की दुहाई दी है.

सब जानते हैं कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को ... की कितनी ज़ियादा फ़िकर है कि देश के आर्थिक

ھندستان کو امریکی مدد

(کشور لال مشروالا)

[5 جنوری 1952 کو ھند سرکار اور امریکی سرکار میں جو "سمجھوتہ" ھوا ھے اُس پر ھم اپنی رائے فروری کے پرچے میں دے چکے ھیں . کچھ اور اضافے کے ساتھ شری سریش رامبھائی کا وہ لیکھ 3 اور 10 مئی کے "ھریجن" میں بھی چھپ چکا ھے . اُسی کو اب ھم نے ایک چھوٹی سی کتاب کی شکل میں جسکا نام "ایگری مینٹ آر سلیوری بانڈ؟" (Agreement or Slavery Bond?) ھے، نکالا ھے . اس کتاب میں شری کشور لال بھائی مشروالا کی ایک بہت ھی گمبھیر اور وچار پورن بھومکا ھے . ھم اُسی کا انوواد اِس لیکھ میں دے رھے ھیں—ایڈیٹر]

راشٹروں کے اتہاس میں اکثر ایسی گھٹنائیں ملتی ھیں یا سودے ھوتے دکھائی دیتے ھیں جنکا نہ کوئی فوری اثر معلوم پڑتا ھے نہ اُنسے جنتا میں کوئی بڑی سنسنی ھی پھیلتی ھے، اور کیا راجکاجی نیتا کیا ارتھ شاستری لوگ سبھی اُنکی طرف سے لاپرواہ رھتے ھیں . لیکن وہ گھٹنائیں یا سودے ایسے ھوتے ھیں جنکا راشٹر کی کایا پلٹنے میں آگے چلکر کافی بڑا ھاتھ ھونا ثابت ھوتا ھے . یہ گھٹنائیں یا سودے ایک طرح کا بیج بونے کا کام کرتے ھیں جو کچھ عرصے بعد بڑے زور شور سے بڑھکر چاروں طرف پھیل جاتا ھے اور دھرتی کے بھی اندر بہت دور جاکر اپنے آس پاس کی ھر چیز کو جھلسا دیتا ھے . شروع شروع میں تو یہ دیکھنے میں بھولا بھالا ھی نہیں بلکہ خوشنما بھی معلوم ھوتا ھے . لیکن بعد میں جب یہ اپنا اثر دکھلانا شروع کر دیتا ھے تب ایسا محسوس ھوتا ھے کہ—'کا برسا جب کرشی سکھانی' اور تب اُسکے جال سے بھی نکلنا ناممکن معلوم ھوتا ھے .

5 جنوری 1952 کو امریکہ اور ھندستان کے بیچ جو سمجھوتا ھوا ھے وہ شری سریش رامبھائی اور ھم میں سے بہتوں کو اس طرح کی چیز محسوس ھوتی ھے .

ھند سرکار نے یہ سمجھوتا بہت سوچ سمجھنے کے بعد اور اپنے ایکسپرٹوں یا جانکاروں کی صلاح کے بعد کیا ھے اور اِس لئے اُسے اپنے اُس کارنامے پر پورا پورا سنتوش ھے . ایک نہیں بلکہ دیش کے بہت سے نامی اخباروں نے اور بیوپاری کارخانے داروں کے آرتھک آواز پتروں نے بھی اِس سمجھوتے کی دھائی دی ھے .

ھم سب جانتے ھیں کہ پنڈت جواھر لال نہرو کو اس بات کی کتنی زیادہ فکر ھے کہ دیش کے آرتھک

"हां हां, ज़रूर." उन्होंने मिल कर जवाब दिया और फिर बड़े शौक़ से मलंग साहब क्या फ़रमायेंगे उसकी इन्तज़ार करने लगे.

फिर मलंग साहब ने फ़रमाया—"ख़ुशबू लफ़्ज़ दो लफ़्ज़ों का बना हुआ है—ख़ुश और बू. तो ख़ुशबू का मतलब हुआ उसकी बू जो हमेशा ख़ुश रहता है और हमेशा ख़ुश तो ख़ुदा ही रहता है. उपनिशदों में क्या एक जगह ऐसा नहीं लिखा हुआ है कि ईश्वर आनन्द है ?"

फिर कुछ देर के लिए वह ख़ामोश रहे. उनके मित्र उनकी तरफ़ अचरज से देखने लगे. मगर उनमें से एक से रहा ही न गया. वह बोल उठा—"ख़ूब कही मलंग मियां, मगर कुछ और भी तो कहो."

मलंग मियां ने अपनी विचार तरंग जारी रखी. "हर एक में ईश्वर बसता है. और वह आनन्द मय है. मगर ईश्वर का एक और भी तो नाम है. वह है प्रेम. और जहां लोग आपस में प्रेम से मिलते हैं वहां ख़ुशी की ख़ुशबू ख़ुद बख़ुद लोगों के दिलों से एक अगरबत्ती की सुगन्ध की तरह ऊपर निकल उठती है."

मलंग साहब फिर कुछ ख़ामोश रहे. उनके मित्रों ने क्योंकि अब उनका मकान नज़दीक ही आ पहुंचा था उन्हें नमस्कार की और कहा—"आज तो मलंग साहब आपने अपनी पंडिताई का जौहर ख़ूब दिखाया."

जवाब में मलंग साहब ज़रा हंस दिये और कहने लगे—"भाई, पंडिताई से तो मैं हज़ारों कोस दूर रहने की हमेशा कोशिश करता आया हूँ. फिर मेरे में पंडिताई कहां ? हां, इतना ज़रूर कहूँगा कि मैं ख़ुशबूदार बनने की ख़्वाहिश बरसों से रखता आया हूँ."

मेरे मत से कम्युनिज़्म कोई बुरी चीज़ हो ऐसी बात नहीं है. बुरी चीज़ यह है कि वह हिंसा से लादा जाता है. मुझे कम्युनिज़्म से डर बिलकुल नहीं लगता, क्योंकि हिन्दुस्तान की हज़ारों बरसों की कलचर हिंसा विरोधी है. और गांधीजी ने हमारे देश को अहिंसा की ताक़त दी है. मुझे यक़ीन है कि हिन्दुस्तान उसी की बदौलत बचने वाला है. मुझे यह भी विश्वास है कि अमरीका जैसा देश डर को छोड़ कर अगर अहिंसा की ताक़त को आज़मा कर देखेगा, तो वह सारी दुनिया को निडर करेगा और ख़ुद भी निडर बनेगा.

—विनोबा

" ہاں ہاں، ضرور ." اُنہوں نے مل کر جواب دیا اور پھر بڑے شوق سے ملنگ صاحب کیا فرمائینگے اُس کی انتظار کرنے لگے .

پھر ملنگ صاحب نے فرمایا—" خوشبو لفظ دو لفظوں کا بنا ہوا ہے—خوش اور بو تو خوشبو کا مطلب ہوا اُس کی بو جو ہمیشہ خوش رہتا ہے اور ہمیشہ خوش تو خدا ہی رہتا ہے . اُپنشدوں میں کیا ایک جگہ ایسا نہیں لکھا ہوا ہے کہ ایشور آنند ہے ؟"

پھر کچھ دیر کے لئے وہ خاموش رہے . اُن کے مِتر اُن کی طرف اچرج سے دیکھنے لگے . مگر اُن میں سے ایک سے رہا ہی نہ گیا . وہ بول اُٹھا—"خوب کہی ملنگ میاں، مگر کچھ اور بھی تو کہو ."

ملنگ میاں نے اپنی وچار ترنگ جاری رکھی. " ہر ایک میں ایشور بستا ہے . اور وہ آنند مے ہے مگر ایشور کا ایک اور بھی تو نام ہے . وہ ہے پریم . اور جہاں لوگ آپس میں پریم سے ملتے ہیں وہاں خوشی کی خوشبو خود بہ خود لوگوں کے دلوں سے ایک اگر بتی کی سوگندھ کی طرح اوپر نکل اُٹھتی ہے ."

ملنگ صاحب پھر کچھ خاموش رہے. اُن کے مِتروں نے کیونکہ اب اُن کا مکان نزدیک ہی آ پہونچا تھا اُنہیں نمسکار کی اور کہا—" آج تو ملنگ صاحب آپ نے اپنی پنڈتائی کا جوہر خوب دکھایا ."

جواب میں ملنگ صاحب ذرا ہنس دیئے اور کہنے لگے—" بھائی، پنڈتائی سے تو میں ہزاروں کوس دور رہنے کی ہمیشہ کوشش کرتا آیا ہوں . پھر میرے میں پنڈتائی کہاں ؟ ہاں، اتنا ضرور کہونگا کہ میں خوشبودار بننے کی خواہش برسوں سے رکھتا آیا ہوں ."

میرے مت سے کمیونزم کوئی بری چیز ہو ایسی بات نہیں ہے . بری چیز یہ ہے کہ وہ ہنسا سے لادا جاتا ہے . مجھے کمیونزم سے ڈر بالکل نہیں لگتا، کیونکہ ہندستان کی ہزاروں برسوں کی کلچر ہنسا ورودھی ہے اور گاندھی نے ہمارے دیش کو اہنسا کی طاقت دی ہے . مجھے یقین ہے کہ ہندستان اُسی کی بدولت بچنے والا ہے. مجھے یہ بھی وشواس ہے کہ امریکہ جیسا دیش ڈر کو چھوڑ کر اگر اہنسا کی طاقت کو آزما کر دیکھیگا، تو وہ ساری دنیا کو نڈر کریگا اور خود بھی نڈر بنیگا .

—ونوبا

को बचाता है. उसी तरह आज भी दुनिया में विचारों वचन से, ब्योपार से, शास्त्रार्थों से, ऐटम बम से हर से भरसक कोशिशें हो रही हैं. उस प्रलय की सारी J पर जो देश मारकन्डे की तरह अकेला तैरेगा, उसके दुनिया की लीडरशिप आने वाली है. मैं यह घमंड मैं बोल रहा हूँ, बल्कि नम्रता के साथ बोल रहा हूँ. नम्र बनें, तभी ऊंचे उठ सकेंगे. मनु महाराज ने य लिख रखा है :

इस देश में जो महान पुरुश पैदा होंगे, उनमें सी शक्ति होगी कि उसके ज़रिये सारी दुनिया लोग अपने जीवन के लिए आदर्श सीखेंगे.

कहता हूं कि वह ताक़त, वह सत्ता आपके हाथों में पको एक नेता मिला था, जिसकी लीडरशिप में आपका अहिंसा के तरीक़े से आज़ाद हो सका. आज भी इस ऐसे लोग हैं जिनके दिल में सदभाव मौजूद हैं. थोड़ी हिम्मत रक्खो और थोड़ी कल्पना शक्ति रक्खो प देखेंगे कि आपके हाथ में वह ताक़त है, जिससे दुनिया को आकार दे सकते हैं. यह हमला नहीं है दुनिया को बचाना है. यह एक ऐसी दिली तमन्ना है खने लायक़ है.

(लखनऊ में बुद्ध जयन्ती के दिन एक स्पीच से)

دنیا کو بچاتا ہے . اسی طرح آج بھی دنیا میں وچاروں سے' وچن سے' بیوپار سے' شاسترارتھوں سے' ایٹم بم سے ہر طرح سے بھرسک کوششیں ہو رہی ہیں . اس پرلے کی ساری کوشش پر جو دیش مارکنڈے کی طرح اکیلا تیریگا' اسکے ہاتھ میں دنیا کی لیڈرشپ آنے والی ہے . میں یہ گھمنڈ سے نہیں بول رہا ہوں' بلکہ نمرتا کے ساتھ بول رہا ہوں . ہم ونمر بنیں' تبھی اونچے اٹھ سکینگے . منومہاراج نے بھوشیہ لکھ رکھا ہے :

اس دیش میں جو مہان پرش پیدا ہونگے' ان میں ایسی شکتی ہوگی کہ اس کے ذریعے ساری دنیا کے لوگ اپنے جیون کے لئے آدرش سیکھینگے .

میں کہتا ہوں کہ وہ طاقت' وہ ستا آپکے ہاتھوں میں ہے . آپ کو ایک نیتا ملا تھا' جسکی لیڈرشپ میں آپ کا دیش اہنسا کے طریقے سے آزاد ہوسکا. آج بھی اس دیش میں ایسے لوگ ہیں جنکے دل میں سدبھاؤ موجود ہیں . آپ تھوڑی ہمت رکھو اور تھوڑی کلپنا شکتی رکھو تو آپ دیکھینگے کہ آپ کے ہاتھ میں وہ طاقت ہے' جس سے آپ دنیا کو آکار دے سکتے ہیں . یہ حملہ نہیں ہے بلکہ دنیا کو بچانا ہے . یہ ایک ایسی دلی تمنا ہے' جو رکھنے لائق ہے .

(لکھنؤ میں بدھ جینتی کے دن ایک اسپیچ سے)

खुशबू

(गु० म०)

एक दिन वर्धा में काका कालेलकर जी से कुछ दोस्त गये. जब सब उन्हें प्रेम पूर्वक "राम रहीम" नमस्कार के तो उन्होंने उनमें से एक से जो ज़रा मुहब्बत मस्त ज़िन्दा दिल थे हंसते हंसते पूछा—"मगर यह ख़ुशबू से ?"

काका जी के यह शब्द सुनकर पहले तो सब लोग कुछ हुए. और इसका एक कारन भी था. उस वक़्त उस डली में किसी ने भी अपने जिस्म पर या कपड़ों पर ख़ुशबूदार तेल या इतर का इस्तेमाल नहीं किया हुआ . फिर यह ख़ुशबू कहां से ?

जब बातचीत ख़त्म हो चुकी और मित्र मंडल घर लौटा तो रास्ते में एक मित्र ने जो कुछ मलंग तबियत अपने मित्रों को कहा—"मैं तुम्हें बताऊं वह ख़ुशबू आ रही थी ?"

خوشبو

(گ . م .)

ایک دن وردھا میں کاکا کالیلکر جی سے کچھ دوست ملنے گئے . جب سب انہیں پریم پوروک " رام رحیم " نمسکار کر چکے تو انہوں نے ان میں سے ایک جو ذرا محبت مست اور زندہ دل تھے ہنستے ہنستے پوچھا—"مگر یہ خوشبو کہاں سے ؟"

کاکا جی کے یہ شبد سن کر پہلے تو سب لوگ کچھ حیران ہوئے اور اس کا ایک کارن بھی تھا . اس وقت اس پریم منڈلی میں کسی نے بھی اپنے جسم پر یا کپڑوں پر کسی خوشبو دار تیل یا عطر کا استعمال نہیں کیا ہوا تھا . تو پھر یہ خوشبو کہاں سے ؟

جب بات چیت ختم ہو چکی اور متر منڈل گھر واپس لوٹا تو راستے میں ایک متر نے جو کچھ ملنگ طبیعت کا تھا اپنے متروں کو کہا—" میں تمہیں بتاؤں وہ خوشبو کہاں سے آ رہی تھی ؟"

दीवारें ख़्यालात के आवागमन को रोक नहीं सकतीं

और मैं जनता हूँ कि यह काम धर्म चक्र परिवर्तन का काम है. यह मेरी सिंह गर्जना है. ज़मीन तो मेरे पास कब पहुंच चुकी है. आप जिस तरीक़े से चाहो उस तरीक़े से यह समस्या हल कर सकते हो. आपको तय करना है कि घी के डिब्बे को आग लगानी है, या वेद मंत्रों के साथ यज्ञ में उसकी आहुति देनी है. आप यह मत समझिये कि बाहर से हमारे इस देश में सिर्फ़ मानसून ही आते हैं. क्रान्तिकारी विचार भी बाहर से आते हैं और जिस तरह से हवा बे रोक टोक आती है उसी तरह क्रान्तिकारी विचार भी बिना रोक टोक, बिना किसी तरह के पास पोर्ट के आते रहते हैं. लोगों ने, जहां दीवारें नहीं थीं, वह बनाईं. चीन की वह बड़ी दीवार देख लीजिये. भगवान ने जरमनी और फ्रान्स के बीच कोई दीवार नहीं खड़ी की थी, लेकिन उन्होंने सिगफ्रीड और मेजिनो लाइनें बना कर क्षेत्र छोटा कर दिया. मगर यह दीवारें लोगों को सिर्फ़ इधर से उधर जाने आने से ही रोक सकती हैं, लेकिन वह विचारों के आवा गमन को नहीं रोक सकतीं. उसी तरह यहां भी दुनिया के हर एक देश से विचार आयेंगे और यहाँ से बाहर भी जायेंगे. इसलिये हमें तय करना चाहिये कि भूमि की समस्या हमें शान्ति से हल करनी है या हिंसा से? मेरे मन में इस बारे में सन्देह नहीं है कि यह समस्या शान्ति से हल हो सकती है. इस बारे में इतना साफ़ दर्शन मेरे मन में है, इसीलिये मैं बे ख़ौफ़ हो कर बोल रहा हूँ और कहता हूँ कि भाइयो, वन में पन्छी बोल रहे हैं, इसलिये अब जाग जाओ. आप उसे सुनते हैं या नहीं? आप जागते हैं या नहीं? हे मेरे अन्तर यामी भगवान! सुबह का समय हो गया है, तुम जाग जाओ और दीनन को दान दो! जिस तरह तुलसी दास जी भगवान को समझा रहे थे, उसी तरह मैं अपने भगवान को यानी आपको कहता हूँ कि जाग जाओ. अगर आप सब दान दोगे तो आपकी इज़्ज़त होगी.

आज की जरूरत

ज़रूरत इस बात की है कि भू-दान यज्ञ का सन्देश दूर दूर फैलाने के लिए हम उसी निश्ठा से काम करें, जिस निश्ठा से भगवान बुद्ध के चेलों ने किया. वह बाहर के देशों में गये और वहां प्रेम से प्रचार किया. उसी निश्ठा से हमें इस नये धर्म चक्र परिवर्तन में लग जाना चाहिये. ऐसा होगा, तब आप भी दुनिया को एक नया रूप दे सकेंगे. मैंने कहा कि जब प्रलय के समय सारी दुनिया जलमय हो जाती है तो अकेला मारकन्डे रिशी तैरता रहता है और फिर वही

دیواریں خیالات کے آواگمن کو روک نہیں سکتیں

اور میں جانتا ہوں کہ یہ کام دھرم چکر پریورتن کا کام ہے۔ یہ میری سنگھ گرجنا ہے۔ زمین تو میرے پاس کب کی پہونچ چکی ہے۔ آپ جس طریقے سے چاہو' اس طریقے سے یہ سمسیا حل کرسکتے ہو۔ آپ کو طے کرنا ہے کہ گھی کے ڈبے کو آگ لگانی ہے' یا وید منتروں کے ساتھ یگیہ میں اس کی آہوتی دینی ہے۔ آپ یہ مت سمجھئے کہ باہر سے ہمارے اِس دیش میں صرف مانسون ہی آتے ہیں۔ کرانتکاری وچار بھی باہر سے آتے ہیں اور جس طرح سے ہوا بے روک ٹوک آتی ہے' اسی طرح کرانتی کاری وچار بھی بنا روک ٹوک' بنا کسی طرح کے پاس پورٹ کے آتے رہتے ہیں۔ لوگوں نے' جہاں دیواریں نہیں تھیں' وہ بنائیں۔ چین کی وہ بڑی دیوار دیکھ لیجئے۔ بھگوان نے جرمنی اور فرانس کے بیچ کوئی دیوار نہیں کھڑی کی تھی' لیکن انہوں نے زگ‌فرید اور میزنو لائنیں بناکر چھیتر چھوٹا کردیا۔ مگر یہ دیواریں لوگوں کو صرف اِدھر سے اُدھر جانے آنے سے ہی روک سکتی ہیں' لیکن وہ وچاروں کے آواگمن کو نہیں روک سکتیں۔ اسی طرح یہاں بھی دنیا کے ہر ایک دیش سے وچار آئینگے اور یہاں سے باہر بھی جائینگے۔ اس لئے ہمیں طے کرنا چاہئے کہ بھومی کی سمسیا ہمیں شانتی سے حل کرنی ہے یا ہنسا سے؟ میرے من میں اس بارے میں سندیہہ نہیں ہے کہ یہ سمسیا شانتی سے حل ہوسکتی ہے۔ اِس بارے میں اِتنا صاف درشن میرے من میں ہے' اِسی لئے میں بےخوف ہوکر بول رہا ہوں اور کہتا ہوں کہ بھائیو' بن میں پنچھی بول رہے ہیں' اس لئے اب جاگ جاؤ۔ آپ اُسے سنتے ہیں یا نہیں؟ آپ جاگتے ہیں یا نہیں؟ ہے میرے انتریامی بھگوان! صبح کا سمے ہوگیا ہے' تم جاگ جاؤ اور دینن کو دان دو! جس طرح تلسی داس جی بھگوان کو سمجھا رہے تھے' اسی طرح میں اپنے بھگوان کو یعنی آپ کو کہتا ہوں کہ جاگ جاؤ۔ اگر آپ سب دان دوگے تو آپ کی عزت ہوگی۔

آج کی ضرورت

ضرورت اس بات کی ہے کہ بھودان یگیہ کا سندیش دور دور پھیلانے کے لئے ہم اسی نشٹھا سے کام کریں' جس نشٹھا سے بھگوان بدھ کے چیلوں نے کیا۔ وہ باہر کے دیشوں میں گئے اور وہاں پریم سے پرچار کیا۔ اسی نشٹھا سے ہمیں اِس نئے دھرم چکر پریورتن میں لگ جانا چاہئے۔ ایسا ہوگا' تب آپ بھی دنیا کو ایک نیا روپ دے سکینگے۔ میں نے کہا کہ جب پرلے کے سمے ساری دنیا جل مے ہو جاتی ہے تو اکیلا مارکنڈے رشی تیرتا رہتا ہے اور پھر وہی

तुम्हारी मंजूर करनी चाहिये, क्योंकि हिन्दुस्तान खुद एक पंच रंगी दुनिया है. इसमें कई धर्म, कई भाषायें, कई सूबे और उनके बहुत से रस्म व रिवाज हैं. इसका एक एक सूबा योरप के बड़े बड़े देश की बराबरी का है. क्या ऐसी बहुत सी दूसरी जमाअतों को हम हिंसक तरीक़े से एक रस रख सकते हैं ? एक एक मसला रोज़ हमारे सामने मौजूद होता जा रहा है. आन्ध्र वाले चाहते हैं कि हमें एक आज़ाद प्रदेश मिले. वह भारत भूमि से अलग नहीं रहना चाहते हैं, लेकिन उनकी अलग प्रदेश की मांग ग़ैर वाजिब नहीं है. तो क्या उनकी यह मांग हिंसक तरीक़े से पूरी हो सकती है ? अगर हिंसात्मक तरीक़े को हम ठीक मानते हैं तो हमें यह मानना होगा कि गांधी का हत्यारा पुन्यवान था. उसके विचार भले ही ग़लत हों, पर वह पक्का था. अगर हम अच्छे और सच्चे विचार के वास्ते हिंसात्मक तरीक़े अख़्त्यार कर सकते हैं, तो मैं आप से कहना चाहता हूँ कि फिर हिन्दुस्तान के टुकड़े टुकड़े हो जायेंगे, वह मज़बूत नहीं रह सकेगा. हिंसा से एक मसला तय होता दिखाई देगा, लेकिन दूसरा मसला पैदा होगा. मसले कम होने के बजाय नये नये मसले पैदा होते ही रहेंगे. आज भी हरिजनों को मंदिरों में आने जाने को नहीं मिलता छूआ छूत का यह भेद नहीं मिट पाया तो क्या हरिजन अपने हाथ में हथियार लें ? अगर अच्छे काम के लिए हिंसा जायज़ है तो हरिजन भाई हथियार उठायें, यह भी जायज़ मानना होगा. यह दूसरी बात है कि वह हथियार न उठायें.

बुद्ध का काम इन कमज़ोर कन्धों पर !

इसलिये आज यह सब बातें ध्यान में रख कर तय करना होगा कि जो महत्व के मसले हमारे सामने आज हैं, उनको हल करने के लिए कौन से तरीक़े जायज़ हैं और कौन से नाजायज़? अगर हम अच्छे मक़सद के वास्ते ख़राब साधन इस्तेमाल करते हैं, तो हिन्दुस्तान के सामने मसले पैदा ही होते रहने वाले हैं लेकिन अगर हम अहिंसक तरीक़े से अपने मसले तय करेंगे तो दुनिया में मसले रहेंगे ही नहीं. यही वजह है कि मैं भूमि की समस्या शान्ति के साथ हल करना चाहता हूँ. भूमि की समस्या छोटी समस्या नहीं है. मैं लोगों से दान में भूमि मांग रहा हूँ, भीक नहीं मांग रहा हूँ. एक ब्राह्मण के नाते मैं भीक मांगने का अधिकारी तो हूँ, लेकिन यह भीक मैं निजी तौर पर ही मांग सकता हूँ. पर जहां दरिद्र नारायन के प्रतिनिधि के तौर पर मांगता हूँ, वहां मुझे भीक नहीं मांगनी है, दीक्षा देनी है. इसलिये मैं इस नतीजे पर पहुंच चुका हूँ कि भगवान जो काम बुद्ध के ज़रिये कराना चाहते थे, वह काम उन्होंने मेरे इन कमज़ोर कन्धों पर डाला है.

دامی منظور کرنی چاہئے' کیونکہ ہندستان خود ایک پنچ رنگی دنیا ہے. اس میں کئی دھرم' کئی بھاشائیں' کئی صوبے اور ان کے بہت سے رسم و رواج ہیں۔ اس کا ایک ایک صوبہ یورپ کے بڑے بڑے دیش کی برابری کا ہے. کیا ایسی بہت سی دوسری جماعتوں کو ہم ہنسک طریقے سے ایک رس رکھ سکتے ہیں؟ ایک ایک مسئلہ روز ہمارے سامنے موجود ہوتا جا رہا ہے. آندھر والے چاہتے ہیں کہ ہمیں ایک آزاد پردیش ملے . وہ بھارت بھومی سے الگ نہیں رہنا چاہتے ہیں' لیکن ان کی الگ پردیش کی مانگ غیر واجب نہیں ہے. تو کیا ان کی یہ مانگ ہنسک طریقے سے پوری ہوسکتی ہے؟ اگر ہنساتمک طریقے کو ہم ٹھیک مانتے ہیں تو ہمیں یہ ماننا ہوگا کہ گاندھی کا ہتیارا پنیہ وان تھا. اس کے وچار بھلے ہی غلط ہوں پر وہ پکا تھا . اگر ہم اچھے اور سچے وچار کے واسطے ہنساتمک طریقے اختیار کرسکتے ہیں' تو میں آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ پھر ہندستان کے ٹکڑے ٹکڑے ہوجائینگے' وہ مضبوط نہیں رہ سکیگا. ہنسا سے ایک مسئلہ طے ہوتا دکھائی دیگا' لیکن دوسرا مسئلہ پیدا ہوگا . مسئلے کم ہونے کے بجائے نئے نئے مسئلے پیدا ہوتے ہی رہینگے . آج بھی ہریجنوں کو مندروں میں آنے جانے کو نہیں ملتا . چھوا چھوت کا یہ بھید نہیں مٹ پایا تو کیا ہریجن اپنے ہاتھ میں ہتھیار لیں ؟ اگر اچھے کام کے لئے ہنسا جائز ہے تو ہریجن بھائی ہتھیار اٹھائیں' یہ بھی جائز ماننا ہوگا . یہ دوسری بات ہے کہ وہ ہتھیار نہ اٹھائیں.

بدھ کا کام ان کمزور کندھوں پر !

اس لئے آج یہ سب باتیں دھیان میں رکھ کر طے کرنا ہوگا کہ جو مہتو کے مسئلے ہمارے سامنے آج ہیں' ان کو حل کرنے کے لئے کون سے طریقے جائز ہیں اور کون سے ناجائز ؟ اگر ہم اچھے مقصد کے واسطے خراب سادھن استعمال کرتے ہیں' تو ہندستان کے سامنے مسئلے پیدا ہی ہوتے رہنے والے ہیں. لیکن اگر ہم اہنسک طریقے سے اپنے مسئلے طے کرینگے تو دنیا میں مسئلے رہینگے ہی نہیں. یہی وجہ ہے کہ میں بھومی کی سمسیا شانتی کے ساتھ حل کرنا چاہتا ہوں . بھومی کی سمسیا چھوٹی سمسیا نہیں ہے. میں لوگوں سے دان میں بھومی مانگ رہا ہوں' بھیک نہیں مانگ رہا ہوں. ایک براہمن کے ناتے میں بھیک مانگنے کا ادھیکاری تو ہوں' لیکن یہ بھیک میں نجی طور پر ہی مانگ سکتا ہوں. پر جہاں دردرنارائن کے پرتی ندھی کے طور پر مانگتا ہوں' وہاں مجھے بھیک نہیں مانگنی ہے' دیکھشا دینی ہے . اس لئے میں اس نتیجے پر پہونچ چکا ہوں کہ بھگوان جو کام بدھ کے ذریعے کرانا چاہتے تھے' وہ کام انہوں نے میرے ان کمزور کندھوں پر ڈالا ہے .

हिंसा का तरीक़ा चुन सकते हैं, चाहें तो अहिंसा का चुन सकते हैं. चाहें तो फ़ौज में आदमी बढ़ा सकते हैं, नौका दल और हवाई दल भी बढ़ा सकते हैं और देश को खाना कपड़ा चाहे न मिले, लेकिन देश वासियों को इस सेना के लिए त्याग करने को कह सकते हैं. और चाहें तो अहिंसा के रास्ते भी जा सकते हैं. चुनाव करने की यह ताक़त आज हमारे हाथ में है. पहले लाचारी थी, आज ऐसी लाचारी नहीं है.

ग़ुलाम बनिये या ख़तरा मोल लीजिये

और फिर आज, जब कि गांधी जी चले गये हैं, हम लोग मुक्त मन से और खुले दिल से बिना किसी दबाव के फ़ैसला कर सकते हैं. मानो इसीलिये गांधी जी को भगवान हमारे बीच से उठा ले गया है! अब उनका दबाव हम पर नहीं है. अगर हम हिंसा के तरीक़े को मानते हैं तो हमें रूस या अमरीका को गुरु मानना होगा. किसी एक गुरु को मान कर उसके शागिर्द बन कर आज़ादी के साथ उनमें से किसी का ग़ुलाम बनना होगा. सवाल यह है कि क्या आज़ाद इच्छा से हम उनके शागिर्द बनना चाहते हैं? क्या उनके "कैम्प फ़ालोअर" बन कर उनके पीछे पीछे जाकर हमारी ताक़त बढ़ने वाली है? उनकी ताक़त से ताक़त लेने में हमें पचासों साल लग जायेंगे और मुमकिन है फिर भी हम उनसे ज़ियादा ताक़तवर न हो सकें. नतीजा यह होगा कि हिन्दुस्तान को फिर से ग़ुलाम हो कर रहना पड़ेगा. और अगर हम अमरीका और रूस दोनों से भी ताक़तवर बन जायें तो दुनिया के लिए एक ख़तरा साबित होंगे. अब सवाल हमारे सामने यह है कि आज़ादी के नाम पर क्या हम ग़ुलाम बनना चाहते हैं या दुनिया के लिये ख़तरा बनना चाहते हैं? हमें गहराई से इस पर सोचना होगा.

हिंसा से नई मुसीबतें

आज हिन्दुस्तान आज़ाद है, फिर भी कपड़ा बाहर से मंगाना पड़ता है. आज हिन्दुस्तान आज़ाद है, तब भी हमें "एक्सपर्ट" लोग बाहर से मंगाने पड़ते हैं. आज हिन्दुस्तान आज़ाद है लेकिन हमें हथियार और फ़ौजी बाहर से ही मंगाने पड़ते हैं. आज हिन्दुस्तान आज़ाद है, लेकिन तालीम के लिए भी हमें बाहर के मुल्कों पर निर्भर रहना पड़ता है. तो क्या आज़ादी के साथ साथ हम आज़ादी के साथ ग़ुलाम बने रहना चाहते हैं? आज यह सवाल हम लोगों के सामने मौजूद है. भगवान ने हिन्दुस्तान का नसीब ऐसा बनाया है कि या तो उसे अहिंसा के रास्ते से श्रद्धा के साथ चलना चाहिये, या जो लोग हिंसा में पंडित हैं उनकी

ہنسا کا طریقہ چن سکتے ہیں' چاہیں تو اہنسا کا چن سکتے ہیں. چاہیں تو فوج میں آدمی بڑھا سکتے ہیں' نوکا دل اور ہوائی دل بھی بڑھا سکتے ہیں اور دیش کو کھانا کپڑا چاہے نہ ملے' لیکن دیش واسیوں کو اس سینا کے لئے تیاگ کرنے کو کہہ سکتے ہیں. اور چاہیں تو اہنسا کے راستے بھی جا سکتے ہیں. چناؤ کرنے کی یہ طاقت آج ہمارے ہاتھ میں ہے. پہلے لاچاری تھی' آج ایسی لاچاری نہیں ہے.

غلام بنئے یا خطرہ مول لیجئے

اور پھر آج' جبکہ گاندھی جی چلے گئے ہیں' ہم لوگ مکت من سے اور کھلے دل سے بنا کسی دباؤ کے فیصلہ کر سکتے ہیں. مانو اسی لئے گاندھی جی کو بھگوان ہمارے بیچ سے اٹھا لے گیا ہے! اب اُن کا دباؤ ہم پر نہیں ہے. اگر ہم ہنسا کے طریقے کو مانتے ہیں تو ہمیں روس یا امریکہ کو گرو ماننا ہوگا. کسی ایک گرو کو مان کر اس کے شاگرد بن کر آزادی کے ساتھ اُن میں سے کسی کا غلام بننا ہوگا. سوال یہ ہے کہ کیا آزاد اچھا سے ہم اُن کے شاگرد بننا چاہتے ہیں؟ کیا اُن کے " کیمپ فالوئر " بنکر اُن کے پیچھے پیچھے جا کر ہماری طاقت بڑھنے والی ہے؟ اُن کی طاقت سے طاقت لینے میں ہمیں پچاسوں سال لگ جائیں گے اور ممکن ہے پھر بھی ہم اُن سے زیادہ طاقتور نہ ہو سکیں. نتیجہ یہ ہوگا کہ ہندستان کو پھر سے غلام ہو کر رہنا پڑیگا. اور اگر ہم امریکہ اور روس دونوں سے بھی طاقتور بن جائیں تو دنیا کے لئے ایک خطرہ ثابت ہونگے. اب سوال ہمارے سامنے یہ ہے کہ آزادی کے نام پر کیا ہم غلام بننا چاہتے ہیں یا دنیا کے لئے خطرہ بننا چاہتے ہیں؟ ہمیں گہرائی سے اس پر سوچنا ہوگا.

ہنسا سے نئی مصیبتیں

آج ہندستان آزاد ہے' پھر بھی کپڑا باہر سے منگانا پڑتا ہے. آج ہندستان آزاد ہے' تب بھی ہمیں "ایکسپرٹ" لوگ باہر سے منگانے پڑتے ہیں. آج ہندستان آزاد ہے لیکن ہمیں ہتھیار اور فوجی باہر سے ہی منگانے پڑتے ہیں آج ہندستان آزاد ہے' لیکن تعلیم کے لئے بھی ہمیں باہر کے ملکوں پر نربھر رہنا پڑتا ہے. تو کیا آزادی کے ساتھ ساتھ ہم آزادی کے غلام بنے رہنا چاہتے ہیں؟ آج یہ سوال ہم لوگوں کے سامنے موجود ہے. بھگوان نے ہندستان کا نصیب ایسا بنایا ہے کہ یا تو اُسے اہنسا کے راستے سے شردھا کے ساتھ چلنا چاہئے' یا جو لوگ ہنسا میں پنڈت ہیں اُن کی

है, उतनी ही महिमा इस बात की भी है कि अंगरेज़ों निश्चित तारीख़ को यहां से हुकूमत उठा ली. इतिहास ने वाले मानेंगे कि यह भी नैतिकता की अजीब जीत एक और चमत्कार जो ऊपर के चमत्कारों से भी दा ज़ोर का है वह हुआ कि जहां माउन्टबेटेन ने स्तान का कारोबार हिन्दुस्तान के लोगों को सौंप दिया, मारे लोगों ने उसे ही गवरनर जनरल के तौर पर लेया. नैतिक जीत की इससे बड़ी मिसाल कोई हो सकती थी. नैतिक तरीक़े की ख़ूबी यह होती है कि जो जीतते हैं वह जीतते ही हैं, लेकिन जो नहीं जीतते, ी जीतते हैं, एक की हार के आधार पर दूसरे की जीत होती. और आप देखते हैं कि बावजूद इस बात के में इंगलैंड से कई तरह का दुख पहुँचा और मुसीबतें पड़ीं, हम लोगों के मन में आज इंगलैंड के बारे में नी के भाव नहीं हैं. दूसरी जगह किसी भी लड़ाई के ऐसा सद्भाव प्रगट नहीं हुआ है.

हिंसा या अहिंसा में चुनाव

अब जब कि एक राज जा कर दूसरा राज आया है, यह सोचने का समय है कि हमें किस तरह अपनी ज रचना करनी है. यानी यह शाम का समय है, ध्यान समय है. हमारे सामने आज पच्चीसों रास्ते खुले हैं. सा रास्ता लें, यह हमें तय करना है. यह तय करने में हमें वाक़ये को नहीं भूलना चाहिये जिसका हमने आदर के अभी ज़िक्र किया. आज हम एक बड़ी भारी सल्तनत बोझ उठा रहे हैं. इसलिये हम सब के सामने यह बड़ा सवाल है कि हमारी आर्थिक और समाजी रचना करने न सा तरीक़ा मंज़ूर करें. गांधी जी के ज़माने में हमने सा का तरीक़ा आज़माया था, लेकिन उसमें हमारी ख़ासियत नहीं थी, क्योंकि तब हम लाचार थे. अगर स रास्ते नहीं जाते तो मार खाते. दूसरा कोई अहिंसक हमारे लिए खुला नहीं था. इसलिये जो रास्ता हम ने त्यार किया, वह अशरन का शरन था, अनाज का था. इसीलिये हमने अहिंसा का रास्ता अपनाया गांधी जी की लीडरशिप हमें मिली. हमने सोचा कि रीक़ा हम आज़मायें. हिंसा में हम जितने ताक़तवर थे, ज़ियादा ताक़तवर हमारे दुश्मन थे. लेकिन अहिंसा उससे ज़ियादा ताक़तवर थे. इसलिये हमारे सामने ी रास्ता था—या तो आज़ादी हासिल करने की छोड़ कर चुप चाप ग़ुलामी को मान लें या अहिंसक के लिए तैयार हो जायें. उस समय हमारे सामने गी या ख़्वाहिश का सवाल नहीं था. लेकिन अब बात है. अब हम चुनाव कर सकते हैं. अगर हम चाहें तो

مہیما ہے، اتنی ہی مہیما اس بات کی بھی ہے کہ انگریزوں نے ایک نشچت تاریخ کو یہاں سے حکومت اٹھالی. اتہاس لکھنے والے مانینگے کہ یہ بھی نیتکتا کی عجیب جیت ہوئی . ایک اور چمتکار جو اوپر کے چمتکاروں سے بھی زیادہ زور کا ہے وہ یہ ہوا کہ جہاں ماونٹ بیٹن نے ہندستان کا کاروبار ہندستان کے لوگوں کو سونپ دیا، وہاں ہمارے لوگوں نے اسے ہی گورنر جنرل کے طور پر رکھ لیا . نیتک جیت کی اس سے بڑی مثال کوئی ہو نہیں سکتی تھی. نیتک طریقے کی خوبی یہ ہوتی ہے کہ اس میں جو جیتتے ہیں وہ جیتتے ہی ہیں، لیکن جو نہیں جیتتے، وہ بھی جیتتے ہیں، ایک کی ہار کے آدھار پر دوسرے کی جیت نہیں ہوتی . اور آپ دیکھتے ہیں کہ باوجود اس بات کے کہ ہمیں انگلینڈ سے کئی طرح کا دکھ پہونچا اور مصیبتیں سہنی پڑیں، ہم لوگوں کے من میں آج انگلینڈ کے بارے میں دشمنی کے بھاؤ نہیں ہیں . دوسری جگہ کسی بھی لڑائی کے بعد ایسا سدبھاؤ پرگٹ نہیں ہوا ہے .

ہنسا یا اہنسا میں چناؤ

हैदराबाद में अरसे से "दायरतुल मुआरिफ़" क़ायम है वहां पुलिस कारवाई से दो ढाई बरस पहले अरबी भाषा के प्रचार के लिए एक सभा क़ायम की गई थी जिसकी बैठक हर हफ्ते होती थी. उसूली एतबार से बैठक के दौरान में हर मेम्बर के लिए लाज़मी था कि सिर्फ़ अरबी बोले. यह भी सुना था कि अंजुमन की शाखें सब ज़िलों में बनाई गई थीं.

बड़ोदा रियासत संस्कृत किताबों की खोज, तरतीब और छपाई पर लाखों रुपया खर्च कर चुकी है. हिन्दुस्तान की कई युनिवर्सिटियों और विद्याई संस्थाओं ने संस्कृत, अरबी और फ़ारसी पर लाखों रुपया खर्च किया है. अगर संस्कृत, अरबी और फ़ारसी पर इतना रुपया और मेहनत सर्फ़ करने की बजाये सरल हिन्दी, आसान उरदू या चलती हिन्दुस्तानी के फैलाने की कोशिश की गई होती तो भारत में पढ़े लिखों की तैदाद तिगुनी होती और भारत का भाषाई मसला इतना उलझा हुआ न होता.

फिर भी मैं कहता हूं कि खुल्लम खुल्ला संस्कृत का प्रचार करना या अरबी, फ़ारसी की तरक़्क़ी के लिए बेखटके धन दौलत सर्फ़ करना अच्छा है न यह कि संस्कृत का प्रचार हिन्दी की आड़ में किया जाय और उरदू के सहारे फ़ारसी अरबी फैलाने की कोशिश की जाय. जो लोग शुद्ध हिन्दी का प्रचार करना चाहते हैं वह दरअसल संस्कृत से सहमे

ॐ इस क़िस्म की किताबों में "फरहंग इस्तलाहात इल्मिया" "अमालात पर बायदाद" और कई किताबों के नाम जैसे "ईरान ब अहदे-सासानियान" और इनमें इस्तेमाल की हुई तरकीबें हैं.

بلتی) اُردو" ہوگئی تھی۔* جب انجمنی بھاشا کا یہ حال ہوا تو آپ خد خیال کرسکتے ہیں کہ اُسمانیا یونیورسٹی میں کیسی اُردو چلانے کی کوشش کی جا رہی تھی' اور اس سے اُردو کی ترقی میں کیا مدد مل رہی تھی. وہاں کی اُردو' اُردو نہیں تھی' کردو ہوگئی تھی . وہاں کی کتابیں خد وہاں کے ودیارتھی نہیں پڑھتے تھے اور وہاں کے ترجما گھر میں سیکڑوں ہی نہیں' ہزاروں اسطلاحیں مرے ہوئے بچے جس ترہ پیدا ہوتے ہیں' اُسی ترہ مردوں کی حالت و کیفیت میں ڈھالی گئی تھیں . ہندی جاننے والے اسطلاحی کمیٹیوں میں آم تور پر ہوتے ہی نہیں تھے .

آپ اِس بات کو ضرور مانینگے کہ ہر شخص کو یہ ادھیکار حاصل ہے اور ہونا چاہئے کہ وہ سب جائز طریقوں سے اپنے اپنے دھرم' بھاشا اور راج کاجی اُصول یا کلچر کا پرچار کرے . اگر کوئی اُردو یا ہندی' اربی یا سنسکرت کی ترقی یا پرچار کی کوشش کرتا ہے تو اُس کو پورا حق حاصل ہے .

حیدرآباد میں ارسے سے '' دایرۃالمعارف " قایم ہے وہاں پولیس کاروائی سے دو ڈھائی برس پہلے اربی بھاشا کے پرچار کے لئے ایک سبھا قایم کی گئی تھی جس کی بیٹھک ہر ہفتے ہوتی تھی۔ اُسولی ایتبار سے بیٹھک کے دوران میں ہر ممبر کے لئے لازمی تھا کہ سرف اربی بولے . یہ بھی سنا تھا کہ انجمن کی شاخیں سب ضلعوں میں بنائی گئی تھیں .

بڑودا ریاست سنسکرت کتابوں کی کھوج' ترتیب اور چھپائی پر لاکھوں روپیا خرچ کر چکی ہے . ہندستان کی کئی یونیورسٹیوں اور ودیائی سنستھاؤں نے سنسکرت' اربی اور فارسی پر لاکھوں روپیا خرچ کیا ہے . اگر سنسکرت اربی اور فارسی پر اتنا روپیا اور محنت سرف کرنے کی بجائے سرل ہندی' آسان اُردو یا چلتی ہندستانی کے پھیلانے کی کوشش کی گئی ہوتی تو بھارت میں پڑھے لکھوں کی تعداد تگنی ہوتی اور بھارت کا بھاشائی مسئلہ اتنا اُلجھا ہوا نہ ہوتا .

پھر بھی میں کہتا ہوں کہ کھلم کھلا سنسکرت کا پرچار کرنا یا اربی' فارسی کی ترقی کے لئے بے کھٹکے دھن دولت سرف کرنا اچھا ہے نہ یہ کہ سنسکرت کا پرچار ہندی کی آڑ میں کیا جائے اور اُردو کے سہارے فارسی اربی پھیلانے کی کوشش کی جائے . جو لوگ شدھ ہندی کا پرچار کرنا چاہتے ہیں وہ دراصل سنسکرت سے سہمے

*اِس قسم کی کتابوں میں "فرہنگ اصطلاحات علمیہ" "جنایات پر جائداد" اور کئی کتابوں کے نام جیسے "ایران بہ عہد ساسانیاں" اور اِن میں اِستعمال کی ہوئی ترکیبیں ہیں .

पियारा नहीं थी और इनकी निस्बत जल्दी घट रही थी क्योंकि उरदू से बन्धन रखने वाले बहुत से ख़ानदान उरदू छोड़ते जा रहे थे.

हिन्दुस्तान के भाशाई मसले पर अपने विचार ज़ाहिर करने वालों में ऐसे भी कई लोग थे जो कहते कुछ थे और करते कुछ और थे. इनकी दो अमली की वजह से भी हिन्दुस्तान का भाशाई मसला बहुत उलझ रहा था. मिसाल के तौर पर वह कहते तो यह थे कि हर उरदू जानने वाले को हिन्दी सीखनी चाहिये और हर हिन्दी जानने वाले को उरदू. कई आलिमों का कहना था कि हिन्दी जाने बिना उरदू नहीं आ सकती या हिन्दी अच्छी तरह जानने के लिए उरदू का जानना मुनासिब ही नहीं, लाज़मी है; फिर भी मदरसों में सिर्फ़ एक तरह की भाशा और एक ही लिखावट सिखाई जाती रही.

औरों को जाने दीजिये, ख़ुद वह लोग जो यह कहते थे कि उरदू दानों के लिए हिन्दी सीखना लाज़मी है, मामूली हिन्दी भी नहीं जानते थे. अफ़सोस की बात है कि हमारी यूनिवर्सिटियों में उरदू के ऐसे लेक्चरार, रीडर और प्रोफ़ेसर थे और हैं जो मिडिल क्लास के विद्यार्थियों के बराबर भी हिन्दी नहीं जानते. थोड़ी बहुत हिन्दी जो उन्होंने सिर्फ़ बी. ए. या एम. ए. पास करने के लिए भुगतान के तौर पर सीखी थी, वह कभी के भूल भाल गए थे. ख़ास कर हैदराबाद और पंजाब में तो उरदू के पढ़ाने वालों और उरदू में "रिसर्च" करने वालों को कभी इतनी हिन्दी नहीं आती थी जो बनारस के मैट्रिक पास को आती हो.

ग़रज़ लोगों का दावा कुछ होता है, और असल कुछ इनके सच्चे ख़्याल कुछ होते हैं और करते कुछ हैं. इन लोगों की वजह से भाशाई मसला बहुत पेंचदार होने पर और भी उलझता जा रहा है. कोई हिन्दुस्तानी के नाम से उरदू की तरक़्क़ी चाहता है और कोई हिन्दुस्तानी का नाम निहाद भक्त होते हुए संस्कृताई हिन्दी का प्रचार करता है.

अंजुमन तरक़्क़ी उरदू के नाम से जो काम पिछली दहाईयों में हुआ, उससे बहुत कम फ़ायदा हुआ. कई किताबों से उरदू की तरक़्क़ी होने के बजाये उरदू को नुक़सान पहुँचा. क्योंकि अंजुमन ने जिस भाशा को ख़ास कर जिन इस्तलाहों (परिभाशाओं) को चलाना चाहा, वह बहुत सक़ियल, भारू और परदेसियाना थीं, इनमें कई इतनी सक़ियल होती थीं कि उरदू के हामी इन्हें नहीं समझ सकते थे. इसी वजह से अंजुमन तरक़्क़ी उरदू "अंजुमन तहदीद

ں لبی اور ان کی نسبت بلدی گھٹ رہی تھی
اُردو سے بندھن رکھنے والے بہت سے خاندان اُردو
ما رہے تھے ۔

بھتان کے بھاشای مسئلے پر اپنے وچار ظاہر کرنے
میں ایسے بھی کئی لوگ تھے جو کہتے کچھ تھے
کچھ اور تھے ۔ ان کی دواملی کی وجہ سے بھی
ن کا بھاشای مسئلا بہت الجھ رہا تھا ۔ مسال
پر وہ کہتے تو یہ تھے کہ ہر اُردو جاننے والے کو
سیکھنی چاہئے اور ہر ہندی جاننے والے کو اُردو۔
موں کا کہنا تھا کہ ہندی جانے بنا اُردو نہیں
یا ہندی اچھی ترہ جاننے کے لئے اُردو کا جاننا
ہی نہیں، لازمی ہے؛ پھر بھی مدرسوں میں
یک ترہ کی بھاشا اور ایک ہی لکھاوٹ سکھای
ہی ۔

ں کو جانے دیجئے، خد وہ لوگ جو یہ کہتے تھے
دانوں کے لئے ہندی سیکھنا لازمی ہے، مامولی
بھی نہیں جانتے تھے ۔ افسوس کی بات ہے کہ
یونیورسٹیوں میں اُردو کے ایسے لکچرار، ریڈر اور
تھے اور ہیں جو مڈل کلاس کے ودیارتھیوں کے
ہندی نہیں جانتے ۔ تھوڑی بہت ہندی جو
نے سرف بی ۔ اے ۔ یا ایم ۔ اے ۔ پاس کرنے کے
تاوان کے تور پر سیکھی تھی، وہ کبھی کے بھول
ئے تھے ۔ خاس کر ہیدرآباد اور پنجاب میں تو
پڑھانے والوں اور اُردو میں "رسرچ" کرنے والوں
ی اتنی ہندی نہیں آتی تھی جو بنارس کے
پاس کو آتی ہو ۔

لوگوں کا داوا کچھ ہوتا ہے، اور اسل کچھ ان کے سچے
کچھ ہوتے ہیں اور کرتے کچھ ہیں۔ ان لوگوں کی وجہ
بھای مسئلہ بہت پیچدار ہونے پر اور بھی الجھتا
ہے ۔ کوی ہندستانی کے نام سے اُردو کی ترقی
ہے اور کوئی ہندستانی کا نام نہاد بھکت ہوتے
سنسکرتای ہندی کا پرچار کرتا ہے ۔

من ترقی اُردو کے نام سے جو کام پچھلی دہائیوں
ا، اس سے بہت کم فایدہ ہوا۔ کئی کتابوں سے اُردو
ی ہونے کے بجائے اُردو کو نقصان پہنچا ۔ کیوں کہ
نے جس بھاشا کو خاس کر جن اصطلاحوں (پری
) کو چلانا چاہا، وہ بہت ثقیل، بھارو
دیسیانا تھیں، ان میں کئی اتنی ثقیل ہوتی
کہ اُردو کے حامی انہیں نہیں سمجھ سکتے تھے ۔
ہ سے انجمن ترقی اُردو "انجمن تحدید

मिलता है. उरदू और हिन्दी की धर्मी अहमियत जो कुछ भी है वह ईसाईयों की बदौलत है, जो इन भाषाओं में लिखी हुई इन्जील पढ़ते हैं, बाज़ जगहों और गिरजाओं में ईसाई इबादत इन ही भाषाओं में होती है, इन ही भाषाओं के भजन गाये जाते हैं और दुखी दिलों को दिलासा देने के लिए भी यही भाषायें काम आती हैं. इसके बरअक्स उरदू और हिन्दी हैं जो न तो हमारी सुख की साथी हैं और न दुख की !

बहर हाल, समाज और राजकाज, धर्म और धन काज से भाषा को कितना ही लगाव सही, सबके सब न तो एक हैं और न यकसां हैं. इस फ़र्क़ के होते हुए राजकाज और धर्म को एक समझना भूल है या अंधेर, नादानी है या जहालत. दो सगे भाई ख़ून के नाते से कितने ही मिलते जुलते हों, फिर भी वह अलग अलग होते हैं. उनकी फ़ितरत (प्रकृति) मुख़तलिफ़ होती है, सीरत (चरित्र) जुदागाना होती है, दिल व दिमाग़ के गुन अलग अलग होते हैं. धर्म और राज काज या भाषा और धर्म में गहरा लगाव है ज़रूर मगर उनमें फ़र्क़ भी है. सगे भाई बहन होने पर भी वह न तो एक हैं न यकसां हैं.

भाषाई मसले को उलझाने वालों में वह भी हैं जो अपने देश और वक़्त की सस्ती शोहरत हासिल करने के लिये अनसच बोलते हैं और अनसच बातें बोलते बोलते या सोचते सोचते वह इतने भोले आदमी हो जाते हैं कि वह झूट को सच मानने लगते हैं और एक भोले भाले दोस्त की तरह अपने आप धोका खा कर दूसरों को धोका देते हैं.

मिसाल के लिए, हिन्दी प्रेमी और उरदू के हामी दोनों यकसां दावा करते थे और अब भी कभी कभार करते हैं कि हिन्दी और उरदू बोलने वालों की तैदाद 22 करोड़ है. जहां उरदू बोलने वालों या समझ सकने वालों की गिनती का सवाल होता था, उरदू के माने को इतना फैला दिया जाता था कि उरदू में शुद्ध हिन्दी, बंगारू, मारवाड़ी, राजस्थानी, ब्रज भाषा, बुन्देल खण्डी, कनौजी, पूरबी, भोजपुरी, दक्खनी सब बोलियां बोलने वालों को "उरदू दां" मान लिया जाता था; और जब हिन्दी बोलने वालों की तैदाद ज़ाहिर करनी होती थी, तो हिन्दी में अदबी उरदू रेख़्ता देहलवी या लखनवी उरदू, लाहौरी और हैदराबादी उरदू बल्कि "उरदू मुअल्ला" को (जो ख़ालिस उरदू की क़िस्में हैं) हिन्दी में मिला कर हिन्दी बोलने वालों की तैदाद 22 करोड़ बताई जाती थी.

दोनों को यकसां दावा एक दिल [illegible] सपना था कि हिन्दी ढाके से कोयटा तक और उरदू कश्मीर से रास कुमारी तक समझी जाती है. [illegible] यह थी की उरदू [illegible] वालों की तैदाद [illegible] तीन चार करोड़ से

ملتا ھے. اُردو اور ھندی کی دھرمی اھمیت جو کچھ بھی ھے و ایسائیوں کی بدولت ھے' جو ان بھاشاؤں میں لکھی ہوئی انجیل پڑھتے ھیں' باز جگہوں اور گرجاؤں میں ایسائی اپاسنا ان ھی بھاشاؤں میں ہوتی ھے' ان ھی بھاشاؤں کے بھجن گائے جاتے ھیں اور دکھی دلوں کو دلاسا دینے کیلئے بھی یہی بھاشائیں کام آتی ھیں. اِسکے براکس اُردو اور ھندی ھیں جو نہ تو ھماری سکھ کی ساتھی ھیں اور نہ دکھ کی !

بھر حال' سماج اور راج کاج' دھرم اور دھن کاج سے بھاشا کو کتنا ھی لگاؤ سہی' سب کے سب نہ تو ایک ھیں اور نہ یکساں ھیں. اِس فرق کے ہوتے ہوئے راج کاج اور دھرم کو ایک سمجھنا بھول ھے یا اندھیر' نادانی ھے یا جہالت. دو سگے بھائی خون کے ناتے سے کتنے ھی ملتے جلتے ھوں' پھر بھی وہ الگ الگ ہوتے ھیں. اُن کی فطرت (پرکرتی) مختلف ہوتی ھے' سیرت (چرتر) جدا گانا ہوتی ھے' دل و دماغ کے گن الگ الگ ہوتے ھیں. دھرم اور راج کاج یا بھاشا اور دھرم میں گہرا لگاؤ ھے ضرور مگر اُن میں فرق بھی ھے. سگے بھائی بہن ہونے پر بھی وہ نہ تو ایک ھیں نہ یکساں ھیں.

بھاشائی مسئلے کو اُلجھانے والوں میں وہ بھی ھیں جو اپنے دیش اور وقت کی سستی شہرت حاصل کرنے کے لئے اَن سچ بولتے ھیں اور اَن سچ باتیں بولتے بولتے یا سوچتے سوچتے وہ اتنے بھولے آدمی ہو جاتے ھیں کہ وہ جھوٹ کو سچ ماننے لگتے ھیں اور ایک بھولے بھالے دوست کی طرح اپنے آپ دھوکا کھاکر دوسروں کو دھوکا دیتے ھیں.

مثال کے لئے' ھندی پریمی اور اُردو کے حامی دونوں یکساں داوا کرتے تھے اور اب بھی کبھی کبھار کرتے ھیں کہ ھندی اور اُردو بولنے والوں کی تعداد 22 کروڑ ھے. جہاں اُردو بولنے والوں یا سمجھ سکنے والوں کی گنتی کا سوال ہوتا تھا' اُردو کے معنے کو اتنا پھیلا دیا جاتا تھا کہ اُردو میں شدھ ھندی' بنگارو' مارواڑی' راجستھانی' برج بھاشا' بندیل کھنڈی' کنوجی' پوربی' بھوجپوری' دکھنی سب بولیاں بولنے والوں کو "اُردو داں" مان لیا جاتا تھا؛ اور جب ھندی بولنے والوں کی تعداد ظاہر کرنی ہوتی تھی' تو ھندی میں ادبی اُردو' ریختا' دھلوی یا لکھنوی اُردو' لاھوری اور حیدرآبادی اُردو بلکہ "اُردو معلیٰ" کو (جو خالص اُردو کی قسمیں ھیں) ھندی میں ملاکر ھندی بولنے والوں کی تعداد 22 کروڑ بتائی جاتی تھی.

دونوں کا یکساں داوا ایک دل بہلاؤ سپنا تھا کہ ھندی ڈھاکے سے کوئٹا تک اور اُردو کشمیر سے راس کماری تک سمجھی جاتی ھے. سچ بات تو یہ تھی کہ اُردو جاننے والوں کی تعداد کسی طرح تین چار کروڑ سے

ठीक नहीं क्योंकि धर्म का बदलना फिर भी आसान है, भाषा का बदलना आम तौर पर नामुमकिन और हर सूरत में बेहद मुश्किल है. हज़रत ईसा का धर्म सारे संसार में फैलता जा रहा है, मगर 'नए ईसाईयों' की असली भाषायें कहां बदलती हैं और क्यों कर बदल सकती हैं? इन पर जो कुछ भी असर पड़ता है वह ज़ियादातर पच्छिमयावे के कारन होता है न कि धर्म बदलावे से.

यह भी एक बड़ी भूल है कि बाज़ लोग धर्म और भाषा के मसले को एक समझते हैं. धर्म और भाषा के बन्धनों को बढ़ा चढ़ाकर इस तरह सामने लाते हैं कि भाषाई मसला धर्मी ज़ाहिर होने लगता है. मिसाल के तौर पर उरदू के हामी उरदू से फ़ारसी और अरबी के नातों को बढ़ाने के लिये फ़ारसी और अरबी को "इस्लामी" ज़बानें कहते हैं. हिन्दी प्रेमी संस्कृत के भक्त भी होते हैं और हिन्दी पर संस्कृत को छाया हुआ रखने के लिए हर तरह संस्कृत की अहमियत बढ़ाते हैं. संस्कृत के बड़े शब्द सागर, इसके व्याकरन और विद्याई अहमियत जताने के अलावा इसे "देव बानी" याने देवताओं की भाषा ठहराते हैं ताकि इसका आदर बढ़े और संस्कृत की धाक क़ायम हो जाय. फ़ारसी अरबी परस्तों और संस्कृत के पुजारियों की यह चालाकी है कि वह अपनी अपनी पसन्द की भाषा को धर्म के सहारे क़ायम रखना चाहते हैं. हालांकि धर्म की कोई भाषा नहीं होती. दुनिया भर में सबसे ज़ियादा फैला हुआ धर्म ईसाई धर्म है. हर मुल्क के ईसाई अपनी अपनी भाषा में इन्जील पढ़ते हैं, भजन गाते हैं, धर्मी व्याख्यान सुनते हैं. जो लोग लैटिन भाषा को ईसाईयों की धर्मी भाषा समझते हैं वह उनकी भूल है क्योंकि हज़रत ईसा की भाषा लैटिन नहीं थी. करोड़ों ईसाईयों को मालूम ही नहीं कि पहले पहल ईसाई धर्मी पुस्तक, इन्जील, किस भाषा में लिखी गई थी. इसलिए अकसर ईसाई ख़ुद अपनी ज़बान में ईसाई धर्म की किताबें पढ़ते, सुनते और समझते हैं. शादी और मोता (एक तरह का ब्याह) के मौक़ों पर अकसर मुक़ामी भाषा और आम भाषा का चलन होता है. इसके बरअक्स (ख़िलाफ़) उरदू के हामी और हिन्दी प्रेमी ख़ानदानी रस्मों और समाजी तक़रीबों में संस्कृत या अरबी का इस्तेमाल करते हैं जिसे कोई नहीं समझता. मेरे नज़दीक हिन्दी का सबसे बड़ा अपमान हिन्दी प्रेमियों के हाथों हो रहा है कि इनकी सबसे ज़ियादा चहेती भाषा ज़िन्दगी भर के सबसे अहम नाते को जोड़ते वक़्त बेदख़ल कर दी जाती है और मौत मिट्टी के मौक़े पर भी इससे कुछ फ़ायदा नहीं होता! ठीक इसी तरह उरदू की सबसे बड़ी बेइज़्ज़ती ख़ुद उरदू के हामियों की वजह से हो रही है क्योंकि समाज और ख़ानदान की सबसे ज़ियादा अहम तक़रीबों के वक़्त याने शादी और मोता की रस्मों के वक़्त इसे घर निकाला

ہیک نہیں کیونکہ دھرم کا بدلنا پھر بھی آسان ہے،
ہاشا کا بدلنا آم تور پر ناممکن اور ہر سورت میں بے
حد مشکل ہے . حضرت ایسا کا دھرم سارے سنسار میں
پھیلتا جا رہا ہے، مگر " نوایسائیوں " کی اصلی
بھاشائیں کہاں بدلتی ہیں اور کیونکر بدل سکتی ہیں؟
ان پر جو کچھ بھی اسر پڑتا ہے وہ زیادا تر پچھمیاوے کے
کارن ہوتا ہے نہ کہ دھرم بدلاوے سے .

یہ بھی ایک بڑی بھول ہے کہ باز لوگ دھرم اور
بھاشا کے مسئلے کو ایک سمجھتے ہیں . دھرم اور بھاشا
کے بندھنوں کو بڑھا چڑھا کر اس ترہ سامنے لاتے ہیں کہ
بھاشائی مسئلہ دھرمی ظاہر ہونے لگتا ہے . مثال کے تور پر
اردو کے حامی اردو سے فارسی اور عربی کے ناتوں کو بڑھانے
کیلئے فارسی اور عربی کو " اسلامی " زبانیں کہتے ہیں .
ہندی پریمی سنسکرت کے بھکت بھی ہوتے ہیں اور
ہندی پر سنسکرت کو چھایا ہوا رکھنے کیلئے ہر ترہ
سنسکرت کی اہمیت بڑھاتے ہیں . سنسکرت کے بڑے
شبد ساگر، اسکے ویاکرن اور ودیائی اہمیت جتانے کے الوا
اسے " دیو بانی " یانے دیوتاؤں کی بھاشا ٹھہراتے ہیں
تاکہ اسکا آدر بڑھے اور سنسکرت کی دھاک قائم ہوجائے .
فارسی عربی پرستوں اور سنسکرت کے پجاریوں کی یہ چالاکی
ہے کہ وہ اپنی اپنی پسند کی بھاشا کو دھرم کے سہارے
قائم رکھنا چاہتے ہیں. حالانکہ دھرم کی کوئی بھاشا نہیں
ہوتی . دنیا بھر میں سب سے زیادہ پھیلا ہوا دھرم ایسائی
دھرم ہے . ہر ملک کے ایسائی اپنی اپنی بھاشا میں
انجیل پڑھتے ہیں، بھجن گاتے ہیں، دھرمی وکھیان سنتے
ہیں . جو لوگ لیٹن بھاشا کو ایسائیوں کی دھرمی
بھاشا سمجھتے ہیں وہ اُن کی بھول ہے کیوں کہ حضرت
ایسا کی بھاشا لیٹن نہیں تھی. کروڑوں ایسائیوں کو مالوم
ہی نہیں کہ پہلے پہل ایسائی دھرمی پستک، انجیل،
کس بھاشا میں لکھی گئی تھی . اس لئے اکسر ایسائی
خد اپنی زبان میں ایسائی دھرم کی کتابیں پڑھتے،
سنتے اور سمجھتے ہیں . شادی اور موتا (ایک طرح کا
بیاہ) کے موقوں پر اکسر مقامی بھاشا اور آم بھاشا کا
چلن ہوتا ہے . اسکے برعکس (خلاف) اردو کے حامی
اور ہندی پریمی خاندانی رسموں اور سماجی تقریبوں
میں سنسکرت یا عربی کا استعمال کرتے ہیں جسے کوئی
نہیں سمجھتا . میرے نزدیک ہندی کا سب سے بڑا
اپمان ہندی پریمیوں کے ہاتھوں ہو رہا ہے کہ اِن کی
سب سے زیادا چہیتی بھاشا زندگی بھر کے سب سے اہم
ناتے کو جوڑتے وقت بیدخل کر دی جاتی ہے اور موت
مٹی کے موقعے پر بھی اس سے کچھ فایدا نہیں ہوتا !
ٹھیک اسی ترہ اردو کی سب سے بڑی بے عزتی خد اردو
کے حامیوں کی وجہ سے ہورہی ہے کیوں کہ سماج اور
خاندان کی سب سے زیادہ اہم تقریبوں کے وقت
یانے شادی اور موتا کی رسموں کے وقت اسے گھر نکالا

जिस तरह हिन्दी के पक्ष पातियों को बिना कारन उरदू प्रेमियों पर शक है, उसी तरह बाज़ उरदू के हामियों को हिन्दी प्रेमियों से बदगुमानी है. जब "विदा" (وداع) से विदा (ودا) और विदाई और बिदा और बिदायगी बना, तो उरदू के हामियों ने शोर मचाया कि हिन्दी वाले उरदू को बरबाद करने के लिए बिदागी, गरम और इसी तरह दूसरे लफ़्ज़ जान बूझ कर बिगाड़ रहे हैं. गोया सिर्फ़ हिन्दी प्रेमी ही यह लफ़्ज़ इस तरह बोलते हैं.

यही उरदू के हामियों की बड़ी भारी भूल है, जो वह भाषाई बदलाव को बिगाड़ से ताबीर करते (का नाम लेते) हैं. भाषा का बदलाव, जो जनता के आम झुकाव के मुताबिक़ हो रहा है, सोल्हों आने फ़ितरी (प्राकृतिक) है. इस भाषाई फ़ितरत का विरोधी होना, भाषाई हक़ीक़त से नावाक़िफ़ होना है.

बहुतेरे लोग भाषा के मसले को धर्म और जात का मसला समझते हैं और भाषा पर धर्म या जात के निगाही नुक़्ते से बहस करते हैं. यह भी इनकी बड़ी भूल है. इन के बारे में ग़ुलाम सयैदैन ने ठीक लिखा है:

"भाषा का कोई धर्म नहीं होता. मिस्र में लाखों ईसाई अरबी बोलते हैं, मगर उसे मुसलमानों की नहीं, अपनी भाषा समझते हैं. अल्बानिया और चीन में लाखों मुसलमान उन देशों की भाषा बोलते हैं."

बहुतेरे लोग अपने राजकाजी लगाव के नाते इस सवाल से अनजान बनते हैं, जैसे बाज़ कांगरेसी, सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट नेता अक्सर गम्भीर पन से भाषा के मसले पर सोच बिचार नहीं करते या उसको तोड़ मरोड़ कर पेश करते हैं. वह सचमुच राजकाजी और सभ्यताई मसलों के मुख़्तलिफ़ पहलुओं को भुलाना चाहते हैं या भाषा की अहमियत को जानते ही नहीं. भाषा और धर्म में चाहे कितना ही लगाव रहे, फिर भी भाषा और चीज़ है और धर्म कुछ और धन काज की चाहे कितनी ही अहमियत हो, भाषा और धर्म, समाज और राजकाज भी अपनी अपनी जगह बहुत अहम हैं. सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट जिस तरह भाषा के मसले को ग़ैर अहम समझते हैं और उसे बुर्जुआओं की चालाकी ठहराते हैं कि उन्होंने जनता को अपनी असल मांग से भटकाने और बहकाने के लिए धर्म, भाषा और सभ्यता के मसले खड़े कर दिये हैं, वह सिर्फ़ एक हद तक ठीक है. उन्हें बिल्कुल मन गढ़त समझना, सौ फ़ी सैकड़ा "बुर्जुआ की चालाकी" बताना भाषाई मसले की नावाक़िफ़यत है. इन राज काजी नेताओं का यह ख़्याल भी ठीक नहीं कि धन दौलत के आगे धर्म की तरह भाषा का मसला भी ग़ैर अहम है. इससे यह ग़लत ख़्याल फैलता है कि धर्म और भाषा यकसां अहम हैं. यह ख़्याल इसलिये

جس ترہ هندی کے پکھں پاتیوں کو بنا کارن اُردو پریمیوں پر شک هے، اُسی طرح باز اُردو کے حامیوں کو هندی پریمیوں سے بدگمانی هے . جب " وداع " سے ودا اور ودامی اور بدا اور بدامگی بنا، تو اُردو کے حامیوں نے شور مچایا کہ هندی والے اُردو کو برباد کرنے کے لئے بداگی، گرم اور اِسی ترہ دوسرے لفز جان بوجھ کر بگاڑ رهے هیں . گویا صرف هندی پریمی هی یہ لفز اِس طرح بولتے هیں .

یہی اُردو کے حامیوں کی بڑی بھاری بھول هے، جو وہ بھاشائی بدلاؤ کو بگاڑ سے تابیر کرتے (کا نام لیتے) هیں بھاشا کا بدلاؤ، جو جنتا کے آم جھکاؤ کے مطابق هو رها هے، سولهوں آنے فطری (پراکرتک) هے . اِس بھاشائی فطرت کا وِرودهی هونا، بھاشائی حقیقت سے نا واقف هونا هے .

بہتیرے لوگ بھاشا کے مسئلے کو دهرم اور جات کا مسئلہ سمجھتے هیں اور بھاشا پر دهرم یا جات کے نگاهی نقطے سے بحث کرتے هیں . یہ بھی اِن کی بڑی بھول هے . اِن کے بارے میں غلام سیدین نے ٹھیک لکھا هے :

" بھاشا کا کوئی دهرم نہیں هوتا . مصر میں لاکھوں عیسائی عربی بولتے هیں، مگر اُسے مسلمانوں کی نہیں، اپنی بھاشا سمجھتے هیں . البانیہ اور چین میں لاکھوں مسلمان اُن دیشوں کی بھاشا بولتے هیں ."

بہتیرے لوگ اپنے راج کاجی لگاؤ کے ناتے اِس سوال سے انجان بنتے هیں، جیسے باز کانگریسی، سوشلسٹ اور کمیونسٹ نیتا اکثر گمبھیر پن سے بھاشا کے مسئلے پر سوچ بچار نہیں کرتے یا اُس کو توڑ مروڑ کر پیش کرتے هیں . وہ سچ مچ راج کاجی اور سبھیتائی مسئلوں کے مختلف پہلوؤں کو بھلانا چاهتے هیں یا بھاشا کی اهمیت کو جانتے هی نہیں . بھاشا اور دهرم میں چاهے کتنا هی لگاؤ رهے، پھر بھی بھاشا اور چیز هے اور دهرم کچھ اور دهن کاج کی چاهے کتنی هی اهمیت هو، بھاشا اور دهرم، سماج اور راج کاج بھی اپنی اپنی جگہ بہت اهم هیں . سوشلسٹ اور کمیونسٹ جس ترہ بھاشا کے مسئلے کو غیر اهم سمجھتے هیں اور اُسے برژواؤں کی چالاکی ٹھہراتے هیں کہ اُنہوں نے جنتا کو اپنی اصل مانگ سے بھٹکانے اور بہکانے کے لئے دهرم، بھاشا اور سبھیتا کے مسئلے کھڑے کر دیئے هیں، وہ صرف ایک حد تک ٹھیک هے . اُنہیں بالکل من گھڑت سمجھنا، سو فی سیکڑہ " برژوازی کی چالاکی " بتانا بھاشائی مسئلے کی ناواقفیت هے . اِن راج کاجی نیتاؤں کا یہ خیال بھی ٹھیک نہیں کہ دهن دولت کے آگے دهرم کی ترہ بھاشا کا مسئلہ بھی غیر اهم هے . اِس سے یہ غلط خیال پھیلتا هے کہ دهرم اور بھاشا یکساں اهم هیں . یہ خیال اس لئے

हिन्दुस्तान का भाशाई मसला और हिन्दुस्तानी शब्द विद्या के उसूल

(डाक्टर जाफ़र हसन)

[डाक्टर जाफ़र हसन उस्मानिया यूनिवर्सिटी में एक प्रोफ़ेसर और भाशा विद्या के बहुत बड़े जानकार हैं. हिन्दुस्तानी भाशा के भी वह प्रेमी हैं और हिन्दुस्तानी को रूप देने के बारे में अपने ख़ास विचार रखते हैं. उरदू हरफ़ों को कम करके उरदू हिज्जे आसान करने के वह पुराने हामी हैं. इस नोट और इस लेख में उरदू हिज्जे उन्हीं के उसूल पर किये गये हैं. गांधी जी उनके विचारों की बड़ी क़द्र करते थे. वर्धा की हिन्दुस्तानी प्रचार सभा के वह एक ख़ास मेम्बर हैं. हम चाहते हैं 'नया हिन्द' के प्रेमी इस लेख माला को जिसका यह पहला लेख है ध्यान से पढ़ें—सुन्दरलाल]

हिन्दुस्तान के भाशाई मसले पर जो लेख, रिसाले, किताबें और अख़बारी बयान मेरी नज़र से गुज़रे हैं उनके देखने से मुझे कई बार ख़्याल हुआ कि बहुतेरे लोग जो हिन्दुस्तान के भाशाई मसले को सुलझाने बैठते हैं इस मसले को उल्टा और उलझा देते हैं. मिसाल के तौर पर डाक्टर सुनीत कुमार चटरजी ने जिस बाज़ारू और गंवारू हिन्दुस्तानी का सुझाव किया है, वह सुधार नहीं इन्क़िलाब है, वह भी महा इन्क़िलाब ! ऐसे लोगों के सामने जो मामूली से सुधार के लिए तैयार न हों, महा इन्क़िलाबी सुझाव पेश करना, हमारे भाशाई मसले को उलझाना नहीं, तो और क्या है ?

बाज़ारू और गंवारू हिन्दी को राश्ट्र भाशा बनाने का सुझाव पेश करना, ऐसी ही बात है, जैसे कोई कट्टर हिन्दुओं और ईसाईयों के सामने जो अपने धर्म ही के लोगों में बैन जात वारी या बैन जुज़ फ़िरक़ाई ब्याह के मुवाफ़िक़ न हों अन्तर धर्मी ब्याह का सुझाव पेश करे. यह मसले को सुलझाना है या उलझाना ?

बहुतेरे लोग भाशाई मसले की हक़ीक़त ही से वाक़िफ़ नहीं. इन्हीं के बारे में डाक्टर तारा चन्द ने बिल्कुल ठीक लिखा है:

"कुछ लोगों का विचार है कि उरदू वाले देश को देस और प्रसाद को प्रशाद हिन्दी को बिगाड़ने के लिए लिखते हैं. ऐसा नहीं है. देश का देस और प्रसाद का प्रशाद उरदू से पहले ही बन चुके थे." ('नया हिन्द' अगस्त 1949)

ھندستان کا بھاشائی مسئلا اور ھندستانی شبد ودیا کے اُسول

(ڈاکٹر جافر حسن)

[ڈاکٹر جافر حسن اُسمانیا یونیورسٹی میں ایک پروفیسر اور بھاشا ودیا کے بہت بڑے جانکار ھیں . ھندستانی بھاشا کے بھی وہ پریمی ھیں اور ھندستانی کو روپ دینے کے بارے میں اپنے خاص وچار رکھتے ھیں. اُردو ھرفوں کو کم کر کے اُردو ھجے آسان کرنے کے وہ پرانے حامی ھیں . اِس نوٹ اور اِس لیکھ میں اُردو ھجے اُنھیں کے اُسول پر کئیے گئے ھیں . گاندھی جی اِن کے وچاروں کی بڑی قدر کرتے تھے . وردھا کی ھندستانی پرچار سبھا کے وہ ایک خاص ممبر ھیں . ہم چاھتے ھیں 'نیا ھند' کے پریمی اِس لیکھ مالا کو جس کا یہ پہلا لیکھ ھے کو دھیان سے پڑھیں—سندرلال]

ھندستان کے بھاشائی مسئلے پر جو لیکھ' رسالے' کتابیں اور اخباری بیان میری نزر سے گذرے ھیں اُن کے دیکھنے سے مجھے کئی بار خیال ھوا کہ بہتیرے لوگ جو ھندستان کے بھاشائی مسئلے کو سلجھانے بیٹھتے ھیں اِس مسئیے کو اُلٹا اور اُلجھا دیتے ھیں . مسال کے توپر ڈاکٹر سنیت کمار چٹر جی نے جس بازارو اور گنوارو ھندستانی کا سجھاؤ کیا ھے' وہ سدھار نہیں انقلاب ھے' وہ بھی مہا اِنقلاب ! ایسے لوگوں کے سامنے جو سامولی سے سدھار کے لئیے تیار نہ ھوں' مہا اِنقلابی سجھاؤ پیش کرنا' ھمارے بھاشائی مسئلے کو اُلجھانا نہیں' تو اور کیا ھے ؟

بازارو اور گنوارو ھندی کو راشٹر بھاشا بنانے کا سجھاؤ پیش کرنا' ایسی ھی بات ھے' جیسے کوئی کٹر ھندوؤں اور ایسائیوں کے سامنے جو اپنے دھرم ھی کے لوگوں میں بین جات واری یا بین جزفرقائی بیاہ کے موافق نہ ھوں' انتر دھرمی بیاہ کا سجھاؤ پیش کرے . یہ مسئلے کو سلجھانا ھے یا اُلجھانا ؟

بہتیرے لوگ بھاشائی مسئلے کی حقیقت ھی سے واقف نہیں . اِن ھی کے بارے میں ڈاکٹر تارا چند نے بلکل ٹھیک لکھا ھے :

" کچھ لوگوں کا وچار ھے کہ اُردو والے دیش کو دیس اور پرساد کو پرشاد ھندی کو بگاڑنے کے لئے لکھتے ھیں . ایسا نہیں ھے . دیش کا دیس اور پرساد کا پرشاد اُردو سے پہلے ھی بن چکے تھے ." ('نیا ھند' اگست 1949)

है. और इस तरह हम में हमारे बाप दादा और नगड़ दादा सब ज़िन्दा रहते हैं. इसी को 'नया जन्म' कहते हैं. नये जन्म में जहां बहुत सी बातें क़ुदरती तौर पर रिवायती और पुरानी होती हैं वहां अनगिनत नई बातें आ जाती हैं और यह नई और पुरानी मिलकर निश्चय ही उन पुरानी धुरानी बातों से बहुत कुछ अलग होती हैं जो हमारी पुरानी तहज़ीब और हमारे पुराने फ़लसफ़े ज़िन्दगी में मिलती हैं. इस क़ुदरती फ़र्क़ को दूर करना क़ुदरत से लड़ना है. अपनी क़ौम को हलाकत की तरफ़ ले जाना है और उल्टी गंगा के बहने का ख़्वाब देखना है. जीवन की इस गुत्थी को सुलझाने के लिये जब बीच पूरब के बासियों से सीधी सादी बात कही जाती है तो वह हुज्जते बंगाला से काम लेने लग जाते हैं. कुछ लोग हिकमते चीन के फ़लसफ़े पर भी अमल करते हैं मगर उनकी आवाज़ नक़्क़ारख़ाने में तूती की आवाज़ होती है. दिल व दिमाग़ की यह हालत, यह विचार धारा बीच पूरब, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और पूरे पूरब में एक सी है.

धुर पूरब की राजकाजी, माली, रोज़गारी, तालीमी, कल्चरी, तिजारती, सनअती और सोशल हालत के बारे में भी बहुत कुछ लिखने को जी चाहता है, इस ख़्याल से कि हमारे भारत के लोग उससे फ़ायदा उठायें. मज़हबी बातों में भी बहुत सी बातें मिलती जुलती हैं क्योंकि सब मज़हबी ख़्यालों की बुनियादें एक ही जड़ से निकली हैं और सारी दुनिया में एक सी हैं.

बीच पूरब का मेरा दौरा अभी अधूरा है. इस वक़्त मैं मक्के में ठहरा हुआ हूँ. मक्के के पन्डों को जिन्हें 'मोअल्लिम' कहते हैं हालात बहुत दिलचस्प हैं. काशी के पंडे तो यात्रियों की सौ पचास मील आगे बढ़ कर रेलों में अगुवाई करते हैं लेकिन मक्का मुअज़्ज़मा के पंडे सात समुन्दर पार हज़ारों कोस दूर जा जा कर अपने अपने जजमानों यानी हाजियों को हज करने का उपदेश देते हैं. धर्म के यह व्योपारी बड़े पक्के होते हैं, और बड़े जानकार भी. दुनिया के दूसरे व्योपारी किसी फ़र्म के एजेन्ट बनकर दुनिया का सैरो-सफ़र करते हैं मगर यहां के 'मोअल्लिम' अल्लाह मियां के एजेन्ट बनकर हर साल दुनिया को नापते रहते हैं. यह दौलत भी हासिल करते हैं और धर्म भी. काशी वालों से यह ज़ियादा लम्बे हाथ मारते हैं और दौड़ धूप भी इनकी ज़ियादा लम्बी होती है. बाक़ी फिर.

आपका भाई

अब्दुल्ला मिस्री

ہے ۔ اور اس طرح ہم میں ہمارے باپ دادا اور نگڑ دادا سب زندہ رہتے ہیں ۔ اسی کو 'نیا جنم' کہتے ہیں ۔ نئے جنم میں جہاں بہت سی باتیں قدرتی طور پر روائتی اور پرانی ہوتی ہیں وہاں اَن‌گنت نئی باتیں آجاتی ہیں اور یہ نئی اور پرانی مل کر نشچے ہی اُن پرانی دھرانی باتوں سے بہت کچھ الگ ہوتی ہیں جو ہماری پرانی تہذیب اور ہمارے پرانے فلسفے زندگی میں ملتی ہیں ۔ اس قدرتی فرق کو دور کرنا قدرت سے لڑنا ہے ۔ اپنی قوم کو ہلاکت کی طرف لے جانا ہے اور اُلٹی گنگا کے بہنے کا خواب دیکھنا ہے ۔ جیون کی اس گتھی کو سلجھانے کے لئے جب بیچ پورب کے باسیوں سے سیدھی سادی بات کہی جاتی ہے تو وہ حجت بنگالہ سے کام لینے لگ جاتے ہیں ۔ کچھ لوگ حکمت چین کے فلسفے پر بھی عمل کرتے ہیں مگر اُن کی آواز نقارخانے میں طوطی کی آواز ہوتی ہے ۔ دل و دماغ کی یہ حالت' یہ وچاردھارا بیچ پورب' ہندستان' پاکستان اور پورے پورب میں ایک سی ہے ۔

دھور پورب کی راج کاجی' مالی' روزگاری' تعلیمی' کلچری' تجارتی' صنعتی اور سوشل حالت کے بارےمیں بھی بہت کچھ لکھنے کو جی چاہتا ہے' اس خیال سے کہ ہمارے بھارت کے لوگ اُس سے فائدہ اُٹھائیں۔ مذہبی باتوں میں بھی بہت سی باتیں ملتی جلتی ہیں کیونکہ سب مذہبی خیالوں کی بنیادیں ایک ہی جڑ سے نکلی ہیں اور ساری دنیا میں ایک سی ہیں ۔

بیچ پورب کا میرا دورا ابھی ادھورا ہے ۔ اس وقت میں مکے میں ٹھہرا ہوا ہوں ۔ مکے کے پنڈوں کو جنہیں 'معلم' کہتے ہیں حالات بہت دلچسپ ہیں ۔ کاشی کے پنڈے تو یاتریوں کی سو پچاس میل آگے بڑھ کر ریلوں میں اگوائی کرتے ہیں لیکن مکہ معظمہ کے پنڈے سات سمندر پار ہزاروں کوس دور جاجا کر اپنے اپنے ججمانوں یعنی حاجیوں کو حج کرنے کا اُپدیش دیتے ہیں ۔ دھرم کے یہ بیوپاری بڑے پکے ہوتے ہیں' اور بڑے جانکار بھی ۔ دنیا کے دوسرے بیوپاری کسی فرم کے ایجنٹ بن کر دنیا کا سیر و سفر کرتے ہیں مگر یہاں کے 'معلم' اللہ میاں کے ایجنٹ بن کر ہر سال دنیا کو ناپتے رہتے ہیں ۔ یہ دولت بھی حاصل کرتے ہیں اور دھرم بھی ۔ کاشی والوں سے یہ زیادہ لمبے ہاتھ مارتے ہیں اور دوڑ دھوپ بھی اِن کی زیادہ لمبی ہوتی ہے ۔ باقی پھر ۔

آپ کا بھائی

عبداللہ مصری

है और अब चीन का आपको तजुर्बा हो गया. दोनों तजुर्बों से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं. तीसरा तजुर्बा अब मुझे बीच पूरब (मिडिल ईस्ट) का हो रहा है, अगरचे इसका थोड़ा बहुत तजुर्बा मुझे पहले भी हो चुका है.

मैं देखता हूँ कि दिलों और दिमाग़ों की बनावट के ख़्याल से बीच पूरब, पूरब और धूर पूरब में बहुत सी बातें एक सी पाई जाती हैं. पिछली तारीख़, ज़िन्दगी के फ़लसफ़ा, और क़ौमी ख़ासियतों में भी अचरज भरी यकसानियत है. अगरचे रीत-रिवाज, रहन-सहन, सोचने के ढंग और भांति-भांति की बोलियों की वजह से ज़ाहिर में फ़र्क़ भी बहुत मालूम होते हैं. लेकिन हक़ीक़त में फ़र्क़ बहुत कम हैं. दिमाग़ी एतबार से तुरकों और गिन्ती के और लोगों को छोड़ कर बीच पूरब के सब बासी गाड़ी के पीछे बैल जोतने पर तुले हुए हैं. भारत में उल्टी गंगा बहाने की कहावत कितनी मशहूर है लेकिन क्या सच-मुच उल्टी गंगा बहती है इस पर ध्यान देने वाले लोग कम हैं. लोग चाहते हैं कि जो ज़माना हज़ारों साल हुआ गुज़र चुका उसको धरती के पेट से निकाल कर फिर ले आयें. यानी एक बूढ़ा अपनी जवानी और बचपन को फिर से देखना चाहता है और एक नौजवान हू बहू अपने बाप दादा और नगड़ दादा के रूप में अपने को देखने के लिए बेचैन है.

बीच पूरब वालों का अक़ीदा (विश्वास) है कि अगर वह ठीक-ठीक इस्लाम के "सुनहरे उसूलों" पर कार-बन्द हो जायें तो उनका तेरह सौ साल का बड़प्पन फिर से लौट आएगा. इस्लाम के ठीक-ठीक सुनहरे उसूल क़ुरान शरीफ़ और हदीसों में भरे पड़े हैं और फ़िक़ा (मुस्लिम धर्म शास्त्र) में भी और उल्माए कराम (मौलवियों) की लच्छेदार बातों और उनके कारनामों में भी काफ़ी हैं. इस पर भी लाखों करोड़ों सीधे सादे अनपढ़ और पढ़े लिखे मुसलमान इस्लाम के ठीक ठीक "सुनहरे उसूलों" के समझने के नाक़ाबिल हैं, उसी तरह जैसे भारत के करोड़ों हिन्दू वेदों और पुरानों के ठीक-ठीक सुनहरे उसूलों के समझने के नाक़ाबिल हैं. मगर कुछ लोग हैं कि डंडा लेकर पीछे पड़े हुये हैं कि तुम्हें समझना ही पड़ेगा. तुम जान लो कि गंगा उल्टी बहती है, नहीं बहती तो ज़रूर बहेगी.

इन लोगों से कोई कहे कि भई संसार में हर जानदार की एक उम्र तय होती है, एक कली एक ही बार खिलती है, दूसरे मौसम में दूसरी कलियां खिलती हैं. इन्सान का बचपन और जवानी एक ही मर्तबा रंग लाते हैं. फिर बुढ़ापा आता है और फिर मौत. क़ौमों की ज़िन्दगी का भी एक बचपन होता है, एक जवानी, फिर बुढ़ापा और मौत भी. इस मौत के साथ ही साथ दूसरी ज़िन्दगी भी शुरू होती रहती है, यानी बाप की जगह बेटा और बेटे की जगह पोता लेता रहता

اور اب چین کا آپ کو تجربہ ہوگیا. دونوں تجربوں سے ہم بہت کچھ سیکھ سکتے ہیں. تیسرا تجربہ اب مجھے بیچ پورب (مڈل ایسٹ) کا ہو رہا ہے' اگرچہ اِس کا تھوڑا بہت تجربہ مجھے پہلے بھی ہوچکا ہے .

میں دیکھتا ہوں کہ دلوں اور دماغوں کی بناوٹ کے خیال سے بیچ پورب' پورب اور دھور پورب میں بہت سی باتیں ایک سی پائی جاتی ہیں. پچھلی تاریخ' زندگی کے فلسفہ' اور قومی خاصیتوں میں بھی اچرج بھری یکسانیت ہے . اگرچہ ریت رواج' رہن سہن' سوچنے کے ڈھنگ اور بھانت بھانت کی بولیوں کی وجہ سے ظاہر میں فرق بھی بہت معلوم ہوتے ہیں . لیکن حقیقت میں فرق بہت کم ہیں . دماغی اعتبار سے ترکوں اور گنتی کے اور لوگوں کو چھوڑ کر بیچ پورب کے سب باسی گاڑی کے پیچھے بیل جوتنے پر تلے ہوئے ہیں. بھارت میں الٹی گنگا بہانے کی کہاوت کتنی مشہور ہے . لیکن کیا سچ مچ الٹی گنگا بہتی ہے اس پر دھیان دینے والے لوگ کم ہیں . لوگ چاہتے ہیں کہ جو زمانہ ہزاروں سال ہوا گذر چکا اُس کو دھرتی کے پیٹ سے نکال کر پھر لے آئیں . یعنی ایک بوڑھا اپنی جوانی اور بچپن کو پھر سے دیکھنا چاہتا ہے اور ایک نوجوان ہوبہو اپنے باپ دادا اور لکڑ دادا کے روپ میں اپنے کو دیکھنے کے لئے بےچین ہے.

بیچ پورب والوں کا عقیدہ (وشواس) ہے کہ اگر وہ ٹھیک ٹھیک اسلام کے "سنہرے اُصولوں" پر کاربند ہوجائیں تو اُن کا تیرہ سو سال کا بڑپپن پھر سے لوٹ آئے گا . اسلام کے ٹھیک ٹھیک سنہرے اُصول قرآن شریف اور حدیثوں میں بھرے پڑے ہیں اور فقہ (مسلم دھرم شاستر) میں بھی اور علماء کرام (مولویوں) کی لچھےدار باتوں اور اُن کے کارناموں میں بھی کافی ہیں . اِس پر بھی لاکھوں کروڑوں سیدھے سادے اَن پڑھ اور پڑھے لکھے مسلمان اسلام کے ٹھیک ٹھیک "سنہرے اُصولوں" کے سمجھنے کے ناقابل ہیں' اسی طرح جیسے بھارت کے کروڑوں ہندو ویدوں اور پرانوں کے ٹھیک ٹھیک سنہرے اُصولوں کے سمجھنے کے ناقابل ہیں. مگر کچھ لوگ ہیں کہ ڈنڈا لے کر پیچھے پڑے ہوئے ہیں کہ تمہیں سمجھنا ہی پڑے گا . تم جان لو کہ گنگا الٹی بہتی ہے' نہیں بہتی تو ضرور بہے گی .

اِن لوگوں سے کوئی کہے کہ بھئی سنسار میں ہر جاندار کی ایک عمر طے ہوتی ہے' ایک کلی ایک ہی بار کھلتی ہے' دوسرے موسم میں دوسری کلیاں کھلتی ہیں. انسان کا بچپن اور جوانی ایک ہی مرتبہ رنگ لاتے ہیں . پھر بڑھاپا آتا ہے اور پھر موت . قوموں کی زندگی کا بھی ایک بچپن ہوتا ہے' ایک جوانی' پھر بڑھاپا اور موت بھی . اِس موت کے ساتھ ہی ساتھ دوسری زندگی بھی شروع ہوتی رہتی ہے' یعنی باپ کی جگہ بیٹا اور بیٹے کی جگہ پوتا لیتا رہتا

...ता होता है जो ग़लत समझ या ग़लत समझौते के ...सर में इस देश को भी उसी माली और राज काजी ढांचे ... ढालना चाहते हैं जिसने अमरीकी हकूमत को इस हालत ...क पहुँचा दिया. हम अपने मुल्क को किसी दल बन्दी में ...ालना नहीं चाहते. हम दल बन्दी ही को दुनिया से ख़त्म ...रना चाहते हैं. हम शान्ति के उपासक हैं और जंग को ...रती से मिटाना चाहते हैं. हमें यह भी पूरा यक़ीन है कि ...ो रास्ता महात्मा गांधी ने दुनिया को बताया है दुनिया में ...च्चा अमन और सुख क़ायम करने का वही एक तरीक़ा है. ...र हम दुनिया की चाल को भी ध्यान से देख रहे हैं. ...ोरिया और चीन के लोगों पर जो ज़ुल्म हो चुके हैं और ...जिन ज़ुल्मों की तैयारी है उन में मज़लूमों के साथ साथ ...मदर्दी तो सबका इन्सानी फ़र्ज़ और धर्म है ही, हमें यह भी ...ाफ़ दिखाई दे रहा है कि न केवल एशिया के सब देशों बल्कि ...री दुनिया की दो अरब जनता की क़िस्मत कोरिया और ...ीन की क़िस्मत के साथ बंधी हुई है. बीमारी बम और ...टम बम की जीत दुनिया भर की अख़लाक़ी और रूहानी मौत ...ोगी. हमें अगर ज़िन्दा रहना है और दुनिया में सच्ची ...ज़ादी, सच्ची लोकशाही, सच्ची इन्सानियत, सच्ची कलचर ...ौर सच्चे दीन धर्म को ज़िन्दा रखना है तो सच समझने, ...च कहने और सच के लिये मर मिटने को हमें अपने को ...यार करना होगा. यही अपने और दूसरों के अन्दर उस ...ात्मबल को जगाने का तरीक़ा है जिसके सामने कोई भी बे ...न्साफ़ी हथियारों के बल देर तक नहीं टिक सकती.

5. 7. '52 —सुन्दरलाल

دکھوتاہے جو غلط یا غلط سمجھوتے کے اثر میں اس دیش کو بھی اسی مالی اور راج کاجی ڈھانچے میں ڈھالنا چاہتے ہیں جس نے امریکی حکومت کو اس حالت تک پہونچا دیا. ہم اپنے ملک کو کسی دل بندی میں ڈالنا نہیں چاہتے. ہم دل بندی ہی کو دنیا سے ختم کرنا چاہتے ہیں . ہم شانتی کے اپاسک ہیں اور جنگ کو دھرتی سے مٹانا چاہتے ہیں. ہمیں یہ بھی پورا یقین ہے کہ جو راستہ مہاتما گاندھی نے دنیا کو بتایا ہے دنیا میں سچا امن اور سکھ قائم کرنے کا وہی ایک طریقہ ہے . پر ہم دنیا کی چال کو بھی دھیان سے دیکھ رہے ہیں . کوریا اور چین کے لوگوں پر جو ظلم ہو چکے ہیں اور جن ظلموں کی تیاری ہے ان میں مظلوموں کے ساتھ ساتھ ہمدردی تو سب کا انسانی فرض اور دھرم ہے ہی' ہمیں یہ بھی صاف دکھائی دے رہا ہے کہ نہ کیول ایشیا کے سب دیشوں بلکہ ساری دنیا کی دو ارب جنتا کی قسمت کوریا اور چین کی قسمت کے ساتھ بندھی ہوئی ہے . بیماری بم اور ایٹم بم کی جیت کی دنیا بھر اخلاقی اور روحانی موت ہوگی . ہمیں اگر زندہ رہنا ہے اور دنیا میں سچی آزادی' سچی لوک شاہی' سچی انسانیت' سچی کلچر اور سچے دین دھرم کو زندہ رکھنا ہے تو سچ سمجھنے' سچ کہنے اور سچ کے لئے مر مٹنے کو ہمیں اپنے کو تیار کرنا ہوگا . یہی اپنے اور دوسروں کے اندر اس آتم بل کو جگانے کا طریقہ ہے جس کے سامنے کوئی بھی بے انصافی ہتھیاروں کے بل دیر تک نہیں ٹک سکتی .

—سندر لال 5-7-'52

मक्का से मौलाना अब्दुल्ला मिस्री का एक ख़त

प्यारे पंडित सुन्दरलाल ! सलाम, दुआ व जय हिन्द,

बहुत दिनों के बाद बहुत दूर समुन्दर पार से यह ख़त ...ज रहा हूँ. मालूम हुआ कि आप भी समुन्दर पार गये हुये ... चीन में आपने क्या कुछ देखा इसका पूरा नक़्शा तो अभी ... आपने भारतियों के सामने नहीं रखा लेकिन जो कुछ ...ख़बारों में आया है उससे भी धूर पूरब (फ़ार ईस्ट) के ...सियों के बारे में बहुत कुछ मालूम हो जाता है. भारत की ...नी कहावतों में 'हिकमते चीन और हुज्जते बंगाला' की ...वत तो आपने सुनी होगी. बंगाल का मुझे काफ़ी तजुर्बा

مکہ سے مولانا عبداللہ مصری کا ایک خط

پیارے پنڈت سندرلال ! سلام' دعا و جے ہند '

بہت دنوں کے بعد بہت دور سمندر پار سے یہ خط بھیج رہا ہوں . معلوم ہوا کہ آپ بھی سمندر پار گئے ہوئے تھے . چین میں آپ نے کیا کچھ دیکھا اس کا پورا نقشہ تو ابھی تک آپ نے بھارتیوں کے سامنے نہیں رکھا لیکن جو کچھ اخباروں میں آیا ہے اس سے بھی دھور پورب (فارایسٹ) کے باسیوں کے بارے میں بہت کچھ معلوم ہو جاتا ہے . بھارت کی پرانی کہاوتوں میں 'حکمت چین اور حجت بنگالہ' کی کہاوت تو آپ نے سنی ہوگی . بنگال کا مجھے کافی تجربہ

अपनी हिकमते अमली के कारन जब जो चाहे कहें जनता और उसके सेवकों को अपने आगे पीछे देखना होगा, अपने सच्चे हितों को समझना होगा और साफ़ साफ़ बात करनी होगी. दुनिया के अख़बारों में ख़बर छप चुकी है कि ऐटम बम कोरिया के मैदान में पहुँच चुके. अमरीका की सरकार ने इसकी तरदीद नहीं की और करे भी तो उसकी क्या क़ीमत. एशिया के देशों के बहुत से राज काजी लोग इस लिये इन ग़लत कामों के ख़िलाफ़ अपनी आवाज़ उठाने में झिझकते हैं क्योंकि सच बोलने की सज़ा में ऐटम बम का डर उनके सर पर नाचता रहता है. पर कब तक ! आख़िर दुनिया की दबी हुई जनता को इस ख़तरे का सामना करने के लिये तैयार होना ही होगा. बड़े बड़े साइन्सदां पेशीन गोई कर रहे हैं कि अगर ऐटम बम की लड़ाई सच मुच छिड़ गई तो दुनिया की आधी आबादी ख़त्म हो जायेगी और कई बड़े बड़े महादीपों का निशान तक बाक़ी न रहेगा. मिटने का किसी को कोई डर नहीं होना चाहिये. आख़िर हमारी इस छोटी सी धरती को भी एक दिन मिटना ही है. लेकिन ज़ुल्म और शैतानियत के सामने सर झुका देना और अपनी आत्मा की आवाज़ को दबाना मिटने से बदतर है. हमें इन्सानी क़ौम की अख़लाक़ी और रूहानी थाती को बचाना है और लोगों के दिलों को इस सारे ख़तरे का सामना करने के लिये मज़बूत करना है. जिस अमरीकी सरकार के मातहत उसके घर के अन्दर आज तक—सिर्फ़ दक्खिन के हिस्सों में ही नहीं जहां की कठिनाईयां दुनिया को गिनाई जाती हैं बल्कि उत्तर की "उदार" रियासतों में भी—काले हब्शियों के साथ मामूली इन्सानों का सा बर्ताव भी नहीं किया जा सकता. उस से हम दूर के महादीपों में इन्सानी बराबरी और इन्सानी भाई चारे की उम्मीद कैसे कर सकते हैं.

अमरीकी क़ौम के बहुत से गुनों की हमारे दिल में क़द्र है. अमरीकी जनता के साथ हमें उतना ही प्रेम है जितना अपने या किसी भी दूसरे देश की जनता के साथ. हम सारी मनुश्य जाति को एक कुनबा मानते हैं और वह दिन देखने के लिये बेचैन हैं जब सारी दुनिया के इन्सान एक कुनबे की तरह रहने लगें. हमें इस बात का भी पक्का यक़ीन है कि आज कल के यह डरावने बादल छटेंगे और बहुत जल्दी इन बादलों के अन्दर ही से इन्सानी बराबरी और इन्सानी भाई चारे का सूरज अपने पूरे तेज के साथ चमकता हुआ दिखाई पड़ेगा. लेकिन आज कल की हालत में जब अमरीकी राज काजी नेता और उस यूनो के मुखिया जिसके नाम पर कोरिया की लड़ाई लड़ी जा रही है 'इन्सानी भाई चारे' 'लोक शाही' और 'जमहूरियत' की बात करते हैं तो हमें "बग़ल में छुरी और मुंह में राम" की पुरानी कहावत याद आ जाती है हमें अपने मुल्क के उन भाईयों पर भी दया आ जाती है और

حکمت عملی کے کارن جب جو چاہیں کہیں جنتا اور ... سیوکوں کو اپنے آگے پیچھے دیکھنا ہوگا اپنے سچے ہتوں ... سمجھنا ہوگا اور صاف صاف بات کرنی ہوگی . دنیا کے ... باروں میں خبر چھپ چکی ہے کہ ایٹم بم کوریا کے ... دان میں پہنچ چکے . امریکہ کی سرکار نے اسکی ... ید نہیں کی اور کرے بھی تو اسکی کیا قیمت . ... ا کے دیشوں کے بہت سے راج کاجی لوگ اس لئے ان ... ط کاموں کے خلاف اپنی آواز اٹھانے میں جھجھکتے ... ں کیونکہ سچ بولنے کی سزا میں ایٹم بم کا ڈر ان کے ... پر ناچتا رہتا ہے . پر کب تک ! آخر دنیا کی دبی ... جنتا کو اس خطرے کا سامنا کرنے کے لئے تیار ہونا ... ہوگا . بڑے بڑے سائنسداں پیشین گوئی کر رہے ہیں ... ر ایٹم بم کی لڑائی سچ مچ چھڑ گئی تو دنیا کی ... ی آبادی ختم ہوجائے گی اور کئی بڑے بڑے مہادیپوں ... شان تک باقی نہ رہے گا . مٹنے کا کسی کو کوئی ڈر ... ں ہونا چاہئے . آخر ہماری اس چھوٹی سی دھرتی ... بھی ایک دن مٹنا ہی ہے . لیکن ظلم اور شیطانیت ... سامنے سر جھکا دینا اور اپنی آتما کی آواز کو دبانا ... نے سے بدتر ہے . ہمیں انسانی قوم کی اخلاقی اور ... حانی تھاتی کو بچانا ہے اور لوگوں کے دلوں کو اس ... رے خطرے کا سامنا کرنے کے لئے مضبوط کرنا ہے . جس ... یکی سرکار کے ماتحت اسکے گھر کے اندر آج تک— ... ف دکھن کے حصوں میں ہی نہیں جہاں کی کٹھنائیاں ... یا کو گنائی جاتی ہیں بلکہ اتر کی " ادار " ریاستوں ... ں بھی—کالے حبشیوں کے ساتھ معمولی انسانوں کا سا ... ر بھی نہیں کیا جا سکتا . اس سے ہم دور کے مہا ... پوں میں انسانی برابری اور انسانی بھائی چارے کی ... ید کیسے کر سکتے ہیں .

امریکی قوم کے بہت سے گنوں کی ہمارے دل میں قدر ... امریکی جنتا کے ساتھ ہمیں اتنا ہی پریم ہے جتنا اپنے ... کسی بھی دوسرے دیش کی جنتا کے ساتھ . ہم ساری ... شیہ جاتی کو ایک کنبہ مانتے ہیں اور وہ دن دیکھنے ... لئے بے چین ہیں جب ساری دنیا کے انسان ایک ... بے کی طرح رہنے لگیں . ہمیں اس بات کا بھی پکا ... ین ہے کہ آجکل کے یہ ڈراونے بادل چھٹیں گے اور بہت ... لدی ان بادلوں کے اندر ہی سے انسانی برابری اور ... سانی بھائی چارے کا سورج اپنے پورے تیج کے ساتھ ... مکتا ہوا دکھائی پڑے گا . لیکن آجکل کی حالت میں ... ب امریکی راج کاجی نیتا اور اس یونو کے ... ھیا جسکے نام پر کوریا کی لڑائی لڑی جا رہی ہے ' انسانی ... ائی چارے ' ' لوک شاہی ' اور ' جمہوریت ' کی بات ... تے ہیں تو ہمیں " بغل میں چھری اور منہ میں ... " کی پرانی کہاوت یاد آجاتی ہے . ہمیں اپنے ... لک کے ان بھائیوں پر بھی دیا آ جاتی ہے اور

को बरबादी से बचाने के लिये इस तरह के उसूलों पर अमल ज़रूरी है. यह भी सब जानते हैं कि सब देशों की करोड़ों जनता जो दो बड़ी जंगों की बरबादी देख चुकी है और जंगों से उकता चुकी है कम से कम इस तरह की रोक थाम के ज़ोरों के साथ हक़ में है.

ऐसी सूरत में यह मानना पड़ेगा कि इन्सानी क़ौम और उसकी आगे की तरक़्क़ी और भलाई के सबसे बड़े दुश्मन वह लोग हैं जो लड़ाई जीतने के लिये खुले इन उसूलों को ठुकरा देते हैं. ऐसे मौक़ों पर धर्म के पेशवा या कलचर के प्रचारक अगर चुप रहें तो वह धर्म और कलचर को नुक़्सान ही पहुँचा सकते हैं. जापानी क़ौम का चाहे कोई गुनाह रहा हो या न रहा हो जिस हकूमत ने आठ करोड़ की उस क़ौम से घुटने टिकवाने के लिये हिरोशिमा और नागासाकी की कई लाख निहत्थी बे गुनाह जनता पर जिनमें औरतें, बूढ़े, बच्चे, और बे ज़बान जानवर तक शामिल थे ऐटम बंम फेंके और लाखों की ज़िन्दा खालें जला डाले उसे धर्म और कलचर के भक्त या सेवक ऊपर के उसूलों की रोशनी में इन्सानियत से गिरा हुआ और इन्सान और इन्सानी कलचर का दुश्मन न कहें तो कौन कहेगा. सवाल अमरीका या रूस का नहीं और न पूंजीवाद और कम्युनिज़्म का है. गुनाह गुनाह है चाहे करने वाला किसी भी पारटी या देश का हो. जापान की उस दुर्घटना को कई बरस बीत चुके. पर आज भी जो हकूमत अपने पैसे और ताक़त के घमंड में कोरिया की निहत्थी बे गुनाह जनता के ऊपर गन्दी बीमारियों के बम फेंक सकती है, लाखों बे गुनाह मर्द, औरत और बच्चों के तड़प तड़प कर मरने का नज़्ज़ारा देख सकती है, कभी उस दिलेर चोर की तरह जो हाथ पर चिराग़ लेकर चलता है सब को झूटा ठहरा कर दुनिया की आंखों में धूल डालना चाहती है, कभी यह पता लगाने की कोशिश करती है कि उसके बीमारी बमों से जितने वह चाहती थी उतने आदमी क्यों नहीं मरे, और फिर कभी यह कह कर अपने गुनाह को हलका करना चाहती है कि बीमारी बमों से आज कल उतना नुक़्सान नहीं होता, जितना लोग समझते हैं, जो हकूमत दुश्मन के उन बिजली के कारख़ानों को ख़त्म कर के लाखों नहीं करोड़ों ग़रीब जनता के लिये पानी, रोशनी, कपड़े, और खाने के इन्तज़ाम को ख़त्म कर सकती है उसे अगर हम मानव धर्म, इन्सानी तहज़ीब और कलचर के उसूलों के तोड़ने का गुनहगार न कहें तो क्या कहें.

हम ऊपर कह चुके हैं कि जीवन को इस तरह टुकड़े टुकड़े करके नहीं देखा जा सकता. न इस तरह इन्सानी क़ौम या इन्सानी कलचर को बचाया जा सकता है. जीवन एक और अटूट है. दुनिया के राज काजी लोग और हाकिम

کو بربادی سے بچانے کے لئے اسطرح کے اُصولوں پر عمل ضروری ہے ۔ یہ بھی سب جانتے ہیں کہ سب دیشوں کی کروڑوں جنتا جو دو بڑی جنگوں کی بربادی دیکھ چکی ہے اور جنگوں سے اُکتا چکی ہے کم سے کم اسطرح کی روک تھام کے زوروں کے ساتھ حق میں ہے ۔

ایسی صورت میں یہ ماننا پڑے گا کہ انسانی قوم اور اُسکی آگے کی ترقی اور بھلائی کے سب سے بڑے دشمن وہ لوگ ہیں جو لڑائی جیتنے کے لئے کھلے اِن اُصولوں کو ٹھکرا دیتے ہیں ۔ ایسے موقعوں پر دھرم کے پیشوا یا کلچر کے پرچارک اگر چپ رہیں تو وہ دھرم اور کلچر کو نقصان ہی پہنچا سکتے ہیں ۔ جاپانی قوم کا چاہے کچھ بھی گناہ رہا ہو یا نہ رہا ہو جس حکومت نے آٹھ کروڑ کی اُس قوم سے گھٹنے ٹکوانے کے لئے ہیرو شیما اور ناگا ساکی کی کئی لاکھ نہتھی بے گناہ جنتا پر جن میں عورتیں، بوڑھے بچے اور بے زبان جانور تک شامل تھے ۔ ایٹم بم پھینکے اور لاکھوں کی زندہ کھالیں جلا ڈالے اُسے دھرم اور کلچر کے بھگت یا سیوک اوپر کے اُصولوں کی روشنی میں انسانیت سے گرا ہوا اور اِنسان اور اِنسانی کلچر کا دشمن نہ کہیں تو کون کہیگا ۔ سوال امریکہ یا روس کا نہیں اور نہ پونجی واد اور کمیونزم کا ہے ۔ گناہ گناہ ہے چاہے کرنے والا کسی بھی پارٹی یا دیش کا ہو ۔ جاپان کی اُس دُرگھٹنا کو کئی برس بیت چکے ۔ پر آج بھی جو حکومت اپنے پیسے اور طاقت کے گھمنڈ میں کوریا کی نہتھی بے گناہ جنتا کے اوپر گندی بیماریوں کے بم پھینک سکتی ہے، لاکھوں بے گناہ مرد، عورت اور بچوں کے تڑپ تڑپ کر مرنے کا نظارہ دیکھ سکتی ہے، کبھی اُس دلیر چور کی طرح جو ہاتھ پر چراغ لے کر چلتا ہے سب کو جھوٹا ٹھہرا کر دنیا کی آنکھوں میں دھول ڈالنا چاہتی ہے، کبھی یہ پتہ لگانے کی کوشش کرتی ہے کہ اُس کے بیماری بموں سے جتنے وہ چاہتی تھی اتنے آدمی کیوں نہیں مرے، اور پھر کبھی یہ کہکر اپنے گناہ کو ہلکا کرنا چاہتی ہے کہ بیماری بموں سے آج کل اُتنا نقصان نہیں ہوتا، جتنا لوگ سمجھتے ہیں، جو حکومت دشمن کے اُن بجلی کے کارخانوں کو ختم کر کے لاکھوں نہیں کروڑوں غریب جنتا کے لئے پانی، روشنی، کپڑے اور کھانے کے انتظام کو ختم کر سکتی ہے اُسے اگر ہم مانو دھرم، اِنسانی تہذیب اور کلچر کے اُصولوں کے توڑنے کا گنہگار نہ کہیں تو کیا کہیں ۔

ہم اوپر کہہ چکے ہیں کہ جیون کو اِسطرح ٹکڑے ٹکڑے کر کے نہیں دیکھا جا سکتا ۔ نہ اِسطرح انسانی قوم یا اِنسانی کلچر کو بچایا جا سکتا ہے ۔ جیون ایک اور اٹوٹ ہے ۔ دنیا کے راج کاجی لوگ اور حاکم

हैदर अली ने जितनी लड़ाईयां लड़ीं उन सब में लड़ाई खतम होने के बाद वह जब तक मैदान में पड़ी हुई दुश्मन की लाशों की आखरी रसम मरने वाले के मजहबी रिवाज के मुताबिक़ पूरी न कर लेता था तब तक आगे न बढ़ता था. इस आदत के कारन हैदर अली को कई बार नुक़सान उठाना पड़ा. पर उसने अपना उसूल न छोड़ा.

सिराजुद्दौला अंगरेज़ों के साथ अपनी लड़ाईयों में सूरज डूबते ही हमेशा लड़ाई बन्द कर देता था और अंधेरे में अपनी तरफ़ से हमले की कभी इजाज़त न देता था. सिराजुद्दौला ने अपने इस उसूल को आख़िर तक निबाहा.

राजपूतों के इतिहास में तो इस तरह की मिसालें इतनी ज़ियादा और इतनी मशहूर हैं कि इतिहास के पन्ने उनसे रंगे पड़े हैं. राजपूत घरानों की पांच "आन" मशहूर हैं. जो दुश्मन मैदान से भाग जाये उस पर फिर वार नहीं करना, जिसके हाथों से हथियार गिर पड़ें उस पर वार नहीं करना जब तक वह फिर हथियार न संभाल ले, जो अपनी शरन में आ जाये उस पर हथियार नहीं चलाना, किसी औरत पर हथियार नहीं चलाना, और किसी बच्चे पर हथियार नहीं चलाना. हज़ारों राजपूतों ने अपनी जानें ख़तरे में डाल कर भी बड़े से बड़े दुश्मनों के साथ इन 'आनों' को निबाहा है.

इन उसूलों पर अमल करने की वजह से किसी लड़ने वाले को कभी फ़ायदा हुआ हो या नुक़सान इसमें शक नहीं कि इस तरह के उसूल लड़ाई की भयानकता, बर्बरता और बुराई को बहुत कुछ हल्का कर देते हैं और इन्सानी क़ौम को अपनी आख़िरी मक़सद तक पहुँचने में मदद देते हैं. इसलिये इस तरह के उसूल इन्सानी कलचर का एक क़ीमती हिस्सा हैं.

आजकल जब कि लड़ाई के नये नये हथियारों की वजह से लड़ाई की भयानकता और उसी से इन्सानी समाज की बरबादी हज़ारों गुना बढ़ गई है इस तरह के उसूलों की क़ीमत और ज़रूरत और भी ज़ियादा है. इसीलिये पहली जंग के बाद की लीग आफ़ नेशन्स और दूसरी जंग के बाद की यूनो दोनों ने इस तरह की तजवीज़ें पास की हैं कि जंग के अन्दर गांवों या शहरों की निहत्थी जनता पर हमला न किया जावे और गैस बम, बीमारी बम जैसे जन घातक हथियारों से काम न लिया जावे. यूनो की सिक्युरिटी कौंसिल के मातहत एक कमीशन काम करता है जिसका मक़सद बताया जाता है ऐटम शक्ति को अमन के रचनात्मक कामों में लाना और "ऐटम बम और दूसरे ऐसे हथियारों को जिनसे आम जनता की हत्या होती हो ख़त्म करना और यह देखना कि कोई इस नियम को न तोड़े." दुनिया की कोई हकूमत और ख़ुद यूनो के मेम्बर इस नियम पर ईमानदारी से चलें या न चलें इस बात में दो रायें नहीं हो सकतीं कि आज कल की माली और राजकाजी आपा धापी के दिनों में दुनिया

حیدر علی نے جتنی لڑائیاں لڑیں اُن سب میں لڑائی ختم ہونے کے بعد وہ جب تک میدان میں پڑی ہوئی دشمن کی لاشوں کی آخری رسم مرنے والے کے مذہبی رواج کے مطابق پوری نہ کرلیتا تھا تب تک آگے نہ بڑھتا تھا۔ اِس عادت کے کارن حیدر علی کو کئی بار نقصان اُٹھانا پڑا۔ پر اُس نے اپنا اُصول نہ چھوڑا۔

سراج الدولہ انگریزوں کے ساتھ اپنی لڑائیوں میں سورج چھپتے ہی ہمیشہ لڑائی بند کردیتا تھا اور اندھیرے میں اپنی طرف سے حملے کی کبھی اجازت نہ دیتا تھا۔ سراج الدولہ نے اپنے اِس اُصول کو آخیر تک نباہا۔

راجپوتوں کے اتہاس میں تو اس طرح کی مثالیں اتنی زیادہ اور اتنی مشہور ہیں کہ اتہاس کے پنے اُن سے رنگے پڑے ہیں۔ راجپوت گھرانوں کی پانچ "آن" مشہور ہیں۔ جو دشمن میدان سے بھاگ جائے اُس پر پھر وار نہیں کرنا' جسکے ہاتھوں سے ہتھیار گر پڑیں اُس پر وار نہیں کرنا جب تک وہ پھر ہتھیار نہ سنبھال لے' جو اپنی شرن میں آجائے اُس پر ہتھیار نہیں چلانا' کسی عورت پر ہتھیار نہیں چلانا' اور کسی بچے پر ہتھیار نہیں چلانا۔ ہزاروں راجپوتوں نے اپنی جانیں خطرے میں ڈالکر بھی بڑے سے بڑے دشمنوں کے ساتھ ان 'آنوں' کو نباہا ہے۔

اِن اُصولوں پر عمل کرنے کی وجہ سے کسی لڑنے والے کو کبھی فائدہ ہوا ہو یا نقصان اِس میں شک نہیں کہ اِسطرح کے اُصول لڑائی کی بھیانکتا' بربرتا اور برائی کو بہت کچھ ہلکا کر دیتے ہیں اور انسانی قوم کو اپنے آخری مقصد تک پہونچنے میں مدد دیتے ہیں۔ اسی لئے اِسطرح کے اصول انسانی کلچر کا ایک قیمتی حصہ ہیں۔

آجکل جب کہ لڑائی کے نئے نئے ہتھیاروں کی وجہ سے لڑائی کی بھیانکتا اور اُسی سے انسانی سماج کی بربادی ہزاروں گنا بڑھ گئی ہے اُس طرح کے اُصولوں کی قیمت اور ضرورت اور بھی زیادہ ہے۔ اِسی لئے پہلی جنگ کے بعد کی لیگ آف نیشنس اور دوسری جنگ کے بعد کی یونو دونوں نے اِسطرح کی تجویزیں پاس کی ہیں کہ جنگ کے اندر گاؤں یا شہروں کی نہتھی جنتا پر حملہ نہ کیا جائے اور گیس بم' بیماری بم جیسے جن گھاتک ہتھیاروں سے کام نہ لیا جاوے۔ یونو کی سیکیورٹی کونسل کے ماتحت ایک کمیشن کام کرتا ہے جسکا مقصد بتایا جاتا ہے ایٹم شکتی کو امن کے رچناتمک کاموں میں لانا اور "ایٹم بم اور دوسرے ایسے ہتھیاروں کو جن سے عام جنتا کی ہتیا ہوتی ہو ختم کرنا اور یہ دیکھنا کہ کوئی اِس نیم کو نہ توڑے۔" دنیا کی کوئی حکومت اور خود یونو کے ممبر اِس نیم پر ایمانداری سے چلیں یا نہ چلیں اِس بات میں دو رائیں نہیں ہو سکتیں کہ آجکل کی مالی اور راج کاجی آپا دھاپی کے دنوں میں دنیا

ई के दुख ऐसे उसूल सामने इन्सानी समाज क़ायम कर का है जिन से इसके बुरे नतीजे कम से कम दिखाई दें र आदमी की आत्मा पर इसका मैल कम से कम चढ़े र जल्दी से जल्दी उतर सके. यह उसूल बहुत सीधे सादे ूल हैं. हम केवल चन्द मिसालें यहां देंगे.

महाभारत के ज़माने में अगर लड़ते लड़ते दुश्मन के थ से हथियार गिर जाते थे तो सामने का लड़ने वाला पने बढ़े हुए हाथ को फ़ौरन रोक लेता था. बे हथियार दमी पर हथियार चलाना सिपाही की आन के ख़िलाफ़ मझा जाता था. मिसालें हिन्दुस्तान के पुराने इतिहास में ी पड़ी हैं.

मुहम्मद साहब को अरब के बादशाह की हैसियत से ; लड़ाईयों में हिस्सा लेना पड़ा. वह जब किसी जत्थे को ने के लिये भेजते तो हमेशा उसे इन लफ़्ज़ों में हिदायत ते—"जो हथियार बांध कर तुम्हारे सामने नहीं खड़ा हुआ उस पर कभी हमला न करना. औरतों और बच्चों पर भी हमला न करना. कभी किसी फलदार दरख़्त को न काटना, सी की खड़ी खेती बरबाद न करना, किसी की इबादत गाह मज़हबी बुज़ुर्गों पर हमला न करना, दुश्मन अगर लड़ते ते भी सुलह करना चाहे तो फ़ौरन अपना हाथ रोक लेना. चमुच अल्लाह दूसरों के साथ नेकी करने वालों को प्यार ता है."

हज़रत अली की ज़िन्दगी की एक घटना मशहूर है. एक ाई में वह अपने किसी दुश्मन को जंगल में पकड़ पाए. नों लड़े. आख़िर हज़रत अली उसे गिरा कर उसकी ती पर चढ़ बैठे और क़रीब था कि अपने ख़ंजर से उसका म तमाम कर दें उसने नीचे से पड़े पड़े हज़रत अली मुंह पर थूक दिया. हज़रत अली का हाथ एक दम रुक ा. वह कुछ सोचने लगे. उन्होंने ख़ंजर हाथ से फेंक या और उस आदमी से अलग हट कर खड़े हो गये. मन भी उठ खड़ा हुआ. उसने हैरान हो कर हज़रत अली पूछा—"आपने यह क्या किया, मेरी जान आपके हाथ में , आपने मुझे कैसे छोड़ दिया." हज़रत अली ने जवाब या—"जब मैं तुझ पर वार करने वाला था उस वक़्त मैं दीन का दुश्मन जान कर अल्लाह की राह में वार कर था. लेकिन जब तू ने मेरे मुंह पर थूका तो मुझे गुस्सा गया और अन्दर बदले की आग भड़की. यह दोनों म हैं. गुस्से में जो भी काम किया जाये वह अल्लाह की में नहीं हो सकता. इसलिये मैंने ख़ंजर फेंक दिया. अगर तू चाहे तो मुझे मार सकता है. मैं ऐसी हालत में तुझ पर न करूंगा." कहा जाता है कि दुश्मन पर इसका इतना रा असर हुआ कि वह फ़ौरन हज़रत अली के क़दमों पर पड़ा.

لڑائی کے کچھ ایسے اُصول سمجھ انسانی سماج قائم کرچکا ہے جن سے اِس کے برے نتیجے کم سے کم دکھائی دیں اور آدمی کی آتما پر اِس کا میل کم سے کم چڑھے اور جلدی سے جلدی اُتر سکے . یہ اُصول بہت سیدھے سادے اُصول ہیں . ہم کیول چند مثالیں یہاں دیں گے .

مہابھارت کے زمانے میں اگر لڑتے لڑتے دشمن کے ہاتھ سے ہتھیار گر جاتے تھے تو سامنے کا لڑنے والا اپنے بڑھے ہوئے ہاتھ کو فوراً روک لیتا تھا . بےہتھیار آدمی پر ہتھیار چلانا سپاہی کی آن کے خلاف سمجھا جاتا تھا . مثالیں ہندستان کے پرانے اتہاس میں بھری پڑی ہیں .

محمد صاحب کو عرب کے بادشاہ کی حیثیت سے کئی لڑائیوں میں حصہ لینا پڑا . وہ جب کسی جتھے کو لڑنے کے لئے بھیجتے تو ہمیشہ اُسے اِن لفظوں میں ہدایت کرتے—"جو ہتھیار باندھ کر تمہارے سامنے نہیں کھڑا ہوا ہے اُس پر کبھی حملہ نہ کرنا . عورتوں اور بچوں پر کبھی حملہ نہ کرنا . کبھی کسی پھلدار درخت کو نہ کاٹنا، کسی کی کھڑی کھیتی برباد نہ کرنا، کسی کی عبادت گاہ یا مذہبی بزرگوں پر حملہ نہ کرنا، دشمن اگر لڑتے لڑتے بھی صلح کرنا چاہے تو فوراً اپنا ہاتھ روک دینا. سچ مچ اللہ دوسروں کے ساتھ نیکی کرنے والوں کو پیار کرتا ہے"

3. अहिंसा वाणी—सम्पादक कामता प्रसाद जैन; छापने वाले, दी इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स लिमिटेड, ज़ीरो रोड, इलाहाबाद; सफ़े 53; दाम दस आने.

4. तारा—लेखक ई. कज़ाकविच; अनुवादक; रणबीर सक्सेना; निकालने वाले-जन साहित्य सदन, 23-24 जेल रोड, इन्दौर; सफ़े 120; दाम दो रुपये.

5. बापू राज पत्रिका—सम्पादिका मीरा बहिन; पशु लोक, डाक खाना रिशी केश, देहरादून; सफ़े 16; दाम तीन आना; छमाही चन्दा एक रुपया.

6. सर्वोदय अर्थ शास्त्र लेखक—भगवान दास केला; निकालने वाले; भारतीय ग्रंथ माला, दारागंज, इलाहाबाद; सफ़े 350; दाम चार रुपये.

7. सर्वोदय अर्थ व्यवस्था—लेखक—जवाहिरलाल जैन; निकालने वाले—भारतीय ग्रंथ माला, दारागंज, इलाहाबाद; सफ़े 127; दाम डेढ़ रुपया.

8. हमारा अर्थशास्त्र कैसा हो ? सम्पादक—भगवान दास केला; निकालने वाले; भारतीय ग्रंथ माला, दारागंज, इलाहाबाद; सफ़े 42; दाम चार आना.

अंगरेज़ी

1. कंट्रोल्स-एस्टडी—निकालने वाले फ़ेडरेशन आफ़ इन्डियन चेम्बर्स आफ़ कामर्स एन्ड इन्डस्ट्री; 28, फ़रोज़ शाह रोड, नई दिल्ली-1. सफ़े 98.

2. सिल्वर जुबली सोविनर—निकालने वाले, फ़ेडरेशन आफ़ इन्डियन चेम्बर्स आफ़ कामर्स एन्ड इन्डस्ट्री (1927-51) 28 फ़ीरोज़ शाह रोड, नई दिल्ली 1.

उरदू

इख़लाक़ी समाजियात—लेखक—डाक्टर जाफ़र हुसैन, निकालने वाले, अंजुमन-तरक़्क़ी उरदू (हिन्द) अलीगढ़, जनवरी 1952, सफ़े 238; दाम चार रुपये आठ आना.

اور کتابیں

ہندی

1. ہمارے آرادھیہ—لیکھک بنارسی داس چترویدی؛ پرکاشک، ایودھیا پرساد گوئیلئہ؛ بھارتیہ گیان پیٹھ، پوسٹ باکس نمبر 48، بنارس؛ پہلا ایڈیشن، صفحے 260؛ دام تین روپئے، مارچ 1952 .

2. بھارتیہ جوتش—لیکھک نیمی چندر شاستری جوتش آچاریہ؛ پرکاشک—ایودھیا پرساد گوئیلئہ؛ بھارتیہ گیان پیٹھ، پوسٹ باکس نمبر 48، بنارس؛ پہلا ایڈیشن؛ صفحے 598، اپریل 1952؛ دام چھ روپئے .

3. اہنساوانی—سمپادک، کامتا پرساد جین؛ چھاپنے والے، دی الہ‌آباد بلاک ورکس لمیٹڈ، زیرو روڈ الہ‌آباد؛ صفحے 53. دام دس آنے .

4. تارا—لیکھک ای . کزا کوچ؛ انوادک—رن‌ویر سکسینہ؛ نکالنے والے—جن ساہتیہ سدن، 23-24 جیل روڈ، اندور؛ صفحے 120؛ دام دو روپئے .

5. باپو راج پتریکا سمپادکا—میرا بہن؛ پشو لوک، ڈاکخانہ رشی کیش، دہرادون؛ صفحے 16؛ دام تین آنہ؛ چھ ماہی چندہ ایک روپیہ .

6. سروودے ارتھ شاستر لیکھک—بھگوان داس کیلا؛ نکالنے والے—بھارتیہ گرنتھ مالا، دارا گنج، الہ‌آباد؛ صفحے 350 دام چار روپئے .

7. سروودے ارتھ وِوستھا لیکھک—جواہر لال جین؛ نکالنے والے بھارتیہ گرنتھ مالا، دارا گنج، الہ‌آباد؛ صفحے 127؛ دام ڈیڑھ روپیہ .

8. ہمارا ارتھ شاستر کیسا ہو سمپادک—بھگوان داس کیلا؛ بھارتیہ گرنتھ مالا دارا گنج، الہ‌آباد؛ صفحے 42؛ دام چار آنہ .

انگریزی

1. کنٹرولس اے اسٹڈی—نکالنے والے—فیڈریشن آف انڈین چیمبرس آف کامرس اینڈ انڈسٹری؛ 28 فیروز شاہ روڈ، نئی دلی-1 صفحے 98 .

2. سلور جبلی سوینر—نکالنے، فیڈریشن آف انڈین چیمبرس آف کامرس اینڈ انڈسٹری (1927-'51) 28 فیروز شاہ روڈ، نئی دلی-1 .

اردو

اخلاقی سماجیات—لیکھک ڈاکٹر جعفر حسین، نکالنے والے—انجمن ترقی اردو (ہند) علی‌گڑھ؛ جنوری 1952؛ صفحے 238؛ دام چار روپیہ آٹھ آنہ .

नवीन-प्राकृतिक चिकित्सा

लेखक, डाक्टर हीरा लाल; निकालने वाले, प्राकृतिक जीवन समिति; 32/97 बगिया मनीराम, कानपुर; सफ़े 228, लिखावट हिन्दी, दूसरा एडीशन, दाम दो रुपये चौदह आने.

ख़ुशी की बात है कि धीरे-धीरे पढ़े लिखों के दिल में भी क़ुदरती इलाज के लिये जगह बनती जा रही है. एलोपैथिक और दूसरे इलाजों में काफ़ी रुपया फूंकने के बाद ही उनका ध्यान क़ुदरती इलाज की तरफ़ जाने लगा है. इसलिये अब सख़्त ज़रूरत इस बात की है कि क़ुदरती इलाज या प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में सही जानकारी देने वाली किताबें हमारे सामने आएं और इसके लिये अच्छा से अच्छा वातावरन तैयार हो.

हीरालाल जी ने पिछले क़रीब दस साल से अपना जीवन प्राकृतिक चिकित्सा के काम के लिये सौंप रखा है. इस इलाज के नामी जानकारों, अच्छे सेन्टरों के साथ उन्होंने समय बिताया है और देश के क़रीब क़रीब सभी अच्छे क़ुदरती इलाज सेन्टर देखे हैं. उनका अपना अनुभव तो इस दायरे में दिन-दिन बढ़ता जाता है सो अलग. इसलिये उनके तजुर्बे के बल पर लिखी हुई उनकी इस किताब का हम स्वागत करते हैं.

यह किताब शुरू से आख़ीर तक अमली या प्रेक्टीकल बातों से भरी है. तरह तरह के नहान, मिट्टी का इस्तेमाल, व्यायाम या कसरत, तरह तरह के एनीमा, तरह तरह की ख़ुराकें और उनके गुन व इस्तेमाल इस में भरे पड़े हैं. मिट्टी, पानी, हवा, धूप, उपवास वग़ैरा के ज़रिये इलाज करने के ढंग भी बताए हैं. छोटी बड़ी, ख़तरनाक, और लाइलाज बीमारियों का इलाज भी कैसे करें ख़ूबी के साथ दिखाया है. किताब के आख़ीर में जो आंकड़े या मेज़ें दी हैं उनसे इस किताब का महत्व और भी बढ़ जाता है. हर बात मुनासिब तस्वीरों के ज़रिये समझाई गई है जिससे अमल करने में किसी को कोई दिक़्क़त न हो.

किताब के बारे में हम इतना ज़रूर कहेंगे कि इसके सिलसिले और तरतीब में अभी बहुत काफ़ी गुँजायश है. शुरू में जो 'प्रारम्भिक ज्ञान' दिया है उसमें भी ज़ियादा तफ़सील की ज़रूरत है. किताब के आख़ीर में अगर एक क्या कहां (Index) हो तो पढ़ने वाले को और भी आसानी हो. हमें उम्मीद है कि अगले एडीशन में इन बातों के साथ-साथ किताब की छपाई और ब्लाक की सफ़ाई पर भी ध्यान रखा जायेगा. किताब का दाम भी अगर कुछ कम हो सके तो आम लोगों के पास पहुँचने में आसानी होगी.

डाक्टर हीरा लाल को हम इस किताब पर बधाई देते हैं. हमें उम्मीद है कि वह अपने तजुर्बों में और कामयाब होंगे और उनसे हिन्दी संसार को लगातार वाक़िफ़ कराते रहेंगे.

—सुरेश रामभाई

نوین پراکرتک چکتسا

لیکھک، ڈاکٹر ھیرا لال؛ نکالنے والے، پراکرتک جیون سمیتی؛ 32/97 بگیا منی رام، کانپور؛ صفحے 228، لکھاوٹ ھندی، دوسرا ایڈیشن، دام دو روپئے چودہ آنے.

خوشی کی بات ھے کہ دھیرے دھیرے پڑھے لکھوں کے دل میں بھی قدرتی علاج کے لئے جگہ بنتی جا رھی ھے. ایلوپیتھک اور دوسرے علاجوں میں کافی روپیہ پھونکنے کے بعد ھی اُن کا دھیان قدرتی علاج کی طرف جانے لگا ھے. اِس لئے اب سخت ضرورت اِس بات کی ھے کہ قدرتی علاج یا پراکرتک چکتسا کے بارے میں صحیح جانکاری دینے والی کتابیں ھمارے سامنے آئیں اور اِس کے لئے اچھا سے اچھا واتاورن تیار ھو.

ھیرا لال جی نے پچھلے قریب دس سال سے اپنا جیون پراکرتک چکتسا کے کام کے لئے سونپ رکھا ھے. اِس علاج کے نامی جانکاروں، اچھے سینٹروں کے ساتھ اُنھوں نے سمے بتایا ھے اور دیش کے قریب قریب سبھی اچھے قدرتی علاج سینٹر دیکھے ھیں. اُن کا اپنا انوبھو تو اِس دائرے میں دن دن بڑھتا جاتا ھے سو الگ. اِسلئے اُن کے تجربے کے بل پر لکھی ھوئی اُن کی اِس کتاب کا ھم سواگت کرتے ھیں.

یہ کتاب شروع سے آخیر تک عملی یا پریکٹیکل باتوں سے بھری ھے. طرح طرح کے نہان، مٹی کا استعمال، ویایام یا کثرت، طرح طرح کے اینیما، طرح طرح کی خوراکیں اور ان کے گُن و استعمال اِس میں بھرے پڑے ھیں. مٹی، پانی، ھوا، دھوپ اُپواس وغیرہ کے ذریعے علاج کرنے کے ڈھنگ بھی بتائے ھیں. چھوٹی بڑی، خطرناک، اور لا علاج بیماریوں کا علاج بھی کیسے کریں خوبی کے ساتھ دکھایا ھے. کتاب کے آخیر میں جو آنکڑے یا میزیں دی ھیں اُن سے اِس کتاب کا مہتو اور بھی بڑھ جاتا ھے. ھر بات مناسب تصویروں کے ذریعے سمجھائی گئی ھے جس سے عمل کرنے میں کسی کو کوئی دقت نہ ھو.

کتاب کے بارے میں ھم اتنا ضرور کہینگے کہ اِس کے سلسلے اور ترتیب میں ابھی بہت کافی گنجائش ھے. شروع میں جو 'پرارمبھک گیان' دیا ھے. اُس میں بھی زیادہ تفصیل کی ضرورت ھے. کتاب کے آخیر میں اگر ایک کیا کہاں (Index) ھو تو پڑھنے والے کو اور بھی آسانی ھو. ھمیں اُمید ھے کہ اگلے ایڈیشن میں ان باتوں کے ساتھ ساتھ کتاب کی چھپائی اور بلاک کی صفائی پر بھی دھیان رکھا جائیگا. کتاب کا دام بھی اگر کچھ کم ھو سکے تو عام لوگوں کے پاس پہونچنے میں آسانی ھوگی.

ڈاکٹر ھیرا لال کو ھم اِس کتاب پر بدھائی دیتے ھیں. ھمیں اُمید ھے کہ وہ اپنے تجربوں میں اور کامیاب ھونگے اور اُن سے ھندی سنسار کو لگاتار واقف کراتے رھینگے.

—سریش رامبھائی

लाजवाब और मशहूर नावेल है. इसके अन्दर एक भंगी खानदान की तीन पीढ़ियों की जिन्दगी की झलक दी गई है. दादा, रवी पुराने ख़याल का बूढ़ा भंगी है जिसे दूसरे की जूठन बरकत मालूम होती है. उसका लड़का घूरन एक समझदार, होशियार और मेहनती आदमी है, जिस को यह सवाल परेशान करता है कि भंगी का बेटा भंगी ही क्यों हो, भंगी ही क्यों माना जाय और दूसरे बेटों की तरह समाज उसे सब सहूलियतें क्यों नहीं देता. रवी के मरने के बाद घूरन उसका क़र्ज़ा अदा करके अपनी गाढ़ी कमाई से खासी आमदनी कर लेता है और फिर खजनी से ब्याह करके अपना घर बसाता है. पर इस ख़याल से कि वह भंगी है तो है उसका बेटा मोहन भंगी क्यों समझा जाय. भंगी घूरन जैसे बाप ने मोहन को साथ बैठा कर उसे न कभी खाना खिलाया और न कभी अपनी गोदी में लिया. पर मां कब तक यह मोहन से छिपा सकती थी कि उसका बाप भंगी है. आखिर कार घूरन ने वह काम छोड़ दिया और श्मशान में चौकीदारी करने लगा, और थोड़े दिन बाद हैज़े में मोहन के मां बाप गुज़र गये. लेकिन मोहन इतना जान गया था कि उसके बाप ने दो बार भंगियों का संगठन कराने की कोशिश की थी—एक बार तो वह म्युनिसपल्टी के ओहदेदारों के चक्कर में आकर अपने रास्ते से भटक गया और दूसरी बार भी वह कामयाब न हो सका—लेकिन मोहन खुश क़िस्मत निकला कि श्रम जीवियों के जुलूस की अगुवाई करते करते हकूमत की गोली खा कर शहीद हो गया और हमेशा के लिये बता गया कि भंगी का बेटा भी साफ़ सुथरा रह कर सेवा के ज़रिये समाज में उसी ऊंचे दर्जे को पहुँच सकता है जिस तरह किसी और का बेटा.

थोड़े से लफ़्ज़ों में इस नावेल की यही कहानी है, यही इस नावेल की समाज को 'चुनौती' है.

बहन भारती विद्यार्थी ने ऐसा लाजवाब अनुवाद किया है कि कुछ कहते नहीं बनता. पढ़ने बैठिये तो बिना खत्म किये उठने को दिल नहीं चाहता. हम बहन भारती विद्यार्थी को उनकी इस सेवा के लिये बधाई देते हैं और यक़ीन करते हैं कि मलयालम और हिन्दी के पढ़ने वालों को एक दूसरे के नज़दीक लाने में वह ज़बरदस्त सहारा साबित होगी.

हमें यह भी उम्मीद है कि हिन्दी के आज के कहानी लेखक और उपन्यास कार इस "चुनौती" को देख कर अपना ध्यान इन लाखों करोड़ों ग़रीबों और नीच समझे जाने वालों की तरफ़ लगायेंगे जिनका नाम लेवा और पानी देवा भी कोई नहीं मिलता.

—सुरेश रामभाई

لاجواب اور مشہور ناول ہے۔ اِس کے اندر ایک بھنگی خاندان کے تین پیڑھیوں کی زندگی کی جھلک دی گئی ہے۔ دادا' ربی' پرانے خیال کا بوڑھا بھنگی ہے جسے دوسرے کی جوٹھن برکت معلوم ہوتی ہے۔ اُس کا لڑکا گھورن ایک سمجھدار' ہوشیار اور محنتی آدمی ہے' جس کو یہ سوال پریشان کرتا ہے کہ بھنگی کا بیٹا بھنگی ہی کیوں ہو' بھنگی ہی کیوں مانا جائے اور دوسرے بیٹوں کی طرح اُسے سماج سب سہولیتیں کیوں نہیں دیتا. ربی کے مرنے کے بعد گھورن اُس کا قرضہ ادا کرکے اپنی گاڑھی کمائی سے خاصی آمدنی کرلیتا ہے اور پھر کھجنی سے بیاہ کر کے اپنا گھر بساتا ہے۔ پر اِس خیال سے کہ وہ بھنگی ہے تو ہے اُس کا بیٹا موہن بھنگی کیوں سمجھا جائے. بھنگی گھورن جیسے باپ نے موہن کو ساتھ بیٹھا کر اُسے نہ کبھی کھانا کھلایا اور نہ کبھی اپنی گودی میں لیا. پر ماں کب تک یہ موہن سے چھپا سکتی تھی کہ اُس کا باپ بھنگی ہے. آخر کار گھورن نے وہ کام چھوڑ دیا اور شمشان میں چوکی داری کرنے لگا' اور تھوڑے دن بعد ہیضے میں موہن کے ماں باپ گذرگئے. لیکن موہن اتنا جان گیا تھا کہ اُس کے باپ نے دو بار بھنگیوں کا سنگٹھن کرانے کی کوشش کی تھی— ایک بار تو وہ میونسپلٹی کے عہدے داروں کے چکر میں آکر اپنے راستے سے بھٹک گیا اور دوسری بار بھی وہ کامیاب نہ ہو سکا—لیکن موہن خوش قسمت نکلا کہ شرم جیوؤں کے جلوس کی اگوائی کرتے کرتے حکومت کی گولی کھا کر شہید ہوگیا اور ہمیشہ کے لئے بتا گیا کہ بھنگی کا بیٹا بھی صاف ستھرا رہ کر سیوا کے ذریعے سماج میں اُسی اونچے درجے کو پہنچ سکتا ہے جس طرح کسی اور کا بیٹا.

تھوڑے سے لفظوں میں اِس ناول کی یہی کہانی ہے' یہی اس ناول کی سماج کو 'چنوتی' ہے.

بہن بھارتی ودیارتھی نے ایسا لاجواب انواد کیا ہے کہ کچھ کہتے نہیں بنتا. پڑھنے بیٹھئے تو بنا ختم کئے اُٹھنے کو دل نہیں چاہتا. ہم بہن بھارتی ودیارتھی کو اُن کی اِس سیوا کے لئے بدھائی دیتے ہیں اور یقین کرتے ہیں کہ ملیالم اور ہندی کے پڑھنے والوں کو ایک دوسرے کے نزدیک لانے میں وہ زبردست سہارا ثابت ہونگی.

ہمیں یہ بھی اُمید ہے کہ ہندی کے آج کے کہانی لیکھک اور اُپنیاس کار اِس "چنوتی" کو دیکھکر اپنا دھیان اِن لاکھوں کروڑوں غریبوں اور نیچ سمجھے جانے والوں کی طرف لگائیں گے جن کا نام لیوا اور پانی دیوا بھی کوئی نہیں ملتا.

—سریش رام‌بھائی

कलकत्ते का चमत्कार

लेखक—मनु बहन गांधी; निकालने वाले—नव जीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद; पहला एडीशन; लिखावट—हिन्दी; सफ़े 132, दाम एक रुपया चार आना.

कलकत्ते की जलती हुई आग को बापू ने सितम्बर 1947 में किस तरह ठंडा किया उसकी याद इतिहास के पन्ने हमेशा दिलाते रहेंगे. इस किताब में उसी की कहानी है, दर्दनाक कहानी है जिसका पन्ना रोंगटे खड़े कर देने वाला है.

मनु बहन गांधी गांधी जी के पास दिसम्बर 1946 से उनके आखरी दम तक साथ रहीं. इस किताब में उन्होंने पहली अगस्त 1947 से लेकर 8 सितम्बर तक की अपनी डायरी पेश की है. खास बात यह है कि इस डायरी को बापू रोज़ पढ़ लेते थे और साथ ही साथ अपनी सही बना देते थे. इसलिये हम इस किताब को बापू की एक छोटी मोटी डायरी कह सकते हैं. अलावा इसके यह कहानी है, इतिहास है, धर्मकथा है.

इस किताब को पढ़ कर हमारा दिल भर आता है. 15 अगस्त 1947 को जहां हिन्दुस्तान खुशियां मनाता था, बापू उपवास और प्रार्थना करते थे. उन्होंने उस दिन कहा—"आज हमारी ज़िम्मेदारी कितनी बढ़ गई है जिस पर हम शान्ति भाव से मनन करें. चरखे ने यह आज़ादी दिलवाई है उसे हमें नहीं भूलना चाहिये और उपवास करने से हमारा शरीर शुद्ध होता है. इस तरह हम शुद्ध होकर ईश्वर से प्रार्थना करें कि हम आज़ादी के लायक़ बनें." कौन नहीं जानता कि आज चरखे को सरकार तो भूल ही गई है और जनता भी भूलती मालूम पड़ती है. गांधी जी के निजी जीवन, देश के राजकाजी हालात, हिन्दू मुस्लिम समस्या वग़ैरा बातों में दिलचस्पी रखने वाले हर भाई बहन के लिये यह किताब अनमोल हीरा साबित होगी. मनु बहन को हम इस चमत्कार भरी किताब पर दिल से बधाई देते हैं.

इस किताब का जितना प्रचार हो थोड़ा है.

—चेतन कुमार शर्मा

चुनौती (भंगी का बेटा)

लेखक—तकशी शिवशंकर पिल्लई; अनुवादक—श्रीमती भारती विद्यार्थी; निकालने वाले—आत्मा राम एन्ड संन्स, कश्मीरी गेट, नई दिल्ली; लिखावट हिन्दी; सफ़े 135; दाम ढाई रुपये; पहली बार 1952.

'टूटी फूटे मकान' मलयालम भाषा का जो मलाबार, कोचीन और ट्रावन्कोर के रहने वालों की भाषा है एक

کلکتے کا چمتکار

لیکھک—منو بہن گاندھی؛ نکالنے والے—نوجیون پرکاشن مندر، احمدآباد؛ پہلا ایڈیشن؛ لکھاوٹ—ہندی؛ صفحے 132، دام ایک روپیہ چار آنہ .

کلکتے کی جلتی ہوئی آگ کو باپو نے ستمبر 1947 میں کس طرح ٹھنڈا کیا اُس کی یاد اتہاس کے پنے ہمیشہ دلاتے رہیں گے . اِس کتاب میں اسی کی کہانی ہے، دردناک کہانی ہے جس کا پنّا رونگٹے کھڑے کر دینے والا ہے.

منو بہن گاندھی گاندھی جی کے پاس دسمبر 1946 سے اُن کے آخری دم تک ساتھ رہیں. اِس کتاب میں اُنہوں نے پہلی اگست 1947 سے لے کر 8 ستمبر تک کی اپنی ڈائری پیش کی ہے . خاص بات یہ ہے کہ اِس ڈائری کو باپو روز پڑھ لیتے تھے اور ساتھ ہی ساتھ اپنی صحیح بنا دیتے تھے. اِس لئے ہم اِس کتاب کو باپو کی ایک چھوٹی موٹی ڈائری کہہ سکتے ہیں . علاوہ اِس کے یہ کہانی ہے، اتہاس ہے، دھرم کتھا ہے .

اِس کتاب کو پڑھکر ہمارا دل بھر آتا ہے. 15 اگست 1947 کو جہاں ہندستان خوشیاں مناتا تھا، باپو اُپواس اور پرارتھنا کرتے تھے . اُنہوں نے اُس دن کہا—"آج ہماری ذمہ داری کتنی بڑھ گئی ہے جس پر ہم شانتی بھاؤ سے منن کریں. چرخے نے یہ آزادی دلوائی ہے اُسے ہمیں نہیں بھولنا چاہئے اور اُپواس کرنے سے ہمارا شریر شدھ ہوتا ہے. اِس طرح ہم شدھ ہوکر ایشور سے پرارتھنا کریں کہ ہم آزادی کے لائق بنیں." کون نہیں جانتا کہ آج چرخے کو سرکار تو بھول ہی گئی ہے اور جنتا بھی بھولتی معلوم پڑتی ہے . گاندھی جی کے نجی جیون، دیش کے راج کاجی حالات، ہندو مسلم سمسیا وغیرہ باتوں میں دلچسپی رکھنے والے ہر بھائی بہن کے لئے یہ کتاب انمول ہیرا ثابت ہوگی . منو بہن کو ہم اِس چمتکار بھری کتاب پر دل سے بدھائی دیتے ہیں .

اِس کتاب کا جتنا پرچار ہو تھوڑا ہے .

—چیتن کمار شرما

چنوتی (بھنگی کا بیٹا)

لیکھک—تکشی شیو شنکر پلّئی؛ انوادک—شری متی بھارتی ودیارتھی؛ نکالنے والے—آتما رام اینڈ سنس، کشمیری گیٹ، نئی دلی؛ لکھاوٹ ہندی؛ صفحے 135؛ دام ڈھائی روپئے؛ پہلی بار 1952.

'ٹوٹی پھوٹے مکن' ملیالم بھاشا کا جو ملابار، کوچین اور ٹراونکور کے رہنے والوں کی بھاشا ہے ایک

कीड़ों से लेखक का साबक़ा पड़ा उसका बयान विद्वान लेखक ने आसान मिसालों के ज़रिये, सुन्दर ढंग से और व्यंग भरी ज़बान में किया है. कहीं कहीं सुन्दर सुन्दर महावरों का प्रयोग करके शैली में नई जान पैदा की है.

इस किताब में लेखक ने गिलहरी, बन्दर, कबूतर, कौवा, चील, तोता, छिपकली, खटमल, चींटी और तिलचट्टों का ज़िकर किया है. पर लेखक की मुहब्बत गिलहरी के साथ ज़ियादा मालूम होती है. लेखक के खाते वक़्त गिलहरी उनके सामने कैसे बैठती थी, उनके फेंके हुए रोटी के टुकड़े को कैसे खाती थी, कौवों और दूसरी चिड़ियों से बचाकर कैसे गिलहरी को लेखक खिलाते थे और एक दिन कैसे गिलहरी के बच्चे को उसकी मां के पास पहुंचा आये थे, वग़ैरा बातों का ज़िकर बढ़िया ढंग से किया है.

ऊपर ज़िकर किये हुये जानवरों के स्वभाव का बयान अच्छे ढंग से किया गया है. कौन कीड़े या चिड़िया कितना मूर्ख या अक़्लमंद है, कौन सावधान या असावधान है इन बातों की भी जांच लेखक ने बारीकी से की है. चींटियों और दूसरी जीव जन्तुओं के स्वभाव का बयान करते समय इन्सान के स्वभाव के साथ उनके स्वभाव की तुलना व्यंग पूर्न तरीक़े से की है.

राजनैतिक बातों को लेकर भी ख़ूब मिसालें दी गई हैं. नमूने देखिये (1) कौवे गिलहरियों की लड़ाई अंगरेज़ों अरबों के लड़ाई की तरह हैं; अगर अरबों के पास हवाई जहाज़ होते और गिलहरियों के पास पंख होते तो इन दोनों बड़ी लड़ाइयों का रूप ही दूसरा होता. (2) स्पेनिश आरमेडा या मुग़ल फ़ौज की तरह चील धीरे धीरे चलती है, जल्दी दिशा बदलना उसे आता ही नहीं, जब कि कौवा मराठा बारगीरों की तरह तेज़ी से दौड़ सकता है और चाहे जैसे हमला हो अपना बचाव कर सकता है.

जेल की ज़िन्दगी से इस तरह हिल मिल जाने पर कौन शख़्स जेल ख़ाने से बाहर जाने की बात सोचेगा? जब जेल का नियम लेखक को बाहर जाने को मजबूर करने लगा, तो ससुराल जाते समय अपने पाले हुए जानवर और अपने हाथों पानी सींचे हुए पेड़ पौधों को छोड़ते वक़्त शकुंतला को जो सदमा पहुंचा उस से कम सदमा लेखक को नहीं पहुंचा होगा.

इस रचना में न तो उपदेश है, न प्रचार है, केवल अनुभव का, सुख दुख का और कल्पनाओं का आदान प्रदान है और ख़ासकर ख़ुश मिज़ाजी है. इसलिये यह किताब छोटे बड़े, जवान बूढ़े, बच्चे सभी को एक सा रस देगी.

—एम. सुब्रह्मन्यम
(तामिलनाद हिन्दी प्रचार सभा, त्रिचनापल्ली)

کیڑوں سے لیکھک کا سابقہ پڑا اُسکا بیان ودوان لیکھک نے آسان مثالوں کے ذریعے، سندر ڈھنگ سے اور وینگ بھری زبان میں کیا ہے. کہیں کہیں سندر سندر محاوروں کا پریوگ کر کے شیلی میں نئی جان پیدا کی ہے.

اِس کتاب میں لیکھک نے گلہری، بندر، کبوتر، کوا، چیل، طوطا، چھپکلی، کھٹمل، چیونٹی اور تلچٹوں کا ذکر کیا ہے. پر لیکھک کی محبت گلہری کے ساتھ زیادہ معلوم ہوتی ہے. لیکھک کے کھاتے وقت گلہری اُن کے سامنے کیسے بیٹھتی تھی، اُن کے پھینکے ہوئے روٹی کے ٹکڑے کو کیسے کھاتی تھی، کوؤں اور دوسری چڑیوں سے بچاکر کیسے گلہری کو لیکھک کھلاتے تھے اور ایک دن کیسے گلہری کے بچے کو اُس کی ماں کے پاس پہنچا آئے تھے، وغیرہ باتوں کا ذکر بڑھیا ڈھنگ سے کیا ہے.

اوپر ذکر کئے ہوئے جانوروں کے سوبھاؤ کا بیان اچھے ڈھنگ سے کیا گیا ہے. کون کیڑے یا چڑیا کتنا مورکھ یا عقل مند ہے، کون ساودھان یا اساودھان ہے اِن باتوں کی بھی جانچ لیکھک نے باریکی سے کی ہے. چیونٹیوں اور دوسری جیو جنتوؤں کے سوبھاؤ کا بیان کرتے سمے اِنسان کے سوبھاؤ کے ساتھ اُن کے سوبھاؤ کی تلنا وینگ پورن طریقے سے کی ہے.

راج نیتک باتوں کو لیکر بھی خوب مثالیں دی گئی ہیں. نمونے دیکھئے (1) کوے گلہریوں کی لڑائی انگریزوں عربوں کے لڑائی کی طرح ہیں؛ اگر عربوں کے پاس ہوائی جہاز ہوتے اور گلہریوں کے پاس پنکھ ہوتے تو اِن دونوں بڑی لڑائیوں کا روپ ہی دوسرا ہوتا. (2) اسپینش آرمیڈا یا مغل فوج کی طرح چیل دھیرے دھیرے چلتی ہے، جلدی دشا بدلنا اُسے آتا ہی نہیں، جب کہ کوا مراٹھا بارگیروں کی طرح تیزی سے دوڑ سکتا ہے اور چاہے جیسا حملہ ہو اپنا بچاؤ کر سکتا ہے.

جیل کی زندگی سے اِس طرح ہل مل جانے پر کون شخص جیل خانے سے باہر جانے کو سوچیگا؟ جب جیل کا نیم لیکھک کو باہر جانے کو مجبور کرنے لگا، تب سسرال جاتے سمے اپنے پالے ہوئے جانور اور اپنے ہاتھوں پانی سینچے ہوئے پیڑ پودھوں کو چھوڑتے وقت شکنتلا کو جو صدمہ پہنچا اُس سے کم صدمہ لیکھک کو نہیں پہنچا ہوگا.

اِس رچنا میں نہ تو اُپدیش ہے، نہ پرچار ہے، کیول انوبھو کا، سکھ دکھ کا اور کلپناؤں کا آدان پردان ہے اور خاص کر خوش مزاجی ہے. اِس لئے یہ کتاب چھوٹے بڑے، جوان بوڑھے، بچے سبھی کو ایک سا رس دے گی.

—ایم سبرہ منیم
(تامل ناد ہندی پرچار سبھا، ترچناپلی)

हैं, पंजाब में जानवर चारा न पाने की वजह से रोज़ मर रहे हैं, बिहार में ईख की खेती के वास्ते पेड़ पर पेड़ कटते जाने से गांव वाले कह रहे हैं कि 'नील' की खेती की जगह 'मील' की खेती आ गई, राजस्थान में लोग शिकायत कर रहे हैं कि रेगिस्तान दिन दूनी रात चौगुनी रफ़्तार से बढ़ रहा है, वग़ैरा वग़ैरा.

इस वजह से हम 'कांगरेस सन्देश' को हिन्दुस्तान के उस ख़ुश क़िस्मत या (बदक़िस्मत ?) गिने चुने समाज का नुमाइन्दा सा मानते हैं जो या तो हकूमत में रह कर या बड़े बड़े कारख़ाने चला कर और किसी जा बेजा तरीक़े से अपनी निजी दौलत में बढ़ौती कर कर देश के ग़रीबों को लगातार चूस रहा है. इसलिये 'कांगरेस सन्देश' के दिल में जनता की भावना की न कोई क़दर हो सकती है और न जनता के लिये कोई लिहाज़.

काग़ज़ तस्वीरों और छपाई के लिहाज़ से तो ख़ैर कोई कसर रहने की बात ही नहीं है. क्या हम उम्मीद करें कि 'कांगरेस सन्देश' कुछ करवट बदलेगा और जनता और हकूमत के बीच जो आज मोटी दीवार बनती जा रही है उसको तोड़ने में कंधा लगायेगा ?

—सुरेश रामभाई

उत्तर की दीवारें

लेखक—काका कालेलकर; अनुवादक—शकुन्तला देवी. निकालने वाले—नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद; सफ़े 84; लिखावट हिन्दी; दाम चौदह आने.

सोकर उठे खाया पिया, काम किया, फिर सो गये, ज़ियादातर शख़्स इसी को ज़िन्दगी का मक़सद समझते हैं. लेकिन ऐसे लोग भी इस दुनिया में मिलेंगे (जिनकी तादाद कम होगी) जिनकी नज़र क़ुदरत की दूसरी चीज़ों पर जैसे पेड़ पौधे, नदी, नाले, टीले पहाड़, जंगल वग़ैरा और तरह तरह के कीड़े, चिड़ियां और जानवरों की तरफ़ भी जाती है. चिड़ियों को रोज़ सब आदमी देखते हैं. लेकिन जब चिड़ियों का चहचहाना सुनते हैं तो यह समझ नहीं पाते और समझने की कोशिश भी नहीं करते कि यह रोती या हँसती हैं या किसी से बात करती हैं. "उत्तर की दीवारें" के लेखक ने इन सबकी जांच बारीकी से की है. 1922 में प्रकृति प्रेमी और पंछी-स्नेही लेखक जब जेल में थे तब उन्हें फ़िकर हुई कि जेल में प्रकृति के नज़ारे तो नहीं मिलेंगे. लेकिन उस छोटी दुनिया के बाशिन्दे कीड़े मकोड़े, चिड़ियां और जानवरों ने उन्हें तसल्ली दी. खाते पीते वक़्त, नहाते-टहलते वक़्त, दातुन तोड़ते वक़्त और सोने की तैयारी करते वक़्त, जिन चिड़ियों, जानवरों और

ھیں' پنجاب میں جانور چارہ نہ پانے کی وجہ سے روز مر رہے ھیں' بہار میں ایکھ کی کھیتی کے واسطے پیڑ پر پیڑ کٹتے جانے سے گاؤں والے کہہ رہے ھیں کہ 'نیل' کی کھیتی کی جگہ 'میل' کی کھیتی آ گئی' راجستھان میں لوگ شکایت کر رہے ھیں کہ ریگستان دن دونی رات چوگنی رفتار سے ھاتھ بڑھ رہا ہے' وغیرہ وغیرہ .

اِس وجہ سے ہم 'کانگریس سندیش' کو ھندستان کے اُس خوش قسمت یا (بدقسمت ؟) گنے چنے سماج کا نمائندہ سا مانتے ھیں جو یا تو حکومت میں رہ کر یا بڑے بڑے کارخانے چلاکر اور کسی جا بیجا طریقے سے اپنی نجی دولت میں بڑھوتی کر کر دیش کے غریبوں کو لگاتار چوس رہا ہے. اِس لئے 'کانگریس سندیش' کے دل میں جنتا کی بھاؤنا کی نہ کوئی قدر ھوسکتی ہے اور نہ جنتا کے لئے کوئی لحاظ .

کاغذ تصویروں اور چھپائی کے لحاظ سے تو خیر کوئی کثر رہنے کی بات ھی نہیں ہے . کیا ہم اُمید کریں کہ 'کانگریس سندیش' کچھ کروٹ بدلے گا اورجنتا اور حکومت کے بیچ جو آج موٹی دیوار بنتی جا رہی ہے اُس کو توڑنے میں کندھا لگئے گا ؟

——سریش رام بھائی


اُتر کی دیواریں

لیکھک——کاکا کالیل کر؛ انوادک——شکنتلا دیوی'

نکالنے والے——نوجیون پرکاشن مندر' احمدآباد؛ صفحے 84؛ لکھاوٹ ھندی؛ دام چودہ آنے .

سوکر اُٹھے کھایا پیا' کام کیا' پھر سو گئے' زیادہ تر شخص اِسی کو زندگی کا مقصد سمجھتے ھیں . لیکن ایسے لوگ بھی اِس دنیا میں ملینگے (جس کی تعداد کم ھوگی) جن کی نظر قدرت کی دوسری چیزوں پر بھی پڑتی ہے . جیسے پیڑ پودھے' ندی نالے' ٹیلے' پہاڑ' جنگل وغیرہ اور طرح طرح کے کیڑے' چڑیاں' اور جانوروں کی طرف بھی جاتی ہے . چڑیوں کو روز سب آدمی دیکھتے ھیں . لیکن جب چڑیوں کا چہچہانا سنتے ھیں تو یہ سمجھ نہیں پاتے اور سمجھنے کی کوشش بھی نہیں کرتے کہ یہ روتی یا ھنستی ھیں یا کسی سے بات کرتی ھیں . " اُتر کی دیواریں " کے لیکھک نے ان سب کی جانچ باریکی سے کی ہے. 1922 میں پرکرتی پریمی اور پنچھی سنیہی لیکھک جب جیل میں تھے تب انہیں فکر ھوئی کہ جیل میں پرکرتی نظارے تو نہیں ملینگے . لیکن اُس چھوٹی دنیا کے باشندے کیڑے مکوڑے' چڑیاں اور جانوروں نے انہیں تسلی دی. کھاتے پیتے وقت' نہاتے ٹہلتے وقت' داتون توڑتے وقت اور سونے کی تیاری کرتے وقت جن چڑیوں' جانوروں اور

कुछ किताबें



کچھ کتابیں

कांगरेस सन्देश

हफ्ते वारी अखबार, सम्पादक, हर्ष देव मालवीय; निकालने वाले, दफ्तर कुल हिन्द कांगरेस कमेटी; 7, जन्तर मन्तर रोड, नई दिल्ली; लिखावट हिन्दी; सालाना चन्दा नौ रुपये.

पिछले चुनाव के ज़माने में अपने प्रचार के खातिर कुल हिन्द कांगरेस कमेटी के नई दिल्ली वाले दफ्तर से 'कांगरेस सन्देश' नाम का हफ्ते वारी परचा शुरू हुआ. मई के आखीर तक इसके 31 नम्बर निकल चुके हैं. इस वक़्त हमारे सामने इसके तीन परचे 30, 31, 32 मौजूद हैं.

कांगरेस पांच साल पहले क्या थी ?—हिन्दुस्तान की महकूम जनता की अलमबरदार और आवाज़. कांगरेस आज क्या है ? उसी जनता की हाकिम. इसलिये 'कांगरेस सन्देश' इस वक़्त हाकिम कांगरेस के ही नुमायन्दे या दूत यानी मैसैंजर का काम कर सकता है. उससे यह उम्मीद करना कि वह जनता की नुमायन्दगी करे दिन में तारे देखने की उम्मीद करना है.

जब हम 'कांगरेस सन्देश' के सफ़े उलटते हैं तो हमारा यह ख़याल और भी पक्का हो जाता है. शुरू से आखीर तक किसी नम्बर को देख जाइये ऐसा लगता है कि हिन्दुस्तान में अगर कोई अक़्लमंद और देश के हमदर्द हैं तो सिर्फ़ कांगरेसी ओहदेदार और बाक़ी सब के सब—कम्यूनिस्ट, सोशलिस्ट, प्रजा पारटी या और कोई क्यों न हो, कम अक़्ल और देश के दुश्मन हैं. और इसके अनुसार केन्द्रीय सरकार हो या सूबे की सरकार हो, सब अपना काम बड़ी ख़ूबसूरती से अंजाम दे रही हैं, जिसके कारन देश में सुख ही सुख छाया हुआ है और शेर बकरी मानों एक ही घाट पानी पी रहे हैं.

अफ़सोस कि 'कांगरेस सन्देश' जनता से कोसों दूर हटा हुआ है. उसे यह नहीं ख़बर कि आंध्र में मर्द, औरत और बच्चे रोटी पानी और काम को तरस रहे

کانگریس سندیش

ھفتہ واری اخبار' سمپادک ھرش دیو مالویہ؛ نکالنے والے' دفتر کل ھند کانگریس کمیٹی؛ 7 جنتر منتر روڈ' نئی دلی؛ لکھاوٹ ھندی؛ سالانہ چندہ 9 روپئے .

پچھلے چناؤ کے زمانے میں اپنے پرچار کے خاطر کل ھند کانگریس کمیٹی کے نئی دلی والے دفتر سے 'کانگریس سندیش' نام کا ھفتے واری پرچہ شروع ھوا . مئی کے آخیر تک اِس کے 31 نمبر نکل چکے ھیں . اس وقت ھمارے سامنے اِس کے تین پرچے 30' 31' 32 موجود ھیں .

کانگریس پانچ سال پہلے کیا تھی ؟—ھندستان کی محکوم جنتا کی علمبردار اور آواز . کانگریس آج کیا ھے ؟ اُسی جنتا کی حاکم . اِس لئے 'کانگریس سندیش' اِس وقت حاکم کانگریس کے ھی نمائندے یا دوت یعنی میسنجر کا کام کرسکتا ھے . اُس سے یہ اُمید کرنا کہ وہ جنتا کی نمائندگی کرے دن میں تارے دیکھنے کی اُمید کرنا ھے .

جب ھم 'کانگریس سندیش' کے صفحے الٹتے ھیں تو ھمارا یہ خیال اور بھی پکا ھو جاتا ھے . شروع سے آخیر تک کسی نمبر کو دیکھ جائیے ایسا لگتا ھے کہ ھندستان میں اگر کوئی عقل مند اور دیش کے ھمدرد ھیں تو صرف کانگریسی عہدےدار اور باقی سب کے سب—کمیونسٹ' سوشلسٹ' پرجا پارٹی یا اور کوئی کیوں نہ ھو' کم عقل ھیں اور دیش کے دشمن ھیں. اور اِس کے انوسار کیندری سرکار ھو یا صوبے کی سرکار' ھو سب اپنا کام بڑی خوبصورتی سے انجام دے رھی ھیں' جس کے کارن دیش میں سکھ ھی سکھ چھایا ھوا ھے اور شیر بکری مانو ایک ھی گھاٹ پانی پی رھے ھیں .

افسوس 'کانگریس سندیش' جنتا سے کوسوں دور ھٹا ھوا ھے . اُسے یہ نہیں خبر کہ آندھر میں مرد' عورت اور بچے روٹی پانی اور کام کو ترس رھے

कि अपने मन का जो काम अक़्ल के मुताबिक़ हो वह तो करे और जो अक़्ल के ख़िलाफ़ हो वह न करे, तो फिर थोड़े अर्से में उस का मन संभल जाता है और अक़्ल के ख़िलाफ़ कोई बात कहता ही नहीं. कुछ आदमी समझते हैं कि अक़्ल के मुताबिक़ काम करने के यह माने हैं कि न खेलें, न कूदें, यों ही चुपचाप बैठे रहें, या हमेशा हर वक़्त पढ़ते या और कोई काम करते रहें. मगर यह बिल्कुल ग़लत है. असल में सबसे बड़ी बात जो अक़्ल बतलाती है वह यह है कि दिल को हमेशा बिल्कुल और पूरा ख़ुश रखें. और कोई भी काम इस तरह न करें जिस से उदासी या सुस्ती पैदा हो, सब कुछ हंसी ख़ुशी से करना चाहिये. ऐसा होने ही न देना चाहिये कि कोई काम ज़बरदस्ती करना पड़े. लड़के लड़कियों और बच्चों को खेलना ज़रूर चाहिये और ख़ूब खेलना चाहिये. मगर साथ ही यह ख़याल रखना चाहिये कि ऐसा कोई खेल न खेलें जिस से नुक़सान हो या जिस को कोई बड़ा देख ले तो बुरा कहे. खेल बीसियों तरह के होते हैं मगर सबसे अच्छे खेल वह होते हैं जिन से कुछ अक़्ल आये या नई बात मालूम हो और साथ ही दिल भी ख़ुश हो और हंसी भी ख़ूब आये. राधे, अब के मुलतान आकर एक किताब में से देख कर दो एक खेल ऐसे लिखूंगा जिन से फ़ायदा का फ़ायदा हो और दिल का दिल ख़ुश हो. राधे, तुम ने अब तक एक भी चिट्ठी का जवाब नहीं दिया है, ख़बर नहीं तुम से बग़ैर जवाब दिये रहा क्यों कर जाता है. मेरे पास तो अगर किसी का जवाब देने वाला ख़त थोड़े दिन भी पड़ा रहे तो बड़ा ही बुरा मालूम होता है. अच्छा अब इस चिट्ठी के पहुँचते ही इन बातों का जवाब देना.

(1) अब तुम रोज़ उस्तानी से पढ़ती हो या नहीं. (2) क्या क्या चीज़ पढ़ती हो. (3) वह जो एक सफ़ा अंगरेज़ी, एक हिन्दी, एक रोमन का मैंने तुम्हें लिखने को बताया था वह तुम रोज़ लिखती हो या नहीं. (4) डायरी तुम रोज़ लिखती हो या नहीं. (5) वरज़िश रोज़ करनी शुरू की या नहीं. (6) हवा ख़ोरी को रोज़ जाती हो या कभी कभी और किस के साथ और कौन कौन जाया करते हैं.

کہ اپنے من کا جو کام عقل کے مطابق ہو وہ تو کرے اور جو عقل کے خلاف ہو وہ نہ کرے، تو پھر تھوڑے عرصے میں اُسکا من سنبھل جاتا ہے اور عقل کے خلاف کوئی بات کہتا ہی نہیں. کچھ آدمی سمجھتے ہیں کہ عقل کے مطابق کام کرنے کے یہ معنی ہیں کہ نہ کھیلیں، نہ کودیں، یوں ہی چپ چاپ بیٹھے رہیں، یا ہمیشہ ہر وقت پڑھتے یا کوئی اور کام کرتے رہیں. مگر یہ بالکل غلط ہے. اصل میں سب سے بڑی بات جو عقل بتلاتی ہے وہ یہ ہے کہ دل کو ہمیشہ بالکل اور پورا خوش رکھیں. اور کوئی بھی کام اِس طرح نہ کریں جس سے اُداسی یا سستی پیدا ہو، سب کچھ ہنسی خوشی سے کرنا چاہئے. ایسا ہونے ہی نہ دینا چاہئے کہ کوئی کام زبردستی کرنا پڑے. لڑکے لڑکیوں اور بچوں کو کھیلنا ضرور چاہئے اور خوب کھیلنا چاہئے. مگر ساتھ ہی یہ خیال رکھنا چاہئے کہ ایسا کوئی کھیل نہ کھیلیں جس سے نقصان ہو یا جس کو کوئی بڑا دیکھ لے تو برا کہے. کھیل بیسیوں طرح کے ہوتے ہیں مگر سب سے اچھے کھیل وہ ہوتے ہیں جن سے کچھ عقل آئے یا نئی بات معلوم ہو اور ساتھ ہی دل بھی خوش ہو اور ہنسی بھی خوب آئے. رادھے، اب کے ملتان جاکر ایک کتاب میں سے دیکھکر دو ایک کھیل ایسے لکھوں گا جن سے فائدہ کا فائدہ ہو اور دل کا دل خوش ہو. رادھے، تم نے اب تک ایک بھی چٹھی کا جواب نہیں دیا ہے، خبر نہیں تم سے بغیر جواب دیئے رہا کیونکر جاتا ہے. میرے پاس تو اگر کسی کا جواب دینے والا خط تھوڑے دن بھی پڑا رہے تو بڑا ہی برا معلوم ہوتا ہے. اچھا اب اِس چٹھی کے پہونچتے ہی اِن باتوں کا جواب دینا.

(1) اب تم روز اُستانی سے پڑھتی ہو یا نہیں. (2) کیا کیا چیز پڑھتی ہو. (3) وہ جو ایک صفحہ انگریزی، ایک ہندی، ایک رومن کا میں نے تمہیں لکھنے کو بتلایا تھا وہ تم روز لکھتی ہو یا نہیں. (4) ڈائری تم روز لکھتی ہو یا نہیں. (5) ورزش روز کرنی شروع کی یا نہیں. (6) ہوا خوری کو روز جاتی ہو یا کبھی کبھی اور کس کے ساتھ اور کون کون جایا کرتے ہیں.

मियां जुगनू कहते—"हम थके जा रहे हैं. इतना तेज़ नहीं चल सकते."

मैना और कौवा कहते—"भाई ज़रा हिम्मत से काम लो और फिर हमारा काम बना जाता है."

सुबह होते होते काला मैदान भी पार हो गया.

लाल मोर ने हकीम के दरवाज़े पर पहुंच कर कहा—

"मैं आऊं, मैं आऊं."

अन्दर से हकीम साहब का कुत्ता निकला उसने कहा—

"भाग ! भाग ! मैं तुझे अन्दर नहीं घुसने दूंगा. तेरे पर नहीं हैं. तू कोढ़ी है."

यह कह कर कुत्ता भौंकने लगा—"भों. भों. भों. भों."

इतने में किसी ने ऊपर से कहा—

"भाई लाल मोर ! तुम कहा ?"

ऊपर एक पिंजरे में भाई तोते मिट्ठू मियां बने बैठे थे. लाल मोर ने उनको अपनी बिपता कह सुनाई. तोता बोला—

"भाई लाल मोर, घबराओ नहीं. मैं आदमी की बोली जानता हूँ. अभी हकीम साहब से दवा दिलवाता हूँ."

फिर तोते ने "दुत दुत" करके कुत्ते को भगा दिया. जब हकीम साहब बाहर आए तो तोते ने लाल मोर को दवा दिलवा दी. दवा खाते ही लाल मोर के पर और दुम निकल आई. जो पहले से ज़ियादा ख़ूबसूरत और चमकदार हो गया.

लाल मोर के अच्छे होने की मैना, कौवे, जुगनू और तोते चारों ने बड़ी ख़ुशी मनाई. फिर मैना, कौवा, जुगनू और लाल मोर तोते से छुट्टी कर जंगल आए.

मोरनी ने लाल मोर का जो सारा क़िस्सा सुना तो वह भी इस पर आशिक़ हो गई. दिल में चुहिया के इम्तहान की तारीफ़ करने लगी. जिस से पता चल गया कि कौन. कौन मोर अच्छा था कौन बुरा.

फिर बड़ी धूम धाम से लाल मोर और मोरनी की शादी हो गई.

کانپور
23-6-09

राधे,

कल की चिट्ठी में भी यही लिखा गया था कि सब काम अक़्ल के मुताबिक़ करने चाहिये न कि मन के. और अगर कोई आदमी बराबर शुरू ही से यह आदत डाले

میاں جگنو کہتے—"ہم تھکے جا رہے ہیں. اتنا تیز نہیں چل سکتے."

مینا اور کوا کہتے—"بھائی ذرا ہمت سے کام لو اور ہمارا کام بنا جاتا ہے."

صبح ہوتے ہوتے کالا میدان بھی پار ہوگیا.

لال مور نے حکیم کے دروازے پر پہنچ کر کہا—

"میں آؤں. میں آؤں."

اندر سے حکیم صاحب کا کتا نکلا. اس نے کہا—

"بھاگ! بھاگ! میں تجھے اندر نہیں گھسنے دوں گا. تیرے پر نہیں ہیں. تو کوڑھی ہے."

یہ کہکر کتا بھونکنے لگا—"بھوں بھوں. بھوں بھوں."

اتنے میں کسی نے اوپر سے کہا—

"بھائی لال مور! تم کہاں؟"

اوپر ایک پنجرے میں بھائی طوطے مٹھو میاں بنے بیٹھے تھے. لال مور نے ان کو اپنی بپتا کہہ سنائی. طوطا بولا—

"بھائی لال مور، گھبراؤ نہیں. میں آدمی کی بولی جانتا ہوں. ابھی حکیم صاحب سے دوا دلواتا ہوں."

پھر طوطے نے "دت دت" کرکے کتے کو بھگا دیا. جب حکیم صاحب باہر آئے تو طوطے نے لال مور کو دوا دلوادی. دوا کھاتے ہی لال مور کے پر اور دم نکل آئی. جو پہلے سے زیادہ خوبصورت اور چمکدار ہوگیا.

لال مور کے اچھے ہونے کی مینا، کوے، جگنو اورطوطے چاروں نے بڑی خوشی منائی. پھر مینا، کوا، جگنو اور لال مور طوطے سے چھٹی لےکر جنگل آئے.

مورنی نے لال مور کا سارا قصہ جو سنا تو وہ بھی اس پر عاشق ہوگئی. دل میں چوہیا کے امتحان کی تعریف کرنے لگی. جس سے صاف پتہ چل گیا کہ کون مور اچھا تھا کون برا.

پھر بڑی دھوم دھام سے لال مور اور مورنی کی شادی ہوگئی.

خان پور
23-6-09

رادھے،

کل کی چٹھی میں بھی یہی لکھا گیا تھا کہ سب کام عقل کے مطابق کرنے چاہئے نہ کہ من کے. اور اگر کوئی آدمی برابر شروع ہی سے یہ عادت ڈالے

मैना बोली—"भाई कौवे, चलो हम दोनों भी लाल मोर के साथ साथ चलें. जहां सांप निकला मैं तुम को बता दूंगी. फिर दोनों मिल कर उसको मार डालेंगे."

तीनों ने दूसरे दिन चलने की ठान ली.

उसी दिन लाल मोर, कौवा और मैना भी हकीम के घर को चले. लाल मोर नीचे नीचे भाग रहा था और कौवा और मैना उसी के ऊपर ऊपर उड़ रहे थे.

सांप एक झाड़ी में बैठा था कि उसको लाल मोर नज़र आया. उसने कहा—

"अहा हा ! कैसी अच्छी बोटी भागी जा रही है. मैं अभी इसको खाता हूँ."

सांप लाल मोर पर झपटा. लेकिन उसको इसकी सख्त सज़ा मिली.

मैना ने टें टें करके कौवे को खबर दी कि सांप आ रहा है. कौवे ने पीछे से आकर एक चोंच सांप की दुम पर मारी. सांप जो पलटा कौवे की तरफ़ तो मैना ने पीछे से एक चोंच रसीद की उसकी दुम पर. फिर तो दोनों ने मिल कर सांप के इतनी चोंचें मारीं, इतनी चोंचें मारीं कि उसका कचूमर निकल गया. और वह मर गया.

सांप को मार कर फिर तीनों अपनी मंज़िल की तरफ़ चल खड़े हुए, और सूरज डूबते डूबते पीला मैदान पार हो गया और काला मैदान आ गया. एक तो मैदान काला, उस पर रात का घुप अंधेरा. लाल मोर घबरा कर कहने लगा—

"बहन मैना और भाई कौवे, मुझे तो रास्ता नहीं सूझता."

मैना बोली—"भैया ! घबराओ नहीं. वह सामने जो रोशनी दिखाई दे रही है, यह मियां जुगनू का घर है. चलो उनसे कहें कि हमको रोशनी दिखा दें."

तीनों पहुंचे जुगनू के घर. उसने इन तीनों की बड़ी ख़ातिर की. चाय पिलाई, खाना खिलाया और फिर रोशनी दिखाने चल खड़े हुए.

काला मैदान सायं सायं कर रहा था. हर तरफ़ भयानक अंधेरा छाया हुआ था. उसमें आगे आगे मियां जुगनू रोशनी दिखा रहे थे. पीछे ज़मीन पर लाल मोर भाग रहा था और उसके ऊपर मैना और कौवा उड़ रहे थे.

चारों भागते रहे, भागते रहे. जैसे जैसे सुबह क़रीब आती आती मैना और कौवा जुगनू से कहते—

"भाई जुगनू—और तेज़—और तेज़-नहीं तो अगर सुबह हो गई तो ओले पड़ने लगेंगे और हम लोगों का सर फट जायगा."

مینا بولی—"بھائی کوے' چلو ہم دونوں بھی لال مور کے ساتھ ساتھ چلیں. جہاں سانپ نکلا میں تم کو بتا دوں گی . پھر دونوں ملکر اس کو مار ڈالیں گے ."

تینوں نے دوسرے دن چلنے کی ٹھان لی .

اسی دن لال مور' کوا اور مینا بھی حکیم کے گھر کو چلے . لال مور نیچے نیچے بھاگ رہا تھا اور کوا اور مینا اسی کے اوپر اوپر اڑ رہے تھے .

سانپ ایک جھاڑی میں بیٹھا تھا کہ اس کو لال مور نظر آیا . اس نے کہا—

"اہا ہا! کیسی اچھی بوٹی بھاگی جا رہی ہے. میں ابھی اس کو کھاتا ہوں."

سانپ لال مور پر جھپٹا. لیکن اس کو اس کی سخت سزا ملی .

مینا نے ٹیں ٹیں کرکے کوے کو خبر دی کہ سانپ آ رہا ہے . کوے نے پیچھے سے آکر ایک چونچ سانپ کی دم پر ماری . سانپ جو پلٹا کوے کی طرف تو مینا نے پھر پیچھے سے ایک چونچ رسید کی اس کی دم پر. پھر دونوں نے مل کر سانپ کے اتنی چونچیں ماریں' اتنی چونچیں ماریں کہ اس کا کچومر نکل گیا . اور وہ مر گیا .

سانپ کو مار کر پھر تینوں اپنی منزل کی طرف چل کھڑے ہوئے . اور سورج ڈوبتے ڈوبتے پیلا میدان پار ہوگیا اور کالا میدان آ گیا . ایک تو میدان کالا' اس پر رات کا گھپ اندھیرا. لال مور گھبرا کر کہنے لگا—

"بہن مینا اور بھائی کوے' مجھے تو راستہ نہیں سوجھتا."

مینا بولی—"بھیا ! گھبراؤ نہیں. وہ سامنے جو روشنی دکھائی دے رہی ہے' یہ میاں جگنو کا گھر ہے . چلو ان سے کہیں کہ ہم کو روشنی دکھادیں."

تینوں پہنچے جگنو کے گھر . اس نے ان تینوں کی بڑی خاطر کی . چائے پلائی' کھانا کھلایا اور پھر روشنی دکھانے چل کھڑے ہوئے .

کالا میدان سائیں سائیں کر رہا تھا. ہر طرف بھیانک اندھیرا چھایا ہوا تھا. اس میں آگے آگے میاں جگنو روشنی دکھا رہے تھے . پیچھے زمین پر لال مور بھاگ رہا تھا اور اس کے اوپر مینا اور کوا اڑ رہے تھے .

چاروں بھاگتے رہے ' بھاگتے رہے . جیسے جیسے صبح قریب آتی جاتی مینا اور کوا جگنو سے کہتے—

"بھائی جگنو—اور تیز—اور تیز—نہیں تو اگر صبح ہوگئی تو اولے پڑنے لگیں گے اور ہم لوگوں کا سر پھٹ جائے گا ."

बच्चों की दुनिया

दुम कट गई पर झड़ गए फिरते हैं लंडूरे

(हयात उल्ला अन्सारी)

दूसरी रात चुहिया ने लाल मोर के पर भी काट डाले. लाल मोर ने जब देखा कि मेरे सब पर ग़ायब हैं तो रोने लगा कि भला अब मोरनी मेरे साथ शादी क्यों करने लगी.

मैना और कौवा उस दिन जो अपने दोस्त लाल मोर से मिलने आए तो उनको उसकी मुसीबत का पता चला. वह दोनों उसे समझाने लगे कि ऐसी बीमारियां आती रहती हैं. घबराओ नहीं कोई राह निकल ही आयेगी.

मैना जाकर कहीं से दाने बटोर लाई. कौवा एक चपाती उठा लाया. फिर तीनों ने मज़े से बैठ कर खाना खाया. और आपस में ऐसी हंसी की बातें हुईं कि लाल मोर अपनी मुसीबत भूल गया. जब तीनों खा पी चुके और लाल मोर की ढारस बंध गई तब मैना और कौवा बैठ कर सोचने लगे कि क्या किया जाय जो लाल मोर के पर फिर से निकल आयें.

कौवे ने कहा—"हकीम की दवा से पर निकल सकते हैं. मगर उसके घर का रास्ता बहुत मुश्किल है. राह में दो बड़े भयानक मैदान पड़ते हैं. पीला मैदान और काला मैदान. पीले मैदान में रात को ओले पड़ते हैं और काले में दिन को. इसलिये पीला मैदान दिन भर में पार कर लेना होगा. नहीं तो ओलों से सर फट जायगा. फिर बिना दम लिये रात भर में काला मैदान पार करना होगा."

लाल मोर ने कहा—"मैं पैदल बड़ा तेज़ भाग सकता हूं. पार कर लूंगा."

कौवे ने कहा—"एक मुश्किल और है. ज़मीन पर एक बड़ा भारी सांप रहता है जो पैदल जाने वालों को निगल जाता है."

लाल मोर ने कहा—"मैं तो जाऊंगा. सांप निगल जाय, निगल जाय. मोरनी के बग़ैर जीने से मर जाना ———."

بچوں کی دنیا

دم کٹ گئی پر جھڑ گئے پھرتے ہیں لنڈورے

(حیات اللہ انصاری)

دوسری رات چوہیا نے لال مور کے پر بھی کاٹ ڈالے ۔ لال مور نے جب دیکھا کہ میرے سب پر غائب ہیں تو رونے لگا کہ بھلا اب مورنی میرے ساتھ شادی کیوں کرنے لگی۔

مینا اور کوا اس دن جو اپنے دوست لال مور سے ملنے آئے تو ان کو اس کی مصیبت کا پتہ چلا ۔ وہ دونوں اسے سمجھانے لگے کہ ایسی بیماریاں آتی رہتی ہیں ۔ گھبراؤ نہیں کوئی راہ نکل ہی آئے گی ۔

مینا جاکر کہیں سے دانے بٹور لائی۔ کوا ایک چپاتی اٹھا لایا ۔ پھر تینوں نے مزے سے بیٹھ کر کھانا کھایا۔ اور آپس میں ایسی ہنسی کی باتیں ہوئیں کہ لال مور اپنی مصیبت بھول گیا۔ جب تینوں کھا پی چکے اور لال مور کی ڈھارس بندھ گئی تب مینا اور کوا بیٹھ کر سوچنے لگے کہ کیا کیا جائے جو لال مور کے پر پھر سے نکل آئیں ۔

کوے نے کہا—"حکیم کی دوا سے پر نکل سکتے ہیں ۔ مگر اس کے گھر کا راستہ بہت مشکل ہے ۔ راہ میں دو بڑے بھیانک میدان پڑتے ہیں۔ پیلا میدان اور کالا میدان۔ پیلے میدان میں رات کو اولے پڑتے ہیں اور کالے میں دن کو ۔ اس لئے پیلا میدان دن بھر میں پار کرلینا ہوگا ۔ نہیں تو اولوں سے سر پھٹ جائیگا ۔ پھر بنا دم لئے رات بھر میں کالا میدان پار کرنا ہوگا ۔"

لال مور نے کہا—"میں پیدل بڑا تیز بھاگ سکتا ہوں ۔ پار کرلوں گا ۔"

کوے نے کہا—"ایک مشکل اور ہے ۔ زمین پر ایک بڑا بھاری سانپ رہتا ہے جو پیدل جانے والوں کو نگل جاتا ہے ۔"

لال مور نے کہا—"میں تو جاؤں گا۔ سانپ نگل جائے نگل جائے ۔ مورنی کے بغیر جینے سے مر جانا اچھا ۔"

जब हर आदमी, फिर वह चाहे मजदूर हो या मालिक, प्रोफेसर हो या पढ़ता हो, मिनिस्टर हो या मैनेजर और प्लानिंग कमीशन का मेम्बर हो या उस दफ्तर का चपरासी, सब घंटा दो घंटा खेती में काम करें और देश की पैदावार बढ़ाने में मदद करें. मेरा मानना है कि इन्सानी मेहनत में इस विश्वास से देश का कल्याण ही होने वाला है और आज के भेद भाव मिटने वाले हैं. बहुत मुमकिन है कि इसके लिये हमें अपने आज के शहरों को खतम कर के उनको फिर से बसाना पड़े. श्री टंडन जी ने सेवापुरी के अपने भाशन में इसका ज़िकर किया था और मैंने कहा था कि यह चीज़ वैदिक ख्याल के मुताबिक़ है, क्योंकि इन्द्र को पुरन्दर यानी शहरों को छिन्न भिन्न करने वाला कहा गया है. मैं मानता हूं कि यह वैदिक भावना किसी न किसी रोज़ पूरी होकर रहेगी."

جب ہر آدمی، پھر وہ چاہے مزدور ہو یا مالک، پروفیسر ہو یا پڑھتا ہو، منسٹر ہو یا منیجر اور پلاننگ کمیشن کا ممبر ہو یا اس دفتر کا چپراسی، سب گھنٹہ دو گھنٹہ کھیتی میں کام کریں اور دیش کی پیداوار بڑھانے میں مدد کریں. میرا ماننا ہے کہ انسانی محنت میں اس وشواس سے دیش کا کلیان ہی ہونے والا ہے اور آج کے بھید بھاؤ مٹنے والے ہیں. بہت ممکن ہے کہ اس کے لئے ہمیں اپنے آج کے شہروں کو ختم کر کے ان کو پھر سے بسانا پڑے. شری ٹنڈن جی نے سیوا پوری کے اپنے بھاشن میں اس کا ذکر کیا تھا اور میں نے کہا تھا کہ یہ چیز ویدک خیال کے مطابق ہے، کیونکہ اندر کو پرندر یعنی شہروں کو چھن بھن کرنے والا کہا گیا ہے. میں مانتا ہوں کہ یہ ویدک بھاونا کسی نہ کسی روز پوری ہو کر رہے گی."

भूदान यज्ञ आन्दोलन मजदूर आन्दोलन है

मैंने यह जो चीज़ उठाई है, वह मजदूरों की चीज़ है. मेरा आन्दोलन मज़दूरों का आन्दोलन है. जो सबसे कमज़ोर हैं और जो बे ज़बान और बे ज़मीन हैं, उनका यह आन्दोलन है. मज़दूरों के आन्दोलन यहाँ अकसर शहरों में होते हैं और वहीं उनका संगठन होता है. योरप में खेतिहर मज़दूरों के आन्दोलन हुए भी हैं, मगर हिन्दुस्तान में ज़ियादातर शहरी मज़दूरों के ही आन्दोलन हुए हैं. उनके पास सिवा खेती के और कोई धन्धा नहीं है. जो सबसे नीचे के स्तर के हैं, उनका सवाल उठाना ही सर्वोदय और अहिंसा का तरीक़ा है, क्योंकि जो सबसे आखिर का है, उसे ऊपर उठाने से बाक़ी के भी ऊपर उठ ही जाते हैं. मेरे आन्दोलन की कई नज़रें हो सकती हैं, पर एक खास नज़र यह कि यह मज़दूर आन्दोलन है. मैं खुद बरसों मज़दूर भी रहा हूं. मैंने खेती, रसोई, बुनाई, कताई, भंगी काम वग़ैरा सब में मज़दूरी कर के सालों बिताये हैं. मैं मज़दूरों की बात और उन्हीं का काम आज कर रहा हूँ.

—विनोबा

بھودان یگیہ آندولن مزدور آندولن ہے

میں نے یہ جو چیز اٹھائی ہے، وہ مزدوروں کی چیز ہے. میرا آندولن مزدوروں کا آندولن ہے. جو سب سے کمزور ہیں اور جو بے زبان اور بے زمین ہیں، ان کا یہ آندولن ہے. مزدوروں کے آندولن یہاں اکثر شہروں میں ہوتے ہیں اور وہیں ان کا سنگھٹن ہوتا ہے. یورپ میں کھیتی ہر مزدوروں کے آندولن ہوئے بھی ہیں، مگر ہندستان میں زیادہ تر شہری مزدوروں کے ہی آندولن ہوئے ہیں. ان کے پاس سوا کھیتی کے اور کوئی دھندا نہیں ہے. جو سب سے نیچے کے استر ہیں، ان کا سوال اٹھانا ہی سرودے اور اہنسا کا طریقہ ہے، کیونکہ جو سب سے آخر کا ہے، اسے اوپر اٹھانے سے باقی کے بھی اوپر اٹھ ہی جاتے ہیں. میرے آندولن کی کئی نظریں ہوسکتی ہیں، پر ایک خاص نظر یہ کہ یہ مزدور آندولن ہے. میں خود برسوں مزدور بھی رہا ہوں. میں نے کھیتی، رسوئی، بنائی، کتائی، بھنگی کام وغیرہ سب میں مزدوری کرکے سالوں بتائے ہیں. میں مزدوروں کی بات اور انہیں کا کام آج کر رہا ہوں.

—ونوبا

हैं—कि देहातों में जो कच्चा माल होता है, उसी से देहात की जरूरत का सारा जरूरी पक्का माल तैयार होना चाहिये. अगर इस उसूल को मान लेते हैं—जिसे मानने के लिये अभी तक प्लानिंग कमीशन हिम्मत नहीं कर रहा है, और करता भी है तो अगर मगर की शर्तों के साथ करना चाहता है—तो सारा मसला हल हो जाता है.

"श्री पाटिल ने अपने बयान में फिर से इकनोमिक होल्डिंग (Economic Holding) की बात उठाई है. किसी मसले की बार बार चर्चा करने से वह मसला और साफ़ हो जाता है. इस लिहाज़ से उनके इस सवाल का मैं स्वागत करता हूँ. मुझे उनकी याददाश्त में अविश्वास नहीं है. यह मैंने इसलिये कहा कि न सिर्फ़ सर्वोदय सम्मेलन में, बल्कि दिल्ली में की गई प्लानिंग कमीशन की सारी चर्चा में और वहाँ पर अखबार वालों साथ हुई बात चीत में मैंने इस बारे में अपनी राय साफ़ साफ़ बतादी थी. इकनोमिक होल्डिंग क्या हो सकता है, क्या नहीं हो सकता है, यह बहस का सवाल है. आज तो सवाल यही है कि पांच एकड़ सूखी या एक एकड़ तरी जमीन पांच आदमियों के परिवार के लिये काफ़ी है या नहीं ? हैदराबाद में तो इतनी तादाद काफ़ी मानी गई है. इधर उत्तर प्रदेश में पूरब के ज़िलों में मैंने कई जगहों पर किसानों को सीधा सवाल पूछा है और उन्होंने इससे आधी जमीन पर भी अच्छी तरह गुज़र बसर कर सकना मुमकिन बताया है. जापान और चीन में जमीन का बंटवारा जिस तरह हो रहा है, उससे श्री पाटिल को अपनी शंका का जवाब मिलना चाहिये. लेकिन वहां तक जाने की ज़रूरत नहीं. थोड़ी जमीन से कितनी अच्छी फ़सल ली जा सकती है, यह वह चाहें तो परंधाम (पौनार, ज़िला वर्धा) आश्रम में आकर देख सकते हैं.

"उन्होंने बैल जोड़ी का सवाल भी उठाया है. इस बारे में मेरा इतना ही कहना है कि अगर एक बैल जोड़ी बीस एकड़ के लिये काफ़ी होती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि हर आदमी के पास कम से कम बीस एकड़ जमीन हो. अगर पाटिल साहब इतनी जमीन देने का जादू कर सकें तो मुझे इनकार नहीं है. लेकिन देश में इतनी जमीन है ही नहीं. इसलिये हो यही सकता है कि चार पांच काश्तकार मिलकर एक बैल जोड़ी रखें और इस तरह पार्शियल कोआपरेशन यानी थोड़ी थोड़ी शिरकत से खेती करें. यह पार्शियल कोआपरेशन न सिर्फ़ बैल जोड़ी की हद तक हो, बल्कि हिफ़ाज़त, सिंचाई वग़ैरा बातों में भी हो सकता है.

"श्री पाटिल के और मेरे विचारों में एक बुनियादी फ़र्क़ दिखाई देता है. मैं चाहता हूँ कि एक रोज़ ऐसा आये

ھیں—کہ دیہاتوں میں جو کچا مال ہوتا ہے، اُسی سے دیہات کی ضرورت کا سارا ضروری پکا مال تیار ہونا چاہئیے. اگر اِس اصول کو مان لیتے ھیں—جسے ماننے کے لئے ابھی تک پلاننگ کمیشن ہمت نہیں کر رہا ہے، اور کرتا بھی ہے تو اگر مگر کی شرطوں کے ساتھ کرنا چاہتا ہے—تو سارا مسئلہ حل ہو جاتا ہے .

"شری پاٹل نے اپنے بیان میں پھر سے ایکونامک ہولڈنگ (Economic Holdnig) کی بات اُٹھائی ہے . کسی مسئلہ کی بار بار چرچا کرنے سے وہ مسئلہ اور صاف ہوجاتا ہے . اِس لحاظ سے اُن کے اِس سوال کا میں سواگت کرتا ہوں. مجھے اُن کی یادداشت میں اوشواس نہیں ہے؛ یہ میں نے اِس لئے کہا کہ نہ صرف سرودے سمیلن میں، بلکہ دلی میں کی گئی پلاننگ کمیشن کی ساری چرچا میں اور وہیں پر اخبار والوں کے ساتھ ہوئی بات چیت میں میں نے اِس بارے میں اپنی رائے صاف صاف بتا دی تھی . ایکونامک ہولڈنگ کیا ہوسکتا ہے، کیا نہیں ہو سکتا ہے، یہ بحث کا سوال ہے . آج تو سوال یہی ہے کہ پانچ ایکڑ سوکھی یا ایک ایکڑ تری زمین پانچ آدمیوں کے پریوار کے لئے کافی ہے یا نہیں ؟ حیدرآباد میں تو اتنی تعداد کافی مانی گئی ہے . اِدھر اُتر پردیش میں پورب کے ضلعوں میں میں نے کئی جگہوں پر کسانوں کو سیدھا سوال پوچھا ہے اور اُنہوں نے اِس سے آدھی زمین پر بھی اچھی طرح گذر بسر کر سکنا ممکن بتایا ہے . جاپان اور چین میں زمین کا بٹوارہ جس طرح ہو رہا ہے، اُس سے شری پاٹل کو اپنی شنکا کا جواب ملنا چاہئے. لیکن وہاں تک جانے کی ضرورت نہیں . تھوڑی زمین سے کتنی اچھی فصل لی جا سکتی ہے، یہ وہ چاہیں تو پرم دھام (پونار—ضلع وردھا) آشرم میں جا کر دیکھ سکتے ھیں .

" اُنہوں نے بیل جوڑی کا سوال بھی اُٹھایا ہے . اِس بارے میں میرا اتنا ہی کہنا ہے کہ اگر ایک بیل جوڑی بیس ایکڑ کے لئے کافی ہوتی ہے، تو اس کا مطلب یہ نہیں ہے کہ ہر آدمی کے پاس کم سے کم بیس ایکڑ زمین ہو . اگر پاٹل صاحب اتنی زمین دینے کا جادو کر سکیں تو مجھے انکار نہیں ہے . لیکن دیش میں اتنی زمین ہے ہی نہیں . اِس لئے ہو یہی سکتا ہے کہ چار پانچ کاشتکار مل کر ایک بیل جوڑی رکھیں اور اِس طرح پارشیل کوآپریشن یعنی تھوڑی تھوڑی شرکت سے کھیتی کریں . یہ پارشیل کوآپریشن نہ صرف بیل جوڑی کی حد تک ہو، بلکہ حفاظت، سینچائی وغیرہ باتوں میں بھی ہو سکتا ہے .

"شری پاٹل کے اور میرے وچاروں میں ایک بنیادی فرق دکھائی دیتا ہے . میں چاہتا ہوں کہ ایک روز ایسا آئے

सेवापुरी सर्वोदय सम्मेलन से लौटने पर श्री राम
पाटिल ने भूदान यज्ञ के बारे में दिल्ली से जो बयान
बारों को दिया है, उस सम्बन्ध में पूछने पर विनोबा
ने श्री पाटिल को बधाई दी कि उन्होंने भूदान यज्ञ के
ही क्यों न हो, ग्रामोद्योग की इतनी हिमायत की है.

"अगर प्लानिंग कमीशन की रिपोर्ट में इसकी झांकी
आती, तो मुझे जो उसकी सख्त आलोचना करनी
वह नहीं करनी पड़ती. देरी से ही क्यों न हो, श्री
ल ग्रामोद्योग का ही महत्व समझ गये हैं, इसमें मैं
के लिहाज़ से फ़ायदा ही देखता हूँ.

"अब रहा भूदान यज्ञ के आन्दोलन के बारे में. उन्होंने
आन्दोलन को समय के लायक़ मौज़ूँ चीज़ बता कर
ो जो इज्ज़त दी है, उसके लिये मैं उनका अहसान
ता हूँ. लेकिन मुझे डर है कि वह शायद आन्दोलन की
यादी कल्पना को ठीक ठीक नहीं समझ सके. वरना
ी रामयन सुनकर आखिर में राम की सीता कौन है,
सवाल वह नहीं उठाते. इसमें शक नहीं कि मैं चाहता
ह जो भी ज़मीन पर मेहनत करके अपनी रोटी कमाना
, उसे ज़मीन दी जाये. इन्सानी मेहनत में विश्वास के
बीज से ही सर्वोदय का फल हासिल होने वाला है.
न फ़िलहाल ज़मीन तक़सीम करने के बारे में सेवापुरी
ने अपने पहले रोज़ के भाशन में ही यह साफ़ किया
के गांव में जो बढ़ई, बुनकर, लोहार या दूसरे ऐसे
जिन के पास रोज़ी कमाने का कुछ न कुछ ज़रिया
है, उन्हें हम ज़मीन नहीं देने वाले हैं. भूदान यज्ञ
मीन तो उन्हें ही मिलेगी, जो बेज़मीन हैं, खेती
ी तरह जोतना जानते हैं. लेकिन आज जिन्हें मज़दूरी
रोसे ज़िन्दगी बसर करनी पड़ती है—मज़दूरी जो
मिलती है, कभी नहीं मिलती. मैंने यह भी साफ़
था कि ऐसी तमीज़ किये बिना अगर हर किसी
ीन को हम ज़मीन देना चाहें तो हमारे प्रधान मंत्री
ज़मीन मांग सकते हैं.

"जो ठहराव सर्व सेवा संघ ने मंज़ूर किया है और
के कारन सारे देश को पच्चीस लाख एकड़ ज़मीन
ीनों के लिये हासिल करने की प्रेरना मिलने वाली है,
ठहराव ही कहता है कि सिर्फ़ ज़मीन देने से देश का
हल नहीं होगा. ज़मीन के साथ साथ ग्रामोद्योग
े होने चाहियें, और इसलिये उस ठहराव में निजी
की हद तक खाने पीने और पहनने ओढ़ने की
के लिये मिल धंधों के बाईकाट की बात कही गई है.
ोग के बारे में मैंने इसरार के साथ प्लानिंग कमीशन
भा में भी समझाया था—और जहां जाता हूँ वहां भी
सम्बन्ध में अपना ख्याल लोगों के सामने रख देता

سیواپوری سروودے سمیلن سے لوٹنے پر شری رام‌کرشن
پاٹل نے بھودان یگیہ کے بارے میں دلی سے جو بیان
اخباروں کو دیا ہے' اُس سمبندھ میں پوچھنے پر ونوبا
جی نے شری پاٹل کو بدھائی دی کہ اُنہوں نے بھودان
یگیہ کے واسطے ہی کیوں نہ ہو' گرام اُدیوگ کی اتنی
حمایت کی ہے.

''اگر پلاننگ کمیشن کی رپورٹ میں اِس کی
جھانکی نظر آتی' تو مجھے جو اسکی سخت آلوچنا
کرنی پڑی وہ نہیں کرنی پڑتی . دیری سے ہی کیوں نہ
ہو' شری پاٹل گرام اُدیوگ کا مہتو سمجھ گئے ہیں' اِس
میں میں دیش کے لحاظ سے فائدہ ہی دیکھتا ہوں .

''اب رہا بھودان یگیہ کے آندولن کے بارے میں .
اُنہوں نے اِس آندولن کو سمے کے لائق موضوں چیز بتاکر
اسکو جو عزت دی ہے' اُس کے لئے میں اُن کا احسان
مانتا ہوں . لیکن مجھے ڈر ہے کہ وہ شاید آندولن کی
بنیادی کلپنا کو ٹھیک ٹھیک نہیں سمجھ سکے . ورنہ
ساری رامائن سن‌کر آخیر میں رام کی سیتا کون ہے' ایسا
سوال وہ نہیں اُٹھاتے . اِس میں شک نہیں کہ میں
چاھتا ہوں کہ جو بھی زمین پر محنت کرکے اپنی روٹی
کمانا چاہے' اُسے زمین دی جائے . انسانی محنت میں
وشواس کے اس بیج سے ہی سروودے کا پھل حاصل ہونے
والا ہے . لیکن فی‌الحال زمین تقسیم کرنے کے بارے میں
سیواپوری میں میں نے اپنے پہلے روز کے بھاشن میں ہی
یہ صاف کہا تھا کہ گاؤں میں جو بڑھئی' بنکر' لوہار یا
دوسرے ایسے لوگ جن کے پاس روزی کمانے کا کچھ نہ
کچھ ذریعہ موجود ہے' اُنہیں ہم زمین نہیں دینے والے
ہیں . بھو دان یگیہ کی زمین تو اُنہیں ہی ملے گی' جو
بےزمین ہیں' کھیتی اچھی طرح جوتنا جانتے ہیں.
لیکن آج جنہیں مزدوری کے بھروسے زندگی بسر کرنی‌پڑتی
ہے—مزدوری جو کبھی ملتی ہے' کبھی نہیں ملتی. میں
نے یہ بھی صاف کہا تھا کہ ایسی تمیز کئے بنا اگر ہر
کسی بےزمین کو ہم زمین دینا چاہیں تو ہمارے پردھان
منتری بھی زمین مانگ سکتے ہیں .

''جو ٹھہراؤ سرو سیواسنگھ نے منظور کیا ہے اور جس
کے کارن سارے دیش کو پچیس لاکھ ایکڑ زمین بےزمینوں
کے لئے حاصل کرنے کی پریرنا ملنے والی ہے' وہ ٹھہراو ہی
کہتا ہے کہ صرف زمین دینے سے دیش کا مسئلہ حل نہیں
ہوگا . زمین کے ساتھ ساتھ گرام اُدیوگ بھی جڑے ہونے
چاہئیں' اور اِس لئے اُس ٹھہراو میں نجی جیون کی
حد تک کھانے پینے اور پہننے اوڑھنے کی چیزوں کے لئے
مل‌دھندوں کے بائی کاٹ کی‌بات کہی‌گئی ہے. گرام‌اُدیوگ
کے بارے میں نے اصرار کے ساتھ پلاننگ کمیشن کی سبھا
میں بھی سمجھایا تھا—اور جہاں جاتا ہوں وہاں بھی
اِس سمبندھ میں اپنا خیال لوگوں کے سامنے رکھ دیتا

ने ही उसको रोक दिया और कहा "नहीं, दीदी आप बड़ी आदमन हैं. हम लोगों को तो हमेशा ही गाली खानी पड़ती है. अगर उन्होंने आपको कुछ कह दिया तो आपकी इज्जत उतर जायेगी. पुलिस वाले इनकी मुट्ठी में हैं, रहना मुश्किल कर देंगे." इन सब बातों से लखिया, मुन्नी के और भी नजदीक आ गई है. कल मैंने जो उससे कहा कि—"चलो इस नरक से निकल कर फिर शहर चलें. ए. जी. आफिस के साहब तो मुझे मानते ही हैं, नौकरी मिलने में मुश्किल नहीं होगी." तो मुन्नी ने कड़ा रुख करके जवाब दिया—"शरम नहीं आती, इस बेचारी को इस मुसीबत में छोड़ कर कायरों की तरह भागने को कहते हो."

मैंने कहा—"अगर लखिया का इतना खयाल है तो उसको भी साथ ले चलो."

मुन्नी इस पर राजी हो गई. उसने कहा—"ठीक है एक समय भोजन करेंगे, दूसरे वक़्त चने चबायेंगे. उस वक़्त तक जब तक लखिया को मिल में नौकरी न मिल जाये." लेकिन जब उसने इसका प्रस्ताव लखिया से किया तो उसने साफ कहा "मगर दीदी, वह बौखल कहां जायेगा, उसे कैसे छोड़ सकती हूँ.'' मुन्नी ने उसे फिर समझाया तुम्हारी जाति में तो छोड़ने छाड़ने का रिवाज है. तो उसने कहा--"यह सब तो ठीक है दीदी, मगर जाने क्यों उसे छोड़ने का जी नहीं चाहता.'' अजीब बात है मैं दुविधा में हूँ क्या करूं.

श्री पाटिल को विनोबा जी का जवाब

(दामोदर दास मूंदड़ा)

[कुछ पढ़े लिखे जानकारों को और सरकारी हलक़ों में यह शिकायत है कि विनोबा जी अपने भूदान यज्ञ के ज़रिये ज़मीन के टुकड़े टुकड़े करके उसे किसी काम का नहीं रहने देंगे. इस बारे में खास तौर से शिकायत श्री राम कृष्न पाटिल को है जो प्लानिंग कमीशन के मेम्बर हैं. विनोबा जी ने इसका जो आसानी जवाब दिया है वह हम उनके सेक्रेटरी भाई दामोदार दास मूँदड़ा के क़लम से लेकर नीचे दे रहे हैं. हमें उम्मीद है कि हिन्द सरकार का प्लानिंग कमीशन और प्लानिंग मिनिस्टर जो सहयोगी खेती के नाम पर लट्टू हो कर ट्रैक्टरों, मशीनों और विलायती खाद को देश के लाचार किसानों के मत्थे जबरदस्ती मढ़ रहे हैं इस पर गहराई से सोच कर मुनासिब क़दम उठायेंगे—एडीटर]

نے ہی اُس کو روک دیا اور کہا—"نہیں، دی دی آپ بڑی آدمن ہیں۔ ہم لوگوں کو تو ہمیشہ ہی گالی کھانی پڑتی ہے۔ اگر اُنہوں نے آپ کو کچھ کہہ دیا تو آپ کی عزت اُتر جائے گی۔ پولیس والے اِن کی مٹھی میں ہیں، رہنا مشکل کر دیں گے۔" اِن سب باتوں سے لکھیا، منی کے اور بھی نزدیک آ گئی ہے۔ کل میں نے جو اُس سے یہ کہا—"چلو اس نرک سے نکل کر پھر شہر چلیں۔ اے۔ جی آفس کے صاحب تو مجھے مانتے ہی ہیں، نوکری ملنے میں مشکل نہیں ہوگی۔" تو منی نے کڑا رخ کر کے جواب دیا—"شرم نہیں آتی، اِس بیچاری کو اِس مصیبت میں چھوڑ کر کائروں کی طرح بھاگنے کو کہتے ہو۔"

میں نے کہا—"اگر لکھیا کا اتنا خیال ہے تو اُس کو بھی ساتھ لے چلو۔"

کا سہیوگ اچھا رہا . ایک لاکھ ایکڑ تک ہم پہونچ گئے . میں تو اِس میں ایشور کا ہاتھ دیکھتا ہوں . میرے بہت سارے ساتھیوں کو بھی ایسا ہی لگا . نتیجہ یہ ہوا کہ سیواپوری کے سروودیہ سمیلن میں سب نے ملکر سارے ہندستان میں اگلے دو سال کے اندر کم سے کم 25 لاکھ ایکڑ زمین پراپت کرنے کا پکا ارادہ کیا . یہ بات اب آپ لوگوں کو معلوم ہو گئی ہے .

25 لاکھ ایکڑ سے ہندستان کے بےزمین والوں کا مسلہ حل ہو جاتا ہے ایسی بات نہیں . اُس کے لئے تو کم سے کم پانچ کروڑ ایکڑ زمین چاہئے . لیکن پہلی قسط کے طور پر اگر ہم پچیس لاکھ ایکڑ کرلیتے ہیں' اور ہندستان کے پانچ لاکھ گاؤں میں اہنسا کا سندیش پہونچا دیتے ہیں' تو بھومی کا ٹھیک ٹھیک اِنتظام کرنے کے لئے ضروری ہوا تیار ہو جائے گی' ایسا میرا یقین ہے .

دینے والوں میں شبری' سداما اور سب پکشوں کے لوگ .

زمین بڑے کاشتکاروں اور زمیندارں سے تو میں مانگتا ہی ہوں' لیکن چھوٹے چھوٹے کاشتکاروں سے بھی اِس میں ہاتھ بٹانے کی میں نے پرارتھنا کی ہے . اور مجھے کہنے میں خوشی ہوتی ہے کہ بڑے دل والے اِن چھوٹے لوگوں نے بہت پریم سے میری پرارتھنا سنی ہے . اِس یگیہ میں کئی شبریوں نے اپنے بیر دیئے ہیں اور کئی سداماؤں نے اپنے تندل سمرپن کئے ہیں . یہ میرے لئے ایک جیون بھر یاد رہنے والی بھکت گاتھا ہوئی ہے. اِس میں دردروں کو اپنی آتما صاف کرنے کی پریرنا ملی ہے' اور شری‌مانوں کو آتم شدھی اور مالکی بھاؤ ہٹانے کی .

مجھے بھومی سب طرح کے لوگوں نے دی ہے . ہندوؤں نے دی ہے' مسلمانوں نے دی ہے' دوسرے دھرم والوں نے دی ہے . جو سب طرح سے "سب ہارا" گنے جائینگے ایسے ہریجنوں نے بھی دی ہے . جن کا بھومی پر ادھیکار نہیں مانا جاتا ایسی استریوں نے بھی دی ہے. دینے والوں میں سب طبقوں اور سب پکشوں کے لوگ شامل ہیں . دردر نارائن کو اپنے خاندان کا ایک حصہ سمجھکر حق کے طور پر دیا جائے' میں نے مانگا ہے . اور ویسے ہی بھاونا سے لوگوں نے دیا ہے .

'دان' کی ویاکھیا .

بھومی دان یگیہ میں 'دان' شبد آتا ہے . اُس سے پرہیز کرنے کی ضرورت نہیں ہے . "دانم سم وبھاگ" دان یعنی برابر کی تقسیم . یہ ہے شنکرآچاریہ کے دان کا مطلب . اُسی معنی میں ہم اُس شبد کا استعمال کرتے [illegible]

देशवासियों से अपील

भूदान-यज्ञ की गंगोत्री.

गये साल गरमी के दिनों में मैं तेलंगाना में घूमता था. वहाँ जो विकट सवाल खड़ा था, उसके बारे में मेरा चिन्तन रोज चलता था. एक दिन हरिजनों की मांग पर मैंने गांव वालों से भूमि-दान की बात कही. गांव वालों ने वह बात मान ली और मुझे पहला भूमि-दान मिला. अठारह अप्रेल का वह दिन था. उसके बाद भूमिदान-यज्ञ की कल्पना मुझे सूझी. और उसको तेलंगाना के दौरे में मैंने आजमाया. नतीजा अच्छा रहा. दो महीनों में बारह हजार एकड़ जमीन मिली. वहां की हालत सुलझाने में मेरा ख्याल है उससे बहुत मदद मिली. सारे देश पर उसका असर पड़ा. और आज हम देखते हैं कि तेलंगाना का वातावरन काफी शान्त हुआ है.

गांधी जी के जाने के बाद अहिंसा के जरिये काम करने के लिये मैं रास्ता ढूँढता था. मेवात के मुसलमानों को बसाने का सवाल उसी ख्याल से मैंने हाथ में लिया था. उसमें कुछ अनुभव मिला. उसी आधार पर मैंने तेलंगाना में जाने की हिम्मत की थी. वहां भूदान-यज्ञ की शक्ल में मुझे अहिंसा का दर्शन हुआ.

गंगा का बहाव.

तेलंगाना में जो भूदान मिला, उसके पीछे वहां की एक खास हालत थी. उस हालत के न होने में शायद हिन्दुस्तान के दूसरे हिस्सों में वह कल्पना चले या न चले, इस बारे में शक हो सकता था. उस शक के दूर करने के लिये दूसरे सूबों में भूदान-यज्ञ का आजमाना जरूरी था. प्लानिंग कमीशन के सामने मेरे विचार रखने के लिये पंडित नेहरू ने मुझे दावत दी. उस मकसद से मैं पैदल यात्रा में निकल पड़ा और दिल्ली तक दो महीने में करीब अठारह हजार एकड़ जमीन मुझे मिली. देखा कि अहिंसा को रास्ता देने के लिये जनता उत्सुक है.

पचीस लाख का पक्का इरादा.

उत्तर प्रदेश के सर्वोदय प्रेमियों की मांग पर मैंने भूमिदान-यज्ञ का उत्तर प्रदेश के व्यापक क्षेत्र में प्रयोग शुरू किया. यहां एक लाख से जियादा देहात हैं. हर गांव में कम से कम एक सर्वोदय परिवार बसाया जाये और एक परिवार को कम या जियादा पांच एकड़ जमीन दी जाये, ऐसे हिसाब से पांच लाख एकड़ जमीन हासिल करने का इरादा किया गया. बावजूद इसके कि बीच में तीन महीने बहुत सारे कार्यकर्ता चुनाव में लगे थे, लोगों

دیش واسیوں سے اپیل

بھودان یگیہ کی گنگوتری .

گئے سال گرمی کے دنوں میں میں تیلنگانہ میں گھومتا تھا . وہاں جو وکٹ سوال کھڑا تھا' اُس کے بارے میں میرا چِنتن روز چلتا تھا . ایک دن ہریجنوں کی مانگ پر میں نے گاؤں والوں سے بھومی دان کی بات کہی . گاؤں والوں نے وہ بات مان لی اور مجھے پہلا بھومی دان ملا . اٹھارہ اپریل کا وہ دن تھا . اُس کے بعد بھومی دان یگیہ کی کلپنا مجھے سوجھی . اور اُس کو تیلنگانہ کےدورے میں میں نے آزمایا. نتیجہ اچھا رہا . دو مہینے میں بارہ ہزار ایکڑ زمین ملی. وہاں کی حالت سلجھانے میں میرا خیال ہے اُس سے بہت مدد ملی . سارے دیش پر اُس کا اثر پڑا . اور آج ہم دیکھتے ہیں کہ تیلنگانہ کا واتاورن کافی شانت ہوا ہے .

گاندھی جی کے جانے کے بعد اہنسا کے ذریعہ کام کرنے کے لئے میں راستہ ڈھونڈھتا تھا . میوات کے مسلمانوں کو بسانے کا سوال اسی خیال سے میں نے ہاتھ میں لیا تھا. اُس میں کچھ انوبھو ملا . اُسی آدھار پر میں نے تیلنگانہ میں جانے کی ہمت کی تھی . وہاں بھودان یگیہ کی شکل میں مجھے اہنسا کا درشن ہوا .

گنگا کا بہاؤ .

تیلنگانہ میں جو بھودان ملا' اُس کے پیچھے وہاں کی ایک خاص حالت تھی . اُس حالت کے نہ ہونے میں شاید ہندستان کے دوسرے حصوں میں وہ کلپنا چلے یا نہ چلے' اِس بارے میں شک ہوسکتا تھا . اُس شک کے دور کرنے کے لئے دوسرے صوبوں میں بھودان یگیہ کو آزمانا ضروری تھا . پلاننگ کمیشن کے سامنے میرے وچار رکھنے کے لئے پنڈت نہرو نے مجھے دعوت دی. اُس مقصد سے میں پیدل یاترا میں نکل پڑا اور دلی تک دو مہینے میں قریب اٹھارہ ہزار ایکڑ زمین مجھے ملی. دیکھا کہ اہنسا کو راستہ دینے کے لئے جنتا اُتسک ہے .

پچیس لاکھ کا پکا ارادہ .

اُتر پردیش کے سروودے پریمیوں کی مانگ پر میں نے بھومی دان یگیہ کا اُتر پردیش کے ویاپک چھیتر میں پریوگ شروع کیا . یہاں ایک لاکھ سے زیادہ دیہات ہیں. ہر گاؤں میں کم سے کم ایک سروودے پریوار بسایا جائے اور ایک پریوار کو کم یا زیادہ پانچ ایکڑ زمین دی جائے' ایسے حساب سے پانچ لاکھ ایکڑ زمین حاصل کرنے کا ارادہ کیا گیا تھا . باوجود اِس کے کہ بیچ میں تین مہینے بہت سارے کاریہ کرتا چناؤ میں لگے تھے' لوگوں

सब रास्ते उसी तक पहुँचते हैं

ऊँच नीच दशा धार, चित प्रमाद को विदार
ऊँचली दिशा से गिरो मत अधो धरनी
भाग चन्द्र, या प्रकार जीवन है सुख अपार
याही के आधार स्याद्वाद की उचरनी.''

यानी दुनिया के सब जानदारों को तीन हालतों में कलना पड़ता है. पहली हालत खुदी और पाप की त है. दूसरी पर सेवा और नेकी की हालत है. तीसरी दोनों से ऊपर उठकर एक रस और एक रंगी की त. इस आखरी हालत में पाप और पुन्य अज़ाब सवाब दोनों के बंधन टूट जाते हैं. तब ही आदमी का हो कर अपने रूप को पहचान कर भव सागर ज़िंदगी के समुन्दर को पार कर सकता है. आदमी चाहिये कि पुन्य या सवाब कमाने की इच्छा को छोड़ र पाप या बुराई करने का ख्याल भी मन में न लाये. सका मन मंज कर सच्ची पाकी उसमें पैदा होगी. के साथ ऊँचनीच की उन सब हालतों को जो उस ीवन में पैदा होती हैं बरदाश्त करता रहे. लेकिन हां ध्यान रखे कि मन सचाई से डिगने न पाये. को किसी तरह नीचे गिरने न दे दिल को क़ाबू खे, बहकने न दे. यही एक रास्ता है जिससे धीरे धीरे ी शान्ति मिल सकती है और ज़िन्दगी सच्चे और सुख की ज़िन्दगी बन सकती है. जैन शास्त्रों में स्याद्वाद धर्म कहा गया है उस का निचोड़ है.

साईयों की इंजील में और यहूदियों की पाक किताबों बार बार और तरह तरह से यही चीज़ कही

न्दू धर्म में ईश्वर के नामों में रुद्र और मायावी, भी मौजूद हैं.

सी तरह इसलाम में अल्लाह को 'क़हहार' 'जब्बार' ' 'मुनतक़िम' भी कहा गया है. सब रूप उसी के और वह सब रूपों से ऊपर है. वह एक रस है, ा है, हर तरह एक है. अपनी अपनी समझ के िक़ उसे ध्यान में रखते हुये और उस पर ध्यान हुये आगे बढ़ते रहना यही उस तक पहुंचने का और तरीक़ा है.

سب راستے اُسی تک پہونچتے ہیں

اونچ نیچ دشا دھار، چت پرماد کو بدار
اونچلی دشا سے گرو مت ادھو دھرنی
بھاگ چندر یا پرکار جیون ہے سکھ اپار
یا ہی کے آدھار سیاد واد کی اچرنی۔''

یعنی دنیا کے سب جانداروں کو تین حالتوں میں سے نکلنا پڑتا ہے۔ پہلی حالت خودی اور پاپ کی حالت ہے۔ دوسری پر سیوا اور نیکی کی حالت ہے۔ تیسری ان دونوں سے اوپر اٹھکر ایک رس اور ایک رنگی کی حالت۔ اس آخری حالت میں پاپ اور پنیہ عذاب اور ثواب دونوں کے بندھن ٹوٹ جاتے ہیں۔ تب ہی آدمی ہلکا ہو کر اپنے روپ کو پہچان کر بھو ساگر یعنی زندگی کے سمندر کو پار کر سکتا ہے۔ آدمی کو چاہئے کہ پنیہ یا ثواب کمانے کی اچھا کو چھوڑ دے پر پاپ یا برائی کرنے کا خیال بھی من میں نہ لائے۔ تب اُسکا من منجھکر سچی پاکی اُسمیں پیدا ہوگی۔ دھیرج کے ساتھ اونچ نیچ کی ان سب حالتوں کو جو اس کے جیون میں پیدا ہوتی ہیں برداشت کرتا رہے۔ لیکن ساتھ ہی دھیان رکھے کہ من سچائی سے ڈگنے نہ پائے۔ اسے کو کسی طرح نیچے گرنے نہ دے' دل کو قابو میں رکھے' بہکنے نہ دے۔ یہی ایک راستہ ہے جس سے دھیرے دھیرے روحانی شانتی مل سکتی ہے اور زندگی سچے اور اپار سکھ کی زندگی بن سکتی ہے۔ جین شاستروں میں جیسے سیاد واد دھرم کہا گیا ہے اُسکا نچوڑ یہی ہے۔

عیسائیوں کی انجیل میں اور یہودیوں کی پاک کتابوں میں بھی بار بار اور طرح طرح سے چیز کہی گئی ہے۔

ہندو دھرم میں ایشور کے ناموں میں رودر اور مایاوی' نام بھی موجود ہیں۔

اسی طرح اسلام میں اللہ کو 'قہار' 'جبار' 'مضل' اور 'ممیت' بھی کہا گیا ہے۔ سب روپ اُسی کے روپ ہیں اور وہ سب روپوں سے اوپر ہے۔ وہ ایک رس ہے' ایک رنگ ہے' ہر طرح ایک ہے۔ اپنی اپنی سمجھ کے مطابق اُسے دھیان میں رکھتے ہوئے اور اُس پر دھیان جمائے ہوئے آگے بڑھتے رہنا یہی اُس تک پہونچنے کا راستہ اور طریقہ ہے۔

.क़ुरान के शब्द "हिसना" का मतलब समझाते हुए .क सूफ़ी ने अच्छा कहा है—

बनामे आं कि ऊ नामे नदारद
बहर नामे कि ख़्वानी सर बर आरद.

यानी उसका कोई नाम नहीं है लेकिन उसे जिस नाम .. भी पुकारो उसी नाम से वह सर ऊंचा करके जवाब)ता है.

.क़ुरान में यह भी साफ़ लिखा है कि "ख़ैर (नेकी) और शर (बदी) दोनों अल्लाह ताला से हैं."

जलाल और तेज दोनों का एक ही मतलब है. ज़ात . 'वहदत' है 'सिफ़ात' में कसरत है. गुन अलग हैं पर क ही ईश्वर आत्मा के आधार पर सब गुन ठहरे हुए हैं ा ख़ुद निर्गुन हैं. सब धर्म अलग अलग हैं पर धर्मी .बका एक है जिसका कोई धर्म नहीं. जो सब अलग अलग धर्मों से ऊपर है.

श्री कृष्ण ने गीता में कहा है—"ओ अर्जुन, मुझसे ऊपर या बाहर और कोई चीज़ नहीं है. यह सब मुझ में स तरह पिरोये हुए हैं जिस तरह सूत में माला के दाने. जितने 'सात्विक' भाव हैं और जितने 'राजस' भाव हैं ौर जितने 'तामस' भाव हैं वह सब मुझ से ही हैं. मैं .में नहीं हूँ, वह मुझ में हैं. सुख दुख, होना या न होना, र, निडरता, नेक नामी, बदनामी, तप और दान सब झ से ही पैदा हुए हैं. आदमी का याददाश्त समझ और :-समझी सब मुझ से ही हैं."

शंकराचार्य ने कहा है— .

"पुन्य और पाप यानी सवाब और अज़ाब दोनों आदमी ! बांधते हैं इसलिये दोनों पाप हैं." ज़ंजीर चाहे लोहे) हो और चाहे सोने की ज़ंजीर ज़ंजीर ही है.

बात ज़रा नाज़ुक है पर नेकी बिना बदी के ठहर नहीं कती. इसलिये आख़ीर में बदी को मिटाने के लिये नेकी : भी मिटाना ही होगा.

जैन महात्मा भाग चन्द्र ने लिखा है—

"परि नति सब जीवन की, तीन भांति बरनी
एक पाप, एक पुन्य, एक राग हरनी
जा में शुभ अशुभ अंध, दोऊ कर कर्म बंध
वीत राग परि नति ही भव समुँद्र तरनी
त्याग शुभ क्रिया कलाप करू मत कदाचे पाप
शुभ में न मगन होई शुद्धता बिसरनी
यावत शुद्ध उपयोग पावत नाहीं मनोग
तावत ही करन जोग कही पुन्य करनी

قرآن کے شبد " حسنا " کا مطلب سمجھاتے ہوئے ایک صوفی نے اچھا کہا ہے—

بنامے آں کہ او نامے ندارد
بہر نامے کہ خوانی سر بر آرد

یعنی اُس کا کوئی نام نہیں ہے لیکن اُسے جس نام سے بھی پکارو اُسی نام سے وہ سر اونچا کر کے جواب دیتا ہے .،

قرآن میں یہ بھی صاف لکھا ہے کہ "خیر (نیکی اور شر (بدی) دونوں اللہ تعالیٰ سے ہیں ."

جلال اور تیج دونوں کا ایک ہی مطلب ہے . ذات میں ' وحدت ' ہے ' صفات ' میں کثرت ہے . گن الگ ہیں پر ایک ہی ایشور آتما کے آدھار پر سب گن ٹھہرے ہوئے ہیں جو خود نرگن ہیں . سب دھرم الگ الگ ہیں پر دھرمی سب کا ایک ہے جس کا کوئی دھرم نہیں . جو سب الگ الگ دھرموں سے اوپر ہے .

شری کرشن نے گیتا میں کہا ہے—" او ارجن' مجھ سے اوپر یا باہر اور کوئی چیز نہیں ہے . یہ سب مجھ میں اس طرح پروئے ہوئے ہیں جس طرح سوت میں مالا کے دانے . جتنے ' ساتوک ' بھاؤ ہیں اور جتنے ' راجس ' بھاؤ ہیں اور جتنے ' تامس ' بھاؤ ہیں وہ سب مجھ سے ہی ہیں . میں اُن میں نہیں ہوں' وہ مجھ میں ہیں . سکھ دکھ' ہونا یا نہ ہونا' ڈر' نڈرتا' نیک نامی' بدنامی' تپ اور دان سب مجھ سے ہی پیدا ہوئے ہیں . آدمی کی یادداشت سمجھ اور ناسمجھی سب مجھ سے ہی ہیں ."

شنکر آچاریہ نے کہا ہے—" پنیہ اور پاپ یعنی ثواب اور عذاب دونوں آدمی کو باندھتے ہیں . اس لئے دونوں پاپ ہیں ." زنجیر چاہے لوہے کی ہو اور چاہے سونے کی زنجیر زنجیر ہی ہے .

بات ذرا نازک ہے پر نیکی بنا بدی کے ٹھہر نہیں سکتی . اس لئے آخیر میں بدی کو مٹانے کے لئے نیکی کو بھی مٹانا ہی ہوگا .

جین مہاتما بھاگ چندر نے لکھا ہے—

"پری نتی سب جیون کی' تین بھانت برنی
ایک پاپ' ایک پن' ایک راگ ہرنی
جا میں شبھ اشبھ اندھ دو اؤ کر کرم بندھ
ویت راگ پری نتی ہی بھو سمندر ترنی
تیاگ شبھ کریا کلاپ کرو مت کداچے پاپ
شبھ میں نہ مگن ہوئی شدھتا بسرنی
یاوت شدھ اپیوگ پاوت نہیں منوگ
تاوت ہی کرن یوگ کہی پنیہ کرنی

गीता में भी भगवान ने साफ़ कहा है—

"जो लोग श्रद्धा यानी ईमान और वफ़ादारी के साथ रे देवताओं की पूजा करते हैं वह भी अनजाने में बे-तरीक़े उन सब रूपों के पीछे असल में मेरी ही करते हैं."

सच यह है कि सब नाम उसी अल्लाह के नाम हैं.

क़ुरान में लिखा है कि "सब अच्छे नाम उसी के हैं." इस आयत के अन्दर जो शब्द "हिसना" यानी च्छे या सुन्दर आया है वह इसलिये है कि उसके बिना भाले कम समझ इनसान घबरा न जायें. मुहम्मद ब ने एक मशहूर हदीस में कहा है—"लोगों से उनकी झ के मुताबिक़ बात करो."

यही बात गीता में कही गई है.

अंगरेज़ी की एक कहावत है—"बच्चों को दूध दो बड़ों को खाना." पर बड़ों को यह भी चाहिये कि और मेहनत के साथ बच्चों को दूध से खाने की तरफ़ ने की कोशिश करते रहें. दुनिया के सब मज़हबों के , प्रोहित, मुल्ला और पादरी इस फ़िकर में रहते हैं कि गी भर सबको दूध ही पिलाते रहें. इससे दुनिया के ना भेद कमज़ोर होते जा रहे हैं.

हर मज़हब में इस तरह के फ़िरक़े मौजूद हैं. जिन क़ों के लोगों को पूरा यक़ीन है कि ईश्वर अल्लाह ने लोगों को यानी उनके अपने फ़िरक़े के लोगों को लिये बनाया है कि वह हमेशा के लिये स्वर्ग या त में रहें, और कुछ लोगों को यानी दूसरे सब फ़िरक़ों मज़हबों के लोगों को इसी लिये बनाया है के वह शा के लिये नरक या दोज़ख़ में रहें. बदक़िस्मती से हालत में से भी हर रूह को निकलना ही पड़ता है. लोगों को प्रेम के साथ समझना चाहिये कि क्या सच का सागर रहमान और रहीम अल्लाह ऐसा कठोर सकता है. वह धीरे धीरे सोचें कि दुनिया की सब ली पिछली क़ौमों और सब इनसानों को एक ही ईश्वर लाह ने बनाया है या अलग अलग ईश्वरों ने बनाया अगर एक ही ने बनाया है तो क्या सब अगले पिछले बों में ईश्वर की बाबत वही बातें, वही सच्चाइयां सब के भले के वही उसूल और वही हुक्म नहीं होने यें ? हां, उनमें इतना फ़रक़ हो सकता है जितना ग अलग क़ौमों के रंगों, लिबासों, बोलियों और अलग ग मुल्कों के हवा पानी और पैदावारों में है. पर यह समझने वाले के लिये ऊपरी फ़रक़ ही होता है, बुनियादी नहीं.

گیتا میں بھی بھگوان نے صاف کہا ہے—

"جو لوگ شردھا یعنی ایمان اور وفاداری کے ساتھ دوسرے دیوتاؤں کی پوجا کرتے ہیں وہ بھی انجانے میں اور بے طریقہ اُن سب روپوں کے پیچھے اصل میں میری ہی پوجا کرتے ہیں."

سچ یہ ہے کہ سب نام اُسی اللہ کے نام ہیں.

قرآن میں لکھا ہے کہ "سب اچھے نام اُسی کے نام ہیں." اِس آیت کے اندر جو شبد "حسنا" یعنی اچھے یا سندر آیا ہے وہ اس لئے ہے کہ اُس کے بنا بھولے بھالے کم سمجھ انسان گھبرا نہ جائیں. محمد صاحب نے ایک مشہور حدیث میں کہا ہے—"لوگوں سے اُن کی سمجھ کے مطابق بات کرو."

یہی بات گیتا میں کہی گئی ہے.

انگریزی کی ایک کہاوت ہے—"بچوں کو دودھ دو اور بڑوں کو کھانا." پر بڑوں کو یہ بھی چاہئیے کہ پریم اور محنت کے ساتھ بچوں کو دودھ سے کھانے کی طرف لانے کی کوشش کرتے رہیں. دنیا کے سب مذہبوں کے پنڈت، پروہت، ملا اور پادری اِس فکر میں رہتے ہیں کہ زندگی بھر سب کو دودھ ہی پلاتے رہیں. اِس سے دنیا کے روحانی میدے کمزور ہوتے جا رہے ہیں.

ہر مذہب میں اس طرح کے فرقے موجود ہیں جن فرقوں کے لوگوں کو پورا یقین ہے کہ ایشور اللہ نے کچھ لوگوں کو یعنی اُن کے اپنے فرقے کے لوگوں کو اسی لئے بنایا ہے کہ وہ ہمیشہ کے لئے سورگ یا جنت میں رہیں، اور کچھ لوگوں کو یعنی دوسرے سب فرقوں اور مذہبوں کے لوگوں کو اسی لئے بنایا ہے کہ وہ ہمیشہ کے لئے نرک یا دوزخ میں رہیں. بدقسمتی سے اِس حالت میں سے بھی ہر روح کو نکلنا ہی پڑتا ہے. ایسے لوگوں کو پریم کے ساتھ سمجھنا چاہئیے کہ کیا سچ سچ دیا کا ساگر رحمان اور رحیم اللہ ایسا کٹھور ہوسکتا ہے. وہ دھیرے دھیرے سوچیں کہ دنیا کی سب اگلی پچھلی قوموں اور سب انسانوں کو ایک ہی ایشور اللہ نے بنایا ہے یا الگ الگ ایشوروں نے بنایا ہے؟ اگر ایک ہی نے بنایا ہے تو کیا سب اگلے پچھلے مذہبوں میں ایشور کی بابت وہی باتیں، وہی سچائیاں اور سب کے بھلے کے وہی اصول اور وہی حکم نہیں ہونے چاہئیں؟ ہاں، اُن میں اتنا فرق ہوسکتا ہے جتنا الگ الگ قوموں کے رنگوں، لباسوں، بولیوں اور الگ الگ ملکوں کے ہوا پانی اور پیداواروں میں ہے پر یہ فرق سمجھنے والے کے لئے سطحی فرق ہی ہوتا ہے، بنیادی نہیں.

सब रास्ते उसी तक पहुंचते हैं

(डाक्टर भगवान दास)

यह सच्चाई सब धर्मों की किताबों में पाई जाती है कि एक अल्लाह ईश्वर तक पहुंचने के लिये अलग अलग लोगों और अलग अलग तबियतों के मुताबिक़ अलग अलग रास्ते हैं. सब धर्मों की किताबों और सब महा पुरुषों की बानी में यह बात भी मिलती है कि एक दूसरे के जिन रास्तों को हम ग़लत कहते रहते हैं वह भी घूम फिर कर आख़िर में एक उसी तक पहुंचते हैं. एक सूफ़ी ने कहा है :—

"कुफ़्र और इसलाम दोनों उसी अल्लाह की राह में दौड़े चले जा रहे हैं. दोनों यही कहते हैं कि अल्लाह एक है. उस जैसा कोई दूसरा नहीं."

एक और सूफ़ी ने और ज़ियादा साफ़ शब्दों में कहा है :—

"मुसलमान और ईसाई और यहूदी भले और बुरे, सबका मुँह उसी एक अल्लाह की तरफ़ है."

मुहम्मद साहब ने एक हदीस में कहा है—"जितने इनसान हैं उतने ही अल्लाह तक पहुँचने के रास्ते हैं."

यह सच्चाई बहुत गहरी सच्चाई है. हर रूह उसी एक अथाह समुन्दर की एक बूंद है. हर बूंद उस के अन्त का एक छोटा सा पहलू लिये हुए है. इसलिये अल्लाह तक लौट कर जाने में भी हर रूह का रास्ता किसी न किसी दरजे तक दूसरों के रास्ते से अपना अलग पहलू लिये हुए होगा.

क़ुरान में साफ़ कहा गया है—"हम सब अल्लाह से आए हैं और सब अल्लाह ही की तरफ़ जा रहे हैं."

इंजील में लिखा है—"आदमी के नथनों में जितने सांस आते हैं उतने ही ख़ुदा तक पहुँचने के रास्ते हैं. पर मंज़िल स ? एक है."

संस्कृत की किताब शिव-महिमा-स्तुति में लिखा है—

"जिस तरह बहुत सी नदियां तरह तरह से घूम घूम कर आख़िर सब समुन्दर में जा गिरती हैं उसी तरह सब आदमी अपने अपने स्वभाव के मुताबिक़ अलग अलग रास्तों से चल कर भी उसी एक ईश्वर तक पहुँचते हैं. किसी का रास्ता सीधा और किसी का पेचदार. किसी का सरल और किसी का कठिन."

سب راستے أسی تک پہونچتے ھیں

(ڈاکٹر بھگوان داس)

یہ سچائی سب دھرموں کی کتابوں میں پائی جاتی ہے کہ ایک اللہ ایشور تک پہونچنے کے لئے الگ الگ لوگوں اور الگ الگ طبیعتوں کے مطابق الگ الگ راستے ھیں. سب دھرموں کی کتابوں اور سب مہاپرشوں کی بانی میں یہ بات بھی ملتی ہے کہ ایک دوسرے کے جن راستوں کو ہم غلط کہتے رہتے ھیں وہ بھی گھوم پھر کر آخیر میں ایک أسی تک پہونچتے ھیں. ایک صوفی نے کہا ہے:—

" کفر اور اسلام دونوں أسی اللہ کی راہ میں دوڑے چلے جا رہے ھیں. دونوں بھی کہتے ھیں کہ اللہ ایک ہے. أس جیسا کوئی دوسرا نہیں."

ایک اور صوفی نے اور زیادہ صاف شبدوں میں کہا ہے:—

" مسلمان اور عیسائی اور یہودی بھلے اور برے، سب کا منہ أسی ایک اللہ کی طرف ہے."

محمد صاحب نے ایک حدیث میں کہا ہے—" جتنے إنسان ھیں أتنے ہی اللہ تک پہونچنے کے راستے ھیں."

یہ سچائی بہت گہری سچائی ہے. ہر روح أسی ایک اتھاہ سمندر کی ایک بوند ہے. ہر بوند أس کے انت کا ایک چھوٹا سا پہلو لئے ہوئے ہے. إس لئے اللہ تک لوٹ کر جانے میں بھی ہر روح کا راستہ کسی نہ کسی درجے تک دوسروں کے راستے سے اپنا الگ پہلو لئے ہوئے ہوگا.

قرآن میں صاف کہا گیا ہے—" ہم سب اللہ سے آئے ھیں اور سب اللہ ہی کی طرف جا رہے ھیں."

إنجیل میں لکھا ہے—" آدمی کے نتھنوں میں جتنے سانس آتے ھیں اتنے ہی خدا تک پہونچنے کے راستے ھیں. پر منزل سب کی ایک ہے."

سنسکرت کی کتاب شیو مہیما استوتی میں لکھا ہے—

" جس طرح بہت سی ندیاں طرح طرح سے گھوم گھوم کر آخیر سب سمندر میں جا گرتی ھیں اسی طرح سب آدمی اپنے اپنے سوبھاؤ کے مطابق الگ الگ راستوں سے چل کر بھی اسی ایک ایشور تک پہونچتے ھیں. کسی کا راستہ سیدھا اور کسی کا پیچدار؛ کسی کا سرل اور کسی کا کٹھن."

नया हिन्द — نیا ہند

जिल्द 12 | जून, सन '52 | नम्बर 6

نمبر 6 | جون، سن '52 | جلد 12

जात आदमी, प्रेम धरम है, हिन्दुस्तानी बोली,
'नया हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

جات آدمی، پریم دھرم ہے، ہندستانی بولی،
"نیا ہند" پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی۔

भगवान कहां ?

बसे हैं निर्धन में भगवान
क्योंकि समझते राम रुपये को दुनिया के धनवान

(1)

पाओ कोढ़ी मोहताजों में
पाओ मजदूरों राजों में
मिलें न पंडित के साजों में
राम समझते हैं पोथी को पंडित और विद्वान
बसे हैं निर्धन में भगवान

(2)

यही समझ लो तुम थोड़े में
मिल सकते कुत्ते घोड़े में
रह सकते रोड़े रोड़े में
पर न बसेंगे वह ऐंठू में उनका रब अभिमान
बसे हैं निर्धन में भगवान

(3)

ईश्वर की खातिर तो काशी
के बनना हरगिज मत वासी
मत बनना जोगी सन्यासी
बस सन्यास राम है उनका उनकी जोग दुकान
बसे हैं निर्धन में भगवान

—भगवानदीन

بھگوان کہاں ؟

بسے ہیں نردھن میں بھگوان
کیونکہ سمجھتے رام روپئے کو دنیا کے دھنوان

(1)

پاؤ کوڑھی محتاجوں میں
پاؤ مزدوروں راجوں میں
ملیں نہ پنڈت کے ساجوں میں
رام سمجھتے ہیں پوتھی کو پنڈت اور ودوان
بسے ہیں نردھن میں بھگوان

(2)

یہی سمجھ لو تم تھوڑے میں
مل سکتے کتے گھوڑے میں
رہ سکتے روڑے روڑے میں
پر نہ بسینگے وہ اینٹھو میں اُنکا رب ابھیمان
بسے ہیں نردھن میں بھگوان

(3)

ایشور کی خاطر تو کاشی
کے بننا ہرگز مت باسی
مت بننا جوگی سنیاسی
بس سنیاس رام ہے اُن کا اُن کی جوگ دوکان
بسے ہیں نردھن میں بھگوان

—بھگوان دین

"नया हिन्द"

" نیا ھند "

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

ھندستانی کلچر سوسائٹی

का

کا

माहवारी परचा

ماھواری پرچا

जून 1952

جون 1952

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने.

قیمت—ھندستان میں چھ روپیہ سال، باھر دس روپیہ سال، ایک پرچہ دس آنے.

मैनेजर
'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद

مینیجر
'نیا ھند'
145، مٹھی گنج، الہ آباد.

हिन्द

र के ख़ास लेख

اِس نمبر کے خاص لیکھ

कलचर सोसाइटी, इलाहाबाद

ستانی کلچر سوسائٹی الہ آباد

जून 1952

جون

Registered No. A-210.

नई किताब

हज़रत मुहम्मद और इस्लाम

लेखक—सुन्दरलाल

इस किताब का पहला एडीशन 1941 में निकला था. देश ने उसका स्वागत किया और जल्दी वह ख़त्म हो गया. दूसरे एडीशन की मांग अर्से से हो रही थी. पर वह अब ही मुमकिन हो सका है.

इस एडीशन को पंडित सुन्दरलाल जी एहतियात के साथ देख गये हैं. बहुत से बुज़ुर्गों और साथियों की क़ीमती राय और सुझावों से इसमें फ़ायदा उठाया गया है. नये एडीशन की ख़ास बात यह है कि इस किताब के शुरू में पंडित बिशम्भर नाथ ने दस सफ़े का एक गम्भीर और वज़नदार नोट यानी आमुख लिखा है.

इस किताब से इस्लाम की असली तालीम और उसके बुनियादी उसूलों की जानकारी हासिल होने के साथ साथ हज़रत मुहम्मद की सीधी सच्ची और बेमिसाल ज़िन्दगी—एक ऐसी ज़िन्दगी जिसने सदियों से लाखों करोड़ों के जीवन को रौशन किया है—की झलक मिलती है. इससे पता चलेगा कि किस तरह हज़रत मुहम्मद ने न सिर्फ़ अरब जैसे दक़यानूसी और फ़िरक़ा परस्त देश की काया पलट दी बल्कि एक नये धर्म, एक नये राज और एक नई तहज़ीब को जन्म दिया.

हमें यक़ीन है कि पहले एडीशन की तरह इसकी भी काफ़ी मांग होगी और पढ़ने वाले इससे फ़ायदा उठायेंगे.

सुन्दर जिल्द, बढ़िया डबल डिमाई काग़ज़ पर छपा. 160 सफ़े. कई तसवीरों और नक़्शों के साथ किताब का दाम सिर्फ़ तीन रुपया.

मिलने का पता.—
मैनेजर, 'नया हिन्द', 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

نئی کتاب

حضرت محمد اور اسلام

لیکھک—سندر لال

اِس کتاب کا پہلا ایڈیشن سن 1941 میں نکلا تھا . دیش نے اُس کا سواگت کیا اور جلدی وہ ختم ہو گیا . دوسرے ایڈیشن کی مانگ عرصے سے ہو رہی تھی . پر وہ اب ہی ممکن ہو سکا ہے .

اِس ایڈیشن کو پنڈت سندر لال جی احتیاط کے ساتھ دیکھ گئے ہیں . بہت سے بزرگوں اور ساتھیوں کی قیمتی رائے اور سجھاووں سے اِس میں فائدہ اٹھایا گیا ہے . نئے ایڈیشن کی خاص بات یہ ہے کہ اِس کتاب کے شروع میں پنڈت بشمبھر ناتھ نے دس صفحے کا ایک گمبھیر اور وزندار نوٹ یعنی آمکھ لکھا ہے .

اِس کتاب سے اِسلام کی اصلی تعلیم اور اُس کے بنیادی اُصولوں کی جانکاری ہونے کے ساتھ ساتھ حضرت محمد کی سیدھی سچی اور بے مثال زندگی—ایک ایسی زندگی جس نے صدیوں سے لاکھوں کروڑوں کے جیون کو روشن کیا ہے—کی جھلک ملتی ہے . اِس سے پتہ لگیگا کہ کس طرح حضرت محمد نے نہ صرف عرب جیسے دقیانوسی اور فرقہ پرست دیش کی کایا پلٹ دی بلکہ ایک نئے دھرم، ایک نئے راج اور ایک نئی تہذیب کو جنم دیا .

ہمیں یقین ہے کہ پہلے ایڈیشن کی طرح اِس کی بھی کافی مانگ ہوگی اور پڑھنے والے اِس سے فائدہ اُٹھائینگے .

سندر جلد، بڑھیا ڈبل ڈمائی کاغذ پر چھپی 160 صفحے، کئی تصویروں اور نقشوں کے ساتھ کتاب کا دام صرف تین روپیہ .

ملنے کا پتہ—
مینیجر 'نیا ہند' 145 مٹھی گنج، الہ آباد

Printed and Published by Suresh Ramabhai, at the Naya Hind Press ,145, Muthiganj, Allahabad.

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों .

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अखबारों, रिसालों वग़ैरा का छापना .

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना .

—:०:—

सोसाइटी के प्रेसीडेन्ट—मि० अब्दुल मजीद ख़्वाजा; वाइस प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास और डा० अब्दुल हक़ ; गवर्निंग बाडी के प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास ; सेक्रेटरी—पं० सुन्दरलाल.

गवर्निंग बाडी के और मेम्बर—

डा० सैयद महमूद, डा० ताराचन्द, मौलवी सैयद सुलेमान नदवी, मि० मंज़र अली सोख़्ता, श्री बी० जी० खेर, पं० बिशम्भर नाथ, महात्मा भगवानदीन, सेठ पूनम चन्द रांका, क़ाज़ी मोहम्मद अब्दुल ग़फ़्फ़ार और श्री ओम प्रकाश पालीवाल .

मेम्बरी के क़ायदों के लिये लिखिये -

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिंदुस्तानी कलचर सोसाइटी
145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद .

नोट—सोसाइटी के नये क़ायदे के अनुसार मेम्बरी की फ़ीस सिर्फ़ एक रुपया कर दी गई है. "नया हिन्द" के जो गाहक मेम्बर बनना चाहें उनको सिर्फ़ छै रुपया चन्दा देने पर ही मेम्बर बना लिया जायगा. अलग से मेम्बरी की फ़ीस देने वाले सोसाइटी की निकली हुई कोई किताब जो एक रुपया दाम की होगी मुफ़्त ले सकेंगे या ज़्यादा दाम की किताबें लेने पर एक बार एक रुपया कम करा सकेंगे .

هندستانی کلچر سوسائٹی

مقصد

(1) ایک ایسی هندستانی کلچر کا بڑهانا، پهیلانا اور پرچار کرنا جس میں سب هندستانی شامل هوں .

(2) ایکتا پهیلانے کے لئے کتابوں، اخباروں، رسالوں وغیرہ کا چهاپنا .

(3) پڑهائی گهروں، کتاب گهروں، سبهاؤں، کانفرنسوں، لیکچروں سے سب دهرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں میں آپس کا میل بڑهانا .

—:٥:—

سوسائٹی کے پریسیڈنٹ—مسٹر عبدالمجید خواجہ؛ وائس پریسیڈنٹ—ڈاکٹر بهگوان داس اور ڈاکٹر عبدالحق . گورننگ باڈی کے پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بهگوان داس؛ سکریٹری — پنڈت سندرلال .

گورننگ باڈی کے اور ممبر—

ڈاکٹر سید محمود، ڈاکٹر تارا چند، مولوی سید سلیمان ندوی، مسٹر منظر علی سوختہ، شری بی. جی. کهیر، پنڈت بشمبهر ناتھ، مهاتما بهگوان دین، سیٹھ پونم چند رانکا، قاضی محمد عبدالغفار اور شری اوم پرکاش پالیوال .

ممبری کے قاعدوں کے لئے لکهئے -

سندر لال

سکریٹری، هندستانی کلچر سوسائٹی،
145، مٹهی گنج، الہ آباد .

نوٹ—سوسائٹی کے نئے قاعدے کے انوسار ممبری کی فیس صرف ایک روپیہ کردی گئی ہے . "نیا هند" کے جو گاهک ممبر بننا چاهیں اُن کو صرف چهہ روپیہ چندہ دینے پر هی ممبر بنا لیا جائیگا . الگ سے ممبری کی فیس دینے والے سوسائٹی کی نکلی هوئی کوئی کتاب جو ایک روپیہ دام کی هوگی مفت لے سکیں گے یا زیادہ دام کی کتابیں لینے پر ایک بار ایک روپیہ کم کرا سکینگے .

शेख़ अब्दुल्ला ने ख़ुद यह अच्छी तरह साफ़ कर दिया है कि महात्मा गांधी का उसूल ही वह सुनहरी ज़ंजीर है जो कश्मीर को हिन्दुस्तान के साथ बांधती है और हमेशा बांधे रखेगी.

अख़बारी रिपोर्टों से मालूम होता है कि शेख़ अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि "हिन्दुस्तान से फ़िरक़ेवाराना भावना अभी ख़तम नहीं हुई है और हम कश्मीरियों को सब ऊँच नीच के लिए तैयार रहना है."

शेख़ अब्दुल्ला की इस बात से भी हम इनकार नहीं कर सकते. बदक़िस्मती से हिन्दुस्तान में यह फ़िरक़ेवाराना ताक़तें अब भी काम कर रही हैं. उनको देशी और विदेशी पूँजीपतियों और सरमायादारों का पूरा सहारा है. हकूमत में भी, ऊपर से साफ़ साफ़ न सही लेकिन अन्दर से तो ज़रूर उनका कुछ न कुछ असर है. ख़ुद कांग्रेस के अन्दर यह ताक़तें कितनी नुमायां हैं कहने की ज़रूरत नहीं. पिछले आम चुनाव में और आये दिन हमारी म्युनिसिपलटी और डिस्ट्रिक बोर्ड, युनिवर्सिटी और मिनिस्ट्री वग़ैरा के चुनाव में इनका कितना असर रहता है कौन नहीं जानता. इसी का एक नमूना है "राष्ट्र भाषा" के ठेकेदारों का उरदू भाषा की तरफ़ बेजा रुख़; और उनका जनता की प्यारी बोली से हटकर जबड़ा तोड़ शब्दों का देश पर लादने का प्रयत्न. यह भी ज़ाहिर है कि कश्मीर का धनवान तबक़ा हिन्दुस्तान के धनवान तबक़े से मिल कर इस मामले में साज़िश कर रहा है. इसमें कोई शक नहीं कि कश्मीर ख़ुद मुख़्तारी या सच्चे स्वराज की तरफ़ जितना क़दम बढ़ायेगा वहां के और हिन्दुस्तान के स्वार्थी मालदार हितों को उतना ही ज़ियादा धक्का पहुँचेगा. बदक़िस्मती से कुछ अख़बार और प्रेस भी इन्हीं पैसे वालों के हाथ में हैं जो कश्मीर और हिन्दुस्तान को नज़दीक लाने के बजाय और अलग कर देते हैं.

शेख़ अब्दुल्ला ने न अब तक कभी ऐसा कोई क़दम उठाया है न उठायेंगे जिससे हिन्दुस्तान या कश्मीर की फ़िरक़ेवाराना ताक़तों या सरमायादार हिस्सों को बढ़ावा मिले. जब तक उनके सामने ग़रीब रियाया की भलाई और तरक़्क़ी ही है तब तक उनको कोई चीज़ भी आंच नहीं पहुँचा सकती. साथ ही साथ अपने देश के अख़बार, पैसा और ताक़त वालों से हमारी विनती है कि ज़माने की रफ़्तार को देख कर काम करें. और उन अंगारों को नहीं भड़कावें जिनकी लपटें सारे देश को तबाह कर दे सकती हैं. हम शेख़ अब्दुल्ला को यक़ीन दिलाते हैं कि हर समझदार भारतवासी पूरे दिल से उनके साथ है.

29-4-52 —सुरेश रामभाई

شیخ عبداللہ نے خود یہ اچھی طرح صاف کر دیا ہے کہ مہاتما گاندھی کا اُصول ہی وہ سنہری زنجیر ہے جو کشمیر کو ہندستان کے ساتھ باندھتی ہے اور ہمیشہ باندھے رکھیگی۔

اخباری رپورٹوں سے معلوم ہوتا ہے کہ شیخ عبداللہ نے یہ بھی کہا کہ "ہندستان سے فرقےوارانہ بھاونا ابھی ختم نہیں ہوئی ہے اور ہم کشمیریوں کو سب اونچ نیچ کے لئے تیار رہنا ہے۔"

شیخ عبداللہ کی اِس بات سے بھی ہم اِنکار نہیں کرسکتے۔ بدقسمتی سے ہندستان میں یہ فرقےوارانہ طاقتیں اب بھی کام کر رہی ہیں۔ اُن کو دیشی اور ودیشی پونجی پتیوں اور سرمایہداروں کا پورا سہارا ہے۔ حکومت میں بھی، اوپر سے صاف صاف نہ سہی لیکن اندر سے تو ضرور اُن کا کچھ نہ کچھ اثر ہے۔ خود کانگریس کے اندر یہ طاقتیں کتنی نمایاں ہیں کہنے کی ضرورت نہیں۔ پچھلے عام چناؤ میں اور آئے دن ہماری میونسپلٹی اور ڈسٹرکٹ بورڈ، یونیورسٹی اور منسٹری وغیرہ کے چناؤ میں اِن کا کتنا اثر رہتا ہے کون نہیں جانتا۔ اِسی کا ایک نمونہ ہے "راشٹر بھاشا" کے ٹھیکےداروں کا اردو بھاشا کی طرف بیجا رخ؛ اور اُن کا جنتا کی پیاری بولی سے ہٹکر جبڑا توڑ شبدوں کا دیش پر لادنے کا پریتن۔ یہ بھی ظاہر ہے کہ کشمیر کا دھنوان طبقہ ہندستان کے دھنوان طبقے سے مل کر اِس معاملے میں سازش کر رہا ہے۔ اِس میں کوئی شک نہیں کہ کشمیر خود مختاری یا سچے سوراج کی طرف جتنا قدم بڑھائےگا وہاں کے اور ہندستان کے سوارتھی مالدار ہتوں کو اُتنا ہی زیادہ دھکا پہونچیگا۔ بدقسمتی سے کچھ اخبار اور پریس بھی اِنہیں پیسے والوں کے ہاتھ میں ہیں جو کشمیر اور ہندستان کو نزدیک لانے کے بجائے اور الگ کردیتے ہیں۔

شیخ عبداللہ نے نہ اب تک کبھی ایسا کوئی قدم اُٹھایا ہے نہ اُٹھائینگے جس سے ہندستان یا کشمیر کی فرقےوارانہ طاقتوں یا سرمایہدار حصوں کو بڑھاوا ملے۔ جب تک اُن کے سامنے غریب رعایا کی بھلائی اور ترقی ہی ہے تب تک اُن کو کوئی چیز بھی آنچ نہیں پہونچا سکتی۔ ساتھ ہی ساتھ اپنے دیش کے اخبار، پیسے اور طاقت والوں سے ہماری ونتی ہے کہ زمانے کی رفتار کو دیکھ کر کام کریں اور اُن انگاروں کو نہیں بھڑکائیں جن کی لپٹیں سارے دیش کو تباہ کر دے سکتی ہیں۔ ہم شیخ عبداللہ کو یقین دلاتے ہیں کہ ہر سمجھدار بھارت واسی پورے دل سے اُن کے ساتھ ہے۔

—سریش رام بھائی 29.4.52

कश्मीर का नया क़दम

पहली अप्रैल को कश्मीर की विधान सभा ने यह क़ानून किया कि सरकार बड़े ज़मींदारों की जो फ़ालतू ज़मीनें ों में बांटने के लिये ज़ब्त करेगी उसके बदले में उन्हें मुआवज़ा नहीं दिया जायगा. इसके ऊपर हमारे तान में काफ़ी चर्चा हुई और यह दलील दी गई कि कश्मीर हिन्दुस्तान के अन्दर है और हिन्दुस्तान में आवज़ा दिये ज़मीन नहीं ली जा सकती तो फिर र में ऐसा क्यों कर हो सकता है. पर भारत के की धारा 370 में साफ़ कहा गया है कि दफ़ा 238 न (जो भारत की 'बी' रियासतों पर लागू हैं) के सम्बन्ध में लागू नहीं होंगे. इसलिए कश्मीर कार ने अपने किसानों के हित में जो क़दम उठाया पर किसी भारतवासी को एतराज़ करने का कोई ़ है.

ः और बात जिसने कश्मीर के खिलाफ़ नाराज़गी ़ी है वह कश्मीर के बड़े वज़ीर शेख़ अब्दुल्ला की ेच है जो उन्होंने दस अप्रैल को रनबीरपुरा में वह स्पीच अख़बारों में छप चुकी है. उनके कहने ोड़ यह है कि कश्मीर का हिन्दुस्तान में शामिल मतलब यह है कि फ़ौजी बचाव, विदेशों के साथ और आना जाई के साधनों में वह हिन्दुस्तान ह पर और हिन्दुस्तान के साथ मिल कर चलेगा की सब मामलों में ख़ुद मुख़्तार रहेगा.

अब्दुल्ला की यह बात सोलह आने सही है. ोर कश्मीर का सम्बन्ध दोनों के लाभ के लिये है साथ ज़बरदस्ती करने के लिये नहीं. यह सम्बन्ध न्दू राज और किसी मुसलमान जनता के बीच ध नहीं है. यह सम्बन्ध है दो सच्चे ईमानदार दार देशों और दो सेकुलर गवरमेन्टों के बीच सम्बन्ध उन असूलों के आधार पर है जो महात्मा हमें सिखाये हैं और जिनके लिये उन्होंने जान तक सम्प्रदायिक तंगनज़री का सवाल है शेख़ और पंडित जवाहर लाल नेहरू दोनों उससे ऊपर नों इस मामलों में महात्मा गांधी के असूलों के . हिन्दू हों या मुसलमान ज़मींदारों और पूँजी फ़ायदे के लिये ग़रीबों मज़दूरों और किसानों की परवाह न करना इन असूलों के बिल्कुल ख़िलाफ़ ोई शक नहीं हो सकता कि ज़मीनों की ज़ब्ती और मामले में शेख़ अब्दुल्ला ने जो कुछ किया है फ़ायदे के लिये किया है. भारत वासियों को . देना चाहिये न कि उसे बुरा कहना. हाल में

کشمیر کا نیا قدم

پہلی اپریل کو کشمیر کی ودھان سبھا نے یہ قانون پاس کیا کہ سرکار بڑے زمینداروں کی جو فالتو زمینیں غریبوں میں بانٹنے کے لئے ضبط کریگی اُس کے بدلے میں انہیں کوئی معاوضہ نہیں دیا جائیگا۔ اِس کے اوپر ہمارے ہندستان میں کافی چرچہ ہوئی اور یہ دلیل دی گئی کہ جب کشمیر ہندستان کے اندر ہے اور ہندستان میں بلا معاوضہ دئے زمین نہیں لی جاسکتی تو پھر کشمیر میں ایسا کیوں کر ہوسکتا ہے۔ پر بھارت کے ودھان کی دھارا 370 میں صاف کہا گیا ہے کہ دفعہ 238 کے بدھان (جو بھارت کی 'بی' ریاستوں پر لاگو ہیں) کشمیر کے سمبندھ میں لاگو نہیں ہونگے۔ اِس لئے کشمیر کی سرکار نے اپنے کسانوں کے ہت میں جو قدم اُٹھایا ہے اُس پر کسی بھارت واسی کو اعتراض کرنے کا کوئی حق نہیں ہے۔

ایک اور بات جس نے کشمیر کے خلاف ناراضگی بھڑکا دی ہے وہ کشمیر کے بڑے وزیر شیخ عبداللہ کی وہ اسپیچ ہے جو اُنہوں نے دس اپریل کو رنبیرپورا میں دی تھی' وہ اسپیچ اخباروں میں چھپ چکی ہے۔ اُن کے کہنے کا نچوڑ یہ ہے کہ کشمیر کا ہندستان میں شامل ہونے کا مطلب یہ ہے کہ فوجی بچاؤ' دیشوں کے ساتھ معاملوں اور آوا جائی کے سادھنوں میں وہ ہندستان کی صلاح پر اور ہندستان کے ساتھ ملکر چلیگا اور باقی سب معاملوں میں خود مختار رہیگا۔

شیخ عبداللہ کی یہ بات سولہ آنے صحیح ہے۔ بھارت اور کشمیر کا سمبندھ دونوں کے لابھ کے لئے ہے کسی کے ساتھ زبردستی کرنے کے لئے نہیں۔ یہ سمبندھ کسی ہندو راج اور کسی مسلمان جنتا کے بیچ کا سمبندھ نہیں ہے۔ یہ سمبندھ ہے دو سچے ایماندار اور روادار دیشوں اور دو سیکولر گورنمنٹ کے بیچ کا۔ یہ سمبندھ اُن اصولوں کے آدھار پر ہے جو مہاتما گاندھی نے ہمیں سکھائے ہیں اور جن کے لئے انہوں نے جان دی۔ جہاں تک سامپردائک تنگ نظری کا سوال ہے شیخ عبداللہ اور جواہر لال دونوں اُس سے اوپر ہیں اور دونوں اِس معاملے میں مہاتما گاندھی کے اُصولوں کے قائل ہیں۔ ہندو ہو یا مسلمان زمینداروں اور پونجی پتیوں کے فائدے کے لئے غریبوں' مزدوروں اور کسانوں کی بھلائی کی پرواہ نہ کرنا اِن اصولوں کے بالکل خلاف ہے۔ اِس میں کوئی شک نہیں ہوسکتا کہ زمینوں کی ضبطی اور بٹوارے کے معاملے میں شیخ عبداللہ نے جو کچھ کیا ہے غریبوں کے فائدے کے لئے کیا ہے۔ بھارت واسیوں کو اُسے [illegible] لینا چاہئے نہ کہ اُسے برا کہنا۔ حال میں

और देश भर में ऊंची तनख़्वाहों का यह अन्याय ख़तम होने की आशा नहीं रहती. जब देशी कम्पनियां अपने काम करने वालों को ऊंची तलब या भत्ते देंगी तो लाज़मी तौर पर उन्हें यह ख़र्चे किसी जायज़ या ना जायज़ तरीक़े से पूरे होंगे.

इस नियुक्ति में जो और भी दुख की बात है वह है 10 साल का ठेका. आजकल की किसी भी सरकार के लिए यह नामुनासिब बात है कि अपनी मियाद से ज़ियादा अरसे का ठेका किसी से करे. इस वक़्त हमें सन 1922 का वह ठहराव याद आ रहा है जिसमें कांगरेस ने अंगरेज़ी सरकार को आगाह किया था कि आज़ाद हिन्दुस्तान अंगरेज़ सरकार के ठेकों या क़र्ज़ों को मानने को मजबूर न किया जा सकेगा. इसी तरह आज़ाद हिन्दुस्तान की आजकल की सरकार विदेश वालों से जो ठेके या राज़ीनामें करेगी उन पर आयन्दा की किसी दूसरी सरकार को अमल दरामद करना लाज़मी न होगा. साथ ही साथ हम मिस्टर स्लोकोम को यह बता देना चाहते हैं कि उनको भी हिन्द सरकार के ठेकों पर उतना ही विश्वास करना चाहिए जितना कि हिन्दुस्तान की मौजूदा बदलती हुई राजकाजी हालत में किया जा सकता है.

हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिये कि इसी तरह के और इससे बड़े बड़े बांध रूस में भी बंध चुके हैं और हाल में चीन में बंधे हैं और बंध रहे हैं.

अगर हिन्द सरकार को बाहर से माहिर बुलाना ही है तो अपने पड़ोसी चीन से सबक़ क्यों नहीं सीखती. चीन में विदेशी माहिर भी हैं पर वह चीन के माहिरों की तरह ही तनख़ा लेते और ज़िन्दगी बसर करते हैं.

हमारी साफ़ राय है कि मिस्टर स्लोकोम का ठेका ग़रीब हिन्दुस्तानियों का मुँह चिढ़ाना है. हम जानते हैं कि हमारी राय की हिन्द सरकार को क्या परवाह हो सकती है. फिर भी हम इस दुखी और ग़रीब देश की तरफ़ अपने फ़र्ज़ को समझते हुए हम यह कहे बिना नहीं रह सकते कि हिन्द सरकार का फ़र्ज़ है कि फ़ौरन से पेश्तर इस ठेके को रद्द करके मिस्टर स्लोकोम को बिदा दे दे और इसी तरह जिन दूसरे माहिरों या कम्पनियों से इसी तरह के मंहगे ठेके किये हों उनको भी रुख़सत कर दे, और अपने देश की जनता और उसकी शक्ति पर विश्वास करके देश को स्वावलंबी बनाने और बनाये रखने का अहद करे.

26. 4. '52. —सुरेश रामभाई

اور دیش بھر میں اونچی تنخواہوں کا یہ انیائے ختم ہونے کی آشا نہیں رہتی ۔ جب دیشی کمپنیاں اپنے کام کرنے والوں کو اونچی طلب یا بھتے دینگی تو لازمی طور پر انہیں وہ خرچ کسی جائز یا نا جائز طریقے سے پورے ہونگے۔

اس نیکتی میں جو اور بھی دکھ کی بات ہے وہ ہے 10 سال کا ٹھیکہ ۔ آجکل کی کسی بھی سرکار کے لئے یہ نامناسب بات ہے کہ اپنی معیاد سے زیادہ عرصے کا ٹھیکہ کسی سے کرے ۔ اس وقت ہمیں سن 1922 کا وہ ٹھہراؤ یاد آ رہا ہے جس میں کانگریس نے انگریزی سرکار کو آگاہ کیا تھا کہ آزاد ہندستان انگریز سرکار کے ٹھیکوں یا قرضوں کو ماننے کو مجبور نہ کیا جا سکیگا ۔ اسی طرح آزاد ہندستان کی آجکل کی سرکار ودیش والوں سے جو ٹھیکے یا راضی نامے کریگی اُن پہ آئندہ کی کسی دوسری سرکار کو عمل درآمد کرنا لازمی نہ ہوگا ۔ ساتھ ہی ساتھ ہم مسٹر سلوکوم کو یہ بتا دینا چاہتے ہیں کہ اُن کو بھی ہند سرکار کے ٹھیکوں پر اُتنا ہی وشواس کرنا چاہئے جتنا کہ ہندستان کی موجودہ بدلتی ہوئی راج کاجی حالت میں کیا جا سکتا ہے ۔

ہمیں یہ بھی دھیان میں رکھنا چاہئے کہ اسی طرح کے اور اس سے بڑے بڑے باندھ روس میں بھی بندھ چکے ہیں اور حال میں چین میں بھی بندھے ہیں اور بندھ رہے ہیں ۔

اگر ہند سرکار کو باہر سے ماہر بلانا ہی ہے تو اپنے پڑوسی چین سے سبق کیوں نہیں سیکھتی ۔ چین میں ودیشی ماہر بھی ہیں پر وہ چین کے ماہروں کی طرح ہی تنخواہ لیتے اور زندگی بسر کرتے ہیں ۔

ہماری صاف رائے ہے کہ مسٹر سلوکوم کا ٹھیکہ غریب ہندستانیوں کا منھ چڑھاتا ہے ۔ ہم جانتے ہیں کہ ہماری رائے کی ہند سرکار کو کیا پرواہ ہوسکتی ہے ۔ پھر بھی ہم اس دکھی اور غریب دیش کی طرف اپنے فرض کو سمجھتے ہوئے یہ کہے بنا نہیں رہ سکتے کہ ہند سرکار کا فرض ہے کہ فوراً سے پیشتر اس ٹھیکے کو رد کرکے مسٹر سلوکوم کو ودائع دے دے' اور اسی طرح جن دوسرے ماہروں یا کمپنیوں سے اسی طرح کے مہنگے ٹھیکے کئے ہوں اُن کو بھی رخصت کردے اور اپنے دیش کی جنتا اور اُس کی شکتی پر وشواس کرکے دیش کو سوا ولمبی بنانے اور بنائے رکھنے کا عہد کرے ۔

سریش رام بھائی 26-4-52

…ों को उनके इल्म में सार्टिफ़िकेट दी हैं. हम यह …कहते कि एलोपैथिक इलाज मुल्क से निकाल दिया …लेकिन हम यह ज़रूर कह देना चाहते हैं कि अगर … और डाक्टरों ने मिल कर इस ग़रीब देश में … के दूसरे तरीक़ों का गला घोंटा तो इससे देश को …स्त नुक़सान होगा ही, ख़ुद उनके लिये भी यह … काले विपरीत बुद्धि ही साबित होगा.

…7. 4. 52. —सुरेश रामभाई

ग़रीब भारत और ऊंची तनख़ाहें

…3 अप्रैल के 'स्टेटसमैन' में एक ख़बर छपी है जो … नई दिल्ली वाले ख़ास नुमायन्दे ने भेजी है. वह यह … दुनिया का सबसे ऊंची तनख़ा पाने वाला आदमी … एस. एच. स्लोकोम है जो इमारत बनाने के काम …रीका के तजुर्बेकार इंजीनियरों में गिना जाता है. … सरकार ने इन्हें इन्कमटैक्स माफ़ 28 हज़ार डालर …ना या 10 हज़ार रुपये महीने पर नौकर रखा है. … स्लोकोम पंजाब के भाखरा बांध बनने में मदद … इनकी नौकरी का ठेका दस साल का है. तनख़ा …लावा इन को भत्ता भी मिलेगा जिससे इनका हिन्दु… में रहने सहने का सब ख़र्च निकल जाये.

'स्टेटसमैन' के नुमायन्दे का कहना है कि मिस्टर …ोम की तनख़ा अमरीका के राजपति से भी ज़ियादा …र हिन्दुस्तान के राजपति को इन्कमटैक्स काटने के … जो रक़म मिलती है, उसके दुगने से भी ज़ियादा है. … स्लोकोम के साथ चपरासी से लगा कर डिप्टी या …क तक एक लम्बा चौड़ा स्टाफ़ होगा जिसका ख़र्च … हमारी सरकार बर्दाश्त करेगी. इस तरह मिस्टर …ोम के ऊपर हिन्द सरकार लाखों रुपया ख़र्च करेगी … भाखरा बांध के बनने में करोड़ों रुपया मुलाज़िमों की …ाहों, भत्तों वग़ैरा में साफ़ हो जायगा.

…से तो हिन्द सरकार तनख़ा के मामले में किसी …दी या त्याग की क़ायल नहीं है. फिर भी मिस्टर स्लो… की नियुक्ति हमें अजीब मालूम पड़ती है. इससे पता … है कि किस तरह अमरीका के माहिर हिन्द सरकार …ावी हो गये हैं और सरकार बिना सोचे समझे उनके … रुपया पानी की तरह बहाने को तैयार है. कौन नहीं …ता कि आज का हिन्दुस्तान इतना धनी नहीं है जो … और विदेशी माहिरों की ऊंची तनख़ाहों का बोझ …त कर सके और न यह उसकी ग़रीबी को कम करने …का है. … इसके एक की देखा देखी दूसरों की भी … अच्छा … पाने या पाते रहने की कोशिश रहती है

ڈاکٹروں کو اُن کے علم میں سارٹیفکٹ دیئے ہیں. ہم یہ نہیں کہتے کہ ایلوپیتھک علاج ملک سے نکال دیا جائے لیکن ہم یہ ضرور کہ دینا چاہتے ہیں کہ اگر سرکار اور ڈاکٹروں نے مل کر اس غریب دیش میں علاج کے دوسرے طریقوں کا گلا گھونٹا تو اِس سے دیش کو زبردست نقصان ہوگا ہی خود اُن کے لئے بھی یہ وناش کالے وپریت بدھی ہی ثابت ہوگا۔

27 . 4 . '52 ——سریش رام بھائی

غریب بھارت اور اونچی تنخواہیں

23 اپریل کے 'اسٹیٹس مین' میں ایک خبر چھپی ہے جو اُس کے نئی دلی والے خاص نمائندے نے بھیجی ہے۔ وہ یہ ہے کہ دنیا کا سب سے اونچی تنخواہ پانے والا آدمی مسٹر ایم۔ ایچ۔ سلوکوم ہے جو عمارت بنانے کے کام میں امریکہ کے تجربے کار انجینیروں میں گنا جاتا ہے۔ ہند سرکار نے انہیں انکم ٹیکس معاف 28 ہزار ڈالر سالانہ یا دس ہزار روپئے مہینے پر نوکر رکھا ہے۔ مسٹر سلوکوم پنجاب کے بھاکھرا باندھ بننے میں مدد دینگے۔ ان کی نوکری کا ٹھیکہ دس سال کا ہے۔ تنخواہ کے علاوہ انکو بھتہ بھی ملیگا جس سے انکا ہندستان میں رہنے سہنے کا سب خرچ نکل آئے۔

'اسٹیٹس مین' کے نمائندے کا کہنا ہے کہ مسٹر سلوکوم کی تنخواہ امریکہ کے راج پتی سے بھی زیادہ ہے اور ہندستان کے راج پتی کو انکم ٹیکس کاٹنے کے بعد جو رقم ملتی ہے اُس کے دگنے سے بھی زیادہ ہے۔ مسٹر سلوکوم کے ساتھ چپراسی سے لے کر ڈپٹی یا سب تک ایک لمبا چوڑا اسٹاف ہوگا جس کا خرچ بھی ہماری سرکار برداشت کریگی۔ اِس طرح مسٹر سلوکوم کے اوپر ہند سرکار لاکھوں روپیہ خرچ کریگی اور بھاکھرا باندھ کے بننے میں کروڑوں روپیہ ملازموں کی تنخواہوں، بھتوں وغیرہ میں صاف ہو جائے گا۔

ویسے تو ہند سرکار تنخواہ کے معاملے میں کسی پابندی یا تیاگ کی قائل نہیں ہے۔ پھر بھی مسٹر سلوکوم کی نیکتی ہمیں عجیب معلوم پڑتی ہے۔ اِس سے پتہ چلتا ہے کہ کس طرح امریکہ کے ماہر ہند سرکار پر حاوی ہو گئے ہیں اور سرکار بنا سوچے سمجھے اُن کے اوپر روپیہ پانی کی طرح بہانے کو تیار ہے۔ کون نہیں جانتا کہ آجکا ہندستان اِتنا دھنی نہیں ہے جو دیشی اور ودیشی ماہروں کی اونچی تنخواہوں کا بوجھ برداشت کر سکے اور نہ یہ اسکی غریبی کو کم کرنے کا طریقہ ہے۔ علاوہ اِس کے ایک کی دیکھا دیکھی دوسروں کی بھی اچھا لمبی تنخواہ پانے یا پاتے رہنے کی بڑھتی رہتی ہے

सा बरताव किया जाता है ? क्या वह ठन्डे जी से यह कह सकते हैं कि अमरीका या इंगलैंड से आये दिन आने वाली पेटेंट दवायें हिन्दुस्तान के लोगों को सभी माफ़िक़ आती हैं और जो हैं तो क्या उनकी क़ीमतें ऐसी हैं जो हिन्दुस्तान के लाखों करोड़ों आदमी आसानी से बरदाश्त कर सकें.

कौन नहीं जानता कि पेंसलीन—जिसके बड़े ज़ोर शोर और जिसके बनने का कारख़ाना नई दिल्ली के मिनिस्टर गाडगिल साहब ने 10 मार्च को पूना के पास खोला था और जिसमें 1953 तक हिन्द सरकार क़रीब दो करोड़ रुपया फूँक देगी—आज पच्छिमी डाक्टरों के अनुसार ही निकम्मी बल्कि हानिकर और अनेक नये रोगों को जन्म देने वाली साबित हो चुकी है. एक दूसरी दवा स्ट्रेप्टो माइसीन है जिसके बारे में भी बहुत से डाक्टरों को शक है. अब एक तीसरी दवा और निकली है, नाम है Iso-Niacin Hydrazide जिसकी 50 हज़ार गोलियां एक अमरीकन फ़र्म से हिन्द सरकार ने ख़रीदना तय किया है. यह वही दवा है जिसके बारे में ख़ुद अमरीकन डाक्टरों का कहना है, जैसा 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपा है "इसकी ख़ुराक बढ़ाने से या अरसे तक इसके ज़रिये इलाज करने से फेफड़ों के बिगड़ जाने का अन्देशा है... ....और फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि इस दवा से रोग अच्छा हो ही जायेगा."

एक बात और. पिछली 5 अप्रैल को न्युज़ीलैन्ड के उद्योग धन्दे और कामर्स मिनिस्टर (ख़याल रहे कि हेल्थ मिनिस्टर नहीं) ने नई दिल्ली में कुल हिन्द मेडिकल इन्स्टीट्यूट की इमारत का बुनियादी पत्थर रखा. कहा जाता है कि इसके बनने में 160 लाख रुपया ख़र्च होगा जिसमें से 10 लाख पौंड न्यूज़िलैन्ड देगा. कहां हिन्दुस्तान और कहां हिन्दुस्तान को रुपया देने वाला वह छोटा सा टापू न्यूज़िलैन्ड. क्या हमारे डाक्टर लोग बता सकते हैं कि यह चीज़ें हिन्दुस्तान के परों में बेड़ियां नहीं हैं ? हमारी अपने डाक्टर भाईयों से अर्ज़ है कि ज़रा होश में आयें और दूसरे की आंख के तिल को न देख कर अपनी आंख के लट्ठे को देखें. हमारा तो ख़याल है कि अंगरेज़ी ढंग के डाक्टरों और अस्पतालों के बढ़ने से हिन्दुस्तान में बीमारी, गंदगी और बेईमानी बढ़ी है घटी नहीं और इसके ख़िलाफ़ देश की लाखों जनता देसी इलाज से और होम्योपैथी और क़ुदरती इलाज जैसे तरीक़ों से फ़ायदा उठाती है और उठा रही है. हमारे पड़ोसी चीन की सरकार ने एलोपैथी इलाज को अपने यहां बढ़ने का पूरा मौक़ा देते हुए भी अपने हज़ारों बरस पुराने देसी इलाज के तरीक़े को फिर से ज़िन्दा किया है और लाखों पुराने तरीक़े के

سا برتاؤ کیا جاتا ہے ؟ کیا وہ ٹھنڈے جی سے یہ کہ سکتے ہیں کہ امریکہ یا انگلینڈ سے آئے دن آنے والی پیٹنٹ دوائیں ہندستان کے لوگوں کو سبھی موافق رہتی ہیں اور جو ہیں تو کیا اُن کی قیمتیں ایسی ہیں جو ہندستان کے لاکھوں کروڑوں آدمی آسانی سے برداشت کر سکیں ۔

کون نہیں جانتا کہ پینسلین—جس کے بڑے زور شور نے اور جس کے بننے کا کارخانہ نئی دلی کے منسٹر گاڈگل صاحب نے 10 مارچ کو پونا کے پاس کھولا تھا اور جس میں 1953 تک ہند سرکار قریب دو کروڑ روپیہ پھونک دیگی—آج پچھمی ڈاکٹروں کے انوسار ہی نکمی بلکہ ہانی کر اور انیک نئے روگوں کو جنم دینے والی ثابت ہو چکی ہے ۔ ایک دوسری دوا اسٹریپٹو مائی سین ہے جس کے بارے میں بھی بہت سے ڈاکٹروں کو شک ہے ۔ اب ایک تیسری دوا اور نکلی ہے' نام ہے Iso-Niacin Hydrazide جس کی 50 ہزار گولیاں ایک امریکن فرم سے ہند سرکار نے خریدنا طے کیا ہے ۔ یہ وہی دوا ہے جس کے بارے میں خود امریکن ڈاکٹروں کا کہنا ہے' جیسا 'نیویارک ٹائمس' میں چھپا ہے—" اِسکی خوراک بڑھانے سے یا عرصے تک اِس کے ذریعے علاج کرنے سے پھیپھڑوں کے بگڑ جانے کا اندیشہ ہے..........اور پھر بھی یہ نہیں کہا جا سکتا کہ اِس دوا سے روگ اچھا ہو ہی جائیگا ۔"

ایک بات اور ۔ پچھلی 15 اپریل کو نیوزیلینڈ کے اُدیوگ دھندے اور کامرس منسٹر (خیال رہے کہ ہیلتھ منسٹر نہیں) نے نئی دلی میں کل ہند میڈیکل اِنسٹی ٹیوٹ کی عمارت کا بنیادی پتھر رکھا ۔ کہا جاتا ہے کہ اس کے بننے میں 160 لاکھ روپیہ خرچ ہوگا جس میں سے 10 لاکھ پونڈ نیوزیلینڈ دیگا ۔ کہاں ہندستان کو روپیہ دینے والا وہ چھوٹا سا ٹاپو نیوزیلینڈ ۔ کیا ہمارے ڈاکٹر لوگ بتا سکتے ہیں کہ یہ چیزیں ہندستان کے پیروں میں بیڑیاں نہیں ہیں ؟ ہماری اپنے ڈاکٹر بھائیوں سے عرض ہے کہ ذرا ہوش میں آئیں اور دوسرے کی آنکھ کے تل کو نہ دیکھ کر اپنی آنکھ کے لٹھے کو دیکھیں ۔ ہمارا تو خیال ہے کہ انگریزی ڈھنگ کے ڈاکٹروں اور اسپتالوں کے بڑھنے سے ہندستان میں بیماری' گندگی اور بےایمانی بڑھی ہے گھٹی نہیں ۔ اور اِسکے خلاف دیش کی لاکھوں جنتا دیسی علاج سے اور ہومیوپیتھی اور قدرتی علاج جیسے طریقوں سے فائدہ اٹھاتی ہے اور اٹھا رہی ہے ۔ ہمارے پڑوسی چین کی سرکار نے ایلوپیتھی علاج کو اپنے یہاں بڑھنے کا پورا موقعہ دیتے ہوئے بھی اپنے ہزاروں برس پرانے دیسی علاج کے طریقے کو پھر سے زندہ کیا ہے اور لاکھوں پرانے طریقے کے

मारी सरकार का फ़र्ज़ है कि वह न अमरीका से
न रूस से, न जापान से न यूगोस्लेविया से, बल्कि
पैरों पर खड़ी हो और देश को हर माने में स्वावलम्बी

2-3-1952 —सुरेश रामभाई

टरों का घमंड

प्रैल के तीसरे हफ़्ते में नई दिल्ली में मेडिकल कौंसिल
डिया की मीटिंग हुई जिस में यह बात बड़े ज़ोर
कही गई कि हिन्दुस्तान में इलाज का सिर्फ़ एक
का चलना चाहिये यानी मौजूदा एलोपैथिक तरीक़ा.
मतलब यह है कि हमारी सरकार के सलाहकार
यह चाहते हैं कि वैद्यक, यूनानी, होम्यो पैथी और
इलाज जैसे इलाज के सब दूसरे तरीक़े इस
बिलकुल बन्द कर दिये जायें. सरकार क्या करेगी
जानते. पर हम अपने डाक्टर भाइयों की उनकी
नी दीगरे नेस्त अक़्ल पर बधाई देते हैं. अब
-कोकोजम के कारखाने वालों को चाहिये कि अपनी
मीटिंग में वह यह ठहराव पास करें कि हिन्दुस्तान
वनस्पति का इस्तेमाल किया जाना चाहिये. और
दूसरे देसी तेलों का इस्तेमाल बन्द हो जाना
इसी तरह कपड़े के मिल मालिकों और दरज़ियों
ये कि सिर्फ़ मिल का कपड़ा और वह भी अंगरेज़ी
पहने जाने का ठहराव पास करें और हिन्द
की तामीरात मि.नस्टरी की या राज कुमारी अमृत
चाहिये कि पार्लियामेन्ट में एक क़ानून पास
के अब लोग सिर्फ़ स्वीडन के नमूने वाले प्रीफ़ैबरी
ानों में रहा करें.
हारी है इस सूझ की. हमारे डाक्टरों ने न मालूम
की, न मालूम इंगलैंड की या किस की रीस करके
इलाज को अकेले ज़िन्दा रहने का फ़तवा दे
ई ताज्जुब नहीं कि हिन्द सरकार जो अमरीका के
वैसे ही फंसती जा रही है, डाक्टरों के इस फ़तवे
कर ले. लेकिन हम डाक्टर भाइयों से पूछना
कि क्या सचमुच उनके काम में आजकल यही
ट है कि हिन्दुस्तान के कुछ लोग क़ुदरती, देसी
वैद्यी इलाज भी करा लेते हैं और लाखों इन
ज़रिये से अच्छे हो जाते हैं; क्या आज के
अपने दिल पर हाथ रख कर कह सकते हैं कि वह
काम पैसे की ख़ातिर नहीं बल्कि केवल जन
कर रहे हैं ? क्या वह यह दावे के साथ कह
सरकारी और ख़ैराती अस्पतालों में सब काम

ہماری سرکار کا فرض ہے کہ وہ نہ امریکہ سے مدد لے نہ روس سے، نہ جاپان سے نہ یوگوسلاویا سے، بلکہ اپنے پیروں پر کھڑی ہو اور دیش کو ہر معنے میں سواولمبی بنائے۔

22-3-52 —سریش رام بھائی

ڈاکٹروں کا گھمنڈ

اپریل کے تیسرے ہفتے میں نئی دلی میں میڈیکل کونسل آف انڈیا کی میٹنگ ہوئی جس میں یہ بات بڑے زور کے ساتھ کہی گئی کہ ہندستان میں علاج کا صرف ایک ہی طریقہ چلنا چاہئے یعنی موجودہ ایلوپیتھک طریقہ۔ اسکا مطلب یہ ہے کہ ہماری سرکار کے صلاح کار ڈاکٹر یہ چاہتے ہیں کہ ویدک، یونانی، ہومیو پیتھی اور قدرتی علاج جیسے علاج کے سب دوسرے طریقے اس ملک میں بالکل بند کر دیئے جائیں۔ سرکار کیا کریگی ہم نہیں جانتے۔ پر ہم اپنے ڈاکٹر بھائیوں کی ان کی ہم چنیں دیگرے نیست عقل پر بدھائی دیتے ہیں۔ اب بناسپتی کوکوجم کے کارخانے والوں کو چاہئے کہ اپنی اگلی میٹنگ میں وہ یہ ٹھہراؤ پاس کریں کہ ہندستان میں صرف بناسپتی کا استعمال کیا جانا چاہئے اور گھی اور دوسرے دیسی تیلوں کا استعمال بند ہو جانا چاہئے۔ اسی طرح کپڑے کے مل مالکوں اور درزیوں کو چاہئے کہ صرف مل کا کپڑا اور وہ بھی انگریزی پوشاک پہنے جانے کا ٹھہراؤ پاس کریں، اور ہند سرکار تعمیرات منسٹری کی راج کماری امرت کور کو چاہئے کہ پارلیامنٹ میں ایک قانون پاس کرا دیں کہ اب لوگ صرف سوئڈن کے نمونے والے پری فیبری کیٹڈ مکانوں میں رہا کریں۔

بلیہاری ہے اس سوجھ کی۔ ہمارے ڈاکٹروں نے نہ معلوم امریکہ کی، نہ معلوم انگلینڈ کی یا کس کی ریس کر کے ایلوپیتھک علاج کو اکیلے زندہ رہنے کا فتوا دے دیا۔ کوئی تعجب نہیں کہ ہند سرکار جو امریکہ کے چنگل میں ویسے ہی پھنستی جا رہی ہے، ڈاکٹروں کے اس فتوے کو قبول کر لے۔ لیکن ہم ڈاکٹر بھائیوں سے پوچھنا چاہتے ہیں کہ کیا سچ مچ ان کے کام میں آجکل یہی ایک رکاوٹ ہے کہ ہندستان کے کچھ لوگ قدرتی، دیسی یا ہومیوپیتھی علاج بھی کرا لیتے ہیں اور لاکھوں ان علاجوں کے ذریعے سے اچھے ہو جاتے ہیں۔ کیا آج کے ڈاکٹر اپنے دل پر ہاتھ رکھکر کہہ سکتے ہیں کہ وہ سب اپنا کام پیسے کی خاطر نہیں بلکہ کیول جن سیوا کے لئے کر رہے ہیں! کیا وہ یہ دعوے کے ساتھ کہہ سکتے ہیں کہ سرکاری اور خیراتی اسپتالوں میں سب کام ایمانداری

और फौज के क्वार्टर जहाज़ से यहाँ पर सारे दिखाई पड़ने लगे हैं. फिर कोलम्बो प्लैन के बहाने कनाडा, आस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैन्ड ने भी—अमरीका और इंगलैन्ड की देखा देखी—हिन्दुस्तान को मुहब्बत दिखाने का रास्ता निकाल लिया. इतना होता तो हम सबर कर लेते पर आफ़त की मार यह है कि हमारे चाहने वाले दिन दिन नये पैदा होते जा रहे हैं.

पिछले मार्च में अमरीका के शिकंजे में कसे हुए (यानी गुलाम) जापान से बारह आदमियों का एक इन्डस्ट्रीयल मिशन आया जिसने यह जांच की कि हिन्दुस्तान में जापानी माल कितना खप सकता है और जापानी पूंजी कितनी लगाई जा सकती है. यानी जापान के नाम पर अमरीका हिन्दुस्तान में कितना सफ़ाया कर सकता है. मार्च की ही 18 तारीख़ को यूगोस्लेविया की तरफ़ से एक नुमायश नई दिल्ली में लगाई गई जिसका मक़सद था हिन्द-यूगोस्लेविया सनअती सम्बन्ध जमाना जमाना. इसके पहले बम्बई में एक नुमायश लगी थी जिसमें रूस, चेकोस्लोवाकिया, हंगरी और चीन वग़ैरा की चीज़ें दिखाई गई थीं और रूसी राजदूत ने वादा किया था कि हिन्दुस्तान जो चीज़ चाहे अपने सिक्के में रूस से ख़रीद सकता है. इनके अलावा मार्च में ही कोलम्बो प्लान नुमायश लंका में लगाई गई जिसमें बताया गया कि हिन्दुस्तान के भले की ख़ातिर कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैन्ड वग़ैरा क्या क्या करने को तैयार हैं.

सोचने की बात है कि विदेशी व्योपारियों को क्यों हम से इतनी मुहब्बत हो गई है, क्या बात है कि उनके अन्दर हमारे लिये इतना मोह हो रहा है? जवाब साफ़ है—हमारी लम्बी चौड़ी ज़मीन और छत्तीस करोड़ आबादी. बाहर वालों का ख़याल है कि जो माल कहीं न चले उससे हिन्दुस्तान में एक के दो बनाये जा सकते हैं क्योंकि हिन्द सरकार को विदेशी माल में अधिक दिलचस्पी है. सबूत चाहिये तो 1951 के आंकड़े देखिये—बाहर माल गया कम, बाहर से आया कहीं ज़ियादा; यानी यहां की सरकार अपनी दौलत लुटा रही है. तब बाहर वाले क्यों न मज़ा लें?

लेकिन "अभी तो इब्तदाये इश्क़ है." संसार का इतिहास बताता है कि इसका नतीजा क्या होता है. हमें नहीं मालूम कि सरकारी नक़्क़ार ख़ाने में हमारी तूती की आवाज़ पहुँचेगी भी या नहीं—पर हम यह कहे बिना नहीं रह सकते कि सरकार को चाहिये कि इन चहेतों में से किसी को मुंह न लगायें और सबको दरवाज़ा दिखाये. इन में सब से पहले निपटना है अमरीका से क्योंकि उसके जाने से आधे से ज़ियादा दलिद्दर दूर हो जायेंगे. अमरीका के इरादों पर ही हमें शक पैदा हो गया है.

اور فوج کے کوارٹر جہاز سے یہاں پر سارے دکھائی پڑنے لگے ہیں پھر کولمبو پلان کے بہانے کناڈا' آسٹریلیا اور نیوزی لینڈ نے بھی—امریکہ اور انگلینڈ کی دیکھا دیکھی—ہندستان کو محبت دکھانے کا راستہ نکال لیا . اتنا ہوتا تو ہم صبر کر لیتے پر آفت کی مار یہ ہے کہ ہمارے چاہنے والے دن دن نئے پیدا ہوتے جا رہے ہیں .

پچھلے مارچ میں امریکہ کے شکنجے میں کسے ہوئے (یعنی غلام) جاپان سے بارہ آدمیوں کا ایک انڈسٹریل مشن آیا جس نے یہ جانچ کی کہ ہندستان میں جاپانی مال کتنا کھپ سکتا ہے اور جاپانی پونجی کتنی لگائی جا سکتی ہے . یعنی جاپان کے نام پر امریکہ ہندستان میں کتنا صفایا کر سکتا ہے . مارچ کی ہی 18 تاریخ کو یوگوسلاویا کی طرف سے ایک نمایش نئی دلی میں لگائی گئی جس کا مقصد تھا ہند یوگوسلاویا صنعتی سمبندھ جمانا جمانا . اس کے پہلے بمبئی میں ایک نمائش لگی تھی جس میں روس' زیکوسلوواکیا' ہنگری اور چین وغیرہ کی چیزیں دکھائی گئی تھیں اور روسی راجدوت نے وعدہ کیا تھا کہ ہندستان جو چیز چاہے اپنے سکے میں روس سے خرید سکتا ہے . ان کے علاوہ مارچ میں ہی کولمبو پلان نمائش لنکا میں لگائی گئی جس میں بتایا گیا کہ ہندستان کے بھلے کی خاطر کناڈا' آسٹریلیا' نیوزی لینڈ وغیرہ کتنا کرنے کو تیار ہیں .

سوچنے کی بات ہے کہ ودیشی بیوپاریوں کو کیوں ہم سے اتنی محبت ہوگئی ہے' کیا بات ہے کہ ان کے اندر ہمارے لئے اتنا موہ ہو رہا ہے ؟ جواب صاف ہے—ہماری لمبی چوڑی زمین اور چھتیس کروڑ آبادی . باہر والوں کا خیال ہے کہ جو مال کہیں نہ چلے اس سے ہندستان میں ایک کے دو بنائے جا سکتے ہیں کیونکہ ہند سرکار کو ودیشی مال میں ادھک دلچسپی ہے . ثبوت چاہئے تو 1951 کے آنکڑے دیکھئے—باہر مال گیا کم' باہر سے آیا کہیں زیادہ' یعنی یہاں کی سرکار اپنی دولت لٹا رہی ہے . تب باہر والے کیوں نہ مزا لیں ؟

لیکن " ابھی تو ابتدائے عشق ہے ." سنسار کا اتہاس بتاتا ہے کہ اس کا نتیجہ کیا ہوتا . ہمیں نہیں معلوم کہ سرکاری نقار خانے میں ہماری طوطی جیسی آواز پہونچےگی بھی یا نہیں—پر ہم یہ کہے بنا نہیں رہ سکتے کہ سرکار کو چاہئے کہ ان چہیتوں میں سے کسی کو منھ نہ لگائے اور سب کو دروازہ دکھائے . ان میں سب سے پہلے نپٹنا ہے امریکہ سے کیونکہ اس کے جانے سے آدھے سے زیادہ دلدر دور ہو جائینگے . امریکہ کے ارادوں پر ہی ہمیں شک پیدا ہوگیا ہے .

मिनिस्टरों के इस वेशपरस्त फैसले पर हम उन्हें बाद नहीं दे सकते. लेकिन बलिहारी है उनकी समझ इस फैसले पर पहुंचने के लिये उन्हें अपना वक्त में खर्च करना पड़ा. जहाँ तक हम जानते हैं यू. पी. के मिनिस्टरों में ज़ियादातर ऐसे हैं जिन्होंने मैदानी इलाक़ों में पीढ़ी दर पीढ़ी गर्मियां काटी हैं, ऐसे हैं जिन्होंने अपने क़ीमती जीवन के कई बरस इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस, फ़तहगढ़ और आगरे की कैम्प जेलों की कोठरियों और तनहाइयों में बिताये बड़ी खुशी व शान के साथ बिताये हैं. हम यह मानने से इनकार करते हैं कि वह गर्मियों में सिवाय नैनीताल के और कहीं ख़ूबी के साथ अपना फ़र्ज़ अदा नहीं कर सकते. हमें ताज्जुब है कि लखनऊ के बिजली के पंखों और ख़स की टट्टियों में उनका काम क्यों नहीं चल सकता.

ज़ाहिर है कि सरकार के फ़ैसले से पब्लिक का काफ़ी पैसा बेकार जायेगा, काफ़ी वक़्त बरबाद होगा और लखनऊ-नैनीताल के फेर में असली काम भी बहुत कम निकलेगा. यह ऐसी मामूली और साफ़ बातें हैं जो हमारे मिनिस्टर अच्छी तरह समझते हैं. फिर भी, उन्होंने ग़रीब जनता के हित को ठुकरा कर यह फ़ैसला किया. इससे हम इसी नतीजे पर पहुँचते हैं कि वह जनता से जितना दूर हो सके उतना दूर रहना चाहते हैं और अपने आरज़ी आराम के आगे उस जनता की बिल्कुल परवाह नहीं है जो रात दिन सिर का पसीना एड़ी तक बहा कर उनकी ख़ातिर पिसी जा रही है. जब अपना घर जल रहा हो उस वक़्त घर के मुखिया या ज़िम्मेदार लोगों को उससे बच कर कहीं और चला जाना उन्हें शोभा नहीं दे सकता.

सरकार को नैनीताल का मोह छोड़ देना चाहिये और वहां जाने का सिलसिला हमेशा के लिये तोड़ दिया जाये. यू. पी. की राजधानी हर मौसम में एक जगह ही रहे. अगर किसी मिनिस्टर या ओहदेदार को सचमुच पहाड़ जाने की ज़रूरत है ही तो वह अपने ख़र्चे से जाये. इसमें जनता के ख़ज़ाने की एक पाई भी ख़र्च करना जुर्म समझा जायेगा.

8. 4. 1952 —सुरेश रामभाई

विदेशी व्योपारियों का नया जाल

कुछ अरसे से विदेशी व्योपारियों की दिलचस्पी हमारे देश में फिर बढ़ती हुई नज़र आ रही है. अमरीका ने तो तरह तरह के दान दे दे कर हिन्द सरकार को अपने फन्दे में फांस ही लिया है. इंगलैन्ड का पुराना पंजा चला आ रहा है और आज भी हम लोग 'स्टर्लिंग इलाक़े' में हैं

اپنا منسٹروں کے اس ہمیش پرستت فیصلے پر ہم انہیں کوئی بدھائی نہیں دے سکتے . لیکن بلہاری ہے اُن کی سمجھ کی جو اس فیصلے پر پہنچنے کے لئے انہیں اپنا وقت سوچنے میں خرچ کرنا پڑا . جہاں تک ہم جانتے ہیں یو . پی کے موجودہ منسٹروں میں زیادہ تر ایسے ہیں جنہوں نے نہ صرف میدانی علاقوں میں پیڑھی در پیڑھی گرمیاں کاٹی ہیں' بلکہ ایسے ہیں جنہوں نے اپنے قیمتی جیون کے کئی برس الہ‌آباد' لکھنؤ' بنارس' فتح گڑھ اور آگرہ کے جیلوں' کیمپ جیلوں کی کوٹھریوں اور تنہائیوں میں بتائے ہیں اور بڑی خوشی و شان کے ساتھ بتائے ہیں . ہم یہ ماننے سے انکار کرتے ہیں کہ وہ گرمیوں میں سوائے نینی تال کے اور کہیں خوبی کے ساتھ اپنا فرض ادا نہیں کر سکتے . ہمیں تعجب ہے کہ لکھنؤ کے بجلی کے پنکھوں اور خس کی ٹٹیوں میں اُن کا کام کیوں نہیں چل سکتا .

ظاہر ہے کہ سرکار کے فیصلے سے پبلک کا کافی پیسہ بیکار جائے گا' کافی وقت برباد ہوگا اور لکھنؤ نینی تال کے پھیر میں اصلی کام بھی بہت کم نکلیگا . یہ ایسی معمولی اور صاف باتیں ہیں جو ہمارے منسٹر اچھی طرح سمجھتے ہیں . پھر بھی' انہوں نے غریب جنتا کے ہت کو ٹھکرا کر یہ فیصلہ کیا . اِس سے ہم اسی نتیجے پر پہونچتے ہیں کہ وہ جنتا سے جتنا دور ہوسکے اتنا دور رہنا چاہتے ہیں اور اپنے عارضی آرام کے آگے اُس جنتا کی بالکل پرواہ نہیں ہے جو رات دن سر کا پسینا ایڑی تک بہاکر اُن کی خاطر پسی جا رہی ہے . جب اپنا گھر جل رہا ہو اُس وقت گھر کے مکھیا یا ذمےدار لوگوں کو اُس سے بچکر کہیں اور چلا جانا اُنہیں شوبھا نہیں دے سکتا .

سرکار کو نینی تال کا موہ چھوڑ دینا چاہئے اور وہاں جانے کا سلسلہ ہمیشہ کے لئے توڑ دیا جائے . یو . پی . کی راجدھانی ہر موسم میں ایک جگہ ہی رہے . اگر کسی منسٹر یا عہدےدار کو سچ مچ پہاڑ جانے کی ضرورت ہے ہی تو وہ اپنے خرچے سے جائے . اِس میں جنتا کے خزانے کی ایک پائی بھی خرچ کرنا جرم سمجھا جائے گا .

18-4-1952 —سریش رام‌بھائی .

ودیشی بیوپاریوں کا نیا جال

کچھ عرصے سے ودیشی بیوپاریوں کی دلچسپی ہمارے دیش میں پھر بڑھتی ہوئی نظر آ رہی ہے . امریکہ نے تو طرح طرح کے دان دے دیکر ہند سرکار کو اپنے پھندے میں پھانس ہی لیا ہے . انگلینڈ کا پرانا پنجا چلا آتا ہے اور آج بھی ہم لوگ ' اسٹرلنگ علاقہ ' میں ہیں

काम करने के ढंग और तौर तरीक़ों से गहरा असंतोश लगभग सभी बोलने वालों के भाशनों में ज़ोरों के साथ चमक रहा था. इसका मतलब यह है कि मुल्क को क़ानून के ज़रिये हल की आशा नहीं है. फिर केवल एक ही तरीक़ा रह जाता है. अगर सरकार ने अपना फ़र्ज़ पूरा न किया तो देश के सेवकों को बहुत जल्दी ग़रीबों को उनका हक़ दिलाने के लिये क़ीमत अदा करनी होगी. ग़लत रास्ते पर चलने वाली देशी सरकार हो या विदेशी, दूसरों का हक़ हथियाने वाले देशी पूँजीपति हों या विदेशी, जमींदार हों या साहूकार सब के मुक़ाबले के लिये गांधी जी ने हमें रास्ता बता दिया है. सर्वोदय सम्मेलन में भी यह बात साफ़ दिखाई दे रही थी कि मुल्क बहुत जल्दी इस रास्ते पर क़दम बढ़ाता हुआ दिखाई देगा.

(11) सेवा पुरी सम्मेलन में कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ. यह बात हमें ठीक ही मालूम होती है. इस तरह के सम्मेलन प्रस्ताव पास करने के लिये नहीं होने चाहियें, बल्कि विचारों के लेन देन और एक दूसरे को समझने समझाने के लिये ही होने चाहियें. पर सर्वोदय हमारी राय में ज़िन्दगी की ऐसी मुकम्मिल फ़िलासफ़ी है जो किसी भी दूसरी फ़िलासफ़ी की जगह ले सकती है. समाजी, माली और राजकाजी सब निगाहों से वह पूरी है और उसके बुनियादी उसूलों को सामने रखते हुये हर मैदान में हर सवाल का उससे हल ढूंढा जा सकता है. इसलिये हमारी नम्र राय है कि सर्वोदय सम्मेलन बड़े से बड़े अन्तर क़ौमी मामलों पर चुप नहीं रह सकता. कोरिया की लड़ाई, बीमारी बम का इस्तेमाल, मलाया, ईरान, मिस्र, हिन्द-चीन जैसे सवालों पर भी सर्वोदय सम्मेलनों में वैसे ही खुली और साफ़-साफ़ बातें और विचारों का लेन देन होना चाहिये जैसे देश के अन्दर के समाजी और माली सवालों पर. तभी सर्वोदय आगे चल कर अपना असली रूप धारन कर सकता है.

9-5-52 —सुन्दरलाल

नैनीताल से राजधानी हटाइये

हमारे सूबे के अख़बारों में एक छोटी-सी ख़बर छपी है कि चार मार्च को यू. पी. सरकार की कैबिनेट ने तय किया कि जैसे पुराने वक़्तों में हुआ करता था, इस साल गर्मियों के दौरान में हमारे कांगरेसी मिनिस्टर नैनीताल चले जायेंगे, और उनके साथ साथ ऊँचे ऊँचे अफ़सर भी जायेंगे, सरकारी दफ़्तर भी जायेंगे. दूसरे लफ़्ज़ों में, गर्मियों में हमारे सूबे की राजधानी लखनऊ से हट कर नैनीताल चली आयेगी जैसा कि अंगरेज़ी ज़माने में हुआ करता था.

کام کرنے کے ڈھنگ اور طور طریقوں سے گہرا اسنتوش لگ بھگ سبھی بولنے والوں کے بھاشنوں میں زوروں کے ساتھ چمک رہا تھا ۔ اِس کا مطلب یہ ہے کہ ملک کو قانون کے ذریعہ حل کی آشا نہیں ہے ۔ پھر کیول ایک ہی طریقہ رہ جاتا ہے ۔ اگر سرکار نے اپنا فرض پورا نہ کیا تو دیش کے سیوکوں کو بہت جلدی غریبوں کو اُن کا حق دلانے کے لئے قیمت ادا کرنی ہوگی ۔ غلط راستے پر چلنے والی دیشی سرکار ہو یا ودیشی' دوسروں کا حق ہتھیانے والے دیشی پونجی پتی ہوں یا ودیشی' زمیندار ہوں یا ساہوکار سب کے مقابلے کے لئے گاندھی جی نے ہمیں راستہ بتا دیا ہے ۔ سروودے سمیلن میں بھی یہ بات صاف دکھائی دے رہی تھی کہ ملک بہت جلدی اِس راستے پر قدم بڑھاتا ہوا دکھائی دے گا ۔

(11) سیواپوری سمیلن میں کوئی پرستاؤ پاس نہیں ہوا ۔ یہ بات ہمیں ٹھیک ہی معلوم ہوتی ہے ۔ اِس طرح کے سمیلن پرستاو پاس کرنے کے لئے نہیں ہونے چاہئیں' بلکہ وچاروں کے لین دین اور ایک دوسرے کو سمجھنے سمجھانے کے لئے ہی ہونے چاہئیں ۔ پر سروودے ہماری رائے میں زندگی کی ایسی مکمل فلسفی ہے جو کسی بھی دوسری فلسفی کی جگہ لے سکتی ہے ۔ سماجی' مالی اور راجکاجی سب نگاہوں سے وہ پوری ہے اور اُس کے بنیادی اُصولوں کو سامنے رکھتے ہوئے ہر میدان میں ہر سوال کا اُس سے حل ڈھونڈھا جاسکتا ہے ۔ اِس لئے ہماری نمر رائے ہے کہ سروودے سمیلن بڑے سے بڑے انتر قومی معاملوں پر چپ نہیں رہ سکتا ۔ کوریا کی لڑائی' بیماری بم کا استعمال' ملایا' ایران' مصر' ہند چین جیسے سوالوں پر بھی سروودے سمیلنوں میں ویسے ہی کھلی اور صاف صاف باتیں اور وچاروں کا لین دین ہونا چاہئے جیسے دیش کے اندر کے سماجی اور مالی سوالوں پر ۔ تبھی سروودے آگے چل کر اپنا اصلی روپ دھارن کرسکتا ہے ۔

9-5-52 —سندرلال

نینی تال سے راجدھانی ہٹائیے

ہمارے صوبے کے اخباروں میں ایک چھوٹی سی خبر چھپی ہے کہ چار مارچ کو یو ۔ پی سرکار کی کیبنیٹ نے طے کیا کہ جیسے پرانے وقتوں میں ہوا کرتا تھا' اس سال گرمیوں کے دوران میں ہمارے کانگریسی منسٹر نینی تال چلے جائینگے اور اُن کے ساتھ ساتھ اونچے اونچے افسر بھی جائینگے' سرکاری دفتر بھی جائینگے ۔ دوسرے لفظوں میں' گرمیوں میں ہمارے صوبے کی راجدھانی لکھنؤ سے ہٹکر نینی تال چلی جائیگی جیسا کہ انگریزی زمانے میں ہوا کرتا تھا ۔

की आवाज़ इस तहरीक के पीछे है. जहां तक यह जा सके इससे मुल्क को फ़ायदा ही है. लेकिन दूसरी तरफ़ इस चाल से मुल्क अपने असली मक़सद तक नहीं पहुँच सकता. विनोबा जी को पिछले एक साल के अन्दर कुल एक लाख एकड़ ज़मीन मिली बताई जाती है. वह भी अधिकतर ग़रीब किसानों से, बड़े ज़मींदारों से नहीं. उसमें भी अधिकतर अभी केवल काग़ज़ी कारवाई हो है. और वह भी अधूरी, अगले दो साल में विनोबा जी ने पचीस लाख एकड़ का निशाना अपने सामने रखा हैं. सरकारें अपनी मुश्किलें बता ही रही हैं. अगर यह पचीस लाख किसी तरह पूरा भी हो गया तब भी इस से देश का ज़मीन का सवाल हल नहीं होता. विनोबा जी इसे देख रहे हैं. वह कहते हैं कि उनका काम अगर पांच सौ बरस में भी पूरा हो जाये तो उन्हें संतोश होगा. पर ज़ाहिर है दुनिया को इतना धीरज नहीं हो सकता. चीन जैसे बड़े देश ने एक साल के अन्दर और हमारे पड़ोसी कश्मीर ने कुछ महीनों के अन्दर ही अपने यहां के ज़मीन के सवाल को हल करके ख़त्म कर दिया और उसके नतीजों से फ़ायदा उठाना भी शुरू कर दिया. इनमें भी चीन के तरीक़े में थोड़ी बहुत हिंसा भले हो रहा हो, कश्मीर के तरीक़े में तो हिंसा नाम को भी न थी. यह तरीक़े अमली तरीक़े हैं. इनके मुक़ाबला में बड़े बड़े मुआवज़ों और क़ानूनी बहसों का तरीक़ा ग़लत, लम्बा और ग़रीबों के साथ बेइन्साफ़ी का तरीक़ा है.

सेवापुरी सम्मेलन में जो तक़रीरें हुईं उनसे यह साफ़ ज़ाहिर था कि देश के रचनात्मक काम करने वाले भी इस बारे में काफ़ी बेचैन है और गहराई के साथ सोच रहे हैं. एक भाई ने अपनी तक़रीर में कहा कि ख़ुद विनोबा जी के पोनार आश्रम में कम से कम दो आश्रम वासियों ने यह राय ज़ाहिर की थी कि अगर चीन ने एक साल के अन्दर अपने ज़मीन के सवाल को हल कर लिया और उसमें थोड़ा बहुत अहिंसा के उसूल का उल्लंघन भी हुआ हो तब भी हमें पीढ़ियों इन्तज़ार करने के बजाय उसी तरीक़े पर चलकर एक बार अपने इस सवाल को हल कर लेना चाहिये. इसी तरह की धुन सम्मेलन की और तक़रीरों में भी सुनाई दे रही थी.

आख़िर में ज़मीन के सवाल को हल करने के दो ही अमली तरीक़े हो सकते हैं. एक क़ानून का तरीक़ा और दूसरा गांधी जी का बताया हुआ सत्याग्रह का तरीक़ा. विनोबा जी का काम राह दिखाना और हवा तैयार करना है इससे ज़ियादा नहीं. सम्मेलन की अधिकतर तक़रीरों से यह भी साफ़ ज़ाहिर था कि लोग इस बारे में आज-कल की सरकारों से कोई आशा नहीं रखते. सरकार के

کی آواز اِس تحریک کے پیچھے ہے ۔ جہاں تک یہ جا سکے اِس سے ملک کو فائدہ ہی ہے ۔ لیکن دوسری طرف اِس چال سے ملک اپنے اصلی مقصد تک نہیں پہونچ سکتا ۔ ونوبا جی کو پچھلے ایک سال کے اندر کل ایک لاکھ ایکڑ زمین ملی بتائی جاتی ہے ۔ وہ بھی ادھک تر غریب کسانوں سے، بڑے زمینداروں سے نہیں ۔ اُس میں بھی ادھک تر ابھی کیول کاغذی کاروائی ہی ہے اور وہ بھی ادھوری ۔ اگلے دو سال میں ونوبا جی نے پچیس لاکھ ایکڑ کا نشانہ اپنے سامنے رکھا ہے ۔ سرکاریں اپنی مشکلیں بتا ہی رہی ہیں ۔ اگر یہ پچیس لاکھ کسی طرح پورا بھی ہوگیا تب بھی اِس سے دیش کا زمین کا سوال حل نہیں ہوتا ۔ ونوبا جی اسے دیکھ رہے ہیں ۔ وہ کہتے ہیں کہ اُن کا کام اگر پانچسو برس میں بھی پورا ہو جائے تو انہیں سنتوش ہوگا ۔ پر ظاہر ہے دنیا کو اتنا دھیرج نہیں ہوسکتا ۔ چین جیسے بڑے دیش نے ایک سال کے اندر اور ہمارے پڑوسی کشمیر نے کچھ مہینوں کے اندر ہی اپنے یہاں کے زمین کے سوال کو حل کرکے ختم کر دیا اور اُس کے نتیجوں سے فائدہ اُٹھانا بھی شروع کر دیا ۔ اِن میں بھی چین کے طریقے میں تھوڑی بہت ہنسا بھلے ہی رہی ہو، کشمیر کے طریقے میں تو ہنسا نام کو بھی نہ تھی ۔ یہ طریقے عملی طریقے ہیں ۔ اِن کے مقابلہ میں بڑے بڑے معاوضوں اور قانونی بحثوں کا طریقہ غلط، لمبا اور غریبوں کے ساتھ بےانصافی کا طریقہ ہے ۔

سیواپوری سمیلن میں جو تقریریں ہوئیں اُن سے یہ صاف ظاہر تھا کہ دیش کے رچناتمک کام کرنے والے بھی اِس بارے میں کافی بے چین ہیں اور گہرائی کے ساتھ سوچ رہے ہیں ۔ ایک بھائی نے اپنی تقریر میں کہا کہ خود ونوبا جی کے پونار آشرم میں کم سے کم دو آشرم واسیوں نے یہ رائے ظاہر کی تھی کہ اگر چین نے ایک سال کے اندر اپنے زمین کے سوال کو حل کر لیا اور اُس میں تھوڑا بہت اہنسا کے اصول کا اُلنگھن بھی ہوا ہو تب بھی ہمیں پیڑھیوں کا انتظار کرنے کے بجائے اُسی طریقے پر چل کر ایک بار اپنے اِس سوال کو حل کرلینا چاہئے ۔ اِسی طرح کی دھن سمیلن کی اور تقریروں میں بھی سنائی دے رہی تھی ۔

آخیر میں زمین کے سوال کو حل کرنے کے دو ہی عملی طریقے ہوسکتے ہیں ۔ ایک قانون کا طریقہ اور دوسرا گاندھی جی کا بتایا ہوا ستیاگرہ کا طریقہ ۔ ونوبا جی کا کام راہ دکھانا اور ہوا تیار کرنا ہے اِس سے زیادہ نہیں ۔ سمیلن کی ادھک تر تقریروں سے یہ بھی صاف ظاہر تھا کہ لوگ اِس بارے میں آجکل کی سرکاروں سے کوئی آشا نہیں رکھتے ۔ سرکار کے

अपने भाशन में यह भी कहा कि कांगरेस की गिरी हुई हालत में भी कांगरेस के जल्सों में जितने मुसलमान और दूसरे धर्मों के लोग दिखाई दे जाते हैं सर्वोदय सम्मेलन में उतने भी दिखाई नहीं देते. बात बिल्कुल सच्ची और दुख देने वाली है. हम इस के लिये किसी को दोशी नहीं ठहराते. बिनोबा जी का अपना दिल इस बारे में बिल्कुल साफ़ है. वह अपने भाशनों में मुहम्मद साहब की ज़िन्दगी और क़ुरान और दूसरे धर्मों की किताबों से हवाले भी देते रहते हैं. उन्होंने क़ुरान को अच्छी तरह पढ़ा है. उसका उनके दिल में आदर है. पर उनकी तालीम और तरबियत अधिकतर हिन्दू शास्त्रों, पुरानों और हिन्दू परम्पराओं पर हुई हैं. उनके भाशनों और उनकी बातों में उस रंग का अधिक होना क़ुदरती है. यह लगभग वैसा ही है जैसा अगर मौलाना हुसेन अहमद मिदनी जैसा सच्चा एकता प्रेमी देश भक्त इस तरह की तहरीक का अगुवा होता तो उसकी बातों में इस्लामी रंग अधिक होता ही. भोजनालय में वेद मंत्र से भोजन का शुरू किया जाना ही उसी तरह का असर पैदा करता है. हमें मा'लूम है कि कुछ फ़िरक़ापरस्त हिन्दुओं ने इससे ग़लत फ़ायदा उठाने की भी कोशिश की है और यह कोशिशें जारी हैं. जिस भाई के भाशन की तरफ़ हमने ऊपर इशारा किया है उसने उसी भाशन में यह भी कहा था कि सम्मेलन में काम आने वाली भाशा न गांधी जी की हिन्दुस्तानी थी, और न उत्तर प्रदेश की जनता की बोली थी. वह थी संस्कृत भरी पंडिताऊ भाशा. हमें विश्वास है कि आस पास के गांव के जो अनपढ़ या कम पढ़े लोग वहां आए थे उनके पल्ले आधे से अधिक भाशनों में कुछ भी नहीं पड़ सका. इन बातों में भी क़सूर हमारी तालीम और तरबियत का है. हमने अभी तक अपने रहन सहन, रंग ढंग, बोली और विचारों तक में एकता की वह लगन, वह सच्चा सर्वधर्म संभाव और वह यगानगत पैदा नहीं की जिसके बिना कोई सच्चा सेकूलर राज नहीं चल सकता और जिस के बिना आज कल का कोई ऐसा देश जिसमें अलग अलग धर्मों के लोग रहते हों सच्चे मानों में आज़ाद और ख़ुशहाल नहीं हो सकता. सच्ची इनसानी एकता का भी यही रास्ता है. गांधी जी इस पर तेज़ी से बढ़ रहे थे. इसी पर चलकर और इसी के लिये उन्होंने अपनी जान दी. हम अभी इस रास्ते से कोसों दूर हैं. हमें कोशिश कर के अपने पैर उधर को मोड़ने हैं.

(10) बिनोबा जी का भूदान यज्ञ एक बेलाग और पाक कोशिश है. हमें यह भी विश्वास है कि सरकारें या फ़िरक़ापरस्त जमाअतें कोशिश करने पर भी इस तहरीक से बेजा फ़ायदा नहीं उठा सकेंगी. आख़िरी नतीजे में यह तहरीक उनकी ग़लत फ़हमियों को भी दूर करेगी. जनता

پے بھاشن میں یہ بھی کہا کہ کانگریس کی گری ہوئی حالت میں بھی کانگریس کے جلسوں میں جتنے مسلمان اور دوسرے دھرموں کے لوگ دکھائی دے جاتے ہیں سروودے سمیلن میں اتنے بھی دکھائی نہیں دیتے . بات بالکل سچی اور دکھ دینے والی ہے . ہم اس کے لئے کسی کو دوشی نہیں ٹھہراتے . ونوبا جی کا اپنا دل اس بارے میں بالکل صاف ہے . وہ اپنے بھاشنوں میں محمد صاحب کی زندگی اور قرآن اور دوسرے دھرموں کی کتابوں سے حوالے بھی دیتے رہتے ہیں . انہوں نے قرآن کو اچھی طرح پڑھا ہے . اس کا ان کے دل میں آدر ہے . پر ان کی تعلیم اور تربیت ادھک تر ہندو شاشتروں' پرانوں اور ہندو پرمپراؤں پر ہوئی ہے . ان کے بھاشنوں اور ان کی باتوں میں اس رنگ کا ادھک ہونا قدرتی ہے . یہ لگ بھگ ویسا ہی ہے جیسا اگر مولانا حسین احمد مدنی جیسا سچا ایکتا پریمی دیش بھکت اس طرح کی تحریک کا اگوا ہوتا تو اس کی باتوں میں اسلامی رنگ ادھک ہوتا ہی . بھوجنالیہ میں ویدمنتر سے بھوجن کا شروع کیا جانا ہی اسی طرح کا اثر پیدا کرتا ہے . ہمیں معلوم ہے کچھ فرقہ پرست ہندوؤں نے اس سے غلط فائدہ اٹھانے کی بھی کوشش کی ہے اور یہ کوششیں جاری ہیں . جس بھائی کے بھاشن کی طرف ہم نے اوپر اشارہ کیا ہے اس نے اسی بھاشن میں یہ بھی کہا تھا کہ سمیلن میں کام آنے والی بھاشا نہ گاندھی جی کی ہندستانی تھی' اور نہ اتر پردیش کی جنتا کی بولی تھی . وہ تھی سنسکرت بھری پنڈتاؤ بھاشا . ہمیں وشواس ہے کہ آس پاس کے گاؤں کے جو ان پڑھ یا کم پڑھے لوگ وہاں آئے تھے ان کے پلے آدھے سے ادھک بھاشنوں میں کچھ بھی نہیں پڑسکا . ان باتوں میں بھی قصور ہماری تعلیم اور تربیت کا ہے . ہم نے ابھی تک اپنے رہن سہن' رنگ ڈھنگ' بولی اور وچاروں تک میں ایکتا کی وہ لگن' وہ سچا سرودھرم سمبھاو اور وہ یگانگت پیدا نہیں کی جس کے بنا کوئی سچا سیکولر راج نہیں چل سکتا اور جس کے بنا آجکل کا کوئی ایسا دیش جس میں الگ الگ دھرموں کے لوگ رہتے ہوں سچے معنوں میں آزاد اور خوشحال نہیں ہوسکتا . سچی انسانی ایکتا کا بھی یہی راستہ ہے . گاندھی جی اس پر تیزی سے بڑھ رہے تھے . اسی پر چل کر اور اسی کے لئے انہوں نے اپنی جان دی . ہم ابھی اس راستے سے کوسوں دور ہیں . ہمیں کوشش کرکے اپنے پیر ادھر کو موڑنے ہیں .

(10) ونوبا جی کا بھودان یگیہ ایک بے لاگ اور پاک کوشش ہے . ہمیں یہ بھی وشواس ہے کہ سرکاریں یا فرقہ پرست جماعتیں کوشش کرنے پر بھی اس تحریک سے بے جا فائدہ نہیں اٹھا سکیں گی . آخری نتیجے میں یہ تحریک ان کی غلط فہمیوں کو بھی دور کرے گی . جنتا

हमारी राय

(6) सरकार जहां तहां विनोबा जी की तहरीक से फ़ायदा उठा कर देश पर अपने असर और अपनी ताक़त को और अधिक मज़बूत कर लेने की भी कोशिश में है. मिसाल के तौर पर उत्तर प्रदेश की सरकार का सूबे भर की पंचायतों को हुक्म देना कि वह हर गांव पीछे पांच-पांच एकड़ ज़मीन विनोबा जी को दिलवाएँ. इसी तरह की एक कोशिश मालूम हुई है. ज़ियादातर पंचायतें सरकारी लोगों के हाथों और असर में हैं. आम जनता उन्हें अपने लिये ऐसा ही समझती है जैसा दूसरे सरकारी महकमों को. इसलिये इस तरह के सरकारी हुक्म का क़ुदरती नतीजा हुआ कि सरकार के असर को मज़बूत करना और ख़िलाफ़ अंसुरों को क़ाबू में रखना.

(7) इसमें कोई शक नहीं कि जो लोग विनोबा जी को ज़मीन दे रहे हैं उनमें कुछ बहुत ही नेक दिली और त्याग की भावना से ऐसा कर रहे हैं. लेकिन कुछ लोगों के दान में दूसरी भावनाएं भी काम कर रही हैं. विनोबा जी ने ख़ुद अपने एक भाषन में इसका ज़िक्र किया था. बनारस के कुछ लोगों की तरफ़ से जो एक ऐडरस सम्मेलन में पढ़ा गया था उसमें भी यह साफ़ कहा गया था कि इस भूदान में काफ़ी हिस्सा दबाव का है. सरकारी हुक्म के अधीन दान आमतौर पर सच्चा दान नहीं कहा जा सकता. और न इस तरह की तहरीक को फल सकता है.

(8) आज कल की हमारी कुछ सरकारें कम्युनिस्टों से बेहद डरी हुई हैं. हम इस डर को ग़लत, बेबुनियाद और अपने विरोध को दबाने का बहाना मानते हैं. विनोबा जी कभी कभी कुछ असूली बातों को सामने रखते हुये सर्वोदय और कम्युनिज़्म का फ़र्क़ बताते रहते हैं और कहते हैं कि अगर सर्वोदय का यानी अहिंसा का तरीक़ा मुल्क के ग़रीबों को उनका हक़ दिलाने में कामयाब न हुआ तो फिर डर है लोग हिंसा के ग़लत तरीक़े से काम लें. उनके दाएं बायें के कुछ लोग उनके कहने से ग़लत फ़ायदा उठा कर कहीं कहीं जनता को यह डराते हैं कि अगर तुमने विनोबा जी की बात न मानी तो जो गत कोरिया और चीन जैसे मुल्कों की बन चुकी है वही तुम्हारी भी बनेगी. इन तक़रीरों में कम्युनिस्टों से मुल्क को ख़तरा दिखाया जाता है. इस तरह की तक़रीरें अख़बारों तक में आ चुकी हैं. हो सकता है इस तरह की तक़रीरों से सरकार को कम्युनिस्टों के दबाने में कुछ मदद मिलती हो लेकिन विनोबा जी की पाक तहरीक का यह पहलू न सचाई से मेल खाता है और न इस से तहरीक का मान बढ़ता है.

(9) सेवापुरी सम्मेलन में एक बात हमें यह भी दिखाई दे रही थी कि वहां की हवा और रंग ढंग ज़रूरत से ज़ियादा हिन्दू रंग लिये हुये थे. एक समझदार भाई ने

ھماری رائے

(6) سرکار جہاں تہاں ونوبا جی کی تحریک سے فائدہ اُٹھا کر دیش پر اپنے اثر اور اپنی طاقت کو اور ادھک مضبوط کر لینے کی بھی کوشش میں ہے . مثال کے طور پر اُتر پردیش کی سرکار کا صوبے بھر کی پنچائتوں کو حکم دینا کہ وہ ہر گاؤں پیچھے پانچ ایکڑ زمین ونوبا جی کو دلوائیں . اسی طرح کی ایک کوشش معلوم ہوئی ہے . زیادہ تر پنچائتیں سرکاری لوگوں کے ہاتھوں اور اثر میں ہیں . عام جنتا انہیں اپنے لئے ایسا ہی سمجھتی ہے جیسا دوسرے سرکاری محکموں کو . اس لئے اِس طرح کے سرکاری حکم کا قدرتی نتیجہ ہوا کہ سرکار کے اثر کو مضبوط کرنا اور خلاف عنصروں کو قابو میں رکھنا .

(7) اِس میں کوئی شک نہیں کہ جو لوگ ونوبا جی کو زمین دے رہے ہیں ان میں کچھ بہت ہی نیک دلی اور تیاگ کی بھاونا سے ایسا کر رہے ہیں . لیکن کچھ لوگوں کے دان میں دوسری بھاونائیں بھی کام کر رہی ہیں . ونوبا جی نے خود اپنے ایک بھاشن میں اِس کا ذکر کیا تھا . بنارس کے کچھ لوگوں کی طرف سے جو ایک ایڈریس سمیلن میں پڑھا گیا تھا اُسمیں بھی یہ صاف کہا گیا تھا کہ اِس بھودان میں کافی حصہ دباؤ کا ہے . سرکاری حکم کے ادھین دان عام طور پر سچا دان نہیں کہا جا سکتا اور نہ اِس طرح کی تحریک کو پھل سکتا ہے .

(8) آجکل کی ہماری کچھ سرکاریں کمیونسٹوں سے بے حد ڈری ہوئی ہیں . ہم اِس ڈر کو غلط' بے بنیاد اور اپنے وِرودھ کو دبانے کا بہانہ مانتے ہیں . ونوبا جی کبھی کبھی کچھ اُصولی باتوں کو سامنے رکھتے ہوئے سرودے اور کمیونزم کا فرق بتاتے رہتے ہیں اور کہتے ہیں کہ اگر سرودے کا یعنی اہنسا کا طریقہ ملک کے غریبوں کو ان کا حق دلانے میں کامیاب نہ ہوا تو پھر ڈر ہے لوگ ہنسا کے غلط طریقے سے کام لیں . اُن کے دائیں بائیں کے کچھ لوگ اُن کے کہنے سے غلط فائدہ اُٹھا کر کہیں کہیں جنتا کو یہ ڈراتے ہیں کہ اگر تم نے ونوبا جی کی بات نہ مانی تو جو گت کوریا اور چین جیسے ملکوں کی بن چکی ہے وہی تمہاری بھی بنیگی . اِن تقریروں میں کمیونسٹوں سے ملک کو خطرہ دکھایا جاتا ہے . اِس طرح کی تقریریں اخباروں تک میں آ چکی ہیں . ہو سکتا ہے اس طرح کی تقریروں سے سرکار کو کمیونسٹوں کے دبانے میں کچھ مدد ملتی ہو لیکن ونوبا جی کی پاک تحریک کا یہ پہلو نہ سچائی سے میل کھاتا ہے اور نہ اس سے تحریک کا مان بڑھتا ہے .

(9) سیواپوری سمیلن میں ایک بات ہمیں یہ بھی دکھائی دے رہی تھی کہ وہاں کی ہوا اور رنگ ڈھنگ ضرورت
[illegible]

उनके दिल में सबके भलाई की चिन्ता और एक दर्जे तक उनकी सच्ची सूझ बूझ में भी किसी तरह का शक नहीं हो सकता. कम ही सही लेकिन गांधी जी जैसी कर्मठता और सत्य की खोज विनोबा जी में साफ़ चमक रही थी.

(4) अपने और सरकार के फ़र्क़ को भी विनोबा जी ने खास कर अपने आखिरी भाशन में काफ़ी साफ़ कर दिया था. उनके कहने का निचोड़ यह था कि सर्वोदय की बुनियाद अहिंसा पर है और सरकारी योजनाओं की बुनियाद हिंसा पर है. सरकार अपने हाथों में बहुत सी ताक़त रखना चाहती है और हमेशा के लिये रखना चाहती है. इस के खिलाफ़ सर्वोदय चाहता है कि सरकार के हाथ में कम से कम ताक़त हो और जनता के हाथों में ज़ियादा से ज़ियादा ताक़त हो. सरकार की ताक़त दिन-दिन घटती रहनी चाहिये और जनता की ताक़त दिन दिन बढ़ती रहनी चाहिये. यहां तक कि एक दिन राज या सरकार बिल्कुल ख़त्म हो जाए और सारी ताक़त जनता के ही हाथों में आ जाए. यही उन्होंने सर्वोदय का असली और आखिरी मक़सद बताया यानी बिना सरकार और बिना फ़ौज की दुनिया. हमारी सरकार यह सब नहीं मानती और कम से कम इसका उल्टा ही चलती है. विनोबा ने यह भी कहा कि जब तक सरकार अपने हाथों में सब ताक़त रखने पर और फ़ौजों और हथियारों पर विश्वास रखती है और 'अहिंसा' शब्द मुंह से निकालती रहती है तब तक उसकी हालत ऐसी ही है जैसे "बग़ल में छुरी और मुंह में राम-राम."

हमने विनोबा जी के यह विचार अपने शब्दों में दिये हैं. हो सकता है कि अगर यह लेख उनके सामने रखा जाय तो वह ऊपर का कोई शब्द बदलना पसंद करें. पर "बग़ल में छुरी और मुँह में राम राम" उन्हीं का फ़िक़रा है. अपनी शक्ति भर हमने उनके ठीक-ठीक विचार पेश किये हैं. हम ख़ुद भी इन विचारों को ठीक मानते हैं. सर्वोदय का अगर कोई आख़री मक़सद हो सकता है तो वही है जो विनोबा जी ने बताया.

(5) सरकारी लोगों की तक़रीरों से साफ़ ज़ाहिर था कि हमारी सरकार विनोबा जी की इस कोशिश को कि सब बे ज़मीन किसानों को ज़मीनें मिल जायें कड़ी हदों के अन्दर रखना चाहती है. लोगों में ज़मीनों के इस तरह के बंटवारे के वह ख़िलाफ़ है. बड़े से बड़े पैमाने पर बड़ी से बड़ी मशीनों के ज़रिये जिस तरह की चकबन्दी करके सरकार खेती कराना चाहती है उसकी भलाई बुराई की बहस हम यहां नहीं कर रहे हैं. यहां हम सिर्फ़ इतना कहना चाहते हैं कि इस बारे में सरकार की राय और विनोबा जी की राय में फ़र्क़ है और हम ख़ुद सरकार की राय को ग़लत और मुल्क के लिये बुरा समझते हैं.

اُن کے دل میں سب کے بھلائی کی چنتا اور ایک درجے تک اُن کی سچی سوجھ بوجھ میں بھی کسی طرح کا شک نہیں ہو سکتا . کم ہی صحیح لیکن گاندھی جی جیسی کرمٹھتا اور ستیہ کی کھوج ونوبا جی میں صاف چمک رہی تھی .

(4) اپنے اور سرکار کے فرق کو بھی ونوبا جی نے خاص کر اپنے آخری بھاشن میں کافی صاف کر دیا تھا . اُن کے کہنے کا نچوڑ یہ تھا کہ سروودے کی بنیاد اہنسا پر ہے اور سرکاری یوجناؤں کی بنیاد ہنسا پر ہے . سرکار اپنے ہاتھوں میں بہت سی طاقت رکھنا چاہتی ہے اور ہمیشہ کے لئے رکھنا چاہتی ہے . اِس کے خلاف سروودے چاہتا ہے کہ سرکار کے ہاتھ میں کم سے کم طاقت ہو اور جنتا کے ہاتھوں میں زیادہ سے زیادہ طاقت ہو . سرکار کی طاقت دن دن گھٹتی رہنی چاہئے اور جنتا کی طاقت دن دن بڑھتی رہنی چاہئے . یہاں تک کہ ایک دن راج یا سرکار بالکل ختم ہو جائے اور ساری طاقت جنتا کے ہی ہاتھوں میں آ جائے . یہی اُنہوں نے سروودے کا اصلی اور آخری مقصد بتایا یعنی بنا سرکار اور بنا فوج کی دنیا . ہماری سرکار یہ سب نہیں مانتی اور کم سے کم اِسکا اُلٹا ہی چلتی ہے . ونوبا جی نے یہ بھی کہا کہ جب تک سرکار اپنے ہاتھوں میں سب طاقت رکھنے پر اور فوجوں اور ہتھیاروں پر وشواس رکھتی ہے اور 'اہنسا' شبد منھ سے نکالتی رہتی ہے تب تک اُسکی حالت ایسی ہی ہے جیسے " بغل میں چھری اور منھ میں رام رام ."

ہم نے ونوبا جی کے یہ وچار اپنے شبدوں میں دیئے ہیں . ہو سکتا ہے کہ اگر یہ لیکھ اُن کے سامنے رکھا جائے تو وہ اوپر کا کوئی شبد بدلنا پسند کریں . پر " بغل میں چھری اور منھ میں رام رام " اُنہیں کا فقرہ ہے . اپنی شکتی بھر ہم نے اُن کے ٹھیک ٹھیک وچار پیش کئے ہیں . ہم خود بھی اِن وچاروں کو ٹھیک مانتے ہیں . سروودے کا اگر کوئی آخری مقصد ہو سکتا ہے تو وہی ہے جو ونوبا جی نے بتایا .

(5) سرکاری لوگوں کی تقریروں سے صاف ظاہر تھا کہ ہماری سرکار ونوبا جی کی اِس کوشش کو کہ سب بےزمین کسانوں کو زمینیں مل جائیں کڑی حدوں کے اندر رکھنا چاہتی ہے . لوگوں میں زمینوں کے اِس طرح کے بٹوارے کے وہ خلاف ہے . بڑے سے بڑے پیمانے پر بڑی سے بڑی مشینوں کے ذریعہ جس طرح کی چک بندی کر کے سرکار کھیتی کرانا چاہتی ہے اُسکی بھلائی برائی کی بحث ہم یہاں نہیں کر رہے ہیں . یہاں ہم صرف اتنا کہنا چاہتے ہیں کہ اِس بارے میں سرکار کی رائے اور ونوبا جی کی رائے میں فرق ہے اور ہم خود سرکار کی رائے کو غلط اور ملک کے لئے برا سمجھتے ہیں .

...श की जाये. अगले साल एक कुल भारत सम्मेलन ...जो पहला सर्वोदय सम्मेलन कहलाया. उसी सिलसिले ...रकार की पांच साला योजना के जवाब में एक ...य योजना भी मुल्क के सामने रक्खी गई. उसी ...सिले में आगे चल कर विनोबा जी ने अपना 'भूदान ... शुरू किया. हर साल सर्वोदय सम्मेलन भी होते ...न में सेवापुरी सम्मेलन चौथा सम्मेलन था.

...वापुरी सम्मेलन में देश के अलग अलग प्रान्तों से ...र लगभग डेढ़ हज़ार सेवक और लगभग उतने ही ... शामिल हुये थे. सेवकों में अधिकतर ऐसे थे जो ... अपनी जगह गांधी जी के बताये तरह तरह के ...मक कामों में लगे हुये हैं. इन तीन हज़ार के ...वा दो तीन हज़ार स्त्री पुरुश आस पास के गांवों ... जलसों में शरीक होते रहते थे. सम्मेलन में खास विनोबा जी के भूदान यज्ञ पर हुई और अगले साल ...ये उसकी तैयारियां की गईं.

...र्वोदय और विनोबा जी के भूदान यज्ञ के बारे में ... तरह तरह के विचार फैले हुये हैं. तीन दिन तक ...री सम्मेलन में रह कर हम जिन नतीजों पर पहुंचे ...ह हैं :—

1) सम्मेलन में जो सेवक जमा हुये थे उनमें से ...तर सेवक सच्चे, त्यागी और लगन से काम करने ...थे. यह देख कर दिल को कुछ संतोश होता था कि ...जी के बाद देश में अभी तक इतने सच्चे काम करने ...ौजूद हैं. इनमें भी अधिकतर वह थे जिनका कांगरेस ...स सम्बन्ध नहीं है. कुछ कांगरेसी भी थे. दोनों में ...फ़ दिखाई देता था.

2) इन काम करने वालों के अलावा सम्मेलन में सरकार के आदमी भी थे, जिन में दिल्ली सरकार ... वज़ीर और अफ़सर और कुछ प्रान्तीय सरकारों ...र वग़ैरा भी थे. उनमें से कई ने सम्मेलन में हिस्सा ...और बोले भी. यहां भी सरकारी और ग़ैर सरकारी ...में फ़र्क़ साफ़ दिखाई देता था. सरकारी लोग ...जी के भूदान यज्ञ और खास कर उसके असली ... के पूरा होने में तरह तरह की कठिनाइयाँ बताते ...के और विनोबा जी के या सर्वोदय के सोचने के ...में भी फ़र्क़ था. आज कल की अंतरक़ौमी भाशा ...लोग सरकार की तरफ़ से 'आबज़रवर' की तरह ... मुग़ल बादशाहों की बोली में 'ख़बर रसां.'

...) जिस किसी ने सम्मेलन की सारी कार्यवाही ...न से देखा और विनोबा जी की सब तक़रीरों को ... ...जी की सच्चाई, बेग़र्ज़ी, ज़बरदस्त लगन,

کوشش کی جائے . اگلے سال ایک کل بھارت سمیلن ہوا جو پہلا سرودے سمیلن کہلایا . اسی سلسلے میں سرکار کی پانچسالہ یوجنا کے جواب میں ایک سرودے یوجنا بھی ملک کے سامنے رکھی گئی . اسی سلسلے میں آگے چل کر ونوبا جی نے اپنا ' بھودان یگیہ ' شروع کیا . ہر سال سرودے سمیلن بھی ہوتے رہے جن میں سیواپوری سمیلن چوتھا سمیلن تھا .

سیوا پوری سمیلن میں دیش کے الگ الگ پرانتوں سے آ کر لگ بھگ ڈیڑھ ہزار سیوک اور لگ بھگ اتنے ہی درشک شامل ہوئے تھے . سیوکوں میں ادھک تر ایسے تھے جو اپنی اپنی جگہ گاندھی جی کے بتائے طرح طرح کے رچناتمک کاموں میں لگے ہوئے ہیں . ان تین ہزار کے علاوہ دو تین ہزار استری پرش آس پاس کے گاؤں کے بھی جلسوں میں شریک ہوتے رہتے تھے . سمیلن میں خاص چرچا ونوبا جی کے بھودان یگیہ پر ہوئی اور اگلے سال کے لئے اس کی تیاریاں کی گئیں .

سرودے اور ونوبا جی کے بھودان یگیہ کے بارے میں دیش میں طرح طرح کے وچار پھیلے ہوئے ہیں . تین دن تک سیوا پوری سمیلن میں رہ کر ہم جن نتیجوں پر پہنچے وہ یہ ہیں :—

(1) سمیلن میں جو سیوک جمع ہوئے تھے ان میں سے ادھک تر سیوک سچے ' تیاگی اور لگن سے کام کرنے والے تھے . یہ دیکھکر دل کو کچھ سنتوش ہوتا تھا کہ گاندھی جی کے بعد دیش میں ابھی تک اتنے سچے کام کرنے والے موجود ہیں . ان میں بھی ادھک تر وہ تھے جن کا کانگریس سے خاص سمبندھ نہیں ہے . کچھ کانگریسی بھی تھے . دونوں میں فرق صاف دکھائی دیتا تھا .

(2) ان کام کرنے والوں کے علاوہ سمیلن میں کچھ سرکار کے آدمی بھی تھے ' جن میں دلی سرکار کے کچھ وزیر اور افسر اور کچھ پرانتکی سرکاروں کے وزیر وغیرہ بھی تھے . ان میں سے کئی نے سمیلن میں حصہ لیا اور بولے بھی . یہاں بھی سرکاری اور غیر سرکاری لوگوں میں فرق صاف دکھائی دیتا تھا . سرکاری لوگ ونوبا جی کے بھودان یگیہ اور خاصکر اس کے اصلی مقصد کے پورا ہونے میں طرح طرح کی کٹھنائیاں بتاتے تھے . ان کے اور ونوبا جی کے یا سرودے کے سوچنے کے طریقوں میں بھی فرق تھا . آجکل کی انتر قومی بھاشا میں یہ لوگ سرکار کی طرف کے ' آبزرور ' کی طرح تھے اور مغل بادشاہوں کی بولی میں 'خبر رساں' .

(3) جس کسی نے سمیلن کی ساری کاروائی کو دھیان سے دیکھا اور ونوبا جی کی سب تقریروں کو سنا [illegible]

हमारी राय

ہماری رائے

सर्वोदय सम्मेलन

तेरह, चौदह और पन्द्रह अप्रैल सन 52 को सेवापुरी ला बनारस में कुल भारत सर्वोदय सम्मेलन का जलसा आ. हम उसमें शरीक थे. 'सर्वोदय' संस्कृत का शब्द है. धी जी ने इसे अपनी किताबों में बरता है. इसके मानी सब की बढ़ोती, सब की भलाई या सब का विकास.

इस तरह के सर्वोदय सम्मेलन देश में चार साल से शुरू ए हैं. गांधी जी के उठ जाने के कुछ दिन बाद वर्धा में ा के रचनात्मक काम करने वालों की एक कानफ्रेंस हुई ी. गांधी जी उसमें जाने वाले थे. कानफ्रेंस के सामने वह पनी यह तजवीज़ रखने वाले थे कि कांगरेस का काम अब चुका इसलिये कांगरेस को खत्म करके सब कांगरेसियों हकूमत दूसरे देशवासियों के सुपुर्द करके खुद रकारी ओहदों से निकल आना चाहिये और बाहर के ूरे सेवकों के साथ मिलकर गांव गांव की जनता में चे से वह ताक़त पैदा करनी चाहिये जिससे जनता रकार के सहारे न रह कर अपने पैरों पर खड़ी हो सके ौर सरकार को भी अपनी राय के मुताबिक़ चला सके. धी जी की राय में राज काजी आज़ादी के साथ साथ ल्क में समाजी और माली आज़ादी लाने का यही ीक़ा हो सकता था.

गांधी जी की यह भी राय थी कि अगर कांगरेस इस ाम को न करे तो कांगरेस से अलग हो कर रचनात्मक ाम करने वालों को यह काम अपने हाथ में लेना ाहिये.

गांधी जी के बाद कानफ्रेंस वर्धा में हुई. उसमें बहुत ी बातें हुईं. कुछ काम की बातें भी हुईं. पर गांधी जी ी वह तजवीज़ सामने न आई. क्योंकि जिन लोगों के ाथों में उस नई कानफ्रेंस की बाग थी उन्हें गांधी जी ी उस तजवीज़ में विश्वास नहीं था.

कानफ्रेंस के बाद कुछ लोगों को यह सूझा कि गांधी ी की उस तजवीज़ का थोड़ा बहुत अमली रूप देने की

سروودے سمیلن

تیرہ، چودہ اور پندرہ اپریل سن 52 کو سیوا پوری ضلع بنارس میں کل بھارت سروودے سمیلن کا جلسہ ہوا. ہم اس میں شریک تھے. ' سروودے ' سنسکرت کا شبد ہے. گاندھی جی نے اسے اپنی کتابوں میں برتا ہے. اس کے معنی ہیں سب کی بڑھوتی، سب کی بھلائی یا سب کا وکاس.

اس طرح کے سروودے سمیلن دیش میں چار سال سے شروع ہوئے ہیں. گاندھی جی کے اٹھ جانے کے کچھ دن بعد وردھا میں دیش کے رچناتمک کام کرنے والوں کی ایک کانفرنس ہوئی تھی. گاندھی جی اس میں جانے والے تھے. کانفرنس کے سامنے وہ اپنی یہ تجویز رکھنے والے تھے کہ کانگریس کا کام اب ہوچکا اس لئے کانگریس کو ختم کر کے سب کانگریسیوں کو حکومت دوسرے دیش واسیوں کے سپرد کر کے خود سرکاری عہدوں سے نکل آنا چاہئے اور باہر کے دوسرے سیوکوں کے ساتھ مل کر گاؤں گاؤں کی جنتا میں نیچے سے وہ طاقت پیدا کرنی چاہئے جس سے جنتا سرکار کے سہارے نہ رہ کر اپنے پیروں پر کھڑی ہوسکے اور سرکار کو بھی اپنی رائے کے مطابق چلا سکے. گاندھی جی کی رائے میں راج کاجی آزادی کے ساتھ ساتھ ملک میں سماجی اور مالی آزادی لانے کا یہی طریقہ ہو سکتا تھا.

گاندھی جی کی یہ بھی رائے تھی کہ اگر کانگریس اس کام کو نہ کرے تو کانگریس سے الگ ہو کر رچناتمک کام کرنے والوں کو یہ کام اپنے ہاتھ میں لینا چاہئے.

گاندھی جی کے بعد کانفرنس وردھا میں ہوئی. اس میں بہت سی باتیں ہوئیں. کچھ کام کی باتیں بھی ہوئیں. پر گاندھی جی کی وہ تجویز سامنے نہ آئی. کیونکہ جن لوگوں کے ہاتھوں میں اس نئی کانفرنس کی باگ تھی انہیں گاندھی جی کی اس تجویز میں وشواس نہیں تھا.

کانفرنس کے بعد کچھ لوگوں کو یہ سوجھا کہ گاندھی جی کی اس تجویز کو تھوڑا بہت عملی روپ دینے کی

3. मास्को में जग आर्थिक कान्फ्रेंस शुरू हुई. नीशिया में तीन सौ गिरफ़्तारियां. लाल चीन पर ला करने के लिये च्यांगी फ़ौज की तैयारी.

4. यूनो की हिफ़ाज़ती कौन्सिल में फ़्रांस ने नीशिया के मसले को शामिल करने के सुझाव का ोध किया. अमरीकन फ़ौज ने कीड़ों की मदद से यार बनाने के लिये अपनी कांगरेस से पैसा मांगा. टर राधा कृश्नन रूस के सच्चे हमदर्द हैं—रूसी परदेश नेस्टर विशिन्सकी. चीन पच्छिम योरप के सभी देशों योपार को तैयार—मास्को की सभा में चीनी नुमाइन्दे एलान.

5. हिफ़ाज़ती कौन्सिल की बैठक मुल्तवी. कौन्सिल अकसर मेम्बरों की राय रही कि टियूनीशिया तो फ़्रांस घरेलू चीज़ है.

6. दक्खिन अफ़्रीक़ा में काले क़ानून के ख़िलाफ़ दुस्तानियों का सत्याग्रह शुरू. योरप में लड़ाई का ख़तरा हो रहा है—अंगरेज़ी परदेश मिनिस्टर एडिन का ान.

7. चर्चिल ने कहा कि तीन बड़ों की मीटिंग से मुझे ी होगी. हिन्दुस्तान और इटली में ब्योपारी समझौता.

8. अमरीका की 31,000 तारवालों की हड़ताल में ,000 टेलीफ़ोन वालों ने भी शिरकत की. अंगरेज़ व त्र वालों की बात चीत ख़त्म होने का अन्देशा.

9. बड़े लिब्या में फ़ौज और पुलिस ने "बे ख़ूनी ़लाब" के ज़रिये सरकार को उलट दिया. राजा जी ने स की केबिनेट में 15 मिनिस्टर रखे.

10. अमरीका के लोहा ब्योपारियों ने एक "गन्दी ़ काजी हरकत" में शरीक होने का इलज़ाम राजपति न पर लगाया. जर्मनी के बारे में रूस के नये सुझाव.

11. मास्को के अन्दर लड़ाई का वातावरन नहीं— टर राधा कृश्नन. नई चीन सरकार हिन्दुस्तान को ल देगी. हिसार में पानी की कमी, तीस हज़ार लोग र बार.

12. मिस्र के जो चुनाव 18 मई को होने वाले थे ी टाल दिये गये. कलकत्ते में कुल हिन्द अख़बार ाों की फ़ेडरेशन का सालाना इजलास.

13. रूस सचमुच अमन चाहता है—डाक्टर राधा न. कोरिया में "शायद पहली मई तक" समझौता हो . सेवापुरी (ज़िला-बनारस) में सर्वोदय सम्मेलन.

14. टियूनीशिया में गिरफ़्तारी. दक्खिन अफ़्रीक़ा सरकार अपनी गोरी नीति पर अटल.

15. यूनो कौन्सिल में टियूनीशिया के मसले पर न होगी.

.3 ماسکو میں جگ آرتھک کانفرنس شروع ہوئی ۔ تیونیشیا میں تین سو گرفتاریاں ۔ لال چین پر حملہ کرنے کے لئے چیانگی فوج کی تیاری ۔

.4 یونو کی حفاظتی کونسل میں فرانس نے تیونسیا کے مسئلے کو شامل کرنے کے سجھاؤ کا وِرودھ کیا ۔ امریکن فوج نے کیڑوں کی مدد سے ہتھیار بنانے کے لئے اپنی کانگریس سے پیسہ مانگا ۔ ڈاکٹر رادھا کرشنن روس کے سچے ہمدرد ہیں—روسی پردیش منسٹر وشنسکی ۔ چین پچھم یورپ کے دیشوں سے بیوپار کو تیار— ماسکو کی سبھا میں چینی نمائندے کا اعلان ۔

.5 حفاظتی کونسل کی بیٹھک ملتوی ۔ کونسل کے اکثر ممبروں کی رائے رہی کہ تیونشیا تو فرانس کی گھریلو چیز ہے ۔

.6 دکھن افریقہ میں کالے قانون کے خلاف ہندستانیوں کا ستیاگرہ شروع ۔ یورپ میں لڑائی کا خطرہ کم ہو رہا ہے—انگریزی پردیش منسٹر ایڈن کا اعلان ۔

.7 چرچل نے کہا کہ تین بڑوں کی میٹنگ سے مجھے خوشی ہوگی ۔ ہندستان اور اِٹلی میں بیوپاری سمجھوتہ ۔

.8 امریکہ کی 31,000 تاروالوں کی ہڑتال میں 70,000 ٹیلیفون والوں نے بھی شرکت کی ۔ انگریز و مصر والوں کی بات چیت ختم ہونے کا اندیشہ ۔

.9 بڑے لیبیا میں فوج اور پولیس نے "بے خونی انقلاب" کے ذریعے سرکار کو اُلٹ دیا ۔ راجہ جی نے مدراس کی کیبنٹ میں 15 منسٹر رکھے ۔

.10 امریکہ کے لوہا بیوپاریوں نے ایک "گندی راج کاجی حرکت" میں شریک ہونے کا اِلزام راج پتی ٹرومین پر لگایا ۔ جرمنی کے بارے میں روس کے نئے سجھاؤ ۔

.11 ماسکو کے اندر لڑائی کا واتاورن نہیں— ڈاکٹر رادھا کرشنن ۔ نئی چین سرکار ہندستان کو چاول دے گی ۔ حسار میں پانی کی کمی' تیس ہزار لوگ بے گھربار ۔

.12 مصر کے جو چناؤ 18 مئی کو ہونے والے تھے ابھی ٹال دیئے گئے ۔ کلکتے میں کل ہند اخبار نویسوں کی فیڈریشن کا سالانہ اِجلاس ۔

.13 روس سچ مچ امن چاہتا ہے—ڈاکٹر رادھا کرشنن ۔ کوریا میں "شائد پہلی مئی تک" سمجھوتہ ہو جائے ۔ سیوا پوری (ضلع بنارس) میں سرووَدے سمیلن ۔

.14 تیونشیا میں گرفتاری ۔ دکھن افریقہ کی سرکار اپنی گوری نیتی پر اٹل ۔

.15 یونو کونسل میں تیونشیا کے مسلے پر چرچہ نہ ہوگی ۔

23. हैदराबाद असेम्बली में निज़ाम साहब की
रीर के वक़्त मुख़ालिफ़ लोग बाहर चले गये. ट्रावनकोर
चीन सरकार ने कम्युनिस्टों पर से पाबन्दी हटा ली.

24. अंगरेज़ों व सऊदी अरब वालों की बात चीत
हो गई. हिन्दुस्तान को पचास लाख डालर का सामान
ला देगा. कांगरेस ने राजपति और छोटे राजपति के
राजेन्द्र बाबू और डाक्टर राधा कृष्णन के नाम चुने.

25. ग्राहम को कश्मीर का मामला तय हो जाने
आशा—वह जिनेवा को रवाना हुए. जरमनी के मामले
सोवियत रूस के सुझावों को पच्छिमी मुल्कों ने मानने
नकार कर दिया.

26. तियूनिस में ख़तरे की हालत का एलान; मिनिस्टर
फ़्तार, शहर में करफ़्यू. अमरीकी मदद की मातहती
न्दुस्तान में 65 जगह स्कीमें चलाई जायेंगी.

27. तियूनीशिया के लिये फ़्रांस वालों के नये सुझाव.
मीर में ज़मींदारों को कोई मावज़ा नहीं दिया जायेगा.
ड़ा मिल वालों को सरकार ने सहूलियतें कर दीं.

28. अंगरेज़ी पार्लियामेन्ट ने पास किया कि सेरित्से
मा, हमेशा के लिये वामंगवाटो (अफ़्रीक़ा की एक
नी जाति) दल की मुखियागीरी से ख़ारिज. अमरीका
स पांच साल में इतने एटम बम हो जायेंगे कि दुनिया
र आदमी का सफ़ाया कर सके. बम्बई में अनाज के
थोड़े किये जाने का अनाज मिनिस्टर का एलान.

29. कोलम्बो योजना पर करांची में चर्चा ख़त्म हुई.
वज़ीर नेहरू ने व्योपारियों को चेतावनी दी कि जनता
त का ख़याल रखें.

30. राजपति ट्रूमन अगले चुनाव में खड़े नहीं
. तेहरान में मार्शल ला. कश्मीर असेम्बली सोलह आने
मुख़्तार है—शेख़ अब्दुल्ला का एलान.

31. अमरीका को चाहिये कि लाल चीन को एक
था समझे—बेवन की तक़रीर. श्री राजगोपालचारी
स असेम्बली की कांगरेस पार्टी के मुखिया चुने गये.
की पैदावार में आमतौर से कमी हुई है—रिज़र्व बैंक
रेपोर्ट.

अप्रैल.

1. आलमगीर लड़ाई का ख़तरा बड़ा नहीं है—
लिन का अमरीकन अख़बार वालों को जवाब. ख़ान
ल ग़फ़्फ़ार ख़ां लाहौर सेन्ट्रल जेल से मेयो अस्पताल
ाये गये. पाकिस्तान 15 देशों की मदद से तियूनीशिया
सवाल यूनो में पेश करेगा. राजा जी ने मद्रास के बड़े
र का काम संभाला.

2. नई कोलम्बो योजना में 1840 करोड़ रुपये की
2300 करोड़ की तजवीज़. हिन्द सरकार 25,000
चीनी परदेश भेजने का सुभीता करेगी.

23. حیدرآباد اسمبلی میں نظام صاحب کی
تقریر کے وقت مخالف لوگ باہر چلے گئے. ٹراونکور کوچین
سرکار نے کمیونسٹوں پر سے پابندی ہٹالی .

24. انگریزوں و سعودی عرب والوں کی بات چیت
فیل ہوگئی . ہندستان کو پچاس لاکھ ڈالر کا سامان کناڈا
دیگا . کانگریس نے راج پتی اور چھوٹے راج پتی کے لئے راجیندر
بابو اور ڈاکٹر رادھا کرشنن کے نام چنے .

25. گراہم کو کشمیر کا معاملہ طے ہوجانے کی آشا —
وہ جنیوا کو روانہ ہوئے . جرمنی کے معاملے پر سوویت
روس کے سجھاؤوں کو پچھمی ملکوں نے ماننے سے انکار
کر دیا .

26. تیونس میں خطرے کی حالت کا اعلان؛
منسٹر گرفتار، شہر میں کرفیو . امریکی مدد کی ماتحتی
میں . ہندستان میں 65 جگہ اسکیمیں چلائی جائینگی .

27. تیونیسیا کے لئے فرانس والوں کے نئے سجھاؤ .
کشمیر میں زمینداروں کو کوئی معاوضہ نہیں دیا جائے
گا . کپڑا مل والوں کو سرکار نے سہولیتیں کر دیں .

28. انگریزی پارلیامنٹ نے پاس کیا کہ سیرتسے
خاما، ہمیشہ کے لئے وامنگ واٹو (افریقہ کی ایک پرانی
جاتی) دل کی مکھیا گیری سے خارج . امریکہ کے پاس
پانچ سال میں اتنے ایٹم بم ہو جائینگے کہ دنیا میں ہر
آدمی کا صفایا کر سکے . بمبئی میں اناج کے دام تھوڑے
کئے جانے کا اناج منسٹر کا اعلان .

29. کولمبو یوجنا پر کراچی میں چرچہ ختم ہوئی.
بڑے وزیر نہرو نے بیوپاریوں کو چیتاونی دی کہ جنتا کے
ہت کا خیال رکھیں .

30. راج پتی ٹرومین اگلے چناؤ میں کھڑے نہیں
ہونگے . طہران میں مارشل لا . کشمیر اسمبلی سولہ آنے
خود مختار ہے — شیخ عبداللہ کا اعلان .

31. امریکہ کو چاہئے کہ لال چین کو ایک واقعہ
سمجھے — بیون کی تقریر . شری راج گوپالچاری مدراس
اسمبلی کی کانگریس پارٹی کے مکھیا چنے گئے . کھیتی
کی پیداوار میں عام طور سے کمی ہوئی ہے — رزرو بینک
کی رپورٹ .

اپریل .

1. عالم گیر لڑائی کا خطرہ بڑا نہیں ہے — اسٹالن
کا امریکی اخبار والوں کو جواب . خان عبدالغفار خاں
لاہور سینٹرل جیل سے میو اسپتال لے جائے گئے .
پاکستان 15 دیشوں کی مدد سے تیونشیا کا سوال یونو
میں پیش کرے گا . راجہ جی نے مدراس کے بڑے وزیر کا
کام سنبھالا .

2. نئی کولمبو یوجنا میں 1840 کروڑ روپے کی جگہ
2300 کروڑ تجویز . ہند سرکار 25,000 ٹن چینی
پردیش بھیجنے کا سبھیتا کرے گی .

नेया का ाल



دنیا کا ال

जोम्सबर्ग में अफ़्रीक़नों की बग़ावत. पीकिंग रेडियो का जर्म छोड़ने का अमरीका पर फिर लगाया. योरप को अमरीका से ज़ियादा ख़तरा है न कि स्तालिन से—बेविन का बयान.
अमरीकनों के ऊपर लाल कम्यूनिज़्म का हौवा है—श्रीमती रूज़वेल्ट का इलाहाबाद में बयान. जनरल रिजवे ने जापान को हथियार तैयार करने का हुक्म दिया. वर्ल्ड बैंक मिशन ईरान से रवाना हो गया. नेहरू ने बुलसर (ज़िला सूरत) में अंगरेज़ी दवाइयाँ बनाने का एक हिन्द अमरीकी कारख़ाना खोला.
मिस्र के नये बड़े वज़ीर पुराने दो वज़ीरों को नज़र बन्द कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने नायब एडीटर को फ़ौरन छोड़ने का हुक्म दिया.
अमरीकी विदेशी मदद प्रोग्राम के बारे में टीका करने वालों को जवाब दिया. हिन्दुस्तान ने अफ़्रीक़ा के मामले में यूनो कमीशन का मेम्बर होने से इनकार कर दिया. अलीपुर में भी जिन्ना ने एक टकसाल का उद्घाटन किया.
दक्खिन अफ़्रीक़ा की सुप्रीमकोर्ट ने गोरे क़ानून को नाजायज़ ठहराया. हिन्दुस्तान के चुनाव के झुकाव पर अमरीका को परेशानी. डाक्टर मलान सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले को ठुकरा देंगे.
हिन्दुस्तान का बंटवारा एक बड़ी भारी ग़ल्ती थी—तुर्की डेलीगेशन का बयान. जूट और रेशम के मिल मालिकों ने कमी के कारन काम के घंटे कम कर दिये.
अरब 'मिडिल ईस्ट डिफ़ेन्स' स्कीम में हिस्सा नहीं लेंगे—आज़म पाशा का एलान. लंका के बड़े वज़ीर गुज़र गये. फ़रवरी के महीने में हिन्दुस्तान में बाहर से आने वाले की क़ीमत जाने वाले से क़रीब 33 करोड़ रुपये ज़ियादा थी. कलकत्ते में कुल हिन्द कांगरेस की बैठक में चार आने मेम्बरी क़ानून पास हुआ. इलाहाबाद

مارچ ۔

16. جونسبرگ میں افریقنوں کی بغاوت ۔ پیکنگ ریڈیو نے کیڑا یا جرم چھوڑنے کا امریکہ پر پھر الزام لگایا ۔ یوروپ کو امریکہ سے زیادہ خطرہ ہے نہ کہ اسٹالن سے— بیون کا بیان ۔

17. امریکنوں کے اوپر لال کمیونزم کا ہوا چھایا ہوا ہے—شریمتی روزویلٹ کا الہ آباد میں بیان ۔ جنرل رجوے نے جاپان کو ہتھیار تیار کرنے کا حکم دیا ۔ ورلڈ بینک مشن ایران سے روانہ ہوگیا ۔ بڑے منتری نہرو نے بلسر (ضلع صورت) میں انگریزی دوائیں بنانے کا ایک ہند امریکی کارخانہ کھولا ۔

18. مصر کے نئے بڑے وزیر پرانے دو وفد منسٹروں کو نظر بند کر دیا ۔ سپریم کورٹ نے ' بلٹز ' کے نائب ایڈیٹر کو فوراً چھوڑنے کا حکم دیا ۔

19. امریکی ودیشی مدد پروگرام کے بارے میں ایچیسن نے ٹیکہ کرنے والوں کو جواب دیا ۔ ہندستان نے ساؤتھ افریقہ کے معاملے میں یونو کمیشن کا ممبر ہونے سے صاف انکار کر دیا ۔ علی پور میں شری چنتا منی دیش مکھ نے ایک ٹکسال کا اُدگھاٹن کیا ۔

20. دکھن افریقہ کی سپریم کورٹ نے گورے قانون کو ناجائز ٹھہرایا ۔ ہندستان کے چناؤ کے جھکاؤ پر امریکہ پریشانی ۔ ڈاکٹر ملان سپریم کورٹ کے فیصلے کو ٹھکرا دیں گے ۔

21. ہندستان کا بٹوارہ ایک بڑی بھاری غلطی تھی—ترکی ڈیلی گیشن کا بیان ۔ جوٹ اور ریشم کے مل مالکوں نے کمی کے کارن کام کے گھنٹے کم کر دیئے ۔

22. عرب ' مڈل ایسٹ ڈفینس ' سکیم میں حصہ نہیں لے گا— اعظم پاشا کا اعلان ۔ لنکا کے بڑے وزیر سینانائکے گذر گئے ۔ فروری کے مہینے میں ہندستان میں باہر سے آنے والے کی قیمت جانے والے سے قریب 83 کروڑ روپئے زیادہ تھی ۔ کلکتے میں کل ہند کانگریس کی بیٹھک میں چار آنے ممبری قانون پاس ہوا ۔ الہ آباد کے نامی

और किताबें

न्दी.

सर्वोदय साहित्य संघ, काशी.

1. तकली—लेखक—श्री सत्यन, सफ़े 186; दाम आना.

2. कपास—लेखक—श्री सत्यन, सफ़े 55; दाम आठ आना.

3. गांधीजी के प्रमुख अनुयायी—लेखक श्री सत्यन; फ़े 62; दाम बारह आना.

4. कताई शास्त्र—लेखक श्री सत्यन; सफ़े 314; दाम ीन रुपये चार आना.

5. आदर्श स्मारक (उपनाम) अछूत की जीवात्मा—खक—डाक्टर ओम प्रकाश गुप्ता, निकालने वाले—धान हरिजन सेवक संघ, कुमार कुंज, मुरादाबाद; सफ़े 7; दाम आठ आना.

6. सोने की कला—लेखक—डाक्टर हीरालाल; नेकालने वाले—निरोगी ग्रंथ माला, 32/97, बगिया मनीराम, ानपुर; सफ़े 56; दाम बारह आना.

7. हमारा अर्थशास्त्र कैसा हो?—सम्पादक—भगवान ास केला; निकालने वाले—भारतीय ग्रन्थमाला, दारागंज, लाहाबाद; पहली बार; सफ़े 42; दाम चार आने.

8. अन्तर्राष्ट्रवाद और राष्ट्रवाद—लेखक—ल्यू शाओ-ची; अनुवादक—मधुकर बागले; निकालने वाले—जन साहित्य सदन इन्दौर; सफ़े 54, दाम चौदा आना.

ंगरेज़ी.

1. ए गांधी एन्थोलाजी, लेखक—वालजी गोविन्द जी देसाई; निकालने वाले—नव जीवन अहमदाबाद; पहली बार, सफ़े 59; दाम आठ आना.

2. एजूकेशन इन यूनीवर्सिटीज़ इन इंडिया—948-49; सफ़े 177; दाम सात रुपया आठ आने.

3. एजूकेशन स्टेटिक्स इन इंडियन स्टेट्स—सफ़े 51; ाम दो रुपया दस आने.

اور کتابیں

ہندی .

سرودے ساہتیہ سنگھ، کاشی .

1. تکلی—لیکھک—شری ستین، صفحے 186؛ دام چھ آنہ .

2. کپاس—لیکھک—شری ستین، صفحے 55؛ دام آٹھ آنے .

3. گاندھی جی کے پرمکھ انویائی—لیکھک شری ستین؛ صفحے 62؛ دام بارہ آنے .

4. کتائی شاستر—لیکھک شری ستین؛ صفحے 314؛ دام تین روپئے چار آنہ .

5. آدرش اسمارک (اپنام) اچھوت کی جیو آتما—لیکھک—ڈاکٹر اوم پرکاش گپتا، نکالنے والے—پردھان ہریجن سیوک سنگھ، کمار کنج، مرادآباد؛ صفحے 57؛ دام آٹھ آنہ .

6. سونے کی کلا—لیکھک ڈاکٹر ہیرا لال؛ نکالنے والے—نروگی گرنتھ مالا، 97/ 32 بگیا منی رام، کانپور؛ صفحے 56؛ دام بارہ آنہ .

7. ہمارا ارتھ شاستر کیسا ہو؟—سمپادک—بھگوان داس کیلا؛ نکالنے والے—بھارتیہ گرنتھ مالا، دارا گنج، الہ آباد؛ پہلی بار؛ صفحے 42؛ دام چار آنہ .

8. انتر راشٹر واد اور راشٹرواد—لیکھک—لیو شاؤ-چی؛ انوادک—مدھوکر باگلے؛ نکالنے والے—جن ساہتیہ سدن، اندور؛ صفحے 54، دام چودہ آنے .

انگریزی .

1. اے گاندھی انتھولاجی، لیکھک—والجی گووند جی دیسائی؛ نکالنے والے—نوجیون، احمدآباد؛ پہلی بار، صفحے 59؛ دام آٹھ آنہ .

2. ایجوکیشن ان یونیورسیٹیز ان انڈیا 1948-49؛ صفحے—177؛ دام سات روپیہ آٹھ آنے .

3. ایجوکیشنل اسٹیٹکس ان انڈین اسٹیٹس—صفحے 51؛ دام دو روپیہ دس آنے .

चिन्ता रहित जीवन

लेखक, श्री अवध बिहारी लाल वानप्रस्थी, सम्पादक, डाक्टर शांति देव, प्रकाशक, आदर्श स्वास्थ्य प्रकाशन, 17 अमीनाबाद पार्क, लखनऊ; सफ़े 99, दाम एक रुपया, जिल्द के साथ सवा रुपये.

यों तो आजकल दुनिया में हर कोई दुखी और परेशान दिखाई देता है और उससे बचने की कोशिश भी करता है. लेकिन मर्ज़ बढ़ता गया जितनी दवा की. वजह शायद यह है कि चीज़ की जड़ में बहुत कम लोग जाते हैं, और वह है चिंता या फ़िक्र करना. किसी ने सच कहा है कि चिता शरीर को जलाती है लेकिन चिन्ता मन को जलाती है. इसलिये चिन्ता पर कुल्हाड़ा चलाए बिना कोई कामयाबी नहीं हो सकती. डाक्टर अवध बिहारी लाल वानप्रस्थी ने इस गुर को अपने जीवन में निभाया है और वह हर दम खुश रह कर बिना चिन्ता का जीवन बिताते हैं. इसीलिये वह 'चिन्ता रहित जीवन' लिखने के हक़दार हैं और हम उनकी इस किताब का दिल से स्वागत करते हैं.

इस किताब को किताब कहने में हमें थोड़ी सी झिझक मालूम होती है, क्योंकि यह प्राकृतिक चिकित्सा के पेशेवर डाक्टर का जमा किया हुआ मसाला नहीं है बल्कि एक ईमानदार और नेक आदमी के गाढ़े तजुर्बों का लाजवाब निचोड़ है. सीधी सादी बातें और रोज़ के जीवन की मिसालें जो इस किताब में दी गई हैं उनको देखकर लेखक की इस समझ और पहुँच का कुछ अन्दाज़ा लगता है. इसमें कोई शक नहीं कि जो भी इस किताब को पढ़ेगा उसकी तबियत खिल उठेगी और वह चाहे कितनी ही उदास क्यों न रहता हो, एक बार ज़ोर से हँसेगा और थोड़ी देर के लिये अपनी चिन्ता भूल जायेगा.

किताब के बारे में हम इतना ज़रूर कहेंगे कि एक रुपया दाम ज़ियादा है और भाषा में भी कहीं कहीं सुधार की गुंजायश है. साथ ही साथ हमारी समझ में नहीं आता कि लेखक के नीचे सम्पादक का नाम क्यों दिया गया है और सम्पादक ने इस किताब में क्या और कितना काम किया है. इसके अलावा हमें यह भी नहीं पता चलता कि 'भूमिका' किस के क़लम से और कब लिखी गई. तारीख़ या सन की शुरू से आख़ीर तक कहीं हवा भी नहीं है. हमें उम्मीद है कि हमारे इन सुझावों पर ध्यान देकर वानप्रस्थी जी अगला एडीशन सस्ता और आसान निकालेंगे जिससे ज़ियादा से ज़ियादा आदमी इससे फ़ायदा उठा कर चिन्ता रहित जीवन बिता सकें.

—कामेश्वर नाथ श्रीवास्तव

چنتا رہت جیون

لیکھک، شری اودھ بہاری لال بان پرستھی، سمپادک، ڈاکٹر شانتی دیو، پرکاشک، آدرش سواستھیہ پرکاشن، 17 امینآباد پارک، لکھنؤ؛ صفحے 99، دام ایک روپیہ، جلد کے ساتھ سوا روپیہ .

یوں تو آج کل دنیا میں ہر کوئی دکھی اور پریشان دکھائی دیتا ہے اور اس سے بچنے کی کوشش بھی کرتا ہے. لیکن مرض بڑھتا گیا جتنی دوا کی . وجہ شاید یہ ہے کہ چیز کی جڑ میں بہت کم لوگ جاتے ہیں، اور وہ ہے چنتا یا فکر کرنا . کسی نے سچ کہا ہے کہ چتا شریر کو جلاتی ہے لیکن چنتا من کو جلاتی ہے . اِس لئے چنتا پر کلہاڑا چلائے بنا کوئی کامیابی نہیں ہو سکتی . ڈاکٹر اودھ بہاری لال بان پرستھی نے اِس گر کو اپنے جیون میں نبھایا ہے اور وہ ہر دم خوش رہ کر بنا چنتا کا جیون بتاتے ہیں . اسی لئے وہ 'چنتا رہت جیون' لکھنے کے حقدار ہیں اور ہم اُن کی اِس کتاب کا دل سے سواگت کرتے ہیں .

اِس کتاب کو کتاب کہنے میں ہمیں تھوڑی سی جھجک معلوم ہوتی ہے، کیونکہ یہ پراکرتک چکتسا کے پیشہ ور ڈاکٹر کا جمع کیا ہوا مسالہ نہیں ہے بلکہ ایک ایماندار اور نیک آدمی کے گاڑھے تجربوں کا لاجواب نچوڑ ہے . سیدھی سادی باتیں اور روز کے جیون کی مثالیں جو اِس کتاب میں دی گئی ہیں اُن کو دیکھکر لیکھک کی اِس سمجھ اور پہنچ کا کچھ اندازہ لگتا ہے . اِسمیں کوئی شک نہیں کہ جو بھی اِس کتاب کو پڑھیگا اُسکی طبیعت کھل اُٹھیگی اور وہ چاہے کتنا ہی اُداس کیوں نہ رہتا ہو، ایک بار زور سے ہنسیگا اور تھوڑی دیر کے لئے اپنی چنتا بھول جائے گا .

کتاب کے بارے میں ہم اتنا ضرور کہینگے کہ ایک روپیہ دام زیادہ ہے اور بھاشا میں بھی کہیں کہیں سدھار کی گنجائش ہے . ساتھ ہی ساتھ ہماری سمجھ میں نہیں آتا کہ لیکھک کے نیچے سمپادک کا نام کیوں دیا گیا ہے اور سمپادک نے اس کتاب میں کیا اور کتنا کام کیا ہے . اِس کے علاوہ ہمیں یہ بھی نہیں پتہ چلتا کہ 'بھومکا' کس کے قلم سے اور کب لکھی گئی . تاریخ یا سن کی، شروع سے آخیر تک کہیں ہوا بھی نہیں ہے . ہمیں اُمید ہے کہ ہمارے اِن سجھاؤں پر دھیان دیکر بان پرستھی جی اگلا ایڈیشن سستا اور آسان نکالیں گے جس سے زیادہ سے زیادہ آدمی اِس سے فائدہ اُٹھا کر چنتا رہت جیون بتا سکیں .

—کامیشور ناتھ شری واستو

हमारे सामने इस अखबार के पहले साल का तीसरा परचा, अप्रैल 1952, मौजूद है. शुरू से आखीर तक हम इसे देख गये तो ऐसा लगा कि यह किसी ब्योपारी फ़ेडरेशन या कारोबारी संघ या और किसी धनी मानी के कारनामों की रिपोर्ट है, या दूसरी निगाह से देखें तो हिन्दुस्तान की मौजूदा पूँजीवादी, फ़ौजीयाना और ग़रीब-चूस सरकार का एक बखान है. तब फिर 'सम्पदा' हम जैसों से तो दूर ही होती चली जायेगी.

लेकिन हम अच्छी तरह जानते हैं कि अर्थ या माल से ताल्लुक़ रखने वाले अखबार हमारे देश की भाषाओं में और ख़ास कर हिन्दी में बहुत थोड़े हैं. इसलिये हमें 'सम्पदा' के आने की ख़ुशी है पर इसकी कामयाबी इसी से नापी जायेगी कि वह जनता के ख़ालिस हितों की कितनी पैरवी करती है और जनता और सरकार व पूँजीपति के बीच की खाई को कितना और किस तरह भरने की कोशिश करती है.

—सुरेश रामभाई

ہمارے سامنے اِس اخبار کے پہلے سال کا تیسرا پرچہ' اپریل 1952' موجود ہے ۔ شروع سے آخیر تک ہم اِسے دیکھ گئے تو ایسا لگا کہ یہ کسی بیوپاری فیڈریشن یا کاروباری سنگھ یا اور کس دھنی مانی کے کارناموں کی رپورٹ ہے' یا دوسری نگاہ سے دیکھیں تو ہندستان کی موجودہ پونجی وادی' فوجیانہ اور غریب چوس سرکار کا ایک بکھان ہے ۔ تب پھر یہ 'سمپدا' ہم جیسوں سے دور ہی ہوتی چلی جائے گی ۔

لیکن ہم اچھی طرح جانتے ہیں کہ ارتھ یا مال سے تعلق رکھنے والے اخبار ہمارے دیش کی بھاشاؤں میں اور خاص کر ہندی میں بہت تھوڑے ہیں۔ اسلئے ہمیں 'سمپدا' کے آنے کی خوشی ہے پر اِس کی کامیابی اِسی سے ناپی جائے گی کہ وہ جنتا کے خالص ہِتوں کی کتنی پیروی کرتی ہے اور جنتا اور سرکار و پونجی پتی کے بیچ کی کھائی کو کتنا اور کس طرح بھرنے کی کوشش کرتی ہے ۔

—سریش رام بھائی

विश्वज्योति

माहवारी परचा; सम्पादक भाई विश्व बंधु और भाई संतराम बी. ए., सालाना चन्दा आठ रुपये; पता—विश्वज्योति, होशियारपुर.

इस्लाम के पैदा होने से पहले भी अरब लोग हिन्दुस्तान से अनजान नहीं थे, और उसे 'अलहिन्द' कहा करते थे. अरब हिन्दुस्तान की तलवार की बहुत तारीफ़ किया करते थे और इस्लाम से पहले की अरबी कविताओं में हिन्दी तलवार का ज़िक्र कहीं न कहीं ज़रूर आ जाता था. पूरी तरह से यह बात साबित हो चुकी है कि इस्लाम से पहले के अरब हिन्दुस्तान से गहरे व्योपारी सम्बन्ध रखते थे और इस्लाम से पहले ही बहुत से अरबी सौदागर हिन्दुस्तान के पच्छिमी समुन्द्री किनारे पर आकर बस गए थे और इस किनारे का नाम 'मालाबार' रख दिया था. सन 571 में इस्लाम के पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद के असर के फैलते ही अरब में नई सुबह की नई किरनें फूट पड़ीं, लोगों में ज्ञान हासिल करने की तड़प और हिम्मत पैदा हो गई और अरब लोग ज्ञान की खोज में दुनिया के दूर-दूर बसे देशों में फैल गए. हिन्दुस्तान में उन्हें संस्कृत साहित्य का अथाह ख़ज़ाना मिला और वह उसे अपनाने में लग गए. कुछ लोगों का कहना है कि वैदिक ही संस्कृत ज्ञान की वह शाख़ है जिधर सबसे पहले अरबों ने ध्यान दिया. दुख की बात है कि ख़िलाफ़त के शुरू शुरू के ज़मानों में संस्कृत से अनुवाद किया हुआ अरबी साहित्य अब बहुत कम मिलता है फिर भी पुराने आंकड़ों से पता चलता है कि ज्योतिश, संगीत, खेती बाड़ी और धातु से ताल्लुक़ रखने वाली बहुत सी किताबों का उस ज़माने में संस्कृत से अरबी में अनुवाद किया गया. इससे साफ़ पता लगता है कि अनुवादक संस्कृत और अरबी दोनों भाषाओं के ज़रूर पूरे पंडित रहे होंगे. सबसे मज़े की बात यह है कि मुसलमानों ने 712 में मुहम्मद बिन क़ासिम के हमले से पहले ही साहित्य के यह सब रत्न अपना लिये थे.

अब्बासी ख़िलाफ़त के युग में मुसलमानों ने पूरब की हिकमत समझने के लिये संस्कृत को साधन बनाया.

सिन्ध की जीत के लगभग चालीस साल बाद सन् 750 में दमिश्क़ में उमैया ख़िलाफ़त का ख़ात्मा हो गया और बग़दाद में अब्बासी ख़िलाफ़त क़ायम हुई. 'अलिफ़ लैला' का मशहूर शहर बग़दाद ज्ञान का सबसे बड़ा केन्द्र बन गया. दूसरा केन्द्र स्पेन का एक शहर कारडोवा था. संस्कृत ही ऐसी भाषा थी जिसमें पूरब के सारे ज्ञान भंडार भरे पड़े थे. इसीलिए मुसलमानों ने ज़ियादा से ज़ियादा संस्कृत

اور اُس کے پرچار میں سہائتا دی ۔ اس لیکھ میں تھوڑے سے میں یہ دکھانے کی کوشش کی گئی ہے کہ سنسکرت کے کون کون سے مسلمان پنڈت ہوئے اور مسلمانوں نے کس طرح ہندو کلچر اور سنسکرتی کی سراہنا کی ۔

اسلام کے پیدا ہونے سے پہلے بھی عرب لوگ ہندستان سے انجان نہیں تھے، اور اُسے ' الہند ' کہا کرتے تھے ۔ عرب ہندستان کی تلوار کی بہت تعریف کیا کرتے تھے اور اسلام سے پہلے کی عربی کویتاؤں میں ہندی تلوار کا ذکر کہیں نہ کہیں ضرور آجاتا تھا ۔ پوری طرح سے یہ بات ثابت ہو چکی ہے کہ اسلام سے پہلے کے عرب ہندستان سے گہرے بیوپاری سمبندھ رکھتے تھے اور اسلام سے پہلے ہی بہت سے عربی سوداگر ہندستان کے پچھمی سمندری کنارے پر آکر بس گئے تھے اور اس کنارے کا نام ' مالا بار ' رکھ دیا تھا ۔ سن 571 میں اسلام کے پیغمبر حضرت محمد کے اثر کے پھیلتے ہی عرب میں نئی صبح کی نئی کرنیں پھوٹ پڑیں، لوگوں میں گیان حاصل کرنے کی تڑپ اور ہمت پیدا ہوگئی اور عرب لوگ گیان کی کھوج میں دنیا کے دور دور بسے دیشوں میں پھیل گئے ۔ ہندستان میں انہیں سنسکرت ساہتیہ کا اتھاہ خزانہ ملا اور وہ اُسے اپنانے میں لگ گئے ۔ کچھ لوگوں کا کہنا ہے کہ ویدک ہی سنسکرت گیان کی وہ شاخ ہے جدھر سب سے پہلے عربوں نے دھیان دیا ۔ دکھ کی بات ہے کہ خلافت کے شروع شروع کے زمانوں میں سنسکرت سے انوواد کیا ہوا عربی ساہتیہ اب بہت کم ملتا ہے پھر بھی پرانے آنکڑوں سے پتہ چلتا ہے کہ جیوتش، سنگیت، کھیتی باڑی اور دھات سے تعلق رکھنے والی بہت سی کتابوں کا اُس زمانے میں سنسکرت سے عربی میں انوواد کیا گیا ۔ اس سے صاف پتہ لگتا ہے کہ انووادک سنسکرت اور عربی دونوں بھاشاؤں کے ضرور پورے پنڈت رہے ہونگے ۔ سب سے مزے کی بات یہ ہے کہ مسلمانوں نے 712 میں محمد بن قاسم کے حملے سے پہلے ہی ساہتیہ کے یہ سب رتن اپنا لئے تھے ۔

عباسی خلافت کے یگ میں مسلمانوں نے پورب کی حکمت سمجھنے کے لئے سنسکرت کو سادھن بنایا ۔

سندھ کی جیت کے لگ بھگ چالیس سال بعد سن 750 میں دمشق میں امیہ خلافت کا خاتمہ ہوگیا اور بغداد میں عباسی خلافت قائم ہوئی ۔ 'الف لیلا ' کا مشہور شہر بغداد گیان کا سب سے بڑا کیندر بن گیا. دوسرا کیندر اسپین کا ایک شہر کارڈوا تھا. سنسکرت ہی ایسی بھاشا تھی جس میں پورب کے سارے گیان بھنڈار بھرے پڑے تھے ۔ اس لئے مسلمانوں نے زیادہ سے زیادہ سنسکرت

ज़रा झिझक नहीं होती. वह सब तरफ़ से सत्य का संग्रह करते हैं, और जो मार्के की बात उनके हाथ लगती है वह दुनिया को दे डालते हैं. ऐसा करने से उनका साहस और बढ़ जाता है.

जो अब इस दुनिया में नहीं हैं, वह क्या कह गये हैं ? और जो आज हैं उन के क्या विश्वास हैं ? सत्य के खोजी इन सब को ज्यों का त्यों नहीं मान लेते. उन सब बातों को अपनी कसौटी पर कसते हैं. ईमानदारी से उन बातों के बारे में अपने विचार सब के सामने रख देते हैं. जो सत्य के मित्र हैं ध्यान से वह उनकी सुनते हैं. जो सत्य के शत्रु हैं वह उन की बात न ख़ुद सुनते हैं न औरों को सुनने देते हैं. जो ऐसा करते हैं उन को स्वार्थी समझना चाहिये. और यह समझना चाहिये कि वह बेहयाई की पगड़ी बांधकर दुनिया को धोके में रखना चाहते हैं.

यह कहना कि मेरा सोना ऐसा है, कि मैं इसे कभी आग में नहीं रखने दूंगा, यह बताता है कि सोना खरा नहीं है. वैसे ही किसी का यह कहना कि मेरे सिद्धान्त और मेरे ग्रंथ इतने पवित्र हैं और ऐसे आदमी के कहे हुए हैं जो सब कुछ जानते थे, इसलिये मैं किसी को उन सिद्धान्तों के विरोध में कुछ न कहने दूंगा, इस बात का सबूत है कि वह सिद्धान्त खोटे हैं. इसी से परीक्षा के बिना उन्हें खरे और पवित्र कहलवाना उन ग्रन्थों की इज़्ज़त बढ़ाना नहीं, उनके बारे में संदेह पैदा करना है.

सोना सजाता है, लजता नहीं. सत्य सजाता है, लजता नहीं. सत्य को लजाना सत्य को लजाना है.

—भगवानदीन

ذرا جھجھک نہیں ہوتی ۔ وہ سب طرف سے ستیہ کا سنگرہ کرتے ہیں ۔ اور جو مارکے کی بات اُن کے ہاتھ لگتی ہے وہ دنیا کو دے ڈالتے ہیں. ایسا کرنے سے اُن کا ساہس اور بڑھجاتا ہے۔

جو اب اس دنیا میں نہیں ہے' وہ کیا کہ گئے ہیں ؟ اور جو آج ہیں ان کے کیا وشواس ہیں ؟ ستیہ کے کھوجی اِن سب کو جیوں کا تیوں نہیں مان لیتے ۔ ان سب باتوں کو اپنی کسوٹی پر کستے ہیں ۔ ایمانداری سے اُن باتوں کے بارے میں اپنے وچار سب کے سامنے رکھ دیتے ہیں ۔ جو ستیہ کے متر ہیں دھیان سے وہ اُن کی سنتے ہیں ۔ جو ستیہ کے شترو ہیں وہ اُن کی بات نہ خود سنتے ہیں نہ اوروں کو سننے دیتے ہیں ۔ جو ایسا کرتے ہیں اُن کو سوارتھی سمجھنا چاہئے ۔ اور یہ سمجھنا چاہئے کہ وہ بےحیائی کی پگڑی باندھ کر دنیا کو دھوکے میں رکھنا چاہتے ہیں ۔

یہ کہنا کہ میرا سونا ایسا ہے' کہ میں اِسے کبھی آگ میں نہیں رکھنے دونگا' یہ بتاتا ہے کہ سونا کھرا نہیں ہے ۔ ویسے ہی کسی کا یہ کہنا کہ میرے سدھانت اور میرے گرنتھ اتنے پوتر ہیں اور ایسے آدمی کے کہے ہوئے ہیں جو سب کچھ جانتے تھے' اس لئے میں کسی کو اُن سدھانتوں کے ورُدھ میں کچھ نہ کہنے دونگا' اس بات کا ثبوت ہے کہ وہ سدھانت کھوٹے ہیں ۔ اِسی سے پریکشا کے بنا اُنہیں کھرے اور پوتر کہلوانا اُن گرنتھوں کی عزت بڑھانا نہیں' اُن کے بارے میں سندیہ پیدا کرنا ہے ۔

سونا سجاتا ہے' لجتا نہیں ۔ ستیہ سجاتا ہے' لجتا نہیں ۔ ستیہ کو لجانا ستیہ کو لجانا ہے ۔

—بھگوان دین

संस्कृत साहित्य के मुसलिम पंडित

(अली अकबर)

"ज्ञान हासिल करो चाहे उसकी खोज में तुम्हें चीन ही क्यों न जाना पड़े."—मुहम्मद

हिन्दुस्तान और इस्लाम से पहले के अरब में ब्योपारी नाता.

इतिहास के सफ़ों से इसका काफ़ी सबूत मिलता है कि मुसलमानों ने संस्कृत की सरपरस्ती की लेकिन इस बात पर अभी तक बहुत कम रोशनी पड़ी है कि कहां तक मुसलमान सुलतानों और पंडितों ने संस्कृत को अपनाया, उसके साहित्य पर अपना अधिकार जमाया

سنسکرت ساھتیہ کے مسلم پنڈت

(علی اکبر)

" گیان حاصل کرو چاہے اُس کی کھوج میں تمہیں چین ہی کیوں نہ جانا پڑے ."—محمد .

ہندستان اور اسلام سے پہلے کے عرب میں بیوپاری ناتا .

اتہاس کے صفحوں سے اِس کا کافی ثبوت ملتا ہے کہ مسلمانوں نے سنسکرت کی سرپرستی کی لیکن اِس بات پر ابھی تک بہت کم روشنی پڑی ہے کہ کہاں تک مسلمان سلطانوں اور پنڈتوں نے سنسکرت کو اپنایا اُس کے ساھتیہ پر اپنا ادھیکار جمایا

मैं बोला, तो अम्मा हमें भगवान से नहीं डरना चाहिये ?

अम्मा बड़े प्यार से बोली, भगवान से डरने का क्या काम. वह हमारा डर दूर करने के लिए पैदा हुए. उनकी कथा सुन सुन कर हमारे कितने ही डर भाग गये. भगवान से नहीं डरा करते. डरना चाहिये किसी को दुख पहुंचाने से, किसी का जी दुखाने से, किसी की चीज छीन लेने से. और इसी तरह के दूसरे काम करने से.

अम्मा की इन बातों का असर उस उमर में तो कुछ मालूम न हुआ. इन बातों के बाद भी सब काम वैसे ही चलते रहे, जैसे हमेशा चलते थे. हां, उमर पाकर उस बात में अंकुर फूटे और सत्य के समझने में खूब मदद मिली.

सत्य छिपाना असत्य है. पर अगर किसी का कोई भेद तुम्हारे पास है, और अगर उसे न छिपाकर किसी दूसरे से कह दो तो वह न छिपाना असत्य होगा. व्यवहार में जो सत्य आ रहा है, इस किताब में हमने उसको सच नाम दिया है. पर जो गहरी असलियत है उसको हम सत्य कहकर लिखते हैं. वही असलियत वाला सत्य छिपाने की चीज नहीं. सबको बताने की चीज है. मेरी मां ने अपनी बुद्धि के अनुसार जितना सत्य वह जानती थी सब का सब बड़े मीठे और सीधे ढंग से मुझे समझा दिया. मैं सत्य समझ गया और कोई ऐसी बुराई मुझमें न आने पाई जो दूसरी तरह समझाने से आ जाती.

सत्य के मामले में किसी का ख्याल रखने से या बहुमत की पर्वाह करने से, या सिद्धान्तों पर अड़ जाने से काम नहीं चलता. सत्य हमारी बुद्धि के अनुकूल जंचना चाहिये.

जब सत्य खोजने के लिये निकले तो उसे हर जगह खोजना चाहिये. जहां वह मिले वहीं चले जाना चाहिये. उसके लेने में सुख मानना चाहिये. ईमानदारों का यही रास्ता है. ईमानदारी इसी राह गई है. बुद्धिमानी इसी राह चलकर कुछ पा सकी.

दुनिया में आदमी ने हर जगह सत्य की खोज की. इतिहास इन खोजियों की कथा से भरा पड़ा है. सत्य की खोज की खातिर आदमी ग्रंथ पढ़ता है, उसकी हर बात में फंस कर नहीं रह जाता. सोने का खोजी जमीन खोदता खोदता सोने के पास रुकेगा. बीच की चीजें छोड़ता चला जायगा. सत्य का खोजी इसी तरह आगे बढ़ता चला जायगा. पर रास्ते में आये असत्य को सत्य समझ कर अपनी खोज नहीं छोड़ बैठेगा.

तरह तरह के विज्ञानवेत्ता अपनी अपनी खोज में लगे हुए हैं. एक सत्य के बाद दूसरे सत्य पर आते उन्हें

میں بولا تو اماں ہمیں بھگوان سے نہیں ڈرنا چاہئے ؟

اماں بڑے پیار سے بولی، بھگوان سے ڈرنے کا کیا کام ۔ وہ ہمارا ڈر دور کرنے کے لئے پیدا ہوئے ۔ ان کی کتھا سن سن کر ہمارے کتنے ہی ڈر بھاگ گئے ۔ بھگوان سے نہیں ڈرا کرتے ۔ ڈرنا چاہئے کسی کو دکھ پہونچانے سے، کسی کا جی دکھانے سے، کسی کی چیز چھین لینے سے ۔ اور اسی طرح کے دوسرے کام کرنے سے ۔

اماں کی ان باتوں کا اثر اس عمر میں تو کچھ معلوم نہ ہوا ۔ ان باتوں کے بعد بھی سب کام ویسے ہی چلتے رہے، جیسے ہمیشہ چلتے تھے ۔ ہاں، عمر پاکر اس بات میں انکر پھوٹے اور ستیہ کے سمجھنے میں خوب مدد ملی ۔

ستیہ چھپانا استیہ ہے ۔ پر اگر کسی کا کوئی بھید تمہارے پاس ہے، اور اگر اسے نہ چھپاکر کسی دوسرے سے کہہ دو تو یہ نہ چھپانا استیہ ہوگا ۔ ویوہار میں جو ستیہ آ رہا ہے، اس کتاب میں ہم نے اسکو سچ نام دیا ہے ۔ پر جو گہری اصلیت ہے اس کو ہم ستیہ کہہ کر لکھتے ہیں ۔ وہی اصلیت والا ستیہ چھپانے کی چیز نہیں ۔ سب کو بتانے کی چیز ہے ۔ میری ماں نے اپنی بدھی کے انوسار جتنا ستیہ وہ جانتی تھیں سب کا سب بڑے میٹھے اور سیدھے ڈھنگ سے مجھے سمجھا دیا ۔ میں ستیہ سمجھ گیا اور کوئی ایسی برائی مجھ میں نہ آنے پائی جو دوسری طرح سمجھانے سے آ جاتی ۔

ستیہ کے معاملے میں کسی کا خیال رکھنے سے یا بہومت کی پرواہ کرنے سے، یا سدھانتوں پر اڑ جانے سے کام نہیں چلتا ۔ ستیہ ہماری بدھی کے انوکول جنچنا چاہئے ۔

جب ستیہ کھوجنے کے لئے نکلے تو اسے ہر جگہ کھوجنا چاہئے ۔ جہاں وہ ملے وہیں چلے جانا چاہئے ۔ اس کے لینے میں سکھ ماننا چاہئے ۔ ایمانداروں کا یہی راستہ ہے ۔ ایمانداری اسی راہ گئی ہے ۔ بدھیمانی اسی راہ چل کر کچھ پا سکی ۔

دنیا میں آدمی نے ہر جگہ ستیہ کی کھوج کی ۔ اتہاس ان کھوجیوں کی کتھا سے بھرا پڑا ہے ۔ ستیہ کی کھوج کی خاطر آدمی گرنتھ پڑھتا ہے، اس کی ہر بات میں پھنس کر نہیں رہ جاتا ۔ سونے کا کھوجی زمین کھودتا کھودتا سونے کے پاس رکیگا ۔ بیچ کی چیزیں چھوڑتا چلا جائیگا ۔ ستیہ کا کھوجی اسی طرح آگے بڑھتا چلا جائیگا ۔ پر راستے میں آئے استیہ کو ستیہ سمجھ کر اپنی کھوج نہیں چھوڑ بیٹھیگا ۔

طرح طرح کے وگیان ویتا اپنی اپنی کھوج میں لگے ہوئے ہیں ۔ ایک ستیہ کے بعد دوسرے ستیہ پر جاتے انہیں

उन्हें खोलते बांधते देखकर बच्चों में मूर्तियों का आदर कम हो सकता है. अपने लालाजी को तुम रोज देखते हो उनसे थोड़ा बहुत डरते भी हो, पर भगवान को तुमने कभी नहीं देखा, उनका नाम सुना है, उनकी कथा सुनी है, अपने लालाजी से और मुझसे तुमने भजन सीखे हैं, प्रार्थना सीखी है, भगवान की मूर्तियों को धोक देना सीखा है, पर सब सुना सीखा है. यह सुनी सीखी बातें तुम्हारे दिल से निकल सकती हैं, अगर तुम किसी को मूर्ति से पांव लगाते या बुरी तरह उलटते पुलटते देख लो.

मैं बोला, अम्मा, मंदिर के भगवान हमें इम्तहान में पास नहीं करा सकते ?

अम्मा बोली, नहीं, कभी नहीं करा सकते, इम्तहान में पास तो तुम मन लगाकर पढ़ने से होंगे, तुम्हारे लालाजी तुम्हें पढ़ाकर पास करा सकते हैं. उनकी तस्वीर या मूरत तुम्हें पास नहीं करा सकती, क्योंकि वह तुम्हें पढ़ा नहीं सकती. तुम अपने लालाजी की तस्वीर को नमस्कार करके खुद खुश हो सकते हो, मुझे खुश कर सकते हो, अच्छे लड़के समझे जा सकते हो, पर उस तस्वीर से पैसे मांगकर, पैसे नहीं पा सकते. इस तस्वीर से कुछ पूछो तो जवाब नहीं पा सकते.

अम्मा, तो भगवान से हमें कुछ नहीं मिलेगा ?

अम्मा बोली, कुछ क्यों नहीं मिलेगा ? उनकी कथा सुनने से तुम्हारे अन्दर तुम्हारा मन भलाई करने के लिये जोर मारेगा. और इतना मिलना क्या कम है ? देखो मुहल्ले के सब लड़के गाली देते हैं, तुम कभी गाली नहीं देते, क्योंकि तुम्हारे पिताजी कभी गाली नहीं देते, मैं गाली नहीं देती. देखो, तुम्हारे स्कूल के लड़के गिलोल रखते हैं, बेमतलब चिड़ियां कौवे मार डालते हैं, गिलोल तुम्हारे पास भी है, तुम वैसा नहीं करते, क्योंकि तुम्हारे लालाजी वैसा नहीं करते, मैं वैसा नहीं करती. तुम अपने घर के नौकर को वैसा नहीं करने देते, हम सब ऐसा इसलिये नहीं करते कि हमारे भगवान ऐसा नहीं करते थे. हमने यह बात उनकी कथा सुनकर सीखी, तुम्हें सिखायी. उन्हीं भगवान के मंदिर में मूरत है. हम सब उनको धोक देते हैं, ठीक करते हैं और उनसे क्या चाहिये ?

मैं बोला, हम सब तो यह समझते थे कि मंदिर के भगवान सब कुछ कर सकते हैं, और अम्मा, जब भूल से मैं उनकी तरफ पीठ कर देता था तो रात को बड़े बड़े डरावने सपने आते थे. ऐसा क्यों होता था ?

अम्मा बोली, डरोगे तो डरावने सपने आयेंगे, किसी को डरावोगे तो डरावने सपने आवेंगे. किसी को डराने की सोचोगे तो डरावने सपने आवेंगे. जो सपने डरावने तुम्हें आते वह डरने से आते.

انہیں کھولتے باندھتے دیکھکر بچوں میں مورتیوں کا آدر کم ہو سکتا ہے. اپنے لالہ جی کو تم روز دیکھتے ہو ان سے تھوڑا بہت ڈرتے بھی ہو، پر بھگوان کو تم نے کبھی نہیں دیکھا، اُن کا نام سنا ہے، اُن کی کتھا سنی ہے، اپنے لالہ جی سے اور مجھ سے تم نے بھجن سیکھے ہیں، پرارتھنا سیکھی ہے، بھگوان کی مورتیوں کو دھوک دینا سیکھا ہے، پر سب سنا سیکھا ہے. یہ سنی سیکھی باتیں تمہارے دل سے نکل سکتی ہیں، اگر تم کسی کو مورتی سے پاؤں لگاتے یا بری طرح الٹتے پلٹتے دیکھ لو.

میں بولا، اماں، مندر کے بھگوان ہمیں امتحان میں پاس نہیں کرا سکتے ؟

اماں بولی، نہیں کبھی نہیں کرا سکتے، امتحان میں پاس تو تم من لگا کر پڑھنے سے ہوگے، تمہارے لالہ جی تمہیں پڑھا کر پاس کرا سکتے ہیں. ان کی تصویر یا مورت تمہیں پاس نہیں کرا سکتی، کیونکہ وہ تمہیں پڑھا نہیں سکتی. تم اپنے لالہ جی کی تصویر کو نمسکار کر کے خود خوش ہو سکتے ہو، مجھے خوش کر سکتے ہو، اچھے لڑکے سمجھے جا سکتے ہو، پر اس تصویر سے پیسے مانگ کر، پیسے نہیں پا سکتے. اس تصویر سے کچھ پوچھو تو جواب نہیں پا سکتے.

اماں، تو بھگوان سے ہمیں کچھ نہیں ملیگا ؟

اماں بولی، کچھ کیوں نہیں ملے گا ؟ ان کی کتھا سننے سے تمہارے اندر تمہارا من بھلائی کرنے کے لئے زور ماریگا. اور اتنا ملنا کیا کم ہے ؟ دیکھو محلے کے سب لڑکے گالی دیتے ہیں، تم کبھی گالی نہیں دیتے، کیونکہ تمہارے پتاجی کبھی گالی نہیں دیتے، میں گالی نہیں دیتی. دیکھو، تمہارے اسکول کے لڑکے غلول رکھتے ہیں، بے مطلب چڑیاں کوے مار ڈالتے ہیں، غلول تمہارے پاس بھی ہے، تم ویسا نہیں کرتے، کیونکہ تمہارے لالہ جی ویسا نہیں کرتے، میں ویسا نہیں کرتی. تم اپنے گھر کے نوکر کو ویسا نہیں کرنے دیتے، ہم سب ایسا اس لئے نہیں کرتے کہ ہمارے بھگوان ایسا نہیں کرتے تھے. ہم نے یہ بات اُن کی کتھا سن کر سیکھی، تمہیں سکھائی. انہیں بھگوان کے مندر میں مورت ہے. ہم سب ان کو دھوک دیتے ہیں، ٹھیک کرتے ہیں اور اُن سے کیا چاہئے ؟

میں بولا، ہم سب تو یہ سمجھتے تھے کہ مندر کے بھگوان سب کچھ کر سکتے ہیں، اور اماں، جب بھول سے میں ان کی طرف پیٹھ کر دیتا تھا تو رات کو بڑے بڑے ڈراونے سپنے آتے تھے. ایسا کیوں ہوتا تھا ؟

اماں بولی، ڈروگے تو ڈراونے سپنے آئینگے، کسی کو ڈراوگے تو ڈراونے سپنے آئینگے. کسی کو ڈرانے کی سوچو گے تو ڈراونے سپنے آئینگے. جو سپنے ڈراونے تمہیں آتے وہ ڈرنے سے آتے.

मैं बोला, और बच्चे न सही, मैं तो सफ़ाई के काम पूरा हाथ बंटा सकता था और अब वह वेदी सजाते हैं मुझ से काम लेते हैं, दूसरों से भी काम लेते हैं.

अम्मा बोलीं, पर इस वक़्त वह वेदी नहीं सजा रहे, ान की मूर्तियां साफ़ कर रहे हैं.

मैं बोला, वह काम भी मैं अच्छा कर सकता था.

अम्मा बोलीं, तुम अच्छा तो कर सकते थे, पर कहीं कोई मूरत टूट फूट जाती तो क्या होता ?

मैं बोला, और उन से टूट फूट जावे तो ?

अम्मा बोलीं, वह बहुत होशियारी से काम करते हैं. र इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी का काम तुम्हें नहीं सौंप ते.

मैं बोला, यह ठीक सही, वह मुझे काम न दें, मुझे दर क्यों नहीं आने देते ? देखने क्यों नहीं देते ? दूसरे काई की तरह वह भी एक सफ़ाई है. दूसरों में आने देते इसमें क्यों रोकते हैं ?

अम्मा बोलीं, वजह यह है कि धातु की मूर्तियों की फ़ाई करते वक़्त उनको टेढ़े सीधे करके मांजना पड़ता कभी ज़रूरत पड़ जाय तो पांव का ज़ोर भी लगाना ता है इसलिये वहां बच्चों को नहीं रहने देते.

मैं बोला, इसमें न रहने देने की क्या बात है ?

अम्मा बोलीं, बच्चे मूर्तियों को इस तरह मांजता कर खिलौना समझने लगेंगे; और सब आदर भाव । बैठेंगे. भगवान मानना छोड़ देंगे और कभी अकेले में टी छोटी मूर्तियों के साथ ऐसे ही खेलने लगेंगे जैसे रों खिलौनों के साथ.

मैं बोला, तो वह भगवान नहीं हैं ?

अम्मा बोलीं, भगवान नहीं, भगवान की मूरत है.

मैं बोला, भगवान की मूरत जैसे लालाजी की वीर.

अम्मा बोलीं, तस्वीर नहीं, जैसे लालाजी की मूरत. लाजी की मूरत को अगर वैसी कोई मूरत तुम्हारे घर होती, तो तुम अच्छी तरह संभालकर रखते या नहीं ?

मैं बोला, संभाल कर तो रखता, पर धोक (साष्टांग नस्कार) न देता.

अम्मा बोलीं, धोक तो तुम लालाजी को भी नहीं देते. (भगवान अगर तुम्हारे लालाजी की तरह जीते जागते म्हारे सामने आ जाते तो तुम धोक देते या नहीं ?

मैं बोला, हां तब तो धोक देता.

अम्मा बोलीं, बस यही बात भगवान की मूरत की है.

میں بولا' اور بچے نہ سہی' میں تو صفائی کے کام میں پورا ہاتھ بٹا سکتا تھا . اور جب وہ ویدی سجاتے ہیں تو مجھ سے کام لیتے ہیں' دوسروں سے بھی کام لیتے ہیں .

اماں بولی' پر اس وقت وہ ویدی نہیں سجا رہے' بھگوان کی مورتیاں صاف کر رہے ہیں .

میں بولا' یہ کام بھی میں اچھا کر سکتا تھا .

اماں بولی' تم اچھا تو کر سکتے تھے' پر کہیں سے کوئی مورت ٹوٹ پھوٹ جاتی تو کیا ہوتا ؟

میں بولا' اور ان سے ٹوٹ پھوٹ جاوے تو ؟

اماں بولی' وہ بہت ہوشیاری سے کام کرتے ہیں . اور اتنی بڑی ذمہ داری کا کام تمہیں نہیں سونپ سکتے .

میں بولا' یہ ٹھیک سہی' وہ مجھے کام نہ دیں' مجھے اندر کیوں نہیں آنے دیتے ؟ دیکھنے کیوں نہیں دیتے ؟ دوسرے صفائی کی طرح وہ بھی ایک صفائی ہے . دوسروں میں آنے دیتے ہیں' اس میں کیوں روکتے ہیں ؟

اماں بولی' وجہ یہ ہے کہ دھات کی مورتیوں کی صفائی کرتے وقت ان کو ٹیڑھے سیدھے کر کے مانجھنا پڑتا ہے . کبھی ضرورت پڑ جائے تو پاؤں کا زور بھی لگانا پڑتا ہے اس لیے وہاں بچوں کو نہیں رہنے دیتے .

میں بولا' اس میں نہ رہنے دینے کی کیا بات ہے ؟

اماں بولی' بچے مورتیوں کو اس طرح مانجھتا دیکھکر کھلونا سمجھنے لگینگے؛ اور سب آدر بھاؤ کھو بیٹھینگے . بھگوان ماننا چھوڑ دینگے اور کبھی اکیلے میں چھوٹی چھوٹی مورتیوں کے ساتھ ایسے ہی کھیلنے لگینگے جیسے دوسرے کھلونوں کے ساتھ .

میں بولا' تو وہ بھگوان نہیں ہیں ؟

اماں بولی' بھگوان نہیں' بھگوان کی مورت ہے .

میں بولا' بھگوان کی مورت جیسے لالہ جی کی تصویر .

اماں بولی' تصویر نہیں' جیسے لالہ جی کی مورت . لالہ جی کی مورت کو' اگر ویسی کوئی مورت تمہارے گھر میں ہوتی' تو تم اچھی طرح سنبھال کر رکھتے یا نہیں؟

میں بولا' سنبھال کر تو رکھتا' پر دھوک (ساشٹانگ نمسکار) نہ دیتا .

اماں بولی' دھوک تو تم لالہ جی کو بھی نہیں دیتے. پر بھگوان اگر تمہارے لالہ جی کی طرح جیتے جاگتے تمہارے سامنے آ جاتے تو تم دھوک دیتے یا نہیں ؟

میں بولا' ہاں تب تو دھوک دیتا .

اماں بولی' بس یہی بات بھگوان کی مورت کی ہے .

एक बार एक लड़के से भूत के बारे में बहस हो जाने पर मैं यह कह बैठा, "आज तुम्हारे बाप के सिर में कोई भूत न आने दूंगा." उस लड़के का बाप अखाड़े में भूत बुलाने का काम करता था. उस लड़के से शर्त हो गई. दिवाली का दिन था. रात काफी ठंडी हो चुकी थी. मैं एक कपड़ा ओढ़ कर और बांस की एक खपच्ची में एक सुई बांध कर अपने कपड़े में छुपाकर उस लड़के के साथ जिसे मैंने चुनौती दी थी, उसके घर पहुँचा. अखाड़े में ठीक उसके बाप के पीछे बैठ गया. वह लड़का मेरे बराबर बैठ गया. अखाड़े में लालटेन न थी. कोठरी के एक कोने में एक दिया जल रहा था. वह ऐसी जगह था जहाँ से वह मेरे ऊपर लड़के के बाप की परछाईं डाल रहा था, यानी मैं कुछ अंधेरे में था. अखाड़े के और लोग मुझे ठीक ठीक न देख सकते थे.

मेरे पहुँचने के दो मिनट बाद लड़के के बाप ने एक भूत बुलाया. जैसे ही लड़के के बाप ने सिर हिलाना शुरू किया, मैंने चुपके से खपच्ची में बंधी सुई पीछे से लड़के के बाप के बदन में चुभा दी. खपच्ची चट नीचे छुपा ली. सिर हिलना बंद हो गया. लड़के के बाप ने दाएँ बाएँ गुस्सा होकर देखा, पर कुछ न समझा, फिर भूत बुलाया गया. वह आया, मैंने फिर सुई चुभाई, वह फिर भाग गया. फिर उसी तरह दाएँ बाएँ निगाह दौड़ाई गई, फिर भी कोई कुछ न समझा, आध घंटे की कोशिश के बाद लड़के के बाप को यह कहना पड़ा कि आज भूत सिर नहीं आएगा.

दूसरे दिन सारा भेद खुल गया. उस दिन के बाद से मुझे कभी अखाड़े में नहीं शामिल होने दिया गया. शायद यह भी एक कारन हो कि मुझे मंदिर में उस वक़्त न आने देते हों, जब किसी और लड़के को वहां आने की इजाज़त न थी.

जब मैं सब जगह से निराश हो गया तब अपनी मां से पूछ बैठा, मां, हम बच्चों को मंदिर में यह लोग क्यों नहीं आने देते ? मां बोली, मंदिर तो तुम रोज़ जाते हो, कोई रोकता नहीं. कब किसने तुमको रोका ? मैं बोला, हर साल भादों की पूजा शुरू होने से पहिले दो तीन दिन दोपहर को कुछ लोग मंदिर में दरवाज़ा बंद करके बैठ जाते हैं, हम लड़कों को अन्दर नहीं आने देते. दो एक दिन की बात होने से मैं हर साल तुम से पूछना भूल जाता था, इस साल भी कल ऐसा ही हुआ. और आज अभी मैं मंदिर से आ रहा हूँ, कोई दरवाज़ा नहीं खोलता, कोई कुछ बताता भी नहीं, अम्मा, यह बात क्या है ?

अम्मा हंस पड़ी, बोली, अच्छा यह बात है ? बेटा बात कुछ नहीं, लोग दरवाज़ा बंद करके पूजा के लिए मंदिर की सफ़ाई करते हैं, इसलिए बच्चों को नहीं आने देते.

ایک بار ایک لڑکے سے بھوت کے بارے میں بحث ہو جانے پر میں یہ کہہ بیٹھا' "آج تمہارے باپ کے سر میں کوئی بھوت نہ آنے دونگا." اس لڑکے کا باپ اکھاڑے میں بھوت بلانے کا کام کرتا تھا. اس لڑکے سے شرط ہو گئی. دیوالی کا دن تھا . رات کافی ٹھنڈی ہو چکی تھی . میں ایک کپڑا اوڑھ کر اور بانس کی ایک کھپچی میں ایک سوئی باندھکر اپنے کپڑے میں چھپا کر اس لڑکے کے ساتھ جسے میں نے چنوتی دی تھی' اس کے گھر پہنچا . اکھاڑے میں ٹھیک اس کے باپ کے پیچھے بیٹھ گیا . وہ لڑکا میرے برابر بیٹھ گیا . اکھاڑے میں لالٹین نہ تھی . کوٹھری کے ایک کونے میں ایک دیا جل رہا تھا . وہ ایسی جگہ تھا جہاں سے وہ میرے اوپر لڑکے کے باپ کی پرچھائی ڈال رہا تھا' یعنی میں کچھ اندھیرے میں تھا . اکھاڑے کے اور لوگ مجھے ٹھیک ٹھیک نہ دیکھ سکتے تھے .

میرے پہنچنے کے دو منٹ بعد لڑکے کے باپ نے ایک بھوت بلایا . جیسے ہی لڑکے کے باپ نے سر ہلانا شروع کیا' میں نے چپکے سے کھپچی میں بندھی سوئی پیچھے سے لڑکے کے باپ کے بدن میں چبھا دی . کھپچی جھٹ نیچے چھپا لی . سر ہلنا بند ہوگیا . لڑکے کے باپ نے دائیں بائیں غصہ ہو کر دیکھا' پر کچھ نہ سمجھا' پھر بھوت بلایا گیا . وہ آیا' میں نے پھر سوئی چبھائی' وہ پھر بھاگ گیا . پھر اسی طرح دائیں بائیں نگاہ دوڑائی گئی' پھر بھی کوئی کچھ نہ سمجھا' آدھ گھنٹے کی کوشش کے بعد لڑکے کے باپ کو یہ کہنا پڑا کہ آج بھوت سر نہیں آئیگا .

دوسرے دن سارا بھید کھل گیا . اس دن کے بعد سے مجھے کبھی اکھاڑے میں نہیں شامل ہونے دیا گیا . شائد یہ بھی ایک کارن ہو کہ مجھے مندر میں اسوقت نہ آنے دیتے ہوں' جب کسی اور لڑکے کو وہاں آنے کی اجازت نہ تھی .

جب میں سب جگہ سے نراش ہوگیا تب اپنی ماں سے پوچھ بیٹھا' ماں' ہم بچوں کو مندر میں یہ لوگ کیوں نہیں آنے دیتے ؟ ماں بولی' مندر تو تم روز جاتے ہو' کوئی روکتا نہیں . کب کس نے تم کو روکا ؟ میں بولا' ہر سال بھادوں کی پوجا شروع ہونے سے پہلے دو تین دن دوپہر کو کچھ لوگ مندر میں دروازہ بند کر کے بیٹھ جاتے ہیں' ہم لڑکوں کو اندر نہیں آنے دیتے . دو ایک دن کی بات ہونے سے میں ہر سال تم سے پوچھنا بھول جاتا تھا' اس سال بھی کل ایسا ہی ہوا . اور آج ابھی میں مندر سے آ رہا ہوں' کوئی دروازہ نہیں کھولتا' کوئی کچھ بتاتا بھی نہیں' اماں' یہ بات کیا ہے ؟

اماں ہنس پڑی' بولی' اچھا یہ بات ہے ؟ بیٹا بات کچھ نہیں' لوگ دروازہ بند کر کے پوجا کے لئے مندر کی صفائی کرتے ہیں' اس لئے بچوں کو نہیں آنے دیتے .

…ं बाप, सत्य की क़द्र करने पर भी, अपने …च्चे से सत्य को न जाने क्यों छिपाये रखना चाहते …छिपाये रखते हैं. उनका छोटा बच्चा झूठे विचारों …रहा होता है, फँसने को होता है, या फँसने की …में होता है और वह देखते रहते हैं. इसे आप मेरा … समझिये कि मुझे ऐसी माँ मिली थी जो सत्य को उस वक़्त भी छिपा कर न रखना चाहती थी, जब …बरस का था, वह सत्य बात क्या थी उसे

…ों के महीनों में, पर्व शुरू होने से पहले, एक दो … होते थे, जब दोपहर के वक़्त छोटे बच्चों को …नहीं आने दिया जाता था, दो चार अधेड़ और मंदिर के अन्दर रहते थे. अन्दर से दरवाज़ा … लेते थे. तीन चार घंटे बराबर बच्चों के लिये आने की मनाही रहती थी. मैं बारह बरस का था, …र के लिहाज़ से काफ़ी समझदार था, मुझे भी नहीं आने दिया जाता था. यह रोक टोक मुझे बहुत … थी.

रोक टोक के बारे में मैं अपने और साथियों से … लेकिन वह कुछ न बता सकते. सोलह सतरह बरस … भी कुछ न बताते. या तो वह जानते न थे या … कर बात छिपाते थे. बड़े बूढ़ों से जब यह बात …, तब फटकार हाथ आई. वह लोग जो मन्दिर …हो कर काम करते थे, मेरे क़रीबी रिश्तेदार होते …प्यार करते थे, मुझे अच्छा लड़का समझते थे, पर यह न बताते थे कि वह किसलिये मन्दिर में बन्द नहीं बताते थे, इतना ही नहीं, नाराज़ होकर कह … “क्या पूछते हो ?” यह सुन कर मैं अपना सा …र रह जाता.

…ा तो बारह बरस का पर भूत प्रेत में बिलकुल … न करता था. मेरे माँ बाप को छोड़ कर सारा … भूत प्रेत का विश्वासी था. मुहल्ले के दो खाते …ाने भूत प्रेत बुलाने का काम करते थे. उन घरों में … एक घर में होली दिवाली को ज़रूर भूत बुलाये … इस काम के लिये जो सभा लगती थी उसको … कहा जाता था. ऐसे अखाड़ों में, जहां तक बने, …ो नहीं आने दिया जाता था. लेकिन अगर कोई …आ ही जाय तो उसे निकाला नहीं जाता था, उसको …ाई से भी वंचित नहीं रखा जाता था, जो अखाड़े के आने पर सभा में बांटी जाती थी.

… इस मिठाई का बहुत लालच रहता था. और … किसी तरह वहां पहुँच जाता था.

کچھ ماں باپ، ستیہ کی قدر کرنے پر بھی، اپنے چھوٹے بچے سے ستیہ کو نہ جانے کیوں چھپائے رکھنا چاہتے ہیں، یا چھپائے رکھتے ہیں۔ اُن کا چھوٹا بچہ جھوٹے وچاروں میں پھنس رہا ہوتا ہے، پھنسنے کو ہوتا ہے، یا پھنسنے کی امید میں ہوتا ہے اور وہ دیکھتے رہتے ہیں۔ اسے آپ میرا سوبھاگیہ سمجھئے کہ مجھے ایسی ماں ملی تھی جو ستیہ کو مجھ سے اُس وقت بھی چھپا کر نہ رکھنا چاہتی تھی، جب میں بارہ برس کا تھا، وہ ستیہ بات کیا تھی آیے سنئے۔

بہادر کے مہینوں میں، پرو شروع ہونے سے پہلے، ایک دو دن ایسے ہوتے تھے، جب دوپہر کے وقت چھوٹے بچوں کو مندر میں نہیں آنے دیا جاتا تھا، دو چار ادھیڑ اور بڑے بوڑھے مندر کے اندر رہتے تھے۔ اندر سے دروازہ بند کر لیتے تھے۔ تین چار گھنٹے برابر بچوں کے لئے اندر آنے کی مناہی رہتی تھی۔ میں بارہ برس کا تھا، پر عمر کے لحاظ سے کافی سمجھدار تھا، مجھے بھی اندر نہیں آنے دیا جاتا تھا۔ یہ روک ٹوک مجھے بہت اکھرتی تھی۔

اس روک ٹوک کے بارے میں میں اپنے اور ساتھیوں سے پوچھتا، لیکن وہ کچھ نہ بتا سکتے۔ سولہ سترہ برس کے لڑکے بھی کچھ نہ بتاتے۔ یا تو وہ جانتے نہ تھے یا جان بوجھ کر بات چھپاتے تھے۔ بڑے بوڑھوں سے جب یہ بات پوچھی گئی، تب پھٹکار ہاتھ آئی۔ وہ لوگ جو مندر میں بند ہو کر کام کرتے تھے، میرے قریبی رشتہ دار ہوتے تھے۔ مجھے پیار کرتے تھے، مجھے اچھا لڑکا سمجھتے تھے، پر وہ بھی یہ نہ بتاتے تھے کہ وہ کس لئے مندر میں بند رہتے ہیں۔ نہیں بتاتے تھے، اتنا ہی نہیں، ناراض ہو کر کہہ بیٹھتے تھے ”کیا پوچھتے ہو؟“ یہ سن کر میں اپنا سا منہ لے کر رہ جاتا۔

میں تھا تو بارہ برس کا پر بھوت پریت میں بالکل وشواس نہ کرتا تھا۔ میرے ماں باپ کو چھوڑ کر سارا محلہ بھوت پریت کا وشواسی تھا۔ محلے کے دو کھاتے پیتے گھرانے بھوت پریت بلانے کا کام کرتے تھے۔ اُن گھروں میں سے کسی ایک گھر میں ہولی دیوالی کو ضرور بھوت بلائے جاتے تھے۔ اس کام کے لئے جو سبھا لگتی تھی اس کو اکھاڑا کہا جاتا تھا۔ ایسے اکھاڑوں میں، جہاں تک بنے، بچوں کو نہیں آنے دیا جاتا تھا۔ لیکن اگر کوئی بچہ آ ہی جائے تو اسے نکالا نہیں جاتا تھا، اس کو اس مٹھائی سے بھی ونچت نہیں رکھا جاتا تھا، جو اکھاڑے میں بھوتوں کے آنے پر سبھا میں بانٹی جاتی تھی۔

مجھے اس مٹھائی کا بہت لالچ رہتا تھا۔ اور کسی نہ کسی طرح وہاں پہنچ جاتا تھا۔

सत्य की सजावट क्यों ?

सत्य को सजाने की जरूरत नहीं. सजाने से सत्य की सुन्दरता कम हो जाती है. सत्य से सुन्दर दुनिया में दूसरी चीज नहीं. सत्यम्, शिवम् सुँदरम् का यह अर्थ नहीं कि वह तीन अलग अलग चीजें हैं. इसका अर्थ है, सत्य, शिव और सुन्दर है. सत्य को ईश्वर कहा जाता है, तब वह शिव सुन्दर नहीं होगा तो और कौन होगा ?

झूट न सुन्दर होता है, न हो सकता है. जिन किताबों में काम की चीज कम रहती है, उनकी दूकानदार, जिल्द बड़ी खूबसूरत बनाते हैं. उस जिल्द पर सोने से बेल बूटे निकालते हैं. झूट बाजार में सजधज के बिना नहीं आ सकता.

झूट को यश की चाह होती है. उसको वर्दी पहन कर, पगड़ी बांधकर सामने आना पड़ता है. झूट ऐसा न करे तो वह दुनिया में जगह नहीं बना सकता. झूट के सजधज कर आने की वजह कुछ लोग सत्य को सजाने लगे हैं. इससे सत्य को, फ़ायदा न होकर, नुक़सान हुआ है. सजधज की वजह सत्य को अब कोई यों ही सत्य नहीं मान लेता, कसौटी पर कस कर देखता है. जिसका मतलब है, सत्य सजावट की वजह से आदमी की पहली निगाह में झूट मालूम पड़ता है. सजने की झूट को जरूरत है. सजे हुए सत्य को परीक्षा की आग में हो कर निकलना ही पड़ेगा. यह ठीक है, सत्य परीक्षा में खरा उतरता है, पर सत्य को परीक्षा की जरूरत पड़े, यह सत्य को शोभा नहीं देता.

सजावट ने, जिसकी झूट के लिये जरूरत थी, सत्य की कम क़द्री कर दी, उसको झूट की पंगत में बिठा दिया.

दुनिया में ईमानदार, विचारवान कम हैं, और बुद्धिमान भी कम पाये जाते हैं. आज दुनिया का काम बहुमत से चल रहा है, तब सत्य को जगह कहाँ ? यों सत्य को सजा कर लाने का रिवाज चल पड़ा. इस रिवाज से सत्य की भलाई नहीं हुई. झूट की भलाई जरूर हुई. सत्य दब गया, झूट सारी दुनिया में फैल गया. इस झूट से भरी दुनिया में अगर बहुमत की पर्वाह की जावे तो सत्य कभी हाथ नहीं लग सकता, इसलिये ईमानदार, समझदार, बुद्धिमान बहुमत की पर्वाह सत्य के मामले में नहीं करते. वह सत्य को कहे जाते हैं, दुनिया के सामने बराबर रखते हैं. भले ही सत्य बोलने, सत्य विचार फैलाने, या सत्य समझाने से उन पर कितनी ही आफ़त क्यों न आये ?

ستیہ کی سجاوٹ کیوں؟

ستیہ کو سجانے کی ضرورت نہیں ۔ سجانے سے ستیہ ی سندرتا کم ہوجاتی ہے ۔ ستیہ سے سندر دنیا میں سری چیز نہیں ۔ ستیم' شوم سندرم کا یہ ارتھ نہیں کہ تین الگ الگ چیزیں ہیں ۔ اس کا ارتھ ہے' ستیہ' یو اور سندر ہے ۔ ستیہ کو ایشور کہا جاتا ہے' تب وہ شیو ندر نہیں ہوگا تو اور کون ہوگا ؟

جھوٹ نہ سندر ہوتا ہے' نہ ہوسکتا ہے جن کتابوں میں کام ی چیز کم رہتی ہے' ان کی دوکان دار' جلد بڑی خوبصورت نماتے ہیں ۔ اس جلد پر سونے سے بیل بوٹے نکالتے ہیں ۔ جھوٹ بازار میں سج دھج کے بنا نہیں آ سکتا ۔

جھوٹ کو یش کی چاہ ہوتی ہے ۔ اس کو وردی پہنکر' گڑی باندھکر سامنے آنا پڑتا ہے ۔ جھوٹ ایسا نہ کرے تو ہ دنیا میں جگہ نہیں بنا سکتا ۔ جھوٹ کے سج دھج ر آنے کی وجہ کچھ لوگ ستیہ کو سجانے لگے ہیں ۔ اس ے ستیہ کو' فائدہ نہ ہو کر' نقصان ہوا ہے ۔ سج دھج ی وجہ ستیہ کو اب کوئی یونہی ستیہ نہیں مان لیتا' سوٹی پر کس کر دیکھتا ہے ۔ جس کا مطلب ہے' ستیہ سجاوٹ کی وجہ سے آدمی کی پہلی نگاہ میں جھوٹ معلوم پڑتا ہے ۔ سجنے کی جھوٹ کو ضرورت ہے ۔ سجے ہوئے ستیہ کو پریکشا کی آگ میں ہو کر نکلنا ہی پڑے گا ۔ یہ ٹھیک ہے' ستیہ پریکشا میں کھرا اترتا ہے' پر ستیہ کو پریکشا کی ضرورت پڑے' یہ ستیہ کو شوبھا نہیں دیتا ۔

سجاوٹ نے' جس کی جھوٹ کے لئے ضرورت تھی' ستیہ کی کم قدری کر دی' اس کو جھوٹ کی پنگت میں ٹھا دیا ۔

دنیا میں ایماندار' وچاروان کم ہیں' اور بدھی مان ی کم پائے جاتے ہیں ۔ آج دنیا کا کام بہومت سے چل ہا ہے' تب ستیہ کو جگہ کہاں ؟ یوں ستیہ کو سجا کر نے کا رواج چل پڑا ۔ اس رواج سے ستیہ کی بھلائی نہیں ہوئی ۔ جھوٹ کی بھلائی ضرور ہوئی ۔ ستیہ دب گیا' جھوٹ ساری دنیا میں پھیل گیا ۔ اس جھوٹ سے بھری نیا میں اگر بہومت کی پرواہ کی جاوے تو ستیہ کبھی اتھ نہیں لگ سکتا' اس لئے ایماندار' سمجھدار' بدھی ان بہومت کی پرواہ ستیہ کے معاملے میں نہیں کرتے ۔ ستیہ کو کہے جاتے ہیں' دنیا کے سامنے برابر رکھتے ہیں ۔ بھلے ہی ستیہ بولنے' ستیہ وچار پھیلانے' یا ستیہ سمجھانے سے ان پر کتنی ہی آفت کیوں نہ آئے ؟

…हिन्द

نیا ہند

मई सन् '52 नम्बर 5

نمبر 5 مئی' سن '52 جلد 12

'' आदमी, प्रेम धरम है, हिन्दुस्तानी बोली,
। हिन्द' पहुँचेगा घर घर लिये प्रेम की झोली.

جات آدمی' پریم دھرم ہے' ھندستانی بولی'
'نیا ھند' پہنچے گا گھر گھر لئے پریم کی جھولی .

"आकाश रंग"

(स्वामी मारहरवी)

त्म, परम आत्म बदले रिशी, मुनी, अवतारी बदले
ता, घर वाले बदले देश के सब नर नारी बदले
क्या क्या रंग आकाश ने बदले
सारे ठाठ पुराने बदले.

ती, मत वाले बदले मद बदला मद शाले बदले
ता, हरि वाले बदले दुख सुख न्यारे न्यारे बदले
क्या क्या रंग आकाश ने बदले
सारे ठाठ पुराने बदले.

न संतोश नहीं है दीप बुझे कुछ होश नहीं है
को दोस नहीं है फूल भी अब निर्दोश नहीं है
क्या क्या रंग आकाश ने बदले
सारे ठाठ पुराने बदले.

धनवान से उलझे निर्बल हैं बलवान से उलझे
नादान से उलझे मूरख हैं भगवान से उलझे
क्या क्या रंग आकाश ने बदले
सारे ठाठ पुराने बदले.

र और ठाकुर द्वारे मस्जिद, गिरजा और गुरुद्वारे
याग और गुरुकुलद्वारे शांति नहीं अब यह हरिद्वारे
क्या क्या रंग आकाश ने बदले ,
सारे ठाट पुराने बदले.

दले सांझ सकारे गरहन में डूबे सूर्य हमारे
तुमने काज सुधारे दिये तले यह घुप अंधियारे
क्या क्या रंग आकाश ने बदले
सारे ठाठ पुराने बदले.

ी ! सत नाम भले जी स्वार्थ हों वह काम भले जी
विराजे श्याम भले जी राम भले भी ! राम भले जी
क्या क्या रंग आकाश ने बदले

"آکاش رنگ"

(سوامی مارھروی)

دھرم آتم' پرم آتم بدلے رشی' منی' اوتاری بدلے
گھر بدلا' گھر والے بدلے دیش کے سب نر ناری بدلے
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

مت بدلی' متوالے بدلے مد بدلا' مد شالے بدلے
ھری بدلا' ھری والے بدلے دکھ سکھ نیارے نیارے بدلے
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

کاھومن سنتوش نہیں ہے دیپ بجھے کچھ ھوش نہیں ہے
کانٹوں ھی کو دوش نہیں ہے پھول بھی اب نردوش نہیں ہے
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

نردھن ھیں دھنوان سے اُلجھے نربل ھیں بلوان سے اُلجھے
چاتر ھیں نادان سے اُلجھے مورکھ ھیں بھگوان سے اُلجھے
کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

مٹھ' مندر اور ٹھاکر دوارے مسجد' گرجا اور گردوارے
کاشی' پریاگ اور گروکل دوارے شانت نہیں اب یہ ھردوارے
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

دھندلے دھندلے سانجھ سکارے گرھن میں ڈوبے سوریہ ھمارے
بھلے جی تم نے کاج سدھارے دیئے تلے یہ گھپ اندھیارے
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
سارے ٹھاٹھ پرانے بدلے .

سوامی جی! ست نام بھلے جی سوارتھ ھیں وہ کام بھلے جی
من میں براجے شیام بھلے جی رام بھلے بھی! رام بھلے جی
کیا کیا رنگ آکاش نے بدلے
[illegible]

"नया हिन्द"

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

का

माहवारी परचा

मई 1952

"نیا ہند"

ہندستانی کلچر سوسائٹی

کا

ماہواری پرچہ

مئی 1952

सर्वोदय सम्मेलन—सुन्दरलाल, नैनीताल से राजधानी हटाइये; विदेशी व्योपारियों का नया जाल; डाक्टरों का घमंड; ग़रीब भारत और ऊंची तनख़ाहें; कश्मीर का नया क़दम—सुरेश रामभाई.

سرودے سمیلن—سندرلال؛ نینی تال سے راجدھانی ہٹائیے؛ ودیشی بیوپاریوں کا نیا جال؛ ڈاکٹروں کا گھمنڈ؛ غریب بھارت اور اونچی تنخواہیں؛ کشمیر کا نیا قدم—سریش رام بھائی ۔

क़ीमत—हिन्दुस्तान में छै रुपया साल, बाहर दस रुपया साल, एक परचा दस आने.

قیمت—ہندستان میں چھ روپیہ سال، باہر دس روپیہ سال، ایک پرچہ دس آنے ۔

मैनेजर
'नया हिन्द'
145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद

مینیجر
'نیا ہند'
145، مٹھی گنج، الہ آباد ۔

या हिन्द — نیا ہند

के ख़ास लेख

اِس نمبر کے خاص لیکھ

गद्य—

कल्चर सोसाइटी, इलाहाबाद — ستانی کلچر سوسائٹی، الٰہ آباد

मई 1952 مئی

Registered No. A-- 210.

चीन की आवाज़

(पंडित सुन्दरलाल की कुछ स्पीचों व बयानों का संग्रह)

पहली अक्तूबर 1951 को हमारे पड़ोसी नये चीन ने अपने नये लोकराज की दूसरी सालगिरह मनाई थी. ख़ुशी के इस मौक़े पर चीन की कई संस्थाओं की दावत पर हिन्दुस्तान से एक ग़ैर सरकारी मिशन पंडित सुन्दरलाल की सदारत में गया था जिसने वहां जाकर हिन्दुस्तान की आम जनता की तरफ़ से शिरकत की. पंडित जी दिल्ली से 20 सितम्बर 1951 को रवाना हुए और चालीस दिन चीन में रह कर 2 नवम्बर को वापस आये.

चीन में इस मिशन का बहुत शानदार और ज़ोरदार स्वागत किया गया, ऐसे लगा मानो बरसों के बिछुड़े दो सगे भाई मिल रहे हैं. मिशन को भी ऐसा महसूस हुआ कि एक क़ौम की क़ौम जाग कर उठ खड़ी हुई है, उसमें एक अजीब-ग़रीब जोश है, चेहरे पर दमक है और बदन में फुर्ती. पिछले दो बरस में चीन के रहने वालों ने जो किया वह एक लासानी और नुमायाँ बढ़ाव है. उन्होंने क्या किया—इसकी झलक आप को इस छोटी सी किताब में मिलेगी.

चीन में जगह जगह पंडित जी के जो बयान या स्पीचें हुईं और फिर हिन्दुस्तान में लौटने पर उन्होंने प्रेस, रेडियो और अख़बारों को जो बयान दिये उनमें से ख़ास ख़ास इस किताब में जमा कर दिये गए हैं.

यह वह किताब है जिसे हर मर्द-औरत और बच्चा शौक़ से पढ़ेगा और सचमुच फ़ायदा उठायेगा.

बढ़िया काग़ज़ पर छपी, चालीस सफ़ों से ऊपर की किताब, दाम सिर्फ़ चार आना.

मिलने का पता—
मैनेजर, 'नया हिन्द', 145, मुट्ठीगंज, इलाहाबाद.

چین کی آواز

(پنڈت سندر لال کی کچھ اسپیچوں و بیانوں کا سنگرہ)

پہلی اکتوبر 1951 کو ہمارے پڑوسی نئے چین نے اپنے نئے لوک راج کی دوسری سالگرہ منائی تھی۔ خوشی کے اس موقعے پر چین کی کئی سنستھاؤں کی دعوت پر ہندستان سے ایک غیر سرکاری مشن پنڈت سندر لال کی صدارت میں گیا تھا جس نے وہاں جا کر ہندستان کی عام جنتا کی طرف سے شرکت کی۔ پنڈت جی دلی سے 20 ستمبر 1951 کو روانہ ہوئے اور چالیس دن چین میں رہ کر 2 نومبر کو واپس آئے۔

چین میں اس مشن کا بہت شاندار اور زوردار سواگت کیا گیا، ایسے لگا مانو برسوں کے بچھڑے دو سگے بھائی مل رہے ہوں۔ مشن کو بھی ایسا محسوس ہوا کہ ایک قوم کی قوم جاگ کر اٹھ کھڑی ہوئی ہے، اس میں ایک عجیب غریب جوش ہے، چہرے پر دمک ہے اور بدن میں پھرتی۔ پچھلے دو برس میں چین کے رہنے والوں نے جو کیا وہ ایک لاثانی اور زبردست بڑھاؤ ہے۔ انہوں نے کیا کیا—اسکی جھلک آپ کو اس چھوٹی سی کتاب میں ملے گی۔

چین میں جگہ جگہ پنڈت جی کے جو بیان یا اسپیچیں ہوئیں اور پھر ہندستان میں لوٹنے پر انہوں نے پریس، ریڈیو اور اخباروں کو جو بیان دیئے ان میں سے خاص خاص اس کتاب میں جمع کر دیئے گئے ہیں۔

یہ وہ کتاب ہے جسے ہر مرد عورت اور بچہ شوق سے پڑھے گا اور سچ مچ فائدہ اٹھائے گا۔

بڑھیا کاغذ پر چھپی، چالیس صفحوں سے اوپر کی کتاب، دام صرف چار آنہ۔

ملنے کا پتہ—
مینیجر، 'نیا ہند'، 145 مٹھی گنج، الہ آباد۔

Printed and Published by Suresh Ramabhai, at the Naya Hind Press, 145 Mutthiganj, Allahabad.

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी

मक़सद

(1) एक ऐसी हिन्दुस्तानी कलचर का बढ़ाना, फैलाना और प्रचार करना जिसमें सब हिन्दुस्तानी शामिल हों .

(2) एकता फैलाने के लिये किताबों, अखबारों, रिसालों वग़ैरा का छापना .

(3) पढ़ाई घरों, किताब घरों, सभाओं, कानफ़रेन्सों, लेक्चरों से सब धर्मों, जातों, बिरादरियों और फ़िर्क़ों में आपस का मेल बढ़ाना .

—:०:—

सोसाइटी के प्रेसीडेन्ट—मि० अब्दुल मजीद ख्वाजा. वाइस प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास और डा० अब्दुल हक़; गवर्निंग बाडी के प्रेसीडेन्ट—डा० भगवानदास; सेक्रेटरी—पं० सुन्दरलाल.

गवर्निंग बाडी के और मेम्बर—

डा० सैयद महमूद, डा० ताराचन्द, मौलवी सैयद सुलेमान नदवी, मि० मंज़र अली सोख़्ता, श्री बी० जी० खेर, पं० विशम्भर नाथ, महात्मा भगवानदीन, सेठ पूनम चन्द रांका, क़ाज़ी मोहम्मद अब्दुल ग़फ़्फ़ार और श्री ओम प्रकाश पालीवाल .

मेम्बरी के क़ायदों के लिये लिखिये –

सुन्दरलाल

सेक्रेटरी, हिंदुस्तानी कलचर सोसाइटी

145, मुट्ठी गंज, इलाहाबाद .

नोट—सोसाइटी के नये क़ायदे के अनुसार मेम्बरी की फ़ीस सिर्फ़ एक रुपया कर दी गई है. "नया हिन्द" के जो गाहक मेम्बर बनना चाहें उनको सिर्फ़ छै रुपया चन्दा देने पर ही मेम्बर बना लिया जायगा. अलग से मेम्बरी की फ़ीस देने वाले सोसाइटी की निकली हुई कोई किताब जो एक रुपया दाम की होगी मुफ़्त ले सकेंगे या ज़्यादा दाम की किताबें लेते पर एक बार एक रुपया कम करा सकेंगे .

ہندستانی کلچر سوسائٹی

مقصد

(1) ایک ایسی ہندستانی کلچر کا بڑھانا، پھیلانا اور پرچار کرنا جس میں سب ہندستانی شامل ہیں ۔

(2) ایکتا پھیلانے کے لئے کتابوں، اخباروں، رسالوں وغیرہ کا چھاپنا ۔

(3) پڑھائی گھروں، کتاب گھروں، سبھاؤں، کانفرنسوں، لیکچروں سے سب دھرموں، جاتوں، برادریوں اور فرقوں میں آپس کا میل بڑھانا ۔

—:०:—

سوسائٹی کے پریسیڈنٹ — مسٹر عبدالمجید خواجہ؛ وائس پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بھگوان داس اور ڈاکٹر عبدالحق ۔ گورننگ باڈی کے پریسیڈنٹ — ڈاکٹر بھگوان داس؛ سکریٹری — پنڈت سندرلال ۔

گورننگ باڈی کے اور ممبر —

ڈاکٹر سید محمود، ڈاکٹر تارا چند، مولوی سید سلیمان ندوی، مسٹر منظر علی سوختہ، شری بی۔ جی۔ کھیر، پنڈت بشمبھر ناتھ، مہاتما بھگوان دین، سیٹھ پونم چند رانکا، قاضی محمد عبدالغفار اور شری اوم پرکاش پالیوال ۔

ممبری کے قاعدوں کے لئے لکھئے —

سندرلال

سکریٹری، ہندستانی کلچر سوسائٹی،

115 مٹھی گنج، الہ آباد ۔

نوٹ — سوسائٹی کے نئے قاعدے کے انوسار ممبری کی فیس صرف ایک روپیہ کردی گئی ہے ۔ "نیا ہند" کے جو گاہک ممبر بننا چاہیں اُن کو صرف چھ روپیہ چندہ دینے پر ہی ممبر بنا لیا جائیگا ۔ الگ سے ممبری کی فیس دینے والے سوسائٹی کی نکلی ہوئی کوئی کتاب جو ایک روپیہ دام کی ہوگی مفت لے سکیں گے یا زیادہ دام کی کتابیں لینے پر ایک بار ایک روپیہ کم کرا سکیں گے ۔

हिन्दुस्तानी कलचर सोसाइटी की किताबें

पचास रुपए से जियादा दाम की किताबें खरीदने वालों को और बुकसेलरों को खास रिआयत दी जायगी. पूरी जानकारी के लिये लिखिये.

डाक या रेल खर्च हर हालत में गाहक के जिम्मे होगा.

भारत का विधान

पूरा हिन्दी अनुवाद

जो 26 जनवरी सन् 1950 से सारे भारत में लागू हुआ.

'भारत में अंग्रेजी राज' के लेखक पं० सुन्दरलाल द्वारा मूल अंगरेजी से अनुवादित.

हर भारतवासी का फ़र्ज है कि जिस विधान के अधीन स्वाधीन भारत का शासन इस समय चल रहा है उसे अच्छी तरह समझे भारत के हर घर में इस पुस्तक का रहना जरूरी है.

आसान बामुहावरा भाषा. रायल अठपेजी बड़ा साइज लगभग चार सौ पन्ने. कपड़े की सुन्दर जिल्द. क़ीमत केवल साढ़े सात रुपए.

ईसा का सन्देश

लेखक—डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा.

अनुवादक—श्री सुरेश रामभाई.

नामी गांधी वादी डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा की इस किताब के अंगरेजी में कई एडीशन हो चुके हैं. इस में हजरत ईसा के सन्देश की व्याख्या ऐसे लाजवाब ढंग से की गई है कि इंजील की पवित्र तालीम अपने सही रूप में पूरे तौर पर आपके सामने आ जायगी.

इस किताब के बारे में महात्मा गांधी का कहना है—

"हर आस्तिक चाहे वह ईसाई हो या और किसी धरम का मानने वाला हो मेरी सिफ़ारश है कि इसे पढ़े........."

हिन्दी में अपने ढंग की बे मिसाल किताब है. किताब के आखीर में "ईसा के जीवन के कुछ किस्से" देकर अनुवादक ने इस की शोभा और भी बढ़ा दी है.

खुशनुमा जिल्द, बढ़िया कागज, सवा सौ पन्नों की किताब का दाम सिर्फ एक रुपया.

मिलने का पता—

هندستانی کلچر سوسائٹی کی کتابیں

پچاس روپئے سے زیادہ دام کی کتابیں خریدنے والوں اور بکسیلروں کو خاص رعایت دی جائیگی۔ پوری جانکاری کے لئے لکھئے۔

ڈاک یا ریل خرچ ہر حالت میں گاہک کے ذمے ہوگا

بھارت کا ودھان

پورا ھندی انوواد

جو 26 جنوری سن 1950 سے سارے بھارت میں لاگو ہوا

'بھارت میں انگریزی راج' کے لیکھک پنڈت سندر لال دوارا مول انگریزی سے انوودت۔

ہر بھارت واسی کا فرض ہے کہ جس ودھان کے ادھین سوادھین بھارت کا شاسن اس سمے چل رہا ہے اسے اچھی طرح سمجھے بھارت کے ہر گھر میں اس پستک کا رہنا ضروری ہے۔

آسان بامحاورہ بھاشا۔ رایل اٹھ پیجی بڑا سائز۔ لگ بھگ چار سو پنے۔ کپڑے کی سندر جلد۔ قیمت کیول ساڑھے سات روپئے۔

عیسیٰ کا سندیش

لیکھک—ڈاکٹر جے. سی. کمارپا.

انوادک—شری سریش رامبھائی.

نامی گاندھی وادی ڈاکٹر جے. سی. کمارپا کی اس کتاب کے انگریزی میں کئی ایڈیشن ہوچکے ہیں۔ اس میں حضرت عیسیٰ کے سندیش کی ویاکھیا ایسے لاجواب ڈھنگ سے کی گئی ہے کہ انجیل کی پوتر تعلیم اپنے صحیح روپ میں پورے طور پر آپ کے سامنے آجائے گی۔

اس کتاب کے بارے میں مہاتما گاندھی کا کہنا ہے—

"ہر آستک چاہے وہ عیسائی ہو یا اور کسی دھرم کا ماننے والا ہو میری سفارش ہے کہ اسے پڑھے......"

ہندی میں اپنے ڈھنگ کی بے مثال کتاب ہے۔ کتاب کے آخیر میں "عیسیٰ کے جیون کے کچھ قصے" دیکر انوادک نے اس کی شوبھا اور بھی بڑھا دی ہے۔

خوشنما جلد، بڑھیا کاغذ، سوا سو پنوں کی کتاب کا صرف ایک روپیہ۔

ملنے کا

…मे का वचन न दे. यह वह कम से कम चीज़ है जो …री राय में भारत सरकार और दुनिया की सब सभ्य …ारों को करनी चाहिये.

…मारी निगाह में इस समय न दुनिया का राजकाज …ैर न कोई राज काजी दल. हमारी निगाह सिर्फ़ …न, इनसानी क़ौम, इनसानी कलचर और इनसान …ज़ारों बरस की कमाई पर है.

एक बात हम अपने अमरीका के भाइयों और …रीकी सरकार से और कर लेना चाहते हैं. ज़ाहिर है …री बात का क्या असर होगा. हमारी बात किसी के … तक पहुंचेगी भी या नहीं, यह भी हम नहीं जानते. … केवल अपना दिल हलका करना है और अपना फ़र्ज़ … करना है. हम ठंडे दिल से पूछना चाहते हैं कि …रीकी सरकार के नेता इतने अन्धे क्यों हो रहे हैं. …र किसी ज़माने की भी इस तरह की ताक़तों या चालों …निया क़ाबू में आ सकती तो न हिन्दुस्तान से अंगरेज़ी … गया होता, न चीन से मंचू हकूमत या चांग काई … की हकूमत मिटी होती, न रूस से ज़ार की सलतनत …होती और न दुनिया से हिटलर और मुसोलिनी मिटे … रेत में मुँह छिपा लेने से दुनिया के बढ़ते हुए तूफ़ान नहीं जाते और न राजकाजी और अख़लाक़ी लहरें अपना …म करने से रुक सकती हैं. चीन आज़ाद रहेगा, कोरिया आज़ाद होगा, एशिया फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो … है और खड़ा होगा, दुनिया की जनता जाग रही है …र जागेगी. इन बढ़ती हुई ताक़तों के सामने एटम बम या हाइड्रोजन बम, गैस बम हो या बीमारी बम बेकार …बित होंगे. दुनिया की जनता की आज़ादी और बहबूदी …इस बाग़ में नई और लासानी बहार आवेगी. फिर हम …ने दिलों को मैला क्यों करें? अपने ख़िलाफ़ द्वेश और …बेपन के बीज चारों तरफ़ क्यों बिखेरें और इस बाग़ … रहे सहे थोड़े से दरख़्तों को क्यों झुलसावें? आख़िर हम दुनिया का अमन चाहते हुए केवल यही दुआ कर …सते हैं—सब को सम्मति दे भगवान.

10. 4. '52 —सुन्दरलाल

نہ کرنے کا وچن نہ دے ۔ یہ وہ کم سے کم چیز ہے جو ہماری رائے میں بھارت سرکار اور دنیا کی سب سبھیہ سرکاروں کو کرنی چاہئے ۔

ہماری نگاہ میں اِس سمے نہ دنیا کا راج کاج ہے اور نہ کوئی راج کاجی دل ۔ ہماری نگاہ صرف انسان، انسانی قوم، انسانی کلچر اور انسان کی ہزاروں برس کی کمائی پر ہے ۔

ایک بات ہم اپنے امریکہ کے بھائیوں اور امریکی سرکار سے اور کر لینا چاہتے ہیں ۔ ظاہر ہے ہماری بات کا کیا اثر ہوگا ۔ ہماری بات کسی کے کان تک پہونچیگی بھی یا نہیں، یہ بھی ہم نہیں جانتے۔ ہمیں کیول اپنا دل ہلکا کرنا ہے اور اپنا فرض ادا کرنا ہے ۔ ہم ٹھنڈے دل سے پوچھنا چاہتے ہیں کہ امریکی سرکار کے نیتا اتنے اندھے کیوں ہو رہے ہیں ۔ اگر کسی زمانے کی بھی اس طرح کی طاقتوں یا چالوں سے دنیا قابو میں آ سکتی تو نہ ہندستان سے انگریزی راج گیا ہوتا، نہ چین سے منچو حکومت یا چانگ کائی شیک کی حکومت مٹی ہوتی، نہ روس سے زار کی سلطنت گئی ہوتی اور نہ دنیا سے ہٹلر اور مسولنی مٹے ہوتے ۔ ریت میں منہ چھپالینے سے دنیا کے بڑھتے ہوئے طوفان مٹ نہیں جاتے اور نہ راج کاجی اور اخلاقی لہریں اپنا کام کرنے سے رک سکتی ہیں ۔ چین آزاد رہیگا، کوریا بھی آزاد ہوگا، ایشیا پھر سے اپنے پیروں پر کھڑا ہو رہا ہے اور کھڑا ہوگا، دنیا کی جنتا جاگ رہی ہے اور جاگیگی ۔ ان بڑھتی ہوئی طاقتوں کے سامنے ایٹم بم ہو یا ہائیڈروجن بم، گیس بم ہو یا بیماری بم بیکار ثابت ہونگے ۔ دنیا کی جنتا کی آزادی اور بہبودی کے اِس باغ میں نئی اور لاثانی بہار آئیگی ۔ پھر ہم اپنے دلوں کو میلا کیوں کریں؟ اپنے خلاف دویش اور کروپن کے بیج چاروں طرف کیوں بکھیریں اور اس باغ کے رہے سہے تھوڑے سے درختوں کو کیوں جھلسائیں؟ آخیر میں ہم دنیا کا امن چاہتے ہوئے کیول یہی دعا کر سکتے ہیں— سب کو سمتی دے بھگوان ۔

—سندر لال 10-4-'52

यू. एन. के सेक्रेटरी जनरल मिस्टर ट्रिग्वे लाई ने उत्तर कोरिया और चीन की सरकारों को यह भी लिखा है कि आप कहिये तो हम रोगियों के इलाज के लिये डाक्टर भेज सकते हैं !

एक नई खबर अमरीका से यह भी आई है कि वहां के इस तरह के बम तैयार करने वाले महकमे ने अपने काम को बढ़ाने के लिये सरकार से करोड़ों डालर और मांगे हैं.

ज़ाहिर है चीन और एशिया की इतनी ज़बरदस्त आबादी को क़ाबू में करने का अमरीकी सरकार के पास अब कोई और तरीक़ा नहीं रह गया है.

हमारा सबका फ़र्ज़.

समझ में नहीं आता कि इन खबरों पर हम क्या कहें. हम हैरान हैं कि अपने को मोहज़्ज़ब और सभ्य कहने वाला इनसान किधर जा रहा है. हमारी सारी इनसानी तहज़ीब, हमारी इनसानियत और हमारी हज़ारों बरस की मानव संस्कृति का क्या होने वाला है.

क्या अभी भी कोई सचमुच ऐसे आदमी हैं जिन्हें इस बात में कुछ शक रह गया हो कि अमरीकी सरकार कोरिया और चीन में निहत्थी बेगुनाह आबादियों के ऊपर इस तरह के बम फेंक रही है और दुनिया के करोड़ों इनसानों को जिस तरह भी हो मिटा डालने या अपने क़ाबू में करने के लिये कमर कसे हुए है.

हम सोच नहीं सकते कि इससे बढ़कर पाप दुनिया में और क्या हो सकता है और इस पाप का करने वाला अपने को इनसान कैसे कह सकता है.

हमें यह फ़िकरे लिखते हुए कुछ अच्छा नहीं लग रहा है. हम मजबूर हैं और हैरान हैं कि दुनिया के अख़बार और दुनिया की सरकारें इस मामले में इतनी चुप क्यों हैं ?

हम बड़े दर्द और दुख के साथ यह पूछने पर भी मजबूर हैं कि हमारी अपनी भारत की सरकार इस मामले में चुप क्यों है ? दुनिया के और सभ्य देशों की सरकारें चुप क्यों हैं ? हमारी अपनी सरकार ने इससे पहले इससे कम अहम बातों पर सच्ची हिम्मत दिखलाई है. इस समय कम से कम चीज़ जो वह कर सकती है उसे करनी चाहिये और करना उसका इनसानी फ़र्ज़ है. वह यह है कि अमरीका के साथ अपने राजकाजी सम्बन्ध को तोड़ ले, अपने राजदूत अमरीका से वापिस बुला ले और तब तक दोबारा सम्बन्ध क़ायम न करे जब तक अमरीका की सरकार अपनी ग़लती को ग़लती मान कर उस पर पछतावा न करे और आगे के लिये ऐसी नापाक हरकतें

یو. این. او. کے سکریٹری جنرل مسٹر ٹرگوے لئی نے اُتر کوریا اور چین کی سرکاروں کو یہ بھی لکھا ہے کہ آپ کہئے تو ہم روگیوں کے علاج کے لئے ڈاکٹر بھیج سکتے ہیں !

ایک نئی خبر امریکہ سے یہ بھی آئی ہے کہ وہاں کے اِسطرح کے بم تیار کرنے والے محکمے نے اپنے کام کو بڑھانے کے لئے سرکار سے کروڑوں ڈالر اور مانگے ہیں .

ظاہر ہے چین اور ایشیا کی اتنی زبردست آبادی کو قابو میں کرنے کا امریکی سرکار کے پاس اب کوئی اور طریقہ نہیں رہ گیا ہے .

ہمارا سب کا فرض .

سمجھ میں نہیں آتا کہ ان خبروں پر ہم کیا کہیں . ہم حیران ہیں کہ اپنے کو مہذب اور سبھیہ کہنے والا انسان کدھر جا رہا ہے . ہماری ساری انسانی تہذیب' ہماری اِنسانیت اور ہماری ہزاروں برس کی مانو سنسکرتی کا کیا ہونے والا ہے .

کیا ابھی بھی کوئی سچ مچ ایسے آدمی ہیں جنہیں اس بات میں کچھ شک رہ گیا ہو کہ امریکی سرکار کوریا اور چین میں نہتھی بے گناہ آبادیوں کے اوپر اس طرح کے بم پھینک رہی ہے اور دنیا کے کروڑوں انسانوں کو جس طرح بھی ہو مٹا ڈالنے یا اپنے قابو میں کرنے کے لئے کمر کسے ہوئے ہے .

ہم سوچ نہیں سکتے کہ اس سے بڑھکر پاپ دنیا میں اور کیا ہو سکتا ہے اور اس پاپ کا کرنے والا اپنے کو انسان کیسے کہہ سکتا ہے .

ہمیں یہ فقرے لکھتے ہوئے کچھ اچھا نہیں لگ رہا ہے . ہم مجبور ہیں اور حیران ہیں کہ دنیا کے اخبار اور دنیا کی سرکاریں اِس معاملے میں اتنی چپ کیوں ہیں ؟

ہم بڑے درد اور دکھ کے ساتھ یہ پوچھنے پر بھی مجبور ہیں کہ ہماری اپنی بھارت کی سرکار اس معاملے میں چپ کیوں ہے ؟ دنیا کے اور سبھیہ دیشوں کی سرکاریں چپ کیوں ہیں؟ ہماری اپنی سرکار نے اِس سے پہلے اِس سے کم اہم باتوں پر سچی ہمت دکھلائی ہے . اس سمے کم سے کم چیز جو وہ کرسکتی ہے اُسے کرنی چاہئے' اور کرنا اُسکا انسانی فرض ہے . وہ یہ ہے کہ امریکہ کے ساتھ اپنے راج کاجی سمبندھ کو توڑ لے' اپنے راج دوت امریکہ سے واپس بلا لے اور تب تک دوبارہ سمبندھ قائم نہ کرے جب تک امریکہ کی سرکار اپنی غلطی کو غلطی مان کر اُس پر پچھتاوا نہ کرے اور آگے کے لئے ایسی ناپاک حرکتیں

:—"असली जड़ की बात यह है कि हम जितने ज़्यादा से ज़्यादा कोरियनों और चीनियों को मार सकें मार डालने चाहिएं."

अप्रैल सन् 1951 के अमरीकी रिसाले 'साइन्स डाइजेस्ट' के एक लेख "एपीडेमिक्स मेड टू आर्डर" 'जब चाहें बबा फैला दो' में लेखक ने लिखा था कि—"अगर हम यह याद कर लें कि पहली सारी बड़ी जंग में जितने आदमी मरे उससे ज़ियादा सन् 1918 के इनफ्लोएन्ज़ा से मरे तो हमें साफ़ दिखाई दे सकता है कि जंग में बीमारी के जर्म्स के हथियारों से कितना बड़ा काम हो सकता है."

4 जुलाई सन 51 को अमरीका के दो बड़े साइन्सदानों ने घमंड के साथ कहा था कि अमरीका की मेरी लैंड रियासत के मुक़ाम केम्प डेट्रिक में हथियार बंद फ़ौजों के पहरे में अमरीकी सरकार के हुक्म से इस तरह के बीमारियों के बम बनाने का काम ज़ोरों से जारी है. आज भी सन 1952 में मेरी लैंड का यह कारख़ाना पहले से कहीं ज़ियादा ज़ोर के साथ काम कर रहा है.

यह भी बार बार कहा गया कि इस तरह के हथियार कोरिया में काम में लाये जा सकते हैं. जिनकी बदौलत अमरीका को बड़ी बड़ी फ़ौजें मैदान में भेजने की ज़रूरत न होगी. यह भी कहा गया था कि ख़ास कर कोरिया जैसे मैदान में एटम बम के मुक़ाबले में यह दूसरे बम ज़्यादा कारगर होंगे. अमरीका ही की तरफ़ से बताया गया है कि जो बीमारियां इन बमों से पैदा होती और फैलती हैं वह ख़ूब दूर तक और देर तक बढ़ती और फैली रहती हैं. जिससे कोई यह भी नहीं कह सकता कि बीमारी हमारे बम से फैली या क़ुदरती तौर पर.

जून सन् 1943 में प्रेसीडेन्ट रूज़वेल्ट ने एक बयान में कहा था :—

"मैं साफ़ साफ़ एलान करता हूं कि किसी तरह की किसी हालत में भी हम इस हथियार को तब तक इस्तेमाल नहीं करेंगे जब तक दुश्मन उसे इस्तेमाल न कर ले."

अक्तूबर सन 51 में न्यूयार्क के एक अख़बार में यह साफ़ लिखा गया कि प्रेसीडेन्ट रूज़वेल्ट की सन 43 की बात अब आठ बरस के बाद अमल के क़ाबिल नहीं रह गई है वग़ैरा वग़ैरा.

5 अप्रैल सन 1952 को यह ख़बर भी दुनिया के अख़बारों में छप चुकी है कि इस तरह की बबायें चीन में ज़ोरों के साथ फैल रही हैं. पचास हज़ार से ऊपर मर चुके चार लाख से ऊपर बीमार हो चुके हैं और सारे चीन का काफ़ी हिस्सा इन बबाओं के असर में आ चुका है. यह ख़बर यू. एन. ओ. के ज़रिये से दुनिया को दी गई है.

تھا ہے—" اصلی جڑ کی بات یہ ہے کہ ہم جتنے زیادہ سے زیادہ کوریئنوں اور چینیوں کو مار سکیں ہمیں مار ڈالنے چاہئیں."

اپریل سن 1951 کے امریکی رسالے 'سائنس ڈائجسٹ' کے ایک لیکھ " ایپی ڈیمکس میڈ ٹو آرڈر " ' جب چاہیں وبا پھیلا لو' میں لیکھک نے لکھا تھا کہ—" اگر ہم یہ یاد کر لیں کہ پہلی ساری بڑی جنگ میں جتنے آدمی مرے اس سے زیادہ سن 1918 کے انفلوئنزا سے مرے تو ہمیں صاف دکھائی دے سکتا ہے کہ جنگ میں بیماری کے جرمس کے ہتھیاروں سے کتنا بڑا کام ہو سکتا ہے ."

4 جولائی سن 51 کو امریکہ کے دو بڑے سائنسدانوں نے گھمنڈ کے ساتھ—کہا تھا کہ امریکہ کی میری لینڈ ریاست کے مقام کیمپ ڈیٹرک میں ہتھیار بند فوجوں کے پہرے میں امریکی سرکار کے حکم سے اس طرح بیماریوں کے بم بنانے کا کام زوروں سے جاری ہے . آج بھی سن 1952 میں میری لینڈ کا یہ کارخانہ پہلے سے بھی کہیں زیادہ زور کے ساتھ کام کر رہا ہے .

یہ بھی بار بار کہا گیا کہ اس طرح کے ہتھیار کوریا میں کام میں لائے جا سکتے ہیں . جن کی بدولت امریکہ کو بڑی بڑی فوجیں میدان میں بھیجنے کی ضرورت نہ ہوگی . یہ بھی کہا گیا تھا کہ خاص کر کوریا جیسے میدان میں ایٹم بم کے مقابلے میں یہ دوسرے بم زیادہ کارگر ہونگے . امریکہ ہی کی طرف سے بتایا گیا ہے کہ جو بیماریاں ان بموں سے پیدا ہوتی اور پھیلتی ہیں وہ خوب دور تک اور دیر تک بڑھتی اور پھیلتی رہتی ہیں . جس سے کوئی یہ بھی نہیں کہ سکتا کہ بیماری ہمارے بم سے پھیلی یا قدرتی طور پر .

جون سن 1943 میں پریسیڈنٹ روزویلٹ نے ایک بیان میں کہا تھا :—

" میں صاف صاف اعلان کرتا ہوں کہ کسی طرح کی کسی حالت میں بھی ہم اس ہتھیار کو تب تک استعمال نہیں کرینگے جب تک دشمن اسے پہلے استعمال نہ کر لے ."

اکتوبر سن 51 میں نیویارک کے اخبار میں یہ صاف نکل گیا کہ پریسیڈنٹ روزویلٹ کی سن 43 کی وہ بات اب آٹھ برس کے بعد عمل کے قابل نہیں رہ گئی ہے وغیرہ وغیرہ .

دوسری بات جو مجھے آپ سے کہنی ہے وہ پیداوار بڑھانے کے بارے میں ہے. ہمارے دیش میں آج پیداوار کی بہت کمی ہے. گئو کا دودھ' اناج' پھل' کپڑا—جدھر دیکھو ادھر سب طرح کی کمی ہی کمی ہے. اور ہر طرح سے ضرورت اِس بات کی ہے کہ پیداوار بڑھے. ایسی حالت میں ہم لوگوں کا فرض ہو جاتا ہے کہ ہم بھلے وہ کام کرتے ہوں' جو دنیا کی نگاہ میں ضروری ہوں' لیکن بنا پیداوار کئے ہندستان کا یہ مسئلہ حل ہونا سمبھو نہیں ہے. آپ چاہے جیسی یوجنا بنائیں' اگر سارے لوگ اُسے کامیاب بنانے کو تیار نہیں ہوتے ہیں تو وہ یوجنا کاغذ پر ہی رہ جاتی ہے. اِس لئے ہم سبھی کو' خواہ وہ ودیارتھی ہوں یا پروفیسر' بیوپاری ہوں یا خریدار' کچھ نہ کچھ پیداوار کرنی چاہئے. اِس لئے گاندھی جی نے ہمارے سامنے چرخہ رکھا تھا جسے چھوٹے بڑے سبھی استعمال کرسکتے ہیں.

لیکن اُن کا مقصد صرف چرخے سے ہی نہیں تھا. جو لوگ کدالی چلا سکتے ہیں وہ کدالی بھی چلائیں. جو چکی چلا سکتے ہیں چکی چلائیں' باغیچے میں کام کر سکتے ہیں تو کریں. لیکن پیداوار بڑھانے میں ہاتھ بٹانا سب کا فرض ہے.

پرمیشور نے ہر ایک کو دماغ دیا ہے' ہر ایک کو ہاتھ دیئے ہیں اور بھوک بھی دی ہے. اگر اُس کی یہ منشا ہوتی کہ کچھ لوگ پیداوار ہی کرتے رہیں اور کچھ لوگ دماغی کام کرتے رہیں تو کچھ کو وہ صرف ہاتھ ہی ہاتھ دیتا اور کچھ کو سر ہی سر؛ کیونکہ وہ سب طرح کی طاقت رکھتا ہے. لیکن اُس نے ایسا نہیں کیا. سب کو بھوک دی اور کام کرنے کے لئے ہاتھ بھی دیئے. یہ نہیں ہو سکتا کہ کچھ لوگ کیول لکھنے پڑھنے کا ہی کام کرتے رہیں اور کچھ کو ہاتھ کا ہی کام کرنا پڑے. جب ہم اپنے ملک میں سب طرح کی چیزوں کی کمی محسوس کرتے ہیں—کپڑے کی' دودھ کی' اناج کی—تو میں آپ لوگوں سے پرارتھنا کرتا ہوں کہ ہم سب کو کچھ نہ کچھ پیداوار کرنا ہی چاہئے.

یونیورسٹی کلچر کا نمونہ ہو.

تیسری بات یہ ہے کہ جس جگہ ہم ابھی آئے ہیں اس سے ہمارے دیش والے بہت سی امیدیں رکھتے ہیں. یہ ایک یونیورسٹی کا مقام ہے. اِسکی شروعات ایک اچھے وچار سے ہوئی ہے. ہمارے دیش کا اتہاس بنانے میں اِس یونیورسٹی نے کافی حصہ لیا ہے. ہمیں یہاں

यह चन्द शब्द मैंने अपने हाल के काम के बारे में कहे. अब आप लोगों के लिये कुछ बातें कह दूं.

अपने पर क़ाबू पाने का इल्म.

आप सब लोग तालीबे-इल्म हैं, विद्यार्थी हैं. बग़ैर इल्म इन्सान की तरक़्क़ी नहीं हो सकती. इस वास्ते अपनी ज़िन्दगी के कुछ साल पूरे पढ़ाई में ही लगा देते हैं, यह ठीक है. लेकिन इल्म के साथ और भी कोई चीज़ है जिसके बग़ैर ख़ाली इल्म किसी काम का नहीं. मैं अपने अनुभव से और बहुतों के अनुभव से कह सकता हूँ कि सब इल्मों में बड़ा इल्म अपने ख़ुद पर क़ाबू पाना है. विद्यार्थियों को और सब को यह इल्म हासिल करना चाहिये. उसके साथ ही सब इल्म कारगर होते हैं. उसके बग़ैर सब बेकार हैं. घोड़े पर अगर क़ाबू है तो सवार के लिये घोड़ा कारगर है. लेकिन अगर क़ाबू न रहा तो घोड़ा सवार हो जाता है. यही हालत हमारे बारे में है. अपने पर क़ाबू पाने का रास्ता बचपन से ही पकड़ सकते हैं. इंद्रियों पर क़ाबू पाना, मन पर क़ाबू पाना बहुत ज़रूरी है. अगर हम समझें कि हम ही मन हैं तो मन को हम दुरुस्त नहीं कर सकते. इसलिये यह पहचानने की ज़रूरत है कि हम मन नहीं हैं बल्कि मन हमारा नौकर है और हम मन के मालिक हैं. बहुत से लोग अपने को आज़ाद मानते हैं. वह कहते हैं कि हम किसी का नहीं मानेंगे. हम किसी के ग़ुलाम नहीं हैं, अपने मन की करेंगे. मैं कहता हूं कि ठीक बात है पर आप को अपने मन के मुआफ़िक़ नहीं करना चाहिये, अपने ख़ुद के मुआफ़िक़ करना चाहिये. मन के मुआफ़िक़ करने का अर्थ है “नौकर के मुआफ़िक़ करना”. मन में तो अच्छाईयां और बुराइयां दोनों ही होती हैं. लेकिन हमें मन को नेक बनाना है. इसलिये अच्छाइयों को बढ़ाना है, उन पर अमल करना है और बुराइयों को निकालना है. उल्टे, अगर हम मन को नेता बनाते हैं तो हम आज़ाद नहीं रहेंगे, ग़ुलाम बन जायेंगे. अकसर लोग सोचते हैं कि हमें अपने जज़बात के मुआफ़िक़ काम करना चाहिये. जज़बात यानी भावनायें भाप की तरह होती हैं. भाप अगर इंजन में बन्द रहती है तो ताक़त पैदा करती है. अगर खोल दी जाती है तो हवा में गुम हो जाती है और ताक़त की शकल नहीं ले सकती. इसलिये करना यह चाहिये कि भावनाओं को परखते रहना चाहिये, सब्र से काम लेना चाहिये. अगर सब्र रखते हैं तो जज़बात रोकी हुई भाप के मुआफ़िक़ कारगर हो सकते हैं. बहादुर वह हैं जिन्होंने अपने जज़बात पर क़ाबू पा लिया, जो सोच विचार कर काम करते हैं. इसलिये पहला काम अपने जज़बात पर क़ाबू पाना और उन्हें ठीक रास्ते पर ले आना है—उस रास्ते, जिस रास्ते से कामयाब लोग गये हैं. उनसे

یہ چند شبد میں نے اپنے حال کے کام کے بارے میں کہے۔ اب آپ لوگوں کے لئے کچھ باتیں کہہ دوں۔

اپنے پر قابو پانے کا علم۔

آپ سب لوگ طالب علم ہیں، ودیارتھی ہیں۔ بغیر پڑھے انسان کی ترقی نہیں ہوسکتی۔ اس واسطے اپنی زندگی کے کچھ سال پورے پڑھائی میں ہی لگا دیتے ہیں، یہ ٹھیک ہے۔ لیکن علم کے ساتھ اور بھی کوئی چیز ہے جس کے بغیر خالی علم کسی کام کا نہیں۔ میں اپنے انوبھو سے اور بہتوں کے انوبھو سے کہہ سکتا ہوں کہ سب علموں میں بڑا علم اپنے خود پر قابو پانا ہے۔ ودیارتھیوں کو اور سب کو یہ علم حاصل کرنا چاہئے۔ اس کے ساتھ ہی سب علم کارگر ہوتے ہیں۔ اس کے بغیر سب بیکار ہیں۔ گھوڑے پر اگر قابو ہے تو سوار کے لئے گھوڑا کارگر ہے۔ لیکن اگر قابو نہ رہا تو گھوڑا ہی سوار ہو جاتا ہے۔ یہی حالت ہمارے بارے میں ہے۔ اپنے پر قابو پانے کا راستہ بچپن سے ہی پکڑ سکتے ہیں۔ اندریوں پر قابو پانا، من پر قابو پانا بہت ضروری ہے۔ اگر ہم سمجھیں کہ ہم ہی من ہیں تو من کو ہم درست نہیں کرسکتے۔ اس لئے یہ پہچاننے کی ضرورت ہے کہ ہم من نہیں ہیں بلکہ من ہمارا نوکر ہے اور ہم من کے مالک ہیں۔ بہت سے لوگ اپنے کو آزاد مانتے ہیں۔ وہ کہتے ہیں کہ ہم کسی کا نہیں مانیں گے۔ ہم کسی کے غلام نہیں ہیں، اپنے من کی کریں گے۔ میں کہتا ہوں کہ ٹھیک بات ہے پر آپ کو اپنے من کے موافق نہیں کرنا چاہئے، اپنے خود کے موافق کرنا چاہئے۔ من کے موافق کرنے کا ارتھ ہے ''نوکر کے موافق کرنا''۔ من میں تو اچھائیاں اور برائیاں دونوں ہی ہوتی ہیں۔ لیکن ہمیں من کو نیک بنانا ہے۔ اس لئے اچھائیوں کو بڑھانا ہے، ان پر عمل کرنا ہے اور برائیوں کو نکالنا ہے۔ الٹے، اگر ہم من کو نیتا بناتے ہیں تو ہم آزاد نہیں رہیں گے، غلام بن جائیں گے۔ اکثر لوگ سوچتے ہیں کہ ہمیں اپنے جذبات کے موافق کام کرنا چاہئے۔ جذبات یعنی بھاونائیں بھاپ کی طرح ہوتی ہیں۔ بھاپ اگر انجن میں بند رہتی ہے تو طاقت پیدا کرتی ہے۔ اگر کھول دی جاتی ہے تو ہوا میں گم ہو جاتی ہے اور طاقت کی شکل نہیں لے سکتی۔ اس لئے کرنا یہ چاہئے کہ بھاوناؤں کو پرکھتے رہنا چاہئے، صبر سے کام لینا چاہئے۔ اگر صبر رکھتے ہیں تو جذبات روکی ہوئی بھاپ کے موافق کارگر ہوسکتے ہیں۔ بہادر وہ ہیں جنہوں نے اپنے جذبات پر قابو پالیا، جو سوچ وچار کر کام کرتے ہیں۔ اس لئے پہلا کام اپنے جذبات پر قابو پانا اور انہیں ٹھیک راستے پر لے جانا ہے— اس راستے، جس راستے سے کامیاب لوگ گئے ہیں۔ ان سے

कांग्रेसियों की, मुझसे जितनी भी बन सकी, मैंने सेवा की; क्योंकि मुझसे जितनी कोशिश खुद ग़रीब बनने की हो सकती थी उतनी मैंने की थी, इसलिये ग़रीबों के लिये मुहब्बत होना लाज़िमी था. पर श्रीमानों का भी मैं दोस्त था और कम्युनिस्टों का भी. कम्युनिस्ट छिपकर रहते थे. जंगली जानवरों की जिस तरह तलाश होती है, वैसी उनकी भी तलाश होती थी. मैं सोच रहा था कि कोई ऐसा रास्ता निकले जिससे शांति क़ायम हो सके. तब मेरे ध्यान में आया कि वहां ज़मीन का एक ऐसा मसला है. जिसके हल होने से शांति क़ायम हो सकती है.

सरकार ने शांति क़ायम करने के लिये वहां मिलिटरी भेज रखी थी, जिस पर पांच करोड़ रुपया सालाना खर्च होता था. लेकिन ऐसे मसले मिलिटरी से हल नहीं हो सकते. जहां सिर्फ़ शेरों का शिकार करने का सवाल हो वहां मिलिटरी काम कर सकती है. लेकिन जहां विचार का मुक़ाबला करना हो वहां विचार से ही वह काम हो सकता था.

ज़मीन की बात.

तो वह ज़मीन का मसला मेरे ध्यान में आ गया था. लेकिन ज़मीन मांगना कोई आसान बात नहीं है. ज़मीन के लिये बाप बेटों में झगड़े होते हैं. और फिर जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, ज़मीन की क़ीमतें भी बढ़ती जा रही हैं. इसलिये ज़मीन मांगने की हिम्मत करना बहुत मुश्किल काम है. लेकिन मैंने परमात्मा का नाम लेकर ज़मीन मांगना शुरू कर दिया. जो परमेश्वर सबके दिलों में मौजूद है उसकी हस्ती श्रीमानों के दिलों में भी होनी चाहिये. अगर हमारे दिलों में परमेश्वर जागता है, तो सबके दिलों में वह ज़रूर जागेगा. इसलिये लोगों को समझाने की जितनी ताक़त मेरे पास थी, वह सब मैंने लगा दी. आख़िर लोगों के दिल पिघल गये. वहां की हालत पूरी सुधर गई, ऐसा नहीं कह सकते; पर इसमें शक नहीं कि हालत काफ़ी सुधरी है.

भगवान अधूरा काम नहीं करता.

फिर मैं वर्धा आया और खेती के काम में लग गया. बारिश के बाद उत्तर दिशा में ज़मीन मांगते-मांगते गांव गांव घूमता हुआ अब चला जा रहा हूं. मैं मानता हूं कि मुझे परमेश्वर ने मांगने की प्रेरणा दी है और जब उसने मुझे मांगने की प्रेरणा दी तो वह औरों को देने की प्रेरणा भी देगा, वह अधूरा काम नहीं करता. बच्चे को पैदा करता है तो मां के पास दूध का इन्तज़ाम भी कर देता है. यह नहीं हो सकता कि वह भूख तो पैदा करे और ख़ुराक पैदा न करे. इसलिये मेरा विश्वास है कि यह जो ज़मीन मांगने का काम शुरू हुआ है उससे न सिर्फ़ हिन्दुस्तान बल्कि सारी दुनिया को रास्ता मिलेगा.

کانگریسیوں کی، مجھ سے جتنی بھی بن سکی، میں نے سیوا کی؛ کیونکہ مجھ سے جتنی کوشش خود غریب بننے کی ہو سکتی تھی اتنی میں نے کی تھی، اس لئے غریبوں کے لئے محبت ہونا لازمی تھا. پر شریمانوں کا بھی میں دوست تھا اور کمیونسٹوں کا بھی. کمیونسٹ چھپ کر رہتے تھے. جنگلی جانوروں کی جس طرح تلاش ہوتی ہے، ویسی اُن کی بھی تلاش ہوتی تھی. میں سوچ رہا تھا کہ کوئی ایسا راستہ نکلے جس سے شانتی قائم ہوسکے. تب میرے دھیان میں آیا کہ یہاں زمین کا ایک ایسا مسئلہ ہے جس کے حل ہونے سے شانتی قائم ہو سکتی ہے.

سرکار نے شانتی قائم کرنے کے لئے وہاں ملٹری بھیج رکھی تھی، جس پر پانچ کروڑ روپیہ سالانہ خرچ ہوتا تھا. لیکن ایسے مسئلے ملٹری سے حل نہیں ہوسکتے. جہاں صرف شیروں کا شکار کرنے کا سوال ہو وہاں ملٹری کام کرسکتی ہے. لیکن جہاں وچار کا مقابلہ کرنا ہو وہاں وچار سے ہی وہ کام ہوسکتا تھا.

زمین کی بات.

تو یہ زمین کا مسئلہ میرے دھیان میں آگیا تھا. لیکن زمین مانگنا کوئی آسان بات نہیں ہے. زمین کے لئے باپ بیٹے میں جھگڑے ہوتے ہیں. اور پھر جیسے جیسے آبادی بڑھتی جارہی ہے زمین کی قیمتیں بھی بڑھتی جارہی ہیں، اس لئے زمین مانگنے کی ہمت کرنا بہت مشکل کام ہے. لیکن میں نے پرماتما کا نام لے کر زمین مانگنا شروع کر دیا. جو پرمیشور سب کے دلوں میں موجود ہے اس کی ہستی شریمانوں کے دلوں میں بھی ہونی چاہئے. اگر ہمارے دلوں میں پرمیشور جاگتا ہے، تو سب کے دلوں میں وہ ضرور جاگے گا. اس لئے لوگوں کو سمجھانے کی جتنی طاقت میرے پاس تھی، وہ سب میں نے لگا دی. آخر لوگوں کے دل پگھل گئے. وہاں کی حالت پوری سدھر گئی، ایسا نہیں کہہ سکتے؛ پر اس میں شک نہیں کہ حالت کافی سدھری ہے.

بھگوان ادھورا کام نہیں کرتا.

پھر میں وردھا آیا اور کھیتی کے کام میں لگ گیا. بارش کے بعد اُتر دشا میں زمین مانگتے مانگتے گاؤں گاؤں گھومتا ہوا اب چلا جا رہا ہوں. میں مانتا ہوں کہ مجھے پرمیشور نے مانگنے کی پریرنا دی ہے، اور جب اُس نے مجھے مانگنے کی پریرنا دی تو وہ اوروں کو دینے کی پریرنا بھی دے گا. وہ ادھورا کام نہیں کرتا. بچے کو پیدا کرتا ہے تو ماں کے پاس دودھ کا انتظام بھی کر دیتا ہے. یہ نہیں ہوسکتا کہ وہ بھوک تو پیدا کرے اور خوراک پیدا نہ کرے. اس لئے میرا وشواس ہے کہ یہ جو زمین مانگنے کا کام شروع ہوا ہے اس سے نہ صرف ہندوستان ہی بلکہ ساری دنیا کو راستہ ملے گا.

इस्लाम की सीख

[तारीख 6-11-'51 को अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में विनोबा जी का भाषण.]

आज मुझे बहुत खुशी है कि मैं आप लोगों के बीच आ सका हूँ. इस जगह के बारे में मैंने बहुत सुन रखा था और कभी यहां आने का मौका मिलेगा, ऐसा भी मान रखा था. जब तक गांधीजी थे, वह देश में घूमते थे. इसलिये तब तक मैंने देश में घूमने का सोचा ही नहीं. वह मुझ से जो काम लेना चाहते थे लेते थे, उन कामों में जो कुछ मुझसे हो सकता था, उसमें मैं लगा रहता और उसी में मुझे खुशी होती थी और शांति मिलती थी. लेकिन गांधी जी के जाने के बाद कुछ ऐसी हालत पैदा हो गई, जिसके कारन लोगों ने कहा और मुझे भी लगा कि मुझे देश में घूमना चाहिये. पहले साल दो साल मैंने इधर उधर घूमकर देख लिया. कुछ सेवा का काम करने का मौका मिला. खासकर मेवात में तो कुछ ठीक काम हो सका.

तेलंगाना का काम.

फिर मैं अपने आश्रम में पहुँचा और सोचने लगा कि इस देश में शान्ति का तरीक़ा चलाना हो और देश की तरक्क़ी भी शांति के तरीक़े से करनी हो, तो रेल में घूमने फिरने से कोई नतीजा नहीं निकल सकता. क्योंकि मुझे तो लोगों के दिलों में घुसना था. पर रेलवे और मोटर के सफ़र से वह काम नहीं हो सकता था. इसलिये मैंने पैदल चलना तय किया. यह नहीं कि मैंने ऐसा कोई व्रत ले लिया कि 'और किसी साधन का इस्तेमाल ही नहीं करूंगा' लेकिन पैदल चलकर देहात देहात में प्रेम का पैग़ाम लोगों को सुनाना मैंने ज़रूरी समझा. आप में से कुछ लोग जानते होंगे कि मुझे पिछले दिनों तेलंगाना में जाने का मौक़ा मिला था. वहां की हालत का बयान मैं लफ़्ज़ों में नहीं कर सकता. सारे लोग डरे हुए थे. ज़मींदार लोग देहात छोड़ कर भाग गये थे, शहरों में जा कर रहते थे. धनवान लोग भी भाग गये थे. जान-माल को काफ़ी नुक़सान पहुँच चुका था. कम्युनिस्टों से लोग तंग आ चुके थे. इधर रात को कम्युनिस्ट आकर सताते थे, तो दिन में मिलिटरी और पुलिस परेशान करती थी. इस तरह जनता दोनों से तंग आ चुकी थी. ऐसी हालत में मैं वहां पहुंचा. मैं यहां सारा क़िस्सा बयान नहीं करूंगा. इतना ही कह देना काफ़ी होगा कि मैंने, जितनी मुझसे हो सकती थी, सबकी सेवा करने की कोशिश की. श्री-मानों का, ग़रीबों का, कम्युनिस्टों का, किसानों

اسلام کی سیکھ

[تاریخ 6-11-'51 کو علیگڑھ یونیورسٹی میں ونوبا جی کا بھاشن .]

آج مجھے بہت خوشی ہے کہ میں آپ لوگوں کے بیچ آسکا ہوں . اس جگہ کے بارے میں میں نے بہت سن رکھا تھا اور کبھی یہاں آنے کا موقع ملیگا' ایسا بھی مان رکھا تھا ' جب تک گاندھی جی تھے' وہ دیش میں گھومتے تھے ' اسلئے تب تک میں نے دیش میں گھومنے کا سوچا ہی نہیں ' وہ مجھ سے جو کام لینا چاہتے تھے لیتے تھے' اُن کاموں میں جو کچھ مجھ سے ہو سکتا تھا' اُس میں میں لگا رہتا اور اُسی میں مجھے خوشی ہوتی تھی اور شانتی ملتی تھی . لیکن گاندھی جی کے جانے بعد کچھ ایسی حالت پیدا ہوگئی' جس کے کارن لوگوں نے کہا اور مجھے بھی لگا کہ مجھے دیش میں گھومنا چاہئے. پہلے سال دو سال میں نے اِدھر اُدھر گھوم کر دیکھ لیا. کچھ سیوا کا کام کرنے کا موقع ملا. خاصکر میوات میں تو کچھ ٹھیک کام ہوسکا.

تیلنگانا کا کام

پھر میں اپنے آشرم میں پہنچا اور سوچنے لگا کہ اس دیش میں شانتی کا طریقہ چلانا ہو اور دیش کی ترقی بھی شانتی کے طریقے سے کرنی ہو' تو ریل میں گھومنے پھرنے سے کوئی نتیجہ نہیں نکل سکتا. کیونکہ مجھے تو لوگوں کے دلوں میں گھسنا تھا. پر ریلوے اور موٹر کے سفر سے وہ کام نہیں ہو سکتا تھا. اس لئے میں نے پیدل چلنا طے کیا. یہ نہیں کہ میں نے ایسا کوئی برت لے لیا کہ 'اور کسی سادھن کا استعمال ہی نہیں کرونگا' لیکن پیدل چلکر دیہات دیہات میں پریم کا پیغام لوگوں کو سنانا میں نے ضروری سمجھا. آپ میں سے کچھ لوگ جانتے ہونگے کہ مجھے پچھلے دنوں تیلنگانا میں جانے کا موقع ملا تھا. وہاں کی حالت کا بیان میں لفظوں میں نہیں کر سکتا. سارے لوگ ڈرے ہوئے تھے. زمیندار لوگ دیہات چھوڑکر بھاگ گئے تھے' شہروں میں جاکر رہتے تھے . دھن وان لوگ بھی بھاگ گئے تھے . جان مال کو کافی نقصان پہنچ چکا تھا . کمیونسٹوں سے لوگ تنگ آ چکے تھے . اِدھر رات کو کمیونسٹ آکر ستاتے تھے' تو دن میں ملٹری اور پولیس پریشان کرتی تھی . اِس طرح جنتا دونوں سے تنگ آ چکی تھی . ایسی حالت میں میں وہاں پہنچا . میں یہاں سارا قصہ بیان نہیں کرونگا . اِتنا ہی کہ دینا کافی ہوگا کہ میں نے' جتنی مجھسے ہو سکتی تھی' سب کی سیوا کرنے کی کوشش کی. شری مانوں کی' غریبوں کی' کمیونسٹوں کی' کسانوں کی'

उनका यह भी कहना था कि जब तक हमारे गांव आज़ाद और स्वावलम्बी न होंगे तब तक क़ौमों-क़ौमों के बीच की लाग डाट, लूट खसोट और सल्तनत की प्यास मिट नहीं सकती और न जंगों की संभावना दूर हो सकती है." इसीलिये बड़ी बड़ी मशीनों और छोटों के उद्योग धंधों दोनों में एक मेल और बैठ बिठाव चाहते थे. उनका कहना था कि हमारी ज़िन्दगी की आए दिन की ज़रूरत की चीज़ें ख़ासकर हमारा खाना और कपड़ा घरेलू धंधों से ही तैयार होना चाहिये. बाक़ी बहुत सी चीज़ों के वह मशीनों से बनने के हक़ में थे. मिसाल के लिये काग़ज़ का बनाया जाना वह मशीनों से ही ठीक मानते थे. गांधीवाद या गांधी जी के विचारों का यही ख़ास आर्थिक यानी माली पहलू है. दुनिया को महात्मा गांधी की यह तीसरी बड़ी देन है.

इस देश में भी अभी हमारे राजकाजी नेता गांधी जी के इन आर्थिक विचारों की ठीक ठीक क़द्र नहीं कर पा रहे हैं लेकिन इस बात के लक्षण काफ़ी मौजूद हैं कि इस तरफ़ भी दुनिया के विचारवान अर्थशास्त्रियों का ध्यान धीरे धीरे मुड़ता आ रहा है. लोग इस बात को महसूस करने लगे हैं कि जब तक ज़िन्दगी की मामूली ज़रूरतों के लिये हमें बड़े बड़े कल कारख़ानों का सहारा लेना पड़ता है तब तक युद्ध का डर दुनिया से नहीं मिट सकता.

महात्मा गांधी अपने ज़माने के इनसानी एकता और शान्ति के सबसे बड़े पुजारी थे. युद्ध को वह दुनिया से हमेशा के लिये मिटा देना चाहते थे. दुनिया की इस समय की मुसीबतों के उनके बताए हुए इलाज कोई अनोखे इलाज नहीं हैं, फिर भी वह हमें अभी बहुत आगे ज़माने की सूचना दे रहे हैं. हमें विश्वास है कि केवल अपने देश में ही नहीं बाहर की तरक़्क़ी पसन्द दुनिया में भी, गांधी जी के बताए हुए उसूलों और उनके दिखाए हुए रास्ते की क़द्र बढ़ेगी. दुनिया इस बात को समझेगी कि महात्मा गांधी कोई कोरे आदर्श वादी या रजअत पसन्द प्रतिक्रियावादी या [illegible] इनसान नहीं थे बल्कि अच्छे से अच्छे मानी में इस ज़माने के एक ऊंचे दर्जे के विचारक दुनिया के सच्चे हितचिंतक अमली सुधारक और एक बहुत बड़े क्रान्तिकारी थे.

یہ کہنا تھا کہ جب تک ہمارے گاؤں آزاد اور سواولمبی نہ ہونگے تب تک قوموں قوموں کے بیچ کی لاگ ڈانٹ لوٹ کھسوٹ اور سلطنت کی پیاس مٹ نہیں سکتی اور نہ جنگوں کی سمبھاونا دور ہوسکتی ہے . اس لئے بڑی بڑی مشینوں اور چھوٹوں کے ادیوگ دھندوں دونوں میں ایک میل اور بیٹھ بٹھاؤ چاہتے تھے . ان کا کہنا تھا کہ ہماری زندگی کی آئے دن کی ضرورت کی چیزیں خاص کر ہمارا کھانا اور کپڑا گھریلو دھندوں سے ہی تیار ہونا چاہئے . باقی بہت سی چیزوں کے وہ مشینوں سے بننے کے حق میں تھے . مثال کے لئے کاغذ کا بنایا جانا وہ مشینوں سے ہی ٹھیک مانتے تھے. گاندھی واد یا گاندھی جی کے وچاروں کا یہی خاص آرتھک یعنی مالی پہلو ہے , دنیا کو مہاتما گاندھی کی یہ تیسری بڑی دین ہے .

اس دیش میں بھی ابھی ہمارے راج کاجی نیتا گاندھی جی کے ان آرتھک وچاروں کی ٹھیک ٹھیک قدر نہیں کر پا رہے ہیں لیکن اس بات کے لچھن کافی موجود ہیں کہ اس طرف بھی دنیا کے وچاروان ارتھ شاستریوں کا دھیان دھیرے دھیرے مڑتا جا رہا ہے . لوگ اس بات کو محسوس کرنے لگے ہیں کہ جب تک زندگی کی معمولی ضرورتوں کے لئے ہمیں بڑے بڑے کل کارخانوں کا سہارا لینا پڑتا ہے تب تک یدھ کا ڈر دنیا سے نہیں مٹ سکتا .

مہاتما گاندھی اپنے زمانے کے انسانی ایکتا اور شانتی کے سب سے بڑے پجاری تھے . یدھ کو وہ دنیا سے ہمیشہ کے لئے مٹا دینا چاہتے تھے. دنیا کی اس سمے کی مصیبتوں کے ان کے بتائے ہوئے علاج کوئی انوکھے علاج نہیں ہیں، پھر بھی وہ ہمیں ابھی بہت آگے زمانے کی سوچنا دے رہے ہیں . ہمیں وشواس ہے کہ کیول اپنے دیش میں ہی نہیں باہر کی ترقی پسند دنیا میں بھی گاندھی جی کے بتائے ہوئے اصولوں اور ان کے دکھائے ہوئے راستے کی قدر بڑھے گی . دنیا اس بات کو سمجھیگی کہ مہاتما گاندھی کوئی کورے آدرش وادی یا رجعت پسند پرتی کریا وادی یا ویکبھلری انسان نہیں تھے بلکہ اچھے سے اچھے معنی میں اس زمانے کے ایک اونچے درجے کے وچارک دنیا کے سچے ہت چنتک عملی سدھارک اور ایک بہت بڑے کرانتی کاری تھے .

गांधी जी के इन उसूलों को 'सर्व धर्म समभाव' का नाम दिया जाता है. अपनी प्रार्थना के अन्दर उनका गीता, क़ुरान, इंजील, ज़िन्द अवस्ता सब को जगह देना और ईश्वर और अल्ला दोनों को उसको नाम मानना इसी सर्व धर्म समभाव के असली रूप हैं. भारत को और इनसानी समाज को गांधी जी की यह दूसरी बड़ी देन थी.

गांधी जी का यह सर्व धर्म समभाव कोई नैन चीज़ नहीं है. दुनिया के सब धर्म आचार्य और दुनिया की सब धर्म पुस्तकें यही उपदेश देती रही हैं. ग़लत और सकीर्न ढंग की धार्मिक तालीम ने और अंगरेजों की लिखी हुई इतिहास की झूठी पुस्तकों ने मिलकर हमारे अन्दर अंधविश्वासों, आपसी नफ़रतों और ज़हरीले साम्प्रदायिक भावों को जन्म दिया और उभारा. मुल्क को इससे काफ़ी नुक़सान पहुँचा, वह ज़हर अभी तक देश के जिस्म से निकला नहीं है. पर हालात साबित कर रहे हैं कि इस महान कार्य के लिये महात्मा गांधी का सच्चा बलिदान रामबान की तरह अपना काम कर गया. हमारे अन्दर का वह ज़हर काफ़ी तेज़ी के साथ कम होता जा रहा है. और जिस दिन भी हमारा राष्ट्रीय शरीर इस ज़हर से बिलकुल पाक होगा उस दिन इसका सबसे बड़ा श्रेय महात्मा गांधी की ज़िन्दगी और उनकी क़ुरबानी को ही मिलेगा.

महात्मा गांधी जनता के आदमी थे. उनकी निगाह बार बार शहरों और शहरवालों से हटकर गांव और वहां की करोड़ों ग़रीब जनता की तरफ़ जाती थी. वह सारी दुनिया की जनता को, सारे इनसानी समाज को एक मानते थे. दुनिया की इस करोड़ों बल्कि अरबों जनता को ही वह 'दरिद्रनारायन' कह कर अपना उपास्य देव मानते थे. आम जनता यानी सब के भले को ही वह सर्वोदय का नाम देते थे. उनका ख़याल था कि सच्चा अहिंसात्मक इनसानी समाज गांव के आज़ाद धंधों को नष्ट करके बड़ी बड़ी मिलों के सहारे क़ायम नहीं हो सकता. इस बात में भी गांधी जी के विचारों के बारे में काफ़ी ग़लतफ़हमी है. गांधी जी सब मशीनों या मिलों के ख़िलाफ़ नहीं थे. साइन्स की अधिक से अधिक तरक़्क़ी के वह पूरी तरफ़दार थे. लेकिन उनका कहना है कि हमारे गांव की आज़ाद ज़िन्दगी, हमारे घरों और कुटुम्बों की ख़ुशी, गांव और खेतों की खुली हवा में प्रकृति के साथ हमारा सम्पर्क और जहां तक हो सके समाज को छोटी से छोटी इकाइयों के लिये स्वावलम्बी होना यानी अपनी ज़रूरतों के लिये दूसरों या बाहर वालों का मोहताज न होना, यह सब ऐसी चीज़ें हैं जिन्हें हम हाथ से नहीं खोना चाहते. आदमी की नैतिक और आध्यात्मिक स्वस्थता और उन्नति के लिये वह अजालाकी

گاندھی جی کے اِن اصولوں کو ' سروِدھرم سمبھاو ' کا نام دیا جاتا ھے ۔ اپنی پرارتھنا کے اندر اُن کا گیتا' قرآن' انجیل' ژند اوستا سب کو جگہ دینا اور ایشور اور اللہ دونوں کو اُس کو نام ماننا اِسی سروِدھرم سمبھاو کے اصلی روپ ھیں ۔ بھارت کو اور انسانی سماج کو گاندھی جی کی یہ دوسری بڑی دین تھی ۔

گاندھی جی کا یہ سروِدھرم سمبھاو کوئی نئی چیز نہیں ھے ۔ دنیا کے سب دھرم آچاریہ اور دنیا کی سب دھرم پستکیں یہی اُپدیش دیتی رہی ھیں ۔ غلط اور سنکیرن ڈھنگ کی دھارمک تعلیم نے اور انگریزوں کی لکھی ہوئی اتہاس کی جھوٹی پستکوں نے ملکر ہمارے اندر اندھ وشواسوں' آپسی نفرتوں اور زہریلے سامپردائیک بھاوں کو جنم دیا اور اُبھارا ۔ ملک کو اِس سے کافی نقصان پہونچا' وہ زہر ابھی تک دیش کے جسم سے نکلا نہیں ھے ۔ پر حالات ثابت کر رہے ھیں کہ اس مہان کاریہ کے لئے مہاتما گاندھی کا سچا بلیدان رام بان کی طرح اپنا کام کر گیا ۔ ہمارے اندر کا یہ زہر کافی تیزی کے ساتھ کم ہوتا جا رہا ھے ۔ اور جس دن بھی ہمارا راشٹریہ شریر اِس زہر سے بالکل پاک ہوگا اُس دن اِس کا سب سے بڑا شریہ مہاتما گاندھی کی زندگی اور اُن کی قربانی کو ہی ملے گا ۔

مہاتما گاندھی جنتا کے آدمی تھے ۔ اُن کی نگاہ بار بار شہروں اور شہر والوں سے ہٹ کر گاؤں اور وہاں کی کروڑوں غریب جنتا کی طرف جاتی تھی ۔ وہ ساری دنیا کی جنتا کو' سارے انسانی سماج کو ایک مانتے تھے ۔ دنیا کی اِس کروڑوں بلکہ اربوں جنتا کو ہی وہ 'درِدر نارائن' کہکر اپنا اُپاسیہ دیو مانتے تھے ۔ عام جنتا یعنی سب کے بھلے کو ہی وہ سروودے کا نام دیتے تھے ۔ اُن کا خیال تھا کہ سچا اہنسااتمک انسانی سماج گاؤں کے آزاد دھندوں کو نشٹ کر کے بڑی بڑی ملوں کے سہارے قائم نہیں ہو سکتا ۔ اِس بات میں بھی گاندھی جی کے وچاروں کے بارے میں کافی غلط فہمی ھے ۔ گاندھی جی سب مشینوں یا ملوں کے خلاف نہیں تھے ۔ سائنس کی ادھک سے ادھک ترقی کے وہ پوری طرح طرفدار تھے ۔ لیکن اُن کا کہنا ھے کہ ہمارے گاؤں کی آزاد زندگی' ہمارے گھروں اور کٹمبوں کی خوشی' گاؤں اور کھیتوں کی کھلی ہوا میں پرکرتی کے ساتھ ہمارا سمپرک اور جہاں تک ہوسکے سماج کو چھوٹی سے چھوٹی اکائیوں کے لئے سواولمبی ہونا یعنی اپنی ضرورتوں کے لئے دوسروں یا باہر والوں کا محتاج نہ ہونا' یہ سب ایسی چیزیں ھیں جنھیں ہم ہاتھ سے نہیں کھونا چاہتے ۔ آدمی کی نیتک اور آدھیاتمک سوستھتا اور اُنتی کے لئے وہ اخلاقی

लड़ाई में उन्होंने इसके कुछ नमूने भी दुनिया के सामने पेश कर दिये. लेकिन अहिंसा के तरीक़े से अन्याय या ज़ुल्म के मुक़ाबला करने का ढंग हर समय हर एक को नहीं सूझ सकता. उस पर आसानी से विश्वास भी नहीं होता. इसलिए गांधी जी की यह साफ़ राय थी कि अन्याय का बिना मुक़ाबला किये उसे चुपचाप सह लेने की निस्बत उसका अहिंसा से मुक़ाबला करना ज़ियादा अच्छा है. कायरता को वह हिंसा से ज़ियादा बुरा मानते थे. उनकी अहिंसा में हिंसा के मुक़ाबले ज़ियादा बहादुरी और ज़ियादा क़ुरबानी की ज़रूरत पड़ती थी. दुनिया के दूर दूर कोनों से कभी कभी इस तरह की ख़बरें आती रहती हैं. जिससे पता चलता है कि इनसानी समाज के सच्चे हित चिन्तकों का ध्यान धीरे धीरे गांधी जी के अहिंसा के रास्ते और अहिंसा के तरीक़ों की तरफ़ बढ़ता आ रहा है.

हमारे देश में गांधी जी के राजकाजी लड़ाई के इन नए तरीक़ों ने थोड़े दिनों के अन्दर ही वह गहरा असर पैदा किया कि अंगरेज़ वायसराय लार्ड रीडिंग को कलकत्ते के अन्दर खुले जलसे में यह इक़बाल करना पड़ा:—“महात्मा गांधी के प्रोग्राम की कामयाबी में केवल एक इंच भर की कसर रह गयी थी. मैं हैरान था और घबरा गया था.”

अंगरेज़ सरकार के तरकस में अब एक ही आख़िरी तीर बाक़ी रह गया था. वह था हिन्दू और और मुसल-मानों में फ़िरक़ापरस्ती की आग को भड़काना. सन् 1923 में गांधी जी के जेल में रहते जगह जगह साम्प्रदायिक दंगे हुए. शुद्धि और संगठन, तबलीग़ और तंज़ीम का बाज़ार, दोनों तरफ़ से गरम हुआ. एक बार गांधी जी का और देश का सब किया कराया ख़ाक में मिलता हुआ दिखाई देने लगा. जेल से लौटते ही उन्होंने देश वासियों को बताया कि देश की और इनसानी समाज की स्वस्थता के लिये इस तरह की साम्प्रदायिकता सब से ख़तरनाक ज़हर है. इस ज़हर को देश के जिस्म से निकालने के लिये उन्होंने उसी समय से अनथक कोशिश की और आख़ीर में इसी कोशिश में अपने प्राण दिये.

उन्होंने देश को और दुनिया को बताया कि नफ़रत धर्म नहीं है. धर्म प्रेम है और प्रेम ही ईश्वर है. दुनिया के सब अवतार पैग़म्बर और तीर्थंकर और सब धर्म पुस्तकें आदर की हक़दार हैं. हमें इन सब महापुरुषों के उपदेशों और इन सब ग्रन्थों के अन्दर से अपने जीवन को सफल करने के लिये अनमोल हिदायतें मिल सकती हैं. ऊपर के रीति रिवाजों की निस्बत हमें दिल की सफ़ाई, सचाई और किसी को पीड़ा पहुंचाने के असूलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, और सब के साथ प्रेम से मिल कर रहना चाहिए.

لڑائی میں اُنہوں نے اس کے کچھ نمونے بھی دنیا کے سامنے پیش کر دیئے . لیکن اہنسا کے طریقے سے انیائے یا ظلم کے مقابلہ کرنے کا ڈھنگ ہر سمے ہر ایک کو نہیں سوجھ سکتا . اس پر آسانی سے وسواس بھی نہیں ہوتا . اس لئے گاندھی جی کی یہ صاف رائے تھی کہ انیائے کا بنا مقابلہ کئے اسے چپ چاپ سہہ لینے کی نسبت اس کا اہنسا سے مقابلہ کرنا زیادہ اچھا ہے . کایرتا کو وہ ہنسا سے زیادہ برا مانتے تھے . ان کی اہنسا میں ہنسا کے مقابلے زیادہ بہادری اور زیادہ قربانی کی ضرورت پڑتی تھی . دنیا کے دور دور کونوں سے کبھی کبھی اس طرح کی خبریں آتی رہتی ہیں . جن سے پتہ چلتا ہے کہ انسانی سماج کے سچے ہت چنتکوں کا دھیان دھیرے دھیرے گاندھی جی کے اہنسا کے راستے اور اہنسا کے طریقوں کی طرف بڑھتا جا رہا ہے .

ہمارے دیش میں گاندھی جی کے راج کاجی لڑائی کے ان نئے طریقوں نے تھوڑے دنوں کے اندر ہی وہ گہرا اثر پیدا کیا کہ انگریز وائسرائے لارڈ ریڈنگ کو کلکتے کے اندر کھلے جلسے میں یہ اقبال کرنا پڑا :—" مہاتما گاندھی کے پروگرام کی کامیابی میں کیول ایک انچ بھر کی کسر رہ گئی تھی . میں حیران تھا اور گھبرا گیا تھا ."

انگریزی سرکار کے ترکس میں اب ایک ہی آخری تیر باقی رہ گیا تھا . وہ تھا ہندو اور مسلمانوں میں فرقہ پرستی کی آگ کو بھڑکانا . سن 1923 میں گاندھی جی کے جیل میں رہتے جگہ جگہ سامپردائیک دنگے ہوئے . شدھی اور سنگٹھن' تبلیغ اور تنظیم کا بازار' دونوں طرف سے گرم ہوا . ایک بار گاندھی جی کا اور دیش کا سب کیا کرایا خاک میں ملتا ہوا دکھائی دینے لگا . جیل سے لوٹتے ہی اُنہوں نے دیش واسیوں کو بتایا کہ دیش کی اور انسانی سماج کی سوستھتا کے لئے اسطرح کی سامپردائیکتا سب سے خطرناک زہر ہے . اس زہر کو دیش کے جسم سے نکالنے کے لئے اُنہوں نے اسی سمے سے ان تھک کوشش کی اور آخیر میں اسی کوشش میں اپنے پران دیئے .

اُنہوں نے دیش کو اور دنیا کو بتایا کہ نفرت دھرم نہیں ہے . دھرم پریم ہے اور پریم ہی ایشور ہے . دنیا کے سب اوتار پیغمبر اور تیرتھنکر اور سب دھرم پستکیں آدر کی حقدار ہیں . ہمیں ان سب مہاپرشوں کے اپدیشوں اور ان سب پرنتھوں کے اندر سے اپنے جیون کو سپھل کرنے کے لئے انمول ہدایتیں مل سکتی ہیں . اوپر کے رسم رواجوں کی نسبت ہمیں دل کی صفائی' سچائی اور کسی کو پیڑا پہونچانے کے اصولوں پر ادھک دھیان دینا چاہئے اور سب کے ساتھ پریم سے ملکر رہنا چاہئے .

महात्मा गांधी ने कुछ दिनों देश की हालत देखने और समझने के बाद अहिन्सात्मक असहयोग और सत्याग्रह के नए तरीक़े और लड़ाई के नए ढंग देश के सामने रक्खे. खेड़ा और चम्पारन में दो छोटे लेकिन नये ढंग के तजरबे हुए आज़ादी के मतवालों का ध्यान उस तरफ़ खिंचा. पहले महायुद्ध ने लोगों के अन्दर आज़ादी की प्यास को और ज़ियादा भड़काया. अंगरेज़ हाकिमों ने रौलट एक्ट जैसे अन्यायी क़ानूनों के ज़रिये नई उमंगों को कुचल डालना चाहा. महात्मा गांधी ने अपने सत्याग्रह यानी सिविल नाफ़रमानी के हथियार को और ज़ियादा तेज़ किया. सन 1919 में बावजूद पंजाब के अत्याचारों और भयंकर दमन के जागृति की वह ज़बरदस्त लहर सारे देश में दौड़ गई जिसे देखकर अंगरेज़ हाकिम एक बार घबरा गए. शायद छः अप्रैल सन 1919 जैसी ज़बरदस्त हड़ताल······जिसमें समझा जाता है कि दूर से दूर के किसी गांव में भी कोई हल नहीं चलाया गया. इस देश में उससे पहले या उसके बाद कभी नहीं हुई. पहली बार भारतवासियों को यह सूझा कि अगर वह केवल पक्का इरादा कर लें, अंगरेज़ी क़ानूनों को मानने से इन्कार कर दें और अपनी बात निभाने के लिए मिटने को तैयार हो जाँय तो दुनियाँ की कोई ताक़त उन्हें दबा नहीं सकती और बिना हथियार उठाए, वह देश को विदेशी राज से आज़ाद कर सकते हैं. महात्मा गांधी की इस देश को और सारी राजकाजी दुनिया को यह पहली बड़ी देन था.

गांधी जी के इस अहिन्सात्मक असहयोग और सत्याग्रह के बारे में कुछ लोगों के दिलों में कई तरह की ग़लतफ़हमियां हैं. दुनिया की कोई भी पारटी इस बात से इन्कार नहीं कर सकती कि इनसानी समाज का आख़िरी ध्येय प्रेम, शान्ति और अहिन्सा है, नफ़रत लड़ाई झगड़े और एक दूसरे की हिन्सा नहीं. इसके बाद सवाल आता है कि अगर कहीं अन्याय या ज़ुल्म दिखाई दे तो हमें क्या करना चाहिए. गांधी जी का यहां साफ़ कहना था कि किसी भी अन्याय या ज़ुल्म के सामने सर झुका देना या उसे चुपचाप सह लेना पाप और ग़लत है. फिर सवाल होता है कि उस अन्याय या ज़ुल्म का मुक़ाबला कैसे किया जाये दुनिया के सामने, अभी तक आमतौर पर इसका एक ही तरीक़ा रहा है, और वह हिंसा का तरीक़ा है. गांधी जी ने इस मुक़ाबला करने का एक नया तरीक़ा यानी अहिंसा का तरीक़ा सुझाया. वह इस तरीक़े को हिन्सा के तरीक़े से ज़ियादा अच्छा बताते थे उनका यह भी कहना था कि इस रास्ते पर चलकर इनसानी समाज अपने आख़री ध्येय तक ज़ियादा जल्दी और ज़ियादा आसानी से पहुंच सकता है. इस देश की आज़ादी की

مہاتما گاندھی نے کچھ دنوں دیش کی حالت دیکھنے اور سمجھنے کے بعد اہنسانمک اسہیوگ اور ستیاگرہ کے نئے طریقے اور لڑائی کے نئے ڈھنگ دیش کے سامنے رکھے۔ کھیڑا اور چمپارن میں دو چھوٹے لیکن نئے ڈھنگ کے تجربے ہوئے آزادی کے متوالوں کا دھیان اُس طرف کھینچا۔ پہلے مہا یدھ نے لوگوں کے اندر آزادی کی پیاس کو اور زیادہ بھڑکایا۔ انگریز حاکموں نے رولٹ ایکٹ جیسے انیائی قانونوں کے ذریعے نئی اُمنگوں کو کچل ڈالنا چاہا۔ مہاتما گاندھی نے اپنے ستیاگرہ یعنی سول نافرمانی کے ہتھیار کو اور زیادہ تیز کیا۔ سن 1919 میں باوجود پنجاب اتیاچاروں اور بھینکر دمن کے جاگرتی کی وہ زبردست لہر سارے دیش میں دوڑ گئی جسے دیکھکر انگریز حاکم ایک بار گھبرا گئے۔ شاید چھ اپریل سن 1919 جیسی زبردست ہڑتال............جس میں سمجھا جاتا ہے کہ دور سے دور کے کسی گاؤں میں بھی کوئی ہل نہیں چلایا گیا..............اس دیش میں اُس سے پہلے یا اس کے بعد کبھی نہیں ہوئی۔ پہلی بار بھارت واسیوں کو یہ سوجھا کہ اگر وہ کیول پکا ارادہ کر لیں، انگریزی قانونوں کو ماننے سے انکار کر دیں اور اپنی بات نبھانے کے لئے مٹنے کو تیار ہو جائیں تو دنیا کی کوئی طاقت اُنہیں دبا نہیں سکتی اور بنا ہتھیار اُٹھائے، وہ دیش کو ودیشی راج سے آزاد کر سکتے ہیں۔ مہاتما گاندھی کی اس دیش کو اور ساری راج کاجی دنیا کو یہ پہلی بڑی دین تھی۔

گاندھی جی کے اِس اہنساتمک اسہیوگ اور ستیاگرہ کے بارے میں کچھ لوگوں کے دلوں میں کئی طرح کی غلط فہمیاں ہیں۔ دنیا کی کوئی بھی پارٹی اِس بات سے انکار نہیں کر سکتی کہ اِنسانی سماج کا آخری دھیہ پریم، شانتی اور اہنسا ہے، نفرت لڑائی جھگڑے اور ایک دوسرے کی ہنسا نہیں۔ اِس کے بعد سوال آتا ہے کہ اگر کہیں انیائے یا ظلم دکھائی دے تو ہمیں کیا کرنا چاہئے۔ گاندھی جی کا یہاں صاف کہنا تھا کہ کسی بھی انیائے یا ظلم کے سامنے سر جھکا دینا یا اُسے چپ چاپ سہہ لینا پاپ اور غلط ہے۔ پھر سوال ہوتا ہے کہ اُس انیائے یا ظلم کا مقابلہ کیسے کیا جائے دنیا کے سامنے، ابھی تک عام طور پر اِس کا ایک ہی طریقہ رہا ہے، اور وہ ہنسا کا طریقہ ہے۔ گاندھی جی نے اِس مقابلہ کرنے کا ایک نیا طریقہ یعنی اہنسا کا طریقہ سجھایا۔ وہ اِس طریقے کو ہنسا کے طریقے سے زیادہ اچھا بتاتے تھے اُن کا یہ بھی کہنا تھا کہ اِس راستے پر چل کر انسانی سماج اپنے آخری دھیہ تک زیادہ جلدی اور زیادہ آسانی سے پہنچ سکتا ہے۔ اِس دیش کی آزادی کی

बापू

[30 जनवरी 1952 को आल इण्डिया रेडियो, इलाहाबाद पर पंडित सुन्दरलाल जी की तक़रीर]

इस देश के राजकाजी मंच पर महात्मा गांधी ऐसे समय सामने आते हैं जिस समय देश को विदेशियों की ग़ुलामी से आज़ाद करने की कोशिश करने वालों में गहरी निराशा छाई हुई थी. अंगरेज़ी राज से भारत को आज़ाद करने की कोशिशों का सूत्रपात हमें अठारहवीं सदी के आख़िर में सबसे पहले हैदर और टीपू की कोशिशों में मिलता है. वह कोशिशें नाकाम गईं. उसके बाद सन् 1857 की आज़ादी की मशहूर लड़ाई आती है, वह भी असफल रही. उन्नीसवीं सदी के आख़ीर के दिनों में पंजाब की कूका की बग़ावत और सरहद पर मुसलमान जां निसारों की तहरीक मिलती है. वह भी कोई ख़ास नतीजा पैदा न कर सकी. उन्नीसवीं सदी के आख़ीर में शायद कोई भी छोटा या बड़ा हिन्दुस्तानी यह सपना देखने का साहस न कर सकता था कि यह मुल्क कभी भी अंगरेज़ों के पंजे से आज़ाद हो सकेगा. यह वह समय था जब कि बड़े से बड़े साहसी देशभक्त अधिक से अधिक यही उम्मीद कर सकते थे कि वह अंगरेज़ी राज की छत्रछाया में कुछ पदवियाँ लेलें या अपने मुल्क वालों के लिये कुछ और छोटी मोटी रिआयतें या सहूलियतें हासिल कर लें. बीसवीं सदी के शुरू में बंगाल के दो टुकड़े हुए, भारत की सोई हुई आत्मा को एक गहरी ठेस लगा. आज़ादी के कुछ नये मतवाले इधर उधर दिखाई देने लगे. रूस जापान युद्ध के नतीजे से उनकी और भी हिम्मत बढ़ी. पर उस समय के देशभक्तों के सामने मिसालें थीं इटली, आयरलैंड और रूस के आज़ादी के संग्रामों की: बम, रिवालवर, गुप्त हत्यायें और राजकाजी डाकों के सिवा उन्हें कोई और उपाय न सूझता था. हां, इनके साथ थोड़ी बहुत अंगरेज़ी माल के बाइकाट की कोशिश भी थी. लोक मान्य तिलक, लाला लाजपतराय और अरविन्द बाबू उस आन्दोलन के ख़ास नेता थे. इन तरीक़ों से देश में कुछ बेदारी पैदा हुई. अंगरेज़ हाकिमों की अकल को भी कुछ धक्का लगा पर चार पांच बरस के अन्दर ही साफ़ दिखाई दे गया कि इन तरीक़ों से देश को आज़ाद कर सकना बिलकुल नामुमकिन था जैसा हम कह चुके हैं 1915 के आस पास समय यानी महात्मा गांधी के दक्खिन अफ़्रिका से भारत आने का समय आज़ादी की कोशिशें करने वालों के लिए गहरी निराशा का ज़माना था. जेल से लौटने के बाद लोकमान्य तिलक को कोई आगे की राह न सूझती थी. लाला लाजपतराय का दिल टूट चुका था. अरविन्द बाबू राजकाज से [illegible] योग में अपना मन लगा चुके थे.

باپو

[30 جنوری 1952 کو آل انڈیا ریڈیو' الہ آباد پر پنڈت سندر لال جی کی تقریر]

اِس دیش کے راج کاجی منچ پر مہاتما گاندھی ایسے سمے سامنے آتے ھیں جس سمے دیش کو ودیشیوں کی غلامی سے آزاد کرنے کی کوشش کرنے والوں میں گہری نراشا چھائی ہوئی تھی ۔ انگریزی راج سے بھارت کو آزاد کرنے کی کوششوں کا سوتر پات ہمیں اٹھارویں صدی کے آخر میں سب سے پہلے حیدر اور ٹیپو کی کوششوں میں ملتا ھے ۔ وہ کوششیں ناکام گئیں ۔ اُس کے بعد سن 1857 کی آزادی کی مشہور لڑائی آتی ھے' وہ بھی اسپھل رہی ۔ اُنیسویں صدی کے آخیر کے دنوں میں پنجاب کی کوکا کی بغاوت اور سرحد پر مسلمان جاں نثاروں کی تحریک ملتی ھے ۔ وہ بھی کوئی خاص نتیجہ پیدا نہ کر سکی ۔ اُنیسویں صدی کے آخیر میں شائد کوئی بھی چھوٹا یا بڑا ہندوستانی یہ سپنا دیکھنے کا ساہس نہ کر سکتا تھا کہ یہ ملک کبھی بھی انگریزوں کے پنجے سے آزاد ہوسکے گا ۔ یہ وہ سمے تھا جبکہ بڑے سے بڑے ساہسی دیش بھکت ادھک سے ادھک یہی اُمید کر سکتے تھے کہ وہ انگریزی راج کی چھتر چھایا میں کچھ پدویاں لے لیں یا اپنے ملک والوں کے لئے کچھ اور چھوٹی موٹی رعایتیں یا سہولتیں حاصل کر لیں ۔ بیسویں صدی کے شروع میں بنگال کے دو ٹکڑے ہوئے' بھارت کی سوئی ہوئی آتما کو ایک گہری ٹھیس لگی ۔ آزادی کے کچھ نئے متوالے اِدھر اُدھر دکھائی دینے لگے ۔ روس جاپان یدھ کے نتیجے سے اُن کی اور بھی ہمت بڑھی ۔ پر اُس سمے کے دیش بھکتوں کے سامنے مثالیں تھیں اٹلی' آئرلینڈ اور روس کے آزادی کے سنگراموں کی : بم' ریوالور' گپت ہتھیائیں اور راج کاجی ڈاکوں کے سوا اُنہیں کوئی اور اُپائے نہ سوجھتا تھا ۔ ہاں' اِن کے ساتھ تھوڑی بہت انگریزی مال کے بائیکاٹ کی کوشش بھی تھی ۔ لوک مانیہ تلک' لالہ لجپت رائے اور اروند بابو اُس آندولن کے خاص نیتا تھے ۔ اِن طریقوں سے دیش میں کچھ بیداری پیدا ہوئی ۔ انگریز حاکموں کی اکل کو بھی کچھ دھکا لگا پر چار پانچ برس کے اندر ہی صاف دکھائی دے گیا کہ اِن طریقوں سے دیش کو آزاد کر سکنا بالکل ناممکن تھا جیسا ہم کہہ چکے ہیں 1915 کے آس پاس سمے یعنی مہاتما گاندھی کے دکھن افریقہ سے بھارت آنے کا سمے آزادی کی کوشش کرنے والوں کے لئے گہری نراشا کا زمانہ تھا ۔ جیل سے لوٹنے کے بعد لوک مانیہ تلک کو کوئی آگے کی راہ نہ سوجھتی تھی ۔ لالہ لجپت رائے کا دل ٹوٹ چکا تھا ۔ اروند بابو راج کاج سے الگ ہو کر یوگ میں اپنا دل لگا چکے تھے ۔

ज़ाहिर है वही चेतनता, ईश्वर की चेतनता, आदमी की चेतनता, आत्मा की चेतनता सब चीज़ों को अपने में लिये हुए सबको घेरे हुए और सब को रोशन किये हुए है. जानना ही होना है.

सब नाम उसके नाम हैं. सब नामों के पीछे वही एक असलियत है. देवी भागवत में लिखा है:—"शैव लोग उसको शिव कह कर पूजा करते हैं, वेदान्ती लोग उसी को ब्रह्म कहते हैं, बौद्ध उसी को बुद्ध कहते हैं, नैयायक यानी मुन्तक़ी उसी को कर्ता कहते हैं, जैन उसी को अरहंत कहते हैं और मीमांसा वाले उसी को कर्म कहते हैं. वही हरि तीनों लोकों का मालिक है, वही सबकी इच्छाएं पूरी करने वाला है, कोई उसे तप कहता है कोई ज्ञान, कोई प्रकृति, कोई शक्ति; लोग उसे तरह तरह से बयान करने और समझने की कोशिश करते हैं. है वह एक ही हक़ीक़त. अलग अलग मुल्कों और अलग अलग भाषाओं में उसे अलग अलग नामों से पुकारा गया है. ब्रह्म और ब्रह्मा में वही फ़रक़ है—अगर फ़रक़ है तो—जो सूफ़ियों की इस सलाह में अहद और अल्लाह में है. ब्रह्म नाम पारसी किताबों और बौद्ध किताबों दोनों में आता है. अरबी 'हई' और 'यहिया' इबरानी 'यहोवा' और सामवेद का 'ओहऊ' और 'ओहऊही' ऐसे ही फ़ीनीशियन 'ईआओ' सब एक ही शब्द हैं.

यही वह क़ुदरती आवाज़ें हैं जो शुरू के आदमी के मुँह से निकलती हैं. इन्हीं से वह अपने अंदर के अचरज को प्रगट करता है.

ठीक इसी तरह के नाम चीनी धर्म की किताबों और जैन धर्म की किताबों में भी आते हैं. चीनी महापुरुश क्वान-यन-त्से ने लिखा है:—"ताओ (ख़ुदा) को अपनी आत्मा के अन्दर ढूंढ़ो और तुम्हें बाक़ी सब बातें अपने आप मालूम हो जायगी. धर्मात्मा, आदमी अनेक में एक और एक में अनेक, यानी कसरत में वहदत और वहदत में कसरत को देखता है. वह एक सदा एक रस है. वही हमारा आपा है वही सब का आपा है. उससे बढ़ कर कोई जानने की चीज़ नहीं. उसे जान लिया तो सबको जान लिया.

ظاہر ہے یہی چیتنتا' ایشور کی چیتنتا' آدمی کی چیتنتا' آتما کی چیتنتا سب چیزوں کو اپنے میں لئے ہوئے سب کو گھیرے ہوئے اور سب کو روشن کئے ہوئے ہے. جاننا ہی ہونا ہے .

سب نام اُس کے نام ہیں . سب ناموں کے پیچھے وہی ایک اصلیت ہے . دیوی بھاگوت میں لکھا ہے:—
" شیو لوگ اُسکی شو کہکر پوجا کرتے ہیں' ویدانتی لوگ اُسی کو برھمہ کہتے ہیں' بودھ اسی کو بودھ کہتے ہیں' نیائیک یعنی منطقی اسی کو کرتا کہتے ہیں' جین اُسی کو ارھنت کہتے ہیں اور میمانسا والے اُسی کو کرم کہتے ہیں . وہی ہری تینوں لوکوں کا مالک ہے' وہی سب کی اچھائیں پوری کرنے والا ہے' کوئی اُسے تپ کہتا ہے کوئی گیان' کوئی پرکرتی' کوئی شکتی؛ لوگ اسے طرح طرح سے بیان کرنے اور سمجھنے کی کوشش کرتے ہیں. ہے وہ ایک ہی حقیقت . الگ الگ ملکوں اور الگ الگ بھاشاؤں میں اُسے الگ الگ ناموں سے پکارا گیا ہے . برھمہ اور برھما میں وہی فرق ہے—اگر فرق ہے تو—جو صوفیوں کی اِس صلح میں احد اور اللہ میں ہے . برھم نام پارسی کتابوں اور بودھ کتابوں دونوں میں آتا ہے . عربی 'ھئی' اور 'یحیا' عبرانی 'یہوا' اور سام وید کا 'اوھو' اور ' اوھوھو ' ایسے ہی فینیشین ' ای یاؤ ' سب ایک ہی شبد ہیں .

یہی وہ قدرتی آوازیں ہیں جو شروع کے آدمی کے منھ سے نکلتی ہیں . انہیں سے وہ اپنے اندر کے اچرج کو پرکٹ کرتا ہے .

ٹھیک اسی طرح کے نام چینی دھرم کے کتابوں اور جین دھرم کی کتابوں میں بھی آتے ہیں . چینی مہا پُرُش کوان ین تسے نے لکھا ہے:—" تاؤ (خدا) کا اپنی آتما کے اندر ڈھونڈھو اور تمہیں باقی سب باتیں اپنے آپ معلوم ہو جائیگی . دھرماتما آدمی انیک میں ایک اور ایک میں انیک' یعنی کثرت میں وحدت اور وحدت میں کثرت کو دیکھتا ہے . وہ ایک سدا ایک رس ہے . وہی ہمارا آپا ہے وہی سب کا آپا ہے . اُس سے بڑھکر کوئی جاننے کی چیز نہیں . اُسے جان لیا تو سب کو جان لیا .

और बुरे रास्ते से हटाकर नेकी और सबकी भलाई की तरफ़ ले जाता है."

क़ुरान में हारूत और मारूत दो फ़रिश्तों का ज़िक्र आता है. यहूदी किताबों में इन्हीं को होरोत और मोरोत कहा गया है. पारसी किताबों में होरवाता और अमेरेता. वेदों में इन्हीं को ऋतम और अमृतम कहा गया है. इन्हीं दोनों की खींचातानी पर आदमी का ऊपर उठना या नीचे गिरना निर्भर है.

इस ख़तरे से हमेशा बहुत होशियार रहने की ज़रूरत है. कहीं हम ख़ुदी या अहंकार को जो सचमुच हम में शैतान का अंश और सब बुराईयों की जड़ है, अपना असली अपनापा न समझ बैठें. यही हम में लोभ लालच फ़ौजी घमंड और दूसरों के ज़र ज़मीन की चाह पैदा करता है. चोरी, डकैती, व्यभिचार, क़त्ल और एक दूसरे पर हमले राजकाजी जंग और मज़हबी कट्टरता सब इसी से पैदा होते हैं. हमारे अंदर का ख़ुदा कहता रहता है—"ऐ भगवान ऐ सब के दिलों में बैठे हुए परमात्मा तेरी इच्छा पूरी हो, मेरी नहीं." हमारे अन्दर का शैतान बोलता है 'मेरी इच्छा पूरी हो तेरी नहीं.'" हमें लगातार इस शैतान से होशियार रहने की ज़रूरत है. ख़ुदा और शैतान दोनों हमारे अन्दर हैं.

हम इससे पहले के एक लेख में लिख चुके हैं कि साइंस अब सब के अंदर रमी हुई एक अटूट व्यापक चेतनता से इनकार नहीं करता. यही रूह कुल या परम आत्मा है. साइंस का शुरू का भौतिक वाद, जड़ वाद या मादी वाद ख़तम हो चुका. चेतनता के वजूद से अब इनकार नहीं किया जाता. चेतनता ही माद्दे के और इन्द्रियों के वजूद को साबित करती है. इन्द्रियाँ माद्दे को महसूस करती हैं. इन्द्रियाँ माद्दा चेतनता को साबित नहीं कर सकते. यह चेतनता ही सब को रोशन किये हुए है और यही ख़ुद अपने को रोशन किये हुए है.

उपनिषद् में लिखा है:—"ब्रह्म सब चीज़ों को घेरे हुए है और सबसे पार है. उसी की रोशनी से यह सब चीज़ें रोशन हैं."

क़ुरान में लिखा है:—"अल्लाह सब चीज़ों को घेरे हुए है. अल्लाह ही ज़मीन और आस्मानों का नूर है."

इंजील में लिखा है:—"उस ईश्वर ही के अंदर सब चीज़ें रहती हैं, हरकत करती हैं और जीती हैं."

"आदमी और हर चीज़ को रोशन करने वाली रोशनी वह ईश्वर ही है."

चीन की किताब शीकिंग में लिखा है:—"वह ईश्वर सब समझता है, सब देखता है और तुम्हारे सब कामों में तुम्हारे साथ है."

اور عمدہ سے کام بھلی اندریوں سے ہٹا کر نیکی اور سب کی بھلائی کی طرف لیا جاتا ہے ."

قرآن میں ہاروت اور ماروت دو فرشتوں کا ذکر آتا ہے . یہودی کتابوں میں انہیں کو هوروت اور موروت کہا گیا ہے . پارسی کتابوں میں هورواتا اور امیریتا . ویدوں میں انہیں کو رتم اور امرتم کہا گیا ہے . انہیں دونوں کی کھینچا تانی پر آدمی کا اوپر اُٹھنا یا نیچے گرنا نربھر ہے .

اِس خطرے سے ہمیشہ بہت ہوشیار رہنے کی ضرورت ہے . کہیں ہم خودی یا اہنکار کو جو سچ مچ ہم میں شیطان کا انش اور سب برائیوں کی جڑ ہے اپنا اصلی اپناپا نہ سمجھ بیٹھیں . یہی ہم میں لوبھ لالچ فوجی گھمنڈ اور دوسروں کے زر زمین کی چاہ پیدا کرتا ہے . چوری، ڈکیتی، ویبھی چار، قتل اور ایک دوسرے پر حملے راج کاجی جنگ اور مذہبی کٹرتا سب اسی سے پیدا ہوتے ہیں . ہمارے اندر کا خدا کہتا رہتا ہے—" اے بھگوان اے سب کے دلوں میں بیٹھے ہوئے پرم آتما تیری اچھا پوری ہو میری نہیں ." ہمارے اندر کا شیطان بولتا ہے " میری اچھا پوری ہو تیری نہیں ." ہمیں لگاتار اس شیطان سے ہوشیار رہنے کی ضرورت ہے . خدا اور شیطان دونوں ہمارے اندر ہیں .

ہم اِس سے پہلے کے ایک لیکھ میں دکھا چکے ہیں کہ سائنس اب سب کے اندر رمی ہوئی ایک اٹوٹ ویاپک چیتنتا سے انکار نہیں کرتی . یہی روح کل یا پرم آتما ہے . سائنس کا شروع کا بھوتک واد، جڑواد یا مادیواد ختم ہو چکا . چیتنتا کے وجود سے اب انکار نہیں کیا جاتا . چیتنتا ہی معدے کے اور اندریوں کے وجود کو ثابت کرتی ہے . اندریاں معدے کو محسوس کرتی ہیں . اندریاں معدا چیتنتا کو ثابت نہیں کر سکتے . یہ چیتنتا ہی سب کو روشن کئے ہوئے ہے اور یہی خود اپنے کو روشن کئے ہوئے ہے .

اپنشد میں لکھا ہے:—" برہمہ سب چیزوں کو گھیرے ہوئے ہے اور سب سے پار ہے . اُسی کی روشنی سے یہ سب چیزیں روشن ہیں ."

قرآن میں لکھا ہے:—" اللہ سب چیزوں کو گھیرے ہوئے ہے . اللہ ہی زمین اور آسمانوں کا نور ہے ."

انجیل میں لکھا ہے :—" اس ایشور ہی کے اندر سب چیزیں رہتی ہیں، حرکت کرتی ہیں اور جیتی ہیں ."

" آدمی اور ہر چیز کو روشن کرنے والی روشنی وہ ایشور ہی ہے ."

چین کی کتاب شیکنگ میں لکھا ہے :—

" وہ ایشور سب سمجھتا ہے، سب دیکھتا ہے اور تمہارے سب کاموں میں تمہارے ساتھ ہے ."

'मोक्ष देने वाला' है. नारद विष्णु के भक्त हैं और उनका खास काम है राजाओं को एक दूसरे से लड़ाना. एक की दूसरे के सामने तारीफ़ करके या एक की दूसरे से बुराई करके. इन्द्र भी लोगों को और ख़ास कर ऋषियों को आज़माने और आज़माइश के ज़रिये ऊंचा ले जाने का काम करते हैं. बौद्ध-धर्म में यही काम मार का है. मार का वही अर्थ है जो कामदेव का..

आदमी का यह धोका क़रीब क़रीब वैसा ही है जैसा आजकल का कोई सरकारी मुलाज़िम या अफ़सर ग़लती से अपने को जनता का नौकर और सेवक समझने की जगह अपने को उनका मालिक या आक़ा समझ बैठे. या कोई अमानतदार ट्रस्टी ट्रस्ट के माल का अपने को मालिक समझ बैठे. गुन और कर्म से अपने को ब्राह्मन क्षत्रिय वैश्य या शूद्र समझने की जगह जन्म से अपनी जात मान बैठना भी इसी तरह की एक ग़लती है. इस तरह की ग़लती बड़ी से बड़ी बरकत को भी लानत बना देती है. इसीलिये पुराने ज़माने में वहदतुल वजूद यानी आत्मा और ईश्वर के एक होने की हक़ीक़त सबके सामने बयान नहीं की जाती थी. सब उसके हक़दार या पात्र नहीं होते. यह रूहानी हक़ीक़त जिनके अन्दर प्रेम और नम्रता की जगह नफ़रत और घमंड पैदा करे वह इसके हक़दार नहीं हैं.

पर आज ज़माना बदल गया है. लोगों की सूझ बूझ आमतौर पर बढ़ी हुई है. उसके साथ ख़ुदी यानी अहंकार भी बढ़ता आ रहा है. इसलिये लोगों का ध्यान असलियत की तरफ़ खींचने की ज़रूरत है. मुमकिन है सोई हुई आत्माएं जग उठें. असली धर्म का यही मक़सद है, यानी लोगों को ख़ुदी से हटाकर ख़ुदा की तरफ़ ले चलना. स्वार्थ से हटाकर परमार्थ की तरफ़, अंधेरे से हटाकर रोशनी की तरफ़, असत्य से हटाकर सत्य की तरफ़ और बदी से हटा कर नेकी की तरफ़ ले चलें.

पारसी धर्म की किताब 'गाथा' में लिखा है :—

"ऐ अहुरमज़्द (अल्लाह) हमें इस क़ाबिल बना कि हम अपने दोनों अपनापों यानी नीचे के जिस्मानी अपनापे और ऊपर के रूहानी अपनापे में फ़रक़ कर सकें. यह दोनों अपनापे तुम्हारे ही दिये हुए हैं. इनमें पहिला अपनापा बुराई की तरफ़ ले जाता है, और दूसरा सदा नेकी की तरफ़ ले जाता है. हमारे सब काम इन्हीं दो से पैदा होते हैं. इनमें से पहिला आदमी को आदमी से अलग करता है और दूसरा आदमी को आदमी से मिलता है."

यही बात उपनिशदों में तरह तरह से कही गई है. लिखा है :—

"मन दो तरह का होता है, एक शुद्ध और दूसरा अशुद्ध. अशुद्ध मन काम संकल्प यानी नफ़्स की तरफ़ ले जाता है

'موکش دینے والا' ہے . نارد وشنو کے بھکت ہیں اور اُن کا خاص کام ہے راجاؤں کو ایک دوسرے سے لڑانا . ایک کی دوسرے کے سامنے تعریف کرکے یا ایک کی دوسرے سے برائی کر کے . اندر بھی لوگوں کو اور خاص کر رشیوں کو آزمانے اور آزمائش کے ذریعے اونچا لے جانے کا کام کرتے ہیں . بودھ دھرم میں یہی کام مار کا ہے . مار کا وہی ارتھ ہے جو کام دیوکا .

آدمی کا یہ دھوکا قریب قریب ویسا ہی ہے جیسا آج کل کا کوئی سرکاری ملازم یا افسر غلطی سے اپنے کو جنتا کا نوکر اور سیوک سمجھنے کی جگہ اپنے کو اُن کا مالک یا آقا سمجھ بیٹھے یا کوئی امانت دار ٹرسٹی ٹرسٹ کے مال کا اپنے کو مالک سمجھ بیٹھے . گن اور کرم سے اپنے کو براہمن چھتری ویش یا شودر سمجھنے کی جگہ جنم سے اپنی جات مان بیٹھنا بھی اسی طرح کی ایک غلطی ہے . اس طرح کی غلطی بڑی سے بڑی برکت کو بھی لعنت بنا دیتی ہے . اسی لئے پرانے زمانے میں وحدت الوجود یعنی آتما اور ایشور کے ایک ہونے کی حقیقت سب کے سامنے بیان نہیں کی جاتی تھی . سب اُس کے حقدار یا پاتر نہیں ہوتے . یہ روحانی حقیقت جن کے اندر پریم اور نمرتا کی جگہ نفرت اور گھمنڈ پیدا کرے وہ اس کے حقدار نہیں ہیں .

پر آج زمانہ بدل گیا ہے . لوگوں کی سوجھ بوجھ عام طور پر بڑھی ہوئی ہے . اس کے ساتھ خودی یعنی اہنکار بھی بڑھتا جا رہا ہے . اسلئے لوگوں کا دھیان اصلیت کی طرف کھینچنے کی ضرورت ہے . ممکن ہے سوئی ہوئی آتمائیں جاگ اٹھیں . اصلی دھرم کا یہی مقصد ہے ' یعنی لوگوں کو خودی سے ہٹا کر خدا کی طرف لے چلنا . سوارتھ سے ہٹا کر پرمارتھ کی طرف ' اندھیرے سے ہٹا کر روشنی کی طرف ' استیہ سے ہٹا کر ستیہ کی طرف اور بدی سے ہٹا کر نیکی کی طرف لے چلیں .

پارسی دھرم کی کتاب 'گاتھا' میں لکھا ہے :—

" اے اہرموزد (اللہ) ہمیں اس قابل بنا کہ ہم اپنے دونوں اپناپوں یعنی نیچے کے جسمانی اپناپے اور اوپر کے روحانی اپناپے میں فرق کر سکیں . یہ دونوں اپناپے تمہارے ہی دئیے ہوئے ہیں . ان میں پہلا اپناپا برائی کی طرف لے جاتا ہے ' اور دوسرا سدا نیکی کی طرف لے جاتا ہے . ہمارے سب کام انہیں دو سے پیدا ہوتے ہیں . ان میں سے پہلا آدمی کو آدمی سے الگ کرتا ہے اور دوسرا آدمی کو آدمی سے ملاتا ہے ."

یہی بات اپنشدوں میں طرح طرح سے کہی گئی ہے . لکھا ہے :—

" من دو طرح کا ہوتا ہے ' ایک شدھ اور دوسرا اشدھ . اشدھ من کام سنکلپ یعنی نفس کی طرف لے جاتا ہے

ख़ुदी और ख़ुदा

(डाक्टर भगवान दास)

इससे पहिले के लेख में हम आत्मा और परमात्मा यानी रूह और ख़ुदा दोनों के हक़ीक़ी वजूद के एक होने की बात कह चुके हैं. इसी का नाम अद्वैतवाद यानी वहदतुल वजूद है. आदमी का यह महसूस करना कि वह ईश्वर ही का एक अंश है उसकी रूह उस नूरेकुल (ज्योतिर्मय) की ही एक चिनगारी है या वजूद के उसी समुन्दर की एक बूंद है, बहुत बड़ी और ऊंची बात है और यही ऐन हक़ीक़त है, लेकिन एक दूसरी निगाह से इस विचार के साथ एक बहुत बड़ा ख़तरा लगा हुआ है. यह विचार जितना लाभदायक हो सकता है उतना ही बल्कि उससे अधिक हानिकर भी हो सकता है. हर आदमी के अन्दर दो तरह का अपनापन होता है, एक उसकी आत्मा या रूह का अपनापन और दूसरा उसके जिस्म (शरीर) इन्द्रियों और वासनाओं का अपनापन. हर आदमी के अन्दर इन दोनों में बराबर खेंचातानी होती रहती है. यही खेंचातानी ख़ुदा और ख़ुदी, परमार्थ और स्वार्थ के बीच की लगातार खेंचातानी है. डर इस बात का है कि आदमी ख़ुदा के साथ अपनी एकता को महसूस करते करते कहीं जान बूझकर या अनजाने में इन्द्रियों यानी नफ़्से अम्मारा के साथ अपने को एक न मान बैठे. अगर ऐसा हुआ तो वह अपने भीतर ख़ुदा की जगह शैतान को ला बैठायगा और बरबादी के रास्ते पर चल पड़ेगा. रूहानी सचाइयों को समझने और अनुभव करने के लिये ख़ुदी को जीत कर ख़ुदा को उसकी जगह देना ज़रूरी है. इसके लिये इन्द्रियों यानी नफ़्स पर क़ब्ज़ा हासिल करना ज़रूरी है.

आदमी के अन्दर की इसी खेंचातानी को उपनिषदों में इन्द्र और विरोचन की कहानी के रूप में बयान किया गया है. ईसाई किताबों और मुस्लिम रिवायतों में इसी को अज़ाज़ील यानी शैतान की गिरावट के रूप में बयान किया गया है. अज़ाज़ील शैतान का नाम है. अज़ाज़ील सब फ़रिश्तों का उस्ताद था. अज़ाज़ील शब्द के मानी भी बहुत अच्छे हैं यानी 'अल्लाह का बड़प्पन' लेकिन चीज़ों के ज़रा सा उलट जाने से नतीजा कुछ का कुछ निकल आता है. यहूदी किताबों के अनुसार शैतान अल्लाह का ख़ास फ़रमाबरदार फ़रिश्ता है, और अल्लाह ने लोगों को आज़माने, मज़बूत करने और तरक़्क़ी देने का काम ख़ास तौर पर उसके सुपुर्द कर रखा है. इसी तरह का काम हिन्दू रिवायतों में नारद से लिया गया है. नारद के मानी

خودی اور خدا

(ڈاکٹر بھگوان داس)

اِس سے پہلے کے لیکھ میں ہم آتما اور پرماتما یعنی روح اور خدا دونوں کے حقیقی وجود کے ایک ہونے کی بات کہہ چکے ہیں ۔ اِسی کا نام ادویت واد یعنی وحدۃالوجود ہے ۔ آدمی کا یہ محسوس کرنا کہ وہ ایشور ہی کا ایک انش ہے اُس کی روح اُس نور کل (جیوتر مئے) کی ہی ایک چنگاری ہے یا وجود کے اُسی سمندر کی ایک بوند ہے' بہت بڑی اور اونچی بات ہے اور یہی عین حقیقت ہے' لیکن ایک دوسری نگاہ سے اِس وچار کے ساتھ ایک بہت بڑا خطرہ لگا ہوا ہے ۔ یہ وچار جتنا لابھدائیک ہو سکتا ہے اُتنا ہی بلکہ اُس سے ادھک ہانیکر بھی ہو سکتا ہے ۔ ہر آدمی کے اندر دو طرح کا اپنا پن ہوتا ہے' ایک اُسکی آتما یا روح کا اپنا پن اور دوسرا اُسکے جسم (شریر) اندریوں اور واسناؤں کا اپنا پن ۔ ہر آدمی کے اندر اِن دونوں میں برابر کھینچاتانی ہوتی رہتی ہے ۔ یہی کھینچاتانی خدا اور خودی' پرمارتھ اور سوارتھ کے بیچ کی لگاتار کھینچاتانی ہے ۔ ڈر اِس بات کا ہے کہ آدمی خدا کے ساتھ اپنی ایکتا کو محسوس کرتے کرتے کہیں جان بوجھکر یا انجانے میں اندریوں یعنی نفس امارہ کے ساتھ اپنے کو ایک نہ مان بیٹھے ۔ اگر ایسا ہوا تو وہ اپنے بھیتر خدا کی جگہ شیطان کو لا بیٹھائے گا اور بربادی کے راستے پر چل پڑے گا ۔ روحانی سچائیوں کو سمجھنے اور انوبھو کرنے کے لئے خودی کو جیت کر خدا کو اُسکی جگہ دینا ضروری ہے ۔ اس کے لئے اندریوں یعنی نفس پر قبضہ حاصل کرنا ضروری ہے ۔

آدمی کے اندر کی اِسی کھینچاتانی کو اپنشدوں میں اندر اور ویروچن کی کہانی کے روپ میں بیان کیا گیا ہے ۔ عیسائی کتابوں اور مسلم روایتوں میں اِسی کو عزازیل یعنی شیطان کی گراوٹ کے روپ میں بیان کیا گیا ہے ۔ عزازیل شیطان کا نام ہے ۔ عزازیل سب فرشتوں کا اُستاد تھا ۔ عزازیل شبد کے معنی بھی بہت اچھے ہیں یعنی ' اللہ کا بڑاپنا' لیکن چیزوں کے ذرا سا اُلٹ جانے سے نتیجہ کچھ کا کچھ نکل آتا ہے۔ یہودی کتابوں کے انوسار شیطان اللہ کا خاص فرمابردار فرشتہ ہے' اور اللہ نے لوگوں کو آزمانے' مضبوط کرنے اور ترقی دینے کا کام خاص طور پر اُس کے سپرد کر رکھا ہے ۔ اِسی طرح کا کام ہندو روایتوں میں نارد سے لیا گیا ہے ۔ نارد کے معنی

झन झन झन झन झनका देगी हाथों की ज़ंजीर
पूरब पच्छिम उत्तर दक्खिन कर लेंगे तसख़ीर
तदबीरों से अपनी 'नौकर' बदलेंगे तक़दीर

बदलेंगे तक़दीर रे साथी बदलेंगे तक़दीर
कब तक अत्याचार चलेगा कब तक अत्याचार

दुनिया की हर शै पर होगा जनता का अधिकार
ठंडा पड़ जाएगा इक दिन इन सब का व्योपार
शैतानों का राज मिटाने आएंगे अवतार

आएंगे अवतार रे साथी आएंगे अवतार
कब तक अत्याचार चलेगा कब तक अत्याचार

घन बरसेगा कुटिया कुटिया झम झम झम झम झाम
हिन्दू मुसलिम सिख इसाई हों या पस्त अक़वाम
मंदिर एक किस्म का होगा जपने को हर नाम

जपने को हरनाम रे साथी जपने को हरनाम
कब तक अत्याचार चलेगा कब तक अत्याचार

सारे जग में लागू होंगे प्रभु के अहकाम
एक तरीक़े पर बोलेगी दुनिया हर हर नाम
साक़ी एक सुराही एक, होगा एक ही जाम

होगा एक ही जाम रे साथी हुगा एक ही जाम
कब तक अत्याचार चलेगा कब तक अत्याचार

جھن جھن جھن جھن جھنکیگی ہاتھوں کی زنجیر
پورب پچھم اُتر دکھن کرلینگے تسخیر
تدبیروں سے اپنی 'نوکر' بدلینگے تقدیر

بدلینگے تقدیر رے ساتھی بدلینگے تقدیر
کب تک اتیاچار چلیگا کب تک اتیاچار

دنیا کی ہر شے پر ہوگا جنتا کا ادھیکار
ٹھنڈا پڑ جائیگا اک دن ان سب کا بیوپار
شیطانوں کا راج مٹانے آئینگے اوتار

آئینگے اوتار رے ساتھی آئینگے اوتار
کب تک اتیاچار چلیگا کب تک اتیاچار

گھن برسیگا کٹیا کٹیا جھم جھم جھم جھم جھام
ہندو مسلم سکھ عیسائی ہوں یا پست اقوام
مندر ایک قسم کا ہوگا جپنے کو ہر نام

جپنے کو ہر نام رے ساتھی جپنے کو ہر نام
کب تک اتیاچار چلیگا کب تک اتیاچار

سارے جگ میں لاگو ہونگے پربھو کے احکام
ایک طریقے پر بولیگی دنیا ہر ہر نام
ساقی ایک صراحی ایک' ہوگا ایک ہی جام

ہوگا ایک ہی جام رے ساتھی ہوگا ایک ہی جام
کب تک اتیاچار چلیگا کب تک اتیاچار

घन—बादल, सरमायादारी—पूंजीवाद, तसख़ीर—जीत, शै—चीज़, पस्त अक़वाम—अछूत, अहकाम—हुक्म

وید اور قرآن شریف کی طرح بائبل (یا انجیل) دنیا کی اُن گنی چنی کتابوں میں ہے جنکے سہارے لاکھوں کروڑوں کو اپنی روحانی خوراک نصیب ہوتی رہی ہے. بائبل اور عیسیٰ کے اوپر یورپ کی بھاشاؤں میں جہاں بے شمار کتابیں لکھی گئی ہیں ہمارے دیش کی بھاشاؤں میں اُتنی ہی کم. ایسا ہونا کچھ تو قدرتی ہے کیونکہ ہندستان میں عیسائی مذہب ودیشی شاسکوں کے ساتھ نتھی تھا. مگر اس کی خاص وجہ یہ ہے کہ کیا عیسائی دھرم، کیا عیسیٰ کا نجی جیون—دونوں چیزوں سے ہم ہند کے رہنے والے ہندو مسلمان بھائیوں کی جانکاری بہت کم ہے. لیکن اب تک—انگریزی راج میں—عیسائی اسکولوں میں انجیل لازمی طور پر پڑھائی جاتی تھی اور اس لئے اُن میں تعلیم پانے والے ہندستانی بچوں کو کچھ جانکاری ہو جاتی تھی. مگر آزادی کے بعد یہ چیز اب شاید نہ رہیگی جسکا ایک نتیجہ یہ ہو سکتا ہے (حالانکہ ہونا تو اس کا اُلٹا چاہئے) کہ انجیل کی جانکاری رکھنے والوں کی تعداد اور بھی گر جائے. اس لئے ہم شری ایس. کے. جارج کی اس کتاب کا سواگت کرتے ہیں جس سے تھوڑے میں ہی یہ جھلک مل جاتی ہے کہ انجیل کی کہانی کیا ہے اور اُس سے ہمیں کیا سبق ملتا ہے.

لیکھک نے انجیل کی کہانی کو بارہ چھوٹے چھوٹے ادھیاؤں میں بانٹ دیا ہے. ہر ادھیائے کے آخر میں انجیل سے لیکر کچھ حصے یا واکیہ دیئے گئے ہیں جن سے اُس کے امرت کا تھوڑا بہت رس بھی مل جاتا ہے. اس طرح یہ کتاب ایک سنگرہ کا بھی کام دیتی ہے.

اسکے علاوہ اس کتاب میں عیسیٰ کے جیون سے سمبندھ رکھنے والی بڑی سندر سندر نو تصویریں ہیں جو شانتی نکیتن کے ایک کلاکار شری وناتک ماسو جی

तसवीरें हैं. इधर हाल ही में कुमारप्पा जी चीन गये थे, उनके वहां के सफ़र के भी कई चित्र दिये गये हैं.

पूरी किताब देख जाने के बाद सवाल उठता है कि जब हिन्दुस्तान की सरकार विदेशी—ख़ास कर अमरीकी—पैसा और "एक्सपर्ट" ले लेकर देश की जनता को मशीनों, कारख़ानों और फ़ौज को ग़ुलाम बनाने पर उतारू है, तो उस हालत में 'शान्ति की अर्थनीति' की कहां तक गुंजायश है और उसके पैरोकार कहां तक सरकार की रविश और सरगर्मियों का मुक़ाबला करके देश को सही अर्थ नीति पर ला सकेंगे. और इस अर्थ नीति को क़ायम करने के वास्ते मुसीबतों का सामना करने के लिये वह पूरी तरह तैयार हैं या नहीं ? धीमे से आवाज़ आती है कि तैयार हो रहे हैं और जब विनोबा या कुमारप्पा जैसी हस्तियां मौजूद हों तब तो डरने या घबराने की कोई बात ही नहीं है.

हमारी सिफ़ारिश है कि इस किताब का देश की भाषाओं में अनुवाद हो कर ख़ूब प्रचार किया जाना चाहिये.

हम दोनों सम्पादकों को बधाई देते हैं जिन्होंने इतनी मेहनत और लगन से यह अभिनन्दन ग्रंथ तैयार किया है. यह उनकी एक ठोस रचनात्मक सेवा है. आख़िर में हम कुमारप्पा जी को उनकी साठवीं सालगिरह पर बधाई देते हैं और मालिक से बिनती करते हैं कि उनके नेक इरादों को पूरा करे.

—सुरेश रामभाई

تصویریں ھیں . اِدھر حال ھی میں کمارپپا جی چین گئے تھے' اُن کے وھاں کے سفر کے بھی کئی چتر دئے گئے ھیں .

پوری کتاب دیکھ جانے کے بعد سوال اُٹھتا ہے کہ جب ھندستان کی سرکار ودیشی—خاص کر امریکی—پیسہ اور "ایکس پرٹ" لے لیکر دیش کی جنتا کو مشینوں' کارخانوں اور فوج کو غلام بنانے پر اُتارو ھے' تو اس حالت میں 'شانتی کی ارتھ نیتی' کی کہاں تک گنجائش ھے اور اس کے پیروکار کہاں تک سرکار کی روش اور سرگرمیوں کا مقابلہ کر کے دیش کو صحیح ارتھ نیتی پر لا سکینگے . اور اِس ارتھ نیتی کو قائم کرنے کے واسطے مصیبتوں کا سامنا کرنے کے لئے—وہ پوری طرح تیار ھیں یا نہیں؟ دھیمے سے آواز آتی ھے کہ تیار ھو رھے ھیں اور جب ونوبا یا کمارپپا جیسی ھستیاں موجود ھوں تب تو ڈرنے یا گھبرانے کی کوئی بات ھی نہیں ھے .

ھماری سفارش ھے کہ اس کتاب کا دیش کی بھاشاؤں میں انوواد ھو کر خوب پرچار کیا جانا چاھئے .

ھم دونوں سمپادکوں کو بدھائی دیتے ھیں جنھوں نے اتنی محنت اور لگن سے یہ ابھینندن گرنتھ تیار کیا ھے . یہ ان کی ایک ٹھوس رچناتمک سیوا ھے . آخر میں ھم کمارپپا جی کو اُن کی ساٹھویں سال گرہ پر بدھائی دیتے ھیں اور مالک سے بنتی کرتے ھیں کہ اُن کے نیک ارادوں کو پورا کرے .

—سریش رام بھائی

टुवरड्स नानवायलेन्ट सोशलिज़्म

(महात्मा गांधी के लेखों व स्पीचों का संग्रह)

एडीटर—भारतन कुमारप्पा ; निकालने वाले—नवजीवन, अहमदाबाद ; लिखावट अंगरेज़ी, सफ़े 165 ; दाम दो रुपये.

नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद महात्मा गांधी के लेखों व स्पीचों का अलग अलग विशयों पर अलग अलग संग्रह निकाल कर कई बरस से देश की एक क़ुदरती मांग को पूरा कर रहा है. सम्पादन का काम भाई भारतन कुमारप्पा के सिपुर्द है. उनके कई संग्रहों पर हम पिछले महीनों में अपने ख़याल ज़ाहिर कर चुके हैं.

इस संग्रह में सोशलिज़्म और कम्यूनिज़्म से ताल्लुक़ रखने वाली चीज़ें जमा कर दी गई हैं. पाठक की आसानी के लिये किताब को ग्यारह हिस्सों में बांटा गया है, जैसे मक़सद, नैतिक शर्तें, बराबर बंटवारा, उद्योग-धन्दे, कम से कम मज़दूरी, पूंजी और मेहनत, हड़ताल, क़ुली और किसान, पूंजीपति व ज़मींदार, ग़रीब, कम्यूनिज़्म.

ٹوورڈس نان وائلنٹ سوشلزم

(مہاتما گاندھی کے لیکھوں و اسپیچوں کا سنگرہ)

ایڈیٹر—بھارتن کمارپپا؛ نکالنے والے—نوجیون' احمدآباد؛ لکھاوٹ—انگریزی؛ صفحے 165؛ دام دو روپئے .

نوجیون ٹرسٹ' احمدآباد مہاتما گاندھی کے لیکھوں و اسپیچوں کا الگ الگ وشیوں پر الگ الگ سنگرہ نکال کر کئی برس سے دیش کی ایک قدرتی مانگ کو پورا کر رھا ھے . سمپادن کا کام بھائی بھارتن کمارپپا کے سپرد ھے . اُن کے کئی سنگرھوں پر ھم پچھلے مہینوں میں اپنے خیال ظاھر کرچکے ھیں .

اِس سنگرہ میں سوشلزم اور کمیونزم سے تعلق رکھنے والی چیزیں جمع کردی گئی ھیں . پاٹھک کی آسانی کے لئے کتاب کو گیارہ حصوں میں بانٹا گیا ھے' جیسے مقصد' نیتک شرطیں' برابر بٹوارا' اُدیوگ دھندے' کم سے کم مزدوری' پونجی اور محنت' ھڑتال' قلی اور کسان' پونجی پتی و زمیندار' غریب' کمیونزم .

ने लिखे हैं. विनायक जी ने तमिल भाषा में कुमारप्पा जी की जीवनी भी लिखी है.

दूसरा हिस्सा सब से बड़ा है, 130 सफ़ों का. उसमें धर्म-मजहब, अर्थ-माल और राजनीति-स्यासत पर कुमारप्पा जी के विचार दिये गये हैं. और जो उनकी किताबों, लेखों और स्पीचों से लिये गये हैं. इनको पढ़ने पर मालूम होता है कि अहिंसक अर्थ शास्त्र किस गहराई के साथ कुमारप्पा जी की नस-नस में समाया हुआ है और किस लासानी और अनोखे ढंग से वह उसकी पैरवी करते हैं. हमारा खयाल है कि इनमें से कुछ चीज़ें तो दुनिया के अर्थ शास्त्र व राजनीति शास्त्र में हमेशा अमर रहेंगी.

लेकिन लेखों-स्पीचों के इस संग्रह के बारे में हम इतना ज़रूर कहेंगे कि धर्म वाले हिस्से में जैसे यह बता दिया गया है कि कौन चीज़ कहां से ली गई है उस तरह अर्थ-शास्त्र और राजनीति-स्यासत वालों में नहीं बताया गया है. इसके अलावा सफ़े 44 और 48 पर किताबों के हवाले ग़लत दिये गये हैं.

इन्क़लाबी तामीर वाले हिस्से से उस नये हिन्दुस्तान की तसवीर सामने आती है जो शान्ति की अर्थ नीति के आधार पर खड़ा किया जा रहा है. महात्मा गांधी ने तामीरी काम के अलग अलग पहलुओं को अलग अलग संस्थाओं और कारकुनों के हाथ में सौंप दिया था. खादी, हरिजन सेवा, ग्रामोद्योग, नई तालीम, गो सेवा, हिन्दुस्तानी प्रचार, औरतहिं सेवा इनमें खास हैं. इनमें से हर एक में अब तक कितना काम हुआ, अब क्या हो रहा है, और आगे का क्या प्रोग्राम है यह इस हिस्से से बखूबी पता चल जाता है. हमारी राय है कि इस हिस्से को अलग किताब की शकल में निकालना चाहिये ताकि देश को मालूम हो कि महात्मा गांधी के बाद उनके बताये रास्ते पर क्या काम हो रहा है. लेकिन इस हिस्से में गांधी स्मारक निधि का कुछ भी चर्चा न होना खटकता है.

किताब के चौथे हिस्से में आज की दुनिया से ताल्लुक़ रखने वाले कुछ सवालों पर खासी अच्छी रोशनी डाली गई है—जैसे विश्व-शान्ति को खतरा, नई तालीम की पुकार, सर्वोदय और कम्यूनिज़म, कन्ट्रोल, पच्छिम का रुख, सरकार और ग्रामोद्योग, गांव वालों की हालत वग़ैरा. आखरी हिस्से में कुमारप्पा जी को श्रद्धांजलि देते हुए काका साहेब कालेलकर, किशोरलाल भाई मशरूवाला, श्रीमती रामेश्वरी नेहरू वग़ैरह के सुन्दर लेख हैं.

किताब मगनवाड़ी में बने हाथ के काग़ज़ पर छापी गई है. इसमें कुमारप्पा जी से सम्बन्ध रखने वाली 33

لے لکھے ہیں ۔ ونائیک جی نے تامل بھاشا میں کمارپپا جی کی جیونی بھی لکھی ہے ۔

دوسرا حصہ سب سے بڑا ہے، 130 صفحوں کا ۔ اس میں دھرم-مذہب، ارتھ-مال اور راج نیتی-سیاست پر کمارپپا جی کے وچار دیئے گئے ہیں جو اُن کی کتابوں، لیکھوں اور اسپیچوں سے لئے گئے ہیں ۔ اِن کو پڑھنے پر معلوم ہوتا ہے کہ اہنسک ارتھ شاستر کس گہرائی کے ساتھ کمارپپا جی کی نس نس میں سمایا ہوا ہے اور کس لاثانی اور انوکھے ڈھنگ سے وہ اُسکی پیروی کرتے ہیں ۔ ہمارا خیال ہے کہ اِن میں سے کچھ چیزیں تو دنیا کے ارتھ شاستر و راج نیتی شاستر میں ہمیشہ امر رہینگی ۔


لیکن لیکھوں-اسپیچوں کے اِس سنگرہ کے بارے میں ہم اتنا ضرور کہیں گے کہ دھرم والے حصے میں جیسے یہ بتا دیا گیا ہے کہ کون چیز کہاں سے لی گئی ہے اُس طرح ارتھ شاستر اور راج نیتی سیاست والوں میں نہیں بتایا گیا ہے ۔ اِس کے علاوہ صفحے 11 اور 18 پر کتابوں کے حوالے غلط دیئے گئے ہیں ۔

انقلابی تعمیر والے حصے سے اُس نئے ہندستان کی تصویر سامنے آتی ہے جو شانتی کی ارتھ نیتی کے آدھار پر کھڑا کیا جا رہا ہے ۔ مہاتما گاندھی نے تعمیری کام کے الگ الگ پہلوؤں کو الگ الگ سنستھاؤں اور کارکنوں کے ہاتھ میں سونپ دیا تھا ۔ کھادی، ہریجن سیوا، گرامودیوگ، نئی تعلیم، گو سیوا، ہندستانی پرچار، عورتہیں سیوا اِن میں خاص ہیں ۔ ان میں سے ہر ایک میں اب تک کتنا کام ہوا، اب کیا ہو رہا ہے اور آگے کا کیا پروگرام ہے یہ اس حصے سے بخوبی پتہ چل جاتا ہے ۔ ہماری رائے ہے کہ اس حصے کو الگ کتاب کی شکل میں نکالنا چاہئے تاکہ دیش کو معلوم ہو کہ مہاتما گاندھی کے بعد اُن کے بتائے راستے پر کیا کام ہو رہا ہے ۔ لیکن اِس حصے میں گاندھی سمارک ندھی کا کچھ بھی چرچہ نہ ہونا کھٹکتا ہے ۔

کتاب کے چوتھے حصے میں آج کی دنیا سے تعلق رکھنے والے کچھ سوالوں پر خاصی اچھی روشنی ڈالی گئی ہے—جیسے وشو شانتی کو خطرہ، نئی تعلیم کی پکار، سرودے اور کمیونزم، کنٹرول، پچھم کا رخ، سرکار اور گرامودیوگ، گاؤں والوں کی حالت، وغیرہ ۔ آخری حصے میں کمارپپا جی کو شردھا نجلی دیتے ہوئے کاکا صاحب کالیلکر، کشور لال بھائی مشرو والا، شریمتی رامیشوری نہرو وغیرہ کے سندر لیکھ ہیں ۔

کتاب مگن واڑی میں بنے ہاتھ کے کاغذ پر چھاپی گئی ہے ۔ اس میں کمارپپا جی سے سمبندھ رکھنے والی 33

कुछ किताबें



کچھ کتابیں

दि एकोनामिक्स आफ़ पीस

एडीटर—एस. के. जार्ज और जी. रामचंद्रन;

निकालने वाले—अखिल भारत ग्राम उद्योग संघ, वर्धा;

लिखावट—अंगरेज़ी ;

सफ़े—378; काग़ज़ हाथ का; तसवीरें 33;

दाम—दस रुपए.

दरअसल यह किताब एक अभिनन्दन ग्रंथ है जो आचार्य जे. सी. कुमारप्पा की साठवीं सालगिरह पर उनके साथियों और प्रेमियों ने मगनवाड़ी में उन्हें पेश किया. कुमारप्पाजी क्या हैं—एक इन्सान जिसने अपना जीवन लगा दिया है एक काम में. किस काम में—आज की दुनिया में जो लड़ाई, शोशन और बैर की आर्थिक नीति है उसकी जगह भाई चारे, सहयोग और प्रेम की आर्थिक नीति क़ायम करने के काम में. इस अर्थ नीति को आम तौर से गांधी अर्थ नीति कहा जाता है. यह वही अर्थ नीति है जिसके सहारे दुनिया में सच्ची शान्ति मुसतक़िल तौर पर क़ायम हो सकती है. इस तरह कुमारप्पाजी शान्ति की अर्थनीति के अलमबरदार हैं. शायद इसी वजह से उनको जो अभिनन्दन ग्रंथ भेंट किया गया उसका नाम 'शान्ति की अर्थ नीति' रखा गया और यह ठीक ही किया गया.

किताब को पांच हिस्सों में बांटा गया है—(1) कुमारप्पा जी की जीवन सम्बन्धी झलक, (2) उनकी स्पीचों और लेखों का संग्रह, (3) इन्क़लाबी तामीर (4) आज के सवाल, और (5) श्रद्धांजलि.

पहले हिस्से में शुरू का लेख कुमारप्पा जी की बड़ी बहन का लिखा हुआ है जिसमें उनके बचपन के जीवन की झलक मिलती है और साफ़ पता चलता है कि जोसफ़ चल्लादुराई एक दिन चलकर ज़रूर बड़ा आदमी होगा. इस हिस्से के दूसरे लेख रामचंद्रन जी (जो आजकल ग्राम उद्योग संघ के मंत्री हैं) और विनायक जी (जो मगनवाड़ी के पुराने तजुरबेकार कार्य कर्ता हैं और जिनका काफ़ी समय कुमारप्पा जी के साथ घूमने-फिरने में बीता है)

دی ایکونامکس آف پیس

ایڈیٹر—ایس . کے . جارج اور جی . رام چندرن ؛

نکالنے والے—اکھل بھارت گرام اُدیوگ سنگھ، وردھا ؛

لکھاوٹ—انگریزی ؛

صفحے—378 ؛ کاغذ ہاتھ کا ؛ تصویریں 33 ؛

دام—دس روپے .

دراصل یہ کتاب ایک ابھینندن گرنتھ ہے جو آچاریہ جے . سی . کماریپا کی ساٹھویں سالگرہ پر اُن کے ساتھیوں اور پریمیوں نے مگن واڑی میں اُنھیں پیش کیا . کماریپا جی کیا ہیں—ایک انسان جس نے اپنا جیون لگا دیا ہے ایک کام میں . کس کام میں—آج کی دنیا میں جو لڑائی، شوشن اور بیر کی آرتھک نیتی ہے اُسکی جگہ بھائی چارے، سہیوگ اور پریم کی آرتھک نیتی قائم کرنے کے کام میں . اِس ارتھ نیتی کو عام طور سے گاندھی ارتھ نیتی کہا جاتا ہے یہ وہی ارتھ نیتی ہے جسکے سہارے دنیا میں سچی شانتی مستقل طور پر قائم ہوسکتی ہے . اِسطرح کماریپا جی شانتی کی ارتھ نیتی کے علمبردار ہیں . شاید اِسی وجہ سے اُن کو جو ابھینندن گرنتھ بھینٹ کیا گیا اُسکا نام ' شانتی کی ارتھ نیتی ' رکھا گیا اور یہ ٹھیک ہی کیا گیا .

کتاب کو پانچ حصوں میں بانٹا گیا ہے—(1) کماریپا جی کی جیون سمبندھی جھلک (2) اُن کی اسپیچوں اور لیکھوں کا سنگرہ (3) انقلابی تعمیر (4) آج کے سوال، اور (5) شردھانجلی .

پہلے حصے میں شروع کا لیکھ کماریپا جی کی بڑی بہن کا لکھا ہوا ہے جس میں اُن کے بچپن کے جیون کی جھلک ملتی ہے اور صاف پتہ چلتا ہے کہ جوسف چلادرائی ایک دن چلکر ضرور بڑا آدمی ہوگا . اِس حصے کے دوسرے لیکھ رام چندرن جی (جو آجکل گرام اُدیوگ سنگھ کے منتری ہیں) اور ونائیک جی (جو مگن واڑی کے پرانے تجربے کار کاریہ کرتا ہیں اور جن کا کافی سمے کماریپا جی کے ساتھ گھومنے پھرنے میں بیتا ہے)

खूब दुरुस्त हो जावे. इसलिये या तो तुम अपनी दादी से कहो कि वह भी चलें या तुम खुद चाचा और चाची के साथ जाने को तैयार हो जाओ. इन दोनों बातों में से एक ज़रूर होनी चाहिये. और सब से अच्छी तो यह ही बात है कि तुम अपने मन को अक़ल के कहने पर हमेशा चलाओ. देखो चाचा ने तुम से लाहौर चलने को कहा तो पहले तुम ने हां कर ली, मगर फिर सिर्फ़ इस सबब से नहीं गई कि तुम्हारा मन अकेले यानी बग़ैर दादी के चाचा चाची के साथ जाने को न चाहा. लेकिन इस बात में तुम्हारा मन अक़ल के तो बिल्कुल बरख़िलाफ़ था क्योंकि अगर तुम लाहौर चली जातीं तो वहां नई नई बातें और नई नई चीज़ें देखने से तुम्हारा दिल ज़रूर खुश होता. और इसलिये तुम्हे जो बीमारी थी उसको भी ज़रूर फ़ायदा होता. चाचा तुम्हें वहां ऐसी ऐसी लड़कियों से भी मिलाते जिन्होंने खूब पढ़ा है और जिनकी शादी छोटी उम्र में नहीं हुई, बड़ी उम्र में होगी. इसी तरह अब शिमले जाने की बात है, अगर तुम्हारी बुआ दादी वग़ैरा सब चले जाएं तब तो बहुत ही अच्छी बात है. लेकिन अगर सब किसी सबब से न जा सकें तो फिर तुम्हें तो ज़रूर चाचा चाची के साथ जाना चाहिये. क्योंकि हर एक आदमी को अपनी अक़ल के मुताबिक़ काम करना चाहिये, न कि मन के. और न आदमी को किसी में ऐसा मन लगाना चाहिये कि उससे अलग होने ही को मन न चाहे. इस वास्ते तुम्हें असल में इस तरह करना चाहिये कि खुद तो चाचा के साथ जब उनको छुट्टियां हों तो उसी वक़्त चली जाओ. और फिर भय्या को जब छुट्टियां होंगी तो वह भी किसी के साथ तुम्हारे पास आ सकता है.

राधे, सब से बड़ी बात जो तुम्हें सीखनी है और हर एक आदमी को सीखना चाहिये वह यह है कि किसी काम या बात या चीज़ या आदमी या जानवर में ऐसा और इस तरह मन न लगाओ कि जब अक़ल के मुताबिक़ उसको छोड़ना ज़रूरी हो तो भी छोड़ने को दिल न करे और छोड़ा न जाए. जो आदमी इस तरह अपना मन कभी किसी में कभी किसी में लगाते रहते हैं उनको हमेशा कभी कुछ रंज होता है, कभी कुछ फ़िकर और उनकी तबियत कभी भी बिल्कुल ख़ुश और शान्ति में नहीं रहती. मगर जो आदमी रफ़ता रफ़ता यह आदत डाल लेते हैं उनको कभी कोई रंज या दुख या अफ़सोस नहीं होगा, चाहे उन पर कितनी ही मुसीबत भी पड़े फिर भी वह हमेशा ख़ुश रहते हैं और उनके दिल में इस बात का इत्मीनान रहता है कि जो कुछ उन्होंने किया भगवान की मरज़ी के मुताबिक़ किया है. फिर अफ़सोस किस बात का?

خوب درست ہو جاوے۔ اس لئے یا تو تم اپنی ادی سے کہو کہ وہ بھی چلیں یا تم خود چاچا ور چاچی کے ساتھ جانے کو تیار ہو جاؤ۔ ان ونوں باتوں میں سے ایک ضرور ہونی چاہئے۔ اور سب سے اچھی تو یہ ہی بات ہے کہ تم اپنے من کو عقل کے کہنے پر ہمیشہ چلاؤ۔ دیکھو چاچا نے تم سے لاہور چلنے کو کہا تو پہلے تم نے ہاں کرلی، مگر پھر صرف اِس سبب سے نہیں گئیں کہ تمہارا من اکیلے یعنی بغیر دادی کے چاچا چاچی کے ساتھ جانے کو نہ چاہا۔ لیکن اس بات میں تمہارا من عقل کے تو بالکل برخلاف تھا کیونکہ اگر تم لاہور چلی جاتیں تو وہاں نئی نئی باتیں اور نئی نئی چیزیں دیکھنے سے تمہارا دل ضرور خوش ہوتا۔ اور س لئے تمہیں جو بیماری تھی اُس کو بھی ضرور فائدہ ہوتا۔ چاچا تمہیں وہاں ایسی ایسی لڑکیوں سے بھی ملاتے جنہوں نے خوب پڑھا ہے اور جن کی شادی چھوٹی عمر میں نہیں ہوئی، بڑی عمر میں ہوگی۔ اسی طرح ب شملے جانے کی بات ہے، اگر تمہاری بوا دادی وغیرہ سب چلے جائیں تب تو بہت ہی اچھی بات ہے۔ لیکن اگر سب کسی سبب سے نہ جاسکیں تو پھر تمہیں و ضرور چاچا چاچی کے ساتھ جانا چاہئے۔ کیونکہ ہر یک آدمی کو اپنی عقل کے مطابق کام کرنا چاہئے، نہ کہ من کے۔ اور نہ آدمی کو کسی میں ایسا من لگانا چاہئے کہ اُس سے الگ ہونے ہی کو من نہ چاہے۔ اس واسطے مہیں اصل میں اس طرح کرنا چاہئے کہ خود تو چاچا کے ساتھ جب اُنکو چھٹیاں ہوں تو اُسی وقت چلی جاؤ۔ ور پھر بھیا کو جب چھٹیاں ہونگی تو وہ بھی کسی کے ساتھ تمہارے پاس آ سکتا ہے۔

رادھے، سب سے بڑی بات جو تمہیں سیکھنی ہے اور ر ایک آدمی کو سیکھنا چاہئے وہ یہ ہے کہ کسی کام یا ات یا چیز یا آدمی یا جانور میں ایسا اور اس طرح من نہ لگاؤ کہ جب عقل کے مطابق اُس کو چھوڑنا ضروری و تو بھی چھوڑنے کو دل نہ کرے اور چھوڑا نہ جائے۔ جو دمی اِس طرح اپنا من کبھی کسی میں کبھی کسی یں لگاتے رہتے ہیں اُن کو ہمیشہ کبھی کچھ رنج ہوتا ہے، کبھی کچھ فکر اور اُن کی طبیعت کبھی بھی بالکل خوش اور شانتی میں نہیں رہتی۔ مگر جو آدمی فتہ رفتہ یہ عادت ڈال لیتے ہیں اُن کو کبھی وئی رنج یا دکھ یا افسوس نہیں ہوگا، چاہے اُن پر کتنی ی مصیبت بھی پڑے پھر بھی وہ ہمیشہ خوش رہتے ہیں و اُن کے دل میں اس بات کا اطمینان رہتا ہے کہ جو کچھ اُنہوں نے کیا بھگوان کی مرضی کے مطابق کیا ہے۔ ر افسوس کس بات کا؟

पहले उठकर सीधा गिरजा घर को गया और ज़ीना चढ़कर ऊपर आ पहुँचा और घंटे की डोरी खेंच कर बजाने लगा. इतने में देखता क्या है कि सामने की तरफ़ जो गिरजे का दूसरा ज़ीना था उसके ऊपर वाले दरवाज़े में कोई सफ़ेद सफ़ेद शकल खड़ी है और उसका मुंह बिलकुल काला और आंखें लाल लाल हैं. यह देखकर लड़का ज़रा भी न डरा. बल्कि उसने पुकार कर पूछा कि तू कौन है ? उस शकल ने कुछ जवाब न दिया. लड़के ने फिर पूछा कि तू कौन है ? शकल ने फिर भी कुछ जवाब न दिया. लड़के ने कहा अगर तू जवाब न देगी तो मैं तुझे सीढ़ियों से नीचे धक्का दे दूँगा. शकल फिर भी चुप रही. यह देख लड़का [जो कि रोज़ वर्ज़िश करते रहने के कारन ख़ासा ताक़तवर था] शकल की तरफ़ दौड़ा. शकल ने उसको डराने के लिये एक बड़े ज़ोर की चीख़ मारी. मगर लड़के ने कुछ परवाह न की और ऐसे ज़ोर से धक्का दिया कि वह शकल लुढ़कती पुढ़कती सीढ़ियों के नीचे जा पड़ी. और लड़का घंटा बजा कर पादरी साहब के घर में आकर अपने कमरे में सो गया. जब सुबह हुई तो पादरी साहब नदारद. उनकी मेम ने लड़के से पूछा कि पादरी साहब कहां हैं ? लड़के ने कहा मुझे क्या ख़बर. पूछते पूछते एक नौकर ने कहा के पादरी साहब को साढ़े ग्यारह बजे रात के मैंने बाहर जाते देखा था. फिर ख़बर नहीं कि वापिस आए या न आए. इस पर लड़के को याद आया कि कहीं उस शकल के भेस में पादरी साहब ही को मैंने धक्का न दे दिया हो, यह सोच वह गिरजा गया और जाकर देखा कि पादरी साहब पीछे की तरफ़ के ज़ीने के नीचे पड़े हैं और पास ही उनका काले मुँह और लाल आंखों का चेहरा पड़ा है. थोड़े दिन बाद जब पादरी साहब अच्छे हुये तो उन्होंने कहा कि भाई तुम अपने घर जाओ, मैं तुम्हें डरना नहीं सिखा सकता.

इस्लाम
21. 6. '06

राधे,

कल की चिट्ठी में ऐसे आदमी की कहानी लिखी थी जिसको डर ही न लगता था. राधे, कल की चिट्ठी लिखी तो थी मगर डाक जाने के वक़्त लिफ़ाफ़े में बन्द कर कर भेजने की याद न रही. इस वास्ते कल की और आज की दोनों चिट्ठियां एक ही ख़त में भेजी जाती हैं.

राधे, आज तुम्हारे चाचा की चिट्ठी से मालूम हुआ कि जीजा तो पहाड़ पर यानी शिमले जाना चाह नहीं हैं. अब तुम बताओ कि तुम किस तरह करोगी. तुम्हारा तो पहाड़ पर जा कर रहना बड़ा ज़रूरी है ताकि एक दफ़े वहां की ताज़ी और साफ़ हवा के असर से तुम्हारा शरीर

لے اٹھکر سیدھا گرجا گھر کو گیا اور زینہ چڑھکر
ر جا پہونچا اور گھنٹے کی ڈوری کھینچکر
جانے لگا ۔ اتنے میں دیکھتا کیا ھے کہ سامنے
طرف جو گرجے کا دوسرا زینہ تھا اُس کے اوپر والے دروازے
ں کوئی سفید سفید شکل کھڑی ھے اور اُس کا منھ
لکل کالا اور آنکھیں لال لال ھیں ۔ یہ دیکھکر لڑکا ذرا
ی نہ ڈرا ۔ بلکہ اس نے پکار کر پوچھا کہ تو کون ھے ؟
س شکل نے کچھ جواب نہ دیا ۔ لڑکے نے پھر پوچھا
تو کون ھے ؟ شکل نے پھر بھی کچھ جواب نہ دیا ۔ لڑکے
کہا اگر تو جواب نہ دے گی تو میں تجھے سیڑھیوں سے
چے دھکا دے دونگا ۔ شکل پھر بھی چپ رھی ۔ یہ دیکھ
کا [جو کہ روز ورزش کرتے رھنے کے کارن خاصہ طاقتور
ا] شکل کی طرف دوڑا ۔ شکل نے اس کو ڈرانے کے لئے
ک بڑے زور کی چیخ ماری ۔ مگر لڑکے نے کچھ پرواہ نہ
ی اور ایسے زور سے دھکا دیا کہ وہ شکل لڑھکتی پڑھکتی
ڑھیوں کے نیچے جا پڑی ۔ اور لڑکا گھنٹا بجا کر
ادری صاحب کے گھر میں آ کر اپنے کمرے میں سو گیا ۔
ب صبح ھوئی تو پادری صاحب ندارد ۔ ان کی میم نے
ڑکے سے پوچھا کہ پادری صاحب کہاں ھیں ؟ لڑکے نے کہا
جھے کیا خبر ۔ پوچھتے پوچھتے ایک نوکر نے کہا کہ پادری
احب کو ساڑھے گیارہ بجے رات کے میں نے باہر جاتے
یکھا تھا ۔ پھر خبر نہیں کہ واپس آئے یا نہ آئے ۔
س پر لڑکے کو یاد آیا کہ کہیں اُس شکل کے بھیس میں
ادری صاحب ھی کو میں نے دھکا نہ دے دیا ھو' یہ
وچ وہ گرجا گیا اور جاکر دیکھا کہ پادری صاحب پیچھے
ی طرف کے زینے کے نیچے پڑے ھیں اور پاس ھی
ن کا کالے منھ اور لال آنکھوں کا چہرہ پڑا ھے ۔ تھوڑے
ن بعد جب پادری صاحب اچھے ھوئے تو انھوں نے کہا
ہ بھائی تم اپنے گھر جاؤ' میں تمھیں ڈرنا نہیں سکھا سکتا.

اسلام
21. 6. '06

ادھے'

کل کی چٹھی میں ایسے آدمی کی کہانی لکھی
ھی جس کو ڈر ھی نہ لگتا تھا ۔ رادھے' کل کی چٹھی
کھی تو تھی مگر ڈاک جانے کے وقت لفافے میں بندکر
ر بھیجنے کی یاد نہ رھی ۔ اس واسطے کل کی اور آج کی
ونوں چٹھیاں ایک ھی خط میں بھیجی جاتی ھیں ۔

رادھے' آج تمہارے چاچا کی چٹھی سے معلوم ھوا کہ
جیجا تو پہاڑ پر یعنی شملے جانا چاھے نہیں ھیں ۔
اب تم بتاؤ کہ کس طرح کروگی ۔ تمہارا تو
پہاڑ پر جاکر رھنا بڑا ضروری ھے تاکہ ایک دفعہ
وھاں کی تازی اور صاف ھوا کے اثر سے تمہارا شریر

बच्चों की दुनिया

इस्लाम
20.6.1906

राधे,

कल मैं बहुत काम होने के सबब से चिट्ठी नहीं लिख सका. परसों की चिट्ठी में जल्दी शादी करने के नुक़सान लिखे गये थे. आज एक आदमी की कहानी सुनो जिस को यह ही मालूम न था कि डर क्यों कर लगा करता है.

एक अमीर के दो लड़के थे. बड़ा लड़का तो एक मामूली आदमी था मगर छोटे लड़के में एक बड़ी खूबी यह थी कि उसको डर बिल्कुल किसी बात या चीज़ से कभी नहीं लगता था. अंधेरी रातों को जब कि घटा ख़ूब छाई हुई हो और हाथ तक दिखाई न देता हो, बड़ा लड़का तो घर से बाहर भी न निकलता था मगर छोटा लड़का जहां कहीं वहां चला जाता था और जो काम कहो वह ही रात ही रात में कर आया करता था. और जब कोई कहता कि हमें तो डर लगे है तो वह पूछा करता था कि डर ख़बर नहीं क्यों डर लगा करे है. कोई मुझे भी तो बताओ कि क्यों कर डरूं. डरना शायद कोई बड़ी अच्छी चीज़ होगी कि जिस को देखो वह यही कहता है कि मुझे उस बात या काम या चीज़ से डर लगता है. मगर मुझे कोई डरना नहीं सिखाता. यह बात छोटे लड़के की सुनकर कभी कोई कुछ मुश्किल काम अंधेरी रात में करने को उसे बताता कभी कोई. मगर वह लड़का सब काम फ़ौरन कर आता और ज़रा भी न डरता था. क्योंकि असल में देखा जाय तो डरना बिल्कुल ही फ़िज़ूल है और उससे बिल्कुल कुछ फ़ायदा नहीं है, नुक़सान ही नुक़सान है.

एक दिन एक पादरी साहब उस लड़के के घर आए और उन्होंने जब सुना कि छोटा लड़का डरना सीखना चाहता है तो उन्होंने कहा कि अच्छा तू मेरे साथ चल, मैं तुमको बड़ी जल्दी डरना सिखा दूंगा. लड़के ने कहा अच्छा. शाम को पादरी साहब के घर पहुँचा और पादरी साहब ने कहा कि तुम ठीक आधी रात के वक़्त गिरजा घर में जो घंटा है उसको ऊपर जा कर बजाना. लड़के ने कहा बहुत अच्छा. चुनांचे लड़का बारह बजे से कुछ

بچوں کی دنیا

اسلام .
20-6-1906

رادھے'

کل میں بہت کام ہونے کے سبب سے چٹھی نہیں لکھ سکا . پرسوں کی چٹھی میں جلدی شادی کرنے کے نقصان لکھے گئے تھے . آج ایک آدمی کی کہانی سنو جس کو یہ ہی معلوم نہ تھا کہ ڈر کیوں کر لگا کرتا ہے .

ایک امیر کے دو لڑکے تھے. بڑا لڑکا تو ایک معمولی آدمی تھا مگر چھوٹے لڑکے میں ایک بڑی خوبی یہ تھی کہ اس کو ڈر بالکل کسی بات یا چیز سے کبھی نہیں لگتا تھا . اندھیری راتوں کو جب کہ گھٹا خوب چھائی ہوئی ہو اور ہاتھ تک دکھائی نہ دیتا ہو' بڑا لڑکا تو گھر سے باہر بھی نہ نکلتا تھا مگر چھوٹا لڑکا جہاں کہیں وہاں چلا جاتا تھا اور جو کام کہو وہ ہی رات کی رات میں کر آیا کرتا تھا . اور جب کوئی کہتا کہ ہمیں تو ڈر لگے ہے تو وہ پوچھا کرتا تھا کہ ڈر خبر نہیں کیوں ڈر لگا کرے ہے . کوئی مجھے بھی تو بتاؤ کہ کیوں کر ڈروں . ڈرنا شاید کوئی بڑی اچھی چیز ہوگی کہ جس کو دیکھو وہ یہ ہی کہتا ہے کہ مجھے اُس بات یا کام یا چیز سے ڈر لگتا ہے . مگر مجھے کوئی ڈرنا نہیں سکھاتا . یہ بات چھوٹے لڑکے کی سن کر کبھی کوئی کچھ مشکل کام اندھیری رات میں کرنے کو اسے بتاتا کبھی کوئی . مگر وہ لڑکا سب کام فوراً کر آتا اور ذرا بھی نہ ڈرتا تھا . کیونکہ اصل میں دیکھا جائے تو ڈرنا بالکل ہی فضول ہے اور اس سے بالکل کچھ فائدہ نہیں ہے' نقصان ہی نقصان ہے .

ایک دن ایک پادری صاحب اُس لڑکے کے گھر آئے اور انہوں نے جب سنا کہ چھوٹا لڑکا ڈرنا سیکھنا چاہتا ہے تو انہوں نے کہا کہ اچھا تو میرے ساتھ چل' میں تجھکو بڑی جلدی ڈرنا سکھا دونگا . لڑکے نے کہا اچھا . شام کو پادری صاحب کے گھر پہونچا اور پادری صاحب نے کہا کہ تم ٹھیک آدھی رات کے وقت گرجا گھر میں جو گھنٹا ہے اُس کو اوپر جاکر بجانا . لڑکے نے کہا بہت اچھا . چنانچہ لڑکا بارہ بجے سے کچھ

हिन्दुस्तान के चुनाव में यहां पर सब को बहुत दिलचस्पी है. आप हिन्दुस्तान वाले बड़े ख़ुशक़िसमत हैं कि चंद महीनों के अन्दर एक ख़ालिस लोकशाही पार्लियामेन्ट खड़ी कर लेंगे. मैं आपसे अगले साल जुलाई के बाद इम्तहान ख़त्म होने पर वर्धा में मिलूंगा.

3. हमदर्दी से भरी आपकी चिट्ठी पाकर मेरे अन्दर ख़ुशी की लहर दौड़ गई. यह वह चीज है जो हमारे दिलों और देशों को सचमुच मिलाती है. मुझे तो ऐसा महसूस हुआ कि हम एक दूसरे के बहुत ही नज़दीक आ गये हैं—सिर्फ़ इस वजह से नहीं कि आपने हमारे साथ हमदर्दी दिखलाई बल्कि यह और भी गहरे जाती है.

मैंने 'स्टेट्स मैन' में पढ़ा कि हिन्दुस्तान के आगे के फिर-बनाव के सम्बन्ध में लाखों-करोड़ों ग़रीबों की तरफ़ से प्लानिंग कमीशन से बात करने के वास्ते विनोबा जी दिल्ली आये हैं. मुझे यक़ीन है कि उन्हें अपने काम में कामयाबी मिलेगी.

कुमारप्पाजी के चीन जाने की ख़बर भी मैंने पढ़ी. मेहरबानी करके अपने साथियों से मेरा मुहब्बत भरा सलाम कहियेगा.

—'ग्राम उद्योग पत्रिका' से

अक्सर पूछा जाता है कि मैं यंत्र या मशीन के ख़िलाफ़ हूँ या नहीं?

"जब मैं समझता हूँ कि मेरा शरीर ही एक बड़ी नाज़ुक मशीन है तब यंत्रों—मशीनों के ख़िलाफ़ होकर मैं कहां रह सकता हूं?...मेरा विरोध यंत्रों के सम्बन्ध में फैले हुये दीवानेपन के साथ है, यंत्रों के साथ नहीं. मेहनत का बचाव करने वाली मशीनों के बारे में लोगों का जो दीवानापन है उसी से मेरा विरोध है. मेहनत की बचत इस हद तक की जा रही है कि हज़ारों को आख़िर भूकों मरना पड़ता है और उन्हें बदन ढकने तक को कुछ नहीं मिलता. मैं भी वक़्त और मेहनत की बचत ज़रूर चाहता हूं, लेकिन वह मुट्ठी भर आदमियों के लिये नहीं, बल्कि तमाम इन्सानी समाज के लिए. वक़्त और मेहनत का बचाव करके मुट्ठी भर आदमी दौलतमंद हो बैठें, यह मेरे लिये नाक़ाबिल बरदाश्त है. मैं तो चाहता हूँ कि हर एक का समय और मेहनत बच जाये, सब को खाना मिल सके, सब पहन-ओढ़ सकें, सब की तरक़्क़ी यानी 'सर्वोदय' हो. यही मेरी तमन्ना है. आज यंत्रों के कारन लाखों की पीठ पर मुट्ठी भर आदमी सवार हो बैठे हैं और उन्हें सता रहे हैं, क्योंकि इन मशीनों के चलाने की जड़ में लालच है, धन की लालसा है और जन-कल्यान की भावना का कहीं पता ही नहीं है."

—गांधीजी

ہندستان کے چناؤ میں یہاں پر سب کو بہت دلچسپی ہے۔ آپ ہندستان والے بڑے خوش قسمت ہیں کہ چند مہینوں کے اندر ایک خالص لوک شاہی پارلیامنٹ کھڑی کر لینگے۔ میں آپ سے اگلے سال جولائی کے بعد امتحان ختم ہونے پر وردھا میں ملونگا۔

3. ہمدردی سے بھری آپ کی چٹھی پا کر میرے اندر خوشی کی لہر دوڑ گئی۔ یہ وہ چیز ہے جو ہمارے دلوں اور دیشوں کو سچ مچ ملاتی ہے۔ مجھے تو ایسا محسوس ہوا کہ ہم ایک دوسرے کے بہت ہی نزدیک آگئے ہیں—صرف اس وجہ سے نہیں کہ آپ نے ہمارے ساتھ ہمدردی دکھلائی بلکہ یہ اور بھی گہرے جاتی ہے۔

میں نے اسٹیٹس مین میں پڑھا کہ ہندستان کے آگے کے پھر بناؤ کے سمبندھ میں لاکھوں کروڑوں غریبوں کی طرف سے پلاننگ کمیشن سے بات کرنے کے واسطے ونوبا جی دلی آئے ہیں۔ مجھے یقین ہے کہ انہیں اپنے کام میں کامیابی ملیگی۔

کماریپا جی کے چین جانے کی خبر بھی میں نے پڑھی۔ مہربانی کر کے اپنے ساتھیوں سے میرا محبت بھرا سلام کہیگا۔

—'گرام ادیوگ پتریکا' سے

اکثر پوچھا جاتا ہے کہ میں ینتر یا مشین کے خلاف ہوں یا نہیں؟

"جب میں سمجھتا ہوں کہ میرا شریر ہی ایک بڑی نازک مشین ہے تب ینتروں—مشینوں کے خلاف ہوکر میں کہاں رہ سکتا ہوں؟......میرا وردھ ینتروں کے سمبندھ میں پھیلے ہوئے دیوانے پن کے ساتھ ہے، ینتروں کے ساتھ نہیں۔ محنت کا بچاؤ کرنے والی مشینوں کے بارے میں لوگوں کا جو دیوانہ پن ہے اسی سے میرا وردھ ہے۔ محنت کی بچت اس حد تک کی جا رہی ہے کہ ہزاروں کو آخر بھوکوں مرنا پڑتا ہے اور انہیں بدن ڈھکنے تک کو کچھ نہیں ملتا۔ میں بھی وقت اور محنت کی بچت ضرور چاہتا ہوں، لیکن وہ مٹھی بھر آدمیوں کے لئے نہیں، بلکہ تمام انسانی سماج کے لئے۔ وقت اور محنت کا بچاؤ کرکے مٹھی بھر آدمی دولت مند ہو بیٹھیں، یہ میرے لئے ناقابل برداشت ہے۔ میں تو چاہتا ہوں کہ ہر ایک کا سمے اور محنت بچ جائے، سب کو کھانا مل سکے، سب پہن اوڑھ سکیں، سب کی ترقی یعنی 'سرودے' ہو۔ یہی میری تمنا ہے۔ آج ینتروں کے کارن لاکھوں کی پیٹھ پر مٹھی بھر آدمی سوار ہو بیٹھے ہیں اور انہیں ستا رہے ہیں، کیونکہ ان مشینوں کے چلانے کی جڑ میں لالچ ہے، دھن کی لالسا ہے اور جن کلیان کی بھاونا کا کہیں پتہ ہی نہیں ہے۔"—گاندھی جی

हिस्से मैं नीचे दे रहा हूँ. इन से पता चलता है कि हमारा उनका दिल एक है, और अगर हमारे दोनों देशों के नौजवानों को मौक़ा मिले तो हम दोनों अच्छे और गहरे दोस्त बन सकते हैं. शायद जवानी का ज़ोर ऐसी ही चीज़ है जो क़ौमी हदों को आर-पार से काट कर दिलों को एक कर दे सकती है.

1. लियाक़त अली खां की दर्दनाक मौत पर आपके सदमे को जान कर मेरा अपना सदमा कुछ कम पड़ा. आप उस भारत के नमूने हैं जो चाहता है कि हमारे दोनों देशों में सच्चा और नज़दीकी रिश्ता रहे. हमें और आपको उन लोगों में से होना चाहिये जो यह दिखा सकें कि दोनों देशों में दोनों क़ौमें इतने पास पास ख़ुशी के साथ रह सकती हैं.

मुझे गांधीवादी अर्थ शास्त्र में बहुत दिलचस्पी है. क्या इस सिलसिले में आप कुछ किताबें मेरे पास भेज सकेंगे. ? कम से कम सर्वोदय प्लान तो भेज ही दीजिये. उसका मैंने बहुत नाम सुना है.

मैं वर्धा ज़रूर आना चाहता हूँ. मेरे साथ वह दोनों दोस्त भी होंगे. मुझे सैमीनार की, आपकी याद नहीं भूलती. मैं आपको भारत की सच्ची औलाद मानता हूँ. उस सैमीनार से हमें काफ़ी अच्छी बातें सीखने को मिलीं. मेरी दुआयें आपके और आपके साथ वर्धा में जो काम करते हैं उनके साथ हैं.

2. हमारे बड़े वज़ीर की मौत पर आपका दुख जानकर मुझे ज़ाती तौर पर और मेरे दोस्तों को थोड़ी-बहुत तसल्ली हुई और हमारा ग़म कम हुआ. मुझे यक़ीन है कि आपकी, मेरी और बहुत से दूसरे भाई-बहनों की जो तमन्ना है कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के लोग भाई चारे और मेल से रहें वह एक न एक दिन ज़रूर पूरी होगी. सिरफिरों और तंग नज़र वालों का ज़माना अब ख़त्म होने वाला है. ऐसे पागलों की सनक और जनून का क्या कहा जाय जो आज महात्माजी की जान लेकर हिन्दुस्तान को चोट पहुँचाते हैं और कल लियाक़त को मार कर पाकिस्तान को मुसीबत में डालते हैं. यह चोट पाकिस्तान और हिन्दुस्तान को ही नहीं पहुँचती बल्कि सारी दुनिया को पहुँचती है. तीन बरस के अरसे में ही दुनिया एक बड़ा ज़बरदस्त हितैशी और एक बेहतरीन दिमाग़ वाला राजकाजी नेता खो बैठी है महज़ इन पागलों की वजह से. आप समझ सकते हैं कि यहां के लोगों को कितना गहरा धक्का लगा है. वह एक दम बयान से बाहर है. मेरा ख़्याल है कि हिन्दुस्तान के ज़्यादातर लोगों को भी धक्का लगा और दुख हुआ. हमारे राजकाजी भेदभाव होते हुए भी इस बात का होना बहुत माने रखता है.

حصے میں نیچے دے رہا ھوں ۔ ان سے پتہ چلتا ھے کہ ھمارا اُن کا دل ایک ھے' اور اگر ھمارے دونوں دیشوں کے نوجوانوں کو موقع ملے تو ھم دونوں اچھے اور گہرے دوست بن سکتے ھیں ۔ شاید جوانی کا زور ایسی ھی چیز ھے جو قومی حدوں کو آرپار سے کاٹ کر دلوں کو ایک کردے سکتی ھے ۔

1. لیاقت علی خاں کی دردناک موت پر آپ کے صدمے کو جان کر میرا اپنا صدمہ کچھ کم پڑا ۔ آپ اس بھارت کے نمونے ھیں جو چاھتا ھے کہ ھمارے دونوں دیشوں میں سچا اور نزدیکی رشتہ رھے ۔ ھمیں اور آپ کو اُن لوگوں میں سے ھونا چاھئے جو یہ دکھا سکیں کہ دونوں دیشوں میں دونوں قومیں اتنے پاس پاس خوشی کے ساتھ رہ سکتی ھیں ۔

مجھے گاندھی وادی ارتھ شاستر میں بہت دلچسپی ھے ۔ کیا اس سلسلے میں آپ کچھ کتابیں میرے پاس بھیج سکینگے ؟ کم سے کم سروودے پلان تو بھیج ھی دیجئے ۔ اس کا میں نے بہت نام سنا ھے ۔

میں وردھا ضرور آنا چاھتا ھوں ۔ میرے ساتھ وہ دونوں دوست بھی ھونگے ۔ مجھے سیمینار کی' آپ کی یاد نہیں بھولتی ۔ میں آپ کو بھارت کی سچی اولاد مانتا ھوں ۔ اس سیمنار سے ھمیں کافی اچھی باتیں سیکھنے کو ملیں ۔ میری دعائیں آپ کے اور آپ کے ساتھ وردھا میں جو کام کرتے ھیں ان کے ساتھ ھیں ۔

2. ھمارے بڑے وزیر کی موت پر آپکا دکھ جان کر مجھے ذاتی طور پر اور میرے دوستوں کو تھوڑی بہت تسلی ھوئی اور ھمارا غم کم ھوا ۔ مجھے یقین ھے کہ آپ کی' میری اور بہت سے دوسرے بھائی بہنوں کی یہ جو تمنا ھے کہ ھندستان اور پاکستان کے لوگ بھائی چارے اور میل سے رھیں وہ ایک نہ ایک دن ضرور پوری ھوگی ۔ سر پھروں اور تنگ نظر والوں کا زمانہ اب ختم ھونے والا ھے ۔ ایسے پاگلوں کی سنک اور جنون کا کیا کہا جائے جو آج مہاتما جی کی جان لیکر ھندستان کو چوٹ پہنچاتے ھیں اور کل لیاقت کو مار کر پاکستان کو مصیبت میں ڈالتے ھیں ۔ یہ چوٹ پاکستان اور ھندستان کو ھی نہیں پہنچتی بلکہ ساری دنیا کو پہنچتی ھے ۔ تین برس کے عرصے میں ھی دنیا ایک بڑا زبردست ھتیشی اور ایک بہترین دماغ والا راج کاجی نیتا کھو بیٹھی ھے محض ان پاگلوں کی وجہ سے ۔ آپ سمجھ سکتے ھیں کہ یہاں کے لوگوں کو کتنا گہرا دھکا لگا ھے ۔ وہ دم بیان سے باھر ھے ۔ میرا خیال ھے کہ ھندستان کے زیادہ تر لوگوں کو بھی دھکا لگا اور دکھ ھوا ۔ ھمارے راج کاجی بھید بھاؤ ھوتے ھوئے بھی اس بات کا ھونا بہت معنی رکھتا ھے ۔

हमारा उनका दिल एक है

(जी. रामचन्द्रन)

पिछले अक्तूबर के महीने में मैं झरग्राम (बंगाल) गया था जहां एक अंतरक़ौमी सेमीनार में शिरकत की—उसमें कई देशों के लोग शामिल हुए थे. पाकिस्तान की तरफ़ से ढाका से तीन मुसलमान जवानों ने शिरकत की थी. यह तीनों बहुत ही नेक, होशियार और फुरतीले मालूम पड़ते थे. उनकी आंखों में चमक थी और उन्हें चीज़ों की जानकारी का शौक़ था. मैंने उनसे रचनात्मक प्रोग्राम के बारे में ख़ास तौर से बातें की और बताया कि हम वर्धा में क्या कर रहे हैं. उन्होंने इसमें बहुत दिलचस्पी ली और इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अपने इम्तहान के बाद जुलाई 1952 में वर्धा आने का वादा किया.

उन तीन में से एक को अपने यहां के बड़े वज़ीर लियाक़त अली खां की पालिसी से बड़ा असन्तोश था और वह उसकी बहुत नुक़्ताचीनी करता था, ठीक उसी तरह जैसे हम यहां अपने देश में बड़े वज़ीर नेहरू की पालिसी की नुक्ताचीनी करते हैं. लेकिन इस बारे में हमारी राय एक थी कि मौजूदा हालात में यह ख़ुशी की बात है कि हिन्दुस्तान की हकूमत की बागडोर जवाहरलाल नेहरू के हाथों में है और पाकिस्तान की लियाक़त अली खां के हाथों में. इस बारे में भी हमारी राय एक थी कि यह दोनों बड़े वज़ीर खुले दिमाग़ के हैं और तरक़्क़ी पसन्द राजकाजी नेता हैं जिन्होंने अपनी आला क़ाबलियत और दानिशमन्दी से अपने अपने देशों के सिरफिरों और तंग ज़हनियत वालों की दाल नहीं गलने दी है. जब हम विदा हुए तो बहुत अच्छे दोस्त बन चुके थे.

इसके बाद अचानक ख़बर आई कि पाकिस्तान के बड़े वज़ीर गोली से मार डाले गये. मुझे यह संगीन और दर्दनाक ख़बर रेल में मिली जब मैं वर्धा लौट रहा था. रेल में बैठे हुए मुसाफ़िर इसी पर बात करने लगे. एक ने कहा कि पाकिस्तानी बड़े वज़ीर ने जो सैकड़ों-हज़ारों का क़त्ल कराया था इसका फल उन्हें परमात्मा ने दिया. मैंने एक चुनौती के साथ कहा कि तब तो गांधीजी की मौत भी इसी तरह से काम की सज़ा समझी जानी चाहिये. मेरी बात सुनकर वह भाई चुप हो गये.

वर्धा पहुँचने पर मैंने अपने तीनों दोस्तों को ख़त लिखे जिन में उनके ज़बरदस्त नुक़सान पर अफ़सोस ज़ाहिर किया और रेल की बात चीत का भी ज़िकर किया. उन तीनों ने मुझे जवाब भेजे हैं. उनकी चिट्ठियों में से कुछ

ھمارا اُن کا دل ایک ھے

(جی . رام چندرن)

پچھلے اکتوبر کے مہینے میں میں جھرگرام (بنگال) گیا تھا جہاں ایک انتر قومی سیمینار میں شرکت کی —اُس میں کئی دیشوں کے لوگ شامل ہوئے تھے . پاکستان کی طرف سے ڈھاکہ سے تین مسلمان جوانوں نے شرکت کی تھی . یہ تینوں بہت ھی نیک ' ھوشیار اور پھرتیلے معلوم پڑتے تھے . اُن کی آنکھوں میں چمک تھی اور اُنھیں چیزوں کی جانکاری کا شوق تھا . میں نے اُن سے رچناتمک پروگرام کے بارے میں خاص طور سے باتیں کی اور بتایا کہ ہم وردھا میں کیا کر رہے ھیں . اُنھوں نے اِس میں بہت دلچسپی لی اور اِتنے پربھاوت ہوئے کہ انہوں نے اپنے امتحان کے بعد جولائی 1952 میں وردھا آنے کا وعدہ کیا .

اُن تین میں سے ایک کو اپنے یہاں کے بڑے وزیر لیاقت علی خاں کی پالیسی سے بڑا اسنتوش تھا اور وہ اُس کی بہت نقطہ چینی کرتا تھا ' ٹھیک اُسی طرح جیسے ہم یہاں اپنے دیش میں بڑے وزیر نہرو کی پالیسی کی نکتہ چینی کرتے ھیں . لیکن اِس بارے میں ھماری رائے ایک تھی کہ موجودہ حالات میں یہ خوشی کی بات ھے کہ ھندوستان کی حکومت کی باگ ڈور جواھر لال نہرو کے ھاتھوں میں ھے اور پاکستان کی لیاقت علی خاں کے ھاتھوں میں . اِس بارے میں بھی ھماری رائے ایک تھی کہ یہ دونوں بڑے وزیر کھلے دماغ کے ھیں اور ترقی پسند راج کاجی نیتا ھیں جنھوں نے اپنی اعلیٰ قابلیت اور دانش مندی سے اپنے اپنے دیشوں کے سر پھروں اور تنگ ذھنیت والوں کی دال نہیں گلنے دی ھے . جب ھم وداع ھوئے تو بہت اچھے دوست بن چکے تھے .

اِس کے بعد اچانک خبر آئی کہ پاکستان کے بڑے وزیر گولی سے مار ڈالے گئے . مجھے یہ سنگین اور دردناک خبر ریل میں ملی جب میں وردھا لوٹ رہا تھا . ریل میں بیٹھے ھوئے مسافر اِسی پر بات کرنے لگے . ایک نے کہا کہ پاکستانی بڑے وزیر نے جو سیکڑوں ھزاروں کا قتل کرایا تھا اِس کا پھل اُنھیں پرماتما نے دیا . میں نے ایک چنوتی کے ساتھ کہا کہ تب تو گاندھی جی کی موت بھی اِسی طرح کے کام کی سزا سمجھی جانی چاھئے. میری بات سن کر وہ بھائی چپ ھوگئے .

وردھا پہنچنے پر میں نے اپنے تینوں دوستوں کو خط لکھے جن میں اُن کے زبردست نقصان پر افسوس ظاھر کیا . اور ریل کی بات چیت کا بھی ذکر کیا . اُن تینوں نے مجھے جواب بھیجے ھیں. اُن کی چٹھیوں میں سے کچھ

; कीजिये मुझे लगता है कि आपकी सफ़ाई न तो के लिहाज से सही है और न उस पर विश्वास ा है. शायद बीस साल पहले एक आन्दोलन गया कि अच्छी सड़कों पर रबड़ की टायर वाली ही चलाई जायें, और यह कहा गया कि बैलगाड़ियों ों के लोहे से उन सड़कों को बहुत नुक़सान पहुंचता से सड़कों पर पाबन्दी लगाना शुरू कर दी गई. असली वजह न कि आमद-रफ़्त का संभाल जो : बताते हैं.

.ग साईकिल पगडंडियों का आपका हवाला बेतुका जो मुक़ाबला आपने किया है वह भी भौंडा है. ा के रास्ते जो अलग बनाये तो उसी सड़क पर गये जिस पर मोटर वग़ारा चलते हैं. उसमें कोई या पाबन्दी की बात नहीं है बल्कि सड़क का कुछ एक ख़ास जमाअत (साईकिल सवार) के लिये कर दिया गया.

ौर न दूसरे देशों का हवाला देना ही ठीक होगा. । अपनी ज़रूरतों के मुताबिक़ अपने सवाल हल करने ेख मींच कर दूसरों की नक़ल नहीं करनी है.

ापने जो जानवर के बिदकने की बात कही उससे चलता है आपकी दलील कितनी खोखली है. क्या ानवर दूसरी सड़कों पर नहीं बिदक सकते ? अगर ी बात का सही मतलब निकाला जाये तो यही होगा ़सी सड़क पर मोटर व जानवर-गाड़ी एक साथ नहीं सकते.

ं आपसे कहना चाहता हूँ कि इस तरह की वाहियात कह कर और बे-सिर-पैर की दलीलें देकर आप जो ा को बेवक़ूफ़ बनाना चाहते हैं वह धोके की टट्टी है.

आप एक घिसे-घिसाये प्रोफ़ेसर सरीखे लगते हैं. मेरी हिश है आप फिर से इस विषय पर एक लेख लिखिये ां ! मेहरबां !

[होम सेक्रेट्री की दलील अगर पूरी उतारी जाये तेज़ सवारी वाली सड़कों पर 'इन्सान' जैसी सुस्त वारी की भी गुंजायश नहीं हो सकती. और शायद ा पूरी पाबन्दी के बाद ही हमारी सरकार आमद- त का सवाल लाजवाब ढंग से हल कर सकेगी. न ेगा बांस न बजेगी बांसरी !—एडीटर]

معاف کیجئے مجھے لگتا ہے کہ آپ کی صفائی نہ تو اتہاس کے لحاظ سے صحیح ہے اور نہ اُس پر وشواس ہی جمتا ہے . شائد بیس سال پہلے ایک آندولن مچایا گیا کہ اچھی سڑکوں پر ربر کی ٹائر والی گاڑیاں ہی چلائی جائیں' اور یہ کہا گیا کہ بیل گاڑیوں کے پہیوں کے لوہے سے اُن سڑکوں کو بہت نقصان پہنچتا ہے . تب سے سڑکوں پر پابندی لگانا شروع کردی گئی . یہ ہے اصلی وجہ نہ کہ آمد رفت کا سنبھال جو کہ آپ بتاتے ہیں .

الگ سائیکل پگڈنڈیوں کا آپکا حوالہ بے تکا ہے اور جو مقابلہ آپ نے کیا ہے وہ بھی بھونڈا ہے. سائیکل کے راستے جو الگ بنائے تو اُسی سڑک پر بنائے گئے جس پر موٹر وغیرہ چلتے ہیں . اس میں کوئی منادی یا پابندی کی بات نہیں ہے بلکہ سڑک کا کچھ حصہ ایک خاص جماعت (سائیکل سوار) کے لئے مقرر کردیا گیا .

اور نہ دوسرے دیشوں کا حوالہ دینا ہی ٹھیک ہوگا . ہمیں تو اپنی ضرورتوں کے مطابق اپنے سوال حل کرنے ہیں . آنکھ میچ کر دوسروں کی نقل نہیں کرنی ہے .

آپنے جو جانور کے بدکنے کی بات کہی اس سے پتہ چلتا ہے آپ کی دلیل کتنی کھوکھلی ہے . کیا یہ جانور دوسری سڑکوں پر نہیں بدک سکتے ؟ اگر آپ کی بات کا صحیح مطلب نکالا جائے تو یہی ہوگا کہ کسی سڑک پر موٹر و جانور گاڑی ایک ساتھ نہیں چل سکتے .

میں آپ سے کہنا چاہتا ہوں کہ اس طرح کی واہیات باتیں کہکر اور بے سر پیر کی دلیلیں دے کر آپ جو جنتا کو بیوقوف بنانا چاہتے ہیں وہ دھوکے کی ٹٹی ہے .

آپ ایک گھسے گھسائے پروفیسر سریکھے لگتے ہیں . میری خواہش ہے آپ پھر سے اِس وشے پر ایک لیکھ لکھئے . مہرباں ! مہرباں !

[ہوم سکریٹری کی دلیل اگر پوری اُتاری جائے تو تیز سواری والی سڑکوں پر 'انسان' جیسی سست سواری کی بھی گنجائش نہیں ہوسکتی . اور شاید اِس پوری پابندی کے بعد ہی ہماری سرکار آمدرفت کا سوال لاجواب ڈھنگ سے حل کر سکیگی. نہ رہے گا بانس نہ بجے گی بانسری !—ایڈیٹر]

कुछ सड़कों पर बैलगाड़ी जाने की मनादी कर देना एक अफ़सोस नाक और बुरी बात है. आपने यह भी बताया है कि इस तरह की पाबन्दियों से यह ज़ाहिर होता है कि जुदा जुदा लोगों में क्योंकर बे-सोचे-समझे भेद भाव बरता जाता है. लेकिन पाबन्दी का जो मक़सद है उसके सिलसिले में आपको कुछ ग़लतफ़हमी सी हुई दीखती है और इसलिये मैं बताना चाहता था कि असली बात क्या है.

आप यह तो मानते ही हैं कि आमद-रफ़्त के क़ायदों में बुनियादी ख़याल चलने वालों की हिफ़ाज़त का रहता है. इस सिलसिले में यह सवाल उठता है कि सड़कों पर आना-जाना एक-सा कैसे बना रहे और भीड़ जमा न होने पाये. इस बारे में बहुत से देशों में तजुरबे के बाद यह तय पाया कि तेज़ चाल और धीमी चाल की सवारियों को अलग अलग रखा जाये. ज़ाहिर है कि यह बंटवारा सब सड़कों पर नहीं किया जा सकता. लेकिन इसके यह माने नहीं होते कि जहां किया जा सकता है वहां भी नहीं किया जाये.

आपने देखा होगा कि नई दिल्ली में कुछ सड़कों पर साईकिलों के लिये अलग पगडंडियां सी बना दी गई हैं. इसके कारन अगर कोई यह समझ बैठे कि साईकिल सवार को नीचा समझा गया और उसे सड़क पर (जहां तेज़ सवारी यानी मोटर-बस-ट्रक वग़ैरा चला करती हैं) नहीं चलने दिया गया तो यह ज़ियादती होगी. यही असूल बैलगाड़ियों पर लागू है जिसकी वजह से कुछ सड़कों पर उन्हें आने की इजाज़त नहीं है. अव्वल तो वह बहुत धीरे धीरे चलती हैं, दूसरे उनसे राहगीर को ख़तरा है क्योंकि अगर जानवर अचानक डर के मारे ज़रा भी बिदका और थोड़ा सा बे-क़ाबू हुआ तो पास में पैदल आने जाने वालों और दूसरी सवारियों को काफ़ी नुक़सान पहुंच सकता है. यही वजह है कि तंग सड़कों पर या ज़रा चौड़ी सड़कों पर भी जहां तेज़ सवारियां चला करती हैं बैलगाड़ी की इजाज़त नहीं है. इसका यह मतलब हरगिज़ नहीं लगाया जा सकता कि बैलगाड़ी वाले का हक़ छीना जा रहा है—जो असर आपके लेख से पैदा होता है. आपने अपने लेख में कहा है कि आप सड़क पर लारियां जाने की मनादी करवा देना पसंद करेंगे जहां उनसे सबको ख़तरा है. बात असल में यह है कि इस तरह की सड़कें हमारे देश में पहले से मौजूद हैं जिन पर लारी चलाने की इजाज़त नहीं है.

मुझे उम्मीद है कि इस ख़त से आपको यक़ीन हो जायेगा कि जो पाबन्दियां लागू की गई हैं उनका सिर्फ़ एक ही मक़सद है—आमद-रफ़्त की संभाल.

کچھ سڑکوں پر بیل گاڑی جانے کی منادی کر دینا ایک افسوس ناک اور بری بات ہے ۔ آپ نے یہ بھی بتایا ہے کہ اِسطرح کی پابندیوں سے یہ ظاہر ہوتا ہے کہ جدا جدا لوگوں میں کیوں کر بے سوچے سمجھے بھید بھاؤ برتا جاتا ہے ۔ لیکن پابندی کا جو مقصد ہے اُس کے سلسلے میں آپ کو کچھ غلط فہمی سی ہوئی دیکھتی ہے اور اِس لئے میں بتانا چاہتا تھا کہ اصلی بات کیا ہے ۔

آپ یہ تو مانتے ہی ہیں کہ آمدرفت کے قاعدوں میں بنیادی خیال چلنے والوں کی حفاظت کا رہتا ہے ۔ اِس سلسلے میں یہ سوال اُٹھتا ہے کہ سڑکوں پر آنا جانا ایک سا کیسے بنا رہے اور بھیڑ جمع نہ ہونے پائے ۔ اِس بارے میں بہت سے دیشوں میں تجربے کے بعد یہ طے پایا کہ تیز چال اور دھیمی چال کی سواریوں کو الگ الگ رکھا جائے. ظاہر ہے کہ یہ بٹوارا سب سڑکوں پر نہیں کیا جا سکتا ۔ لیکن اس کے یہ معنے نہیں ہوتے کہ جہاں کیا جا سکتا ہے وہاں بھی نہیں کیا جائے ۔

آپ نے دیکھا ہوگا کہ نئی دلی میں کچھ سڑکوں پر سائیکلوں کے لئے الگ پگڈنڈیاں سی بنا دی گئی ہیں ۔ اس کے کارن اگر کوئی یہ سمجھ بیٹھے کہ سائیکل سوار کو نیچا سمجھا گیا اور اُسے سڑک پر (جہاں تیز سواری یعنی موٹر ۔ بس ۔ ٹرک وغیرہ چلا کرتی ہیں) نہیں چلنے دیا گیا تو یہ زیادتی ہوگی ۔ یہی اصول بیل گاڑیوں پر لاگو ہے جس کی وجہ سے کچھ سڑکوں پر انہیں آنے کی اجازت نہیں ہے ۔ اول تو وہ بہت دھیرے دھیرے چلتی ہیں، دوسرے ان سے راہگیر کو خطرہ ہے کیونکہ اگر جانور اچانک ڈر کے مارے ذرا بھی بدکا اور تھوڑا سا بے قابو ہوا تو پاس میں پیدل آنے جانے والوں اور دوسری سواریوں کو کافی نقصان پہنچ سکتا ہے ۔ یہی وجہ ہے کہ تنگ سڑکوں پر یا ذرا چوڑی سڑکوں پر جہاں تیز سواریاں چلا کرتی ہیں بیل گاڑی کی اجازت نہیں ہے ۔ اِس کا یہ مطلب ہرگز نہیں لگایا جا سکتا کہ بیل گاڑی والے کا حق چھینا جا رہا ہے— جو اثر آپ کے لیکھ سے پیدا ہوتا ہے ۔ آپ نے اپنے لیکھ میں کہا ہے کہ آپ سڑک پر لاریاں جانے کی منادی کروا دینا پسند کریں گے جہاں اُن سے سب کو خطرہ ہے ۔ بات اصل میں یہ ہے کہ اس طرح کی سڑکیں ہمارے دیش میں پہلے سے موجود ہیں جن پر لاری چلانے کی اجازت نہیں ہے ۔

مجھے اُمید ہے کہ اس خط سے آپ کو یقین ہو جائیگا کہ جو پابندیاں لاگو کی گئی ہیں اُن کا صرف ایک ہی مقصد ہے— آمدرفت کی سنبھال ۔

भू यज्ञ:-सर्वोदय का पांचवां काम.

इस तरह का पंच पहलू काम सर्वोदय समाज को .ा होगा. मैंने अपनी ताक़त भर पांचों तरह के कामों ाथ बंटाया है. अभी जो काम मैंने उठाया है, वह ंवां है. भूमि का सवाल हल करने में ग़लत और ग़ैर ख़लाक़ी तरीक़े परदेसों में अपनाए गये हैं, जिन्हें यह . यश कहते हैं और इस तरफ़ कुछ खिंचाव हमारे लिखों में भी है. उन तरीक़ों से दिमाग़ साफ़ हो और छे नैतिक तरीक़ों से भूमि का मसला हल हो, ऐसी शिश मैं कर रहा हूँ. मैं जानता हूं कि यह मुशकिल काम आसान समझ कर इसे मैंने नहीं उठाया है. यह इतना ाकिल है कि अपनी अक़्ल से मैं इसे नहीं उठा सकता , बल्कि वह सहज ही मेरे पास आ पहुंचा है. मैं तो परमेश्वर का आदेश मानता हूं और जब आ पहुंचा तो उसकी क़ाबलियत है या नहीं, उसे शक की निगाह सोचना या हिचकिचाना ठीक नहीं समझता हूँ. मुझे न लेना चाहिये कि जिस ताक़त ने यह काम हमारे मने ला खड़ा किया है, वही ताक़त उसके पूरा करने लिये भी ज़रूरी बल देगी. इस यक़ीन और भरोसे , बहुत नम्रता के साथ मैंने यह काम उठाया है और मैं उ वक़्त सर्वोदय में मानने वाले हर शख़्स से हमदरदी ौर मदद चाहता हूं.

इस तरह ग़ैर जानिबदार समाज के यह पांच काम ोंगे- जीवन बेहतरी, पढ़ाई और जानकारी, दुखियों ी सेवा, इनकार व सत्याग्रह और समाज के मसलों का अहिंसक हल.

بھویگیہ:- سروودے کا پانچواں کام ۔

اِس طرح کا پنچ پہلو کام سروودے سماج کو کرنا ہوگا. میں نے اپنی طاقت بھر پانچوں طرح کے کاموں میں ہاتھ بٹایا ہے ۔ ابھی جو کام میں نے اُٹھایا ہے، وہ پانچواں ہے ۔ بھومی کا سوال حل کرنے میں غلط اور غیر اخلاقی طریقے پردیشوں میں اپنائے گئے ہیں، جنہیں یہ لوگ یش کہتے ہیں اور اس طرف کچھ کھنچاؤ ہمارے یہاں لکھوں میں بھی ہے ۔ اُن طریقوں سے دماغ صاف ہو اور اچھے نیتک طریقوں سے بھومی کا مسئلہ حل ہو، ایسی کوشش میں کر رہا ہوں ۔ میں جانتا ہوں کہ یہ مشکل کام ہے ۔ آسان سمجھ کر اسے میں نے نہیں اُٹھایا ہے ۔ یہ اتنا مشکل ہے کہ اپنی عقل سے میں اسے نہیں اُٹھا سکتا تھا، بلکہ وہ سہج ہی میرے پاس آ پہونچا ہے ۔ میں تو اسے پرمیشور کا آدیش مانتا ہوں اور جب آ پہونچا ہے تو اُتنی قابلیت ہے یا نہیں، اسے شک کی نگاہ سے سوچنا یا ہچکچانا ٹھیک نہیں سمجھتا ہوں ۔ مجھے مان لینا چاہئے کہ جس طاقت نے یہ کام ہمارے سامنے لا کھڑا کیا ہے، وہی طاقت اُسکے پورا کرنے کے لئے بھی ضروری بل دیگی ۔ اِس یقین اور بھروسے سے، بہت نمرتا کے ساتھ میں نے یہ کام اُٹھایا ہے اور میں اِس وقت سروودے میں ماننے والے ہر شخص سے ہمدردی اور مدد چاہتا ہوں ۔

اس طرح غیر جانبدار سماج کے یہ پانچ کام ہونگے —جیون بہتری، پڑھائی اور جانکاری، دکھیوں کی سیوا، انکار و ستیاگرہ اور سماج کے مسئلوں کا اہنسک حل ۔

बैलगाड़ी और सरकार

[अक्तूबर के 'नया हिन्द' में डाक्टर जे. सी. कुमारप्पा का बैलगाड़ी सम्बन्धी लेख 'ग्राम उद्योग पत्रिका' से लेकर हमने दिया था. उस लेख पर हिन्द सरकार के होम महकमे के सेक्रेटरी ने कुमारप्पा जी को जो ख़त लिखा है और उसका जो जवाब, कुमारप्पा जी ने दिया है वह 'ग्राम उद्योग पत्रिका' से लेकर हम नीचे दे रहे हैं—एडीटर]

होम सेक्रेटरी का ख़त.

हमें सितम्बर महीने की 'ग्राम उद्योग पत्रिका' की एक कापी मिली है जिसमें आपने लिखा है कि सरकार का

بیل گاڑی اور سرکار

[اکتوبر کے ' نیا ہند ' میں ڈاکٹر جے ۔ سی ۔ کماریپا کا بیل گاڑی سمبندھی لیکھ ' گرام اُدیوگ پتریکا ' سے لیکر ہم نے دیا تھا ۔ اس لیکھ پر ہند سرکار کے ہوم محکمے کے سکریٹری نے کماریپا جی کو جو خط لکھا ہے اور اُس کا جو جواب کماریپا جی نے دیا ہے وہ 'گرام اُدیوگ پتریکا' سے لے کر ہم نیچے دے رہے ہیں —ایڈیٹر]

ہوم سکریٹری کا خط ۔

ہمیں ستمبر مہینے کی 'گرام اُدیوگ پتریکا' کی ایک کاپی ملی ہے جس میں آپ نے لکھا ہے کہ سرکار کا کچھ

जमायत के लोगों को मुख़ातिब होना चाहिये. उनका फ़र्ज़ है कि बिना किसी फल की उम्मीद के, बेलाग तबियत से अपने काम में लगे रहें. उन्हें समझ लेना चाहिये कि उनके इस काम का नतीजा देर में निकलेगा और इस लिये उन्हें ज़रा भी घबराने या उतावलेपन की ज़रूरत नहीं है. सचमुच वह लोग चारों तरफ़ के फैले अंधेरे में एक दीपक की तरह काम करेंगे जिसे अंधेरे का कोई लिहाज़ ही नहीं रहता.

इनकार और सत्याग्रह.

उनका चौथा काम होगा—ग़लती को दूर करना चाहे वह ग़लतियाँ समाजी जीवन में दिखलाई पड़ें या सरकारी कामों में. यह ज़रूरी नहीं कि ग़लती को दूर करना या उसका इनकार ज़ाहिरा तौर पर किया जाय. लेकिन जहां ज़ाहिरा तौर पर इनकार करने का मौक़ा आए, वहां बिना किसी राग मोह के साफ़ साफ़ शब्दों में उसे जनता के सामने रखना और उसमें अपनी शख़्सियत ज़ाहिर करना उनका काम होगा. इस तरह समाजी और सरकारी कामों के बारे में विचार करते हुए उनमें कहीं चूक मालूम पड़े तो उसे ज़ाहिर करना उनका फ़र्ज़ होगा.

कभी कभी उन चूकों को दूर करने के लिये अमली मुक़ाबले का मौक़ा भी आ सकता है. वह इस तरह ख़ुद बख़ुद किया जायेगा कि जिनके विरोध में होगा उन्हें भी प्यारा लगेगा क्योंकि उनकी सेवा के लिये ही वह होगा. उसे मुक़ाबले का नाम देने के बजाये हथियारी कार्रवाई कहना ही ठीक रहेगा, क्योंकि हथियारी कार्रवाई जिस पर की जाती है उसे भी वह प्यारी होती है. इसे सत्याग्रह भी कह सकते हैं. लेकिन आज सत्याग्रह का अर्थ गिर गया है. अच्छे से अच्छे शब्द भी नालायक़ हाथों में गिर जाते हैं और मामूली से मामूली शब्द भी अच्छे हाथों में उठ जाते हैं. मतलब यह कि ज़बान से इनकार और अमल में सत्याग्रह यह इस समाज का एक प्रोग्राम होगा.

सवालों के अहिन्सक हल.

इसके अलावा पांचवां काम उनका यह रहेगा कि समाजी जीवन में जो भारी मसले खड़े हुआ करते हैं, उनका अहिंसक हल खोज निकालें. उन्हें साबित करना होगा कि अहिंसक और नैतिक तरीक़े से वह मसले हल हो सकते हैं. अगर वह ऐसा साबित कर सकें तो नैतिक और अहिंसक तरीक़ों पर लोगों का एतक़ाद या श्रद्धा बैठ सकती है. लोगों को नैतिक तरीक़े प्यारे तो होते ही हैं, लेकिन सामने नतीजा देखे बग़ैर उनका यक़ीन जम नहीं सकता. इस तरह इस समाज का पांचवाँ काम होगा आँखों देखे तजरबे से लोगों का यक़ीन साबित बनाना.

جماعت کے لوگوں کو مخاطب ہونا چاہئے ۔ اُن کا فرض ہے کہ بنا کسی پھل کی اُمید کے، بیلاگ طبیعت سے اپنے کام میں لگے رہیں ۔ انہیں سمجھ لینا چاہئے کہ ان کے اِس کام کا نتیجہ دیر میں نکلیگا اور اس لئے انہیں ذرا بھی گھبرانے یا اتاوے پن کی ضرورت نہیں ہے ۔ سچ مچ وہ لوگ چاروں طرف کے پھیلے اندھیرے میں دیپک کی طرح کام کرینگے جسے اندھیرے کا کوئی لحاظ ہی نہیں رہتا ۔

انکار اور ستیاگرہ ۔

اُن کا چوتھا کام ہوگا غلطی کو دور کرنا چاہے وہ غلطیاں انہیں سماجی جیون میں دکھلائی پڑیں یا سرکاری کاموں میں یہ ضروری نہیں کہ غلطی کو دور کرنا یا اُس کا انکار ظاہری طور پر کیا جائے ۔ لیکن جہاں ظاہرہ طور پر انکار کرنے کا موقعہ آئے، وہاں بنا کسی راگ موہ کے صاف صاف شبدوں میں اُسے جنتا کے سامنے رکھنا اور اُس میں اپنی شخصیت ظاہر کرنا اُن کا کام ہوگا ۔ اس طرح سماجی اور سرکاری کاموں کے بارے میں وچار کرتے ہوئے اُن میں کہیں چوک معلوم پڑے تو اسے ظاہر کرنا اُن کا فرض ہوگا ۔

کبھی کبھی اُن چوکوں کو دور کرنے کے لئے عملی مقابلے کا موقعہ بھی آسکتا ہے ۔ وہ اس طرح خود بخود کیا جائے کا جن کے وِرودھ میں ہوگا انہیں بھی پیارا لگیگا کیونکہ اُن کی سیوا کے لئے ہی وہ ہوگا ۔ اُسے مقابلے کا نام دینے کے بجائے ہتھیاری کارروائی کہنا ہی ٹھیک رہیگا، کیونکہ ہتھیاری کارروائی جس پر کی جاتی ہے اُسے بھی وہ پیاری ہوتی ہے ۔ اُسے ستیاگرہ بھی کہہ سکتے ہیں ۔ لیکن آج ستیاگرہ کا ارتھ گرگیا ہے ۔ اچھے سے اچھے شبد بھی نالائق ہاتھوں میں گر جاتے ہیں اور معمولی سے معمولی شبد بھی اچھے ہاتھوں میں اُٹھ جاتے ہیں ۔ مطلب یہ کہ زبان سے انکار اور عمل میں ستیاگرہ، یہ اس سماج کا ایک پروگرام ہوگا ۔

سوالوں کے اہنسک حل ۔

اِس کے علاوہ پانچواں کام اُن کا یہ رہیگا کہ سماجی جیون میں جو بھاری مسئلے کھڑے ہوا کرتے ہیں، اُن اہنسک کا حل وہ کھوج نکالیں ۔ اُنہیں ثابت کرنا ہوگا کہ اہنسک اور نیتک طریقے سے وہ مسئلے حل ہو سکتے ہیں ۔ اگر وہ ایسا ثابت کرسکے تو نیتک اور اہنسک طریقوں پر لوگوں کا اعتقاد یا سردھا بیٹھ سکتی ہے ۔ لوگوں کو نیتک طریقے پیارے تو ہوتے ہی ہیں، لیکن سامنے نتیجہ دیکھے بغیر اُن کا یقین جم نہیں سکتا ۔ اس طرح اس سماج کا پانچواں کام ہوگا ۔ آنکھوں دیکھے تجربے سے لوگوں کا یقین ثابت بنانا ۔

आज रखने की सोच रहा हूं. मुझे उम्मीद है कि इससे आप को अपने काम में मदद मिलेगी.

जीवन बेहतरी का काम.

